इक बरी फिरी यीशु निकली करी झिला बखे गिया, कने मते सारे
लोक उदे बाल आऐ, कने सै उना जो परमेश्वर दे बचना दा उपदेश
देणा लग्गा। 14 यीशु जियां ही अग्गे निकलया, तालू उनी लेवी
नाये दे कर लेणेबाले माणुऐ जो दिखया, जिदा दुज्जा ना मत्ती था।
उदे पिता दा ना हलफईस था। जड़ा अपणिया चौकियां पर बैठया
था, जिथू से कर लेंदा था। कने यीशुऐ उसयो बोलया, “मेरे चेले
बणा।” कने सै उठी करी सारा कम्म कार छडी करी यीशु पिच्छे
चली पिया, कने उदा चेला बणी गिया। 15 उदे बाद यीशु कने उदे
चेले लेवी दे घरे राती रोटीयां खांणा बैठयो थे। तालू मते भरी चुंगी
लेणेबाले कने पापी भी चेलयां सोगी रोटियां खाणे तांई बैठयो थे। सै
मते भरी थे जड़े यीशुऐ पिच्छे चलयो थे। 16 मूसा दिया व्यवस्था जो
सिखाणे बाले कने फरीसियां जालू ऐ दिखया, की जिना जो लोक
पापी बोलदे थे, सै उना सोगी रोटीयां खा दा है, तां उना लोका यीशुऐ
दे चेलयां जो बोलया, “ऐ तां चुंगी लेणेबाले कने पापियां सोगी खांदा
पिंदा है।” 17 जालू यीशुऐ ऐ सुणया तां उना जो बोलया, “जड़े
लोक खरे न उना जो वैधे दी जरूरत नी होंदी है, पर जड़े बिमार
न उना जो है। मैं उना लोकां जो सदणे जो नी आया जड़े अपणे
आपे जो धर्मी मंदे न, पर की जड़े लोक अपणे आपे जो पापी मंदे
न, मैं उना तांई आया है।” 18 यूहन्ना दे चेले, कने फरीसी बरत
रखदे थे सै बिना कुछ खादयो रेंदे थे; इक दिन उना चे कुछ चेले
यीशुऐ बाल आये कने पुछया की, “यूहन्ना दे चेले कने फरीसियां दे
चेले बरत कजो रखदे न, पर तेरे चेले तां बरत रखदे नी न?” 19
यीशुऐ उना जो बोलया, “मरे चेले कने मैं, लाड़ा कने उदे मित्रां सांई
न। क्या लाड़े दे मित्र तालू दीकर बरत रखी सकदे ने जालू दिकर
पुरे बियाये च उदे सोगी न? जालू दीकर लाड़ा उना सोगी है तालू
दीकर सै बरत नी करी सकदे न। 20 पर सै दिन ओणे न, जालू
लाड़ा उना ला लग कितया जाणा है, तालू इना बरत रखणे न। 21
लोक नोऐ कपड़े दा रफु पराणे कपड़यां च कोई नी पांदा है, नी तां
उनी रफुये धोणे ने सुकड़ी जाणा, कने पुराणा कपड़ा होर जादा फटी
जाणा। मेरियां गल्लां भी पुराणे रिती रिबाजां सोगी जोड़गे तां इसी
कपड़े सांई से भी बेकार होई जाणियां। 22 नोऐ अंगूरा दे रसे जो
पराणिया खलड़िया दे झोले च कोई नी रखदा है, नी तां नोआ अंगूर
रस खलड़िया जो फाड़ी दिन्दा है, कने अंगूर रस खलड़िया जो
खत्म करी दिन्दा है; तांई तां नोआ अंगूर रस नोईयां खलड़िया च नी
रखदे न।” 23 इयां होया की यीशु कने उदे चेले सब्ते दे रोजे खेतरां
च होईकरी जा दे थे; कने उदे चेले चलदे-चलदे बेलां जो तोड़ी करी
खाणा लग्गी पे। 24 तालू फरीसियां बोलया, “की तेरे चेले इयोदे
कम्म कजो करदे न जड़े नियमा दे अनुसार सब्त दे दिने करणा ठीक
नी होंदे न?” 25 यीशुऐ उना जो बोलया, “तुसां क्या कदी नी पढ़या
की जालू साड़े महान राजा दाऊदे जो जरूरत पेई, कने जालू सै कने
उदे साथी भूखे थे तां उनी क्या किता था? 26 कि इक अबियातार
नाऐ दा महायाजक था, जालू दाऊद कने उदे सोगी मित्र भुखे थे,
तालू उना परमेश्वरे दे तम्बू च जाई करी रोटियां खादियां जड़ियां
परमेश्वरे जो चढ़ाईयां थियां, कने अपणे सोगियां जो भी खुआईयां,
इना रोटियां जो खांणे दा हक याजकां जो छडी करी होर कुसयो
नी था।” 27 तालू यीशुऐ उना जो बोलया, “परमेश्वरे लोकां दिया
भलाईया वासते सब्ते दा रोज बणाया है, उनी सब्ते बाले रोजे उना
उपर भार पाणे तांई नी बणाया है। 28 मैं, माणुऐ दा पुत्र ऐ बोलणे

दा हक रखदा है कि लोकां जो सब्ते बाले रोजे जो क्या करणे दी
अनुमति है।”

3 इक होर सब्ते बाले रोजे यीशु यहूदी जंज घर च आया; ओथु
इक माणु था, जिदा इक हथ सुक्की कने बेकार होई गिया था।
2 कने फरीसी यीशुऐ उपर कोई दोष लाणे तांई बहाना तोपा दे थे,
तालू कुछ माणु यीशुऐ जो बडिया गोरा ने दिखणा लग्गे, की यीशु
उसया सब्ते बाले रोजे खरा करगा की नी। 3 यीशुऐ उस सुक्यो हथे
बाले जो बोलया, “सारयां लोका दे बिच खड़ोई जा।” 4 कने उना
ने बोलया, “क्या परमेश्वर सांझो सब्ते दे रोजे लोकां जो खरा कम्म
करणे दा हुकम दिन्दा है, कि नीच कम्म करणे दा? क्या सांझो सै
कुसी माणुऐ दे प्राण बचाणे दा हुकम दिन्दा कि मारणे दा?” पर सै
सारे चुप रे। 5 यीशुऐ जो जालू गुस्सा आया तालू उनी उना लोकां दे
चारों पासे दिखया। कने यीशु बड़ा उदास होया की सै बड़े कठोर
कने जिद्दी माणु न। कने उस माणुऐ जो बोलया, “अपणा हथ कर
रूआं।” उनी किता, कने उदा हथ खरा होई गिया। 6 तालू फरीसी
झट बाहर आई करी राजा हेरोदियां दे गिरोह दे कुछ लोकां कने
मिली करी उदे खिलाफ सलाह करणा लग्गे, की उसयो कियां मारणा
है। 7 कने उदे बाद यीशु अपणे चेलयां सोगी झिल्ला दे पासे चली
गिया: कने गलील प्रदेशे ला बड़ी भरी भीड़ उदे पिच्छे चली पेई। 8
कने यहूदिया जिले, कने यरूशलेम शेहर कने इदूमिया जिले ला,
कने यरदने खड्डा दे पारे ला, कने सूर कने सैदा शेहरे दे अखे बखे
लोक ऐ सुणीकरी यीशु वाली आये, कि यीशु बड़े हेरान कने चकित
करणे बाले कम्म करदा है। 9 यीशुऐ अपणे चेलयां जो बोलया,
“मिजों बोणे तांई इक छोटी किस्ती लेईकरी ओआ, ताकि लोक
मिंजो वाली भीड़ नी लगाई सकन।” 10 उनी उसी रोजे मतयां जो
ठीक किता। उदिया बजा ला, मते सारे लोक जड़े बिमार थे, सै
यीशुऐ जो छुंणे दी कोशिश करा दे थे। 11 कने बुरियां आत्मा ला
जकड़यो लोक, जालू यीशुऐ जो दिखदे थे, तां यीशुऐ जो इज्जत देणे
तांई उदे पैरां अग्गे डेई पोंदे थे, कने जोरे-जोरे ने बकदे थे, “की तू
परमेश्वरे दा पुत्र है।” 12 कने यीशुऐ चेतावनी देईकरी बुरी आत्मां
जो बोलया, “कि मेरे बारे च कुसी ने भी मत दसदे कि मैं परमेश्वर
दा पुत्र है।” 13 उदे बाद यीशु इक धारा पर चढ़ी गिया, कने उना जो
अपणे बाल सदया जिना जो सै चांदा था, कने सै उदे बाल आये। 14
तालू उनी बाहरां माणुऐ जो चुणयां। जड़े उदे खास चेले बणे, उनी
उना जो प्रेरित दा ना दिता, कने सै चांदा की सै उदे सोगी-सोगी रेंन,
कने यीशु उना जो भेजे की सै प्रचार करन, 15 कने बुरियां आत्मा
जो कडणे दा हक दिता। 16 ऐ सै बाहरा चेले न, जिना जो यीशुऐ
चुणया था: शमौन जिदा ना उनी पतरस रखया; 17 ऐ दो भाई जिना
दा ना याकूब कने यूहन्ना है, सै जब्दी दे पुत्र थे, जिसयो यीशु ने
बुअनरगिस बोलया, कने उदा मतलव गड़कने बाले माणु। 18 कने
अन्द्रियास, कने फिलिप्पुस, कने बरतुल्मै, कने मत्ती, कने थोमा,
कने हलफईये दा पुत्र याकूब, कने तद्दै, कने शमौन कनानी जड़े
क्रांति लयोणे बाले थे, 19 कने यहूदा इस्करियोती, जिनी उसयो
दुशमणा दे हथे पकड़ाई भी दिता था। 20 कने यीशु ग्रांऐ दे कुसी घरे
च आया, कने ओथु इतणी भीड़ गिठी होई गेई, की उसयो रोटी खाणे
दा भी बकत नी मिला। 21 जालू उदे रिशतेदारां ऐ सुणया, तां सै
उसयो घरे जो लेई जाणे तांई आये, क्योंकि सै बोलदे थे, की इदे
होस ठीक होणे च नी है। 22 कने सै जड़े मूसा दी व्यवस्था जो
सिखाणे बाले थे, सै यरूशलेम शेहरे ला आयो थे, सै भी ऐ बोलदे थे
की, “इदे च शैतान है,” कने “सै बुरियां आत्मा दा सरदार है, कने
शैताने दिया मददा ने बुरियां आत्मा जो कडदा है।” 23 इस तांई सै
उना जो बखे सदीकरी, उना जो कहाणिया च बोलणा लग्गा, “क्या
शैतान अपणी ही बुरी आत्मां जो लोकां ला बार कडणे तांई जोर
पांगा? नी, जरा भी नी!” 24 अगर कुसी राज्य च लोक अपु च
ही लड़दे रेंगे तां सै राज्य बड़े बकते तक नी टिकी सकदा है। 25
कने अगर कुसी घरे दे माणु अपु च ही लड़ी पोंगे तां सै घर नी
चली सकदा। 26 अगर शैतान अपणा ही बैरी बणिया कने अपु
ने ही लड़गा, तां उनी अपणा ही नाश करी लेणा है। 27 कोई भी
माणु जोरे बाले माणुऐ दे घरे जो नी लुटी सकदा, जालू दीकर सै
पेहले, उस माणुऐ जो बन्नी नी ले; तां जाई करी सै उदे घरे जो लुटी
सकदा है। 28 “मैं तुसां ने सच्च बोलदा है, की माणुऐ दी ओलादी दे
सारे पाप कने निंदा जड़ा सै परमेश्वर या कुसी दे खिलाफ करदे न,
परमेश्वरे उना दे पाप माफ करी देणे न; 29 पर जड़ा कोई पबित्र
आत्मा दे खिलाफ निंदा करगा, तां सै परमेश्वरे कदी भी माफ नी
करणा है। कने परमेश्वर इसी पापे तांई उस माणुऐ जो हमेशा तांई
दोषी मणणा है।” (aiōn g165, aiōnios g166) 30 यीशुऐ ऐ इस तांई
बोलया क्योंकि सै ऐ बोलदे थे, की उसयो बुरिया आत्मा जकड़या
है। 31 तालू यीशु दी मां कने उदे भाई आये, कने उना बाहर खड़ोई
करी उसयो बुलाबा भेजया। 32 भीड़ उदे अखे बखे बैठियो थी, कने
उना उसला बोलया, “दिख, तेरी माता कने तेरे भाई तिजो तोपा दे
न।” 33 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, “मेरी माता कने मेरे भाई कुण
न?” 34 कने उनी उना पासे नजर दिती जड़े उदे अखे बखे बैठयो थे
कने बोलया, “दिखा, मेरी माता कने मेरे भाई न। 35 सै सेई ही करदे
न जड़ा परमेश्वर चांदा है, सै ही मेरे भाई, बेहण कने माता पिता
न।”

4 यीशु फिरी गलील झिला दे बखे उपदेश देणा लग्गा, कने ओथु
इतणी भरी भीड़ गिठी होई गेई, की सै झिला च इक किस्तिया
पर चढ़ी करी बेई गिया, कने सारे लोक झिला दे बखे खड़ोई रे। 2
कने सै उना जो कहाणी सुणाणा लग्गा, कने अपणे उपदेश च उना ने
बोलया, 3 “सुंणा इक किसान अपणे खेतरे च बी रांणे तांई गिया। 4
रांदे बेले थोडे बी रस्ते दे बखे पेई गे कने सै तां पंछियां आई करी
चुगी ले। 5 कने थोडे बी पथरलिया जमिना पर पे जिथू उसयो जादा
मिटी नी मिली, कने जादा मिटी नी होणे दिया बजा ने तौली लूंगी पै।
6 कने जालू खड़ी धुप पेई, तां सै फकुई गे, क्योंकि उना दियां जड़ा
डुगियां नी थियां तां सै सुकी गे। 7 कने थोडे बी झिल्लां च पे, कने
जालू झिल्ल बदे तां उना सै बी डकी ले, कने उना फल नी दिता। 8
पर थोड़े बी खरिया जमिना पर पे, कने सै बी लुंगे, कने मते सारे
फल देणेबाले होए; केईयां ती गुणा, केईयां सठ गुणा, केईयां सौ

गुणा।” 9 तालू उनी बोलया, “जिस बाल सुणने तांई कन्न न सै
ध्यान लाईकरी गल्लां जो सुणे, कने इसा गल्ला जो समझी ले।” 10
जालू यीशु किल्ला रेई गिया, तां बाहरा चेले कने जड़े सोगी थे सै
उसला इसा कहाणिया दा मतलब पुछणा लग्गे। 11 उनी उना जो
बोलया, “तुसां तां परमेश्वरे दे राज्य दियां छुपियां होईयां सच्चियां
गल्लां दसियां न, पर ऐ कहाणी बाहरे बाले लोकां तांई थी, सै जड़े
मिंजो पर भरोसा नी रखदे। 12 जियां कि पवित्रशास्त्र च लिखया
है, सै तिनां जो मिलदे होए भी नी मिलदा कन्ना ने सुणदे होए भी
सै नी सुणदे कने समझदे; इयां नी होऐ की सै अपणे बुरे कम्मा जो
छडी देन, कने उना जो माफ करणा पोऐ।” 13 फिरी यीशुऐ उना
जो बोलया, “तुसां इना गल्लां जो नी समझगे, तां फिरी तुसां होरा
कहाणियां जो कियां समझगे। 14 इसा कहाणिया दा ऐ मतलव है, बी
राणे बाला इयोदिया है जियां कोई परमेश्वरे दे बचना दा प्रचार लोकां
च करदा है। 15 जड़ा बी रसते च पिया उदी तुलना उना लोकां ने
कितियो है, जड़ा परमेश्वर दे बचन सुणदे न। पर शैतान झट पट
जादां कने उना दे मने ला बचन कडी दिन्दा है जड़ा उना सुणया था।
16 कने थोड़े लोक उस पथरे वालिया जमिना सांई न जिथू बी पिया
था, ऐ सै माणु न, जड़े बचना जो सुणीकरी उना जो झट खुशिया ने
ग्रहण करी लेंदे न। 17 पर परमेश्वर दे बचना जो मने दिया गहराईया
च बदणा नी दिन्दे, उदे बाद जालू बचने दिया बजा ने उना पर कला
क्लेश या परेशानी होंदी है, तां सै बचना ला पिच्छे हट्टी जांदे न। 18
जड़े बी झिल्लां च पियो न, ऐ सै माणु न जिना बचन सुणया, 19 पर
सै संसारे दियां चिंता जो लेईकरी दुखी, कने संसारिक चिंजा दिया
मोहमाया च फसी जांदे न, ऐ सब कुछ परमेश्वरे दे बचन च रूकावट
पांदा है। कने सै बचन उना तांई फायदेमंद नी होंदा। **(aiōn g165)** 20
कने जड़े बी खरिया जमिना पर रायो थे, ऐ सै माणु न, जड़े बचन
सुणीकरी ग्रहण करदे न, कने फल दिन्दे न, कोई ती गुणा, कोई सठ
गुणा, कने कोई सौ गुणा।” 21 यीशुऐ उना जो बोलया, “क्या कोई
दिय्ये जो जल्लाई करी उसयो इक टोकरू या मंजोलिया दे जिक इस
तांई रखदा है की उदिया लौई जो लुकाई सके? ना जरा भी नी। दिय्ये
जो ताके उपर रखदे न, जिथू ला उदी लोअ चमकी सके।” 22
क्योंकि जड़ा कुछ भी लुकया है, सै सामणे करणा; कने हर इक
गुप्त गल्ल सामणे आई जाणी है। 23 “जिस बाल सुणने तांई कन्न
न सै ध्यान लाईकरी गल्ला जो सुणे, कने इसा गल्ला जो समझी
ले।” 24 यीशुऐ उना जो बोलया, “ध्यान रखा, की जितणा तुसां
ध्याने ने बचना जो सुणगे, तुसां जो उतणा ही जादा समझ ओणा है,
उदे साबे ने परमेश्वरे तुहांजो देणा है। जिस नापे ने तुसां नापदे न
उसी नापे ने तुहाड़े तांई नापया जाणा है, कने तुसां जो जादा दितया
जाणा है। 25 जिना बाल जड़ा परमेश्वर सिखांदा है उसयो समझणे
दी इच्छा है, उना जो परमेश्वरे होर समझ देणी, पर जड़ा समझणे
दी इच्छा नी रखदा, की मैं क्या सिखादां, तां सै जड़ा समझया है,
परमेश्वरे उसला सै भी लेई लेणा।” 26 यीशुऐ उना जो बोलया,
“परमेश्वरे दा राज्य ऐसा है, जियां कोई किसान खेतरे च बी रांदा
है, 27 जालू उनी बी राई दिते उनी फिरी दुबारा मुड़ी करी बी नी
दिखया कने अपणे रोजाने बाले कम्मा करदा रिया। पर जड़ा उनी
बी राऐ थे, सै बी लुंगे कने बड्डे होए, कने से जाणदा भी नी की ऐ
कियां होया। 28 धरती अपु ही फल दिन्दी है, पेहले लूंगा, फिरी
सिल्ले, फिरी सिल्यां च तैयार दांणा। 29 पर जालू सै दाणे पकी जांदे
न, तालू सै किसान ओंदा कने दराटिया ने बडणा लगदा, क्योंकि
बडणे दा बकत आई गिया था।” 30 फिरी यीशुऐ कहाणी सुणाई,
“असां परमेश्वरे दे राज्य दी तुलना इयां करी सकदे न, जियां तुसां
जो मैं कहाणी दसदा। 31 कने परमेश्वर दा राज्य धरती दे सारे बियां
ला सबला छोटे बी राईऐ दे बियां सांई है। 32 पर जालू जमिना च
रांदे न, तां सै उगी करी सारे साग पतरां ला बडा होई जांदा है, कने
उदियां इतणियां बडियां डालियाँ निकलदियां न की अम्बरे दे पंछी
भी उदिया छोआं च रेहणे तांई डालियाँ च घोंसले बणाई सकदे न।”
33 कने सै लोकां जो परमेश्वरे दे राज्य दे बारे च दसणे तांई हरबरी
कहाणिया दा इस्तेमाल करदा था, जड़ियां उना जो समझ आई जान।
34 कने सै हमेशा परमेश्वरे दे राज्य दियां गल्लां कहाणिया च बोलदा
था, पर जालू सै किल्ला होंदा था, तां सै अपणे चेलयां जो सारियां
गल्लां दसदा था। 35 उसी दिने सझां दे बेले, उनी अपणे चेलयां ने
बोलया, “ओआ, असां गलील झीला दे पार चलदे न।” 36 कने
चेले भी भिड़ा जो छडी करी उसा किस्तिया पर चढ़ी गे, जिसा पर
यीशु बैठया था। कने सै यीशुऐ जो अपणे कने लेई गे। ओथु उना
सोगी होर भी किस्तियां थियां। 37 तालू सै झीला जो पार करा दे थे,
तां बड़ा भरी तूफान आया कने लेहरां किस्ती ने बजियां, किस्तिया च
पाणी भरूईया कने किस्ती डुबणे वाली थी। 38 कने यीशु पिछले
हिस्से च सुतया था, तालू उना उसयो जगाई करी बोलया, “गुरू जी,
तिजो क्या साड़ी कोई फिकर नी है, की असां मरणे बाले न?” 39
तालू उनी उठी करी तुफाने जो डांटया, कने लेरां जो बोलया, “शांत
रिया, रूकी जा!” कने हवा रूकी गेई कने झील शांत होई गेई। 40
कने उनी तालू चेलयां ला पुछया, “तुसां कजो डरदे न? क्या तुहांजो
हले दींकर मिंजो पर भरोसा नी है?” 41 सै बड़े भरी डरी गे कने
अपु चे बोलणा लग्गे, “ऐ कदिया माणु है? ऐथू तक की तूफान कने
लैहरां भी इदा हुकम मंदे न।”

**5** यीशु कने उदे चेले गलील झिला दे पार गिरासे दे लोकां दिया
जगा च पुज्जे, 2 जालू यीशु किस्तिया ला थले उतरया तालू इक
माणु जिसयो बुरिया आत्मा जकड़या था, सै कब्रिस्तान ला निकलया
कने यीशुऐ बाल आया। 3 सै कब्रिस्तान च रेंदा था कने लोक उसयो
बन्नी करी नी रखी पांदे थे, ऐथू दिकर की लोहे दे सुगंला ने भी नी।
4 क्योंकि उसयो बड़ी बरी बेड़ियाँ कने संगला ने बनया था, पर सै
उना संगला जो तोड़ी दिन्दा, कने बेड़ियाँ दे टोटे-टोटे करी दिन्दा
था, कने उसयो कोई भी काबू च नी करी सकदा था। 5 सै रात दिन
कब्रिस्तान कने पाहड़ा च जोंरे-जोंरे बकदा रेंदा, कने अपणे आपे जो
पथरा ने जख्मी करदा रेंदा था। 6 सै यीशुऐ जो दुरे ला ही दिखीकरी
दोड़या, कने यीशुऐ जो इज्जत देणे तांई उदे पैरां अग्गे डेई पिया। 7
उनी जोंरे ने चिलाई करी बोलया, “यीशु जी, परमपिता परमेश्वरे दे
पुत्र, तु मिंजो कजो सता दा है? तु परमेश्वरे दे ना लेईकर कसम खा

की तु मिंजो नी सतांगा।" 8 उनी ऐ बोलया क्योंकि यीशुऐ उसयो पेहले ही हुकम देई दितया था, "हे बुरी आत्मा, इस माणुऐ ला तु निकली जा।" 9 यीशुऐ उसा बुरिया आत्मा जो पुछया, "तेरा क्या ना है?" उनी बोलया, "मेरा ना सेना है, क्योंकि असां मते सारे न।" 10 कने उना बुरियां आत्मा उसला बड़ी बिनती किती, "की सांझो गिरासे दे इलाके ला बाहर मत भेजा।" 11 ओथु धारा पर इक सूअरां दा झुण्ड चुग्गा दा था। 12 कने बुरियां आत्मा यीशुऐ ने बिनती करिके बोलया, "की सांझो इना सूअरां च भेजी दे ताकि असां इना दे अंदर जाई सकन।" 13 यीशुऐ उना जो हुकम दिता कने सै बुरियां आत्मा उसी माणु ला निकली करी सूअरां दे अंदर समाई गियां, कने उसी झुण्डे च कोई दो हजार सूअर थे, कने खड़े डडे पासे दौड़े कने रिड़की करी झिला च जाई पे कने डूबी करी मरी गे। 14 उना दे पुहालां नठी करी शेहर कने ग्रांऐ च ऐ खबर सुणाई, कने जड़ा होया था लोक उसयो दिखणा आये। 15 यीशुऐ बाल आई करी, उना उसयो दिखया जिदे च बुरियां आत्मा थियां, उसयो कपडे पाई करी कने खरा बैठया दिखीकरी सै डरी गे। 16 दिखणे बालयां उदा जिदे बिच बुरियां आत्मा थियां, कने सूअरां दा पूरा हाल, बाकियां जो दसया। 17 तालू जड़े लोक दिखणा आयो थे, सै यीशुऐ ने बिनती करिके बोलणा लग्गे, कि साड़े इलाके ला चली जा। 18 जालू यीशु किस्तिया पर जाणे तांई चढ़या, तां सै जिदे च पेहले बुरियां आत्मा थियां, सै यीशुऐ ने बिनती करणा लग्गा, "की मिंजो भी अपु सोगी रेंणा दे जियां बाहरा चेले उदे सोगी रेंदे थे।" 19 पर यीशुऐ उसयो अपणे सोगी चलणे तांई मना करी दिता, कने उसयो बोलया, "अपणे घरे जाई करी अपणे लोकां जो दस, की प्रभुऐ तिजो पर दया करिके तेरे तांई कदेया कम्म किता है।" 20 तालू सै माणु अपणे घरे दे इलाके च चली गिया। फिरी उनी सारे दिकापुलिस जिदा मतलव "दस शेहर" च ऐ प्रचार करणा शरू किता, कि यीशुऐ मेरे तांई बड़ा कुछ कितया है, कने उसयो सुणनेबाले सारे लोक हेरान होऐ। 21 जालू यीशु दोबारा किस्तिया च गलील झिला पारे जो गिया, कने बड़े भरी लोक उस बाल गिठे होई गे। सै झिला बखे ही था, 22 यहूदी जंज घरे दे सरदारां चे इक याईर नाये दा सरदार आया, सै यीशुऐ दी इज्जत मान तांई यीशुऐ दे पैरां अग्गे डेई पिया, 23 कने उनी ऐ बोली करी बड़ी बिनती किती, "की मेरी लोकी कुड़ी मरणा लगियो है, कने तू साड़े घरे आई करी उसा जो छु, ताकि सै ठीक होई जा कने मरणे ला बची जा।" 24 तालू ही यीशु उस सोगी चली पिया, कने मते भरे लोक उदे पिच्छे चली पे, सै यीशुऐ दे उपर डेई पोंदे थे। 25 भिड़ा च इक जनानी थी जिसा जो बाहरां सालां ला खून निकलने दी बिमारी थी। 26 उना मते वेघां हथा ला दुख झेलया था कने अपणे सारे पेसे खर्चणे बाद भी सै खरी नी होई। कने उसा दा हाल बडा बुरा होई गिया था। 27 जालू उना सुणया यीशुऐ लोकां जो खरा कितया है, तां उना सोचया, "कि मैं उदे कपड़यां जो छुई लें, तां मैं खरिया होई जाणा।" तांई तां उना भिड़ा च यीशु दे पिच्छे आईके उदे कपड़यां जो छुता। 28 क्योंकि सै बोलदी थी, "अगर मैं उदे कपड़यां जो भी छुई लेंगी, तां ही मैं ठीक होई जाणा।" 29 कने झट उसा दा खून चलणा बंद होई गिया, उना अपणे शरीर ला मेहसूस करी लिया की मैं इसा बिमारिया ला ठीक होई गियो है। 30 यीशु भिड़ा च पिच्छे मुड़या कने पुछया, "मेरे कपड़यां जो कुनी छुता?" उनी ऐसा इस तांई पुछया क्योंकि उसयो पता लगी गिया की उदे चे सामर्थ्य निकली, कने कोई माणु खरा होया है। 31 उदे चेलयां उसयो बोलया, "तू दिखा दा है, की तेरे अखे बखे इतणी भरी भीड़ है, कने तू पुछदा है, की कुनी मिंजो छूता?" 32 तालू यीशुऐ उसी माणुऐ जो दिखणे तांई जिनी ऐ कम्म कितया था, चारो पासे नजर दौड़ाई। 33 तालू सै जनानी जाणी गिया की मैं खरी होई गियो, तालू सै आई कने यीशुऐ दे पैरां च पेई गेई कने पैर बंदे। कने यीशुऐ जो दसया की मैं तिजो छुतया था। उना सोचया कि उनी उसा पर गुस्सा होणा उसा गल्ला दिया वजा ला सै डरी कने कम्मी पियो थी। 34 यीशुऐ उसा जो बोलया, "कुड़िये, तेरा भरोसा जड़ा मिजों पर था उनी भरोसे तिजो खरा कितया है, शांति ने चली जा, हुण तु अपणिया इसा बिमारिया ला बची करी रियां।" 35 यीशु हले उसा ने गल्ल करा दा ही था, यहूदी जंज घरे दे सरदारे दे घरे ला कुछ लोकां आई करी बोलया, "की तेरी कुड़ी तां मरी गेई है" हुण गुरूऐ जो कजो तकलीफ दे दा है? 36 जड़ी गल्ल सै बोला दे थे, उसा गल्ला जो यीशुऐ अंणसुणी करिके यहूदी जंज घरे दे सरदारे जो बोलया, "डर मत, सिर्फ मिजों पर भरोसा रख।" 37 तालू यीशुऐ सिर्फ पतरस, याकूब कने याकूब दे भाई यूहन्ना कने याईर जो ही अपणे कने ओणा दा हुकम दिता, होर कुसयो भी अपणे सोगी ओंणा नी दिता। 38 कने यहूदी जंज घरे दे सरदारे दे घरे च पुज्जी करी, उनी लोकां जो रोंदे कने डडदे दिखया। 39 तालू यीशुऐ कमरे अंदर जाई करी उना जो बोलया, "तुसां इयां डडा कने रोआ मत? कुड़ी मरियो नी है पर सुतियो है।" 40 सै सुणीकरी, सारे लोक यीशुऐ पर हसणा लग्गे, तालू उनी सारयां जो बाहर कडी दिता। कने कुड़िया दे माता पिता कने अपणे चेलयां जो सोगी लेईकरी कमरे अंदर गिया जिथू कुड़ी पियो थी। 41 कने यीशुऐ कुड़िया दा हथ पकड़ी करी उसा जो बोलया, "तलिता कूमी," जिसदा मतलब है की, "हे छोटी कुड़िऐ, मैं तिजो बोलदा है, उठ।" 42 कने कुड़ी झट उठी करी हंडणा लग्गी पेई, सै बाहरां सालां दी थी। जालू इयां होया तां सारे लोक कुड़िया जो दिखीकरी हेरान होई गे। 43 फिरी यीशुऐ उसा दे माता पिता जो समझाई करी हुकम दिता की इसा गल्ला दा कुसयो पता नी लग्गे की उनी मरियो कुड़ियो जो जिन्दा कितया है। कने इसा कुड़िया जो खांणे जो दिया कुछ।

**6** तालू यीशु कफरनहूम शेहरे ला चली गिया, सै अपणे ग्रां नासरत जो आया, कने उदे चेले भी उदे सोगी आये। 2 यीशु सब्ते बाले रोजे यहूदी जंज घर च परमेश्वरे दे बचना दा उपदेश देणा लग्गा, कने मते लोक सुणीकरी हेरान होई गे कने बोलणा लग्गे, "इनी माणुऐ ऐ गल्लां कुथु ला सिखियां न? कने इसयो ऐ सारा ज्ञान कने चमत्कार करणे दी शक्तियां कुनी दितियां? कने सामर्थ्य दे कम्म कियां इदे ला होंदे न? 3 ऐ सिर्फ तरखाणे दा पुत्र है, जड़ा मरियम दा पुत्र, कने याकूब, योसेस, यहूदा कने शमौन दा भाई है। कने इदिया बेंहणा भी

ऐथू साड़े सोगी न” कने उना यीशुऐ पर भरोसा करणे जो मना करी
दिता। 4 यीशुऐ उना जो बोलया, की परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां दा
अपणे ग्रां कने अपणे रिशतेदारां अपणे घरे छडी करी, हर कुथी उदी
इज्जत मान होंदा है। 5 कने ओथु उसी पर कुनी भरोसा नी किता,
इसा बजा ला उनी ओथु थोड़े बिमारां पर हथ रखीकरी खरा किता
उदे अलावा ओथु होर कोई चमत्कार नी करी सकया। 6 कने यीशु
उना दे अविश्वास ने बड़ा हेरान होया कने उदे बाद यीशु अखे बखे दे
ग्रांऐ च गिया कने परमेश्वर दे बचना दा उपदेश दिता। 7 थोड़े बकते
बाद यीशुऐ बाहरां चेलयां जो अपणे बाल सदया कने उना जो बुरी
आत्मा कडणे दा हक दिता। उना जो दो-दो करिके लग-लग ग्रांऐ
भेजणा लग्गा, कने उना जो बुरियां आत्मा जो लोकां चे कडणे दा
हक दिता। 8 कने यीशुऐ उना जो हुकम दिता, की अपणे रस्ते तांई
सिर्फ इक सोठी लेनयो। ना तां खाणे तांई रोटी लेणी, ना तां झोला, ना
ही बटुए च पेसे, 9 पर जुते पाई लेनयो कने होर कोई कपड़े पाणे तांई
मत लेंदे। 10 यीशुऐ उना जो बोलया, “की कोई तुहांजो अपणे घरे
रेहणे तांई सदगा, जालू दीकर तुसां उसी ग्रांऐ च रेंगे, तालू दीकर
उसी दे घरे च परोणे बणी करी रिया। 11 जिसा जगा दे लोक तुहांजो
अपनांगे नी कने तुहाड़ी सुणगे नी, ओथु ला जांदे बेले अपणे पैरां दी
धुड़ जाड़ी दिनयो, ताकि उना लोकां जो पता लग्गे की परमेश्वरे
दिया तरफा ला मिलणे बाली सजा दे सै अपु ही जिम्मेबार न।” 12
तालू चेलयां जाई करी घोषणा किती की अपणा मन बदला कने
अपणे पापां दा पश्चाताप करा, कने परमेश्वरे दे शुभसमाचार पर
भरोसा करा, कने परमेश्वरे पासे मुड़ा। 13 कने उना मतियां बुरियां
आत्मा जो कडया, कने मतयां बिमारां जो जैतुन दा तेल मली करी
खरा किता। 14 कने हुण राजा हेरोदेसे यीशु दे कम्मा दी चर्चा सुणी
जड़े यीशु करा दा था, क्योंकि मते सारे लोक यीशुऐ जो जाणदे थे
कने उदे बारे च चर्चा करा दे थे। कने बोला दे थे की ऐ सेई यूहन्ना
बपतिस्मा देंणे वाला है, सै मरयां चे जिन्दा होई गिया है, ऐई बजा है
कि उदे बाल ऐ चमत्कार करणे तांई परमेश्वरे दी शक्ति है। 15 कने
होरनी लोकां बोलया है, “परमेश्वरे दा संदेश दे बाला एलिय्याह है।
कने बाकियां बोलया, ऐ सै परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला है, जडे बडे
जमाने पेहले रेंदे थे।” 16 हेरोदेसे ऐ सुणीकरी बोलया, “ऐ यूहन्ना
बपतिस्मा देणेबाला है, मैं अपु उदा मुंड बडबाया था, पर सै मरी
करी फिरी जिन्दा होई गिया है।” 17 हेरोदेस थोडे बकते पेहले
अपणे भाई फिलिप्पुस दी घरे बाली हेरोदियास ने बियाह करी लिया
था। 18 तालू यूहन्ना उसयो बोलया, “ऐ तु खरा नी किता तु अपणे
भाईये दी लाड़ी लेई ली!” तांई तां हेरोदियास जो खुश करणे तांई,
हेरोदेसे यूहन्ना जो पकड़ी करी उसयो जेला च पाई दिता। 19 तांई
तां हेरोदियास यूहन्ना ने दुशमणी रखदी थी कने सै चांहदी थी, की
उसयो मरवाई दे, पर ऐसा होई नी सकया, 20 हरबरी जालू हेरोदेस
यूहन्ना जो बोलदे सुणदा था, तां सै डरदा था, क्योंकि युहन्ना इक
पवित्र कने धर्मी माणु था, पर तमी सै उसयो सुणना पसंद करदा था।
कने सिपाहियां जो उदी रखाबाली करणे तांई रखया, हेरोदेस उदियां
गल्लां सुणीकरी डरी जांदा था, पर सै खुशिया ने सुणदा था। 21
थोड़े बकते बाद, हेरोदेसे अपणा जन्म दिन मनाया। उनी अपणे बड्डे
प्रधान अधिकारियां, सेना दे बड्डे खास अगुवां कने गलील प्रदेशे दे
अगुवां जो धामा च सदया। इसा धामा च हेरोदियास जो यूहन्ना जो
मरवाणे दा मोका मिली गया। 22 कने हेरोदियास दी कुड़ी अंदर
आई, कने नची करी हेरोदेस कने उदे सोगी धाम खाणा आये परोणयां
जो खुश किता, तालू राजे कुड़िया जो बोलया, “तू जड़ा मर्जी मिंजो
ला मंग, मैं तिजो दिंगा।” 23 कने हेरोदेसे उसा ला ऐ बायदा किता,
“की मेरे अधे राज्य दीकर जड़ा कुछ तू मिंजो ला मंगगी सै मैं तिजो
दिंगा।” 24 उना बाहर जाई करी अपणिया माता ला पुछया, की मैं
क्या मंगे? माता बोलया की, “उसयो बोल की सै यूहन्ना बपतिस्मा
देणेबाले दा मुडं बड्डी करी मिंजो दे।” 25 कने सै झट अंदर राजे बाल
आई, कने उसने बिनती किती की, “मैं चांहदी है, की तू हुणी यूहन्ना
बपतिस्मा देणेबाले दा मुंड बड्डी करी मिंजो इक थालिया च दे।” 26
ऐ सुणीकरी राजा बड़ा उदास होया, पर अपणिया कसमां, कने सोगी
बोणे बालयां दिया बजा ला उसा दिया गल्ला जो टालना नी चांदा
था। 27 राजे इक सिपाइऐ जो हुकम दिता, कि जेला च जा, कने
यूहन्ना दा मुंड बड्डी करी उदे बाल लेईकर आ। 28 सिपाईऐ जेला
च जाई करी उदा सिर कटया, कने इक थालिया च रखीकरी लेई
आया कने उसा कुड़िया जो देई दिता, कने कुड़िया अपणिया माता
जो देई दिता। 29 जालू यूहन्ना दे चेलयां जो पता चला की उसयो
मारी दितया है, यूहन्ना दे चेले आये, कने उना उदिया लाशा जो
चुकी करी कबरा च रखी आये। 30 जालू सै प्रेरित जिना जो यीशुऐ
भेजया था, सै यीशु बाल बापस आये कने उदे चारों बखे खड़ोइ
गे, कने जड़ा कुछ उना किता, कने सिखया था, सारा कुछ उसयो
दसया। 31 मते सारे लोक ओंदे जांदे थे कने इसा बजा ला यीशु
कने उदे चेलयां जो रोटियां खाणे दा बकत नी मिलदा था। तालू
यीशुऐ चेलयां जो बोलया, “असां कुथी सुनसान जगा चलदे जिथू
किल्ले रेई सकन कने थोड़ा बकत अराम करी सकन।” 32 इस तांई
सै किस्तिया च बेईकरी सुनसान जगा च चली गे। 33 कने मतयां
लोकां उना जो जांदे दिखया कने पछेणी लिया की सै कुथु जाणा
लगयो न। कने अखे बखे दे नगरां दे लोक गिठे होईकरी यीशु कने
उदे चेलयां ला पेहले ओथु पैदल दौड़ी करी पुज्जी गे। 34 यीशु
किस्तिया ला उतरया कने उनी मती भरी भीड़ दिखी, कने उना पर
तरस खादा, क्योंकि उना दा कोई अगुवा नी था, जड़ा उना दी
रखबाली करी सके, जियां बिना गवाले भेडां होंदियां न, “फिरी सै
उना जो परमेश्वर दे राज्य दियां मतियां गल्लां सिखाणा लग्गा।” 35
जालू संज होंणा लग्गी, तां उदे चेले उदे बखे आई करी बोलणा
लग्गे, “ऐ सुनसान जगा है, कने दिन बड़ा ढली गिया है। 36 इना जो
भेजी दे, ताकि ऐ अखे बखे दे ग्रां कने बासियां च जाई करी, अपणे
तांई कुछ खाणे जो खरीदी लेन।” 37 यीशुऐ उना जो जबाब दिता,
“तुसां ही इना जो खाणे जो दिया।” उना यीशुऐ जो बोलया, “की तु
चांदा है की असां जान कने दो सौ दिना दी मजदुरिया बराबर दियां
रोटीयां खरदी करी इना जो खुआन?” 38 यीशुऐ उना जो बोलया,
“जाई करी दिखा तुहाड़े बाल कितणियां रोटियां न?” उना पता

करी के बोलया, “पंज रोटियां कने दो मछियां भी हेन।” 39 ताल़ू
यीशुऐ उना जो हुकम दिता की, सबना जो सेले घाऐ पर बैठाई दिया।
40 सै सौ-सौ करिके कने पंजा-पंजा करिके झुण्डा च बेई गे। 41
कने यीशुऐ सै पंज रोटियां कने दो मछियां लियां, कने स्वर्गे पासे
दिखीकरी परमेश्वर दा धन्यबाद किता, कने रोटियां तोड़ी करी दो
टोटे किते कने चेलयां जो दिन्दा गिया, ताकि सै लोकां जो परोसन,
कने सै दो मछियां भी उना च बंडी दितियां। 42 सारे खाई करी रजी
गे। 43 कने जाल़ू रोटी खायी बैठे ताल़ू चेलयां बाकी बचियाँ रोटियां
कने मछियां गिठेरेइयां कने उसला बाहरा टोकरियाँ भरूई गियां। 44
जिना रोटियां खादियां सै पंज हजार सिर्फ मर्द थे, उना बच्चे कने
जणासा जो गिणया नी था। 45 ताल़ू यीशुऐ झट पट अपणे चेलयां
जो बोलया की सै किस्तिया पर चढ़ी जा कने झिला दे पारले पासे
बैतसैदा शेहरे जो चली जा, जाल़ू दीकर की सै सारे लोकां जो भेजी
नी ले। 46 सारे लोका जो भेजणे बाद, यीशु पहाड़े पर प्राथना करणे
तांई गिया। 47 कने जाल़ू संज होई, ताल़ू किस्ति गलील झिला दे
बिच थी, कने यीशु किला झिला बखे था। 48 जाल़ू उनी दिखया की
सै बड़े घबराई गियो न, क्योंकि हवा उना दे खिलाफ चलियो थी,
तां ब्यागा तड़के यीशु झिला पर चली करी उना बाल आया, कने सै
उना ला बखे ला निकलना चांदा था। 49 पर जाल़ू उना उसयो झिला
पर चलदे दिखया, तां से डडणा लग्गी पै, उना जो लगया की सै
भुत है, तां सै दिखीकरी डरी गे, 50 क्योंकि सारे उसयो दिखीकरी
घबराई गियो थे। पर यीशुऐ उना ने झट गल्लां कितियां कने बोलया,
“हिम्मत रखा, डरा मत, मैं यीशु है।” 51 ताल़ू सै उना बाल आया
कने किस्तिया पर चढ़ी गिया, कने हवा रुकी गेई, कने सै बड़े हेरान
होणा लग्गे। 52 हाली उना दिखया भी था की पिछलिया धियाड़िया
यीशुऐ पंज रोटीयां ने पंज हजार ला जादा लोकां जो खाणा खुआया
था, सै हाली भी उसयो नी समझयो थे, की यीशु कुण है। क्योंकि
उना दे मन कठोर थे। 53 जाल़ू यीशु कने उदे चेले इक किस्तिया च
गलील दिया झिल्ला च गन्नेसरत प्रदेशे दे बखे पुज्जे, कने किस्ति
घाटे पर बन्नी दिती। 54 कने जाल़ू सै किस्तिया ला उतरे, तां लोकां
उसयो झट पछेणी लिया, 55 सै झट पट ही सारे इलाके च गे, कने
बिमारां जो मंझयां पर चुकी करी लेई गे जिथू उना जो खबर मिली
की यीशु ओथु है। 56 कने जिथू कुथी सै ग्रां, शेहरां या बस्तियां च
जांदा था, तां लोक बिमारां जो बजारां च रखीकरी उसला बिनती
करदे थे, की सै सिर्फ अपणे कपड़यां जो छुणा दे, कने जितणे भी
छुंदे थे, सै सारे ठीक होई जांदे थे।

7 ताल़ू इक रोज फरीसी कने केई यहूदी व्यवस्था जो सिखाणे बाले
जड़े यरूशलेम शेहरे च आयो थे, उसयो सुणने तांई गिठे होऐ, 2
कने उना दिखया की उदे चेले बिना हथ धोते रोटी खा दे थे, जड़ा की
यहूदी रिबाजे अनुसार अपबित्र था। 3 फरीसी कने सारे यहूदी खाणा
खाणे ला पेहले अपणे बजुर्गा दे रीती रिबाजे पर चलदे थे कने जाल़ू
दीकर सै ढंगे ने हथ नी धोई लेन खाणां नी खांदे थे, 4 कने बजारे ला
ओणे दे बाद, जाल़ू दीकर से अपणे रिती रिबाजा दे अनुसार नोई नी
लेन, साफ नी होंदे ताल़ू दीकर खाणां नी खांदे, कने उना दे वजुर्गा दे
होर भी बतेरे रिबाज थे, जिना जो सै मंदे थे, जियां की कटोरे, लोटे,
कने तांबे दे भांडयां जो धोंणा कने मांजणा। 5 तांई तां उना फरीसियां
कने व्यवस्था जो सिखाणे बालयां उसयो पुछया, “की तेरे चेले साड़े
सियाणे दियां रिबाजां जो नी मंदे?” सै तां बिना हथ धोयो रोटी खांदे
न? 6 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, “यशायाहे ठीक था, जिनी पबित्र
शास्त्र च तुहाड़े सांई कपटियां दे बारे च लिखया है, की ऐसे लोक
गल्लां ने तां मेरा आदर करदे न, पर इना दे मन मिंजो ला बड़े दूर न।
7 इना दी कितियो भक्ति मेरे तांई बेकार है, क्योंकि ऐ लोकां जो
माणुऐ दियां दसियां गल्लां जो परमेश्वर दियां गल्लां दस्सी करी मनणे
तांई बोलदे न। 8 क्योंकि तुसां परमेश्वरे दे हुकमा जो मनणा बंद करी
दितया है, कने माणुऐ दे रिबाजां जो मंना दे न।” 9 कने यीशुऐ उना
ने बोलया, “तुसां अपणे बणायो नियमा जो मनणे तांई चलाकिया ने
परमेश्वरे दे हुकम जो टाली दिन्दे न। 10 उदाहरण तांई, मूसा ने
बोलया है, की अपणे माता पिता दा आदर करा, कने जड़ा कोई
अपणे माता पिता जो श्राप दिंगा, सै पक्का मारी देणा। 11 पर तुसां
लोकां जो ऐ दसदे न की, अपणे माता पिता दी मदद नी करणा कने
उना दे हिस्से दियां चिंजा उना जो छडी करी परमेश्वर जो देणा ठीक
है। कने तुसां लोकां जो इजाजत दिन्दे अपणे माता पिता जो ऐ बोलणे
दी की जड़ा कुछ मैं तुहांजो देणा था, सै मैं परमेश्वर जो देणे दी कसम
खादियो है, कने मैं हुण तुसां दी मदद नी करी सकदा, इसला तुसां
लोकां जो ऐ बोलदे की हुणे ला तुसां जो माता पिता दी सेबा करणे
दी कोई जरूरत नहीं है। 13 इयां बोली करी, जिना रीती रिबाजां
जो तुसां लोकां दीकर पुजाया है, सै परमेश्वरे दियां बोलियां गल्लां
जो बेकार होणे दी बजा बणी जांदा है।” 14 ताल़ू यीशुऐ लोकां जो
अपणे बाल सदीकरी उना जो बोलया, “तुसां सारे मेरी सुंणा, कने
समझा। 15 ऐसी कोई चीज नी ऐ जड़ी माणुऐ च बाहर ला आई
करी उसयो अशुद्ध करदी है, पर माणुऐ जो अशुद्ध सै करदा है जड़ा
उदे अंदरे ला निकलदा है। 16 जिस बाल सुणने तांई कन्न न सै
ध्यान लाईकरी गल्ला जो सुणे, कने इसा गल्ला जो समझी ले।” 17
जाल़ू सै भीड़ा दे बखे ला घरे दे अंदर गिया, तां उदे चेलयां यीशुऐ
जड़ा बोलया था, उसा कहाणिया दा मतलव पुछया। 18 यीशुऐ उना
ने बोलया, “क्या तुसां भी ऐसे ना समझन? क्या तुहांजो नी पता, की
जड़ा भी खाणा माणु खांदा है, सै उसयो अशुद्ध नी करी सकदा। 19
क्योंकि सै उदे मने च नी, पर उदे पेटे च जांदी है, कने संडास च
निकली जांदी है,” यीशुऐ दा बोलणे दा मतलब ऐ था, की सारियां
खांणे बालियां चीजा ठीक न। 20 लोक जड़ा बुरा सोचदे न, “सै ही
बोलदे न कने करदे, सै ही उना जो परमेश्वर दे सामणे अशुद्ध करदा
है। 21 क्योंकि अंदर ला, मतलब की माणुऐ दा मन ही बुरियां चिजा
दी जड़ है। बुरे-बुरे बिचार, व्यभिचार, चोरी, हत्या, परस्त्रीगमन,
22 लालच, बुराई, धोखा, लुचापन, बुरी नजर, निंदा, घमंड, कने
मुर्खता निकलदी है। 23 ऐ सारियां गल्लां मने ला निकलदियां न
कने माणुऐ जो अशुद्ध करदियां न।” 24 इदे बाद यीशु कने उदे चेले
ओथु ला उठी करी सूर कने सैदा दे शेहरे दे अखे बखे बालिया जगा
जो चली गे। ओथु सै इकी घरे च गिया, कने सै चांदा था, की उसयो

कोई नी जाणी सके की सै ओथु स्कया है। पर लोकां जो बड़ा तोला
पता लग्गी गिया था कि सै ओथु स्कया है। 25 कने इक जनानी उदी
चर्चा सुणीकरी आई, जिसा दिया छोटिया कुड़िया जो बुरिया आत्मा
जकड़या था, सै झट उदे पैरां च पेई गेई। 26 सै जनानी यहूदी नी
थी। सै सीरिया ग्रांऐ दे सुरूफिनिकी नाये दे इलाके च जमियो थी।
कने उना उसला बिनती किती, की मेरिया कुड़िया चे बुरिया आत्मा
जो कडी दे। 27 यीशुऐ उसा जो बोलया, “पेहले बचयां जो रजणा
दे, क्योंकि बचयां ला रोटियां लेईकरी कुतयां दे अग्गे पाणा ठीक नी
है।” 28 उना जबाब दिता, प्रभु ऐ सच्च है, पर कुत्ते भी तां बचयां दे
मेजे हेठ रोटिया दे चूरे चारे जो खाई लेंदे न। 29 यीशुऐ उसा जो
बोलया, “इसा गल्ला दा जबाब भरोसे ने दिता, उदिया बजा ने बुरी
आत्मा तेरिया कुड़िया चे निकली गियो है कने तु हुण घरे चली
जा।” 30 कने उना अपणे घरे आई करी दिखया कुड़ी मंजे पर पियो
है, कने बुरी आत्मा कुड़िया ला निकली गियो है। 31 फिरी यीशु
कने उदे चेले अखे बखे दे इलाके जो छडी करी सिदोन शेहरे जो
निकली गे। फिरी सै दिकापुलिस “दस शेहर” चे होईकरी गलील
झिला बालिया जगा च पुज्जा। 32 कने लोक इक टोणे जो जड़ा
थथलान्दा भी था, उसयो उस बाल लेईकरी आये कने बिनती किती
की, इसयो खरा करी दे। 33 तालू सै उसयो भिड़ा ला लग लेई
गिया, कने अपणियां उंगलियां उदे कना च पाईयां, कने अपणा थुक
अपणिया उंगलियां च लगाया कने उसी माणुऐ दी जीभा जो छूता।
34 कने स्वर्गे पासे दिखीकरी लम्बा साह लिया। फिरी उसी माणुऐ
जो बोलया, “इप्फतह।” मतलब की “खुली जा” 35 कने इकदम
ही सै साफ-साफ सुणना लगी पिया, कने बिना कुसी तंगिया ने सै
साफ-साफ बोलणा लगी पिया। 36 तालू यीशुऐ उना जो समझाया
की कुसी ने मत बोलदे, पर उनी जितना उना जो समझाया उतणा ही
सै बोलणा लगी पिया। 37 सै बडे ही हेरान होईकरी बोलणा लग्गे,
“यीशुऐ जड़ा कुछ किता सै सब कुछ खरा ही कितया है,” यीशु
टोणयां जो सुणने दी, कने गुंगयां जो बोलणे दी शक्ति दिन्दा है।

8 उसी बकते दी गल्ल है जालू मते सारे लोक दिकापुलिस च
यीशुऐ बाल गिठे होऐ, कने उना बाल खाणे तांई कुछ नी था, तां
यीशुऐ अपणे चेलयां जो सदीकरी उना जो बोलया, 2 ऐ लोक मिजों
सोगी तिन्ना रोजां ला रेह दे न। उना बाल खाणे तांई कुछ नी है कने
मिंजो इसा गल्ला पर तरस ओआ दा है। 3 कने इना च थोड़े लोक
बड़े दुरे ला आयो थे। अगर मैं इना जो भूखा घरे भेजी दें, तां इना
रस्ते च थकी जाणा कने बेहोश होई जाणा। 4 उदे चेलयां उसयो
जबाब दिता की, ऐथू सुनसान जगा च इतणी रोटियां कुनी कतां ला
लोंणियां, की ऐ सारे जणे रजी जान? 5 यीशुऐ उना जो पूछया,
“तुहाडे बाल कितणियां रोटियां न?” उना बोलया, “साड़े वाली
सत रोटियां न।” 6 तालू यीशुऐ लोकां जो धरतिया पर बोंणे दा
हुकम दिता कने सै बेई गे, कने उदे बाद सै सत रोटियां लियां, कने
परमेश्वरे दा धन्यबाद करिके तोड़ियां, कने अपणे चेलयां जो रोटीयां
दे टुकड़े दिन्दा गिया ताकि सै उना जो लोकां च बंडी देन। 7 उना
बाल थोड़ियां छोटियां मछियां भी थियां, कने यीशुऐ परमेश्वरे दा
धन्यबाद करिके सै अपणे चेलयां जो दितियां, कने लोकां जो परोसणे
दा हुकम देई दिता। 8 फिरी सारे लोक खाई करी रजी गे कने उदे
बाद चेलयां बाकी बचियाँ रोटियां दे टुकड़यां जो सत टोकरियां च
भरी लिया। 9 कने सै लोक लगभग चार हजार थे, कने यीशुऐ उना
लोकां जो विदा किता। 10 कने यीशु चेलयां सोगी किस्तिया पर
चढ़ी करी दलमनुता इलाके जो चली गिया। 11 फिरी फरीसी आई
करी यीशुऐ ने गल्ल बात करणा लग्गे, क्योंकि सै उसयो फसाणा
चांदे थे इस तांई उना उसयो पूछया स्वर्गे दा कोई चमत्कार दस।
जिसने ऐ साबित होई जां की परमेश्वरे तिजो शक्ति दितियो है। 12
उनी उना दे अविश्वास ला नराज होईकरी लम्बा साह लिया कने
बोलया, “इस युगे दे लोक कजो चमत्कार तोपदे न? मैं तुहांजो ने
सच्च बोलदा है, की इस युगे दे लोकां जो कोई चमत्कार नी देणा
है।” 13 फिरी सै फरीसियों जो छडी करी, अपणे चेलयां सोगी
किस्तिया पर चड़ी गिया कने गलील झिला दे चारों पासयां ला होंदे
होए चली गया। 14 यीशुऐ दे चेले रोटियां लेणा भूली गियो थे,
कने उदिया वजा ने उना बाल किस्तिया च इक रोटिया जो छडी
करी कख भी नी था। 15 कने यीशुऐ उना जो चेतावनी दिती कि,
“फरीसियां कने हेरोदेस दे खमिरे ला बचणे तांई चौकने रेनयो।” 16
सै अपु चे बिचार करिके बोलणा लग्गे, कि यीशुऐ ऐ इस तांई बोलया
क्योंकि “साड़े बाल रोटीयां घट न।” 17 ऐ जाणी करी यीशुऐ उना
ने बोलया, “तुसां कजो अपु चे बिचार करा दे कि साड़े बाल रोटिया
नी न? क्या तुसां अपणे मने जो इतणा कठोर बणाई लिया, तुसां क्या
हले दीकर समझे नी? 18 तुसां बाल हखी कने कन्न होंदे होए भी नी
दिखी कने सुणी सकदे। कने क्या तुहांजो कुछ भी याद नी है? 19
की तालू तुसां बचियाँ रोटियां दे टुकड़यां जो कितणियां टोकरियां च
भरया था, जालू मैं पंज हजार लोकां जो पंज रोटियां ला खुयाया
था?” उना बोलया, “बाहरा टोकरियाँ।” 20 “कने जालू चार हजार
लोकां तांई सत रोटियां थियां तां कितणे टोकरे भरी करी चुके थे?”
उना बोलया, सत टोकरे। 21 यीशुऐ उना जो बोलया, “तुसां हाली
दीकर कजो नी समझदे की मैं कुण है?” 22 तालू यीशु कने उदे चेले
बैतसैदा शेहरे च आऐ, कने लोक इक अन्ने जो उदे बाल लेईकरी
आऐ कने उसला बिनती किती की इसी माणुऐ जो छु कने खरा करी
दे। 23 तालू यीशुऐ उस अन्ने दा हथ पकड़ी करी उसयो ग्रां दे बाहर
लेई गिया। कने यीशुऐ अपणा थुक उदिया हखी पराला लाया कने
उस पर हथ रखे, कने उसयो पुछया, “क्या तिजो कुछ मिल्ला दा
है?” 24 उनी नजरां उपर करी के बोलया, “मैं माणुऐ जो दिखा दा
है, पर सै साफ नी मिल्ला दे, सै मिंजो रूखां सांई चलदे मिला दे
न।” 25 तालू यीशुऐ दोबारा उदियां हखी पर हथ रखे, कने अन्ने
गोरा ने दिखया, कने उदियां हखी ठीक होई गियां, कने उसयो सब
कुछ साफ-सुथरा मिलणा लगी पिया। 26 कने यीशुऐ उसयो हुकम
दिता कि अपणे घरे जो मुड़ी जा, पर ऐथू जड़ा होया ग्रांऐ बालयों
जो दसणे तांई, ग्रांऐ दे अंदर पैर भी मत रखदा। 27 यीशु कने उदे
चेले बैतसैदा शेहरे जो छडी करी कैसरिया फिलिप्पी शेहरां दे बखे
आले ग्रां च चली गे, कने रस्ते च उनी अपणे चेलयां जो पुछया,

“की लोक मेरे बारे च क्या बोलदे न, की मैं कुण है? 28 चेलयां
जबाब दिता कुछ लोक बोलदे ने कि तुसां यूहन्ना बपतिस्मा देणेबाले
न; पर कोई-कोई एलिय्याह बोलदा, कने कोई-कोई बोलदे न कि
पुराणे जमाने दे परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां चे कोई इक है।” 29
फिरी यीशुऐ पुछया, “पर तुसां मिंजो क्या बोलदे न?” पतरसे उसयो
जबाब दिता, “तू मसीहा है, जड़ा परमेश्वरे दिया तरफा ला भेजया
है।” 30 ताल़ू यीशुऐ उना जो हुकम दिता की मेरे बारे च कुसी ने मत
बोलदे की, मैं मसीहा है कने परमेश्वरे मिंजो भेजया है। 31 ताल़ू
यीशु अपणे चेलयां जो सिखाणा लग्गा, कि मैं, जड़ा माणुऐ दा पुत्र है,
“मिंजो मते दुख सेहणे पोणे न, कने यहूदी अगुवे, बड्डे याजकां, कने
यहूदी व्यवस्था जो सिखाणे बालयां मिंजो अपनाणा नी है, कने मैं
मारी देणा है, कने फिरी मैं तिन्ना रोजां बाद मरयां चे जिन्दा होई
जाणा है।” 32 यीशुऐ उना जो ऐ गल्ल साफ तरिके ने बोली दिती।
पतरस यीशुऐ जो बखिया लेई गिया कने इसा गल्ला पर झिड़कणा
लग्गा। 33 ताल़ू यीशु पिच्छे मुड़या कने चेलयां जो दिखया कने
पतरसे जो झिड़की करी बोलया, “शैताने सांई कम्म करणा बंद कर!
मेरे सामणे ला दूर होई जा! क्योंकि तू परमेश्वरे दे सांई नी, पर तू
माणुऐ सांई सोचदा है।” 34 यीशुऐ भिड़ा जो अपणे चेलयां सोगी
अपणे बाल सदीकरी बोलया, “जड़ा कोई मेरा चेला बणना चांदा है,
उसयो अपणिया शरीरे दियां इच्छां कने जड़ियां तरकिबां बणाईयां
उना जो छडी करी कने जड़ा मिजों तांई मरणे जो तैयार रेंदा है,
सेई मेरा चेला बणी करी मिजों पिच्छे चली सकदा है। 35 कोई
माणु इयोदिया नी करगा कने अपणे प्राणा जो बचाणा चांहगा, उनी
परमेश्वरे सोगी आत्मिक जिन्दगी जिणे दा मोका गबाई देणा है। पर
जड़ा माणु मिजों पर भरोसा करगा कने मेरे शुभसमाचार दिया बजा
ने मरगा उस माणुऐ जो परमेश्वरे सोगी सदा तांई दी जिन्दगी मिलणी।
36 अगर तुसां संसारे दा सब कुछ पाई लेंगे कने पर परमेश्वरे सोगी
सदा दी जिन्दगी जिणे दा मोका गवाई दिंगे, तां उदा क्या फायदा?
37 इक माणु परमेश्वरे जो क्या देई सकदा है, जड़ा उदी हमेशा दी
जिन्दगी खरिदगा? कुछ नी! 38 तुहाड़े च अगर कोई माणु मिजों
अपणा परमेश्वर कने मेरियां शिक्षा दा पालन करणे जो मना करदा
है, क्योंकि तुसां डरदे न की गैर विश्वासी कने पापी लोकां तुहाड़ा
मजाक उड़ाणा। फिरी जाल़ू मैं माणुऐ दे पुत्रे, पवित्र स्वर्गदूतां सोगी
धरतिया पर ओणा है, तां मैं उना लोकां जो भी अपणा चेला मनणे ला
मना करी देणा है। ताल़ू सारयां लोकां मेरी महिमा दिखणी जड़ी मेरे
पिता दी है।”

9 यीशुऐ भिड़ा कने अपणे चेलयां जो बोलया, मैं तुहांजो ने सच्च
बोलदा है, “ऐथू खड़ोतयो लोकां चे कुछ लोक ऐसे न, उना ताल़ू
दीकर जिन्दे रेणा है जाल़ू दीकर सै परमेश्वरे दे राज्य जो शक्तिशाली
रूपे च अपणे बिच ओंदे नी दिखी लेन।” 2 इक हफ्ते बाद यीशु
पतरस, याकूब कने यूहन्ना जो इक उच्चे पहाड़े पर लेई गिया कने
ओथु उना सिबा होर कोई नी था, कने उना दे सामणे यीशुऐ दा रूप
बदलुई गिया। 3 कने उदे कपड़े चिट्टे होईकरी चमकणा लग्गे।
धरतिया पर इयोदे चिट्टे कपड़े कोई भी धोबी धोई करी नी करी
सकदा। 4 ताल़ू उना तिन्ना चेलयां, दो परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले
मूसा कने एलिय्याह जो, जड़े बड़े पेहले जिन्दा थे उना जो यीशुऐ
सोगी गल्लां करदे दिखया। 5 ऐ सब दिखीकरी पतरसे यीशुऐ जो
बोलया, “गुरू जी, साड़ा ऐथू रेंणा ठीक है, इस तांई असां ऐथू तीन
तम्बू बणांदे न, इक तेरे तांई, इक मूसा तांई, इक एलिय्याह तांई।” 6
पतरसे ऐ इस तांई बोलया की, सै कने दुज्जे दो चेले डरी गियो थे,
कने नी जाणदे थे क्या बोलणा क्या करणा। 7 ताल़ू इक बदल आया
कने उनी उना जो अपणी छाया हेठ ढकी लिया, कने उना बदले च
परमेश्वरे जो बोलदे सुणया, “कि ऐ मेरा प्यारा पुत्र है, कने मैं इसला
खुश है, कने जड़ा ऐ बोलदा है, उसयो ध्याने ने सुणा।” 8 ताल़ू उना
अपणे चारो पासे नजर मारी, तां मूसा कने एलिय्याह ओथु नी थे,
कने उना जो सिर्फ यीशु ही मिल्ला। 9 जाल़ू यीशु कने उदे तिन्न चेले
पहाड़े ला उतरा दे थे, ताल़ू यीशुऐ उना जो हुकम दिता कि, “कुसी
जो भी मत दसदे कि तुसां क्या दिखया जाल़ू दीकर मैं, माणुऐ दा पुत्र
मरयां चे जिन्दा ना होई जा।” 10 चेलयां जड़ा पहाड़े पर होया उदे
बारे च कुसी जो भी नी दसया, पर सै इसा गल्ला दे बारे चर्चा करणा
लग्गे की, “मरयां चे जिन्दा होई जाणा” इदा क्या मतलब था। 11
कने चेलयां उसला पुछया, “मूसा दी व्यवस्था दे अनुसार व्यवस्था
जो सिखाणे बाले बोलदे थे, मसिहा ला पेहले एलिय्याह ओणा था?
अगर ओणा था, तां हाली दिकर कजो नी आया सै?” 12 यीशुऐ उना
जो जबाब दिता, ऐ तां सच्च है कि एलिय्याह पेहले आई करी सब
कुछ सुधारणा है। पर कजो माणुऐ दे पुत्रे दे बारे च ऐसा लिखया है,
की उनी बड़े दुख सेहणे न, कने उसयो निच समझणा है। 13 पर मैं
तुसां ने बोलदा है, एलिय्याह ता पेहले ही आई चुकया था, साड़े
अगुवां उदे कने बड़ा बुरा व्यवहार कितया। जियां सै करणा चांदे
थे, जदिया की पवित्र शास्त्रां च बड़ी पेहले ही बोलया था की उना
करणा। 14 जाल़ू यीशु कने तिन्न चेले बाकी चेलयां बाल मुड़ी करी
आये, तां दिखया की उना दे चारो पासे तां बड़ी भरी भीड़ लगियो है,
कने व्यवस्था जो सिखाणे बाले उना सोगी बेहस करा दे थे। 15 कने
जियां ही सारे लोकां यीशुऐ जो दिखया, दिखदे ही बड़े हेरान होये,
कने उदे बाल दौड़ी करी आये कने उसयो नमस्ते किते। 16 यीशुऐ
उना ला पुछया, “तुसां इना सोगी बेहस कुसा गल्ला पर करा दे न?”
17 भिड़ा चे इकी माणुऐ उसयो जबाब दिता, “गुरू जी, मैं अपणे पुत्रे
जो तेरे बाल लेईकरी आया था, इदे च बुरी आत्मा है, जिना इसयो
गूंगा बणाई दितया है। 18 जाल़ू भी बुरी आत्मा उदे अंदर ओंदी है,
तां सै उसयो गुस्से ने जमिना पर पटकी दिन्दी, कने उदे मुऐ ला झाग
निकलदा, कने दंदा पिंदा, सकत होई जांदा। मैं तुहाड़े चेलयां जो
बोलया की बुरिया आत्मा जो बाहर कडी दिया पर सै उना ला नी
होया।” 19 ऐ सुणीकरी यीशुऐ उना जो जबाब दिता, “हे अविश्वासी
लोकों, मैं काल़ू दीकर तुहाड़े सोगी रेंगा, कने काल़ू दीकर तुहाड़े
अविश्वास जो सेहन करगा? उस जागते जो मेरे बाल लोआ।” 20
ताल़ू सै जागते जो यीशुऐ बाल लेई आये कने जाल़ू बुरिया आत्मा
यीशुऐ जो दिखया, तां उना आत्मा जागते जो झट मरोड़या, कने
धरतिया पर फकोड़ी दिता, कने सै मुऐ ला झाग निकालदे-निकालदे

बिलटियां मारणा लग्गा। 21 यीशुऐ जागते दे पिता ला पुछया, “ऐ
कालू ला होआ दा है?” कने उनी बोलया, “जालू ला ऐ लोका दिया
नियाणा होंदा था। 22 मती बरी बुरिया आत्मा इसयो मारणे तांई
अग्गी कने पाणिये च सुट्टी दितया था, पर अगर तू कुछ करी सके,
तां सांझो पर तरस खाई करी साडी सहायता कर।” 23 यीशुऐ उना
जो बोलया, “अगर तू करी सकदा है, ऐ क्या गल्ल होई? जड़ा
मिंजो पर भरोसा करदा है, उदे तांई सब कुछ होई सकदा है।” 24
बच्चे दे पिते झट पैरां च पेईकरी जोरे ने बोलया, “प्रभु जी, मेरी
सहायता करा की मैं तुसां पर भरोसा करे।” 25 जालू यीशुऐ दिखया,
की मते सारे लोक उसयो दिखणे तांई गिठे होआ दे थे, तां उनी बुरिया
आत्मा जो ऐ बोली करी झिड़कां दितियां की, “हे बुरी आत्मा,
जड़ी इसी जागते जो गूंगा कने बेहरा बणा दी कने बोलणा नी दे दी,
मैं तिजो हुकम दींदा है की, इसयो छडी दे, कने फिरी कदी मत
ओंदी।” 26 तालू बुरिया आत्मा चिलाई करी जागते जो मरोड़ी करी
सटया, कने निकली गेई कने सै जागत बिना हिल्ले ओथु लाशा सांई
पेई रिया था, ऐथू दीकर की मते लोक बोलणा लग्गे की, ऐ तां मरी
गिया है। 27 पर यीशुऐ उदा हथ पकड़ी करी उसयो उठालया, कने
सै खड़ोई गिया। 28 बादे च जालू यीशु कने उदे चेले घरे च किले
थे, तालू उदे चेलयां पुछया कि, “असां बुरिया आत्मा जो कजो
नी कडी सके?” 29 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, “ऐसियां बुरियाँ
आत्मा जो प्राथना कने बरत कितयो बिना माणुआं ला बाहर नी कडी
सकदे।” 30 बादे च यीशु कने उदे चेलयां उना जगा जो छडी दिता
कने गलील प्रदेशे ला निकले। कने यीशु नी चांदा था की कोई उसयो
जाणे की सै कुथु है। 31 क्योंकि यीशु अपणे चेलयां सोगी मता
बकत बिताणा चांदा था कने उना जो सिखाणा चांदा था। कने उना ने
बोला दा था की, “माणुऐ दा पुत्र, मेरे दुशमणा दे हथे पकडाया जाणा
है, कने उना लोका मिंजो मारी देणा है, कने मरणे दे तरिये रोजे मरयां
चे जिन्दा होई जाणा है।” 32 पर ऐ गल्ल उना दिया समझा च नी
आई, कने चेले पूछणे ला डरदे थे जड़ा यीशुऐ बोलया था। 33 यीशु
कने उदे चेले कफरनहूम शेहरे च अपणे घरे जो आये; कने जालू से
घरे अंदर थे, तालू यीशु उना जो पुछणा लग्गा, “रस्ते च तुसां कुसा
गल्ला पर बेहसा दे थे?” 34 सै चुप रे, क्योंकि उना रस्ते च ऐ बेहस
कितियो थी कि, असां चे बडा कुण है। 35 तालू यीशु बेई गिया कने
बाहरां चेलयां जो अपणे बाल गिठा होणे जो बोलया, कने उना जो
बोलया, “जड़ा कोई सारयां ला महान बणना चांदा है, तां सै अपु जो
सारयां ला निच समझे कने सारायां दा सेवक बणे।” 36 तालू यीशुऐ
बखे इक बच्चा खुडोतया था, यीशुऐ बच्चे जो गल्ले लगाया कने
चेलयां जो बोलया। 37 “जड़ा कोई माणु इयां ही इक बच्चे पर दया
दसदा है, सै सच्ची मेरा इज्जत मान करदा है। कने कोई मेरी इज्जत
मान करदा है, तां सै मेरा ही नी बल्कि मेरे परमेश्वरे दी इज्जत मान
करदा है, जिनी मिजों भेजया है।” 38 तालू यूहन्ना उसयो बोलया,
“गुरू जी, असां इकी माणुऐ जो तेरे नाए दी शक्ति ने बुरियां आत्मा
जो कडदे दिखया है, कने असां उसयो मना भी किता, क्योंकि सै
साड़े सांई तेरा चेला नी था।” 39 यीशुऐ बोलया, “उसयो मना मत
करा अगर कोई मेरे नाये ने चमत्कार करदा है, क्योंकि ऐसा कोई नी
है, जड़ा मेरे नाऐ ने सामर्थ्य दे कम्म करे, कने जल्दी मिंजो बुरा
बोली सके, 40 क्योंकि जड़े साड़े बेरी नी है, सै साड़े सोगी साथी
न।” 41 जड़ा कोई इक कटोरा पांणिये दा तुहांजो इस तांई पियां, की
तुसां जो मसीह दे चेले बोलदे न, मैं तुसां ने सच्च बोलदा हे की उनी
अपणा फल कुसा भी हालत च नी गवांणा है। 42 पर अगर कोई इना
छोटयां चे, जड़े मिंजो पर भरोसा करदे न, उना दे पापां दी बजा
बणे तां उना तांई ऐईं ही खरा है की अपणे गले च पथर बन्नी करी
दरियाये च छलांग लगाई दे। 43 सारियां बुराइयां जो छडी दिया
जिना ने पाप होंदा है! बुराइयां जो पुरे तरीके ने छडी दिया, जियां की
तुसां इक हथ बड्डा दे, जड़ा तुहाड़े पापां दी बजा बणदा है। अगर तुसां
स्वर्ग जो जांदे न, भले ही तुसां बाल इक ही हथ है, सै तुसां तांई खरा
है। कने अगर तुसां बाल दोनो हथ न, कने तुसां नरके जान, तां इसला
भयानक कुछ नी है। (Geenna g1067) 44 नरके दिया उसा जगा
पर जिथू सारयां दे जिस्मा जो खाणे बाले कीड़े कदी नी मरदे कने
बलियो अग्ग कदी नी बुझदी। 45 सारियां बुराइयां जो छडी दिया
जिना ने पाप होंदा है, बुराइयां जो पुरे तरीके ने छडी दिया जियां की
तुसां इक पैर बड्डा दे, जड़ा तुहाड़े पापां दी बजा बणदा है। अगर तुसां
स्वर्ग जो जांदे न, भले ही तुसां बाल इक ही पैर है, सै तुसां तांई खरा
है। कने अगर तुसां बाल दोनो पैर न, कने तुसां नरके जान, तां इसला
भयानक कुछ नी है। (Geenna g1067) 46 नरके दिया उसा जगा
पर जिथू सारयां दे जिस्मा जो खाणे बाले कीड़े कदी नी मरदे कने
बलियो अग्ग कदी नी बुझदी। 47 सारियां बुराइयां जो छडी दिया
जिना ने पाप होंदा है, बुराइयां जो पुरी तरह छडी दिया जियां की
तुसां इक हखी जो कडा दे, जड़ा तुहाड़े पापां दी बजा बणदा है।
अगर तुसां स्वर्ग राज्य जो जांदे न, भले ही तुसां बाल इक ही हख है,
सै तुसां तांई खरा है। कने अगर तुसां बाल दोनो हखी न, कने तुसां
नरके जान, तां इसला भयानक कुछ नी है। (Geenna g1067) 48
नरके दी उसा जगा पर जिथू सारयां दे जिस्मा जो खाणे बाले कीड़े
जड़े कदी नी मरदे कने बलियो अग्ग कदी नी बुझदी। 49 क्योंकि
हर इक जणा अग्गी ने शुद्ध किता जाणा, जियां की बलिदान नुणे ने
शुद्ध होंदा है। 50 नुण इक जरूरी चिज है, पर अगर उदा स्वाद चली
जा, तां उदा स्वाद कियां वापिस लोणा? तुसां च लूँणे सांई खुबियां
होणी चाईदियां, कने अपु चे मिली झूली कने शांतिया ने रिया।

**10** यीशुऐ अपणे चेलयां सोगी कपरनहुम शहर छडी दिता, सै
यहूदिया प्रदेशे ला निकले कने यरदन खड्डा दे दुऐ पास्से चली
गे। कने इक बरी फिरी भीड़ उदे बाल गिठी होई गेई, कने सै उना
जो हरबरी सांई उपदेश देणा लग्गा। 2 तालू फरीसी उदे बाल आऐ
कने उसयो परखणे तांई उसला पुछया, “क्या मूसा दिया व्यवस्था च
इक मरदे जो अपणिया घरे बालिया जो तलाक देणे दा हक है?” 3
यीशुऐ उना जो जबाब दिता, “मूसा तुहांजो तलाक दे बारे च क्या
हुकम दितया है?” 4 उना बोलया, “मूसा हुकम दितया की त्याग
पत्र लिखी करी अपणी घरे बालिया जो देई दिया कने उसा जो छडी
दिया।” 5 यीशुऐ उना जो बोलया, “तुसां हरबरी परमेश्वरे दे हुकमें

जो मनणे तांई मुकरी जांदे न, क्योंकि तुसां दा मन कठोर है, इस तांई
मूसा ऐ लिखया था। 6 पर पवित्र शास्त्रां च लिखया है कि जालू
परमेश्वरे संसार बणया था, तालू उनी इक मर्द तांई इक जनानी बणाई।
7 जालू इक मर्द जनानिया ने बियाह करदा है, तां सै दोनों इक होई
जान्दे न, क्योंकि सै दोंनो इक जान न। 8 कने सै दोनो हुण इक
तन न, क्योंकि हुण सै दो जणे नी, पर इक माणुऐ सांई न। 9 इस
तांई उसा जनानिया कने मर्दे जो बख नी करणा चाईदा जिना जो
परमेश्वरे बियाह दे बंधना च बनया है।'' 10 कने बादे च, जालू सै
चेलयां सोगी घरे च किल्ला था, तालू चेलयां तलाक दे बारे च
उसला पुछया। 11 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, ''जड़ा अपणिया घरे
बालिया जो छडी करी दुईया ने बियाह करे तां सै उसा पेहलिया दे
खिलाफ च व्यभिचार करदा है। 12 कने अगर घरे बाली अपणे घरे
बाले जो छडी करी कुसी होरसी ने बियाह करे, तां सै व्यभिचार
करदी है।'' 13 फिरी लोक बचयां जो यीशुऐ बाल लोणा लग्गे ताकि
सै उना पर हथ रखीकर उना जो आशीष दे, पर चेलयां उना लोकां
जो डांटया। 14 यीशुऐ जो ऐ सब दिखीकरी गुस्सा आया कने उना
जो बोलया, ''बचयां जो मना मत करा कने इना जो मेरे बाल ओंणा
दिया, जड़े इना बचयां सांई भरोसेमदं न उना परमेश्वरे दे राज्य च
रेणा। 15 मैं तुसां ने सच्च बोलदा है, परमेश्वरे अपणे राज्य च सिर्फ
उना लोकां जो ओणा देणा है जड़े परमेश्वरे दे राज्य जो बचयां सांई
अपनांदे न।'' 16 कने यीशुऐ बचयां जो गल्ले ने लाया, कने उना पर
हथ रखीकरी यीशुऐ आशीष दिती। 17 जालू यीशु कने उदे चेलयां
यात्रा करणा शुरू किती थी, तां इक माणु उदे बाल दौड़ी करी आया
कने इज्जत मान तांई उदे पैरां अग्गे डेई पिया कने उसला पूछणा
लग्गा की, ''हे उत्तम गुरू, मैं क्या कम्म करां की परमेश्वर मिंजो
हमेशा दी जिन्दगी दे? (aiōnios g166) 18 यीशुऐ उसयो बोलया, तुसां
मिंजो कजो उत्तम बोलदे न, उत्तम तां सिर्फ इक ही है, सै परमेश्वर
है।'' 19 ''तू परमेश्वर दे हुकमा जो तां जाणदा है की: हत्या नी
करणी, व्यभिचार नी करणा, चोरी नी करणी, झूठी गबाई नी देंणी,
बेईमानी नी करणी, कने अपणे माता पिता दा आदर करणा।'' 20
उनी यीशुऐ बोलया, ''गुरू जी, इना सबना हुकमा जो तां मैं बचपने
ला ही मनदा आया है।'' 21 यीशुऐ उस पासे नजर करी के प्यारे ने
दिखया कने उसयो बोलया, ''इक कम्म है जड़ा तिजो हाली भी
करणे दी जरूरत है। जा, कने जड़ा कुछ तेरा है उसयो बेची करी
गरीबां जो देई दे, तां तिजो स्वर्गे दा धन मिलणा, इयां करणे बाद आ
कने मेरा चेला बणिया।'' 22 तालू माणुऐ यीशुऐ दी इसा गल्ला जो
सुणया, कने उदे चेहरे पर उदासी छाई गेई, कने सै दुखी होईकरी
चली गिया, क्योंकि सै बड़ा भरी अमीर था। 23 यीशुऐ चारो पासे
दिखीकरी अपणे चेलयां जो बोलया, ''अमीरां दा परमेश्वरे दे राज्य
च जाणा बड़ा मुशकिल है।'' 24 तालू चेले यीशुऐ दियां गल्लां
सुणी की हेरान होई गे, यीशुऐ बोलया मेरे भाईयो, जड़ा कोई अपणे
पैसयां उपर भरोसा करदा है, उना तांई परमेश्वरे दे राज्य जो जाणा
बड़ा मुशकिल है। 25 ऊंटे दा सुइया दे नाके चे निकलना असान
है, पर अमीरां दा परमेश्वरे दे राज्य च जाणा बड़ा भरी मुशकिल
है। 26 जालू चेलयां ऐ सुणया, तां सै बड़े हेरान होईकरी अपु चे
बोलणा लग्गे, ''तां कुण अपणे पापां दी सजा मिलणे ला बची सकदा
है?'' 27 यीशुऐ उना दे पासे दिखीकरी बोलया, ''जड़ा माणु नी
करी सकदे, पर सै परमेश्वर करी सकदा है, क्योंकि परमेश्वरे सब
कुछ करी सकदा है।'' 28 पतरस यीशुऐ जो बोलणा लग्गा, सांझो
क्या मिलणा? असां तां तुहाड़े चेले बणने तांई अपणा सारा कुछ
छडी दितया है। 29 यीशुऐ चेलयां जो बोलया, ''मैं तुहांजो ने सच्च
बोलदा है, मेरे चेले बणने तांई कने शुभसमाचार दा प्रचार करणे तांई
तुसां च जिनी भी घरे जो छडया, या अपणे भाई बेहण, माता-पिता,
अपणिया जमिना जो छडया है। 30 उसयो इस बकते सौ गुणा ना
मिल्ला हो, जिनी अपणा टबर, भाई कने बेहणां, माता-पिता, बाल
बचयां जो या खेतरां जो छडया हो। पर उसयो तकलिफां कने ओणे
बाले बकते च हमेशा दी जिन्दगी मिलणी है। (aiōn g165, aiōnios
g166) 31 पर मते लोक न जड़े हुण महान कने अग्गे न, उसी बकते
सै पीच्छे होणे, कने जड़े पीच्छे न, सै उस बकते पेहले होणे न।''
32 सै यरूशलेम शेहर जो जांदे बेले जालू रस्ते च थे, तां यीशु उना
दे अग्गे-अग्गे चलया था, कने उदे चेले बड़े हेरान होऐ की जिथू
सै चलयो थे, ओथु मते लोका उना दा बिरोध किता था, कने जड़े
लोक उदे सोगी थे, सै इसा गल्ला ला डरयो थे, की यरूशलेम शेहर
च उना दा क्या होणा। तालू सै फिरी उना बाहरां चेलयां जो इक्की
तरफा लेईकरी उना ने गल्लां बोलणा लग्गा, जड़ियां उस सोगी होणे
बालियां थियां। 33 ''दिखा, ध्याने ने सुणा, असां यरूशलेम शेहरे जो
चलयो न, कने मैं माणुऐ दा पुत्र बड्डे याजकां कने यहूदी व्यवस्था जो
सिखाणे बालयां दे हथे पकड़ाया जाणा है, कने उना मिंजो मौत दी
सजा देणी है, कने होर जातियां दे हथे देई देणा है। 34 कने उना मेरा
मजाक उड़ाणा है, मिंजो पर थुकणा, कने मिंजो कोड़े मारणे, कने
मिंजो मारी देणा है, कने मैं तिजे दिने मरयां चे जिंदे होई जाणा है।''
35 याकूब कने यूहन्ना दो भाई, जड़े जब्दी दे पुत्र थे उना यीशुऐ बाल
आई करी बोलया, ''गुरू जी, असां कुछ तिजो ला मंगणा चांदे न,
सेई तू साड़े तांई कर।'' 36 यीशुऐ उना ला पूछया, ''तुसां क्या चांदे
न की मैं तुहाड़े तांई करे?'' 37 उना यीशुऐ जो बोलया, ''असां तुसां
दे महिमामय राज्य च तुसां दे बखे इज्जत बाली जगा च बोंणा चांदे
न। असां चे इक तुहाड़े खबे कने इक सज्जे हथे बखे बोंणा चांदे
न।'' 38 यीशुऐ उना जो बोलया, ''तुसां जो नी पता कि तुसां क्या
मंगा दे? हुण जड़े दुख मैं सेहणे न, क्या तुसां उना दुखां जो सेहन करी
सकदे न? क्या तुसां मरणे तांई तैयार न क्योंकि मैं जल्दी ही मरणे
बाला है?'' 39 उना उसला बोलया, ''असां करी सकदे न।'' यीशुऐ
उना ने बोलया, ''तुसां भी सारे दुख सेहणे न, जियां मैं सेहणे। तुसां
जो भी मारया जाणा है, जियां मिजों मारणा है। 40 मिजों ऐ तय
करणे दा हक नी है, की मेरे सज्जे कने खबे कुसयो सै जगा मिलणी
है, सै जगा उना लोकां तांई न, जिना जो परमेश्वर चुणयां है।'' 41 ऐ
सुणीकरी बाकी दसो चेले याकूब कने यूहन्ना पर गुस्सा करणा लग्गे।
42 तां यीशुऐ उना जो अपणे बाल सदीकरी उना जो बोलया, ''तुहांजो
पता है ना, कि जड़े लोक प्रधान मने जादें थे, सै अपणे अधिकारां दा

इस्तेमाल अपणे अधीन लोकां दे उपर हक जमाणे तांई करदे न।
उना दे अगुवे लोक अपणी गल्ल मनाणे तांई हक जतांदे न। 43 पर
तुहांजो उना सांई नी होणा चाईदा, तुहांजो चे जड़ा महान बणना चांदा
है, उसयो बाकियां दी सेबा करणी चाईदी। 44 कने जड़ा कोई तुसां
चे प्रधान बणना चांदा हो, सै सारायां दा नौकर बणे। 45 मैं ऐ इस तांई
बोलदा है क्योंकि मैं, माणुऐ दा पुत्र, इस संसारे च सारयां दी सेबा
करणे तांई आया है, मैं इस तांई नी आया कि लोकां ला अपणी सेबा
करां। मैं तां लोकां जो पापां ला छुटकारा कराणे तांई अपणे प्राण
कीमत च देणा आया है।" 46 यरूशलेम शेहर दे रस्ते च जांदे, यीशु
कने चेले येरीहो च आये, जालू सै कने उदे चेले कने इक बड़ी भीड़
यरीहो शेहरे ला निकला दी थी, इक बरतिमाई नाऐ दा अन्ना भिखारी
सड़का दे बखे बैठया था। सै तिमाई दा जागत था। 47 सै ऐ सुणीकरी
की यीशु नासरत शेहरे ला है, जड़ा रस्ते च चलया था, डडी-डडी
करी बोलणा लग्गा, "हे यीशु, राजा दाऊदे दे बंशज, मिंजो पर दया
कर।" 48 उसयो मतयां झिड़कां दीतियां की चुप रे, पर सै होर जोरे
ने बोलणा लग्गा की, "हे यीशु, राजा दाऊदे दे बंशज, मिंजो पर दया
कर।" 49 तालू यीशुऐ ऐ सुणया कने रुकी करी बोलया, "उसयो ऐथू
लोआ।" कने लोकां उस अन्ने जो सदीकरी बोलया, "हिम्मत रख,
उठ सै तिजो सदा दा है।" 50 कने अन्ने माणुऐ झट अपणे उपर
ओडियो चादर सुटी कने उठी करी यीशुऐ बाल आया। 51 यीशुऐ
उसयो पुछया, "तू क्या चांदा है की मैं तेरे तांई करे?" अन्ने उसयो
बोलया, "गुरू जी, ऐ की मिंजो मिलणा लगी पोऐ।" 52 यीशुऐ
उसयो बोलया, "मैं तिजो ठीक करा दा क्योंकि तु मिजों पर भरोसा
करदा है। हुण तू घरे जो जाई सकदा है" कने उसयो मिलणा लग्गी
पिया, कने रस्ते च यीशुऐ पिच्छे चली पिया।

**11** जियां यीशु कने उदे चेले यरूशलेम शेहरे दे बखे पुज्जे, सै
जैतून रुखां दे पाहड़े दे कंडे बैतफगे कने बैतनिय्याह ग्रांऐ च
आये, तां यीशुऐ अपणे दो चेलयां जो ऐ बोली करी भेजया, 2
"सामणे दे ग्रां च जा, कने ओथु पुजदे ही तुहांजो इक गधिया दा
बच्चा बन्नया मिलणा है, उदे उपर हली कोई नी बैठया था। सै खुंडे
च बन्नया होणा उसयो खोली करी लेई ओआ। 3 अगर कोई तुहांजो
ला पुच्छे, कि ऐ क्या करा दे न? तां बोलनयो, कि साड़े प्रभु जो इदी
जरूरत है। कने उनी जल्दी ही बापस करी देणा है।" 4 चेलयां ग्रांऐ
च जाई करी उस गधिया दे बच्चे जो इक घरे दे दरबाजे बखे खुंडे
ने बनया दिखया, कने सै उसयो खोलणा लग्गे। 5 कने जड़े ओथु
खड़ुतयो थे उना चे कोई-कोई बोलणा लग्गे की ऐ क्या करा दे न,
इस गधी दे बच्चे जो कजो खोला दे न? 6 जियां यीशुऐ बोलया था,
तियां ही चेलयां उना जो बोली दिता उना गधिया दे बच्चे जो जाणा
दिता। 7 कने दो चेलयां उस गधिया दे बच्चे जो यीशुऐ बाल लांदा,
कने उस पर अपणे उपरे बाले कपड़े उदिया पीठी पर पाई दिते कने
यीशु उस पर बेई गिया कने यरूशलेम शेहरे दी पास्से चलणा लग्गे।
8 तालू मतयां सारयां लोकां अपणे कपड़े रस्ते च बछाई दिते कने उदा
आदर मान किता। कने केईयां रस्ते च पत्रां बालियां डालियाँ बडी-
बडी करी बछाई करी उदा मान आदर किता। 9 कने थोड़े लोक
यीशु दे अग्गे-अग्गे चलयो थे, कने थोड़े लोक पिच्छे चलयो थे, सै
सारे खुशिया ने जोरे ने बोला दे थे, "होशाना; परमेश्वर इसला खुश है
जड़ा उदे हके सोगी ओंदा है। 10 परमेश्वरे दा अनुग्रह ओणे बाले
राज्य पर है, जड़े साड़े सियाणे राजा दाऊद दे राज्य सांई है, धन्य हे!
परमेश्वर जड़ा स्वर्गे च रेंदा है, उदी होशाना हो।" 11 जालू यीशु
यरूशलेम शेहरे च पुज्जा कने तां सै परमेश्वरे दे मंदरे दे अंदर गिया,
कने सारे पासे दिखया कने सै अपणे बाहरां चेलयां सोगी बैतनिय्याह
ग्रांऐ जो मुड़ी गिया, क्योंकि संज होई गियो थी। 12 दुज्जे दिने
जालू यीशु कने उदे चेले बैतनिय्याह ग्रांऐ ला यरूशलेम शेहरे जो
चलयो थे, तालू यीशुऐ जो भूख लग्गी। 13 कने उनी पत्तयां ने भरया
होया अंजीर दा रुख दिखया कने सै उदे बखे गे, ताकि कुछ खाणे
जो मिली जा, पर ओथु पतयां जो छडी करी होर कोई फल नी
मिल्ला, क्योंकि फल देंणे दी रित नी थी। 14 कने यीशुऐ उस रुखे
जो बोलया, "अज्जे ला बाद तेरा फल कुनी नी खाणा। कने उदे
चेले सुंणा दे थे।" (aiōn g165) 15 "उदे बाद यीशु कने उदे चेले सै
यरूशलेम शेहरे च आऐ," उनी उना लोकां जो परमेश्वर दे मंदरे ला
कडी दिता, जड़े ओथु जानवर कने चिजां खरीदणे बचने दा कम्म
करा दे थे। यीशुऐ पैसयां बदलने बाले मंजे जो, कने कबुतरां जो
बेचणे बालयां दे पिंजरयां जो बाहर सुटी दिता। 16 "कने उनी लोकां
जो हुकम दिता की मंदरे दे अंगणे ला होईकरी चिजां जो लिणा बंद
करा। 17 कने यीशुऐ उना जो बोलया, पबित्र शास्त्र ऐ बोलदा की,
लोक मेरे घरे जो प्राथना दा घर बोलदे न, जिथू सारे लोक प्राथना
तांई ओंदे न? पर तुसां तां इसयो डाकुआं ला भरुईयो गुफा सांई बणाई
दितया है।" 18 बड्डे याजकां कने यहूदियां दिया व्यवस्था जो सिखाणे
बालयां ऐ सुणया, जड़ा यीशुऐ बोलया कने कितया, तां सै उसयो
मारणे दा मौका तोपणा लग्गे, पर सै लोकां ला डरा दे थे, क्योंकि
सारे लोक यीशुऐ दियां गल्लां ने हेरान थे। 19 जालू संझा दा बेला
होया, तां यीशु कने उदे चेले शेहर छडी करी बैतनिय्याह ग्रां जो मुड़ी
गे। 20 फिरी ब्यागा तड़के बेले यीशु कने उदे चेले यरूशलेम शेहरे
जो ओआ दे थे, तालू उना अंजीर दे रुखे जो दिखया तां सै सुकी
गिया था। 21 पतरसे जो सै गल्ल याद आई, कने उनी यीशुऐ जो
बोलया, "गुरू जी, दिख। ऐ अंजीर दा रुख जिसयो तू श्राप दितया
था सै सारा सुकी गिया है।" 22 यीशुऐ उसयो जबाब दिता की,
"परमेश्वरे पर भरोसा रख जड़ा तुसां मंगगे से सारा कुछ मिलणा। 23
मैं तुसां ने सच्च बोलदा है, की अगर कोई इस पहाड़े जो बोले की,
की ऐथू ला उठ कने समुंद्रे च जाई करी पेई जा, कने अपणे मने च
कोई शक नी रखे, पर भरोसा रखे, की जड़ा मैं बोलदा है सै होई जा,
तां उस तांई तदिया होई जाणा है। 24 इस तांई मैं तुहांजो बोलदा है
की जड़ा कुछ तुसां प्राथना करिके मंगा, तां भरोसा करी लिया की
तुहांजो मिली गिया है, तां सै तुहांजो मिली जाणा। 25 जालू कदी
तुसां प्राथना करदे न, तां अगर तुहाड़े मने च कुसी तांई बैर है, तां
उसयो माफ करी दिया, इस तांई की तुहाड़ा पिता परमेश्वर जड़ा
स्वर्गे च रेंदा है, उनी तुसां दे पाप माफ करी देणे। 26 पर अगर तुसां
माफ नी करगे, तां तुहाड़े पिता परमेश्वरे जड़ा स्वर्गे च है, उनी भी

तुहाड़ा पाप माफ नी करणा।" 27 यीशु कने उदे चेले यरूशलेम शेहरे
जो मुड़ी करी आये, जालू सै मंदरे च गुमा दा था तां बड्डे याजक कने
यहूदी व्यवस्था जो सिखाणे बालयां कने यहूदी अगुवे उदे बाल आये
कने पूछणा लग्गे, 28 "उना उसयो बोलया, ऐ कम्म तू कुसी हके ने
करा दा है? कने तिजो ऐ हक कुनी दितया है?" 29 यीशुऐ उना जो
बोलया, "मैं भी तुहांजो ला इक गल्ल पूछदा है, अगर तुसां मिंजो
जबाब दिंगे, तां मैं दसगा कि ऐ कम्म मैं कुसी हके ने करदा है। 30
यूहन्ना जो लोकां जो बपतिस्मा देणे तांई कुनी भेजया था? क्या सै
परमेश्वरे भेजया था या माणुऐ? मिंजो दसा।" 31 तालू सै अपु चे
बोलणा लग्गे कि अगर असां बोलया कि, "परमेश्वर जड़ा स्वर्गे च
है उनी भेजया है, तां यीशुऐ सांझो ला पुछणा, कि तुसां युहन्ना पर
भरोसा कन्नी किता?" 32 अगर असां बोलया की, सै माणुऐ दे
पास्से ला आया है, तां सै जबाब नी देई सके, क्योंकि सै उना लोकां
ला डरदे थे, जड़े ऐ मंदे थे की यूहन्ना परमेश्वर दे पासे आया इक
सच्चा परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला था। 33 उना यीशुऐ जो जबाब
दिता, सांझो नी पता कुन्नी यूहन्ना बपतिस्मा देणेबाले जो भेजया।
यीशुऐ उना जो जबाब दिता, "मैं भी तुहांजो नी दसणा की मिंजो ऐसे
कम्म करणे दा हक कुनी दितया है।"

12 इदे बाद, यीशु यहूदी अगुवां ने कहाणियां च गल्लां करणा
लग्गा, इक माणुऐ बागे च अंगूर लाये। उनी अंगूरा दे बागे दे
चारों पासे बाड़ लगवाया, कने इक जगा अंगूरा दे रसे जो निचोड़ने
तांई बणाई, कने निगरानी रखणे तांई इक उचिया जगा पर कमरा
बणाया। फिरी उनी बागे जो कुछ किसाना जो ठेके पर देई दिता, कने
परदेस चली गिया। 2 फिरी जालू अंगूर पक्की गे, तां उनी अपणा
इक नोकर ठेकेदारे बाल अपणा अंगूरे दे बागे दा हिस्सा लोंणे तांई
भेजया। 3 पर ठेकेदारां उसयो पकड़या कने मारी कुट्टी करी बिना
कुछ दितयो खाली हथ भेजी दिता। 4 बागे दे मालिके इक होर
नोकर भेजया, ठेकेदारां उदा सिर फोड़या कने उदी बेस्ती किती। 5
फिरी बागे दे मालिके इक होर नोकरे जो भेजया, कने उना उसयो
मारी दिता। तां उनी होर मतयां जो भेजया, पर ठेकेदारे उना चे केईयां
जो कुटया, कने केईयां जो मारी दिता। 6 हुण बागे दे मालिके बाल
भेजणे तांई सिर्फ इक ही माणु था। जड़ा उदा अपणा प्यारा जागत
था। उना बाल भेजया की सै मेरे जागते दी इज्जत करगे। 7 पर उना
ठेकेदारां उदे जागते जो ओंदे दिखया, कने उना अपु चे सलाह किती
की, ऐई तां बारिस है, इनी तां अंगूरे दे बागे दा मालिक बणना,
ओआ असां इसयो मारी दिन्दे न, तां सारी जयादात साड़ी होई जाणी।
8 कने उना उसयो पकड़ी करी मारी दिता, कने उदी लाशा जो अंगूरे
दे बागे बाहर फेंकी दिता। 9 "तां हुण, अंगूर दे बागे दा मालिक क्या
करगा? क्या उनी आई करी उना ठेकेदारां जो खत्म करी दिगां,
कने दाखां दे बागे दा ठेका कुसी होरसी जो दिंगा। 10 क्या तुसां
पवित्र शास्त्रे दा ऐ हिस्सा नी पढ़या जिदे च मसीह दी तुलना इक
खास पथरे ने करदा है? सै बोलदा है, जिस पथरे जो राजमिस्त्रियें
बेकार बोलया था कने सुटी दितया, सै ही पथर, सबना ला खास
पथर बणी गिया। 11 प्रभु परमेश्वरे इयोदिया किता, कने साड़िया
नजरा च ऐ बड़ा ही अनोखा है।" 12 तां उना उसयो पकड़ना चाया,
क्योंकि सै समझी गियो थे, उनी साड़े बरोध च ऐ कहाणी बोलियो
है। पर सै यीशुऐ जो पकड़ी नी सके क्योंकि सै लोकां ला डरा दे
थे, इस तांई सै यीशुऐ जो किल्ला छडी करी चली गे। 13 तालू
उना उसयो गल्लां च फसाणे तांई केई फरीसियां कने राजा हेरोदियां
दे दले दे लोकां जो उस बाली भेजया। 14 उना आई करी उसयो
बोलया, "गुरू जी, सांझो पता है की, तुसां हमेशा सच्च बोलदे न,
कने तुसां इसा गल्ला ला नी डरदे की दुज्जे लोक तुहाड़े बारे च
क्या सोचदे न, कुसदी परबाह नी करदे न, क्योंकि तुसां सारयां
कने इकोदिया व्यवहार करदे न, तू तां परमेश्वरे दा रस्ता सचाइया ने
दसदा है। तां हुण सांझो दस। क्या महाराजा जो कर देणा साड़िया
व्यवस्था दे खिलाफ है या नही? 15 असां जो कर देणा चाईदा या नी
देणा चाईदा?" यीशुऐ उना दा कपट जाणी करी उना जो बोलया,
"तुसां मिंजो ला कुछ गलत बुलबाई करी फसाणे दी कोशिश कजो
करा दे न? इक चांदी दा सिक्का मिंजो बाल लेईकरी ओआ, मैं
उसयो दिखें।" 16 सै लेई आऐ, कने यीशुऐ उना जो पुछया, "मिजों
दसा की इस चांदी दे सिक्के च कुसदा चित्र बणया कने कुसदी
मोहर लगियो?" उना बोलया, "महाराजा दा।" 17 यीशुऐ उना जो
बोलया, "जड़ा महाराजा दा है, सै महाराजे जो दिया, कने जड़ा
परमेश्वरे दा है, सै परमेश्वरे जो दिया।" तालू सै उस पर बड़े हेरान
होए। 18 यहूदियां दे धर्मी दल दे थोड़े लोक जिना जो सदूकी भी
बोलदे न, तालू थोड़े यहूदी अगुवे यीशुऐ बाल आये। कने सै भरोसा
नी करदे थे, कि लोक मरणे दे बाद फिरी जिन्दे होई सकदे ने। उना
यीशुऐ ला पुछया, 19 "गुरू जी, मूसा साड़े तांई लिखया है, की
अगर कुसी दा भाई बिना ओलादी मरी जा, कने उदी घरे बाली
जिन्दा रे, तां उदा भाई उदिया घरे बालिया सोगी बियाह करिके
अपणे भाई तांई बंश पैदा करे। 20 स्दुकियां यीशुऐ जो इक कहाणी
सुणाई की, इक घरे च सत भाई थे। सबते बडे भाईये इकी जनानिया
ने बियाह किता, जालू सै मरी गया तां उदी कोई भी ओलाद नी थी।
21 तां दुऐ भाईऐ उसा सोगी ही बियाह करी लिया कने सै भी बिना
ओलादी मरी गिया, कने इयां ही तिजे भाईये किता, 22 कने सतां
भाईयां उसा ने बियाह किता कने सतो भाई बिना ओलादी मरी गे।
सबना दे बाद सै जनानी भी मरी गेई। 23 हुण, सांझो दस सतां भाईयां
उसा जनानिया ने बियाह कितया था, जालू सै मरणे दे बाद फिरी
जिन्दे होंगे, तां सै जनानी कुदी घरे बाली होणी?" 24 यीशुऐ उना जो
बोलया, "तुसां दो बजा ने गलत न, तुसां पवित्र शास्त्र जो नी जाणदे ने
जड़ा मरणे दे बाद लोकां जो जिन्दा रेणे दे बारे च दसदा है। तुसां ऐ
नी जाणदे न की परमेश्वरे बाल मरयो लोकां जो जिन्दा करणे दी
शक्ति है। 25 क्योंकि जालू उना मरयां चे जिन्दा होणा, तां उना
लोका दे बियाह नी होणे; जियां स्वर्गे च रेणेबाले स्वर्गदूत बियाह नी
करदे। 26 मरयां चे जिन्दा होणे दे बारे च, तुसां क्या मूसा दिया
कताबां च नी पढ़या जालू झाड़िया जो अग्ग लगियो थी, तां उसा
जगा पर क्या होया था, परमेश्वरे मूसा ने गल्ल किती कने बोलया, मैं
अब्राहम, इसहाक, कने याकूब दा परमेश्वर है, जिदी ऐ अराधना

करदे थे। 27 तांई तां मरयो लोकां दा परमेश्वर नी है। पर जिन्दया दा
परमेश्वर है, तुसां बड़े गलत न।" 28 कने यहूदी मूसा दी व्यवस्था
जो सिखाणे बालयां चे इक्की ऐ चर्चा सुणी, जड़ी यीशु कने सदुकी
अपु चे करा दे थे, कने ऐ जाणी करी की यीशुऐ उना जो ठीक तरीके
ने जबाब दिता, तां सै यीशुऐ बाल आया कने पुछया, "की परमेश्वरे
जड़े भी हुकम दितयो न, उना सारयां चे सारयां ला बडा हुकम कुण
दिया है?" 29 यीशुऐ जबाब दिता, "सबना हुकमा ला बडा हुकम ऐ
है: इस्राएल दे लोको तुसां सुणा। प्रभु साड़ा परमेश्वर जिसदी असां
अराधना करदे न, सै इक ही प्रभु है। 30 कने तू अपणे प्रभु परमेश्वर
ने अपणे सारे मने ने, कने अपणे सारे प्राणा ने, कने अपणिया सारिया
अकला ने, कने अपणिया सारिया शक्तियां ने प्यार रखनयो। 31
परमेश्वर दा दुज्जा हुकम ऐ है, की जितणा तुसां अपणे आपे जो प्यार
करदे न, दूजयां ने भी उतणा ही प्यार करा, परमेश्वरे इना दो हुकमा
ला बड्डे होर कोई हुकम नी दितया न।" 32 मूसा दिया व्यवस्था
जो सिखाणे बालयां उसयो बोलया, "गुरू जी," बिलकुल ठीक।
तू सच्च बोलया है, सै ही परमेश्वर है, कने उसयो छडी करी होर
कोई नी है। 33 कने उसला सारे मन, कने सारिया अकला ने, कने
सारे प्राणा ने, कने सारिया ताकता ने प्यार रखणा, कने पड़ोसियां ने
अपणयां सांई प्यार रखणा, ऐ सब परमेश्वरे जो जानवरां दियां बलियाँ
चढ़ाणे ला जादा जरूरी है। 34 जालू यीशुऐ दिखया की उनी सोची
समझीकरी जबाब दिता, तां यीशुऐ उसयो बोलया, "तू परमेश्वरे दे
राज्य च प्रवेश करणे दे नेड़े है।" कने फिरी होर कुसी जो उसला
कुछ पूछणे दी हिम्मत नी होई। 35 फिरी यीशुऐ परमेश्वरे दे मंदरे च
उपदेश दिन्दे होये बोलया की, व्यवस्था जो सिखाणे बाले कियां
बोली सकदे न की मसीह राजा दाऊदे दा बंशज है? 36 ऐथू दिकर
कि राजा दाऊद, जालू परमेश्वर दी पवित्र आत्मा उसयो बोलणे दी
शक्ति दिती, तां उनी बोलया, "परमेश्वरे मेरे मसीह जो अपणे बखे
इज्जत मान कने हक दी पदवी च बोणे तांई बोलया था, हालांकि
उनी उदे सारे दुशमणा जो पूरी तरहा उदे अधीन करी दिता।" 37
"ऐथू दिकर कि राजा दाऊदे भी मसीह जो प्रभु करी के बोलया, तां
सै दाऊद दा बशंज कियां होया?" कने लोक उसयो बड़े मजे ने
सुणदे थे। 38 यीशुऐ अपणे उपदेश च उना ने बोलया, "व्यवस्था
जो सिखाणे बालयां ला साबधान रिया, जड़े लोकां जो दसणे तांई
लम्बे कने मेंगे कपड़े पाणा पसंद करदे, कने उना जो बड़ा पसंद
है की लोक उना जो बजारां च नमस्ते करन, 39 कने यहूदी जंज
घरां च खास-खास आसना पर बोणा पंसद करदे न। कने खांदे बेले
खास जगा चांदे न। 40 सै धोखे कने वेईमानिया ने विधवां दे घरां दी
चिजां पर कब्जा करी लेंदे न। कने लोकां जो दसणे तांई बड़ी देरा
दीकर प्राथना करदे न, परमेश्वरे ला इना जो बड़ी बुरी सजा मिलणी
है।" 41 यीशु मंदरे दे भंडारे सामणे बेईकरी दिखा दा था की लोक
परमेश्वरे दे मंदरे दे भंडारे च कियां पैसा पांदे न, कने मते अमीरां
लोकां बड़ा सारा पैसा पाया। 42 इतणे च इक गरीब बिधवा आई
करी दो तांबे दे सिक्के पाये, जिना दी कीमत बड़ी घट्ट थी। 43 तालू
उनी अपणे चेलयां जो अपणे बखे सदीकरी बोलया, "मैं तुसां ने
सच्च बोलदा कि इस मंदरे दे भंडारे च जितणया भी दान पाया है,
उना सबना ला बदीकरी इना गरीब बिधवा पाया है।" 44 क्योंकि
सबना अपणे भंडारे चे थोड़ा दिया दिता, पर इना गरीब बिधवा इसा
बाल जितना भी था, सारा पाई दितया है।

13 जालू यीशु मंदरे ला निकला दा था, तां उदे चेलयां चे इक्की
उसयो बोलया, "गुरू जी, दिख, कितणियां छेल ईमारता न
कने बड्डे-बड्डे पत्थरां ने बणियां न कने कितणे-कितणे बड्डे घर न।"
2 यीशुऐ उसयो बोलया, "तुसां इना बड्डे-बड्डे घरां जो दिखा दे न,
इक दिन इना चे ऐथू इक भी घर नी बचणा है, ऐथू दीकर की इक
पथरे उपर पथर नी रैंणा है, जड़ा डाया नी जांणा।" 3 जालू यीशु
मंदरे ला जैतून रूखां दे पाहड़े पर चली गिया कने मंदरे दे सामणे
बेई गिया, तां पतरस, याकूब, यूहन्ना कने अन्द्रियास यीशुऐ बाल
आये कने तालू यीशुऐ बाल कोई नी था, कने उसला पुछया, 4
"सांझो दस ऐ सब कुछ कालू होणा है? कने जालू ऐ सब कुछ पूरा
होणेबाला होंगा तां उदा क्या निशान होणा है?" 5 यीशुऐ उना ने
बोलया, ध्यान रख्यो की तुहांजो कोई धोखा न दे। 6 मते सारे लोकां
मेरे नाए ने दाबा करिके ओणा है। उना बोलणा है, मैं मसीहा हूँ कने
उना मतयाँ लोकां जो भटकाणा है। 7 जालू तुसां लड़ाईयां, कने
लड़ाईयां दियां गल्लां सुणगे तां डरदे मत; क्योंकि इना दा होणा
जरूरी है, पर तालू संसारे दा खात्मा नी होणा है। 8 क्योंकि जातियां
ने जातियां कने राज्य ने राज्यां इक दुज्जे ने लड़ाईयां करणियां न।
कने हर कुथी हिलण होणे न कने अकाल पोणे न। ऐ तकलीफ कने
दुख ऐदिया होणा जदिया की जालू माँ बच्चे जो जन्म देणा लगदी है।
9 "पर तुसां जो हमेशा चौकने रेणा चाईदा, क्योंकि लोकां तुहांजो
कैदी बणाना कने यहूदी जंज घरा च देणा कने तुहांजो मार पोंणी,
कने मेरिया बजा ने तुहांजो हाकिमा कने राजयां सामणे न्याय तांई
महासभा च पेश करणा है, ताकि तुसां उना जो मेरे तांई गबाई देन।
10 कने सारे देशां च, तुहांजो कने होर जड़े मिजों उपर भरोसा करदे
न, तुहांजो संसारे दे अंत होणे दे पेहले सारयां लोकां जो शुभसमाचार
सुणाणा है। 11 जालू तुहांजो कैदा च पाणा है, तां तुसां इदी चिंता मत
करदे, की असां क्या बोलणा है। क्योंकि उस बेले पवित्र आत्मा
तुसां दे जरिये गल्लां करणियां न। 12 उसी बेले, जड़े लोक मिजों
पर भरोसा नी करदे न, उना अपणे भाईयां जो जेला च करी लेणा,
जड़े मिजों पर भरोसा करदे ने सै मरवाई देणे न। पिता अपणे बचयां
सोगी इयां ही करणा है, कने बचयां मां-प्यो दे खिलाफ होईकरी उना
जो मारी देणा है। 13 क्योंकि तुसां मेरे चेले न उदिया बजा ने सारे
लोकां तुसां ने बैर करणा है, पर जड़े लोक मिजों पर भरोसा रखदे
न कने आखरी दीकर सेहन करगा, उना दा ही उद्धार होणा है।"
14 जालू तुसां इक मसीह बिरोधी जो यरूशलेम मंदरे च खड़ोतयो
दिखणा, जिथू उसयो नी होणा चाईदा। यहूदिया प्रदेशे दे लोकां जो
जान बचाणे तांई पाड़ा पर नसणा पोणा। 15 जड़ा कोई अपणी घरे
दिया छती पर हो, तां सै समान लेणे तांई थले ना उतरे, ना ही अंदरे
जो जा। 16 कने जड़ा खेतरां च होऐ, सै अपणे कपड़े लेंणे तांई
मुड़ी करी घरे ना ओऐ। 17 ऐ उना जनानिया तांई बड़ा बुरा बकत

होणा जड़ियां लैरथियां न, कने उना जनानियां तांई जड़ियां नियाणे
जो दूध पियादियां न, उना जो अपणी जान बचाणे तांई नसणा बड़ा
मुशकिल होई जाणा। 18 इस तांई प्राथना करा की ऐ बुरा बकत
सर्दियें च ना हो, जालू सफर करणा मुशकिल हो। 19 क्योंकि उना
दिना लोकां जो बड़े दुख होणे न, उना लोकां कदी भी ऐसे दुखां
दा सामणा नी कितया होणा, जालू ला परमेश्वरे संसार बणाया है।
20 अगर परमेश्वरे उस बुरे बकते जो नी घटादां, तां कोई भी माणु
नी बचदा। पर उना चुणयो होए लोकां दिया बजा ला, जिना जो
परमेश्वरे चुणयां है, बकत घटाणा है। 21 अगर उस बेले कोई तुसां
जो बोले, की दिखा, मसीह ऐथू है। या दिखा, ओथु है। तां उदा
भरोसा मत करदे। 22 क्योंकि झूठे मसीह कने झूठे परमेश्वरे दा
संदेश देणेबालयां ओणा है, उना लोकां जो धोखा देणे तांई जिना जो
परमेश्वरे चुणयां है, उना चमत्कार कने अनोखे कम्म दसणे न। 23
पर तुसां चौकने रिया, दिखा मैं तुहांजो सारियां गल्लां होणे ला पेहले
ही बोली दितियां न। 24 "उना दिना च, बुरा कने दुखे बाल बकत
मुकी जाणे दे बाद, सूरजे च अंधेरा होई जाणा, कने च चद्रमें लौ नी
देणी। 25 अम्बरे ला तारायां पेई जाणा, कने अम्बरे दियां शक्तियाँ
हिलाईयां जाणियां। 26 तालू लोकां मिजों, माणुऐ दे पुत्रे जो धरतिया
पर बदलां उपर ओंदे कने उना मेरी शक्ति कने महिमा जो दिखणा।
27 मैं अपणे स्वर्गदूतां जो धरतिया पर भेजगा, ताकि सै उना सारे
लोकां जो गठेरी करी, जिना जो मैं चुणयां है, कने उना संसारे दे
चारों पासयां ला लोका जो गठेरणा है।" 28 "अंजीर दे रूखे ला ऐ
सिखा, जालू उदियां डालियाँ निकलदियां न कने पत्ते निकलना लगदे
न, तां तुसां जो पता लगी जांदा है, की गर्मियां दी रित नेड़े ओआ दी
है।" 29 जालू तुसां इना चिजां जो होंदे होये दिखगे, तां तुसां जाणी
लेनयो, की सै माणुऐ दा पुत्र ओंणे बाला है, कने ऐ दुर नी है। 30 मैं
तुसां ने सच्च बोलदा है, इसा पीढ़िया दे सारे लोकां तालू दिकर नी
मरणा है, जालू दिकर ऐ सब होई ना जा। 31 अम्बर कने धरती
खत्म होई जाणे, पर मेरियां बोलियां गल्लां कदी नी टलनिया न, सै
हमेशा रैंणियां न। 32 "ऐ गल्लां कुसी रोजे या कुसा घड़िया होणिया
न कोई भी नी जाणदा है, ना स्वर्गदूत कने ना ही मैं, माणुऐ दा पुत्र,
पर सिर्फ पिता परमेश्वर ही उसी रोजे कने घड़िया जो जाणदा है।
33 दिखा, जागदे कने प्राथना करदे रिया; क्योंकि तुहांजो नी पता
की कालू मैं मुड़ी करी ओणा। 34 मेरा धरती छडणा कने बापिस
ओणा इयां होणा है, जियां परदेस जांदे बेले अपणा घर छडी जाऐ,
कने अपणे नोकरां जो हक दे, कने सारयां जो अपणा-अपणा कम्म
दसी दे, कने द्वार पालां जो पेहरेदारी करणे दा हुकम दिता कने उदे
वापिस ओणे तांई तैयार रे। 35 तुसां नी जाणदे न कि घरे दे मुखिया
कालू मुड़ी के ओणा है, तां तुसां पेरादारी करनयो, क्योंकि मैं घरे दा
मुखिया संझा जो या अधिया राती जो, या मुर्गे दिया बांगा देंणे दे बेले
या ब्यागा जो कालू भी आई सकदा है। 36 इयां नी होऐ की मैं
अचानक ओंऐ कने मैं इयां नी दिखणा चांदा की तुसां विना तयारी दे
होन। 37 कने जड़ा मैं तुहांजो बोलदा है, सै ही सारायां जो बोलदा है,
की मेरे ओणे दीकर तैयार रिया।"

**14** दो दिना बाद फसह कने अखमीरी रोटिया दा त्योहार
होणेबाला था। कने बड्डे याजक कने व्यवस्था जो सिखाणे
बाले इसा गल्लां दिया तोपा च थे, की यीशुऐ जो कियां धोखे ने
पकड़ी करी मारी देन। 2 पर बोलदे थे की, "सांझो त्योहारे दे बेले ऐ
नी करणा चाईदा। कुथी इयां ना हो की लोकां च रोला नी पेई जा।"
3 जालू सै बैतनिय्याह ग्रां च शमौन कोढ़ी दे घरे था, जिसयो यीशुऐ
कोढे दिया बिमारिया ला खरा कितया था। सै ओथु रोटी खांणा
बैठया था, तां इक जनानी उदे घरे जो आई कने उना इक बोतल
लांदियो थी; जड़ी संगमरमर दी थी, उसा बोतला च जटामासी तेले
ने बणाया बड़ा मेंहगा इत्र था, कने उना बोतला दा मुह तोड़ी करी
सारा इत्र यीशुऐ दे सिरे पर नियोरी दिता। 4 पर केई लोक मने च
बोलणा लग्गे, "इस मेंगे इत्रे जो सत्यानाश नी करणा चाईदा था। 5
क्योंकि ऐ इत्र इतणा मेहंगा था की, इस इत्र दी कीमत इक साले
दिया मजदुरिया बराबर थी, कने इसयो बेचिकरी गरीबां जो बंडी
सकदे थे।" कने सै उसा जो बुरी हाले झिड़कणा लग्गे। 6 यीशुऐ
बोलया, "इसा जो किली छडी दिया, इसा जो तंग करणा बंद करा,
इयां तां मिंजो पर इत्र पाणा खरी गल्ल है। 7 गरीब तां हमेशा तुहाड़े
सोगी रेंदे न, कने तुसां उना ने जालू मर्जी खरा करी सकदे न, पर मैं
तुहाड़े सोगी सदा नी रेंणा है। 8 इना जनानिया मेरे तांई खरा कम्म
कितया है, ऐ जड़ा कुछ करी सकदी थी, सै इना किता, इना मेरे
शरीरे पर इत्र मलया है, इना मिंजो मरणे ला पहले ही दफनाणे दी
तैयारी किती है। 9 मैं तुसां ने सच्च बोलदा है, सारे संसार च जिथू
भी शुभसमाचार दा प्रचार होंगा, इना जनानिया जड़ा कितया ओथु
इसा दे इस कम्मे दी चर्चा भी उसा दिया यादा च किती जाणी है।"
10 तालू यहूदा इस्करियोती जड़ा बाहरां चेलयां चे इक था, सै यीशुऐ
जो पकड़ाणे च सहायता करणे तांई बड्डे याजकां बाल गिया। 11 सै
ऐ सुणीकरी खुश होए, कने उसयो पेसे देंणे जो मन्नी गे, कने सै
यीशुऐ जो धोखे ने यहूदी अगुवां दे हथे पकड़ाणे दा तां मौका तोपा
दे थे। 12 अखमीरी रोटिया दे त्योहारे दे पेहले दिने, जिस रोजे
फसह दी बलि दिन्दे थे, उदे चेलयां उसयो पुछया, "तुसां सांझो कुथु
भेजणा चांदे न की असां फसह दे त्योहारे दा खाणा बणाई करी खाई
सकन?" 13 उनी अपणे दो चेलयां जो ऐ बोली करी भेजया, "की
यरूशलेमे शेहरे जो जा, कने ओथु तुहांजो इक माणु घड़े चुकी करी
चलया मिलणा, उदे पिच्छे चली जानयो। 14 कने सै जिस घरे जो
जांगा, उस घरे दे मालिके जो बोलयो: की गुरू जी ने पूछया है, की
मेरा कने मेरे चेलयां दा फसह दा खाणा खाने बाला कमरा कुथु है?
15 उनी तुहांजो इक उपरे आला सजया सजाया कने तैयार कितया
बडा कमरा दसी देणा है, कने तुसां ओथु साड़े तांई तैयारी करा।" 16
दो चेले निकली करी नगरे च आये कने जियां यीशुऐ उना जो बोलया
था, तियां ही था, कने उना फसह त्योहारे दा खाणा तैयार किता। 17
जालू संज होई, तां यीशु बारां चेलयां सोगी उदे घरे जो आया। 18
कने जालू सै रोटी खाणां बैठयो थे, तां यीशुऐ बोलया, "मैं तुसां ने
सच्च बोलदा है, की तुहांजो चे इकी जणे, जड़ा मेरे सोगी रोटी
खा दा है, मिंजो पकड़ावाणे तांई मेंरयां दुशमणा दी सहायता करणी

है।” 19 जालू उदे बाद उना ऐ गल्ला सुणिया तां उना पर उदासी
छाई गेई कने सै इक-इक करी के उसने बोलणा लग्गे, “क्या सै मैं
है?” 20 यीशुऐ उना जो बोलया, “सै बाहरां चेलयां चे इक है, जड़ा
मेरिया थालिया च डुबोई करी खा दा है। 21 क्योंकि मैं, माणुऐ दे
पुत्रे मरी जाणा है, ऐ सब कुछ पवित्र शास्त्रां च लिखया है, पर उस
माणुऐ जो बड़ी बुरी सजा होणी है, जड़ा मिंजो धोखा दिन्दा है जिनी
मिंजो पकड़वाणे च सहायता करणी है, अगर उस माणुऐ दा जन्म
ही नी होया होंदा तां ही उदे तांई खरा होंदा।” 22 जालू सै खा दे
थे, तां यीशुऐ रोटी लेई, कने परमेश्वरे दा धन्यवाद करी के तोड़ी,
कने अपणे चेलयां जो देईकरी बोलया, “खाई लिया, ऐ मेरा शरीर
है।” 23 फिरी उनी दाखरस दे कटोरे जो चुकी करी परमेश्वरे दा
धन्यबाद किता, कने चेलयां जो दिता, कने उना सारयां उस कटोरे च
पीता। 24 कने यीशुऐ उना जो बोलया, “ऐ दाखरस मेरा खून है, मेरा
खून केईयां लोकां दी भलाई तांई बहाया जाणा है, ऐ उसा बाचा जो
साबित करगा, जड़ा परमेश्वरे अपणे लोकां सोगी कितया है। 25 मैं
तुहांजो ने सच्च बोलदा है, मैं उसी दिने बाद कदी भी धाखा दा रस
नी पींणा, जालू दीकर परमेश्वरे दे राज्य च नोआ दाखरस नी पी
लेंगा।” 26 फिरी यीशुऐ कने उदे चेलयां फसह दे त्योहारे दे भजन
गाई करी यरूशलेम शहरे दे बाहर जैतून रूखां दे पाहड़े पर चली गे।
27 तालू यीशु पहाड़े दे पासे चलया था उनी चेलयां जो बोलया,
तुसां सारयां मिंजो छडी करी नसी जाणा है, क्योंकि पवित्र शास्त्रे च
लिखया है, सै सच्च होणा है: “मैं रखवाले जो मारणा कने भेडां
तितर बितर होई जाणा है।” 28 पर मैं मरी के जिन्दा होणे ला बाद
तुहांजो ला पेहले गलील प्रदेश च पूजणा है, कने तुहांजो ने मिलणा
है। 29 पर पतरसे यीशुऐ जो बोलया, “चाहे सारे छडी करी नसी
जांगे पर मैं नी नसगा।” 30 यीशुऐ उसयो बोलया, “मैं तिजो ने
सच्च बोलदा है, की अज ही इसा राती मुर्गे जो दो बार बांग देणे ला
पेहले तू मिंजो तीन बरी बोलणा है, की मिंजो नी जाणदा है।” 31 पर
उनी होर भी जोर देईकरी बोलया, “अगर मिंजो तेरे सोगी मरणा भी
पोंगा तमी मैं कदी नी बोलणा की मैं तिजो नी जाणदा।” इयां ही
बाकी सारयां चेलयां भी बोलया। 32 फिरी जालू यीशु कने उदे
अनुयायी गतसमनी नाए दे इक बागे च आये, कने उनी अपणे चेलयां
जो बोलया, “ऐथू बेई रिया, जालू दीकर मैं प्राथना करें। 33 कने
यीशु पतरस, याकूब कने यूहन्ना जो बागे च थोड़ा दिया अग्गे लेई
गिया, कने सै बड़ा ही दुखी कने बेचेन होणा लग्गा, 34 कने उना ने
बोलया, ‘मेरा मन बड़ा उदास है, ऐथू दीकर कि मेरे प्राण निकली
चलयो न, तुसां ऐथू रूका कने जागदे रिया।’” 35 फिरी यीशु थोड़ा
अग्गे गिया, कने गोडे भार बेई गिया कने मुह धरतिया पास्से करी
प्राथना करणा लग्गा, “की अगर होई सके तां ऐ घड़ी मिंजो ला टली
जा।” 36 कने बोलया, “पिता जी, तिजो ला सब कुछ होई सकदा
है, ऐ जड़ा दुख ओणे बाला है, ऐ टली जाये पर जियां तुसां चांदे न
तियां ही होऐ।” 37 फिरी जालू यीशु बापस आया कने तिन्न चेलयां
जो सुतया दिखीकरी उनी पतरसे जो बोलया, “हे शमौन, तू सुतया
है? तुसां इक घंटा भी मेरे सोगी जागदे नी रेई सके? 38 जागदे कने
प्राथना करदे रिया ताकि मिजों पर भरोसा रखणा नी छडन। आत्मा
तां खरा करणा चांहदी है पर शरीर च जोरे दी कमी है।” 39 कने
यीशु फिरी बापिस चली गिया, कने सै ही बोली करी प्राथना किती।
40 कने उनी फिरी आई करी उना जो सुतया दिखया, क्योंकि से
जागते रेईकरी बड़े थकी गियो थे, जालू यीशुऐ उना जो जगाया कने
उना जो नी पता था की उसयो क्या बोलन। 41 फिरी तीजी बरी आई
करी उना जो बोलया, “हुण सोंदे रिया कने अराम करा, तुसां बड़ा
सोई लिया हुण से बकत आई गिया है, जालू मैं, माणुऐ दा पुत्र पापियां
दे हथे पकड़ाया जाणा है। 42 उठा कने चला। दिखा, जिनी माणुऐ
मिजों पकड़वाणा है, सै बखे आई रिया है।” 43 जालू यीशु ऐ बोला
दा ही था, तां यहूदा जड़ा बाहरां चेलयां चे इक था, सै ओथु आया,
सै अपणे सोगी मते सारे लोकां जो लेईकरी आया जिना तलवारां कने
डंडे लियो थे, ऐ सारे लोक बड्डे याजकां, यहूदी व्यवस्था जो सिखाणे
बाले कने यहूदी अगुवां भेजयो थे। 44 कने यीशुऐ जो पकड़ाणे
बाले यहूदा उना दी सहायता किती, कने उना जो पेहले ही दस्सी
दितया था, की जिसयो मैं गुरू बोलगा कने गले लाईकरी चुम्मी
लेंगा, तां उसयो पकड़ी करी ढंगे ने लेई जानयो। 45 कने युहदा
आया कने उनी झट यीशु दे बखे जाई करी बोलया, “गुरू जी।”
कने गले लाईकरी उदी चुम्मी लेई। 46 तालू उना उसयो कस्सी करी
पकड़ी लिया कने बन्दी बणाई लिया। 47 जड़े उदे बखे खड़ोतयो
थे, उना चे इकी जणे अपणी तलवार कडी कने महायाजके दे नोकरे
पर चलाई दिती कने उदा इक कन बडी दिता। 48 यीशुऐ उना जो
बोलया, “तुसां क्या मिंजो डाकू समझीकरी तलवारां कने डांगा
लेईकरी बन्दी बणाने तांई आयो? 49 मैं तां रोज ही मंदरे च तुहाड़े
सोगी रेईकरी उपदेश दिन्दा था, तालू तां तुसां मिंजो बन्दी नी बणाया
पर ऐ इस तांई होया की पवित्र शास्त्रां च लिखया पुरा होऐ।” 50
जालू ऐ होया तां उदे सारे चेले उसयो छडी करी नसी गे। 51 इक
जवान अपणे नंगे शरीर पर चादर ओडी करी उदे पिच्छे चली पिया;
कने लोक उसयो यीशुऐ दा चेला समझीकरी पकड़ना लग्गा। 52 पर
सै चादरा छडी करी नंगा ही नठी गिया। 53 फिरी सै यीशुऐ जो
महायाजके दे घरे बाल लेई आये; कने सारे बड्डे याजक, कने यहूदी
अगुवे कने व्यवस्था जो सिखाणे बाले ओथु गिठे होई गे। 54 पतरस
भी उना दे पिच्छे-पिच्छे महायाजके दे अंगणे च जाई रिया, कने
मंदरे दे सिपाईयां सोगी बेईकरी अग्ग तपणा लगी पिया। 55 बड्डे
याजक कने यहूदी महासभा दे सदस्य यीशुऐ जो मारी देंणे तांई उदे
खिलाफ च गबाई तोपा दे थे, पर उना जो कोई गबाई नी मिली। 56
क्योंकि मते लोक उदे खिलाफ च झुठियां गबाईयां दिन्दे थे, पर
उना दियां गबाईयां इक दियां नी थियां। 57 तां कितणयां ही लोकां
उठी करी उदे खिलाफ ऐ झूठी गबाई दिती। 58 “असां इसयो ऐ
बोलदे सुणया है, की मैं माणुऐ दे बणायो मंदिर जो डाई करी तिन्ना
रोजां च नोआ मंदिर बणाई लेणा, जड़ा हथा ने नी बणया होणा है।”
59 ऐ गबाई भी उना दी इक देई नी निकली। 60 तालू महायाजके
बिच खड़ोई करी यीशुऐ ला पुछया, तू कोई जबाब कनी दिन्दा? ऐ
लोक तेरे खिलाफ क्या गबाई दिन्दे न? 61 पर सै चुप ही रिया, कने

उनी कोई जबाब नी दिता: महायाजके उसयो फिरी पूछया, “क्या तु
उस परमधन्य परमेश्वरे दा पुत्र मसीह है, जिदी असां अराधना करदे
न?” 62 यीशुऐ बोलया, “हां मैं है: कने तुसां मिंजो माणुऐ दे पुत्रे जो
सबते शक्तिशाली परमेश्वर दे सजे पासे हके कने बैठयो दिखणा,
कने अम्बरे च बदलां सोगी ओंदे दिखणा है।” 63 जालू महायाजके
यीशुऐ जो ऐ बोलदे सुणया तां उनी गुस्से च अपणे कपड़े फाड़ी दिते,
कने बोलया, “हुण सांझो कुसी गबाह दी जरूरत नी है। 64 तुसां
इसयो परमेश्वरे दी निंदा करदे सुणया, तुहाड़ी क्या सलाह है इसा
गल्ला पर?” उना सारायां फेसला किता की यीशुऐ परमेश्वर दी
निन्दा कितियो, इस तांई इसयो मौत दी सजा मिल्ले। 65 तालू कोई
तां उस पर थुकणा लग्गे, कने कोई उदा मु ढकणा कने मूके मारणा,
कने मजाक उड़ाई करी बोलणा लग्गे, “गुरू जी, अगर तु परमेश्वरे
दा संदेश देणेबाला है, तां सांझो दस कुनी तिजो मारया, कने सिपाईयां
उसयो पकड़ी करी थप्पड़ मारे।” 66 जालू पतरस थल्ले अंगणे च
अग्गी सेका दा था, तां महायाजक दिया नोकराणियां चे इक ओथु
आई, 67 कने उना पतरसे जो अग्ग तपदे दिखया कने उसयो ध्याने ने
दिखीकरी बोलणा लग्गी, “तू भी तां इस यीशु नासरत बाले दा सोगी
था।” 68 सै मुकरी गिया, कने बोलणा लग्गा, मैं नी जाणदा इसयो
कने मिंजो नी पता की तू क्या बोला दी है। फिरी सै बारले पासे चली
गिया, कने मुर्गे बांग देई दिती। 69 सै नोकराणी बखे खड़ोतयो बंदयां
ने फिरी बोलणा लग्गी, की ऐ उदे चेलयां चे इक है। 70 पर सै फिरी
मुकरी गिया। कने थोड़िया देरा बाद उना जड़े बखे खड़ोतया थे, उना
पतरसे जो बोलया, “पक्का तू उना चे ही इक है, जियां तु बोलदा है
इसला लगदा तु भी गलील प्रदेश ला है, तु उदे चेलयां चे इक है।”
71 पतरस अपु जो कोसणा लग्गा, कसम खाणा लग्गा, की जिस
माणुऐ दी तुसां गल्ल करा दे न उसयो मैं नी जाणदा। 72 तां तालू मुर्गे
दुज्जी बरी बांग दिती: तालू पतरसे जो यीशुऐ दी गल्ल याद आई
जड़ी उसयो बोलियो थी, “की मुर्गे जो दो बार बांग देंणे ला पेहले तू
मिंजो तिन्न बरी मुकरणा है।” तालू पतरस अपणे दुखे जो नी संभाली
पाया कने दुखी होईकरी जोर-जोर ने रोणा लग्गा।

15 कने ब्यागा तड़के होंदे ही झट उना बड्डे याजकां, कने यहूदी
अगुवां, कने व्यवस्था जो सिखाणे बालयां कने महासभा दे
सारे लोकां सलाह करिके के यीशुऐ जो बन्नया, कने न्याय करणे
तांई यहूदिया प्रदेश दे राज्यपाल पिलातुस दे हबाले करी दिता। 2
कने पिलातुसे उसयो पुछया, “क्या तू यहूदियां दा राजा है?” यीशुऐ
उसयो जबाब दिता, “जड़ा तू बोला दा है, ऐ सही है।” 3 कने बड्डे
याजक उस पर बड़ियां गल्लां दा दोष ला दे थे। 4 पिलातुसे उसयो
फिरी पुछया, “तू क्या कोई जबाब नी देणा है, दिख ऐ तिजो पर
कितणियां गल्लां दा दोष ला दे न?” 5 यीशु फिरी चुप रिया कने
कोई जबाब नी दिता, ऐ दिखीकरी पिलातुस बड़ा हेरान होया। 6 हर
साले फसह दे त्योहारे च, पिलातुस इक केदिये जो छडी दिन्दा था,
जिसयो लोक चांदे थे की सै छूटे। 7 कने बरअब्बा नाऐ दा इक
माणु बाकी क्रंतिकारियां सोगी कैदा च था, जिना रोम सरकार दे
खिलाफ च लोकां दी हत्या कितियो थीं। 8 कने भीड़ पीतालुस
दे बखे आई कने उसने बिनती करणा लग्गी, कने साड़े तांई इक
कैदी जो छडी दे जियां तू हरबरी करदा है। 9 पिलातुसे उना जो
जबाब दिता, क्या तुसां चांदे न की, मैं तुहाड़े तांई यहूदियां दे राजे जो
छडी दें? 10 क्योंकि सै जाणदा था, की बड्डे याजकां यीशुऐ जो
जलनिया ने पकड़ाया था। 11 पर बड्डे याजकां लोकां दिया भिड़ा जो
भड़काया, कि पिलातुस ला यीशु जो छडणे दी बजाये बरअब्बा जो
छडणे दी माँग करा। 12 ऐ सुणीकरी पिलातुसे उना ला फिरी पुछया,
“तां जिसयो तुसां यहूदियां दा राजा बोलदे न, उदा मैं क्या करे?” 13
भीड़ा दे लोक चिलाणा लग्गे, “उसयो सूली पर चड़ाई करी मारी
दिया।” 14 पिलातुसे उना जो बोलया, “कजो इनी क्या बुरा कितया
है?” पर भीड़ होर भी जोरे ने चिलाणा लग्गी की, “इसयो सूली पर
चढ़ाई करी मारी दिया।” 15 तालू पिलातुसे भिड़ा जो खुश करणे
तांई बरअब्बा जो उना तांई छडी दिता, कने यीशुऐ जो कोड़े लगबाई
करी सूली पर चढ़ाणे तांई रोमी सिपाईयां दे हबाले देई दिता। 16
सिपाई उसयो किले दे अंदरे बाले अंगणे च लेई गे जिसयो प्रीटोरियुम
बोलदे न, कने सारिया सिपाईयां दिया पलटना जो सदी लेई आये।
17 कने यीशुऐ दा मजाक उड़ाणे तांई उना उसयो बैंगणी रंगे दे कपड़े
पेहनाये, कने कंडयां दा मुकट बणाई करी उदे सिरे पर रखया, 18
कने सै यीशुऐ दा मजाक उड़ाणे तांई उसयो ऐ बोलदे थे की, “हे
यहूदियां दे राजा, नमस्ते।” 19 सै बार-बार उदे सिरे पर भारी सरकंडे
ने मारदे थे, कने उदी बेजती करणे तांई उस पर थुका दे थे, कने
उसयो इज्जत मान देणे तांईं अराधना करणे जो गोडे भार बेईकरी
उसयो नमस्ते करणे दा नाटक करा दे थे। 20 जालू सै उदा मजाक
उड़ाई बैठे, तां उना सै बैंगणी कपड़े उतारी करी उदे अपणे कपड़े
उसयो पेहनाऐ, फिरी उसयो सूली पर चढ़ाणे तांई शेहरे ला बाहर लेई
गे। 21 जालू सै शेहरे बाहर चलयो थे, तां शमौन नाऐ दा माणु कुरेनी
ग्राऐ ला ओआ दा था, उदे पुत्र सिकन्दर कने रूफुस थे। कने सिपाईयां
शमोन जो हुकम दितया की सै सूली जो चुकी करी उसा जगा लेई
जा जिथू उना यीशुऐ जो सूली पर चढ़ाणा था। 22 सिपाई यीशुऐ जो
गुलगुता नाए दिया जगा पर लेई आये, जिदा मतलब है खोपड़ी दी
जगा। 23 तालू सिपाईयां यीशुऐ जो गन्धरस नाऐ दी दवा, दाखरस च
मिलाई करी पीणे तांई यीशुऐ जो दिता ताकि उसयो पीड़ा दा असर
नी होऐ, पर उनी पिणे जो मना करी दिता। 24 फिरी उना यीशुऐ
जो हथां पैरां पर किल्लां ठोकी करी सूली पर चढ़ाया, कने उदे
कपड़यां तांई पर्चियां पाईयां, ऐ दिखणे तांई की क्या कुसयो मिलदा
है, कने कपड़यां जो अपु चे बंडी लिया। 25 ब्यागा दे कोई नौ की
बजे, जालू उना यीशुऐ जो सूली पर चढ़ाया। 26 सिपाईयां यीशुऐ
दिया सूलिया उपर लकड़ी दी पट्टी लाई दिती। उदे च यीशुऐ दा दोष
लिखया था, की ऐ “यहूदियां दा राजा।” 27 उना उदे सोगी दो
डाकू, इक उदे सजे पासे कने इक उदे खबे पासे सूली पर चढ़ाये।
28 तालू सै पवित्र शास्त्रे दा बचन सच्च होई गिया जड़ा मसीह दे बारे
च बोलया था, की सै अपराधियां सांई गिणया जाणा, कने सै पुरा
होया। 29 कने रस्ते च जाणे बाले सारे लोक सिर हिलाई-हिलाई
करी, उदी ऐ बोली करी निंदा करदे थे, “वाह रे। मंदरे जो ढाणे

बाले, कने तिन्ना रोजां च बणाणे बाले। 30 सूली ला उतरी करी
अपणे आपे जो बचाई ले।" 31 इयां हीं बड्डे याजक कने मूसा दी
व्यवस्था जो सिखाणे बाले अपु चे मजाके च बोलदे थे, "की इनी
होरनी जो बचाया, पर अपणे आपे जो नी बचाई सकदा। 32 ऐ
माणु जड़ा इस्राएल दा राजा, मसीह होणे दा दाबा करदा है, हुण
सूली ला उतरी आए तां, असां दिखीकरी भरोसा करी लेणा कि ऐ
साड़ा राजा है।" कने जड़े उदे सोगी दो जणे सूलिया पर चढ़ायो थे,
सै भी उदी निंदा करा दे थे। 33 दोपहर बाहरा बजे ला तिन्न बजे
दीकर सारे देशे च नेहेरा होई गिया। 34 दोपेरा दे तिजे पेहर यीशुऐ
बड़े जोरें ने पुकारी करी बोलया, "इलोई, इलोई, लमा शबक्तनी?"
जिसदा मतलब है, "मेरे परमेश्वर, मेरे परमेश्वर, तू मिंजो कजो छडी
दिता?" 35 कने कुछ लोक जड़े उदे बखे खड़ोतयो थे, उना सुणया
जड़ा यीशुऐ बोलया पर सै समझे नी कने बोलणा लग्गे, "दिखा, ऐ
एलिय्याह जो सहायता तांई पुकारा दा है।" 36 कने उना लोकां च
इक जणा दौड़ी करी गिया कने उनी स्पंज लेईकरी सिरके च डुबाया,
कने सरकंडे दे उपर बन्नी करी यीशुऐ जो चुसाया, कने बोलया,
"रुकी जा कुछ मत करा, दिखदे न की, एलिय्याह इसयो उतारणे
तांई ओंदा है की नी।" 37 तालू यीशु बड़े जोरें ने बोली करी मरी
गया। 38 कने सै मोटा परदा जड़ा मंदरे च टंगया होया था, जड़ा
सारयां जो परमेश्वर दी मोजुदगी च अंदर ओणे जो रोकदा था, उपरे
ला थले दीकर फटी गिया कने उदे दो टुकड़े होई गे। 39 जड़ा
सूबेदार उदे सामणे खड़ोतया था, उनी जालू यीशुऐ दी पुकार सुणी
कने उसयो दिखया की सै कियां मरया, तां उनी बोलया, "सच्ची ऐ
माणु, परमेश्वरे दा पुत्र था।" 40 कने केई जनानिया भी दुरे ला दिखा
दियां थियां: उना चे इक मरियम भी थी जड़ी मगदल नाऐ दे शेहरे
ला थी, सलोमी कने मरियम जड़े छोटा याकूब कने योसेस दी मां
थी। 41 जालू सै गलील प्रदेशे च था तां सै उदे पिच्छे चलदियां
थियां, कने उदी सेबा करदियां थियां, कने होर भी मतियां जनानिया
थियां, जड़ियां उदे सोगी यरूशलेम शेहर च आईयां थियां कने सै
उसयो दुरे ला दिखा दियां थियां। 42 जालू संज होई गेई, तां इस तांई
की सै तैयारिया दा दिन था, जड़ा सब्ते दे इक रोज पेहले होंदा है।
43 अरिमतिया शेहरे दा रेहणे बाला यूसुफ नाऐ दा इक माणु था, सै
यहूदी सभा दा इक बड़ा मनया तनया मंत्री था, कने अपु भी परमेश्वरे
दे राज्य दी नियाल रखदा था। सै हिम्मत करिके पिलातुस बाल गिया
कने उनी यीशुऐ दी लाश दफनाणे तांई मंगी। 44 पिलातुस जो भरोसा
नी होया, की यीशु इतणी तोल्ली मरी गिया, कने उनी सुबेदारे जो
सदीकरी पूछया, की क्या ऐ सच्च है, की यीशुऐ मरयो बड़ी देर
होई गियो है? 45 जालू उनी सुबेदारे ला हाल पता करी लिया, तां
पिलातुसे यूसुफे जो लाश लेई जाणे दी अनुमति देई दिती। 46 तालू
उनी इक मलमल दी चादर खरीदी, कने लाश उतारी करी यहूदी
रिबाजां सांई मलमल दिया चादरा च लपेटी लिया, कने दफनाणे तांई
कबरां च रखया कने सै कबर चट्टाना जो कटी करी बणाईयो थी,
कने उनी कबरां दा मु बंद करणे तांई इक गोल पथर लुड़काई करी
रखी दिता। 47 मरियम जड़ी मगदलीनी शेहरे ला थी कने योसेस दी
मां मरियम दिखा दियां थियां की, सै कुथु रखया है।

16 अगली संझा जालू सब्ते दे दा रोज होई गिया, तां उना
जनानियां जिना दे नां मरियम मगदलीनी, याकूबे दी मां
मरियम, सलोमी उना सुगंध बालियां चिंजा खरीदियां, ताकि यीशुऐ
दिया लाशा पर मलन, क्योंकि ऐ सारा यहूदियां दा रीती रिबाजा
था। 2 ब्यागा तड़के तुआरे बाले दिने, सै कबरां पर गियां, 3 कने
अपु चे बोला दियां थियां की, "साड़े तांई कबरां दे रखयो बडे कने
भारी पथरे जो कुण हटांगा?" 4 पर जालू उना यीशुऐ दी कबरा पासे
दिखया, तां दिखया की सै पथर तां पेहले ला ही हटया होया है। 5
कने जालू सै कबरा दे बखे पुजियां कने अंदर गियां, उना ओथु इक
नौजवान जागते जो चिट्टे चमकदार कपड़े पाई करी उदे सजे पासे
बैठया दिखया, कने सै बड़ियां हेरान होईयां कने डरी गियां। 6 उनी
जवान माणुऐ उना जनानियां जो बोलया, डरा मत, तुसां यीशु नासरत
बाले जो तोपा दियां न, जिसयो सूली पर चढ़ाया था। सै जिन्दा होई
गिया है, ऐथू नी है; दिखा ऐ सेई जगा है, जिथू उना उसयो रखया
था। 7 पर हुण तुसां जा, कने ऐ गल्ल तुसां पतरस कने यीशुऐ दे
बाकी चेलयां जो बोला की यीशुऐ तुहांजो ला पेहले गलील प्रदेशे जो
जाणा है, जियां उनी तुहांजो ने बोलया था, तुसां उसयो ओथु दिखणा
है। 8 जालू उना ऐ सुणया, तालू सै कबरां ला निकली करी नठी गियां
क्योंकि सै घबराई करी कमी पियाँ थियां। कने उना रस्ते च कुसी
होरसी ने कुछ नी बोलया। 9 **(note: The most reliable and earliest
manuscripts do not include Mark 16:9-20.)** हफ्ते दे पेहले तुआरे
ब्याग होंदे ही सै जिन्दा होईकरी सबना ला पेहले यीशु मरियम
मगदलीनी जो मिल्ला, जिसा चे उनी सत बुरियां आत्मा कडियां
थियां। 10 सै यीशु दे चेलयां बाली गेई, चेले बड़े भरी गमे च थे कने
रोआ दे थे, उना जड़ा कुछ उना दिखया था, सै उना जो सुणाया। 11
पर जालू उना उसा ला सुणया की यीशु जिन्दा है, कने उना उसयो
दिखया है, उना भरोसा नी किता। 12 उदे बाद यीशु दुज्जे दो होर
चेलयां सामणे आया, जड़े यरूशलेमे शेहरे ला अपणे घरे जो ओआ दे
थे, पर पेहले उना उसयो नी पछाणा, क्योंकि उदी भेस भुशा पेहले
ला लग थी। 13 जालू उना जाणी लिया सै कुण है, तालू सै दौड़ी
करी दुज्जयां जो दसणा गे, पर उना भी भरोसा नी किता। 14 इदे बाद
यीशु उना गयारां चेलयां जो भी मिल्ला, जालू सै रोटी खाणां बैठयो
थे, तां यीशुऐ उना जो झिड़कया, क्योंकि यीशुऐ जो जिन्दा होणे बाद
दिखया, फिरी भी उना भरोसा नी कितया था। 15 कने यीशुऐ उना
जो बोलया, "तुसां सारे संसार च जाई करी लोकां जो परमेश्वर दे
शुभसमाचार दा प्रचार करा। 16 जड़ा कोई मिंजो पर भरोसा करगा
कने बपतिस्मा लेंगा परमेश्वरे उसयो उदे पापां दी सजा ला बचाणा,
पर जड़ा मिंजो पर भरोसा नी करगा तां उसयो सजा मिलणी है। 17
कने जड़े लोक मिंजो पर भरोसा करगे सै चमत्कारी निशाण उना दे
बाली होणे न, उना मेरे नाए ने बुरियां आत्मा जो कडणा, कने मैं उना
जो नोईयां-नोईयां भाषा बोलणे दे काबील बणागां। 18 मैं उना जो
बचाणा है, जड़े सप्पां जो भी चुकी लेंगे, कने जहरीली चीज भी पी

लेंगे, मैं तमी उना जो मरणा नी दिगां, उना बिमारां पर हथ रखणा कने
उना जो मेरे नाऐ ला खरा करणा है।" 19 ताլू उदे बाद प्रभु यीशु
उना ने गल्लां करणे बाद परमेश्वरे यीशुऐ जो स्वर्गे च सदी लिया,
कने यीशु परमेश्वरे दे सजे पासे इज्जत बाले सिहांसन पर बैठी गिया।
20 ताլू चेले सारयां पास्से गे कने हर जगा परमेश्वरे दा प्रचार किता,
कने प्रभु उना सोगी कम्म करदा रिया, कने उना चमत्कारां दे जरिये
जड़े सोगी-सोगी होंदे थे, बचना जो पुरा करदा रिया। आमीन।

# लूका

1 श्रीमान थियुफिलुस तांई मतयां लोकां साड़े बिच होइयां घटना
दे बारे च इक दस्तावेज लिखणे दी कोशिश कितियो है। 2 उना
बिलकुल सेई लिखया जड़ा सान्झो उना लोकां दसया था, जिना
शुरू ला ही यीशुऐ दी सेबकाई जो अपणी हखी ने दिखया था कने
जड़े बादे च परमेश्वरे दे बचने दे सेवक बणे। 3 इस तांई श्रीमान
थियुफिलुस मैं भी इना सारियां गल्लां दी जांच परख किती कने
मिंजो ऐ ठीक लग्गा की तुहाड़े तांई इना घटना जो क्रमानुसार लिखें।
4 मैं ऐ इस तांई करा दा ताकि तुहांजो हर उसा गल्ला दा पता पुरिया
सचाइया ने लग्गे जड़ियां लोकां तुहांजो दसियां न। 5 जालू हेरोदेस
यहूदिया प्रदेश दा राजा था, अबिय्याह दी टोलिया च जकर्याह नाऐ
दा इक याजक था, कने उदी घरे बालिया दा ना एलीशिबा था कने सै
भी इस्राएल दे पेहले याजक हारून दे बंशे ला थी। 6 सै दोयो ही
परमेश्वरे दे सामणे धर्मी थे, कने सै प्रभु दे सारे हुकम कने नियम पर
सच्चे चलणे बाले थे। 7 पर उना दी कोई ओलाद नी थी, क्योंकि
एलीशिबा बच्चा पैदा नी करी सकदी थी, कने सै दोयो ही बुड्ढे थे। 8
इक दिन जालू जकर्याह यरूशलेम शेहरे दे मंदरे च परमेश्वरे दे सामणे
याजके दे रूपे च सेबा करा दा था, क्योंकि उस हफ्ते उदिया टोलिया
दी याजक सेबा दी बारी थी। 9 याजकां दे पर्ची पाणे बाले रिबाजे
दे हिसावे ने जकर्याह दे नाऐ दी पर्ची निकली की प्रभु दे मंदरे च
जाई करी धूप बाल्ले। 10 जालू सै धूप लगाणे दे बेले सारे लोक
बाहर अंगणे च खड़ोई करी प्राथना करा दे थे। 11 तालू जकर्याह
जो प्रभु दा स्वर्गदूत धुपे दिया बेदिया दे सजे पासे खड़ोतया दुसा।
12 कने जकर्याह उसयो दिखीकरी घबराई गिया कने सै बड़ा भरी
डरी गिया। 13 पर स्वर्गदूते उसयो बोलया, "ओ जकर्याह डर मत
क्योंकि परमेश्वरे तेरी प्राथना सुणी लिइयो है, तेरिया घरे बालिया
एलीशिबा इक जागत जमणा है, कने तू उदा ना यूहन्ना रखयां। 14
कने तिजो खुशी होणी: कने मते लोकां उदे पैदा होंणे दिया बजा ने
खुश होणा। 15 क्योंकि उनी परमेश्वरे दे सामने बड़ा महान होणा;
कने उनी कदी भी कोई ऐसी चीज नी खाणी पिणी जिसने कोई नशा
होंदा है; कने उनी अपणे पैदा होणे ला पेहले ही पबित्र आत्मा ने
परिपूर्ण होई जाणा है। 16 कने उनी इस्राएलियां च मतयां लोकां जो
उना दे प्रभु परमेश्वरे दे बाल बापस लोणा है। 17 यूहन्ना इक ऐसा
माणु होणा है उनी परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले एलिय्याह सांई आत्मा
च शक्तिया ने भरपूर होणा है कने प्रभु दा रस्ता तैयार करणा है। ताकि
माता पिता दा मन बाल बचयां दे पासे फेरी दे, कने हुकम नी मनणे
बालयां जो धर्मियां सांई जीणा सिखाणा; कने प्रभु तांई इक खरी प्रजा
तैयार करे। 18 जकर्याह स्वर्गदूते ला पुछया, ऐ मैं कियां यकीन करे
की साड़े ने ऐसा होणा? क्योंकि मैं तां बुड्ढा है, कने मेरी घरे बाली भी
बुड्ढी होई गियो है।" 19 स्वर्गदूते उसयो जबाब दिता, "मैं जिब्राईल
है, जड़ा परमेश्वरे दे सामने खड़ोई रेंदा है, कने मिंजो तेरे ने गल्लां
करणा कने तिजो ऐ शुभसमाचार सुणाणें तांई भेजया है। 20 कने दिख
जीस दिने दीकर ऐ बच्चा पैदा नी होंगा कने मेरियां बोलियां गल्लां
सही बकत पर पुरियां नी होंगिया उसी रोजे दीकर तिजो ला बोली
नी होंणा, क्योंकि जड़ियां गल्लां मैं तिजो बोलियां न तू उना गल्लां
दा भरोसा नी किता।" 21 लोक जकर्याह जो निय्याला दे थे क्योंकि
याजक मंदरे च धुप लगाणे बाद बाहर आई करी लोकां जो आशीर्वाद
दिन्दा था, पर उसयो बड़ी देर होई गेई थी अंदर, तां लोक बड़े हेरान
होऐ? 22 जालू सै मंदरे ला बाहर आया, तालू सै उना ने बोली नी
सकया, तालू सै समजी गे, की इसयो मंदरे च कोई दर्शण होया है,
कने सै उना ने इशारे च गल्लां करा दा था, सै गूंगा होई गिया। 23
जालू मंदरे च उदिया याजक सेबा दे दिन पूरे होई गे, तां सै यरूशलेम
शेहरे ला अपणे घरे जो चली गिया। 24 कुछ दिना बाद उदी घरे
बाली एलीशिबा लेरथी होई; कने पंज महीने दीकर अपणे आपे जो
लोकां ला लुकाई रखया। 25 की प्रभुऐ मेरे तांई भला कम्म किता है,
माणुआं च मेरिया बांजपन दिया बदनामिया जो दुर करणे तांई इना
दिना च प्रभुऐ मेरे उपर कृपा करिके मिंजो तांई ऐसा किता है। 26
जालू एलीशिबा जो छेमा मिना लगया था तालू परमेश्वरे दिया तरफा
ला जिब्राईल स्वर्गदूत गलील प्रदेश दे नासरत शेहरे च इक कुवारिया
बाल गिया, 27 जिसा दी मंगणी राजा दाऊदे दे बंशे दे यूसुफ नाऐ दे
इक मरदे ने होईयो थी; उसा कुवारिया दा ना मरियम था। 28 कने
स्वर्गदूते अन्दर आई करी उसा जो बोलया, "खुशी कने तेरी जय हो,
परमेश्वरे तिजो पर कृपा किती है! परमेश्वर तेरे सोगी है।" 29 सै इस
बचने ला बड़ी घबराई गेई, कने सोचणा लग्गी की इसा गल्ला दा
क्या मतलब है? 30 स्वर्गदूते उसा जो बोलया, "हे मरियम, डर मत,
क्योंकि तिजो पर परमेश्वरे दी कृपा होईयो है। 31 कने दीख, तू
लेर्थिया होणा है, कने तिजो इक जागत पैदा होणा है; कने तू उदा ना
यीशु रखयां। 32 कने उनी बड़ा महान होणा; कने उसयो परमेश्वरे
दा पुत्र बोलया जाणा; कने प्रभु परमेश्वरे उसयो उदे पूर्वज दाऊदे
सांई राजा बणाना है। 33 कने उनी इस्राएल दे लोकां पर हमेशा राज
करणा; कने उदे राज्य दा कदी अंत नी होणा।" (aiōn g165) 34
मरियमा स्वर्गदूते जो बोलया, ऐ कियां होणा? मेरा तां अजे बियाह
भी नी होया है। 35 स्वर्गदूते उसा जो जबाब दिता, पबित्र आत्मा
तिजो पर उतरणा है, कने परमेश्वरे दिया शक्तिया तिजो पर छां करणी
है, तांई तां तेरा जन्म लेणे बाला जागत पबित्र होणा है, सै परमेश्वरे दा
पुत्र बोलया जाणा। 36 कने सुण तेरी रिशतेदार एलीशिबा दे भी बुडे
बारे बच्चा होणेबाला है, ऐ इसा दा छेमा महिना है जिसा जो लोक
बांज बोलदे थे। 37 क्योंकि परमेश्वर सब कुछ करी सकदा है। 38
मरियमा बोलया, "दीख, मैं प्रभु दी दासी है, जियां तू बोलया है सेई
मेरे सोगी हो।" तालू स्वर्गदूत ओथु ला चली गिया। 39 कुछ दिना
बाद मरियम उठी करी यहूदिया प्रदेश दे इक पाहडी इलाके दे इकी
ग्रां जो गेई। 40 कने जकर्याह दे घरे पुजिकरी एलीशिबा जो नमस्ते
किते। 41 जियां ही एलीशिबा मरियमा दे नमस्ते सुणे, तियां ही
बच्चा उसा दे पेटे च उछली पिया, कने इलीशिबा पबित्र आत्मा ने
परिपूर्ण होई गेई। 42 कने तिन्ना बडे जोरे ने बोलया, "तू सारियां
जनानिया चे बड़ी भरी धन्य है, कने जड़ा बच्चा तू जमणा है सै धन्य
है। 43 कने मैं बड़ी सोभाग्यशाली है, की मेरे प्रभु दी माँ मिंजो ने

मिलणा आई है? 44 दिख जियां ही तेरे नमस्ते बोलणे दी अबाज मेरे
कना च पेई तियां ही मेरे पेटे च बच्चा खुशिया ने उछली पिया। 45
कने तू धन्य है, क्योंकि तू भरोसा किता जड़ियां गल्ला प्रभुये दी
तरफा ने बोलियां न, कने सै परमेश्वरे पुरियां करणियां न।" 46 ताल्
मरियमा बोलया, मैं परमेश्वरे दी स्तुति करदी है। 47 कने मैं अपणे
उद्धार करणे बाले परमेश्वरे ला बड़ी खुश है। 48 क्योंकि उनी मिंजो
अपणिया दासियाँ दिया दीनता पर नजर किती है; इस तांई दिखा,
हुण सारे युगां-युगां दे लोकां मिंजो धन्य बोलणा है। 49 क्योंकि
उनी अपणिया शक्तिया ने मिंजो तांई बड्डे-बड्डे कम्म कितयो न, कने
उदा ना पवित्र है। 50 जड़े परमेश्वरे दा डर मंदे न, उना पर उदी
दया पीढ़ियाँ ला पीढ़ियाँ दीकर बणी रेंदी है। 51 उनी अपणी महान
शक्ति ने बड्डे-बड्डे कम्म किते न, कने जड़े बड़े घमंडी थे उना जो
हराई दिता। 52 परमेश्वरे राजयां ला राज करणे दा हक लेई लेणा
है; कने गरीबां जो उच्चा करदा है। 53 उनी भुखयाँ जो खरियाँ-
खरियाँ चीजा ने रजाया, कने अमीरां जो खाली हथ कडी दिता। 54
परमेश्वरे साड़े पूर्वजां ने कितयो बायदे जो याद किता कने अपणे
सेवक इस्राएल दे लोकां दी मदद करणा आया है। 55 उनी अब्राहम
जो कने उदे सारे बंशजा जो हमेशा तांई दया दसणे तांई याद कितया
है! (aiōn g165) 56 मरियम पूरे तिन मिहने उसा सोगी रेईकरी घरे
जो बापस गेई। 57 ताल् एलीशिबा दा बच्चा पैदा करणे दा बकत
पूरा होया, कने उना इक पुत्र जमया। 58 उसा दे पड़ोसियां कने
रिश्तेदारां ऐ गल्ल सुणीकरी की प्रभुये उसा पर बड़ी बडी दया किती
है, कने सै उसा सोगी बड़े खुश होऐ। 59 कने जाल् सै अठमे रोजे
उदा खतना करणे तांई आये। ताल् सै उदा ना उदे पिता दे नाऐ पर
जकर्याह रखणा लगे, 60 तां उदिया माता एलीशिबा बोलया, "नी;
इदा ना यूहन्ना रखा।" 61 उना उसा जो बोलया, "ऐ ना तां तेरिया
रिश्तेदारिया च कुसी दा भी नी है।" 62 ताल् उना उदे पिता जो
इशारा करी के पूछया की तू इदा ना क्या रखणा चांदा है? 63 कने
उनी लिखणे बाली पट्टी मंगाई करी लिख्या, इदा ना यूहन्ना है, कने
सारे हेरान होऐ। 64 ताल् ही उदी अबाज बापस आई गेई; कने सै
परमेश्वरे दा धन्यबाद करणा लग्गा। 65 कने उदे अखे-बखे दे लोकां
पर डर बेठी गिया; कने उना सारियां गल्लां दी चर्चा यहूदिया प्रदेशे
दे पाहडी इलाकयां च फेली गेई। 66 कने सारयां सुणने बालयां
लोकां अपणे मने च बिचार करिके बोलया, ऐ बच्चा कदिया होंगा?
"क्योंकि इदे सोगी प्रभु दी शक्ति है। 67 कने उदा पिता जकर्याह
पबित्र आत्मा ने परिपूर्ण होई गिया, कने भविष्यवाणी करणा लग्गा।
68 प्रभु, इस्राएल दे परमेश्वर दी स्तुति करा, क्योंकि सै अपणे लोकां
जो मिलणा आया है, कने अपणे लोकां जो छुड़ाया है। 69 जड़ा प्रभु
दे सेवक, राजा दाऊद दा बंशज है उनी साड़े तांई इक शक्तिशाली
उद्धार करणे बाले जो भेजया है। 70 बड़े पेहले प्रभुये अपणे पवित्र
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले दे जरिये बोलया, जड़े संसार दे आदि ला
होंदे आऐ न, मतलब की उनी सांझो साड़े दुशमणा ला कने उना
सारियां शक्तियाँ ला बचाणा जड़े सान्झो ने नफरत करदे न। (aiōn
g165) 72 उनी अपणे पवित्र बायदे जो याद करिके साड़े पूर्वजां पर
दया करणी, 73 उनी साड़े पूर्वज अब्राहम ने कसम खाई करी बायदा
किता, 74 की उनी सांझो साड़े दुश्मणा ला बचाणा, 75 ताकि असां
उदे सामणे पबित्रता, धार्मिकता कने बिना कुसी डरे जिन्दगी भर उदी
सेबा करी सकन। 76 कने हे बच्चे, तिजो परम प्रधान परमेश्वरे दा
संदेश देणेबाला बोलया जाणा है क्योंकि तू प्रभु दे अग्गे-अग्गे चलणा
कने माणुआं जो तैयार करणा, 77 कने इनी अपणे लोकां जो सिखाणा
की पापा दी माफी दे जरिये छुटकारा पाई सकदे न। 78 ऐ साड़े
परमेश्वरे दिया उसा दया ने होणा है; जियां सूरज सांझो रोशनी देणे
तांई चमकदा है, तियां ही मसीह भी साड़े बाल स्वर्गे ला ओणा है।
79 पाप च कने मौता दी छोआं च बोंणे बालयों जो रोशनी देणी
है, इना रोशनिया सान्झो जिन्दगी च मार्गदर्शन करणा, जड़ा सांझो
परमेश्वर सोगी शांति दिन्दा है।" 80 कने सै जागत यूहन्ना बडा
होईकरी आत्मा च बलशाली होंदा गिया, कने इस्राएल दे लोकां दे
सामणे ओणे दीकर सै सुनसान जगा च रिया।

2 उना दिना च रोमी महाराजा औगुस्तुस कैसरे सारे रोमी सम्राज्य
दी जनगणना करणे दा हुकम दिता। 2 ऐ पैली जनगणना उस बेले
होई, जाल् क्विरिनियुस सीरिया प्रदेश दा राज्यपाल था। 3 कने सारे
लोक जनगणना च ना लिखाणे तांई अपणे-अपणे शेहरे जो गे जिथू
उना दे पूर्वज थे। 4 यूसुफ भी तांई तां गलील प्रदेश दे नासरत शेहरे
ला यहूदिया प्रदेशे दे राजा दाऊद दे शेहर बैतलहम शेहरे जो गिया
था, क्योंकि सै राजा दाऊद दा बंशज कने परिबारे दा था। 5 ताकि
अपणी मंगैतर मरियम जड़ी लेरथी थी, उसा सोगी जाई करी ना
लिखाइ दे। 6 जाल् सै बैतलहम शेहरे च थे तां उसा दे बच्चा जमणे
दे दिन पुरे होई गे। 7 कने उना अपणा जेठा पुतर जमया कने उसयो
कपड़े च लपेटी करी खुरलिया च रखया; क्योंकि उना तांई सरां च
जगा नी थी। 8 कने उस देशे च कुछ पुआल थे, जड़े मैदाना च
रेईकरी अपणे धंणे दा पैरा दिन्दे थे। 9 कने प्रभु दा इक स्वर्गदूत उना
बखे आई खड़ोता; कने प्रभु दी चमक उना दे चारो पास्से चमकी,
कने सै बड़े डरी गे। 10 ताल् स्वर्गदूते उना ने बोलया, "डरा मत;
दिखा मैं तुहांजो इक बडी खुशिया दा शुभसमाचार सुणांदा है; जड़ा
सारे लोकां तांई होणा, 11 की अज राजा दाऊद दे शेहर बैतलहम च
तुहाड़े तांई इक उद्धारकर्ता जमया है, सेई मसीह प्रभु है। 12 मैं तुहाडे
तांई उना दी ऐ पछेण दिन्दा की सै बच्चा कुण है, तुहांजो इक बच्चा
फालडु च लपेटया कने खुरलिया च पिया मिलणा है।" 13 ताल् उस
स्वर्गदूते सोगी इक स्वर्गदूतां दी टोली परमेश्वरे दी स्तुति कने ऐ
बोलदे होए प्रगट होई, 14 "स्वर्ग च परमेश्वरे दी महिमा कने धरतिया
पर जिना लोकां ला सै खुश हे शांति हो।" 15 जाल् स्वर्गदूत उना
बखे ला स्वर्गे जो चली गे, ताल् पुआलां अपु चे बोलया, "ओआ,
असां बैतलहम शेहरे च जाई करी ऐ गल्ल जड़ी होइयो है, कने
जड़ा प्रभुये सांझो ने दसया है, उसयो दिखन।" 16 कने उना झट
पट जाई करी मरियम कने यूसुफ जो कने खुरलिया च उस बच्चे
जो पिया दिखया। 17 इना जो दिखीकरी उना सै गल्लां जड़ियां
उस बच्चे दे बारे च स्वर्गदूतां ने बोलिया थी, सै सबना जो दसणा
लग्गे। 18 कने सारे लोकां जाल् ऐ गल्लां सुणियां जड़ियां गल्लां

उना पुआलां बोलियां, तां सै बड़े हेरान होऐ। 19 पर मरियम इना
सारियां गल्लां जो मने च रखीकरी सोचदी रेई। 20 कने जियां उना
स्वर्गदूतां पुआलां जो बोलया, तियां ही सारा सुणिकरी कने दिखीकरी
परमेश्वरे दी महिमा कने स्तुति करदे बापस चली गे। 21 जालू यीशुऐ
जो पैदा होयो अठ रोज पुरे होऐ, कने उदे खतने दा बकत आया, तां
उदा ना यीशु रखया, जड़ा स्वर्गदूते उदे पेटे च ओंणे ला पेहले बोलया
था। 22 जालू मूसा दिया व्यवस्था दे अनुसार उना दे शुद्ध होंणे दे
दिन पुरे होऐ तां सै उसयो यरूशलेम शेहरे दे मंदरे च लेई गे, ताकि
उसयो प्रभु दे सामणे लेई ओंन। 23 जियां की मूसा दिया व्यवस्था
च लिखया है: "हर जेठा पुतर प्रभु तांई पवित्र होणा।" 24 मूसा
दिया व्यवस्था दे बचना दे अनुसार, "पंडुकों दा इक जोड़ा, या
कबुतरां दे दो बच्च्यां दी बलि दिया।" 25 उस बकते यरूशलेम शेहरे
च शमौन नाऐ दा इक माणु था। कने सै माणु बड़ा धर्मी कने भक्त
था। कने बड़िया बेसबरिया ने मसीह दे ओणे दी नियाल रखा था की
सै आऐ कने इस्राएल दे लोकां जो तसल्ली दे, कने पवित्र आत्मा उस
सोगी थी। 26 कने उसयो पवित्र आत्मा दसया था कि, तू प्रभु दे
मसीह जो दिखणे ला पेहले मरणा नी है। 27 उस दिन उसयो आत्मा
अगुवाई किती तां सै मंदरे च आया। कने जालू माता-पिता यीशुऐ जो
अंदर लेई आये, ताकि उस तांई व्यवस्था दे रीती रिबाजां दे अनुसार
करन, 28 तां उनी बच्चा यीशु जो गोदा च लिया कने परमेश्वरे दा
धन्यबाद करिके बोलया, 29 प्रभु जी, हुण तू मिंजो अपणे सेवके जो
अपणे बायदे दे अनुसार शांतिया ने मरणा दे; 30 क्योंकि मैं उस
उद्धारकर्ता जो दिखी लिया है। 31 जिसयो तू सारे लोकां जो बचाणे
तांई भेजया है। 32 ताकि सै होर जातियां जो परमेश्वरे दा रस्ता दसणे
तांई लौ बणे, कने तेरे अपणे लोक इस्राएल दी महिमा करन। 33
कने यीशुऐ दे माता पिता उना गल्लां जो जड़ियां शमौने उदे बारे च
बोलियां, सै उना गल्लां ने बड़े हेरान हुंदे थे। 34 तालू शमौने उना
जो आशीष देईकरी, उदिया माता मरियम ने बोलया, दिख, सै तां
इस्राएल च मतयां लोकां दे विनाश कने उद्धार तांई, इसयो परमेश्वरे
दिया तरफा ला इक नशाण दे रूपे च भेजया है, जिदे खिलाफ च
गल्लां कितियां जाणियां न। 35 इक भयंकर दुखे कने इक तलबारा
सांई विनी देणा इसला मतयां लोकां दे दिले दे बिचार सामणै होणे
न। 36 कने आशेर दे गोत्र ला हन्नाह नाऐ दी फनुएल दी इक कुड़ी
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाली थी: कने सै बडी बुड्डी थी, सै बियाह
होणें ला सतां साला दीकर अपणे घरे बाले ने रेई सकी थी। 37 सै
चोरासियाँ सालां दी बिधबा थी: कने सै मंदरे जो नी छडती थी पर
दिन रात बरत कने प्राथना करी-करी भक्ति करदी थी। 38 सै उस
बेले ओथु आई करी परमेश्वर दा धन्यबाद करणा लग्गी, कने उना
सारयां ने, जड़े यरूशलेम शेहरे दे लोकां जो छुड़ाणे तांई मसीह जो
भेजणे तांई परमेश्वरे दी राह दिखदे थे, उदे बारे च गल्लां करणा
लग्गी। 39 कने जालू यूसुफ कने मरियम प्रभु दीया व्यवस्था दे
अनुसार सारा कुछ करी बेठे तां सै गलील प्रदेश च अपणे शेहर
नासरत जो बापस चली गे। 40 बच्चा बडा कने जोरे बाला होंदा
गिया; कने अकला बाला होंदा गिया; कने परमेश्वरे दा अनुग्रह उस
पर था। 41 यीशुऐ दे माता पिता हर साल फसह दा त्योहार मनाणे
तांई यरूशलेम शेहरे जो जांदे थे। 42 जालू सै बाहरां सालां दा होया,
तालू सै त्योहारे दे रिबाजे ने अनुसार यरूशलेम शेहरे जो गे। 43
जालू यीशुऐ दे माता-पिता उना दिना जो पूरा करिके के बापस ओणा
लग्गे, तां सै जागत ओथु यरूशलेम शेहरे च हीं रेई पिया, कने उदे
माता पिता जो इसा गल्ला दा पता नी था। 44 सै ऐ समझीकरी, की
सै होर यात्रियां सोगी होंणा, कने इक दिन होई गिया कने सै अपणे
रिश्तेदार कने जान पछेणा बालयां च तोपणा लग्गे। 45 पर जालू नी
मिल्ला, तां सै तोपदे-तोपदे यरूशलेम शेहरे जो बापिस चली गे। 46
कने तिन्ना रोजां बाद उना उसयो यरूशलेम शेहरे दे मंदरे दे अंगणे च
उपदेशकां दे बिच बैठया, कने उना जो सुणदे कने उना ला सबाल
पुछदे दिखया। 47 कने जड़े भी उसयो सुंणा दे थे, सै उदिया समझा
कने उदे जबाबा ला हेरान थे। 48 तालू यीशुऐ दे माता पिता उसयो
दिखीकरी हेरान होऐ, कने उदिया माता उसयो बोलया, "पुत्र, तू
सांझो ने इयोदिया व्यवहार कजो किता? दिख, तेरे पिता कने मैं,
तिजो तोपा दे कने बेचेन थे।" 49 उनी उना ने बोलया, "तुसां मिंजो
कजो तोपा दे थे? क्या तुहांजो पता नी था, की मिंजो अपणे पिता दे
घरे होना जरूरी है?" 50 पर जड़ी गल्ल उनी उना ने बोली, उना सै
गल्ल समझी नी। 51 तालू सै उना कने गिया, कने नासरत नगर
च आया, कने उना दे कुले च रिया; कने उदिया माता ऐ सारियां
गल्लां मने च रखियाँ। 52 कने यीशु अकला कने डील-डौल च कने
परमेश्वर कने माणुऐ दे अनुग्रह च अग्गे बददा गिया।

3 रोमी महाराजा तिबिरियुस कैसर दे राज्य दे पद्रमें साले च, जालू
पुन्तियुस पिलातुस यहूदिया प्रदेश दा राज्यपाल था, कने गलील
प्रदेश च राजा हेरोदेस राज करा दा था कने इतुरैया कने त्रखोनितिस
दे इलाके च उदा भाई फिलिप्पुस, कने अबिलेने प्रदेश च राजा
लिसानियास राज्य करा दे थे। 2 कने जालू हन्ना कने कैफा बड्डे
याजक थे, उस बकते परमेश्वरे दा बचन सुनसान जगा च जकर्याह दे
पुत्र यूहन्ना बाल पुज्जा। 3 कने यूहन्ना यरदन खड्डा दे अखे-बखे दे
सारे देशां च जाई करी प्रचार करदा था, की अपणे पापां जो मन्नी
लिया कने गलत कम्मा जो छडी दिया तां तुहांजो परमेश्वरे माफ
करणा कने बपतिस्मा लिया। 4 जियां यशायाह परमेश्वरे दा संदेश
देणेबाले दे बचना दीया कताबां च लिखया है, "सुनसान जगा च
इक पुकारणे बाले दी अबाज सुणुआ दी है की प्रभु दा रस्ता तैयार
करा, कने उदियां सड़कां सिदियां बणा।" 5 हर इक घाटी भरी दिती
जाणी, कने हर इक पहाड़ कने टीला थले करी देणा; कने जड़ा ढेरा
है सै सीधा, कने जड़ा उच्चा सै नीठा है सै पद्दरा रस्ता बणाना। 6
कने सारे लोकां उसयो दिखणा है जिसयो परमेश्वरे उना जो बचाणे
तांई भेजया है। 7 जड़ी भीड़ा दी भीड़ उसला बपतिस्मा लेणे तांई
निकली करी ओंदी थी, सै उना जो बोलदा था की, "तुसां लोक
जहरीले सांपा सांई बुरे न, तुहाड़ा ऐ सोचणा गलत है की सिर्फ तुसां
बपतिस्मा लेणे ने अपणे पापां दी सजा ला बची जाणा जड़ी परमेश्वरे
तुसां जो देणी है। 8 सजा ला बचने तांई ऐसे कम्म करा जिना ने पता
चले की तुसां सच्ची ही पश्चाताप किता है; कने अपणे-अपणे मने च

ऐ मत सोचा, परमेश्वरे सान्झो सजा नी देणी क्योंकि साड़ा पिता
अब्राहम है; क्योंकि मैं तुसां ने बोलदा है की, परमेश्वर तुहाड़ी जगा
लेणे तांई इना पथरां ला भी अब्राहम तांई ओलाद पैदा करी सकदा
है। 9 कने हुण कुहाड़ी रुखां दिया जड़ा च रखियो है, हर इक माणु
उस रुखे सांई है जड़ा खरा फल नी दिन्दा है, उसयो परमेश्वरे दोषी
बोलणा है कने सै रुख बड्डी करी अग्गी च फूकी देणा।" 10 कने
लोकां उसला पुछया, "तां असां परमेश्वरे दिया सजा ला बचणे तांई
क्या करन?" 11 युहन्ना उना जो जबाब दिता, "जिसदे बाल दो
कुरते न, सै उसयो बंडी दिया जिना बाल नी न, कने जिसदे बाल
खाणां है, सै भी इयां करन।" 12 कने कर लेणेबाले भी बपतिस्मा
लेंणा आये, कने उसला पुछया, "गुरू जी, असां क्या करन?" 13
यूहन्ने उना जो बोलया, "जितणा तुहांजो अधिकारियां बोलया लेणे
तांई, उसला जादा चुंगी मत लेंदे।" 14 कने सिपाईयां भी उसला
पुछया, असां क्या करन? उनी उना जो बोलया, कुसी ने लड़ाई मत
करदे, कने कुसी पर झूठा दोष मत लांदे, कने अपणिया तनखाई पर
खुश रेंणा। 15 जालू सारयां लोकां मसीह दे तोल्ली ओणे दी आस
लगाईयो थी, कने सारे अपणे-अपणे मने च यूहन्ना दे बारे च सोचा दे
थे, की सै ही मसीहा ता नीं है। 16 तां यूहन्ने उना सारयों जो जबाब
दिता, "मैं तां तुहांजो पाणिये ने बपतिस्मा दिन्दा है, पर सै ओणेवाला
है, सै मिंजो ला भी शक्तिशाली है; मैं तां उस जोगा भी नी है की उदे
जुतयां दे तस्मे भी खोली सके, उनी तुहांजो पबित्र आत्मा ने कने
अग्गी ने बपतिस्मा देणा है। 17 उदा सूप्प, उदे हथे च है; कने उनी
अपणा खेतर ढंगे ने साफ करणा; कने कणका जो अपणे खेतरे च
गिठेरगा, पर भुऐ जो अग्गी च फुकी देणा है, सै अग्ग कदी नी बुझदी
है।" 18 सै बड़ियाँ सारियां शिक्षा देईकरी लोकां जो शुभसमाचार
सुणांदा रिया। 19 पर जालू यूहन्ना गलील प्रदेश दे इलाके दे राजा
हेरोदेस जो उदे भाई फिलिप्पुस दिया घरे बाली हेरोदियास दे बारे च,
कने उना दे सारे बुरे कम्मा दे बारे च जड़े उनी कितयो थे, उना दी
निंदा किती। 20 तां ही तां राजा हेरोदेसे सारयां ला बड़ी करी बुरा
कम्म किता, की यूहन्ना जो जेला च पाई दिता। 21 जालू सारे लोकां
बपतिस्मा लिया, कने यीशु भी बपतिस्मा लेईकरी प्राथना करा दा
था, तां स्वर्ग खुली गिया। 22 कने पबित्र आत्मा शरीरे दे रुपे च
कबुतर बणी करी उस पर उतरी, कने आकाशवाणी होई: तू मेरा
प्यारा पुत्र है, तिजो ला मैं खुश है। 23 जालू यीशु अपु उपदेश करणा
लग्गा तां सै लगबग तियां सालां दा था कने (जदिया समझया जांदा
है) की यूसुफ दा पुत्र था; कने यूसुफ एली दा पुत्र, 24 कने एली
मत्तात दा पुत्र, कने मतात लेवी दा पुत्र, कने लेवी मलकी दा पुत्र,
कने मलाकी यन्ना दा, कने यन्ना यूसुफ दा पुत्र, 25 कने यूसुफ
मत्तित्याह दा, कने मत्तित्याह आमोस दा पुत्र, कने आमोस नहूम दा,
कने नहूम असल्याह दा पुत्र, कने असल्याह नोगह दा पुत्र, 26 कने
नोगह मात दा पुत्र, कने मात मत्तित्याह दा पुत्र, कने मत्तित्याह शिमी
दा, कने शिमी योसेख दा पुत्र, कने योसेस योदाह दा पुत्र, 27 कने
योदाह यूहन्ना दा पुत्र, कने यूहन्ना रेसा दा पुत्र, कने रेसा जरूब्बाबेल
दा, कने जरूब्बाबेल शालतियेल दा पुत्र, कने शालतियेल नेरी दा पुत्र,
28 कने नेरी मलकी दा पुत्र, कने मलकी अद्दी दा पुत्र, कने अद्दी
कोसाम दा पुत्र, कने कोसाम इलमोदाम दा पुत्र, कने इलमोदाम एर
दा पुत्र, 29 कने एर येशू दा पुत्र, कने येशू एलीएजेर दा पुत्र, कने
एलीएजेर योरीम दा पुत्र, कने योरीम मत्तात दा पुत्र, कने मत्तात लेवी
दा पुत्र, 30 कने लेवी शमौन दा पुत्र, कने शमौन यहूदा दा पुत्र, कने
यहूदा यूसुफ दा पुत्र, कने यूसुफ योनान दा, कने योनान एलयाकीम
दा पुत्र, 31 कने एलयाकीम मलेआह दा पुत्र, कने मलेआह मिन्नाह
दा पुत्र, कने मिन्नाह मत्तता दा पुत्र, कने मत्तता नातान दा पुत्र, कने
नातान दाऊद दा पुत्र, 32 कने दाऊद यिशै दा पुत्र, कने यिशै ओबेद
दा पुत्र, कने ओबेद बोअज दा पुत्र, कने बोअज सलमोन दा पुत्र, कने
सलमोन नहशोन दा पुत्र, 33 कने नहशोन अम्मीनादाब दा पुत्र, कने
अम्मीनादाब अरनी दा पुत्र, कने अरनी हिस्रोन दा पुत्र, कने हिस्रोन
पेरेस दा पुत्र, कने पेरेस यहूदा दा पुत्र, 34 कने पेरेस याकूब दा पुत्र,
कने याकूब इसहाक दा पुत्र, कने इसहाक अब्राहम दा पुत्र, कने सै
तेरह दा पुत्र, कने तेरह नाहोर दा पुत्र, 35 कने नाहोर सरूग दा पुत्र,
कने सरूग रूऊ दा पुत्र, कने रूऊ फिलिग दा पुत्र, कने फिलिग एबिर
दा पुत्र, कने एबिर शिलह दा पुत्र, 36 कने शिलह केनान दा पुत्र, कने
केनान अरफक्षद दा पुत्र, कने अरफक्षद शेम दा पुत्र, कने सै नूह दा
पुत्र, कने नूह लेमेक दा पुत्र, 37 कने लेमेक मथूशिलह दा पुत्र, कने
मथूशिलह हनोक दा पुत्र, कने हनोक यिरिद दा पुत्र, कने यिरिद
महललेल दा पुत्र, कने महललेल केनान दा पुत्र, 38 कने केनान
एनोश दा पुत्र, कने एनोश शेत दा पुत्र, कने शेत आदम दा पुत्र, कने
शेत परमेश्वरे दा पुत्र था।

**4** फिरी यीशु पबित्र आत्मा ने परिपूर्ण होईकरी यरदन खड्डा ला
बापस आया; कने आत्मा दी अगुवाई ने सुनसान जगा च रिया;
2 कने शैतान चालियां रोजां दीकर उदी परख करदा रिया। उना रोजां
च उनी कुछ नी खादा कने जालू सै रोज पुरे होई गे, तालू उसयो भूख
लग्गी। 3 कने शैताने उसयो बोलया, "अगर तू परमेश्वरे दा पुत्र है तां
इसी पथरे जो बोल की, तू रोटी बणी जा।" 4 यीशुऐ उसयो जबाब
दिता, "पबित्र शास्त्र च लिखया है: माणुऐ सिर्फ रोटियां ने ही जिंदे नी
रेणा।" 5 तालू सै शैतान उसयो लेई गिया कने पल भर च ही सारे
संसारे दे राज्य उसयो दस्से। 6 कने उसयो बोलया, मैं ऐ सारे हक,
कने सारा धन दौलत तिजो दिंगा, क्योंकि सै मिंजो दितया है: कने
जिसयो दिल करदा उसयो देई दिन्दा है। 7 इस तांई अगर तू मिंजो
नमस्ते करगा, तां ऐ सारा तेरा होई जाणा। 8 यीशुऐ उसयो जबाब
दिता, "पबित्र शास्त्र च इयां लिखया है: तू अपणे परमेश्वरे जो नमस्ते
कर; कने उदी ही उपासना कर।" 9 तालू उनी उसयो यरूशलेम
शेहर च लेईजाई करी मंदरे दिया चुंडिया पर खड़ेरया, कने उसयो
बोलया, "अगर तू परमेश्वरे दा पुत्र है, तां अपणे आपे जो ऐथू ला
थले फेंकी दे। 10 क्योंकि पबित्र शास्त्र च लिखया हे, उनी तेरे तांई
अपणे स्वर्गदूतां जो हुकम देणा, की सै तिजो बचान। 11 कने उना
तिजो हथो हथ सभांली लेणा पर इयां ना हो की तेरे पैरां च पथरे ने
चोट लग्गी जा।" 12 यीशुऐ उसयो जबाब दिता, पबित्र शास्त्र च ऐ
भी लिखया है: तू अपणे प्रभु परमेश्वरे दी परख मत करदा। 13 जालू

शैतान सारियां परखां करी बैठा, तालू सै थोड़ी देरां तांई उदे बखे ला
चली गिया। 14 फिरी यीशु आत्मा दिया शक्तिया ने परिपूर्ण होईकरी
गलील प्रदेश जो बापिस गिया, कने उदी चर्चा अखे-बखे दे देशां च
फेली गेई। 15 कने सै उना ही यहूदी जंज घरां च उपदेश करदा
रिया, कने सारे उदी बड़ाई करदे थे। 16 कने सै नासरत च बापस
आया; जिथू पलया बडोयो था; कने अपणे रिबाजे दे अनुसार सब्त दे
रोजे पवित्र शास्त्र पढ़ने तांई यहूदी जंज घर च जाई करी खड़ोई गिया।
17 परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले यशायाह दी कताब पढ़ने जो उसयो
दिती। कने उनी कताब खोलिकरी सै जगा कडी जिथू ऐ लिखया
था: 18 “प्रभु दी आत्मा मिंजो सोगी है, इस तांई उनी कंगालां जो
शुभसमाचार सुनाणे तांई मेरा अभिषेक कितया है, कने मिंजो इस तांई
भेजया है, की केदियां जो छुटकारे दा कने अन्नयां जो नजर मिलणे
दा शुभसमाचार दा प्रचार करे कने कुचले होया जो छुडां। 19 कने
प्रभु दे खुश रेणें दे साले दा प्रचार करे।” 20 तालू उनी कताब बंद
करी के सेवके दे हथे च देई दिती, कने बैठी गिया: कने यहूदी जंज
घर दे सारे लोकां दियां नजरां उस पर थियां। 21 तालू सै उना ने
बोलणा लग्गा, “अज ही तुहाड़े सुणने ने ऐ लेख पूरा होया है।” 22
कने सारयां लोकां उदी प्रशंशा किती, जड़ियां अनुग्रह दियां गल्लां
उदे मुऐ ला निकलदियां थियां, उना ला हेरान होए; कने बोलणा
लग्गे, “क्या ऐ यूसुफे दा पुत्र नी है?” 23 उनी उना जो बोलया,
“तुसां मिंजो पर ऐ कहावत जरूर बोलणी है, की हे बैद्य, अपणे आपे
जो खरा कर। जड़ा कुछ असां सुणाया है की तू कफरनहूम शेहरे च
कितया है, उसयो अपणे देशे च भी कर।” 24 कने उनी बोलया, “मैं
तुहांजो ने सच्च बोलदा है, कुसी भी परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां
जो अपणे देशे च इज्जत नी मिलदी। 25 मेरी गल्ल सुणा। की
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले एलिय्याह दे दिना च जालू साडे तिन्ना
सालां दीकर कोई बरखा नी होई, ऐथू दीकर की सारे इस्राएल देशे च
बड़ा भरी अकाल पिया, तां इस्राएल देशे च मतियां बिधबा थियां।
26 पर एलिय्याह जो इस्राएल च उना चे कुसी बाल भी नी भेजया
गिया, सिर्फ सिदोन शेहर दे बखे साफरत दे इलाके च इक होर जाति
दी बिधवा बाल भेजया। 27 कने परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले एलीशा
दे बकते इस्राएल देशे च बतेरे कोढ़ी थे, पर सीरिया दा वासी नामान
जो छडी करी उना चे कोई भी ठीक नी किता, नामान होर जाति दा
था।” 28 ऐ सारियां गल्लां सुणिकरी जितणे भी यहूदी जंज घर
च थे, सारे गुस्से होई गे। 29 कने उना उठी करी उसयो शेहरे ला
बाहर कडया, कने जिस पाहड़े पर उना दा शेहर बसया था, उसयो
उदिया चुंडिया पर लेई चले, ताकि उसयो ओथु ला थले फेंकी करी
मारी देन। 30 पर सै उना दे बिचे ला निकली करी चली गिया। 31
फिरी यीशु गलील प्रदेश दे कफरनहूम शेहर च गिया, कने सब्त दे
रोजे लोकां जो उपदेश दिन्दा था। 32 सै उदे उपदेशे ने हेरान होई गे
क्योंकि यीशु बचन अधिकारे ने बोलदा था। 33 तालू ही यहूदी जंज
घर च इक माणु था, जिदे बिच इक बुरी आत्मा थी। 34 उनी जोरे ने
बोलया, “हे नासरत दे यीशु, तु सांझो कजो परेशान करदा है? तू क्या
सांझो खत्म करणा आया है? मिंजो पता है की, तू कुण है? तु ही
परमेश्वर दा पवित्र पुत्र मसिहा है, जड़ा परमेश्वरे ला आया है।” 35
यीशुऐ बुरिया आत्मा जो झिड़कया कने बोलया, चुप रे; कने इस
माणुऐ ला निकली जा, तालू सै बुरी आत्मा उसयो बिच पटकी करी
बिना नुकसान कितयो उस बन्दे ला निकली गेई। 36 इस पर सबना
जो हेरानी होई, कने सै अपु चे गल्लां करी के बोलणा लग्गे, “ऐ
कदिया बचन है? की सै हक कने सामर्थ्य ने बुरियां आत्मा जो हुकम
दिन्दा है, कने बुरी आत्मा इसदियां गल्लां जो मंदियां भी न।” 37 इदे
बाद यीशुऐ दी चर्चा सारे पासे होणा लग्गी पेई। 38 सै यहूदी जंज घर
ला उठी करी शमौने दे घरे जो गिया कने शमौने दिया ससु जो बुखार
चड़या था, कने उना उसा तांई यीशुऐ ने बिनती किती। 39 उनी उसा
बखे खड़े होईकरी बुखारे जो डांटया कने बुखार उतरी गिया कने
सै झट पट उठी करी उदी सेबा करणा लग्गी पेई। 40 सूरजे डुबणे
दे बेले जिना -जिना लोकां जो लग-लग तरा दियां बमारियां थियां
उना सारयां लोका जो यीशुऐ बाल लेई आये, कने उनी इकी-इकी
पर हथ रखीकरी सारयां जो ठीक किता। 41 कने बुरियां आत्मा
चिखदियां कने बोलदियाँ होइयां मतयां लोकां ला निकली गियां की,
“तू परमेश्वरे दा पुत्र है” पर सै उना जो डांटदा था, कने बोलणा
नी दिन्दा था, क्योंकि उना जो पता था की ऐ मसीह है। 42 जालू
दिन होया तां सै निकली करी इक सुनसान जगा पर चली गिया,
कने भिड़ा दी भीड़ उसयो तोपदे उस बाल आई, कने उसयो रोकणा
लग्गी, की ऐथू ला ना जा। 43 पर यीशुऐ उना ने बोलया, “मिंजो
होर-होर शेहरां च भी परमेश्वरे दे राज्य दा शुभसमाचार सुणाणा जरूरी
है, क्योंकि मैं इसी तांई संसारे च भेजया है।” 44 कने सै गलील
प्रदेश दे यहूदी जंज घर च प्रचार करदा रिया।

**5** इक दिन जालू यीशु गलील दे झिला दे कंडे पर खड़ोतया था,
तां भीड़ परमेश्वरे दा बचन सुणने तांई उस पर डेई पोआ दी
थी। 2 की उनी झिला दे बखे दो किस्तिया लगियां दिखियां, कने
मछबारे उना ला उतरी करी मच्छियां पकड़णे बाले जाले जो धोआ
दे थे। 3 उना किस्तिया चे इकी पर, जड़ी शमौने दी थी, चढ़ी करी
यीशुऐ उसला बिनती किती की, किनारे ला थोड़ी हटाई ले, तालू सै
किस्तिया पर बेईकरी लोकां जो उपदेश देणा लग्गा। 4 जालू यीशु
लोकां ने गल्लां करी बैठा, तां उनी शमौने जो बोलया, “डुगे पांणिऐ
च लेई चल, कने मच्छियां पकड़ने तांई अपणे जाले जो फेंक।” 5
शमौने उसयो जबाब दिता, “हे मालिक, असां सारी रात मेहनत किती
कने कुछ नी पकड़या; पर तेरे बोलने ने असां जाल फेंका दे न।” 6
जालू पतरस कने उदे साथियां जाल पाया, तां मतियां भरी मछियां
जाले च फसी गियां, कने उना दे जाल फटणा लग्गी पिया थे। 7 इस
पर उना अपणे साथियां जो इशारा किता जड़े दुईयां किस्तिया पर
थे, ताकि आई करी साड़ी मदद करा: कने उना आई करी, दोनो
किस्तिया मच्छियां ने इतणियां भरी लियां की सै डूबणा लगी पियां
थियां। 8 ऐ दिखीकरी शमौन पतरस यीशुऐ दे पैरां च पेई गिया, कने
बोलया, “प्रभु जी, मेरे बखे ला चली जा, क्योंकि मैं पापी माणु
है।” 9 क्योंकि इतणियां मछियां पकडणे ने उसयो कने उदे साथियां
जो बड़ी हेरानी होई; 10 कने तियां ही उदे साथी जब्दी दे पुत्र याकूब

कने यूहन्ना भी बड़े हेरान होऐ। तालू यीशुऐ शमौने ने बोलया, “डरा
मत, हुण ला तुसां माणुआं जो मेरे चेले बणना सिखाणा है।” 11 कने
सै किस्तिया जो किनारे पर लेई आऐ, कने सब कुछ छडी करी उदे
पिच्छे चली पे। 12 जालू यीशु कुसी शेहरे च था, तां दिखा, ओथु
इक माणु था, जिसयो कोढ़ होया था कने सै यीशुऐ जो दिखीकरी मुऐ
दे भार पेई गिया, कने बिनती करणा लगा कि, “प्रभु जी अगर तू चा
तां मिंजो ठीक करी सकदा है।” 13 यीशुऐ हथ अग्गे करी के उसयो
छुता कने बोलया, “मैं चांदा है की तू ठीक होई जा” कने तालू ही
उदा कोढ़ ठीक होई गिया। 14 तालू उनी उसयो समझाया, “कुसी ने
कुछ मत बोलदा, पर जाई करी अपणे आपे जो याजकां जो दस, की
तु खरा होईया कने परमेश्वरे जो भेंट चढ़ा जिदे बारे च मूसा हुकम
दितया है, ताकि लोक जाणी सकन की तु खरा होई गिया।” 15 पर
यीशु दे बारे च खबर होर भी जादा फेलदी गेई, कने भिड़ा दी भिड़
उसयो सुणने तांई कने अपणियां बिमारियाँ ला ठीक होणे तांई गिठी
होई। 16 पर यीशु मसीह हमेशा सुनसान जगा च जाई करी किल्ला
प्राथना करदा था। 17 कने इक रोज ऐसा होया की सै उपदेश दे दा
था, कने फरीसी कने व्यवस्था जो सिखाणे बाले ओथु बैठयो थे, जड़े
गलील प्रदेश कने यहूदिया प्रदेशे दे इलाके दे हर इक ग्रां ला कने
यरूशलेम शेहरे ला आयो थे; कने ठीक करणे तांई प्रभु दी शक्ति उस
सोगी थी। 18 कने दिखा लोक इक माणुऐ जो मंझे पर चुकी लेई
आऐ, कने सै धंरगे दा मरीज था, कने सै उसयो अंदर लेई जाणे कने
यीशुऐ दे सामणे रखणे दी तरकीब तोपा दे थे। 19 कने जालू भिड़ा
दिया बजा ने अंदर नी लेईजाई सके तां उना छती पर चड़ी करी कने
खपरैलां जो हटाई करी, उना उसयो मंझे समेत कमरे बिच यीशु दे
सामणे उतारी दिता। 20 उनी उना दा भरोसा दिखीकरी बोलया, “हे
माणु, तेरे पाप माफ होऐ।” 21 तालू व्यवस्था जो सिखाणे बाले कने
फरीसी गल्लां करणा लग्गे, “ऐ कुण है, जड़ा परमेश्वरे दी निंदा करा
दा है? परमेश्वरे जो छडी करी होर कुण पापां जो माफ करी सकदा
है?” 22 यीशुऐ उना दे मने दियां गल्लां जो जाणी करी बोलया,
“की तुसां अपणे मने च क्या गल्लां करा दे न? 23 क्या बोलणा
असान है? क्या इयां बोलणा, की तेरे पाप माफ होये, या की इयां
बोलणा की उठ कने हंड फिर? 24 पर ऐ इस तांई की तुहांजो पता
लग्गे की मिंजो, माणुऐ दे पुत्रे जो धरतिया पर पाप माफ करणे दा हक
भी है।” उनी उस धंरगे दे मरिजे जो बोलया, “मैं तिजो ने बोलदा है,
उठ कने अपणे मंझे जो चुकी करी अपणे घरे चली जा।” 25 सै झट
पट उदे सामणे उठया, कने जिस पर सै लेटया था उसयो चुकी करी,
परमेश्वरे दी बड़ाई करदा होया अपणे घरे जो चली गिया। 26 तालू
सारे हेरान होऐ कने परमेश्वरे दी बड़ाई करणा लग्गे, सारे डरीकरी
बोलणा लग्गे, “अज असां बड़ियाँ अनोखियां गल्लां दिखियां।”
27 कने उदे बाद यीशु बाहर गिया, कने उनी लेवी नाऐ दे इक कर
लेणेबाले जो चुंगिया दिया चोकिया पर बैठया दिखया, कने उसयो
बोलया, “की मेरा चेला बण।” 28 तालू सै सब कुछ छडी करी
उठया कने उदे पिच्छे चली पिया। 29 कने लेवीं अपणे घरे यीशुऐ
तांई इक बड़ी बडी धाम दिती; कने चुंगी लेणेबाले कने होर मते भरी
लोकां उदे सोगी खाणां खादा था। 30 कने फरीसी कने मूसा दी
व्यवस्था जो सिखाणे बाले उदे चेलयां जो ऐ बोली करी गल्लां करणा
लग्गे, “की तुसां चुंगी लेणेबाले कने पापियाँ सोगी कजो खांदे पिंदे
न?” 31 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, वैद्य भले चंगे लोका तांई नी
होंदा, पर सै बिमारां तांई जरूरी होंदा है। 32 मैं धर्मियों जो नी,
पर पापियों जो मन बदलने तांई सदणा आया है। 33 फरीसी कने
मूसा दिया व्यवस्था जो सिखाणे बालयां यीशुऐ जो बोलया, “यूहन्ना
दे चेले तां बराबर बरत रखदे कने प्राथना करदे न, कने तियां ही
फरीसियाँ दे भी करदे न, पर तेरे चेले तां खांदे पिंदे न।” 34 यीशुऐ
उना जो बोलया, “क्या तुसां बरातियां ला बरत करवाई सकदे न
जालू दीकर लाड़ा उना सोगी होऐ? 35 पर सै दिन ओणे न, जिना च
लाड़ा उना ला बख कितया जाणा है, तालू बरातियां उना रोजां च
बरत रखणे न।” 36 यीशुऐ उना ने इक होर कहाणी बोली: कोई भी
माणु नोऐ कपड़यां जो फाड़िकरी पराणे कपड़यां च रफु नी लांदा है,
अगर कोई इयां करदा है तां नोआ कपड़ा धोणे बाद छोटा होई जांदा
है, जिसने पराणे कपड़े होर फटी जाणा कने सै पराणा कपड़ा उस
सोगी मेल नी खाणां। 37 नोऐ अंगूरा दे रसे जो परांणिया खलड़िया
च कोई नी रखदा है नी तां नोआ अंगूर रस परांणिया खलड़िया जो
फाड़ी करी निकली जांदा है, कने अंगूर रस खलड़िया जो बरबाद
करी दिन्दा है, 38 तांई तां नोआ अंगूर रस नोईयां खलड़िया च ही
रखणा चाईदा। 39 कोई माणु पराणा अंगूर रस पी करी नौआ नी
पिणा चांदा क्योंकि सै बोलदा है, की परांणा ही खरा है।

6
फिरी सै सब्ते दे रोजे खेतरां चे होईकरी चलया था, कने उदे
चेले बेलां तोड़ी-तोड़ी करी कने हथा ने मल्ली-मल्ली करी खांदे
जा दे थे। 2 तालू फरीसियाँ चे कोई बोलणा लग्गे, “तुसां सै कम्म
कजो करदे न जड़ा सब्ते दे रोज करणा ठीक नी है?” 3 यीशुऐ उना
जो जबाब दिता, की तुसां ऐ नी पढ़या, कि राजा दाऊदे जालू सै कने
उदे साथी भूखे थे तां उना क्या किता? 4 दाऊद कियां परमेश्वरे दे
घरे गिया, कने भेंट चढ़ाईयां रोटियां लेईकरी खादियां कने अपणे
साथियां जो भी दितियां, जिना जो सिर्फ याजक लोक ही खाई सकदे
थे? 5 कने यीशुऐ उना ने बोलया, “मैं माणुऐ दा पुत्र ऐ बोलणे दा हक
रखदा है कि लोकां जो सब्ते बाले रोजे क्या करणा चाईदा कने क्या
नी करणा चाईदा।” 6 कने इक दिन इयां होया की सै कुसी होर सब्ते
दे रोजे यहूदी जंज घर च जाई करी उपदेश देणा लग्गा; कने ओथु
इक माणु था, जिदा सज्जा हथ सुक्या था। 7 व्यवस्था जो सिखाणे
बालयां कने फरीसी उस पर दोष लगाणे दे मोके दीया ताका पर
थे, की दिखदे न की सै सब्त दे रोजे ठीक करदा है की नी। 8 पर
सै उना दे बिचार जाणदा था; तांई तां उनी सुक्यो हथे बाले माणुऐ
जो बोलया, “उठ, खड़ोई जा।” सै उठी होया। 9 यीशुऐ उना जो
बोलया, “मैं तुसां ला ऐ पुछदा है की सब्त दे रोजे क्या ठीक है,
भला करणा या बुरा करणा; जान बचणा या मारणा?” 10 तालू यीशुऐ
उना लोकां पासे दिखया। कने उस माणुऐ जो बोलया, “अपणा हथ
कर रूआं।” उनी किता, कने उदा हथ खरा होई गिया। 11 पर ऐ
दिखीकरी फरीसी कने मूसा दी व्यवस्था जो सिखाणे बाले बड़े गुस्सा

होई गे कने अपु चे बोलणा लग्गे की असां यीशुऐ दा क्या करन? 12
उदे बाद यीशु धारा पर प्राथना करणे तांई गिया, कने परमेश्वरे ने
प्राथना करणे च सारी रात बिताई। 13 जालू दिन होया, तां उनी अपणे
चेलयां जो सदीकरी उना चे बाहरा चुणी ले, कने उना जो प्रेरित
बोलया। 14 कने सै ऐ न: शमौन जिदा ना उनी पतरस भी रखया;
कने उदा भाई अन्द्रियास, कने याकूब, कने यूहन्ना, कने फिलिप्पुस,
कने बरतुलमै, 15 कने मत्ती, कने थोमा, कने हलफई दा पुत्र याकूब,
कने शमौन जिसयो जेलोतेस बोलदे न, 16 कने याकूब दा पुत्र यहूदा,
कने यहूदा इस्करियोती, जड़ा उसयो पकड़वाणे बाला बणया। 17
तालू सै उना सोगी उतरिकरी चौरस दिया जगा पर खड़ोता, कने उदे
चेलयां दी मती भीड़ कने सारे यहूदिया प्रदेश, कने यरूशलेम शेहर,
कने सूर कने सैदा शेहरां दे कने समुद्रे दे बखे ला बतेरे लोक, 18 जड़े
उदी सुणना कने अपणियां बमारियां ला ठीक होणे तांई उस बाल
आयो थे, ओथु थे। कने बुरियां आत्मा दे सताये होऐ लोक भी ठीक
होंदे थे। 19 कने सारे उसयो छूणा चांदे थे, क्योंकि उसला शक्ति
निकलदी थी जड़ी सबना जो ठीक करदी थी। 20 तालू उनी अपणे
चेलयां पासे दिखीकरी बोलया, "धन्य न तुसां, जड़े दीन न, क्योंकि
परमेश्वरे दा राज्य तुहाड़ा है।" 21 "धन्य न तुसां, जड़े की हुण भूखे
न; क्योंकि तुसां रजाऐ जाणे न। धन्य न तुसां, जड़े की हुण रोंदे न,
क्योंकि तुसां हसणा है।" 22 "धन्य न तुसां, जालू माणुऐ दे पुत्रे दिया
बजा ने लोकां तुहांजो ने दुशमणी रखणी है, कने तुसां जो कडी देणा,
कने तुहाड़ी निंदा करणी, कने तुहाड़ा ना बुरा समझीकरी तुहांजो
बडी देणा है।" 23 "उस रोजे खुश होनयो, क्योंकि तुहाड़े तांई स्वर्गे
च बडा इनाम है। उना दे बाप-दादे भी परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां
सोगी इयां ही करदे थे।" 24 "पर तुहाड़े तांई बड़ी बुरी सजा होणी
जड़े बड़े अमीर न, क्योंकि तुहांजो पेहले ही अपणी खुशी मिली
गियो है।" 25 "तुहाड़े तांई बड़ी बुरी सजा होणी जड़े हुण रजी करी
खांदे न, क्योंकि उना भूखे रेणा है। तुहाड़े तांई बड़ी बुरी सजा होणी;
जड़े हुण हसदे न, क्योंकि बादे च शोक करणा कने रोणा है।" 26
"तुहाड़े तांई बड़ी बुरी सजा होणी, जालू सारे माणु तुहांजो खरा
बोलगे, क्योंकि तुहाड़े पूर्वजां उना लोकां दे बारे च खरियाँ गल्लां
बोलियां जड़े परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले झूठे लोक थे। इसला पता
चलदा की तुसां भी परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले झूठे लोक न।" 27
पर तुसां सुणने बालयां जो मैं बोलदा है, की अपणे दुश्मणा ने प्यार
रखा; जड़े तुहांजो ने बैर करन, उना दा भला करा। 28 जड़े तुहांजो
श्राप देन, उना जो आशीष दिया; जड़े तुहाड़ी बेजती करन, उना तांई
प्राथना करा। 29 जड़ा तेरिया इक्की खाडिया पर थपड़ मारगा तां तू
दूजी भी उस पासे करी दे, कने जड़ा तेरी चादर खोई ले, उसयो
अपणा कुरता देणे ला भी मत रोक। 30 जड़ा कोई तिजो ला मंगे,
उसयो देई दे; कने जड़ा तेरी चिज खोई ले, उसला मंगदा मत। 31
कने जियां तुसां चांदे न की लोक तुहांजो ने करन, तुसां भी उना ने
तदिया ही करा। 32 अगर तुसां अपणे ने प्यार रखणेबाले ने प्यार
रखन, तां तुहाड़ी क्या बड़ाई? क्योंकि पापी भी तां अपणे ने प्यार
रखणे बालयां सोगी प्यार रखदे न। 33 कने अगर तुसां अपणे ने
भलाई करणे बाले ने ही भलाई करदे न, तां तुहाड़ी कोई कजो बड़ाई
करे? क्योंकि पापी भी तां इयां ही करदे न। 34 कने अगर तुसां
उसयो ही उधार दिन्दे न, जिसला बापस मिलणे दी आस रखदे न, तां
तुहाड़ी कोई कजो बड़ाई करे? क्योंकि पापी भी पापियां जो उधार
दिन्दे न, ताकि उतणा ही बापस मिल्ले। 35 अपणे दुश्मणा ने प्यार
रखा, कने भलाई करा, कने फिरी बापस नी मिलणे दी इच्छा नी
रखीकरी उधार दिया; कने तुहाड़े तांई बडा इनाम होणा है; कने
तुसां परम प्रधान परमेश्वर दे सन्तान बणना, क्योंकि सै उना पर जड़े
परमेश्वरे दा धन्यबाद नी करदे न कने बुरे लोकां पर भी दया करदे
न। 36 जियां तुहाड़ा पिता दयाबान है, तियां ही तुसां भी दयाबान
बणा। 37 "कुसी पर दोष मत लगा; तां तुहांजो पर भी परमेश्वरे
दोष नी लगाणा: कुसी जो सजा नी देणी, तुसां भी दुजयां जो माफ
करगे तां तुहांजो भी परमेश्वरे माफ करणा।" 38 दिया करा, तां
तुहांजो भी मिलणा। लोकां पूरा नाप दबाई-दबाई करी कने हिलाई-
हिलाई करी कने उभरदा होया तुहाड़िया गोदा च पांणा, क्योंकि
जिस नापे ने तुसां नापदे न, उसी नापे ने तुहाड़े तांई भी नापया जाणा।
39 फिरी यीशुऐ उना ने न इक होर कहाणी बोली: क्या कोई अन्ना
माणु, कुसी अन्ने जो रस्ता दसी सकदा है? क्या इना दोना खड्डे च नी
पोंणा? 40 चेला अपणे गुरूऐ ला बडा नी होंदा, पर जड़ा कोई पूरा
शिक्षित होंगा, सै ही अपणे गुरूऐ सांई होणा। 41 तू कजो अपणे भाईऐ
दियां छोटियां-छोटियां गलतियां जो दिखदा है, जड़ियां उदिया हखी
च पिये छोटे दे कखे सांई न, कने तिजो अपणियां बडियां-बडियां
गलतियां नी मिलदियाँ, जड़ियां तेरियां हखी च इक लठे सांई न। 42
जद की तिजो अपणी ही हखी दा लठा नी मिलदा है, तां अपणे
भाईये जो कियां बोली सकदा है, भाई रूक मैं तेरी हखी दे तिनके जो
कडी दिन्दा है? हे कपटी मने दे लोको पेहले तां अपणी हखी दे लठे
जो कडा, तां जड़ा तिनका तेरे भाईऐ दी हखी च है, उसयो ढंगे
ने दिखीकरी कडी सकदे न। 43 कोई ऐसा खरा रूख नी है, जड़ा
बेकार फल दे, कने ना ही तां कोई बेकार रूख है, जड़ा खरा फल दे।
44 हर कोई रूख अपणे फले ने पछयेणा जांदा है; क्योंकि लोक
झिल्लां चे अंजीर नी तोड़दे न, कने ना बेरी दे झीले ला अंगूर तोड़दे
न। 45 भला माणु अपणे मने दे भले भंडारे ला खरियाँ गल्लां कडदा
है; कने बुरा माणु अपणे मने दे बुरे भंडारे ला बुरियाँ गल्लां ही कडदा
है; क्योंकि जड़ा मने च भरूया होंदा हे सेई मुऐ च ओंदा है। 46
जालू तुसां मेरा बोलया नी मंदे, तां कजो मिंजो प्रभु-प्रभु बोलदे न?
47 जड़ा कोई मेरे बाल ओंदा है, कने मेरियां गल्लां सुणीकरी उना
जो मनदा है, मैं तुहांजो दसदा है की सै कुसदे सांई है? 48 सै उस
माणुऐ सांई है, जिनी घर बणादे बेले ढुगी जमीन खणीकरी पथरां दी
नियां बणाईयां न, कने जालू बाढ़ आई तां पांणी उस घरे ने लग्गा, पर
उसयो हिलाई नी सकया, क्योंकि सै पक्का बणया था। 49 "पर
जड़े सुणीकरी नी मंदे न, सै उस माणुऐ सांई न, जिनी मिटीया पर
बिना नियां दा घर बणाया है, जालू उस पर पांणी लगया, तालू सै झट
ढेई गिया, कने सै ढेईकरी टूटी भजी गिया।"

7 जालू सै लोकां जो अपणिया सारियां गल्लां सुणाई बैठा, तां
कफरनहूम शेहर च आया। 2 कने ओथु कुसकी सूबेदारे दा इक
सेवक जड़ा उदा बड़ा खास सेवक था, सै बमारिया ने मरणे बाला
था। 3 उनी यीशु मसीह दे बारे च सुणया कने सुणिकरी केई बड्डे
यहूदी अगुवां जो उसला ऐ बिनती करणे तांई उदे बाल भेजया, की
आई करी मेरे दासे जो ठीक करी दे। 4 सै यीशु बाल आये कने
उसला बड़ी बिनती करी के बोलणा लग्गे, “ऐ सेनापति इस काबील
है की, तू उस तांई ऐ कम्म करे, 5 क्योंकि सै साड़िया जातियां ने
प्यार रखदा है, कने उनी ही साड़े यहूदी जंज घर जो बणाया है।” 6
यीशु उना सोगी-सोगी चलया, पर जालू सै घरे ला थोड़ी दूर था, तां
सुबेदारे उसयो अपणे केई साथियां बाल बोली भेजया, प्रभु जी, इतणा
कष्ट मत कर, क्योंकि मैं इस लायक नी है की, तू मेरे घर आये। 7
इसा बजा ला मैं अपणे आपे जो इसी लायक नी समझया की, तेरे
बाल ओऐ, पर तू बचन ही बोली दे तां ही मेरा सेवके ठीक होई
जांणा। 8 मैं भी अधिकारियां दे थल्ले कम्म करणे बाला माणु है, कने
मेरे अधीन सपाई कम्म करदे न, कने जालू इकी सपाईऐ जो बोलदा
है कि, तू जा, तां सै चली जांदा है; कने दुऐ जो बोलदा है कि, तू ऐथू
आ, तां सै आई जांदा है; कने जालू मैं अपणे नोकरे जो बोलदा, कि ऐ
कर, तां सै करी दिन्दा है। 9 ऐ सुणिकरी यीशु हेरान होया, कने उनी
मु फेरिकरी उसा भिड़ा ने जड़ी उदे पिच्छे ओआ दी थी बोलया,
“मैं तुहांजो ने बोलदा है, कि मैं इस्राएल च भी ऐदिया भरोसा नी
दिखया।” 10 कने जड़े साथी भेजयो थे सै घरे बापस आये, कने उस
सेवके जो दिखया तालू सै ठीक होई गिया था। 11 थोड़े रोजां बाद सै
नाईन नाऐ दे इक शेहरे जो गिया, कने उदे चेले कने बड़ी भरी भीड़
उदे सोगी चलियो थी। 12 जालू सै शेहरे दे फाटके बखे पुज्जा, तां
ओथु लोक इकी मुर्दे जो बाहर लेई चलयो थे कने सै अपणिया माऊ
दा इकलोता पुत्र था, कने सै बिधवा थी, कने शेहरे दे मते लोक उसा
सोगी थे। 13 उसा जो दिखीकरी प्रभु जो उसा पर बड़ा तरस आया,
कने यीशुऐ उसा जो बोलया की, “रो मत।” 14 तालू यीशुऐ जाई
करी अर्थिया जो छुता; कने जड़े अर्थिया लेईकरी चलयो थे सै स्की
गे, तालू यीशुऐ बोलया, “हे जवान, मैं तिजो बोलदा है, की उठ
जा!” 15 तालू सै मुर्दा जिंदा होई गिया, कने बोलणा लगी पिया: कने
उनी उसयो उदिया माऊ जो देई दिता। 16 ऐ सब कुछ दिखीकरी सै
सारे डरी गे; कने सै परमेश्वरे दी बड़ाई करी के बोलणा लग्गे, “साड़े
बिच इक परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला बड़ा महान माणु आया है, कने
परमेश्वर अपणे लोकां दी मदद करणे तांई आया है।” 17 कने उदे
बारे च ऐ गल्ल सारे यहूदिया प्रदेशे दे इलाके कने अखे-बखे दे देशे
च फेली गेई। 18 कने यूहन्ना जो उदे चेलयां इना सारियां गल्लां
दी खबर दिती। 19 तालू यूहन्ने अपणे चेलयां चे दो चेलयां जो
सदीकरी प्रभु बाल ऐ पुछणे तांई भेजया, “की क्या तू ही मसीह है,
जिसयो भेजणे दा बायदा परमेश्वरे कितया था या असां कुसी दुजे
दी नियाल रखन?” 20 उना यीशुऐ बाल जाई करी बोलया की,
“यूहन्ना बपतिस्मा देणेबाले सांझो तेरे बाल ऐ पूछणे तांई भेजया है,
की क्या तू ही मसीह है, जिसयो भेजणे दा बायदा परमेश्वर ने कितया
था या असां कुसी दुजे दी नियाल रखन?” 21 उसी बेले यीशुऐ
मतयां जो बिमारियाँ कने पीड़ा, कने बुरियां आत्मा ला छुड़ाया; कने
मते अन्नयां जो हखी दितियां। 22 कने यीशुऐ उना ने बोलया, जड़ा
कुछ तुसां दिखया कने सुणाया है, जाई करी यूहन्ना जो बोली दिया,
“की जड़े अन्ने थे उना जो मिलणा लग्गी पिया, कने जड़े लंगड़े थे
सै चलदे फिरदे न, कने कोढ़ियां दा कोढ़ ठीक होइ गिया है, कने
जड़े टोंणे थे सै सुणना लगी पे, कने मुर्दे जिन्दे होई जांदे न, कने
कंगालां जो शुभसमाचार सुणाया जांदा है। 23 धन्य न सै, जड़े मिंजो
पर शक नी करदे न।” 24 जालू यूहन्ना दे भेजयो संदेश देणेबाले दूत
चली गे, तां यीशु यूहन्ना दे बारे च लोकां ने बोलणा लग्गा, की तुसां
सुनसान जगा च क्या दिखणा गियो थे? क्या होआ ने हिलदे होऐ
सरकंडे जो? 25 तां फिरी तुसां क्या दिखणा गियो थे? क्या नरम
कपड़े लायो माणु जो? जड़ा मेंगे कपड़े पांदा है, कने ठाठ-बाठ ने
मेहलां च रेंदा है। 26 तां फिरी क्या दिखणा गियो थे? क्या कुसी
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले जो? हां, मैं तुहांजो ने बोलदा है, की तुसां
परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले ला भी बड्डे जो दिखया है। 27 ऐ सै हीं है,
जिसदे बारे च पवित्र शास्त्रां च लिखया है: “दिख, मैं अपणे संदेश
देणेबाले दूते जो तेरे अग्गे-अग्गे भेजदा है, जिनी तेरा अग्गे दा रसता
तैयार करणा है।” 28 “मैं तुहांजो ने बोलदा है, जड़े जनानिया ला
जमयो न, उना च यूहन्ना ला बडा कोई नी: पर जड़ा परमेश्वरे दे
राज्य च छोटे ला छोटा है, सै उसला भी बडा है।” 29 जालू उना
यीशुऐ दियां बोलियां गल्लां जो सुणया, तां सारयां लोकां ऐथू दीकर
की कर लेणेबालयां भी यूहन्ना ला बपतिस्मा लेईकरी परमेश्वरे जो
सच्चा मनी लिया है। 30 पर फरीसियां कने व्यवस्था जो सिखाणे
बालयां उसला बपतिस्मा लेणे ला मना करी दिता कने परमेश्वरे दिया
मर्जिया जो जड़ी उना तांई थी उसा जो अपनाणे ला मना करी दिता।
31 मैं इस युगे दे लोकां दी तुलना कुसने दें कि सै कुदे सांई न। 32 सै
उना जागतां सांई न, जड़े बजारां च बेईकरी इकी दुजे जो पुकारी
करी बोलदे न। की असां तुहाड़े तांई खुशिया दे गाणे गाऐ, कने
तुसां नचे नी; असां रोए, कने तुसां छाती नी पिटी। 33 क्योंकि
यूहन्ना बार-बार बरत रखदा कने ना शराब पिन्दा था, कने सै बोलदे
न कि उदे च बुरी आत्मा है। 34 मैं माणुऐ दा पुत्र खांदा पिंदा है; कने
तुसां बोलदे न, दिखा, पेटू कने शराबी माणु, कने कर लेणेबालयां दा
कने पापियां दा साथी है। 35 “पर ज्ञान दी सच्चाई उदियां सारियां
ओलादी दे सामणे आई है।” 36 फिरी कुनकी फरीसीऐ उसला
बिनती किती, की मरे सोगी खाणां खा; कने यीशु उस फरीसिऐ दे घरे
जाई करी रोटी खाणां बैठा। 37 कने दिखा, उस शेहरे दी इक पापी
जनानिया जो जालू ऐ पता लग्गा की फरीसी दे घरे यीशु रोटी खाणां
आया है, तां सै संगमरमर दे भांडे च बड़ा मेंगा इत्र लेई आई। 38
कने उदे पैरां बखे बेईकरी रोई-रोई करी, पैरां जो आंसुआं ने सेड़णा
लग्गी कने अपणे बाला ने पुंजया कने उदे पैरां जो बार-बार चुमणा
लग्गी कने इत्र यीशुऐ दे पैरां च मलया। 39 ऐ दिखीकरी, सै फरीसी
जिनी यीशुऐ जो सदया था, अपणे मने च सोचणा लग्गा, “अगर ऐ
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला होंदा तां इसयो पता लगी जांदा, की ऐ

जड़ी उसयो छुआ दी है, सै कुण है कने कदेई जनानी है? क्योंकि सै
तां पापी जनानी है।" 40 यीशुऐ उदे बिचारां जो जाणी करी उना जो
जबाब च बोलया, हे शमौन, मिंजो तिजो ने कुछ बोलणा है। उनी
बोलया, "गुरू जी, बोला।" 41 तालू यीशुऐ इक कहाणी सुणाई,
"कुसकी महाजने दे दो देंणदार थे, इक पंजसो दिना दी मजदुरिया दा
कने दुआ पंजा दिना दी दियाड़ी दा देंणदार था।" 42 पर जालू उना
बाल बापस करणे जो कुछ नी रिया, तां उनी महाजने दोनो जणयां दा
कर्ज माफ करी दिता। उना दोनों चे कुनी उस महाजने ने जादा प्यार
रखणा। 43 शमौने जबाब दिता, "मेरिया समझा च तां सै माणु जिदा
जादा कर्ज माफ करी दिता।" यीशुऐ उसला बोलया, तू ठीक जबाब
दिता है। 44 कने उसा जनानिया पासे फिरी करी उनी शमौने ने
बोलया, "क्या तू इसा जनानिया जो दिखया इना क्या किता? मैं तेरे
घरे जो आया पर तू मिंजो पैरां धोंणे तांई पाणी नी दिता, पर इना मेरे
पैर आंसुआं ने धोते, कने अपणे बाला ने पूंजे।" 45 तू गले लाईकरी
मेरा स्वागत नी किता, पर जालू ला मैं आया है तालू ला इना मेरी
इज्जत करणा नी छडी है। 46 तू मेरे सरे च तेल नी मलया; पर इना
मेरे पैरां च इतणा मेहंगा इत्र मली करी मेरा इज्जत मान किता है। 47
"तांई ता मैं तिजो ने बोलदा है; की मते सारे पाप जड़े इना कितयो न,
सारे माफ होऐ, क्योंकि इना जादा प्यार किता है; पर जिदा थोड़ा
माफ होया है, सै घट प्यार करदा है।" 48 कने उनी जनानिया ने
बोलया, "तेरे पाप माफ होऐ।" 49 तालू जड़े लोक ओथु रोटी खाणां
बैठयो थे, सै अपणे-अपणे मने च सोचणा लग्गे, "ऐ कुण ऐ जड़ा
पापां जो भी माफ करदा है क्योंकि परमेश्वर ही ऐ करी सकदा है।"
50 पर उनी जनानिये ने बोलया, "परमेश्वरे तिजो बचाई लिया है
क्योंकि तू मिंजो पर भरोसा किता है, कने शांतिया ला चली जा।"

**8** उदे बाद यीशु शेहरे-शेहरे च कने ग्रांऐ-ग्रांऐ च जाई करी प्रचार
करदे होऐ कने परमेश्वरे दे राज्य दा शुभसमाचार सुणाणे लग्गा
कने सै बाहरा चेले भी उदे सोगी थे। 2 कने कुछ जनानिया भी जिना
जो बुरियां आत्मा कने बिमारियाँ ला ठीक कितया था, कने उना दे
ना ऐ न: मरियम जड़ी मगदल ग्रां ला थी, जिसा ला सत बुरियां
आत्मा निकलियाँ थियां। 3 कने राजा हेरोदेस दे भण्डारी खोजा दी
घरेबाला योअन्ना कने सूसन्नाह कने मतियां जनानिया अपणिया
कमाईया ने यीशु कने उदे चेलयां दी सेबा करदियां थियां। 4 जालू
मती भरी भीड़ गिठी होई, कने शेहरे-शेहरे दे लोक उदे बाल चली
ओंदे थे, तां उनी इक कहाणी उना जो सुणाई: 5 इक किसान अपणे
खेतरे च बी रांणे तांई निकलया: रांदे बेले थोड़े बी रस्ते दे बखे पेयी
गे कने सै तां पंछियां आई करी चुगी ले। 6 कने थोड़े बी पथरलिया
जमिना पर पे जिथू उसयो जादा मिटी नी मिली, कने जादा मिटी नी
होणे दिया बजा ने तौली लूंगी पै, कने जालू खड़ी धुप पेई, तां सै
फकुई गे, क्योंकि उना दियां जड़ा डुगियां नी थियां तां सै सुकी
गियां। 7 कने थोड़े बी झिल्लां च पै, कने जालू झिल्ल बदे तां उना
से बी डकी ले, कने उना फल नी दिता। 8 पर थोड़े बी खरिया
जमिना पर पे, कने सै बी लुंगे, कने मते सारे फल देणेबाले होए;
केईयां ती गुणा, केईयां सठ गुणा, केईयां सौ गुणा फल दिता। "ऐ
बोलिकरी उनी जोरे ने बोलया, जिस बाल सुणने तांई कन्न न सै ध्यान
लाईकरी गल्ला जो सुणे, कने इसा गल्ला जो समझी ले।" 9 उदे
चेलयाँ उसयो पुछया, "की इसा कहाणिया दा क्या मतलव है?" 10
उनी बोलया, तुहांजो परमेश्वरे दे राज्य दे भेदां जो समझणे दी समझ
दितियो है, पर ऐ कहाणियां बाकियां तांई सुणादा है, इस तांई की "सै
दिखदे होऐ भी ना दीखन, कने सुणदे होऐ भी ना समझन।" 11 इसा
कहाणिया दा मतलब ऐ की: बी तां परमेश्वरे दा बचन है। 12 रस्ते
बखे बाले सै न, जिना सुणाया; पर शैतान झट पट जादां कने उना दे
मने ला बचन कडी दिन्दा है, ताकि कुथी इयां ना होये की सै भरोसा
करी लेन कने उना दा उद्धार होई जा। 13 कने जड़ा पथरिलिया
जमिना च राया था, ऐ सै माणु न, जड़े बचना जो सुणीकरी उना जो
झट खुशिया ने ग्रहण करी लेंदे न। पर परमेश्वर दे बचना जो मने दिया
गहराईया च बदणा नी दिन्दे, उदे बाद जालू बचने दिया बजा ने उना
पर कला क्लेश या परेशानी होंदी है, तां सै बचना ला पिच्छे हट्टी
जांदे न। 14 जड़े बी झिल्लां च पियो न, ऐ सै माणु न जिना बचन
सुणया, पर सै संसारे दियां चिंता जो लेईकरी दुखी, कने संसारिक
चिंजा दा लालच उना दे मने च रेंदा है, ऐ सब परमेश्वरे दे बचना च
रूकावट पांदा है। कने सै बचन उना तांई फायदेमंद नी होंदा। 15 कने
खरियाँ जमिना बाले बी सै न, जड़े बचन सुणीकरी भले कने खरे मने
ने सम्भाली करी रखदे न, सै सबर ने फल दिन्दे न। 16 कोई दिय्या
बाली करी भांडे ने नी ढकदा है, कने ना मंझे हेठ रखदा है, पर
धारिया पर रखदे न, ताकि अंदर ओणे बालयां जो लौ होऐ। 17
"क्योंकि जड़ा कुछ भी लुकया है, सै सामणे करणा है; कने हर इक
गुप्त गल्ल सामणे आई जाणी है। 18 जिना बाल समझणे दी इच्छा है
जड़ा परमेश्वर सिखांदा है, उसयो परमेश्वरे होर समझ देणी, पर
जड़ा समझणे दी इच्छा नी रखदा, की मैं क्या सिखादां, तां सै जड़ा
समझया है, परमेश्वरे सै भी उसला लेई लेणा।" 19 उदी माता कने
उदे भाई उस बाल आऐ, पर भीड़ा दिया बजा ने मिली नी सके। 20
कने उसयो बोलया, "तेरी माता कने तेरे भाई बाहर खड़ोतयो न कने
तिजो ने मिलणा चांदे न।" 21 उनी उदे जबाब च बोलया, "मेरी
माता कने मेरे भाई ऐ ही न, जड़े परमेश्वरे दे बचना जो सुणदे कने
मंदे न।" 22 फिरी इक रोज सै कने उदे चेले किस्तिया पर चढ़े, कने
उनी उना ने बोलया, "ओआ, गलील झीला दे पार चलदे न।" कने
उना किस्ति खोली दिती। 23 जालू किस्ति चलियो थी तां सै सोई
गिया: कने झीला च तूफान आई गिया, कने किस्ति पाणिऐ ने भरूणा
लगी पेई कने सै खतरे च थे। 24 तालू उना यीशुऐ बखे आई करी
उसयो जगाया, कने बोलया, "हे स्वामी। हे स्वामी। असां डूबणा
लगी पियो न।" तालू उनी उठी करी पाणिऐ कने तुफाने जो डांटया
कने सै रूकी गे, कने सै शान्त होई गिया। 25 यीशुऐ उना ने बोलया,
तुहाड़ा भरोसा कुथु था? पर सै डरी गे, कने हेरान होईकरी अपु चे
बोलणा लग्गे, "ऐ कदिया माणु है? ऐथू दीकर की तूफान कने लैहरां
भी इदा हुकम मंदे न।" 26 फिरी सै गिरासे दे लोकां दे देशे च पुज्जे,
जड़ा उसी पार गलील प्रदेशे दे सामणे है। 27 जालू सै किनारे पर
उतरया, तां उस ग्रांऐ दा इक माणु उसयो मिल्ला, जिदे च बुरी आत्मा

थी। कने सै कपड़े नी पांदा था, कने ना घरे रेंदा था, सै कब्रिस्तान च
रेंदा था। 28 सै यीशुऐ जो दुरे ला ही दिखीकरी दोड़या, कने यीशुऐ
जो इज्जत देणे तांई उदे पैरां अग्गे डेई पिया। उनी जोरे ने चिलाई
करी बोलया, “हे यीशु, परमपिता परमेश्वरे दे पुत्र। मिंजो तिजो ने
क्या कम्म? मैं तिजो ने बिनती करदा है, मिंजो दुख ना दे।” 29
क्योंकि सै उसा बुरिया आत्मा जो उस माणुऐ ला निकलने दा हुकम
दे दा था, क्योंकि सै उदे च बार-बार प्रबल होंदी थी। लोक उसयो
रसियाँ कने सुंगला ने बनदे थे, तमी सै सब केसी जो तोड़ी दिन्दा था,
कने बुरी आत्मा उसयो सुनसान जगा जो नठाई लेई जांदी थी। 30
यीशुऐ उसयो पुछया, “तेरा क्या ना है?” उनी बोलया, “मेरा ना
सेना है, क्योंकि मतियां बुरियां आत्मा उदे च समाई गियां थियां।”
31 कने उना उसला बिनती किती की, “सांझो अथाह कुंडे च जाणे
दा हुकम मत दींदा।” **(Abyssos g12)** 32 ओथु पाहड़े पर इक बड़ा
बडा सूअरां दा झुण्ड चुग्गा दा था, उना उसला बिनती किती, “सांझो
उना च समाणा दे।” कने यीशुऐ उना जो जाणा दिता। 33 तालू सै
बुरियां आत्मा उस माणुऐ ला निकली करी सूअरां दे झुण्डे च समाई
गियां कने सै झुण्ड पहाड़े ला रिड़की करी दरियाये च पेई गिया कने
सारे सूअर डूबी करी मरी गे। 34 उना दे पुहालां नठी करी शेहर कने
ग्रांऐ च ऐ खबर सुणाई। 35 कने जड़ा होया था लोक उसयो दिखणा
आये कने जिस माणुऐ ला बुरियां आत्मा निकलियाँ थियां, उसयो
यीशुऐ बखे कपड़े पाइकरी कने ठीक -ठाक बैठया दिखीकरी सै डरी
गे। 36 कने दिखणे बालयां उना जो दसया, की सै बुरियां आत्मा ने
सताया होया माणु कियां ठीक होया। 37 तालू गिरासे दे लोकां दे देशे
अखे-बखे दे लोकां यीशुऐ ने बिनती किती, की साड़े ऐथू ला चली
जा: क्योंकि सै बड़े डरी गियो थे। कने सै किस्तिया पर चढ़ी करी
चली गिया। 38 जिस माणुऐ चे बुरियां आत्मा निकलियाँ थियां, सै
यीशुऐ ने बिनती करणा लग्गा, की मिंजो अपणे सोगी रेंणा दे, पर
यीशुऐ उसयो भेजी करी बोलया। 39 “की अपणे घरयो बापस चली
जा कने लोकां ने बोली दे, की परमेश्वरे तेरे तांई कदे बड्डे-बड्डे कम्म
किते न।” कने सै जाई करी सारे शेहरे च प्रचार करणा लग्गा, की
यीशुऐ मेरे तांई कदे बड्डे-बड्डे कम्म किते न। 40 जालू यीशु बापस
ओआ दा था, तां लोक उसला खुशिया ने मिल्ले; क्योंकि सै यीशुऐ
जो निय्याला दे थे। 41 यहूदी जंज घर दे सरदारां चे इक याईर नाये
दा सरदार आया, सै यीशुऐ दी इज्जत मान तांई यीशुऐ दे पैरां अग्गे
डेई पिया, कने उनी ऐ बोली करी बड़ी बिनती किती, “मेरे घरे जो
चल।” 42 क्योंकि उदी बाहरां सालां दी इक ही कुड़ी थी, कने सै
मरणे बाली थी। जालू सै चलदा था, तां लोक यीशुऐ पर डेई पोंदे
थे। 43 कने इक जनानी जिसा जो बाहरां सालां ला खून चलणे दी
बिमारी थी, कने उना अपणी सारी कमाई वेद्यां पिच्छे खर्ची बैठियो
थी कने तमी कूदे भी हथे ला ठीक नी होइयो थी, 44 उना पिच्छे ला
आई करी उदे कपड़े दे कुंणे जो छुता, झट उसा दा खून निकलन बंद
होई गिया। 45 इस पर यीशुऐ बोलया, मिंजो कुनी छूता? जालू सारे
मुकरणा लग्गे, तां पतरस कने उदे साथियां बोलया, “हे स्वामी, तू
दिखा दा हे की तेरे अखे बखे इतणी भरी भीड़ है, कने तिजो पर ढेई
पोंदे न।” 46 पर यीशुऐ बोलया, “कुनकी मिंजो छुता है मिंजो पता
लगी गिया है की मिंजो ला शक्ति निकली है।” 47 जालू जनानिया
दिखया, की मैं लुकी नी सकदी, तालू कमदी होई आई, कने उदे पैरां
पर पेईकरी सारे लोकां सामणे दसया, की मैं तिजो कजो छुता है, कने
कियां मैं झट ठीक होई गेई। 48 उनी उसा जो बोलया, “बेटी तेरा
भरोसा जड़ा मिजों पर था उनी भरोसे तिजो ठीक कितया है, शांतिया
ला चलिया।” 49 यीशु हले उसा ने गल्ल करा दा ही था, यहूदी
जंज घरे दे सरदारे दे घरे ला कुछ लोकां आई करी बोलया, “की
तेरी कुड़ी तां मरी गेई है” हुण गुरुऐ जो कजो तकलीफ दे दा है? 50
जड़ी गल्ल सै बोला दे थे, उसा गल्लां जो यीशुऐ अंणसुणी करिके
यहूदी जंज घर दे सरदारे जो बोलया, “डर मत, सिर्फ मिजों पर
भरोसा रख, तां उना ठीक होई जाणा।” 51 घरे आई करी उनी
पतरस, कने यूहन्ना, कने याकूब कने कुड़िया दे माता-पिता जो छडी
करी होर कुसयो भी अंदर नी ओणा दिता। 52 कने सारे उसा तांई
रोआ दे थे, पर उनी बोलया, “रोआ मत; सै मरियो नी है पर सुतियो
है।” 53 सै ऐ जाणी करी, की मरी गियो है उदा मजाक उड़ाणा
लग्गे। 54 पर उनी उसा कुड़िया दा हथ पकड़या कने पुकारिकरी
बोलया, “हे कुड़ी उठ।” 55 तालू उदे प्राण बापस आई गे कने सै
झट उठी बैठी; फिर उनी हुकम दिता की, इसा जो कुछ खाणे जो
दीया। 56 उसा दे माता-पिता हेरान होऐ, पर उनी उना जो चेतावनी
दिती, की ऐ जड़ा होया है, सै कुसी ने मत बोलदे।

**9** फिरी यीशुऐ उना बाहरां चेलयां जो सदिकरी उना जो सारियां
बुरियां आत्मा जो कडणे कने बमारियाँ जो दूर करणे दी शक्ति
कने हक दिता। 2 कने उना जो परमेश्वरे दे राज्य दा प्रचार करणे,
कने बिमारियाँ जो ठीक करणे तांई भेजया। 3 कने उनी उना ने
बोलया, की अपणे रस्ते तांई सिर्फ इक सोठी लेनयो। ना तां खाणे
तांई रोटी लेणी, ना तां झोला, ना ही बटुए च पेसे, पर जुते पाई
लेनयो कने होर कोई कपड़े पाणे तांई मत लेंदे। 4 अगर कोई तुहांजो
अपणे घरे रेहणे तांई सदगा, जालू दीकर तुसां उसी ग्रांऐ च रेंगे, तालू
दीकर उसी दे घरे च परोणे बणी करी रुकी रिया। 5 “जिसा जगा दे
लोक तुहांजो अपनांगे नी कने तुहाड़ी सुणगे नी, ओथु ला जांदे बेले
अपणे पैरां दी धुड़ जाड़ी दिनयो, ताकि उना लोकां जो पता लग्गे की
परमेश्वरे दिया तरफा ला मिलणे बाली सजा दे सै अपु ही जिम्मेबार
न।” 6 सै निकलिकरी ग्रांऐ-ग्रांऐ च जाई करी शुभसमाचार सुंणा दे,
कने हर कुथी लोकां जो ठीक करदे फिरदे थे। 7 कने देशे दी चौथाई
दा राजा हेरोदेस ऐ सारा कुछ सुणिकरी घबराई गिया, क्योंकि मतयां
बोलया, की यूहन्ना मरी करी जिन्दा होई गिया है। 8 कने मतयां ऐ
बोलया, की एलिय्याह दिखया है: कने केईयां बोलया की पराणे
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले चे कोई जिन्दा होया है। 9 पर राजा
हेरोदेसे बोलया, “यूहन्ना बपतिस्मा देणेबाले दा तां मैं सिर कटबाया
था तां हुण ऐ कुण है, जिसदे बारे च ऐसिया गल्लां सुणादा मैं?” कने
हेरोदेसे जो उसयो दिखणे दी इच्छा होई। 10 जालू सै प्रेरित जिना जो
यीशुऐ भेजया था, सै यीशुऐ बाल मुड़ी करी आये कने उदे चारों बखे
खड़ोई, कने जड़ा कुछ उना किता, कने सिखया था, उसयो दसी

दिता, कने सै उना जो लग करिके बैतसैदा नाऐ दे इकी शेहरे जो लेई
गिया। 11 ऐ जाणी करी भीड़ उदे पिच्छे चली पेई, कने सै खुशिया
ने उना ने मिला, कने उना सोगी परमेश्वरे दे राज्य दियां गल्लां करणा
लग्गा, कने जड़े ठीक होणा चांदे थे उना जो ठीक किता। 12 जालू
संज होणा लग्गी, तां उना बाहरां आई करी उसयो बोलया, "भिड़ा
जो बिदा कर, ताकि असां अखे बखे दे ग्रां कने बस्तियां च जाई करी
अपणे रेणें तांई कने रोटिया दा इंतजाम करन, क्योंकि असां ऐथू
सुनसान जगा च न।" 13 यीशुऐ उना जो बोलया, "तुसां ही उना जो
खाणे जो दिया।" उना बोलया, "साड़े बाल पंज रोटियां कने दो
मछियां जो छडी करी कुछ होर कुछ नीं है; पर हाँ, अगर असां जाई
करी इना सारयां लोकां तांई रोटियां खरीदी लेई ओन, तां होई सकदा
है।" 14 (क्योंकि ओथु लगबग पंज हजार मर्द थे।) कने उनी अपणे
चेलयां ने बोलया, उना जो पंजा-पंजा करिके झुण्डा च बठाई दिया।
15 उना तियां ही किता, कने सबना जो बठाई दिता। 16 तालू उनी
सै पंज रोटियां कने दो मछियां लिईयां, कने स्वर्गे पासे दिखीकरी
धन्याबाद किता, कने तोड़ी-तोड़ी करी चेलयां जो दिन्दा गिया ताकि
सै लोकां जो परोसी देंन। 17 सारे खाई करी रजी गे। कने जालू रोटी
खायी बैठे तालू चेलयां बाकी बचियाँ रोटियां कने मछियां गिठेरेइयां
कने उसला बाहरा टोकरियाँ भरूई गियां। 18 जालू यीशु एकांत च
प्राथना करा दा था, कने चेले उदे सोगी थे, तां उनी उना ला पुछया,
"लोक मिंजो क्या बोलदे न?" 19 चेलयां जबाब दिता कुछ लोक
बोलदे ने कि तुसां यूहन्ना बपतिस्मा देणेबाले न; पर कोई-कोई बोलदे
एलिय्याह है, कने कोई-कोई बोलदे न कि पुराणे जमाने दे परमेश्वरे
दा संदेश देणेबालयां चे कोई इक है। 20 यीशुऐ उना ला पुछया,
"पर तुसां मिंजो क्या बोलदे न?" "पतरसे जबाब दिता, परमेश्वरे
दा मसीहा।" 21 तालू यीशुऐ उना जो समझाई करी बोलया, "ऐ
कुसी ने मत बोलदे।" 22 कने उनी बोलया, कि मैं, जड़ा माणुऐ
दा पुत्र है, "मिंजो मते दुख सेहणे पोणे न, कने यहूदी अगुवे, बड्डे
याजकां, कने यहूदी व्यवस्था जो सिखाणे बालयां मिंजो अपनाणा नी
है, कने मैं मारया जाणा है, कने फिरी मैं तिन्ना रोजां बाद मरयां चे
जिन्दा होई जाणा है।" 23 यीशुऐ उना सबना जो बोलया, "जड़ा
कोई मेरा चेला बनणा चांदा है, उसयो अपणिया शरीर दियां इच्छां
कने जड़ियां तरकिबां बणाईयां न उना जो छडी करी! कने जड़े
मिजों तांई मरणे जो तैयार रेंदे न सेई मेरे चेले बणी करी मिजों पिच्छे
चली सकदे न। 24 कोई माणु ऐसा नी करगा कने अपणे प्राणा जो
बचाणा चांहगा, उनी परमेश्वरे सोगी आत्मिक जिन्दगी जिणे दा
मोका गबाई देणा है। पर जड़ा माणु मिजों पर भरोसा करगा कने मेरे
शुभसमाचार दिया बजा ने मरगा उस माणुऐ जो परमेश्वरे सोगी सदा
तांई दी जिन्दगी मिलणी। 25 अगर तुसां संसारे दा सब कुछ पाई लेंगे
कने पर परमेश्वरे सोगी हमेशा दी जिन्दगी जिणे दा मोका गवाई दिंगे,
तां उदा क्या फायदा? इक माणु परमेश्वरे जो क्या देई सकदा है, जड़ा
उदी हमेशा दी जिन्दगी खरिदगा? कुछ नी! 26 तुहाड़े च अगर कोई
माणु मिजों अपणा परमेश्वर कने मेरियां शिक्षा दा पालन करणे जो
मना करदा है, क्योंकि तुसां डरदे न की गैर विश्वासी कने पापी
लोकां तुहाड़ा मजाक उड़ाणा। फिरी जालू मैं माणुऐ दा पुत्र, पबित्र
स्वर्गदूतां सोगी धरती पर ओणा है, तां मैं उना लोकां जो भी अपणा
चेला मनणे ला मना करी देणा है, तालू सारयां लोकां मरी महिमा
दिखणी जड़ी मेरे पिता दी है।" 27 "मैं तुसां ने सच्च बोलदा है, की
जड़े ऐथू खड़ुतयो न, उना चे कोई-कोई ऐसे न, की जालू दीकर
परमेश्वरे दा राज्य नी दिखी लेंगे, तालू दीकर उना मौत दा स्वाद नी
चखणा है।" 28 इना गल्लां दे कोई अठ रोज बाद सै पतरस, कने
यूहन्ना कने याकूब जो सोगी लेईकरी प्राथना करणे तांई पहाड़े पर
गिया। 29 जालू सै प्राथना करा दा ही था, तां उदे चेहरे दा रूप
बदलुई गिया, कने उदे कपड़े चिट्टे होईकरी चमकणा लग्गे। 30 कने
दिखा, दो परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले मूसा कने एलिय्याह जो, जड़े
बड़े पेहले जिन्दा थे उना जो यीशुऐ सोगी गल्लां करदे दिखया। 31
ऐ महिमा सोगी मिल्ले, कने उदे मरणे दी चर्चा करा दे थे, जड़ा
यरूशलेम च होणेबाला था। 32 पतरस कने उदे साथी निंद्रा ने भरूयो
थे, जालू ढंगे ने उठी होऐ, तां उदी महिमा; कने उना दो आदमियां
जो, जड़े उदे बखे खड़ुतयो थे, दिखया। 33 जालू सै उदे बखे ला
जाणा लग्गे, तां पतरसे यीशुऐ जो बोलया, "प्रभु जी, साड़ा ऐथू रेंणा
ठीक है, इस तांई असां ऐथू तीन तम्बू बणांदे न, इक तेरे तांई, इक
मूसा तांई, इक एलिय्याह तांई।" पतरसे ऐ इस तांई बोलया की, सै
कने दुज्जे दो चेले डरी गियो थे, कने नी जाणदे थे क्या बोलणा क्या
करणा। 34 सै ऐ बोला दा ही था, की इक बदले आई करी उना जो
डकी लिया, जालू सै उस बदले ने घिरणा लग्गे तां सै डरी गे। 35
कने उस बदले चे ऐ अबाज निकली, "ऐ मेरा प्यारा पुत्र है, कने मैं
इसला खुश है, कने जड़ा ऐ बोलदा है उसयो ध्याने ने सुणा।" 36 ऐ
अबाज होंदे ही यीशुऐ जो उना किल्ला दिखया; कने सै चुप रे, कने
जड़ा कुछ उना दिखया था, उदी कोई गल्ल उना रोजा च कुनी नी
किती। 37 कने दुऐ रोजे जालू सै पहाड़े ला उतरे, तां इक बड़ी बडी
भीड़ उसला मिलणा आई। 38 तालू भिड़ा चे इक माणुऐ जोरे ने
बोलया, गुरू जी, मैं तिजो ने बिनती करदा है, की मेरे पुत्रे पर दया
कर; क्योंकि सै मेरा इकलोता पुत्र है। 39 कने इक बुरी आत्मा
उसयो पकड़ी लेंदी है, कने सै इकदम बकणा लगी पोंदा है, कने सै
आत्मा उसयो ऐसा मरोड़दी है, की उदे मुऐ ला झाग निकली पोंदा
है; कने उसयो गरेची करी बड़िया मुशकिला ने छडदी है। 40 कने मैं
तेरे चेलयां ने बिनती किती, की इसा जो कडी दिया; पर सै कडी नी
सके। 41 ऐ सुणीकरी यीशुऐ उना जो जबाब दिता, "हे अविश्वासी
लोकों, मैं कालू दीकर तुहाड़े सोगी रेंगा, कने कालू दीकर तुहाड़े
अविश्वास जो सेहन करगा उसी जागते जो मेरे बाल लोआ।" 42 सै
ओआ दा ही था की बुरिया आत्मा उसयो पटकी करी मरोड़या, पर
यीशुऐ बुरिया आत्मा जो डांटया कने जागते जो ठीक करिके उदे
पिता जो देई दिता। 43 तालू सारे लोक परमेश्वरे दी इसा शक्तिया ला
हेरान होऐ। पर जालू सारे लोक उना सारे कम्मा ने जड़े सै करदा था,
हेरान होआ दे थे, तां उनी अपणे चेलयां ने बोलया, 44 "ऐ गल्लां
तुसां मत भुलदे, क्योंकि माणुऐ दा पुत्र, मेरे दुशमणा दे हथे पकड़ाया
जाणा है।" 45 पर ऐ गल्ल उना दिया समझा च नी आई, कने ऐ उना

ला छिपी रेई; ताकि उना जो पता नी लग्गे, कने सै इसा गल्ला दे बारे
च पुछणे ला डरदे थे। 46 फिरी उना च ऐ बेहस होणा लग्गी की, की
सांझो चे बडा कुण है? 47 पर यीशुऐ उना दे मने दी गल्ल जाणी लेई,
कने इक बच्चे जो लेईकरी अपणे बखे खड़ेरया, 48 कने उना ने
बोलया, "जड़ा कोई मेरे नाऐ ने इस बच्चे जो अपनांदा है, सै मिंजो
अपनांदा है, कने जड़ा कोई मिंजो अपनांदा है, सै मिंजो भेजणे बाले
जो अपनांदा है, क्योंकि जड़ा तुहाड़े चे सबना ला छोटा है, सेई
बडा है।" 49 ताल़ू यूहन्ने बोलया, "प्रभु जी, असां इकी माणुऐ जो
तेरे नाए दिया शक्तिया ने बुरियां आत्मा जो कडदे दिखया है, कने
असां उसयो मना भी किता, क्योंकि सै साड़े सांई तेरा चेला नी
था।" 50 यीशुऐ उसयो बोलया, "उसयो मना मत करा; क्योंकि
जड़े साड़े बैरी नी है, सै साड़े सोगी साथी न।" 51 जाल़ू यीशुऐ दे
स्वर्ग जाणे दे दिन पुरे होणे बाले थे, ताल़ू उनी यरूशलेम जाणे दा
बिचार पका किता। 52 यीशुऐ ओथु जाणे ला पेहले अपणे अग्गे
संदेश देणेबाले दूत भेजे: सै सामरियों दे इक ग्रांऐ जो गे, ताकि उदे
तांई जगा तैयार करन। 53 पर उना लोकां उसयो उतरणा नी दिता,
क्योंकि सै यरूशलेम शेहरे जो चलया था। 54 ऐ दिखीकरी उदे
चेलयां याकूब कने यूहन्ना ने बोलया, "प्रभु जी; क्या तू चांदा है,
की असां हुकम देन, की अम्बरे ला अग्ग पोये कने उना जो भस्म
करी दे?" 55 पर यीशुऐ उना जो मुड़ी करी डांटया कने बोलया,
"तुसां नी जाणदे न की तुसां कदेई आत्मा दे न। 56 क्योंकि माणुऐ
दा पुत्र लोकां दे प्राणा जो खत्म करणे तांई नी पर बचाणे तांई आया
है।" कने सै कुसकी होरसी ग्रांऐ जो चली गे। 57 जाल़ू सै रस्ते च
चलयो थे, ताल़ू कुनकी उसयो बोलया, "जिथू-जिथू तू जांगा, मैं भी
तेरे पिच्छे जाणा।" 58 यीशुऐ उसयो बोलया, "लोमड़ियां जो रेहणे
तांई कुडी न, कने अम्बरे दे पंछियां दे घोंसले होंदे न; पर मिंजो,
माणुऐ दे पुत्रे बाल इक भी घर नहीं है, जिथू मैं सोई सकें।" 59 उनी
दूऐ ने बोलया, "मेरे चेले बणी जा।" उनी बोलया, "प्रभु जी, मिंजो
पेहले जाणा दे ताकि मैं अपणे पिता जो दबी ओऐ।" 60 उनी उसला
बोलया, "जड़े लोक आत्मिक रूपे ने मरयो न, उना जो अपणे मुर्दे
दबाणा दे, पर तू जाई करी परमेश्वरे दे राज्य दा शुभसमाचार सुंणा।"
61 इक होरनी बन्दे बोलया, "प्रभु जी, मैं तेरे पिच्छे ओंगा; पर पेहले
मिंजो जाणा दे ताकि मैं अपणे घरे दे लोकां ने बिदा लेई ओंऐ।" 62
यीशुऐ उसयो बोलया, "जड़ा कोई अपणा हथ हले पर रखीकरी
पिच्छे दिखदा है, सै परमेश्वरे दे राज्य जोगी नी है।"

**10** इदे बाद प्रभुऐ सत्तर होर चेले रखे कने जीसी-जीसी शेहरे
कने जगा पर उनी अपु जाणे दी योजना बणाईयो थी ओथु
उना जो दो-दो करिके अग्गे भेजया। 2 कने उनी उना जो बोलया,
"पकियो फसला दे खेतर बड़े न; पर मजदूर थोड़े न: इस तांई खेतरे
दे मालिके ने बिनती करा, की सै अपणे खेतरां जो बडणे तांई मजदूर
भेजी दे।" 3 जा; दिखा मैं तुहांजो भेडां सांई भेड़ियां दे बिच भेजदा
है। 4 इस तांई ना बटुआ, ना झोली, ना जुते; कने ना ही रस्ते च
कुसयो नमस्ते करा। 5 जिसदे भी घरे जा, पेहले बोला, इस घरे दा
कल्याण हो। 6 अगर ओथु कोई मेहमाना दा आदर करणे बाला
होंगा; तां तुहाड़ी आशीष उस पर होणी, नी तां तुहाड़े बाल बापस
आई जाणी। 7 उसी घरे च रिया, उस घरे ला तुहांजो जड़ा कुछ
मिलदा है, सेई खा पिया; क्योंकि मजदूरे जो तां अपणी मजदूरी
मिलणा चाईदी; घरे-घरे मत फिरदे। 8 कने जिसी शेहरे च जांगे, कने
ओथु दे लोक तुहांजो अपणे घरे खुशिया ने अपनांगे, तां जड़ा कुछ
तुहाड़े सामणे रखगे सै ही खा। 9 ओथु दे बिमारां जो ठीक करा: कने
उना जो बोलणा, परमेश्वरे दा राज्य तुहाड़े बखे आई रिया है। 10 पर
जिस शेहरे च जांगे, कने ओथु दे लोक तुहांजो अपनांगे नी, तां उना
दे बजारां च जाई करी बोला, 11 तुहाड़े शेहरे दी धुड़ भी, जड़ी साड़े
पैरां च लगियो है, असां तुहाड़े सामणे झाड़ी दिन्दे न, तमी ऐ समझी
लिया, की परमेश्वरे दा राज्य तुहाड़े बखे आई रिया है। 12 "मैं
तुसां ने सच्च बोलदा है, की न्याय बाले रोजे सै शेहरे जिथू दे लोक
परमेश्वरे दा बचन नी मंदे, उना दी हालत सदोम दे लोकां दी हालत
ला भी जादा भयानक होणी है।" 13 "हाय! खुराजीन शेहर कने
बैतसैदा शेहर दे लोको! जड़े अनोखे कम्म तुहाड़े शेहरे च कितयो न,
अगर सै कम्म सूर कने सैदा शेहरे च किते जांदे, तां सै ऐ दसणे तांई
की उना अपणे पापां ला पश्चाताप करी लिया है, तां बड़े पेहले टाट
ओढी लेंदे, कने धुड़ी अपणे उपर छिड़की लेंदे।" 14 की परमेश्वरे
दे न्याय दे रोज जड़ी सजा सूर कने सैदा शेहरे दे लोकां जो देणी है,
सै सजा तुहाड़िया सजा ला घट होणी है। 15 हे कफरनहूम शेहरे दे
लोको तुसां क्या स्वर्गे दीकर उच्चे किते जाणे न? तुसां तां पताल
लोक दीकर थले किते जाणे न। (Hadēs g86) 16 "जड़ा तुहाड़ी
सुणदा है, सै मेरी सुणदा है, जड़ा तुहांजो तुच्छ समजदा है, सै मिंजो
भी तुच्छ समझदा है; कने जड़ा मिंजो तुच्छ समजदा है, सै मेरे
भेजने बाले जो भी तुच्छ समजदा है।" 17 सै सत्तर चेले खुशिया ने
बापस आई करी बोलणा लग्गे, प्रभु जी, बुरियां आत्मा भी साड़ी
गल्ल मन्नी जाल़ू असां उना जो तेरे नाऐ ने हुकम दिता। 18 यीशुऐ
उना ने बोलया, जाल़ू बुरियां आत्मा तुहाड़ा हुकम मनया, तां मैं
शैताने जो बिजलिया सांई स्वर्गे ला पोंदे दिखया। 19 मैं तुहांजो सपां
कने बिच्छुआं जो मारणे, कने शैताने दी शक्तिया पर हक दितया है;
कने कुसा भी चीजा ने तुहांजो कोई नुकसान नी होणा। 20 पर तुसां
इसला खुश मत होआ, की बुरियां आत्मा तुहाड़ा हुकम मंदियां न,
पर इसला खुश होआ की तुहाड़े ना स्वर्गे च लिखयो न। 21 ताल़ू सै
पवित्र आत्मा च होईकरी खुश होई गिया, कने बोलया, पिता जी,
स्वर्गे कने धरतिया दे प्रभु, मैं तेरा धन्यबाद करदा है, की तू इना
गल्लां जो ज्ञानिया कने समजदारां ला लुकाई रखया, कने बचयां पर
प्रगट कितया है, पिता जी, क्योंकि तिजो ऐई खरा लग्गा। 22 "मेरे
पिता मिंजो सब कुछ देई दितया है; कने कोई नी जाणदा है की पुत्र
कुण है सिर्फ पिता ही जाणदा है, कने पिता कुण है ऐ भी कोई नी
जाणदा, सिर्फ पुत्र जाणदा कने सै जिदे पर पुत्र उसयो प्रकट करणा
चांगा।" 23 ताल़ू यीशुऐ चेलयां पासे मुड़ी करी उना जो एकांत च
बोलया, "धन्य न सै हखी, जड़ियां गल्लां तुसां दिखदे न उना गल्लां
जो सै भी दिखदियां न। 24 क्योंकि मैं तुहांजो ने बोलदा है, की
परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले मते लोक कने राजे चांदे थे, की जड़ियां

गल्लां तुसां दिखदे न उना जो दिखा; पर नी दिखियां कने जड़ियां
गल्लां तुसां सुणदे न उना जो सुंणा, पर नी सुणियां।'' 25 इक दिन
जालू यीशु लोकां जो सिखा दा था तां इक यहूदी मूसा दी व्यवस्था जो
सिखाणे बालयां चे उठया; कने ऐ बोली करी उदी परख लेंणा लग्गा,
''गुरू जी, हमेशा दी जिन्दगिया दा बारिस बणने तांई मैं क्या करे?''
(aiōnios g166) 26 यीशुऐ उसयो बोलया, ''मूसा दी व्यवस्था च क्या
लिखया है? तू उना जो कियां समझदा है?'' 27 उनी जबाब दिता,
''तू अपणे प्रभु परमेश्वरे सोगी अपणे सारे तन मन कने अपणे सारे
प्राण कने अपणे सारे जोरे ने कने अपणिया सारिया अकला ने प्यार
कर; कने अपणे पड़ोसिये ने अपणयां सांई प्यार रख।'' 28 यीशुऐ
जो चुकी करी लेई जाणा ठीक नी है।” 11 उनी उना जो जबाब
दिता, “जिनी मिंजो ठीक किता उनी मिंजो बोलया है, अपणिया
चटाईया चुकी करी चल फिर।” 12 उना उसला पुछया, “सै कुण
माणु है जिनी तिजो ऐ बोलया, चटाई जो चुक कने चल फिर?”
13 पर जड़ा ठीक होई गिया था, सै नी जाणदा था की सै कुण है;

क्योंकि उसा जगा पर भीड़ होंणे दिया बजा ने यीशु ओथु भिड़ा ने
मिली गिया कने उना जो मिल्ला नी। 14 कुछ बकते बाद सै यीशुऐ
जो मंदरे दे अंगणे च मिला, ताल् उनी उसला बोलया, “दिख, तू तां
ठीक होई गिया है; हुण दोबारा पाप मत करदा, इयां ना हो की इसला
भी बडी मुसिबत तिजो पर आई जा।” 15 उनी माणुऐ जाई करी
यहूदी अगुवां ने बोली दिता की जिनी मिंजो ठीक कितया है सै यीशु
है। 16 इसा बजा ने यहूदी अगुवे यीशुऐ जो सताणां लग्गे, क्योंकि सै
ऐसे-ऐसे कम्म सब्ते दे रोजे करदा था। 17 इसा गल्लां पर यीशुऐ
उना ने बोलया, मेरा पिता परमेश्वर हले दीकर कम्म करदा है कने
मिंजो भी कम्म करणा चाईदा। 18 यीशुऐ ऐ बोलया इसा बजा ने
यहूदी अगुवे उसयो होर भी जादा मारणे दी कोशिश करणा लग्गे,
की सै सिर्फ ऐई नी की सब्ते दे दिने दे रिबाजे जो तोड़ा दा, पर सै
परमेश्वरे जो भी अपणा पिता बोली करी, अपणे आपे जो परमेश्वर दे
बराबर बोला दा था। 19 इसी पर यीशुऐ उना ने बोलया, मैं तुसां ने
सच्च-सच्च बोलदा है, मैं अपु ला कुछ नी करी सकदा है, सिर्फ सेई
जड़ा सै पिता परमेश्वर जो करदे दिखदा है, क्योंकि जिना-जिना
कम्मा जो सै करदा है उना जो मैं भी तियां ही करदा है। 20 इस तांई
पिता परमेश्वर मिंजो ने प्यार करदा है कने जड़े-जड़े कम्म सै अपु
करदा है, सै सारे उसयो दसदा है; कने उनी इना ला भी बड्डे कम्म
उसयो दसणे न, ताकि तुसां हेरान होन। 21 क्योंकि जियां मेरा पिता
परमेश्वर मरयां लोकां जो जिन्दा करदा है, तियां ही मैं भी जिना जो
चांदा है उना जो जिन्दा करदा है। 22 पिता परमेश्वर कुसी दा भी
न्याय नी करदा है, पर न्याय करणे दा सारा कम्म मिंजो देई दितया
है, 23 इस तांई जियां सारे लोक पिता परमेश्वर दा आदर करदे न
तियां ही मेरा भी आदर करन जड़ा मेरा आदर नी करदा, सै पिता
परमेश्वर दा आदर भी नी करदा है जिनी उसयो भेजया है। 24 मैं
तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, जड़ा मेरा बचन सुणीकरी मेरे भेजणे
बाले पर भरोसा करदा है, हमेशा दी जिन्दगी उदी है, कने उसयो
सजा नी मिलणी है पर सै तां अनन्त मौता ला बची गिया है कने उनी
पेहले ला ही जिन्दगी च प्रवेश करी लिया है। **(aiōnios g166)** 25
“मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, सै बकत ओणा है, कने हुण है,
जिदे च मरयां परमेश्वरे दे पुत्र, मेरी अबाज सुणनी, कने जड़े सुणगे
उना हमेशा तांई जी पोणा है।” 26 क्योंकि जियां पिता परमेश्वर
अपणे अंदर जिन्दगी रखदा है, तियां ही उनी अपणे पुत्र, जो भी हक
दितया है की सै अपणे आपे च जिन्दगी रखे; 27 क्योंकि मैं माणुऐ
दा पुत्र है, इस तांई पिता परमेश्वरे मिंजो सारे लोकां जो न्याय करणे
दा अधिकार दितया है। 28 इसला हेरान मत होआ, क्योंकि सै बकत
ओंणा है, की सै सारे लोक जड़े मरी गियो न, उना मेरी मतलब की,
माणुऐ दे पुत्रे दी अबाज सुणीकरी जिन्दे होई जाणा है। 29 जिना बाल
अच्छी जिन्दगी थी, उना हमेशा दी जिन्दगी तांई जिन्दे होई जाणा है,
सै जड़े बुराई च जिन्दगी बितान्दे न, उना दोषी होणे तांई जी पोणा है।
30 “मैं अपणे आपे ला कुछ नी करी सकदा; मैं लोकां दा न्याय तियां
ही करदा है जियां पिता परमेश्वर मिंजो उना दा न्याय करणे तांई
बोलदा है, कने मेरा न्याय सही है; क्योंकि मैं अपणी मरजी नी, पर
अपणे भेजणे बाले दी मर्जी चांदा है। 31 अगर मैं अपु ही अपणी
गबाई दें, तां मेरी गबाई सच्ची नीं है। 32 इक होर है जड़ा मेरा पिता
परमेश्वर है, सै भी मेरे बारे च गबाई दिन्दा है, कने मैं जाणदा है
की मेरी जड़ी सै गबाई दिन्दा है, सै सच्ची है। 33 तुसां यूहन्ना
बपतिस्मा देणेबाले बाल संदेश देणेबाले भेजे कने उनी सचाइया दी
गबाई दितियो है। 34 पर मैं अपणे बारे च माणुआं दी गबाई नी चांदा
है; तमी मैं इसा गबाई दे बारे च दसया है जड़ी यूहन्ना दिती थी
ताकि तुहाड़ा उद्धार होऐ। 35 युहन्ना इक दिय्ये सांई था; कने तुहांजो
थोड़िया देरा तांई उदिया लौई च, मगन होणा खरा लग्गा। 36 पर
मेरे बाल यूहन्ना ला भी बड्डी गबाई है: क्योंकि जड़ा कम्म पिता
परमेश्वरे मिंजो पूरा करणे तांई दितया सै मेरे बारे च गबाई दिन्दा है।
जड़ा कम्म मैं करी सकदा है, सै गबाई दिन्दा है की मिंजो पिता
परमेश्वरे भेजया है। 37 कने पिता परमेश्वर जिनी मिंजो भेजया है,
उना ही मेरी गबाई दितियो है तुसां ना तां उदी कदी अबाज सुणी, कने
ना उसयो आमणे सामणे दिखया है। 38 कने उदे संदेशा जो मने च
टिकाई करी नी रखदे, क्योंकि जिसयो परमेश्वरे भेजया है तुसां उदा
भरोसा नी करदे। 39 तुसां पवित्र शास्त्रां च ध्याने ने पढ़ी करी तोपदे
न, क्योंकि तुसां समझदे न की उना ने हमेशा दी जिन्दगी मिलदी है,
कने ऐ सेई बचन है, जड़ा मेरी गबाई दिन्दा है; **(aiōnios g166)** 40
पर ऐ सब होणे पर भी अनन्त जिन्दगी पांणे तांई मेरे बाल नी ओंणा
चांदे न। 41 मैं माणुऐ ला आदर दी आस नी रखदा है। 42 क्योंकि मैं
तुसां जो जाणदा है की तुसां अपणे मने च परमेश्वरे तांई प्यार नी
रखदे न। 43 मैं अपणे पिता परमेश्वर दे अधिकारे ने आया है, कने
तुसां मिंजो अपनांदे नी अगर कोई होर अपणे ही अधिकारे ने ओऐ,
तां उसयो तुसां अपनाई लेंदे न। 44 तुसां मिंजो पर भरोसा नी करी
सकदे न, क्योंकि तुसां इकी दुज्जे ला अपणी आदर मान चांदे न,
कने तुसां इकलोते परमेश्वरे ला आदर मान पाणे दी कोशिश नी करदे
न। 45 ऐ मत समझा, की मैं पिता परमेश्वरे दे सामणे तुसां पर दोष
लगा दा: मूसा, जिस पर तुसां आस रखियो है, उनी तुसां पर दोष
लगाणे न। 46 क्योंकि अगर तुसां मूसा दा भरोसा करदे, तां मेरा
भी भरोसा करदे, इस तांई की उनी भी मेरे बारे च पवित्र शास्त्र च
लिखया है। 47 क्योंकि तुसां उदियां लिखियां गल्लां दा भरोसा नी
करदे, तां तुसां पक्का ही मेरियां गल्लां दा भी नी करी सकदे।”

**6** इना गल्लां दे बाद यीशु गलील झिला च मतलब की तिबिरियासे
दिया झिला बखे गिया। 2 कने बड़ी भरी भीड़ उदे पिच्छे चली
पेई क्योंकि जड़े अनोखे कम्म सै बिमारां पर दसदा था सै उना
जो दिखदे थे। 3 ताल् यीशु पहाड़े पर चढ़ी करी अपणयां चेलयां
सोगी ओथु बैठा। 4 कने यहूदियां दे फसह दा त्योहारे नेड़े ही था।
5 ताल् यीशुऐ नजरा चुकी करी मती भरी भिड़ा जो अपणे बाल
ओंदे दिखया, कने फिलिप्पुस ने बोलया, “असां इना जो खांणे तांई
रोटी कुथु ला खरदी लोंणी?” 6 पर यीशुऐ ऐ गल्ल उसयो परखणे
तांई बोली; क्योंकि सै अपु जाणदा था की मैं क्या करणा है। 7
फिलिप्पुसे उसयो जबाब दिता, “इतणी रोटियां दी कीमत दो सो दिना
दिया मजदुरिया दे बराबर होणी, सै भी उना तांई पूरी नि होणी की

उना चे हर इक्की जणे जो थोड़ी-थोड़ी मिल्ली जा।" 8 उदे चेलयां
चे शमौन पतरस दे भाई अन्द्रियासे उसयो बोलया, 9 "ऐथू इक
जागत है जिदे बाल जौ दियां पंज रोटियां न कने दो मछियां न, पर ऐ
इतणे लोंका तांई काफी नी है।" 10 यीशुऐ बोलया, "लोकां जो
बठाई दिया।" उसा जगा पर मता घा था: तालू सै लोक बैठी गे, कने
सै गिणतिया च लगबग पंज हजार थे। 11 तालू यीशुऐ रोटियां लियां,
कने धन्यबाद करिके जड़े बैठयो थे उना जो बंडी दितियां: कने तियां
ही मछियां जो भी जितणियां सै चांदे थे बंडी दितियां। 12 जालू सै
खाई करी रजी गे तां उनी अपणे चेलयां ने बोलया, "बचयां टुकड़यां
जो गठेरी लिया, ताकि कुछ बर्बाद ना होऐ।" 13 उना सै रोटियां
दे टुकड़े गठेरे, कने सै पंज रोटियां दे टुकड़े जड़े खांणे बालयां
ला बची गियो थे उना ने बाहरा टोकरियाँ भरियां। 14 तालू जड़ा
अनोखा कम्म उनी करी के दसया उसयो दिखीकरी लोक बोलणा
लग्गे; की सै परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला है जड़ा संसारे च ओंणे
बाला था, सै पका ऐई है। 15 यीशु ऐ जाणी करी की लोक मिंजो
राजा बणाणे तांई आई करी पकड़ना चांदे न, फिरी पहाड़े पर किला
ही चली गिया। 16 फिरी जालू संज होई, तां उदे चेले झिला कंडे पर
आये, 17 कने किस्तिया पर चढ़ी करी झिला पार कफरनहूम शेहर
जो जाणा लग्गे: उस बेले नेहरा होई गिया था, कने यीशु हले दीकर
उना बाल नी पुजया था। 18 कने तुफाने दिया बजा ने झिला च
लेहरां उठणा लगियां। 19 जालू सै चलदे-चलदे लगबग चार मील
निकली गे, तां उना यीशुऐ जो झिला पर चलदे कने किस्तिया बखे
ओंदे दिखया, कने चेले डरी गे। 20 पर यीशुऐ उना ने बोलया, "मैं
है; डरा मत।" 21 सै उसयो किस्तिया पर चढ़ाणे तांई तैयार होऐ कने
झट सै किस्ति उसा जगा जाई पुज्जी जिसा जगा सै चलयो थे। 22
दुज्जे रोजे उना भिड़ा, जड़ी झिला पार खड़ोतियो थी, ऐ दिखया की
ऐथू इक्की जो छडी करी होर कोई लोकी किस्ति नी थी, कने यीशु
अपणयां चेलयां सोगी इसा किस्तिया पर नी चढ़या था, बस उदे चेले
ही गियो थे। 23 होर लोकी किस्तियां तिबिरियास शेहरे ला उसा
जगा पर आईयां, जिथू उना प्रभु दा धन्यबाद करणे बाद रोटी खादी
थी। 24 जालू भिड़ा दिखया, की ऐथू ना यीशु है, ना उदे चेले, तां
सै भी लोकियाँ-लोकियाँ किस्तिया पर चढ़ी करी यीशुऐ जो तोपदे
कफरनहूम शेहर च जाई पुज्जे। 25 कने झिला दे पार उसला मिली
करी उसयो बोलया, "गुरू जी, तू ऐथू कालू आया?" 26 यीशुऐ उना
जो जबाब दिता, "मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, तुसां मिंजो इस
तांई नी तोपा दे की तुसां अनोखे कम्म दिखयो, पर इस तांई की तुसां
रोटियां खाई करी रजी गे। 27 खत्म होणे बाले खांणे पिच्छे मेहनत
मत करा, पर उस खांणे तांई करा जड़ा हमेशा दिया जिन्दगिया दीकर
रेंदा है, जड़ा मैं माणुऐ दे पुत्रे तुहांजो ऐ खाणा देणा है, क्योंकि पिता
परमेश्वरे मिंजो ऐसा करणे दा हक दितया है।" (aiōnios g166) 28
उना यीशुऐ ला पुछया, "परमेश्वरे दा कम्म करणे तांई असां क्या
करन?" 29 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, "परमेश्वर चांदा है की
तुसां उस पर भरोसा करन जिसयो उनी भेजया है।" 30 तालू उना
उसला पुछया, "फिरी तू कुण दिया चमत्कार दसदा है, कि असां
उसयो दिखीकरी तिजो पर भरोसा करन? तू कुण दिया कम्म दसदा
है? 31 साड़यां पूर्वजां सुनसान जगा च मन्ना खादा; जियां पवित्र
शास्त्र च लिखया है, मूसा उना जो खांणे तांई स्वर्गे ला रोटी दिती।"
32 यीशुऐ उना बोलया, "मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है तुहांजो सै
रोटी स्वर्गे ला मूसा नी दितियो, पर मेरे पिता परमेश्वर तुहांजो स्वर्गे
ला सच्ची रोटी दिन्दा है। 33 क्योंकि परमेश्वरे दी रोटी सेई है, जड़ी
स्वर्गे ला उतरी करी संसारे दे लोकां जो जिन्दगी दिन्दी है।" 34
तालू उना उसला बोलया, "प्रभु जी, ऐ रोटी सांझो रोज ही दे कर।"
35 यीशुऐ उना ने बोलया, "रोटी जड़ी हमेशा दी जिन्दगी दिन्दी है
सै रोटी मैं है: जड़ा मेरे बाल ओंगा उनी कदी भूखे नी होणा कने
जड़ा मिंजो पर भरोसा करगा, सै कदी तरिणा नी होणा। 36 पर
मैं तुसां ने पेहले ही बोलया था, की तुसां मिंजो दिखी भी लिया है
तमी भरोसा नी करदे। 37 जड़ा कुछ पिता परमेश्वरे मिंजो दिन्दा है,
सै सब मेरे बाल ओंणा है, कने जड़ा कोई मेरे बाल ओंगा उसयो
मैं कदी नी कडगा। 38 क्योंकि मैं अपणी इच्छा नी, पर अपणे
भेजणे बाले दी इच्छा पुरी करणे तांई स्वर्गे ला उतरया है। 39 कने
मेरे भेजणे बाले दी इच्छा ऐ है की जड़ा कुछ उनी मिंजो दितया
है, उदे चे मैं कुछ नी गबां पर उसयो आखरी रोजे इसयो फिरी ला
जिन्दा करे। 40 क्योंकि मेरे पिता परमेश्वरे दी इच्छा ऐ है, की
जड़ा कोई मिंजो दिखदा है, कने मिंजो पर भरोसा करे, उसयो हमेशा
दी जिन्दगी मिल्ले; कने मैं उसयो आखरी रोजे फिरी जिन्दा करी
दिंगा।" (aiōnios g166) 41 तालू यहूदी अगुवे उस पर बुड़बड़ाणा
लग्गे, इस तांई की उनी बोलया था, "जड़ी रोटी स्वर्गे ला उतरियो है
सै मैं है।" 42 कने उना बोलया, "क्या ऐ यूसुफे दा पुत्र यीशु नी है,
जिसदे माता-पिता जो असां जाणदे न? तां सै कजो बोलदा न की मैं
स्वर्गे ला उतरया है?" 43 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, "अपु चे मत
बुड़बुड़ा। 44 कोई मेरे बाल नी आई सकदा है, जालू दीकर पिता
परमेश्वर, जिनी मिंजो भेजया है, उसयो अपणे बाल खिची नी ले;
कने मैं उसयो आखरी रोजे फिरी जिन्दा करी देणा है। 45 परमेश्वरे
दा संदेश देणेबालयां लेखां च ऐ लिखया है, सै सारे परमेश्वरे दीया
तरफा ला सिखाऐ होणे न। जिनी कुनी पिता परमेश्वर ला सिखया
कने सुणाया है, सै मेरे बाल ओंदा है। 46 कुनी भी पिता परमेश्वर जो
नी दिखया। मैं किल्ला ही है, जड़ा परमेश्वर दिया तरफा ला आया
है, जिनी उसयो दिखया है। 47 मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है,
की जड़ा कोई मिंजो पर भरोसा करदा है, हमेशा दी जिन्दगी उदी है।
(aiōnios g166) 48 रोटी जड़ी जिन्दगी दिन्दी है सै मैं है। 49 तुहाड़े
पूर्वजां सुनसान जगा च मन्ना खादा कने मरी गे। 50 ऐ जिन्दगी दी
रोटी है जड़ी स्वर्गे ला उतरदी है ताकि माणु इसयो खा कने कदी मरे
ना। 51 जिन्दी रोटी जड़ी स्वर्गे ला उतरी सै मैं है। अगर कोई इसा
रोटिया चे खा, तां हमेशा जिन्दा रेंणा, कने जड़ी रोटी मैं संसारे दिया
जिन्दगिया तांई दिंगा, सै मेरा मास है।" (aiōn g165) 52 इस पर
यहूदी अगुवे ऐ बोली करी अपु चे लड़ना लग्गे, "ऐ माणु सांझो
कियां अपणा मास खांणे जो देई सकदा है?" 53 यीशुऐ उना ने
बोलया, "मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है जालू दीकर मेरा, माणुऐ

दे पुत्रे दा मास नी खांगे, कने उदा खून नी पींगे, तुसां च जिन्दगी नी
है। 54 जड़ा मेरा मास खांदा है, कने मेरा खून पिंदा है, हमेशा दी
जिन्दगी उदी ही है, कने न्याये दे रोजे उसयो फिरी जिन्दा करणा।
(aiōnios g166) 55 क्योंकि मेरा शरीर सच्ची खांणे दी चीज है कने
मेरा खून भी सच्ची पिंणे दी चीज है। 56 जड़ा मेरा मास खांदा है
कने मेरा खून पिंदा है सै मिंजो च टिकी रेंदा है, कने मैं उदे च रेंदा
है। 57 मेरा पिता परमेश्वर जिनी मिंजो भेजया है, सै जिन्दगी दिन्दा
है। जियां उनी मिंजो जिन्दगी दितियो, तियां ही मैं भी उस माणुऐ जो
जिन्दगी देणी जड़ा मेरे शरीर जो खांदा है।" 58 ऐ सै रोटी है, जड़ी
स्वर्गे ला उतरी होई है; पर तुहाड़े पूर्वजां मन्ना खादा, कने मरी गे:
जड़ा कोई ऐ रोटी खांगा, उनी हमेशा जिंदे रेंणा। (aiōn g165) 59 ऐ
गल्लां उनी कफरनहूम शेहरे दे इक यहूदी जंज घर च उपदेश दिन्दे
बेले बोलियां। 60 तांई तां यीशुऐ दे चेलयां चे मतयां ऐ सुणीकरी
बोलया, ऐ समझणा बड़ा मुश्किल है; की कुण इसयो मन्नी सकदा
है? 61 यीशुऐ अपणे मने च ऐ जाणी करी की मेरे चेले अपु चे इसा
गल्ला दे बारे च बुड़बुड़ा दे न, उना ला पुछया, "क्या ऐ गल्ल
तुहांजो मिंजो पर भरोसा करणे ला रोकदी है? 62 कने अगर तुसां
मिंजो माणुऐ दे पुत्रे जो स्वर्गे जांदे दिखगे, जिथू सै पेहले था, तां क्या
होंगा? 63 परमेश्वरे दी आत्मा तां जिन्दगी देणेबाली है, शरीर ने कोई
फायदा नी है: जड़ियां गल्लां मैं तुसां ने बोलियाँ सै पवित्र आत्मा ने
बोलियां न, कने ऐ गल्लां माणुआं जो जिन्दगी दीदियां न। 64 पर
तुसां चे कितणे ऐसे न जड़े भरोसा नी करदे न।" क्योंकि यीशु तां
पेहले ही जाणदा था की जड़े भरोसा नी करदे न, सै कुण न; कने
कुनी उसयो पकड़वाणा है। 65 कने यीशुऐ बोलया, इसी तांई मैं
तुसां ने बोलया था की जालू दीकर पिता परमेश्वर दिया तरफा ला ऐ
बरदान ना होऐ, तालू दीकर सै मेरे बाल नी आई सकदा है। 66 इसी
पर उदे चेलयां चे मते बापस फिरी गे कने उदे बाद कदी उस सोगी
नी चले। 67 तालू यीशुऐ उना बाहरां चेलयां ने बोलया, "क्या तुसां
भी चली जाणा चांदे न?" 68 शमौन पतरसे उसयो जबाब दिता, प्रभु
जी, असां कुसदे बाल जाणा? हमेशा दिया जिन्दगिया दियां गल्लां तां
तेरे बाल ही न। (aiōnios g166) 69 कने असां भरोसा कितया है,
कने जाणी गियो न, की परमेश्वरे दा पवित्र जन कने मसीहा तू ही है
जिसयो परमेश्वरे भेजया है। 70 यीशुऐ उसयो जबाब दिता, "क्या मैं
तुसां बाहरां चेलयां जो नी चुणयां है? तमी तुसां च इक माणु बुरा
है।" 71 ऐ उनी शमौन इस्करियोती दे पुत्र यहूदा दे बारे च बोलया,
क्योंकि ऐई जड़ा उना बाहरां च था, जिनी उसयो पकड़वाणा था।

7 इना गल्लां बाद यीशु गलील प्रदेश च गुमदा रिया, क्योंकि
यहूदी अगुवे उसयो मारणे दी कोशिश करा दे थे, इस तांई सै
यहूदिया प्रदेश च गुमणा नी चांदा था। 2 कने यहूदी लोकां दा इक
त्योहारे ओंणे बाला था जिसयो झोपड़ियां दा त्योहार बोलदे थे। 3
इस तांई यीशुऐ दे भाईयां उसयो बोलया, "ऐथू ला यहूदिया प्रदेश जो
चली जा, की जड़े कम्म तू करदा है, उना जो तेरे चेले भी दिखन।
4 क्योंकि कोई भी जड़ा प्रसिद्ध होणा चांदा है सै लुकी करी कम्म नी
करदा, अगर तू ऐ कम्म करदा है, तां अपणे आपे जो संसारे च सबना
दे सामणे कर।" 5 क्योंकि यीशुऐ दे भाई भी उस पर भरोसा नी
करदे थे। 6 तालू यीशुऐ उना ने बोलया, "मेरा बकत हले नी आया
है; पर तुहाड़े तांई कोई भी बकत सही है। 7 संसारे दे लोक तुसां ने
बैर नी करी सकदे न, पर सै मिंजो ने बैर करदे न, क्योंकि मैं उदे
खिलाफ ऐ गबाई दिन्दा है, की उना दे कम्म बुरे न। 8 तुसां त्योहारे
जो जा; मैं हले इसी त्योहारे जो नी जांणा, क्योंकि हले दीकर मेरा
बकत पूरा नी होया है।" 9 सै उना ने ऐ गल्लां बोली करी गलील
प्रदेश च ही रिया। 10 पर जालू उदे भाई त्योहारे जो चली गे, तां सै
बादे च लुकी करी ओथु गिया। 11 यहूदी लोक त्योहारे च ऐ बोली
करी यीशुऐ जो तोपणा लग्गे की सै कुथु है? 12 कने लोंकां च उदे
बारे च लुकी-लुकी करी मतियां गल्लां बोलियां: कुछ बोलदे थे की,
"सै भला माणु है।" कने कितणे ही बोलदे थे, की नी सै लोकां जो
भटकांदा है। 13 यहूदी अगुवे दे डरे दिया बजा ने कोई भी माणु उदे
बारे च खुली करी नी बोलदा था। 14 कने जालू त्योहारे दा अधा
रोज होई गिया; तां यीशु मंदरे च जाई करी उपदेश देणा लग्गा। 15
तालू यहूदी लोक हेरान होईकरी बोलणा लग्गे, की ऐ माणु बिना
पवित्र शास्त्र पढ़यो ज्ञानी कियां बणी गिया? 16 यीशुऐ उना जो जबाब
दिता, "मेरा उपदेश मेरा अपणा नी है, पर परमेश्वरे दिया तरफा ला है
जीनी मिंजो भेजया है। 17 अगर कोई उदिया इच्छा पर चलणा चा,
तां उनी जाणी लेंणा की मेरी शिक्षा परमेश्वरे दिया तरफा ला ओंदी है,
पर उपदेशे दे बारे च जाणी लेंणा की सै परमेश्वरे दिया तरफा ला है।
18 जड़ा अपणिया तरफा ला कुछ बोलदा है, सै अपणी ही इज्जत
मान चांदा है; पर जड़ा अपणे भेजणे बाले दा इज्जत मान चांदा है सै
ही सच्चा है, कने उदे च धोखा नी है। 19 क्या मूसा परमेश्वरे दा
संदेश देणेबाले तुहांजो व्यवस्था नी दितियो है? तमी तुसां चे कोई भी
व्यवस्था पर नी चलदा है। तुसां कजो मिंजो मारी देणा चांदे न?" 20
लोंका जबाब दिता; "तिजो च बुरी आत्मा है! कुंण तिजो मारणा
चांदा है?" 21 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, "मैं इक कम्म सब्ते
बाले दिने किता, कने तुसां सारे हेरान होई गे। 22 इसा बजा ने मूसा
तुहांजो खतने दा हुकम दितया है, ऐ नी की सै मूसा दिया तरफा ला है
पर ऐ पूर्वजां ला चली आईयो है, कने सब्ते दे रोजे तुसां माणुऐ दा
खतना करदे न। 23 जालू सब्ते दे रोजे माणुऐ दा खतना करदे न
ताकि मूसा दिया व्यवस्था दा हुकम न टली जा, तां तुसां मिंजो पर
कजो इस तांई गुस्सा करदे न, की मैं सब्ते दे रोजे इकी माणुऐ जो पुरी
तरा ठीक किता। 24 तुसां बाहरी रूप दिखीकरी न्याय मत करा,
पर सच्चाईया ने न्याय करा।" 25 तालू कितणे यरूशलेम शेहर दे
रेणेबाले बोलणा लग्गे, "क्या ऐ सै ही नी है, जिसयो साड़े अगुवे
मारणे दी कोशिश करा दे न? 26 पर दिखा, सै तां शरेआम गल्लां
करदा है कने कोई उसयो कोई कुछ नी बोलदा है; क्या होई सकदा
की यहूदी अगुवां सच्ची जाणी लिया है की, ऐई मसीह है? 27
इसयो तां असां जाणदे न, की ऐ कुथु दा है; पर मसीह जालू ओंणा है,
तां कुसयो नी पता होणा है सै कुथु दा है।" 28 तालू यीशुऐ मंदरे
च उपदेश दिन्दे होऐ जोरे ने बोलया, "तुसां मिंजो जाणदे न, कने
ऐ भी जाणदे न की मैं कुथु दा है: मैं तां अपु ला नी आया है पर

मिंजो भेजणे बाला भरोसेमंद है, उसयो तुसां नी जांणदे न। 29 पर मैं
उसयो जाणदा है; क्योंकि मैं उदिया तरफा ला है कने मिंजो उनी ही
भेजया है।'' 30 इसा गल्ला पर अगुवां उसयो पकड़ना चाया पर
तमी कुनी भी उसयो गिरफ्तार नी किता, क्योंकि उदा मरणे दा सही
बकत हले दीकर नी आया था। 31 कने भिड़ा चे मतयां यीशुऐ
पर भरोसा किता, कने बोलणा लग्गे, की जालू मसीहे ओंणा है, तां
उनी क्या इदे भी जादा अनोखे कम्म दसणे जड़े इनी दसे न? 32
फरीसियां लोंका जो उदे बारे च ऐ गल्लां बल्ले-बल्ले करदे सुणाया;
कने बड्डे याजकां कने फरीसियां उसयो पकड़ने तांई मंदरे दे रखबाले
भेजे। 33 इस पर यीशुऐ बोलया, ''मैं थोड़िया देरा दीकर तुहाड़े
सोगी है; फिरी मैं अपणे भेजणे बाले दे बाल बापस चली जाणा है।
34 तुसां मिंजो तोपणा है, पर मैं मिलणा नी है; कने जिथू मैं है, ओथु
तुसां आई नी सकदे।'' 35 यहूदी अगुवां अपु चे बोलया, इनी कुथु
जाणा की सांझो इनी मिलणा ही नी है। क्या सै उना बाल जांगा जड़े
यूनान शेहरे च लग-लग जगा च रेंदे न, कने यूनान दे लोकां जो भी
उपदेश दिंगा? 36 सै क्या बोलणा चांदा है, जड़ी उनी बोली, की
तुसां मिंजो तोपणा है, पर मैं नी मिलणा है: कने जिथू मैं है, ओथु तुसां
नी आई सकदे? 37 फिरी त्योहारे दे आखरी रोजे, जड़ा खास दिन
है, यीशु खड़ोता कने जोरे ने बोलया, ''अगर कोई त्रिणा है तां मेरे
बाल ओऐ कने पांणी पिऐ? 38 जड़ा मिंजो पर भरोसा करगा, जियां
पवित्र शास्त्रां च लिख्या है, उदे मने चे पाणिऐ दियां खड्डां जड़ियां
जिन्दगी दिन्दियां सै चली पोणियां न।'' 39 जालू यीशुऐ ऐ गल्ल
बोली, तां सै पवित्र आत्मा दे बारे च बोला दा था, सै उना सारयां
जो मिलदा है जड़े उस पर भरोसा करदे थे, क्योंकि पवित्र आत्मा
हल्ले दीकर नी उतरया था। क्योंकि परमेश्वरे हले दीकर यीशु दी
महिमा जो प्रगट नी कितया था। 40 तालू भिड़ा चे केई लोकां ऐ
सुणीकरी बोलया, ''सच्ची ऐई है सै परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला है,
जिसदी असां उम्मीद रखियो है।'' 41 लोकां बोलया, ऐ मसीह है,
पर कुनी बोलया, ''कजो? क्या मसीह गलील प्रदेश ला ओंणा है?
42 पर पवित्र शास्त्रां च लिखया है, की मसीहे दाऊदे दे बंशे ला कने
बैतलहम शेहरे ला ओंणा है, जिथू दाऊद रेंदा था?'' 43 इयां यीशुऐ
दिया बजा ने लोंकां च फूट पेई गेई। 44 उना चे कितणे हीं उसयो
पकड़ाणा चांदे थे, पर कोई भी उसयो गिरफ्तार नी करी सकया।
45 तालू सपाई बड्डे याजकां कने फरीसियां बाल बापस आऐ, कने
उना सिपाईयां ला पुछया, ''तुसां उसयो कनी लंदा?'' 46 सिपाईयां
जबाब दिता, की कुनी माणुऐ कदी भी ऐदिया गल्लां नी बोलियां।
47 फरीसियां उना जो जबाब दिता, ''क्या तुसां भी भटकी गियो न?
48 क्या सरदारां या फरीसियां चे कुनी भी उस पर भरोसा किता
है? 49 पर ऐ लोक जड़े मूसा दी व्यवस्था जो नी जाणदे, उना जो
परमेश्वरे श्राप दितया है।'' 50 नीकुदेमुसे, (जड़ा राती यीशुऐ बाल
आया था कने उना चे इक था), उना ने बोलया, 51 ''क्या साड़ी
व्यवस्था कुसी माणुऐ जो जालू दीकर पेहले उदे बारे च सुणीकरी
समझी ना ले की सै क्या करदा है, उसयो सजा दिन्दी है?'' 52 उना
उसयो जबाब दिता, ''क्या तुमी गलील प्रदेशे दा है? पवित्र शास्त्र
च तोप कने तां तिजो पता चलणा, की गलील दे इलाके ला कोई
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले प्रगट नी होंणा है।'' 53 तालू सारे अपणे-
अपणे घरे जो चली गे।

8 पर यीशु अपणे चेलयां सोगी जैतून रूखां दे पाहड़े पर गिया।
2 यीशु अगली ब्यागा तड़के मंदरे दे अंगणे च बापस आया, कने
मते सारे लोक उदे बाल आये; कने सै बेठी करी उना जो उपदेश देणा
लग्गा। 3 जालू सै बोला दा ही था, तां धार्मिक व्यवस्था जो सिखाणे
बाले कने फरीसी इक जनानिया जो लेई आये जड़ी व्यभिचार च
पकड़ियो थी, कने उसा जो सामणे खरेड़ी करी यीशुऐ बोलया, 4
''गुरू जी, ऐ जनानी व्यभिचार करदे पकड़ियो है। 5 व्यवस्था च
मूसा सांझो हुकम दितया है की ऐसे माणुऐ जो पथर मारी करी मारी
दिया: तां तू क्या बोलदा है की सांझो क्या करणा चाईदा?'' 6 उना
यीशुऐ जो परखणे तांई ऐ गल्ल बोली थी ताकि उना जो यीशुऐ पर
दोष लांणे तांई कोई गल्ल मिल्ले, पर यीशु झुकी करी उंगलियां ने
जमिना पर लिखणा लग्गा। 7 जालू सै उसला पूछदे रे, तां उनी सिधे
होईकरी उना ने बोलया, ''तुसां चे जिनी भी कदी पाप नी कितया है,
सै ही पेहले इसा जो पथर मारे।'' 8 कने फिरी झुकी करी उंगलियां
ने जमिना पर लिखणा लग्गा। 9 पर ऐ सुणीकरी बडयां ला लेईकरी
छोटयां दीकर सारे इक-इक करी के निकली गे क्योंकि सै जाणदे थे
की सै पापी न, कने सिर्फ यीशु कने सै जनानी ओथु रेई गेई। 10
यीशुऐ सिधे होईकरी उसा ने बोलया, ''हे जनानी, सै कुथु गे? क्या
कुनी तिजो सजा देंणे दा हुकम नी दिता?'' 11 उना बोलया, ''प्रभु
जी, कुनी भी नी।'' यीशुऐ बोलया, ''मैं भी तिजो सजा देणे दा हुकम
नी दिन्दा; हुण बापस घरे चली जा, कने हुण दोवारा कदी जिंदगी च
पाप मत करदी।'' 12 तां यीशुऐ लोंका ने फिरी बोलया, ''संसारे दी
लौ मैं है; जड़ा मेरियां गल्लां पर चलगा, उनी नेहरे च नी चलणा है,
कने उसयो सै लौ मिलणी जड़ी हमेशा दी जिन्दगी दिन्दी है।'' 13
फरीसियां उसला बोलया; ''तू अपणी गबाई अपु ही दिन्दा है, तेरी
गबाई सच्ची नी है।'' 14 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, ''अगर मैं
अपणी गबाई अपु दिन्दा है, तमी मेरी गबाई ठीक है, क्योंकि मैं
जाणदा है, की मैं कुथु ला आया है कने कुथयो जांणा है? पर तुसां नी
जाणदे की मैं कुथु ला ओंदा है या कुथयो जांणा है। 15 तुसां लोक
इन्सानी सोच ने बाकी लोकां दा न्याय करदे न; मैं कुसदा भी न्याय
नी करदा है। 16 कने अगर मैं न्याय करे भी तां मेरा न्याय सच्चा है;
क्योंकि मैं किल्ला नी है, पर मैं पिता परमेश्वरे सोगी है, जिनी मिंजो
भेजया है। 17 कने मूसा दिया व्यवस्था च लिखया भी है; दो जणया
दी गबाई मिली करी ठीक होंदी है। 18 इक तां मैं अपु अपणी गबाई
दिन्दा है, कने दूजा मेरा पिता परमेश्वर मेरी गबाई दिन्दा है जिनी
मिंजो भेजया है।'' 19 उना यीशुऐ ला पुछया, तेरा पिता कुथु है?
यीशुऐ जबाब दिता, ''ना तुसां मिंजो जाणदे न, ना तुसां मेरे पिता
परमेश्वर जो, अगर मिंजो जाणदे होंदें तां मेरे पिता परमेश्वर जो भी
जाणदे।'' 20 ऐ गल्लां उनी मंदरे दे अंगणे च उपदेश दिन्दे भंडार घरे
च बोलियां, कने कुनी भी उसयो नी पकड़या; क्योंकि उदे मरणे दा
बकत हले दीकर नी आया था। 21 यीशुऐ फिरी उना ने बोलया, ''मैं

चली जाणा है, कने तुसां मिंजो तोपणा है कने तुसां अपणे पाप माफ
होयो बिना ही मरी जाणा। जिथू मैं जांदा है, ओथु तुसां नी आई सकदे
न।” 22 इस पर यहूदी अगुवां बोलया, क्या इनी अपणे आपे जो
मारी लेणा है, की ऐ बोला दा है, “जिथू मैं जांदा है ओथु तुसां नी
आई सकदे न?” 23 यीशुऐ उना ने बोलया, “तुसां इस संसारे च पैदा
होयो न, पर मैं स्वर्गे ला आया है, तुसां इस संसारे द न, मैं संसारे दा
नी है। 24 इस तांई मैं तुसां ने बोलया, कि तुसां अपणे पापां माफ
होयो बिना ही मरी जाणा है, अगर तुसां भरोसा नी करदे की मैं सै ही
है जड़ा ओंणे बाला है, तां तुसां मरी जाणा, कने तुहाड़े पाप माफ नी
किते जाणे न।” 25 यहूदी अगुवां उसला पुछया, “तू कुण है?”
यीशुऐ उना ने बोलया, जालू ला मैं उपदेश देणा शुरू कितया है तालू
ला मैं दसदा आया है की मैं सेई है। 26 मिंजो तुहाड़े न्याय दे बारे च
तुसां जो मता कुछ बोलणा है, पर मिंजो भेजणे बाला सच्चा है। कने
जड़ा मैं उसला सुणदा है, सै ही संसारे दे लोकां जो बोलदा है। 27 सै
हले दीकर ऐ नी समझी सके थे की सांझो ने पिता परमेश्वर दे बारे च
बोला दा है। 28 तालू यीशुऐ बोलया, “जालू तुसां मिंजो, माणुऐ दे
पुत्रे जो उपर चढ़ांगे, जालू ला मैं उपदेश देणा शुरू कितया है तालू
ला मैं दसदा आया है की मैं सेई है, कने अपणे आपे ला कुछ नी
करदा है, पर जियां मेरे पिता परमेश्वरे मिंजो सिखया है, तियां ही ऐ
गल्लां बोलदा है। 29 कने मिंजो भेजणे बाला मेरे सोगी है, उनी
मिंजो किल्ला नी छडया; क्योंकि मैं हमेशा ला ही कम्म करदा है,
जिस ने सै खुश होंदा है।” 30 मतयां लोकां जिना यीशु जो ऐ गल्लां
बोलदे सुणया, उस पर भरोसा किता। 31 तालू यीशुऐ उना यहूदी
लोकां ने जिना उस पर भरोसा कितया था, बोलया, “अगर तुसां
मेरी गल्लां च बणी रेंगे, तां सच्ची मेरे चेले न। 32 तुसां सच्च जो
जाणना, कने सच्च ने तुहांजो अजाद करणा।” 33 उना उसयो जबाब
दिता, “असां तां अब्राहम दे बंशज न, कने कदी कुसदे गुलाम नी रे;
फिरी तू कजो बोला दा, की तुसां अजाद होई जाणा?” 34 यीशुऐ
उना जो जबाब दिता, “मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है की जड़ा
कोई पाप करा दा है सै पापे दा गुलाम है। 35 कने सेवक हमेशा घरे
च नी रेंदा है; पर पुत्र हमेशा घरे च रेंदा है। (aiōn g165) 36 इस तांई
अगर पुत्र तुहांजो अजाद करगा तां, तुसां सच्ची दे अजाद होणा है।
37 मैं जाणदा है की तुसां अब्राहम दे बंशज दे न; तमी मेरे उपदेशां दा
पालन नी करणा, तांई तां तुसां मिंजो मारी देणा चांदे न। 38 मैं उना
चिंजा जो दस्सा दा है जिना जो मैं दिखया है जालू मैं पिता परमेश्वरे
सोगी था, कने तुसां सै ही करदे रेंदे न जड़ा तुसां अपणे पिता ला
सुणाया है।” 39 उना उसयो जबाब दिता, “साड़ा पूर्वज तां अब्राहम
है।” यीशुऐ उना ने बोलया, अगर तुसां अब्राहम दे बंशज होंदे, तां
जड़ा अब्राहम करदा था सै कम्म तुसां भी करदे। 40 अब्राहमे जड़ा
किता, सै करणे दिया बजाऐ तुसां मिंजो मारणे दी कोशिश करा दे न,
जिनी तुहांजो सच्चा बचन सुणाया जड़ा परमेश्वरे ला सुणाया ऐसा तां
अब्राहमे नी कितया था। 41 तुसां अपणे पिता सांई कम्म करदे न,
उना उसयो बोलया, “असां व्यभिचारे ने नी जमयो न, साड़ा सिर्फ
इक ही पिता है सै ही परमेश्वर है।” 42 यीशुऐ उना ने बोलया,
“अगर परमेश्वर तुहाड़ा पिता होंदा, तां तुसां मिंजो ने प्यार रखदे;
क्योंकि मैं परमेश्वरे दिया तरफा ला आया है; मैं अपणिया इच्छा ने
नी आया है, उनी ही मिंजो भेजया है। 43 जड़ा मैं कुछ बोलदा है सै
तुसां कजो नी समझदे न? इस तांई तुसां मेरे संदेश जो मनणे तांई मना
करदे न। 44 तुसां अपणे पिता शैताने ला न, कने अपणे पिता दियां
जरूरतां जो पूरा करणा चांदे न। सै तां शुरू ला ही हत्यारा है, कने सै
कदी भी सच्चा नी था, क्योंकि सच्च उदे अंदर है ही नी: जालू सै
जूठ बोलदा है, तां सै अपणे सभावे ने जूठ बोलदा है; क्योंकि सै
जूठा है, बल्कि जूठ दा पिता है। 45 पर मैं सच्च बोलदा है, इस
तांई तुसां मेरा भरोसा नी करदे? 46 तुसां चे कुण मिंजो पापी साबित
करी सकदा है? अगर मैं सच्चा है, तां तुसां मिंजो पर भरोसा कनी
करदे? 47 जड़ा कोई भी परमेश्वरे ने रिश्ता रखदा है, सै परमेश्वरे
दियां गल्लां सुणदा है; कने तुसां इस तांई नी सुणदे क्योंकि तुहाड़ा
परमेश्वरे सोगी कोई रिश्ता नी है।” 48 ऐ सुणीकरी यहूदी अगुवां
उसयो बोलया, “क्या असां ठीक नी बोलदे न, की तू सामरी है, कने
तेरे अंदर बुरी आत्मा है?” 49 यीशुऐ जबाब दिता, “मिंजो च बुरी
आत्मा नी है; पर मैं अपणे पिता परमेश्वर दा आदर करदा है, कने
तुसां मेरा निरादर करदे न। 50 मैं अपणा आदर मान नी चांदा है, पर
इक है जड़ा चांदा है मिंजो आदर मान मिल्ले, कने सै सेई है जड़ा
न्याय भी करदा है। 51 मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, अगर कोई
माणु मेरियां शिक्षा पर चलगा, तां उनी कदी नी मरणा है।” (aiōn
g165) 52 यहूदी अगुवां उसयो बोलया, “हुण सांझो पता लगी गिया
की तिजो अंदर बुरी आत्मा है: अब्राहम मरी गिया है, कने परमेश्वरे
दा संदेश देणेबाले भी मरी गियो न कने तू बोलदा है, अगर कोई मेरे
संदेश जो मनगा तां उनी अनन्तकाल दीकर मरणा नी है।” (aiōn
g165) 53 साड़ा पूर्वज अब्राहम तां मरी गिया है, क्या तू उसला भी
बडा है? कने परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले भी मरी गियो न, तू अपणे
आपे जो क्या समझदा है। 54 यीशुऐ जबाब दिता, “अगर मैं अपु
अपणी तारीफ करें, तां मेरी तारीफ कुछ नी, पर जड़ा मिंजो आदर
मान दिन्दा है, सै मेरा पिता परमेश्वर है, कने जिसयो तुसां बोलदे न,
की सै तुहाड़ा परमेश्वर है। 55 कने तुसां तां उसयो नी जाणया, पर मैं
उसयो जाणदा है, कने अगर मैं बोले की मैं उसयो नी जाणदा है, तां
मैं तुहाड़े सांई जूठा बणना: पर मैं उसयो जाणदा कने उदे हुकम मनदा
है। 56 तुहाड़ा पूर्वज अब्राहम मेरा दिन दिखणे दिया आसा च बड़ा
मगन था; कने उनी दिखया कने खुश होया।” 57 यहूदी अगुवां
उसयो बोलया, “हले दीकर तू पंजा सालां दा भी नी है, फिरी भी
तू अब्राहम जो दिखया है?” 58 यीशुऐ उना ने बोलया, मैं तुसां ने
सच्च-सच्च बोलदा है, अब्राहम पैदा होणे ला पेहले, मैं है। 59 तालू
लोकां यीशुऐ जो मारणे तांई पथर चुके, पर यीशु लुकी करी मंदरे ला
निकली गिया।

**9** फिरी यीशुऐ जांदे बेले इक माणुऐ जो दिखया, जड़ा जमदा ही
अन्ना था। 2 कने उदे चेलयां उसला पुछया, “गुरू जी, कुनी
पाप कितया था की ऐ अन्ना जमया, इनी माणुऐ, या उदे माता
पिता?” 3 यीशुऐ जबाब दिता, ना तां इनी पाप कितया था, ना तां इदे

माता पिता: पर ऐ इस तांई अन्ना जमया, की परमेश्वरे दी शक्ति इदे
च प्रगट होऐ। 4 जिनी मिंजो भेजया है; सांझो झट हीं उदे दितयो
कम्मा जो पूरा करणा है: सै रात ओंणे बाली है जिदे च कोई कम्म नी
करी सकदा है। 5 जालू दीकर मैं संसारे च है, तालू दीकर संसारे दी
लौ मैं है। 6 ऐ बोली करी उनी जमिना पर थूक्या कने उसी थूके ने
मिटी सेड़ी कने सेई मिटी उस अन्ने दिया हखी पर लगाई करी। 7
उसयो बोलया, "जा, कने अपणा मु शीलोह दे कुण्डे च धोई ले"
(शीलोह दे कुण्डे दा मतलब है भेजया है) तां उनी जाई करी धोता,
कने जालू सै घरे जो बापस ओणा लग्गा तां उसयो मिलणा लगी
पिया। 8 तालू उदे पड़ोसी कने होर लोक जिना उसयो पेहले भीख
मंगदे दिखया था, इक दुज्जे ने बोलणा लग्गे, "क्या ऐ सै ही नी है,
जड़ा बेईकरी भीख मंगदा था?" 9 केईयां लोंका बोलया, ऐ सैई है,
होरनी बोलया, नी, पर उदे सांई है उनी बोलया, "मैं सेई है जड़ा
बेईकरी भीख मंगदा था।" 10 तां सै उसला पूछणा लग्गे, "तेरियां
हखी दी लौ कियां बापस आई?" 11 उनी जबाब दिता, "यीशु नाऐ
दे इकी माणुऐ मिट्टी सेड़ी, कने मेरियां हखी पर लगाई करी मिंजो
बोलया, शीलोह दे कुण्ड च जाई करी मु धोई ले, मैं गिया कने धोई
करी मिंजो मिलणा लगी पिया।" 12 उना उसयो पुछया, सै माणु
कुथु है? उनी बोलया, "मैं नी जाणदा।" 13 लोक उस मांणुऐ जो
जड़ा पेहले अन्ना था उसयो फरीसियाँ बाल लेई गे। 14 जिस दिने
यीशुऐ मिट्टी सेड़ी करी उदियां हखी ठीक कितियां थियां सै सब्ते दा
रोज था। 15 फिरी फरीसियां भी उसयो पुछया; तेरी हखी कियां
ठीक होईयां? उनी उना जो बोलया, "उनी मेरी हखी पर मिट्टी लाई,
फिरी मैं धोई लेई, कने हुण मिंजो मिलणा लगी पिया।" 16 इस
पर केई फरीसी बोलणा लग्गे, "ऐ माणु परमेश्वरे दिया तरफा ला
नीं है, क्योंकि सै सब्ते दे रोजे जो नी मंनदा है।" होरनी बोलया,
इस सांई पापी माणु इस तरीके ने चमत्कार कियां दस्सी सकदा है?
इसा गल्ला जो लेईकरी उना च फुट पेई गेई। 17 उना उस अन्ने ने
फिरी बोलया, उनी तेरियां हखी ठीक कितियां न, तू उदे बारे च
क्या बोलदा है? उनी बोलया, "सै परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला है।"
18 पर यहूदी अगुवां जो भरोसा नी होया की ऐ अन्ना था कने हुण
दिखणा लग्गी गिया है जालू दीकर उदे माता पिता जो सदया जिदियां
हखी ठीक होईयां थियां। 19 कने उना ला पुछया, "क्या ऐ तुहाड़ा
पुत्र है, इसयो तुसां बोलदे थे की अन्ना जमया था? फिरी इसयो कियां
मिलणा लगी पिया है?" 20 उदे माता पिता जबाब दिता, "असां तां
जाणदे न की ऐ साड़ा पुत्र है, कने अन्ना जमया था। 21 पर असां ऐ
नी जाणदे की हुण कियां करी इसयो मिलणा लगी पीया है; कने ना ऐ
जाणदे की कुनी इसदियां हखी ठीक कितियां; सै अपणे जबाब देणे
तांई काफी बडा है; उसी ला पूछी लिया; उसी ला पुच्छी लिया उनी
अपणे बारे च अपु बोली देणा है।" 22 ऐ गल्लां उदे माता पिता
तां बोलियां क्योंकि सै यहूदी अगुवां ला डरदे थे; क्योंकि यहूदी
अगुवे एका करी के बैठयो थे, की अगर कोई भरोसा करे की सै
मसीह है, तां सै यहूदी जंज घर ला कडी देणा। 23 इसा बजा ने उदे
माता पिता बोलया की सै सबालां दा जबाब देणे तांई बतेरा बडा है,
उसला ही पूछी लिया। 24 तालू यहूदी अगुवां उस माणुऐ जो फिरी
सदया जड़ा अन्ना था उसयो बोलया, "परमेश्वरे दे सामणे बायदा
कर की तू सच्च बोलगा; असां तां जाणदे न की सै माणु पापी है।"
25 उनी जबाब दिता, "मैं नी जाणदा सै पापी है या नी: मैं तां बस इक
गल्ल जाणदा है की मैं अन्ना था कने हुण दिखदा है।" 26 उना
उसला फिरी पूछया, "उनी तेरे ने क्या किता? उनी तिजो कियां ठीक
किता?" 27 उनी उना ने बोलया, "मैं तां तुसां ने बोली बैठया है,
कने तुसां नी सुणाया; हुण दुई बरी कजो सुणना चांदा न? क्या तुसां
भी उदे चेले बणना चांदे न?" 28 तालू उना उसयो बुरा भला बोलया
कने बोलया, तू ही उदा चेला है; असां तां परमेश्वर दे संदेश देणेबाले
मूसा दे चेले न। 29 असां जाणदे न की परमेश्वरे मूसा ने गल्लां
कितियां न; पर इस माणुऐ जो नी जाणदे न की कुथु ला आया है। 30
उनी उना जो जबाब दिता, ऐ तां हेरानिया दी गल्ल है की तुसां नी
जाणदे कुथु दा है पर तमी उनी मेरियां हखी ठीक करी दितियां। 31
असां जाणदे न की परमेश्वर पापियां दी नी सुणदा है पर अगर कोई
परमेश्वरे दा भक्त हो, कने उदिया इच्छा पर चलदा है, तां सै उदी
सुणदा है। 32 जालू ला इस संसारे जो बणाया है तालू ला ऐ कदी
नी सुणाया, की कुनी भी जनमे दे अन्ने दियां हखी ठीक कितियो
होन। (aiōn g165) 33 अगर ऐ माणु परमेश्वरे दिया तरफा ला नी
होंदा, तां उनी कुछ भी नी करी सकणा था। 34 उना उसयो जबाब
दिता, तू तां बिलकुल पापां च जमया है, तू क्या सांझो सिखा दा है?
तालू उना उसयो यहूदी जंज घर ला बाहर कडी दिता। 35 यीशुऐ
सुणया, की उना उसयो यहूदी जंज घरे ला बाहर कडी दितया है;
कने जालू उसला मिलया तां बोलया, "क्या तू परमेश्वरे दे पुत्रे पर
भरोसा करदा है?" 36 उनी जबाब दिता, "श्रीमान जी, मिंजो दस
की ऐ परमेश्वरे दा पुत्र कुण है, ताकि मैं उस पर भरोसा करी सके?"
37 यीशुऐ उसला बोलया, मैं, "तू मिंजो पेहले भी दिखया है कने मैं
ही सै परमेश्वरे दा पुत्र है, जड़ा हुण तिजो ने गल्लां करा दा है।" 38
उनी बोलया, "प्रभु जी, मैं तिजो पर भरोसा करदा है।" कने उसयो
दण्डवत किता। 39 तालू यीशुऐ बोलया, "मैं इस संसारे च इस न्याय
जो करणे तांई आया है: ताकि अन्ने लोकां जो मिलणा लग्गी पोणा
कने जिना लोकां जो मिलदा है सै अन्ने होई जाणे।" 40 जड़े फरीसी
उदे सोगी थे, उना ऐ गल्लां सुणीकरी उसला बोलया, "क्या तू बोला
दा है की असां भी अन्ने न?" 41 यीशुऐ उना ने बोलया, अगर तुसां
अन्ने होंदे तां पापी नी होणा था पर हुण बोलदे न, की सांझो मिलदा
है, इस तांई तुहाड़े पाप माफ नी किते जाणे न।

10 "मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, की अगर कोई भेडां दिया
गुराला दे दरबाजे ला नी अंदर ओऐ, पर होर कुसी पासे ला
चढ़ी करी अंदर ओऐ, सै चोर कने डाकू है। 2 पर जड़ा दरबाजे चे
जांदा है सै भेडां दा पुआल है। 3 उदे तांई द्वारपाल दरबाजा खोली
दिन्दा है, कने भेडां उदी अबाज पछेणदियां न, कने सै अपणियां भेडां
जो ना लेई-लेईकरी सददा है कने बाहर लेई जांदा है। 4 कने जालू सै
अपणिया सारियां भेडां जो बार कडी बोंदा है, तां उना दे अग्गे-अग्गे
चलदा है, कने भेडां उदे पिच्छे-पिच्छे चली पोंदिया न; क्योंकि सै

उदी अबाज पछेणदियां न। 5 पर सै होरसी दे पिच्छे नी जांदियां, पर
उना ला नठदियां न, क्योंकि सै होरसी दी अबाज नी पछेणदियां
न।” 6 यीशुऐ उना ने ऐ कहाणी बोली, पर सै नी समझे की ऐ बोलणे
दा क्या मतलब है। 7 ताल् यीशुऐ उना ने फिरी बोलया, मैं तुसां ने
सच्च-सच्च बोलदा है, की भेडां दा मैं ही दरबाजा है जिदे चे भेडां
अंदर ओंदियां न। 8 जितणे मिंजो ला पेहले आये; सै सारे चोर कने
डाकू न, पर मेरियां भेडां उना दी नी सुणी। 9 मैं ही दरबाजा है;
अगर कोई मिंजो चे अंदर जा तां परमेश्वरे उदा उद्धार करणा कने
उनी अंदर बाहर ओंदे जांदे रेणा कने उसयो खाणे पिणे जो मिलदी
रेंणी। 10 चोर सिर्फ भेडां जो चोरणे कने मारणे कने खत्म करणे तांई
ओंदा है। पर मैं इस तांई आया की उना जो सच्चाई च जिन्दगी कने
भरपूरी दी जिन्दगी मिल्ले। 11 खरा पुआल मैं है; खरा पुआल भेडां
तांई अपणी जान देई दिन्दा है। 12 भाड़े पर रखयो होया मजदूर जाल्
सै भेड़िये जो ओंदे दिखणा तां उनी नठी जाणा। उनी भेडां जो छडी
देणा क्योंकि सै उना दा पुहाल नी है कने भेडां उदियां नी न। इस तांई
भेड़िया उना पर हमला करदा है कने झुण्ड जो बखेरी दिन्दा है। 13
सै इस तांई नठी जांदा है की सै भाड़े दा मजदूर है, कने उसयो भेडां
दी चिंता नी है। 14 खरा पुआल मैं है, मैं अपणियां भेडां जो जाणदा
है कने मेरियां अपणियां भेडां मिंजो जाणदियां न, 15 जियां पिता
परमेश्वर मिंजो जाणदा है, कने मैं पिता परमेश्वरे जो जाणदा है। कने
मैं भेडां तांई मरणे तांई तैयार है। 16 कने मेरियां होर भी भेडां न,
जड़ियां इसा गुराला दियां नी न, मिंजो उना जो लोंणा भी जरूरी है,
उना मेरी अबाज पछेणनी है; तां फिरी इक झुण्ड कने इक ही पुआल
होंणा है। 17 मैं अपणिया मरजिया ने जान दिन्दा है, इस तांई पिता
परमेश्वर मिंजो ने प्यार करदा है, ताकि मैं दोबारा जिन्दा होई जा।
18 कोई मेरिया जिन्दगिया जो मिंजो ला नी लेई सकदा है, इसयो मैं
अपणिया इच्छा ने दिन्दा है। मिंजो अपणी जिंदगी देंणे दा भी हक है,
कने उना जो फिरी बापस लेणे दा भी हक है: क्योंकि ऐ सेई हुकम है
जड़ा मिंजो मेरे पिता परमेश्वरे ला मिलया है। 19 इना गल्लां दिया
बजा ने यहूदी लोकां च फिरी फुट पेई गेई। 20 उना चे मते बोलणा
लग्गे, इदे च बुरी आत्मा है, कने सै पागल है; इसदी मत सुंणा? 21
होरनी बोलया, ऐ गल्लां ऐसे माणुऐ दियां नी न जिदे च बुरी आत्मा
हो: इक बुरी आत्मा कदी भी नी इक अन्ने माणुऐ दी हखी ठीक
करी सकदी है? 22 यरूशलेम शेहर च यहूदी मंदरे दी स्थापना दा
त्योहार था, कने सर्दियां दी रित थी। 23 यीशु मंदरे दे अंगणे च
घुमा दा था, जिसयो लोक सुलैमान राजे दा ओसारा बोलदे न। 24
ताल् यहूदी अगुवां उसयो घरोटी लिया कने पुछया, “तू सांझो बडे
लम्बे बकते दीकर दुबिधा च रखया है। हुण सांझो साफ-साफ दस।
क्या तू मसीह है।” 25 यीशुऐ उना जो जबाब दिता, “मैं तुसां ने
बोली दितया है, कने तुसां मेरा भरोसा करदे ही नी न, जड़े कम्म मैं
अपणे पिता परमेश्वरे दे हके ने करदा है सै ही मेरे गबाह न। 26
पर तुसां इस तांई मेरा भरोसा नी करदे न क्योंकि तुसां मेरियां भेडां
चे नी न। 27 मेरियां भेडां मेरी अबाज पछेणदियां न, कने मैं उना
जो जाणदा है, कने सै मेरे पिच्छे-पिच्छे चलदियां न। 28 मैं उना
जो हमेशा दी जिन्दगी दिन्दा है, कने उना दा कदी नाश नी होणा,
कने कोई उना जो मेरे हथां ला नी खोई सकदा है। (aiōn g165,
aiōnios g166) 29 मेरा पिता परमेश्वर, जिनी उना जो मिंजो दितया
है, सबना ला बडा है, कने कोई उना जो पिता परमेश्वरे दे हथे ला
खोई नी सकदा। 30 मैं कने पिता परमेश्वर इक ही न।” 31 यहूदी
अगुवां उसयो मारणे तांई फिरी पथर चुके। 32 इस पर यीशुऐ उना ने
बोलया, “मैं पिता परमेश्वरे दिया तरफा ला तुहांजो मते भले कम्म
दसयो न, उना चे कुस कम्मे तांई तुसां मिंजो पथर मारा दे न?” 33
यहूदी अगुवां यीशुऐ जबाब दिता, “भले कम्म तांई असां तिजो पथर
नी मारा दे न, पर परमेश्वरे दी निंदा करणे दिया बजा ने कने इस तांई
की तू माणु होईकरी अपणे आपे जो परमेश्वरे बोलदा है।” 34 यीशुऐ
उना जो जबाब दिता, क्या पवित्र शास्त्र च ऐसा नी लिखया है की
परमेश्वरे अपणे लोकां दे अगुवां ने बोलया की, तुसां ईश्वर न? 35
तुसां जाणदे न की पवित्र शास्त्र च कुछ भी बदलया नी जाई सकदा।
इस तांई अगर उदे लोकां दे अगुवां जो “इश्वर” बोलया गिया हो।
36 तां जाल् मैं बोलदा है, मैं परमेश्वरे दा पुत्र है तां तुसां मिंजो कजो
बोलदे न, “तू निंदा करा दा है।” मैं सै ही है जिसयो पिता परमेश्वरे
लग कितया कने मिंजो संसार च भेजया है। 37 अगर मैं अपणे पिता
दा कम्म नी करदा तां, तुसां मेरा भरोसा मत करा। 38 पर अगर
मैं करदा है, तां चाऐ मेरा भरोसा ना भी करा, पर उना कम्मा दा
तां भरोसा करा, ताल् तुसां जो पता चलणा कने समझणा की पिता
परमेश्वर मिंजो च रेंदा है, कने मैं पिता परमेश्वर च रेंदा है। 39 ताल्
उना फिरी यीशुऐ जो पकड़ने दी कोशिश किती पर सै उना दे हथे ला
बची करी निकली गिया। 40 फिरी यीशु यरदने खड्डा दे पार उसा
जगा पर चली गिया, जिथू यूहन्ना पेहले बपतिस्मा दिन्दा था, कने
ओथु रिया। 41 कने मते लोक उदे बाल आई करी उसला बोलदे थे,
“यूहन्ना तां कोई चमत्कार नी दसया, पर जड़ा कुछ यूहन्ना इदे बारे
च बोला दा सै सारा सच्च था।” 42 कने ओथु मतयां उदे पर भरोसा
किता।

11 बैतनिय्याह ग्रां च इक लाजर नाऐ दा माणु बीमार था। मरियम
कने मार्था उदियां बेहणा थियां। 2 ऐ सै ही मरियम थी जिना
बादे च प्रभुऐ दे पैरा उपर इत्र नियोरी करी उदे पैरां जो अपणे बाला ने
पुंजया था, उसा दा ही भाई लाजर बीमार था। 3 उसा दिया बेंहणा
यीशुऐ जो बोली भेजया, “प्रभु जी, दिख, जिसयो तू प्यार करदा है,
सै बीमार है।” 4 ऐ सुणीकरी यीशुऐ बोलया, “ऐ बिमारी मौत ने
नी मुकणी, पर परमेश्वरे दिया महिमा तांई है, ताकि उसला मिंजो,
परमेश्वरे दे पुत्रे दी महिमा हो।” 5 कने यीशु मार्था कने उदी बेंहण
कने लाजरे ने प्यार करदा था। 6 पर उनी सुणाया, की सै बीमार है,
जिसा जगा सै था, ओथु दो रोज होर रूकी गिया। 7 फिरी दो दिन
बाद उनी चेलयां ने बोलया, “ओआ, असां फिरी यहूदिया प्रदेश दे
इलाके दे बैतनिय्याह शेहरे जो चलदे न।” 8 चेलयां उसयो बोलया,
“गुरू जी, हुंणी तां यहूदी अगुवे तिजो पथर मारणा चांदे थे, क्या
फिरी भी तू ओथु चलया है?” 9 यीशुऐ जबाब दिता, “क्या दिने दे
बाहरा घंटे नी होंदे न? अगर कोई दिने चले, तां उसयो ठोकर नी

लगदी, क्योंकि सै इस संसारे दी लौई ने मतलब की सूरजे दी लौई ने
दिखदे न। 10 पर अगर कोई राती जो चले, तां उसयो ठोकर लगणी,
क्योंकि ताल़ू उदे च लौ नी है।'' 11 इदे बाद यीशुऐ उना ने बोलया,
''साड़ा मित्र लाजर सोई गिया है, पर मैं उसयो जगाणा चलया है।''
12 ताल़ू चेलयां उसयो बोलया, ''प्रभु जी, अगर सै सोई गिया है, तां
उनी ठीक ठाक होई जाणा।'' 13 यीशुऐ तां उदिया मौता दे बारे
च बोलया था: पर सै समझे की उनी निद्रां ने सोई जाणे दे बारे च
बोलया। 14 ताल़ू यीशुऐ उना ने साफ बोली दिता की, लाजर मरी
गिया है। 15 कने मैं तुहाड़े फायदे तांई खुश है की मैं ओथु नी था
जिसने तुसां भरोसा करन। पर हुण ओआ, असां उदे बाल चलदे न।
16 ताल़ू थोमा जिसयो दिदुमुस बोलदे न, अपणे सोगी बाले चेले ने
बोलया, ''ओआ, असां भी उदे सोगी मरणे तांई चलदे न।'' 17
जाल़ू यीशुऐ जो बैतनिय्याह ग्रां च आई करी ऐ पता चला की उसयो
चार दिन पेहले ही कबरा च दफनाई दितया है। 18 बैतनिय्याह ग्रां
यरूशलेम शेहर दे नेड़े लगभग कोई तिन किलो मीटर था। 19 कने
मते यहूदी लोक मार्था कने मरियम बाल उदे भाईऐ दे बारे च शान्ति
देणे तांई आयो थे। 20 जाल़ू मार्था यीशुऐ दे ओंणे दी खबर सुणीकरी
यीशुऐ ने मिलणा गेई, पर मरियम घरे बेई रेई। 21 मार्था यीशुऐ जो
बोलया, ''प्रभु जी, अगर तू ऐथू होंदा, तां मेरा भाई कदी नी मरदा।
22 कने हुण भी जाणदी है, की जड़ा कुछ तू परमेश्वरे ला मंगगा,
परमेश्वरे तिजो देणा।'' 23 यीशुऐ उसा जो बोलया, ''तेरा भाई फिरी
जिंदा होई जाणा।'' 24 मार्था उसयो बोलया, मैं जाणदी है, ''न्याय
दे रोजे जाल़ू हर कोई जिन्दा होई जाणा ताल़ू उनी भी जिन्दा होई
जाणा।'' 25 यीशुऐ उसा ने बोलया, ''मैं सै है जड़ा मरयो लोकां जो
जिन्दगी च बापस लोंदा है, जड़ा कोई मिंजो पर भरोसा करदा है सै
अगर मरी भी जा तमी, उनी जी पोंणा। 26 कने जड़ा कोई मिंजो पर
भरोसा करदा है सै जिन्दा है, कने उनी अनन्तकाल दीकर नी मरणा।
मार्था तू क्या इसा गल्ला पर भरोसा करदी है?'' (aiōn g165) 27
उनी उसयो बोलया, ''हाँ, प्रभु जी, मैं भरोसा करी लिया है, की
परमेश्वरे दा पुत्र मसीह जड़ा संसारे च ओंणे बाला था, सै तू ही है।''
28 ऐ बोली करी सै चली गेई, कने अपणी बेंहण मरियम जो होले
करी सदीकरी बोलया, ''गुरू ऐथू ही है, कने तिजो सदा दा है।'' 29
सै सुणदे ही झट उठी करी उदे बाल आई। 30 (यीशु हले दीकर भी
ग्रांऐ ला बाहर ही था, पर उसा ही जगा च था जिथू मार्था उसला
मिल्ली थी)। 31 ताल़ू जड़े यहूदी लोक मरियम सोगी उसा दे घरे
थे, कने उसा जो दिलासा देदे थे, कने दिखया की मरियम झट उठी
करी बाहर चली गेई। इस तांई सै उसा दे पिच्छे-पिच्छे गे, ऐ सै
समझीकरी की सै कबरा पर रोंणे तांई जा दी है। 32 जाल़ू मरियम
ओथु पुज्जी जिथू यीशु था, तां उसयो दिखदे ही उदे पैरां च पेईकरी
बोलया, ''प्रभु जी, अगर तू ऐथू होंदा तां मेरा भाई नी मरदा।'' 33
जाल़ू यीशुऐ उसा जो कने उसा सोगी आयो यहूदी लोकां जो रोंदे
दिखया, तां यीशुऐ बड़ा ही दुखी होईकरी उना ला पुछया, 34 कने
बोलया, तुसां उसयो कुथु दफनाया है? उना उसयो बोलया, ''प्रभु
जी, चली करी दिखी ले।'' 35 यीशुऐ दियां हखी चे आंसू निकलना
लग्गे। 36 ताल़ू यहूदी लोक बोलणा लग्गे, ''दिखा, सै उसने कदेया
प्यार रखदा था।'' 37 पर उना चे कितणे ही बोलया की, ''इनी तां
उस अन्ने दियां हखी ठीक कितियां न, क्या ऐ लाजरे जो मरणे ला
नी बचाई सकदा था?'' 38 यीशु मने च बड़ा ही दुखी होया कने
कबरा पर आया, सै इक गुफा थी, कने गुफा दे मुऐ पर इक पथर
रखया होया था। 39 यीशुऐ बोलया, ''पथरे जो हटा।'' उस मरयो दी
बेंहण मार्था बोलणा लग्गी, ''प्रभु जी, उदे चे तां हुण मुस्क ओआ दी
है, क्योंकि उसयो मरयो चार रोज होई गियो न।'' 40 यीशुऐ उस जो
बोलया, ''क्या मैं तिजो ने बोलया नी था की अगर तू मिंजो पर
भरोसा करगी तां तू परमेश्वरे दी महिमा जो दिखगी।'' 41 ताल़ू उना
सै पथर हटाया, फिरी यीशुऐ स्वर्ग पासे दिखीकरी के बोलया, ''पिता
परमेश्वर जी, मैं धन्याबाद करदा है की तू मेरी सुणी लेई है।'' 42 पर
जड़ी भीड़ अखे बखे खड़ोतियो है, उना दिया बजा ने यीशुऐ जोरे ने
बोलया, ''मैं जाणदा है, की तू हमेशा मेरी सुणदा है, जिसने की सै
भरोसा करन, की तू मिंजो भेजया है।'' 43 ऐ बोली करी उनी जोरे ने
पुकारया, ''हे लाजर बाहर निकली आ।'' 44 जड़ा मरी गिया था,
सै बाहर आया, कने उदा सारा शरीर पट्टियाँ च कने मु कपड़े च
लपेटया होया था कने यीशुऐ उना जो बोलया, ''इसयो खोली करी
जाणा दिया।'' 45 ताल़ू जड़े यहूदी लोक मरियमा दे सोगी आयो थे,
उना उदा ऐ कम्म दिखया कने उना चे मतयां उदे पर भरोसा किता।
46 उना चे कितणयां ही फरीसियां बाल जाई करी यीशुऐ दे कम्मा दी
खबर दिती। 47 इस पर बड्डे याजकां कने फरीसियां दी महासभा दे
लोंका जो गठेरी करी बोलया, ''असां क्या करगे? ऐ माणु तां बड़े
चमत्कार दसदा है। 48 अगर असां इसयो हुण भी नी रोकदे न, तां
सारयां उस पर भरोसा करी लेंणा की सै ही मसीहा है, कने रोमी
लोकां आई करी साड़े मंदरे कने देशे पर कब्जा करी लेंणा।'' 49
ताल़ू उना दिया सभा चे कैफा नाऐ दा इक माणु जड़ा उस साले दा
महायाजक था, उनी बोलया, ''तुसां कुछ भी नी जाणदे; 50 कने ना
ऐ समझदे न, तुहाड़े तांई ऐ ठीक है, की साड़े लोकां तांई इक माणु
मरे, नी की सारे इस्राएल देशे दे लोकां दा नाश होई जा।'' 51 ऐ
गल्ल उनी अपणे आपे ला नी बोली, पर उस साले दे महायाजक दे
रूपे च, उनी ऐ भविष्यवाणी किती, की यीशुऐ पुरे इस्राएल देशे तांई
मरणा। 52 कने ना सिर्फ इना तांई ही नी। पर उनी परमेश्वरे दी होर
ओलादी तांई भी मरणा जड़े इस संसारे च बिखरयो न, ताकि उना जो
गठेरी सके। 53 यहूदी अगुवे उस रोजे ला ही उसयो मारने दी सलाह
करणा लग्गी पे। 54 इसा साजिशा दिया बजा ने यीशुऐ यहूदियां दे
बिच सरेआम घुमणा बंद करी दिता; यीशु ओथु ला सुनसान जगा दे
नेड़े बाले प्रदेश दे इफ्राईम नाऐ दे इकी शेहरे जो चली गिया, कने
अपणे चेलयाँ सोगी ओथु ही रेंणा लग्गा। 55 कने यहूदिया दे फसह दे
त्योहारे दा बकत नेड़े था, कने मते लोक फसह ला पेहले यरूशलेम
शेहर जो गे ताकि मंदरे च अपणे आपे जो शुद्ध करन। 56 कने यीशुऐ
जो तोपदे कने मंदरे च खड़ोई करी अपु चे बोलणा लग्गे, ''तुसां क्या
समझदे न? क्या सै त्योहारे च नी ओंगा?'' 57 कने बड्डे याजकां कने

फरीसियां ऐ हुकम दितया था, की अगर कुस्यो पता लग्गे की यीशु
कुथु है तां दसनयो, ताकि उसयो गिरफ्तार करी सकन।

**12** फिरी यीशु फसह दे त्योहारे ला छे रोज पेहले बैतनिय्याह ग्रां
च आया, जिथू लाजर जो मरयां चे जिन्दा किता था। 2 ओथु
उना उदे तांई धाम तैयार किती, कने यीशुऐ जो आदर मान देणे तांई
मार्था सेबा करा दी थीं, कने लाजर भी उना चे इक था, जड़े उदे
सोगी रोटी खांणे तांई बैठयो थे। 3 तालू मरियमा जटामासी दा अधा
सेर मेंहगा इत्र लेईकरी यीशुऐ दे पैरां पर नियोरया, कने अपणे बालां
ने उदे पैर पूंजे, कने इत्रे दिया खुशबुआ ने सारा घर सुगन्धित होई
गिया। 4 पर उदे चेलयाँ चे यहूदा इस्करियोती नाऐ दा इक चेला था
जड़ा उसयो पकडवाणा चांदा था, बोलणा लग्गा, 5 "ऐ इत्र तिनसो
दीनारां च बेची करी गरीबां जो कनी देई दिता?" 6 उनी ऐ गल्ल इस
तांई नी बोली की, की उसयो गरीबां दी चिंता थी, पर इस तांई की सै
चोर था कने उदे बाल उना दे पैसयां दी थेली रेंदी थी, कने उसा च
कोई कुछ पांदे थे, सै कडी लेंदा था। 7 यीशुऐ बोलया, "इसा जो
तंग मत करा, इना बकत ला पहले मिंजो दफनाणे दी तैयारी तांई ऐ
करा दी है। 8 गरीबां तां तुहाड़े सोगी हमेशा रेंणा है, पर मैं तुहाड़े
सोगी हमेशा नी रेंणा।" 9 जालू लोकां सुणया की यीशु ओथु था
तां तालू लोकां दी बड़ी भीड़ ओथु आई। सै सिर्फ यीशु जो ही नी
पर लाजर जो भी दिखणा आयो थे जिसयो उनी मरयां चे जिन्दा
कितया था। 10 तालू बड्डे याजकां लाजरे जो भी मारणे दी योजना
बणाई। 11 क्योंकि उदिया बजा ने मते लोक उना जो नी अपनांदे थे,
क्योंकि उना यीशुऐ पर भरोसा कितया। 12 दुज्जे दिने मतयां लोंका
जड़े त्योहरे च आयो थे, ऐ सुणीकरी, की यीशु यरूशलेम शेहर च
ओआ दा है। 13 इस तांई उना खजूरी दियां डालियाँ लियां, कने
उसला मिलणे तांई निकले, कने चिलाणा लग्गे, "होशाना। इस्राएले
दा राजा धन्य हो, जड़ा प्रभु दे नाऐ ने ओंदा है।" 14 जालू यीशुऐ जो
इक गधे दा बच्चा मिल्ला तां सै उस पर बैठी करी यरूशलेम शेहर
च आया, ऐ तियां ही होया जियां की पबित्र शास्त्र च लिखया है।
15 "हे यरूशलेम शेहर दे लोकों, मत डरा; दिख तेरा राजा गधे दे
बच्चे च सवार होईकरी ओआ दा है।" 16 यीशुऐ दे चेले, ऐ गल्लां
पेहले नी समझे थे; पर जालू यीशुऐ दी महिमा प्रगट होई, तां उना
जो याद आया, की जड़ा कुछ भी यीशुऐ ने होया सै ठीक तियां ही
होया जियां की पबित्र शास्त्र च लिखया था; कने लोंका उदे कने
ऐदिया व्यवहार कितया था। 17 तालू भिड़ा दे लोकां जड़े उस बेले
यीशुऐ सोगी थे, सै दुज्जे लोकां जो दसणा लग्गे की उनी लाजरे जो
कबरा ला सदीकरी, उसयो जिन्दा करी दिता। 18 मते लोक यीशुऐ
ने मिलणे तांई आऐ, क्योंकि उना इस चमत्कार दे बारे च सुणाया
था। 19 तालू फरीसियां अपु चे बोलया, "सोचा असां कुछ नी करी
सकदे न, दिखा, संसार च हर कोई उदे पिच्छे होई चलया है।" 20
ओथु कुछ यूनानी लोक थे जड़े फसह दे त्योहारे बेले भक्ति करणे
तांई यरूशलेम शेहर च आयो थे। 21 उना गलील प्रदेश दे बैतसैदा
शेहरे दे रेणेबाले फिलिप्पुस दे बाल आई करी उसला बिनती किती,
"श्रीमान असां यीशुऐ ने मिलणा चांदे न।" 22 फिलिप्पुसे आई करी
अन्द्रियास ने बोलया; तालू अन्द्रियास कने फिलिप्पुसे दोनो जाई
करी यीशुऐ जो बोलया। 23 इस पर यीशुऐ उना जो बोलया, सै बकत
आई गिया है, की मेरी, माणुऐ दे पुत्रे दी महिमा हो। 24 मैं तुसां ने
सच्च-सच्च बोलदा है, की जालू दीकर कणका दा दाणा जमिना च
पेईकरी मरी नी जांदा है, सै किला ही रेंदा है पर जालू मरी जांदा है,
तां मते फल दिन्दा है। 25 जड़ा अपणे प्राणा ने प्यार करदा है, सै उना
जो गबाई दिन्दा है; पर जड़ा इस संसारे च अपणे प्राणा जो प्यार नी
करदा है; तां उनी हमेशा दिया जिन्दगिया तांई उदी रक्षा करणी है।
(aiōnios g166) 26 अगर कोई मेरी सेबा करे, तां मेरा चेला बणे; कने
जिथू मैं है ओथु मेरे सेवके भी होणा; अगर कोई मेरी सेबा करे, तां
पिता परमेश्वरे उदा आदर करणा। 27 हुंण मैं बड़ा बेचेन होआ दा है।
इस तांई मैं क्या बोलें? पिता जी, मिंजो इसा दुखे दिया घड़िया ला
बचाई ले? पर मैं संसार च इस तांई आया की दुख झेले कने मरी जां।
28 हे पिता परमेश्वर तू प्रगट कर की तू कितणा महिमामय है। तालू ऐ
आकाशवाणी होई, "मैं प्रगट कितया है की मैं कितणा महिमा बाला
है कने मैं ऐ फिरी प्रगट करगा।" 29 तालू सै लोक जड़े खड़ोई करी
अबाज सुंणा दे थे, उना बोलया, की बदल गरजया, कने होरनी
बोलया, "कोई स्वर्गदूत उसने बोलया।" 30 इसी पर यीशुऐ बोलया,
"ऐ अबाज तुहाड़े भले तांई थी, मेरे तांई नी है। 31 हुण सै बकत है
जालू परमेश्वरे संसारे दे लोकां दा न्याय करणा, कने हुण सै बकत है
जालू यीशुऐ इस संसारे दे सरदार शैताने दी शक्ति जो खत्म करणा।
32 कने अगर मैं धरतिया ला उपर चढ़ाया जांगा, तां सारयां जो अपणे
बाल लेई ओणा।" 33 इयां बोली करी उनी ऐ प्रगट करी दिता, की
सै कियां मरणे बाला था। 34 इसा पर लोंका उसला बोलया, "असां
पबित्र शास्त्र दी ऐ गल्ल सुणियो है, की मसीहे हमेशा जिन्दा रेंणा है,
फिरी तू कजो बोला दा है, की माणुऐ दे पुत्रे जो उच्चे पर चड़ाणा
जरूरी है? ऐ माणुऐ दा पुत्र कुण है?" (aiōn g165) 35 यीशुऐ उना ने
बोलया, "(लौ) हुण थोड़िया देरा दीकर तुहाड़े बिच है, जालू दीकर
लौ तुहाड़े सोगी है तालू दीकर चली रिया; इयां ना होए की नेहेरा
तुहांजो घेरी ना ले; जड़ा नेहरे च चलदा है उसयो नी पता होंदा की
कुथयो चलया है। 36 जालू दीकर लौ तुहाड़े सोगी है, लौ पर भरोसा
करा की तुसां लौ दी ओलाद बणन।" ऐ गल्लां बोली करी यीशु
चली गिया कने अपणे आपे जो उना ला लुकाई रखया। 37 कने
यीशुऐ उना दे सामणे इतणे चमत्कार दस्से, तमी उना उदे पर भरोसा
नी किता; 38 ऐ इस तांई होया ताकि जड़ा यशायाह परमेश्वरे दा
संदेश देणेबाले बोलया था सै सच्च होई जा; "प्रभु जी, साड़े संदेश
पर कुनी भरोसा किता है? कने परमेश्वर दी पराक्रमी शक्ति कुदे
पर प्रगट होई?" 39 इसा बजा ने सै भरोसा नी करी सके, क्योंकि
यशायाहे फिरी बोलया: 40 परमेश्वरे उना दी हखी अन्निया करी
दितियां ताकि सै दिखी नी सकन, कने उना दे दिमाग बंद करी दिते
ताकि सै समझी नी सकन। नितां उना मिंजो पर भरोसा करी लेणा
कने मैं उना जो ठीक करी दिन्दा। 41 यशायाहे ऐ गल्लां इस तांई
बोलियां, की उनी बकते ला पेहले उदी महिमा दिखी, कने उदे बारे
च गल्लां कितियां। 42 मते अगुवां भी उदे पर भरोसा किता, पर

फरीसियां दिया बजा ने सबना सामणे नी मंनदे थे, इस डरे ने नी
की उना जो यहूदी जंज घर ला कडी दिंगे। 43 क्योंकि उना जो
परमेश्वरे दी तारीफ़ ला, माणुऐ दी तारीफ़ जादा प्यारी लगदी थी।
44 यीशुऐ भिड़ा जो पुकारी करी बोलया, “जड़ा मेरे पर भरोसा
करदा है, सै सिर्फ मिंजो पर नी पर मिंजो भेजणे बाले परमेश्वरे पर
भरोसा करदा है। 45 कने जड़ा मिंजो दिखदा है, सै मिंजो भेजणे
बाले परमेश्वरे जो दिखदा है। 46 मैं संसारे च इक लौ बणी करी
आया है ताकि जड़ा मिंजो पर भरोसा करगा सै कदी नेहरे च नी
रेंगा। 47 अगर कोई मेरियां गल्लां सुणीकरी उना दा पालन नी करे,
तां मैं उसयो दोषी नी बोलणा है, क्योंकि मैं संसारे दे लोकां जो दोषी
ठहराणे तांई नी आया, पर संसारे दा उद्धार करणे तांई आया है।” 48
जड़ा मिंजो तुच्छ समझदा है कने मेरियां गल्लां जो नी मंनदा है,
उना दा न्याय करणे बाला तां इक ही है, मतलब की जड़ा बचन मैं
बोलया है, उनी उसयो आखरी दिना च दोषी बणाणा। 49 क्योंकि मैं
अपणे हक ने ऐ गल्लां नी कितियां न, पर पिता परमेश्वर जिनी मिंजो
भेजया है उनी मिंजो हुकम दितया है की क्या-क्या बोलें? 50 कने मैं
जाणदा है, की उदे हुक्मा जो मनणा हमेशा दिया जिन्दगिया दा रस्ता
है, इस तांई मैं तुसां जो सेई बोलदा है जड़ा पिता परमेश्वर मिंजो
बोलदा है। **(aiōnios g166)**

**13** फसह दे त्योहरे ला पेहले जालू यीशुऐ जाणी लिया, की मेरा
सै बकत आई गिया है की मैं संसारे जो छडी करी अपणे पिता
परमेश्वर बाल बापस चली जां, यीशु अपणे चेलयां सोगी हमेशा प्यार
करदा रिया, जड़े संसार च यीशुऐ सोगी थे, जदिया प्यार सै करदा
था, आखरी दीकर सियुदा ही प्यार रखदा रिया। 2 यीशु कने उदे
चेले राती दा खाणा खा दे थे। शैताने पेहले ही यीशुऐ जो धोखा देणे
तांई शमौन दे पुत्र यहूदा इस्करियोती दे मने च ऐ पाई दितया था, की
उसयो पकड़वाई दे। 3 जालू यीशु ऐ जाणदा था की पिता परमेश्वरे
मिंजो हर चिजा पर हक दितया है कने मैं परमेश्वरे दे बखे ला आया
है, कने परमेश्वरे बाल बापस जांणा है। 4 खांणा खांदे बेले उठी
करी यीशुऐ अपणे बाहरी कपड़े खोली दिते, कने अंगोछा लेईकरी
अपणा लक्के च बन्नी लिया। 5 तालू भांडे च पांणी लेईकरी चेलयां
दे पैर धोई करी कने जड़ा अंगोछा लक्के च लपेटया था उसला
पुंजणा लग्गा। 6 जालू यीशु शमौन पतरस दे बखे आया तालू पतरसे
उसयो बोलया, “प्रभु जी, तू कजो मेरे पैरां धोणा लगया है?” 7
यीशुऐ उसयो जबाब दिता, “जड़ा मैं करदा है, तू हुण इदा मतलब नी
जाणदा है, पर कुछ बकते बाद जाणना है।” 8 पतरसे उसयो बोलया,
मैं तुसां जो अपणे पैरां जो कदी नी धोणा देणा। ऐ सुणीकरी यीशुऐ
उसयो बोलया, “अगर तू मिंजो अपणे पैर नी धोणे नी दिते, तां तू मेरा
चेला नी है।” **(aiōn g165)** 9 शमौन पतरसे उसयो बोलया, “प्रभु
जी, तां मेरे पैर ही नी बल्कि हथ कने सर भी धोई दे।” 10 यीशुऐ
उसयो बोलया, “इक माणु जड़ा नोहोई बैठया है, सै बिलकुल साफ
है, उसयो सिर्फ अपणे पैरा जो धोंणे दी जरूरत है। कने तुसां सारे शुद्ध
न सिर्फ इकी जो छड्डी करी।” 11 सै तां अपयों पकड़ाणे बाले जो
जाणदा था तांई तां उनी बोलया, “तुसां सारे दे सारे शुद्ध नी न।” 12
जालू यीशु उना दे पैरां जो धोई बैठा तां सै अपणे बाहरे बाले कपड़े
पाई करी फिरी बेई गिया कने उना ने बोलणा लग्गा, “क्या तुसां
समझे की मैं तुहाड़े सोगी क्या कितया है? 13 तुसां मिंजो गुरू, कने
प्रभु, कने ठीक ही बोलदे न, क्योंकि मैं तुहाडा गुरू कने प्रभु है। 14
अगर मैं प्रभु कने गुरू होईकरी तुहाडे पैर धोते, तां तुहांजो भी नम्र
होईकरी इक दुज्जे दे पैर धोई करी मिंजो ला सिखणा चाईदा। 15
क्योंकि मैं तुहांजो इक नमूना दस्सी दितया है, की जियां मैं तुहाडे
सोगी किता, तुसां भी तियां ही करा। 16 मैं तुसां ने सच्च-सच्च
बोलदा है, नोकर अपणे मालिके ला बडा नी होंदा, कने ना भेजया
होया अपणे भेजणे बाले ला बड्डा होंदा। 17 हुण तां तुसां इना गल्लां
जो जाणदे न, तां इना जो करा ताकि तुसां भी धन्य होन। 18 मैं तुसां
सबना दे बारे च नी बोला दा है: जिना जो मैं चुणयां है, उना जो मैं
जाणदा है: पर ऐ इस तांई होआ दा है ताकि पबित्र शास्त्रां च जड़ा
लिखया है सै पूरा हो, जिनी मेरे सोगी रोटी खादी, उनी मिंजो धोखा
दिता है। 19 हुण मैं तुहांजो उदे होणे ला पेहले दसी दिन्दा है ताकि
जालू होई जांगा तां तुसां भरोसा करनयो की मैं सेई है। 20 मैं तुसां ने
सच्च-सच्च बोलदा है, की जड़ा मेरे भेजयां जो अपनांदा है, सै
मिंजो भी अपनांदा है, कने जड़ा मिंजो अपनांदा है, सै मेरे भेजणे
बाले जो भी अपनांदा है।” 21 ऐ गल्लां बोलणे बाद यीशु बड़ा ही
दुखी होया कने अपणे चेलयां जो दसया, “मैं तुसां ने सच्च-सच्च
बोलदा है, की तुसां चे इकी जणे मिंजो पकड़ाणा है।” 22 चेले ऐ
शक करदे होऐ, इकी दुऐ पासे दिखणा लग्गे, ऐ कुसदे बारे च बोला
दा है। 23 उदे चेलयां चे इक जिसने यीशु प्यार रखदा था, यीशुऐ दे
बखे बैठया था। 24 तालू शमौन पतरसे उदे पासे इशारा करी के
पुछया, “दसी दे तां, सै कुसदे बारे च बोला दा है?” 25 तालू उनी
भी यीशुऐ दे बखे जाई करी पुछया, “प्रभु जी, सै कुण है?” 26
यीशुऐ जबाब दिता, “जिसयो मैं ऐ रोटिया दा टुकड़ा चटनिया च
डोबी करी दिंगा, सै ही है।” कने उनी टुकड़ा चटनिया च डोबी करी
शमौने दे पुत्र यहूदा इस्करियोती जो दिता। 27 कने जियां ही यहूदा
टुकड़ा खादा, यीशुऐ उसयो बोलया, “जड़ा तू हुण करणा जा दा है,
सै झट कर, तालू ही शैतान उदे च बड़ी गिया। 28 खाणा खाणे
बालयां चे बाकी कुसियो भी पता नी था की यीशुऐ उसयो ऐसा कजो
बोलया। 29 यहूदा बाल पैसयां दी थेली रेंदी थी, इस तांई कुनी-कुनी
समझया, की यीशु उसयो बोला दा है, की जड़ा कुछ सांझो त्योहारे
तांई चाईदा सै खरीदी ले, या गरीबां जो कुछ दे। 30 तालू सै रोटी दे
टुकड़े जो खाई करी झट बाहरे जो चली गिया, कने राती दा बकत
था। 31 जालू सै बाहर चली गिया तां यीशुऐ बोलया, हुण मेरी,
माणुऐ दे पुत्रे दी महिमा होई, कने परमेश्वरे दी महिमा मिंजो च होई;
32 कने परमेश्वरे अपणे पुत्रे दी महिमा करणी, कने तोल्ली ही करणी
है। 33 हे प्यारे बच्चो, मैं होर थोड़ी देर तुहाडे बखे है; फिरी तुसां
मिंजो तोपणा, कने जियां मैं यहूदियाँ जो बोलया, जिथू मैं जांणा,
ओथु तुसां नी आई सकदे न, तियां ही मैं हुण तुहांजो भी बोलदा है।
34 मैं तुहांजो इक नौआं हुकम दिन्दा है, इक दुज्जे ने तियां ही प्यार
करा: जियां मैं तुसां ने प्यार करदा है, तियां ही तुसां भी इक दुज्जे

ने प्यार करा।'' 35 अगर तुसां इक दुज्जे ने प्यार करगे, तां हर कुसी जो पता चलणा की तुसां मेरे चेले न। 36 शमौन पतरसे उसयो बोलया, ''प्रभु जी, तू कुथु जांणा है?'' यीशुऐ जबाब दिता, जिथू मैं जांणा है, ओथु तू मेरे पिच्छे नी आई सकदा? पर बादे च तुसां मेरे पिच्छे ओणा। 37 पतरसे उसयो बोलया, ''प्रभु जी, हुण मैं तेरे पिच्छे कनी आई सकदा है? मैं तां तेरे तांई अपणी जान देणे तांई तैयार है।'' 38 यीशुऐ जबाब दिता, क्या तू मेरे तांई मरणा है? मैं तिजो ने सच्च-सच्च बोलदा है की मुर्गे जो बांग देणे ला पेहले तू मिंजो तिन्न बरी बोलणा की तू मिंजो नी जाणदा।

**14** ''तुहाड़ा मन दुखी ना हो, तुसां परमेश्वरे पर भरोसा रखा कने मिंजो पर भी भरोसा रखा। 2 मेरे पिता परमेश्वर दे घरे रेहणे दियां मतियां जगा न, अगर नी हुंदियां, तां मैं तुसां ने बोली दिन्दा क्योंकि मैं तुहाड़े तांई जगा तैयार करणा जांदा है। 3 मेरे जाणे कने तैयारी करणे बाद, तां मैं फिरी आई करी तुहांजो अपणे सोगी लेई जांगा, ताकि जिथू मैं रें ओथु ही तुसां भी रेन। 4 उसा जगा दा रस्ता जिथू मैं जाणा है ओथु दा रस्ता तुसां जाणदे न।'' 5 थोमे उसला बोलया, ''प्रभु जी, सांझो नी पता तू कुथु जाणा है, तां सांझो रस्ता कियां पता होंणा?'' 6 यीशुऐ उना जो बोलया, ''रस्ता कने सचाई कने जड़ा जिन्दगी दिन्दा है सै मैं ही है, मेरे बिना कोई भी पिता परमेश्वरे बाल नी पुज्जी सकदा है। 7 अगर तुसां मिंजो जाणया होंदा, तां मेरे पिता परमेश्वरे जो भी जाणदे, कने हुण उसयो जाणदे भी हेन, कने उसयो दिखया भी है।'' 8 फिलिप्पुसे उसला बोलया, ''प्रभु जी, पिता परमेश्वर दे दर्शण करवाई दे: इतणा ही साड़े तांई काफी है।'' 9 यीशुऐ उसयो बोलया, हे फिलिप्पुस, मैं इतणे रोजां ला तुहाड़े सोगी है, क्या तू मिंजो नी जाणदा? जिनी मिंजो दिखया है उनी पिता परमेश्वर जो भी दिखया है: तू कजो बोला दा की पिता परमेश्वर दे दर्शण करवाई दे? 10 क्या तू भरोसा नी करदा है, की मैं पिता परमेश्वर च है, कने पिता परमेश्वर मिंजो च है। ऐ गल्लां जड़ियां मैं तुसां ने बोला दा है, अपणिया तरफा ला नी बोला दा, पर पिता परमेश्वरे मिंजो च रेईकरी जड़ा चांदा है सै ही करदा है। 11 मेरा ही भरोसा करा, की मैं पिता परमेश्वर च है; कने पिता परमेश्वर मिंजो च है; नितां जड़े चमत्कार मैं कितयो न उना दिया बजा ने मेरे पर भरोसा करा। 12 मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, की जड़ा मिंजो पर भरोसा करदा है, ऐ कम्म जड़े मैं करदा है उनी भी करणे, क्योंकि मैं पिता परमेश्वर बाल जाणा है। 13 कने जड़ा कुछ तुसां मेरे नाऐ ने मंगगे, सेई मैं करगा ताकि पुत्रे दे जरिये पिता परमेश्वर दी महिमा होऐ। 14 अगर तुसां मिंजो ला मेरे नाऐ ला कुछ मंगगे, तां मैं सै पूरा करणा। 15 अगर तुसां मिंजो ने प्यार करदे न, तां मेरे हुकमा जो मनगे। 16 कने मैं पिता परमेश्वर ने बिनती करगा, की सै तुहांजो इक होर मददगार दे, ताकि सै हमेशा तुहाड़े सोगी रे। (aiōn g165) 17 सै सच्च दी आत्मा, जड़ी पवित्र आत्मा है, सै परमेश्वरे दे बारे च सच्च जो प्रगट करदा है, क्योंकि संसार ना पवित्र आत्मा जो दिखदा है कने ना उसयो जाणदा है: तुसां पवित्र आत्मा जो जाणदे न, क्योंकि सै तुहाड़े सोगी रेंदा है कने उनी तुसां च होणा है। 18 ''मैं तुहांजो अनाथ नी छडणा है, मैं तुहाड़े बाल बापस ओणा। 19 थोड़े ही बकते च संसारे दे लोकां मिंजो नी दिखणा, पर तुसां मिंजो दिखणा क्योंकि मैं फिरी ला जिन्दा होणा है, इस तांई तुसां भी जिन्दा रेंणा है। 20 जिस रोजे मैं जिन्दे होईकरी बापस ओणा उसी दिने तुहांजो पता लगणा, की मैं अपणे पिता परमेश्वर च है कने तुसां मिंजो च न, कने मैं तुसां च है। 21 जड़े मेरे हुक्मा जो जाणदा है, कने सै हुक्मा जो मंनदा है, सै ही मिंजो ने प्यार करदा है, कने मैं भी उसला प्यार करणा है कने जड़ा मिंजो ने प्यार करदा है, उसला मेरे पिता परमेश्वरे भी प्यार करणा, कने मैं उसला प्यार रखणा, कने मैं अपणे आपे जो उदे पर प्रगट करणा है।'' 22 उनी यहूदे जड़ा इस्करियोती नी था, उनी बोलया, ''प्रभु जी, क्या होया की तू अपणे आपे जो सांझो पर प्रगट करणा चांदा है, कने संसारे दे लोकां पर नी?'' 23 यीशुऐ उसयो जबाब दिता, मैं अपणे आपे जो ऐसे लोकां जो दसदा है जड़े कोई मिंजो ने प्यार करदे न, कने मेरियां सिखाईयां गल्लां जो मंदे न। कने मेरे पिता उसने प्यार रखणा कने असां आई करी उदे सोगी रेणा है। 24 जड़ा मिंजो ने प्यार नी करदा, सै मेरी सिखाईयां गल्लां जो नी मंनदा है, कने जड़ा मेरी शिक्षा तुसां सुणदे न, सै मेरियां नी न पर मेरे पिता परमेश्वर दी शिक्षा न, जिनी मिंजो भेजया है। 25 ऐ गल्लां मैं तुहाड़े सोगी रेईकरी तुसां ने बोलियां न। 26 मददगार मतलब की पवित्र आत्मा जिसयो पिता परमेश्वरे मेरी जगा लेणे तांई भेजणा है, पवित्र आत्मा तुहांजो सारियां गल्लां सिखाणियां न, कने जड़ा कुछ मैं तुसां ने बोलया है, सै सब कुछ तुहांजो याद कराणा है। 27 मैं तुहांजो शांति दिन्दा है, मैं अपणी शांति तुहांजो दिन्दा है; ऐ सै शांति नी है जड़ी संसार देई सकदा है। तुसां अपणे मने जो दुखी कने डरया होया मत होणा दिया। 28 तुसां सुणाया, की मैं तुहांजो ने बोलया, ''मैं जाणा है। कने तुहाड़े बाल फिरी बापस आई जाणा है अगर तुसां मेरे ने प्यार करदे न, तां इसा गल्लां ने खुश होंदे न, की मैं पिता परमेश्वर बाल जाणा है क्योंकि पिता परमेश्वर मिंजो ला बड़ा महान है।'' 29 कने मैं हुण ऐ सब गल्लां होणे ला पेहले तुहांजो ने बोली दितियां न, की जालू सै होई जांगियां, तां तुसां मिंजो पर भरोसा करन। 30 हुण मेरे बाल तुसां ने तुहाड़े सोगी गल्लां करणे तांई जादा बकत नी क्योंकि इसी संसारे दे सरदारे शैताने ओणा है, कने मिंजो पर उदा कोई हक नी है। 31 मैं तियां ही करदा है जियां पिता परमेश्वरे मिंजो हुकम दिता, ऐ इस तांई की संसार दे लोकां जो पता लग्गे की मैं पिता परमेश्वरे ने प्यार करदा है। कने जियां पिता परमेश्वर मिंजो हुकम दिन्दा, मैं तियां ही करदा है। उठा, ऐथू ला चलदे न।

**15** सच्ची दाखा दी बेल मैं हे; कने मेरा पिता परमेश्वर किसान है। 2 हर इक डाली जड़ी मिंजो ने लगियो है, कने नी फल्दी है, उस जो सै बडी दिन्दा है, कने जड़ी डाली फल्दी है उसा जो सै छांडदा है ताकि सै होर जादा फले। 3 जड़ी शिक्षा मैं तुसां जो दितियो है, उसा दिया बजा ने तुसां शुद्ध न। 4 तुसां मिंजो च बणी रिया, कने मैं तुहांजो च: जियां कोई डाली अगर दाखा दिया बेला ला टूटी जा, तां सै अपु नी फली सकदी, तियां ही तुसां मिंजो च बणी नी रेंगे तां, तुसां कुछ नी करी सकदे। 5 मैं दाख बेल है: कने तुसां डालियाँ

न; जड़ा मिंजो च बणी रेंदा है, कने मैं उदे च, सै मता फलदा है,
क्योंकि मिंजो ने लग होईकरी तुसां कुछ नीं करी सकदे। 6 अगर
कोई मिंजो च बणी नी रे, तां उसा डालियाँ जो बड्डी करी फेंकी दिन्दे
न, कने जालू सै डालियाँ सुकी जांदियां न; कने लोक उना जो गठेरी
करी अग्गी च पाई दिन्दे न, कने सै फकुई जान्दियां न। 7 अगर तुसां
मिंजो ने बंणी रेन, कने मेरियां शिक्षा च तुसां बणी रेंगे तां तुसां जड़ा
चांगे सै मंगा कने सै तुहाड़े तांई होई जाणा। 8 मेरे पिता परमेश्वर दी
महिमा इसी ने होंदी है, की तुसां बड़ा जादा फल लोंगे, ऐई तुहाडा
मेरे चेले होणे दा सबूत है। 9 जियां पिता परमेश्वरे मिंजो ने प्यार
रख्या, तियां ही मैं भी तुहांजो ने प्यार किता, मेरे प्यारे च बंणी रिया।
10 अगर तुसां मेरे हुकमा जो मनगे, तां मेरे प्यारे च बंणी रेणा जियां
की मैं अपणे पिता परमेश्वरे दे हुक्मा जो मनया है, कने उदे प्यारे च
बणी रेंदा है। 11 मैं ऐ गल्लां तुहांजो इस तांई बोलियां न, ताकि तुसां
च भी सेई खुशी हो जड़ी मिंजो च है, कने तुहाड़ी खुशी पुरी होई
जा। 12 मेरा हुकम ऐ है, की जियां मैं तुसां ने प्यार रखया है तियां ही
तुसां भी इक्की दुज्जे ने प्यार रखा। 13 कुसी बाल ऐ दसणे तांई की सै
अपणे मित्रां ने प्यार करदा है, इसला बडा होर कोई तरिका नी है की
सै अपणे मित्रां जो बचाणे तांई अपणी जान देई दे। 14 जड़ा भी हुकम
मैं तुहांजो दिन्दा है, अगर तुसां उसयो करन, तां तुसां मेरे मित्र न। 15
हुण मैं तुहांजो सेवक नी बोलणा, क्योंकि सेवक नी जाणदा है, की
उदा स्वामी क्या करदा है: पर मैं तुहांजो मित्र बोलया है, क्योंकि मैं
जड़ियां गल्लां अपणे पिता परमेश्वरे ला सुणियां, सै सारियां तुहांजो
दस्सी दितियां न। 16 तुसां मिंजो नी चूंणया है पर मैं तुहांजो चूंणया है
कने तुहांजो नियुक्त कितया है ताकि तुसां जाई करी फल देन; कने
तुहाड़ा फल टिकाऊ रे, ताकि तुसां मेरे चेले न, इस तांई जड़ा कुछ
तुसां मेरे ना ने मंगगे, सै तुहांजो दे। 17 इना गल्लां दा हुकम मैं इस
तांई दिन्दा है, ताकि तुसां इक्की दुज्जे ने प्यार रखन। 18 अगर संसार
दे लोक तुहांजो ने बैर रखदे न, तां तुसां जाणदे न, की इना तुसां ला
पेहले मिंजो ने भी बैर रखया। 19 अगर तुसां संसारे दे लोकां सांई
होंदे, तां संसारे दे लोक अपणयां ने प्यार करदे न, पर इसा बजा ने
की तुसां इस संसारे दे लोकां ने रिश्ता नी रखदे, कने मैं तुहांजो इस
संसारे ला चूंणया है, इस तांई संसारे दे लोक तुहांजो ने बैर रखदे न।
20 जड़ा मैं तुसां जो दसया है, सेवक अपणे मालिके ला बडा नी
होंदा है, इसयो याद रखा अगर उना मिंजो सताया, तां तुहांजो भी
सताणां है; अगर उना मेरियां शिक्षा जो मनया, तां तुहाड़ी शिक्षा जो
भी मनणा। 21 पर ऐ सारा कुछ लोकां इसा बजा ने तुहाड़े सोगी
करणा क्योंकि तुसां मेरे चेले न, कने सै मेरे भेजणे बाले परमेश्वरे जो
नी जाणदे न। 22 अगर मैं नी ओंदा कने उना ने गल्लां नी करदा, तां
सै पापी नी बणदे पर हुण उना जो उना दे पापां तांई कोई भाना नी।
23 जड़ा मिंजो ने बैर रखदा है, सै मेरे पिता परमेश्वर ने भी बैर रखदा
है। 24 अगर मैं उना च सै चमत्कार नी करदा, जड़े कुनी होरनी नी
किते तां सै पापी नी बणदे, पर हुण उना मिंजो दिखी लिया है फिरी
भी सै मिंजो कने मेरे पिता परमेश्वरे दोनो ने बैर करदे न। 25 ऐ इस
तांई होया की जड़ा उना दे पवित्र शास्त्र च लिखया है ऐ इना गल्लां
जो पूरा करदा है, उना बिना कुसी बजा ने मिंजो ने नफरत किती। 26
पर जालू सै मददगार ओंगा, जिसयो मैं तुहाड़े बाल पिता परमेश्वरे
दिया तरफा ला भेजगा, मतलब की सच्च दी आत्मा जड़ी पिता
परमेश्वरे दिया तरफा ला निकलदी है, तां उनी मेरी गबाई देंणी। 27
कने तुसां भी गबाह न क्योंकि तुसां शुरू ला मेरे सोगी न।

16 ऐ गल्लां मैं तुहांजो ने इस तांई बोलियां की कुथी तुसां भरोसा
करणा ना छडी देन। 2 उना तुहांजो यहूदी जंज घर ला कडी
देणा, कने सै बकत ओणा है, की अगर कोई तुहांजो मारी दिंगा, तां
तुहाड़े हत्यारे ऐ समझणा है की सै परमेश्वरे दी सेबा करा दा है।
3 कने उना ऐ इस तांई करणा क्योंकि उना ना पिता परमेश्वर जो
जाणया है कने ना ही मिंजो जाणदे न। 4 पर मैं ऐ गल्लां इस तांई तुसां
ने बोलियां, ताकि जालू उना दा बकत ओऐ तां तुहांजो याद आई जा,
मैं ऐ सब तुसां जो शुरू च इस तांई नी बोलया, क्योंकि उस बकत मैं
तुहाड़े सोगी था। 5 हुण मैं अपणे भेजणे बाले बाल जाणा है कने तुसां
चे कोई मिंजो ला नी पूछदा है, की मैं कुथु चलया है? 6 पर मैं
जड़ियां ऐ गल्लां तुसां ने बोलियां न, इस तांई तुहाड़ा मन बड़ा दुखी
होया है। 7 तमी मैं तुसां ने सच्च बोलदा है, की मेरा जाणा तुहाड़े तांई
खरा है, क्योंकि अगर मैं नी जांगा, तां उनी दिलासा देणेबाले तुहाडे
बाल नी ओंणा, पर अगर मैं जांगा, तां उसयो तुहाड़े बाल भेजी दिंगा।
8 कने उनी आई करी संसारे दे लोकां जो पाप कने धार्मिकता कने
न्याय दे बारे च यकीन दिलाणा। 9 पापे दे बारे च यकीन दिलाणा की
सै मिंजो पर भरोसा करणे ने मना करदे न; 10 कने ऐ साबित करदा है
की यीशु धर्मी था, इस तांई की मैं पिता परमेश्वर बाल चलया है,
कने तुसां मिंजो फिरी नी दिखणा है, 11 कने न्याय दे बारे च भी
यकीन दिलाणा की इस संसारे दे सरदार शैताने जो दोषी ठहराया है।
12 मैं तुहांजो ने होर भी मतियां गल्लां बोलणा चांदा है, पर हले तुसां
इना जो सेहन नी करी सकदे न। 13 पर जालू सै मतलब की सच्च
दिया आत्मा ओंणा है, तां आत्मा तुसां जो परमेश्वर दे बारे च जड़ा
सच्च है सै समझाणा है, क्योंकि उनी अपणे अधिकारे ने नी बोलणा
है, पर जड़ा कुछ परमेश्वरे ला सुणगा, सै ही उनी बोलणा है, कने
होणे बालियां गल्लां तुहांजो दसणियां। 14 उनी मेरी महिमा करणी,
क्योंकि उसयो मेरिया तरफा ला जड़ा मिलया है, उनी तुसां जो सै ही
सिखाणा। 15 जड़ा कुछ पिता परमेश्वर दा है, सै सब मेरा है; तांई तां
मैं बोलया था की, उनी मेरियां गल्लां चे लेईकरी तुहांजो दसणा है।
16 "थोड़े बकते च तुसां मिंजो नी दिखणा, कने फिरी थोड़ी देरा च
तुसां मिंजो दिखणा है।" 17 तालू उदे कितणयां ही चेलयां अपु चे
बोलया, "ऐ क्या है, जड़ा सै सांझो ने बोला दा है, थोड़े बकते च
तुसां मिंजो नी दिखणा, कने फिरी थोड़ी देरा च तुसां मिंजो दिखणा
है? कने ऐ इस तांई की मैं पिता परमेश्वर बाल चलया है?" 18 चेले
इक्की दुज्जे ला पुछदे रे, "की सै क्या बोला दा है। क्या है ऐ थोडे
बकत बाद जिसदे बारे च सै बार-बार बोला दा है।" 19 यीशुऐ ऐ
जाणी करी, की सै मिंजो ला इना गल्लां दा मतलब पूछणा चांदे न,
उना जो बोलया, क्या तुसां अपु चे मेरिया इना गल्लां दे बारे च पूछा
दे न, थोड़े बकते च तुसां मिंजो नी दिखणा, कने फिरी थोड़ी देरा च

तुसां मिंजो दिखणा है? 20 मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है; मेरिया
मौता दे बाद तुसां रोंणा कने दुखी होणा है, पर संसारे दे लोकां खुश
होणा है: तुसां जो दुख होणा, पर जालू मैं मरी करी दुबारा जिन्दा होणा
तालू तुहाड़ा दुख खुशी च बदली जाणा। 21 जालू जनानी बच्चे जो
जमणा लगदी है तां उसा जो बड़ी पिढ़ होंदी है, क्योंकि उसा दे
दुखे दी घड़ी आईयो है, पर जालू सै बच्चा जम्मी बोंदी है तां इसा
खुशिया ने की संसारे च इक माणु पैदा होया है, उस दुखे जो फिरी
कदी याद नी करदी। 22 इयां ही हुण तुहांजो भी दुख है, पर मैं तुसां
ने फिरी मिलणा है कने तुसां खुश होणा; कने तुहाड़ी खुशी तुहांजो ला
कुनी नी खोंणी। 23 जालू मिंजो तुसां दोबारा दिखणा तालू मिंजो
ला कुछ नी पूछणा: मैं तुसां ने सच्च-सच्च बोलदा है, अगर पिता
परमेश्वरे ला कुछ मंगगे, तां उनी मेरे चेले होणे दिया बजा ने तुहांजो
देणा। 24 हले दीकर तुसां मेरे नाऐ ने पिता परमेश्वरे ला कुछ नी
मंगया; पर मंगगे तां मिलणा ताकि तुहाड़ी खुशी पूरी होई जा। 25
“मैं तुहांजो ने ऐ गल्लां कहाणियां च बोलियां न, पर सै बकत ओणा
है, की मैं तुसां ने होर कहाणियां च नी बोलणा है पर खुली करी पिता
परमेश्वर दे बारे च दसणा। 26 उस बेले तुसां अपु मेरे नाऐ ने मंगणा,
क्योंकि तुसां मेरे चेले न कने मैं तुसां जो बोलदा है, की मैं तुहाड़े तांई
पिता परमेश्वर ने बिनती नी करणी। 27 क्योंकि मेरे पिता परमेश्वर
तां अपु ही तुसां ने प्यार करदा है, इस तांई की तुसां मिंजो ने प्यार
रखया है, कने ऐ भी भरोसा किता की, मैं पिता परमेश्वर दिया तरफा
ला निकलया है। 28 मैं पिता परमेश्वर ला निकली करी संसारे च
आया है, फिरी संसारे जो छडी करी पिता परमेश्वरे बाल जाणा है।”
29 उदे चेलयां बोलया, “दिख, हुण तां तू खुली करी बोला दा है,
कने कोई कहाणी नी बोली।” 30 हुण असां जाणी गियो न, की तू
सारा कुछ जाणदा है, कने तिजो कुसी दी जरूरत ही नी की कोई
तिजो ला सबाल पुच्छे, इसला असां भरोसा करदे न, की तू परमेश्वरे
ला निकलया है। 31 ऐ सुणीकरी यीशुऐ उना ने बोलया, “की क्या
तुसां हुण भरोसा करदे न? 32 दिखा, सै बकत ओंणा है बस आई
रिया है की तुसां सारयां बख-बख होईकरी अपणे-अपणे रस्ते जाणा
है, कने मिंजो किल्ला छडी देणा है, तमी मैं किल्ला नी क्योंकि मेरा
पिता परमेश्वर मेरे सोगी है। 33 मैं ऐ गल्लां तुसां ने इस तांई बोलियां
न, ताकि तुसां जो अंदरूनी शांति मिल्ले क्योंकि तुसां मेरे सोगी
रिश्ता रखया, संसार च तुहांजो दुख होणा है, पर सबर रखा, मैं इस
संसारे च राज करणे बाले शैताने जो हराई दीतया है।”

17 यीशुऐ अपणे चेलयां ने ऐ गल्लां बोलणे बाद कने अपणियां
नजरां स्वर्गे पासे करिके बोलया, पिता परमेश्वर, सै बकत
आई गिया है, की तू अपणे पुत्रे दी महिमा कर, ताकि पुत्र भी तेरी
महिमा करे, 2 क्योंकि तू मिंजो सारयां लोकां पर हक दितया है, की
जिना जो तू मिंजो दितया है, उना सबना जो सै हमेशा दी जिन्दगी दे।
(aiōnios g166) 3 कने हमेशा दी जिन्दगी ऐ है कि लोक तिजो जाणी
सकन यानी कि इकलोते सच्चे परमेश्वरे जो। कने ऐ भी की सै मिंजो
जाणन, यानी यीशु मसीह जो, जिसयो तू भेजया है। (aiōnios g166)
4 जड़ा कम्म तू मिंजो करणे जो दितया था, उसयो पूरा करिके मैं
धरतिया पर तेरी महिमा किती है। 5 इस तांई पिता परमेश्वर तू मिंजो
अपणी महिमा ने महिमित कर, महिमा जड़ी संसारे दे होणे ला पेहले
मेरी महिमा तेरे सोगी थी। 6 मैं तुसां जो उना चेलयां पर प्रगट कितया
है, जड़े तुसां मिंजो संसारे चे दितयो न। सै तुहाड़े थे, कने तू उना जो
मिंजो दिता। कने उना तेरे बचना जो मनया है। 7 हुण सै जाणी गियो
न, की जड़ा कुछ तू मिंजो दितया है, सब कुछ तेरिया तरफा ला है।
8 क्योंकि जड़ा संदेश तू मिंजो दिता, मैं उना जो उना बाल देई दिता
कने उना इना गल्लां पर भरोसा किता: कने सच्ची जाणी लिया है,
की मैं तेरिया तरफा ला आया है, कने भरोसा करी लिया है की तू ही
मिंजो भेजया है। 9 मैं उना तांई बिनती करदा है, सिर्फ उना तांई ही
करदा है जड़े तू मिंजो दितयो न क्योंकि सै तेरे न। पर जड़े संसारे ने
रिश्ता रखदे न उना तांई बिनती नी करदा है। 10 कने जड़ा कुछ मेरा
है सै सब कुछ तेरा है; कने जड़ा तेरा है सै मेरा है; इना ने मेरी महिमा
प्रगट होई है। 11 हुण मैं संसारे च नी रेंणा है, कने मैं तेरे बाल ओआ
दा है पर मेरे चेलयां इस संसारे च रेणा है; हे पवित्र पिता, अपणे नाऐ
दिया शक्तिया ने उना दी रक्षा कर, ताकि उना दा इक ही मन हो
जियां साड़ा इक ही मन है। 12 जालू मैं उना सोगी था, तां मैं तेरे उस
नाऐ ने जड़ा तू मिंजो दितया है, उना दी रक्षा किती। मैं उना दी देख
रेख किती, कने बिनाशे दे पुत्रे जो छडी करी उना चे कूसदा भी नाश
नी होया, इस तांई की पवित्र शास्त्रे च लिखियो गल्ल पुरी हो। 13 पर
हुण मैं तेरे बाल ओणा है, कने ऐ गल्लां मैं संसारे च रेंदे होए बोलदा
है, ताकि उना जो मेरी खुशी भरपूरी ने मिल्ले। 14 मैं तेरा संदेश उना
बाल पुजाई दितया है, कने संसारे दे लोकां उना ने बैर किता, क्योंकि
जियां मैं संसार दा नी है, तियां ही से भी संसारे दे नीं न। 15 मैं ऐ
बिनती नी करदा, की तू उना जो संसारे ला चुकी ले, पर ऐ की तू
उना दी शैताने ला रक्षा कर। 16 जियां मैं संसारे दा नी है, तियां ही से
भी इस संसारे दे नी न। 17 तेरा बचन सत्य है। उना जो सच्चाई च
अपणे तांई लग कर। 18 जियां तू मिंजो संसारे च भेजया, तियां ही मैं
भी इना जो संसारे च भेजया है। 19 कने मैं उना दे फायदे तांई अपणे
आपे जो पवित्र करदा है ताकि सै भी सच्च ने पवित्र होन। 20 मैं बस
अपणे चेलयां तांई ही बिनती नी करदा है, पर जड़े इना दी शिक्षा ने
मिंजो पर भरोसा करगे उना तांई भी बिनती करदा है। 21 की सै सारे
इक होन; जियां पिता तू मिंजो च है, कने मैं तिजो च है, तियां ही सै
भी सांझो च होन, इस तांई की संसार दे लोक भरोसा करन, तू ही
मिंजो भेजया है। 22 कने सै महिमा जड़ी तू मिंजो दिती, कने मैं उना
जो दितियो है की सै तियां ही इक होन जियां असां इक न। 23 मैं
उना च कने तू मिंजो च ताकि सै सिद्ध होईकरी इक होई जान, कने
संसार जाणे की तू ही मिंजो भेजया है, कने जियां तू मिंजो ने प्यार
रखया है, तियां ही उना ने भी प्यार रख। 24 पिता परमेश्वर, मैं चांदा
है की जिना जो तू मिंजो दितयो है, जिथू मैं है, ओथु भी मेरे सोगी
होन ताकि सै मेरिया उसा महिमा जो दिखन जड़ी तू मिंजो दितयो है,
क्योंकि तू मिंजो संसारे दे बणने ला पेहले ला ही मिंजो ने प्यार रख्या
है। 25 हे धार्मिक पिता, संसारे दे लोकां तिजो नी जाणया, पर मैं
तिजो जाणदा है कने चेलयां भी जाणया की तू मिंजो भेजया है। 26

कने मैं तेरा ना उना जो दसया कने दसदे रेंणा है ताकि जड़ा प्यार
तिजो मिंजो ने था, सेई उना चे रे कने मैं उना च रेणा।

**18** जालू यीशुऐ प्राथना करणे बाद अपणे चेलयां सोगी किद्रोन दे
नाल्ले पार गिया। ओथु इक बाग था, यीशु कने उदे चेले उस
बागे दे अंदर गे। 2 उसयो पकड़बांणे बाला यहूदा भी उसा जगा जो
जाणदा था, क्योंकि यीशु ओथु अपणे चेलयां सोगी जांदा था। 3
तालू यहूदा, सिपाईयां दी इक टोलिया सोगी कने बड्डे याजकां कने
फरीसियां दे सेवकां जो लेईकरी उस बागे च आया कने हथां च
दिय्ये, मशालां, कने हथियार लियो थे। 4 तालू यीशु, उना सबना
गल्लां जो जाणी करी जड़ियां उसने होंणे बालियां थियां, अग्गे आई
करी उना ला पुछया, की कुसयो तोपा दे न? 5 उना उसयो जबाब
दिता, “नासरत नगर ला यीशुऐ जो।” यीशुऐ उना जो बोलया, की मैं
ही यीशु है। उसयो पकड़वाणे बाला यहूदा भी उना सोगी खड़ोतया
था। 6 यीशुऐ जो ऐसा बोलदे ही, की मैं ही नासरत दा यीशु है, सै
पिच्छे हटी करी धरतिया पर ढेई पे। 7 तालू यीशुऐ उना ला फिरी
पुछया की, तुसां कुसयो तोपा दे न, “उना बोलया, नासरत नगर दे
यीशु जो।” 8 यीशुऐ जबाब दिता, “मैं तां तुसां जो बोली बैठया है
की हाँ मैं ही यीशु है, अगर तुसां मिंजो तोपा दे न तां इना लोकां जो
जाणा दिया, ऐ मेरे चेले न।” 9 ऐसा इस तांई होया की, यीशुऐ जड़ा
पेहले बोलया था सै सच्च होई जा: “जिना जो तू मिंजो दितया है
उना चे मैं इकी जो भी नी गबाया है।” 10 तालू शमौन पतरसे अपणी
तलवार कडी कने, महायाजके दे इकी नोकरे पर चलाई दिती कने
उस दा इक कन उड़ाई दिता। उस सबके दा ना मलखुस था। 11
तालू यीशुऐ पतरसे ने बोलया, “अपणिया तलवारा जो मयाना च
रख। जड़ा कटोरा मेरे पिता परमेश्वरे मिंजो दितया है, क्या मैं उसयो
नी पिऐं?” 12 तालू सिपाईयां कने उना दे सूबेदारां कने यहूदी अगुवां
दे नोकरां यीशु जो पकडी करी बन्नी दिता, 13 कने पहले उसयो
हन्ना बाल लेई गे, क्योंकि सै उस साले दे महायाजक कैफा दा सौरा
था। 14 ऐ सेई कैफा नाऐ दा इक माणु था, जिनी यहूदी अगुवां जो
सलाह दिती थी की साडे लोकां तांई मरणा इक माणुऐ दा खरा है।
15 शमौन पतरस कने इक होर चेला भी यीशुऐ दे पिच्छे चली पे, इस
चेले जो महायाजक जाणदे पछेणदे थे। इस तांई सै यीशुऐ पिच्छे-
पिच्छे महायाजक दे अंगणे दीकर गिया, 16 पर पतरस बाहर दरबाजे
पर खड़ोई रीया, तालू सै दुज्जा चेला जिसयो महायाजक जाणदे थे
सै बाहर आया, कने उनी दरबाजे पर खड़ोतियो नोकराणियां जो
बोली करी पतरसे जो अंदर लेई ओंदा। 17 उना नोकराणिया जडी
दरबाजे पर खड़ोतियो थी, पतरसे जो बोलया, “की तू भी इस माणुऐ
दे चेलयां चे तां नी ऐ?” उनी बोलया, “मैं नी है।” 18 सर्दियां दिया
बजा ने मंदरे दे रखबाले कने सिपाई अग्ग बाली करी तपा दे थे,
कने पतरस भी उना सोगी खड़ोई करी अग्ग तपा दा था। 19 तालू
महायाजके यीशुऐ ला उदे चेले कने उदे उपदेशां दे बारे च पूछताछ
किती। 20 यीशुऐ उसयो जबाब दिता, “मैं सबना च खुली करी
गल्लां कितियां, मैं यहूदी जंज घर कने मंदरे च जाई करी हमेशा
उपदेश दिता जिथू यहूदी गिठे होंदे थे, कने कुछ भी लुकी करी कुछ
नी बोलया। 21 तू मिंजो ला ऐ सबाल कजो पूछा दा है? सुणने बालयां
ला पुछ की मैं उना ने क्या बोलया है। सै जाणदे न की मैं क्या-क्या
बोलया है।” 22 जालू यीशुऐ ऐसा बोलया, तां बखे खड़ोतयो मंदरे दे
रखबालयां चे इकी रखबाले, यीशुऐ जो थपड़ मारी करी बोलया,
“क्या तू महायाजक जो इयां जबाब दे दा?” 23 यीशुऐ उसयो जबाब
दिता, अगर मैं गलत बोलया, तां साबित कर की मैं गलत बोलया;
पर अगर खरा बोलया है तां मिंजो कजो मारा दा है। 24 यीशुऐ अजे
भी बनया ही था, कने हन्ने उसयो तियां ही कैफा महायाजक बाल
भेजी दिता। 25 शमौन पतरस खड़ोई करी अग्ग तपा दा था, तालू
उस सोगी खड़ोतयो लोकां उसयो पुछया की, “कुथी तू भी तां उदे
चेलयां चे तां नी है?” उनी बोलया, “मैं नी है।” 26 महायाजक दे
नोकरां चे इकी नोकरे, जड़ा उदा रिशतेदारां चे था, कने उदा कन
पतरसे बडी दितया था, उनी बोलया की तिजो तां मैं यीशुऐ सोगी
बागे च नी दिखया था? 27 पतरसे फिरी मना करी दिता, कने तालू
झट मुर्गे बांग देई दिती। 28 फिरी यहूदी लोक यीशु जो कैफा बाल
लेई आऐ कने किल्ले जो लेई गे, ऐ रोमी राज्यपाल पिलातुस दा
मेहल था, कने ब्यागा दा बकत था पर सै अपु किले अंदर नी गे
अगर जांदे तां उना अशुद्ध होई जाणा था, क्योंकि पिलातुस यहूदी नी
था। अगर अशुद्ध होई जांदे तां फसह दी रोटी नी खाई सकदे थे।
29 तालू पिलातुस बाहर निकली करी उना बाल आया कने बोलणा
लग्गा, “तुसां इस माणुऐ पर कुसा गल्लां दा अरोप लगा दे न?”
30 उना उसयो जबाब दिता, अगर ऐ अपराधी माणु नी होंदा तां
असां इसयो तेरे बाल नी लोंदे। 31 पिलातुसे उना जो बोलया, “तुसां
ही इसयो लेईजाई करी अपणिया व्यवस्था दे अनुसार इसयो सजा
दिया।” यहूदी अगुवां उसयो बोलया, “की सांझो कोई हक नी है
की असां कुसी जो मौत दी सजा देई सकन।” 32 ऐ इस तांई होया
की यीशु दी सै गल्ल पूरी हो जडी उनी ऐ इशारा करदे बोली थी मेरी
मौत कियां कुस तरीके ने होणी है। 33 तालू पिलातुस फिरी किल्ले दे
अंदर गिया, कने यीशुऐ जो अंदर सदीकरी पुछया, “तू क्या यहूदी
लोकां दा राजा है?” 34 यीशुऐ जबाब दिता, “तू क्या ऐ गल्ल
अपणिया तरफा ला बोला दा है, की कुनी होरनी ऐ गल्ल तिजो मरे
बारे च बोली है?” 35 पिलातुसे जबाब दिता, “तू जाणदा है की मैं
यहूदी नही है? तेरिया ही जाति कने बड्डे याजकां तिजो मेरे हथे दितया
है, तू क्या कितया है?” 36 यीशुऐ जबाब दिता, मेरा राज्य इस संसारे
दा नी है, अगर मेरा राज्य इस संसारे दा होंदा तां मेरे चेलयां लड़णा
था, कने मैं यहूदी अगुवां दे हथे गिरफ्तार नी होंदा: पर मेरा राज्य
ऐथू दा नी है। 37 पिलातुसे उसयो बोलया, तू क्या राजा है? यीशुऐ
जबाब दिता, “तू बोलदा है, की मैं राजा है, मेरा जन्म लेणा कने
संसार च ओंणे दी बजा ऐ है की मैं सच्च दे बारे च सिखाई सके।
जड़ा कोई परमेश्वरे ने सच्चा प्यार करदा है, कने मेरा बचन सुणदा
है।” 38 पिलातुसे उसयो बोलया, “सच्च क्या है?” ऐ बोली करी
सै फिरी यहूदी अगुवां बाल चली गिया कने उना ने बोलया, “मिंजो
उदे च कोई भी दोष नी लग्गा दा है। 39 पर तुहाड़ा ऐ रिबाज है की
मैं फसह दे त्योहारे च तुहाड़े तांई इक कैदी छडी दें। तुसां क्या चांदे

न की मैं तुहाड़े तांई यह्दियां दे राजे जो छडी दें?” 40 ताल् उना
फिरी जोरे ने बोलया, “इसयो नी, पर साड़े तांई तू बरअब्बा जो
छडी दे।” कने बरअब्बा इक डाकू था।

**19** इसा गल्ला पर पिलातुसे सिपाईयां जो हुकम दिता की यीशुऐ
जो लेई जा कने कोड़े मारा। 2 कने सिपाईयां कंडयां दा मुकट
बणाया कने उदे सिरे पर रखया, कने उसयो बैंगणी कपड़े पेनाऐ, 3
कने उदे बखे आई करी बोलणा लग्गे, नमस्ते, यह्दियाँ दे राजा कने
उसयो थपड़ मारे। 4 ताल् पिलातुसे फिरी बाहर निकली करी लोंका
ने बोलया, “मैं उसयो तुहाड़े बाल फिरी लोंदा है, ताकि तुहांजो पता
लग्गे की मिंजो इदे च कुछ भी गलत नजर नी आया।” 5 ताल्
यीशुऐ जो कंडयां दा मुकट कने बैंगणी कपडे पेनाइ करी बाहर लांदा
कने पिलातुसे उना ने बोलया, “इस माणुऐ जो दिखा।” 6 जाल् बड्डे
याजकां कने मंदरे दे रखबालयां उसयो दिखया, तां चीलाई करी
बोलया, “इसयो सूली पर चढ़ा, सूली पर चढ़ा!” पिलातुसे उना
जो बोलया, “तुसां ही इसयो सूली पर चढ़ा, क्योंकि मिंजो इदे च
कुछ भी गलत नी मिल्ला है।” 7 यह्दी अगुवां उसयो जबाब दिता,
“साड़ी भी व्यवस्था है कने उसा व्यवस्था दे अनुसार सै मारी देणे दे
जोगा है क्योंकि उनी अपणे आपे जो परमेश्वरे दा पुत्र बोलया है।”
8 जाल् पिलातुसे ऐ गल्ल सुणी तां सै होर भी जादा डरी गिया। 9
कने फिरी किले दे अंदर गिया कने यीशुऐ जो बोलया, “तू कुथु दा
है? पर यीशुऐ उसयो कोई भी जबाब नी दिता।” 10 पिलातुसे उसयो
बोलया, “मिंजो ने कनी बोला दा है? क्या तू जाणदा नी की तिजो
छडणे दा हक मिंजो है कने तिजो सूली पर चड़ाणे दा हक भी मिंजो
है।” 11 यीशुऐ जबाब दिता, “अगर तिजो परमेश्वर दिया तरफा
ला नी दितया होंदा, तां तेरा मिंजो पर कोई हक नी होंदा, इस तांई
जिनी मिंजो तेरे हथे पकड़ाया है, उदा पाप जादा है।” 12 ऐ जबाब
सुणीकरी पिलातुसे उसयो छडणा चाया, पर यह्दियां चीलाई-चीलाई
करी बोलया, “अगर तू इसयो छडी दिंगा तां तू महाराजा कैसरे दा
मित्र नी है; जड़ा कोई भी राजा होणे दा दाबा करदा है कने अपणे
आपे जो राजा बोलदा है सै महाराजा दा दुशमण है।” 13 ऐ गल्लां
सुणीकरी पिलातुस यीशुऐ जो बाहर लेई आया कने न्याय दे सिंहासने
पर बैठा, कने सै जगा इक चबूतरा था जिसयो इब्रानी भाषा च गब्बता
बोलदे न। 14 ऐ फसह दे त्योहारे दे हफ्ते सबते दिया तयारियां दा
रोज था कने दोपहर दे बकते: ताल् उनी यह्दी लोकां जो बोलया,
“ऐ ही है, तुहाड़ा राजा।” 15 पर सै चिलाणा लग्गे, इसयो मारी दे,
इसयो मारी दे! कने इसयो सूली पर चढ़ा। पिलातुसे उना जो बोलया,
क्या मैं तुहाड़े राजे जो सूली पर चढ़ा? बड्डे याजकां जबाब दिता,
“महाराजा जो छडी करी साड़ा होर कोई राजा नी है।” 16 ताल्
पिलातुसे यीशुऐ जो उना दे हबाले करी दिता ताकि सै उसयो सूली पर
चड़ाण। 17 ताल् सै यीशुऐ जो लेई गे। उना यीशुऐ ला अपणी सूली
अपु चुकबाई कने उसयो यरूशलेम शेहर दे बाहर खोपडी नाऐ दिया
जगा जो लेई गे, कने जिसयो इब्रानी भाषा च गुलगुता बोलदे न। 18
ओथु उना उसयो कने उदे सोगी दो माणुऐ जो सूली पर चढ़ाया, इकी
जो इक पास्से कने, दुजे जो दुऐ पास्से, कने बिच यीशुऐ जो। 19
कने राज्यपाल पिलातुसे इक्की फटिया पर लिखी करी सूलिया पर
लगाई दिती कने उसा पर ऐ लिखया था, “नासरत दा यीशु मसीह
यह्दियाँ दा राजा।” 20 ऐ फट्टी मते यह्दियाँ पढ़ी क्योंकि जिथू
यीशुऐ जो सूली पर चढ़ाया था सै जगा यरूशलेम शेहरे दे बखे थी
कने इब्रानी भाषा च कने लतीनी भाषा कने यूनानी भाषा च लिखियो
थी। 21 ताल् यह्दियाँ दे बड्डे याजक पिलातुसे बोलया, “यह्दियां दा
राजा मत लिख पर ऐ की उनी बोलया, मैं यह्दियाँ दा राजा है।” 22
पिलातुसे जबाब दिता, “मैं जड़ा लिखी दितया है, सै नी बदलया
जाणा है।” 23 जाल् सिपाई यीशुऐ जो सूली पर चड़ाई बैठे, तां उदे
कपड़े लेईकरी उना चार हिसयां च किते, चारो सिपाईयां तांई इक-
इक हिसा कने कुरता भी लेई लिया, पर कुरते जो सितया नी था पर
सै उपरे लेईकरी थले दीकर इक ही कपड़े ने बुणया था। 24 इस तांई
उना अपु चे बोलया, “असां ऐ नी फाड़ना, पर इदे पर पर्चियां पांदे न
की ऐ कुसदा होणा।” ऐ इस तांई होया, ताकि पवित्र शास्त्रे च लिखया
गिया सच्च हो, “उना मेरे कपडे अपु चे बंडी ले कने मेरे कपड़यां
पर पर्चियां पाईयां, कने सिपाईयां इयां ही किता।” 25 पर यीशुऐ दे
सूली बाल उदी माता कने उदिया माता दी बेहण, क्लोपास दी घरे
बाली मरियम कने मगदल ग्रां दी मरियम खड़ोतियो थी। 26 यीशुऐ
अपणिया माता जो कने उस चेले जो जिसने सै प्यार रखदा था उसयो
बखे खड़ोतया दिखीकरी अपणी माता ने बोलया, “हे नारी, दिख, ऐ
तेरा पुत्र है।” 27 ताल् उनी चेले बोलया, “ऐ तेरी माता है।” कने
उसी बेले सै चेला, उसा जो अपणे घरे लेई गिया। 28 इदे बाद यीशुऐ
ऐ जाणी करी की मेरा सारा कम्म खत्म होई गिया है; इस तांई की
पवित्र शास्त्रां दियां गल्लां सच्च साबित होन बोलया, “मैं तरिणा है।”
29 ओथु इक सिरके ने बरूया बांडा रखया था, तां उना चे कुनकी
सिरके ने सेड़यो स्पंजे जो जुफे दे रूखे दे डंडे पर रखीकरी उदे मुऐ ने
लाया। 30 जाल् यीशुऐ सै सिरका चखया, तां बोलया, “पूरा होया,”
कने सर झुकाई करी अपणे प्राण छडी दिते। 31 हुण ऐ तैयारिया दा
दिन था, कने अगले दिन सब्त कने फसह दोनों ही थे। ऐ यह्दी
लोकां तांई इक खास दिन था, सै नी चांदे थे इस दिने लाशा सूली
उपर रेन। इस तांई उना पिलातुसे ने बोलया की उना माणुआं दियां
जंगा तोड़ी दिया ताकि उना दी मौत झट होई जा ताकि लाशां जो थले
उतारया जाई सके। 32 तां सिपाईयां आई करी पेहले बाले दियां जंगा
तोड़ियां फिरी दुजे दियां भी, जड़े यीशुऐ सोगी सूली पर चढ़ायो थे।
33 पर जाल् यीशुऐ बाल आई करी दिखया की सै मरी गिया है, तां
उदियां जंगा नी तोड़ियां। 34 पर सिपाईयां चे इकी बरछे ने उदा पंजर
बेधया कने उदे च खून कने पांणी निकलया। 35 जिनी माणुऐ ऐ सब
दिखया, उनी ऐ गबाई दिती है, ताकि तुसां भी यीशुऐ पर भरोसा करी
सकन। कने उदी गबाई सच्ची है, कने सै जाणदा है, की सच्च बोला
दा है। 36 ऐ गल्लां इस तांई होईयां की पवित्र शास्त्रे च जड़ा लिखया
है सै सच्च होई जा, “उदी कोई हड्डी नी तोड़ी जाणी।” 37 फिरी
इक होर जगा पवित्र शास्त्र च लिखया है, “जिसयो उना बेधया है,
उदे पर नजर करणी।” 38 इना गल्लां दे बाद अरिमतिया शेहरे दे
यूसुफे, जड़ा यीशुऐ दा चेला था, (पर यह्दी अगुवां दे डरे ने इसा

गल्ला जो लुकाई रखदा था), उनी पिलातुसे ने बिनती किती, की मैं
यीशुऐ दिया लाशा जो लेई जां, कने पिलातुसे उदी बिनती सुणी, कने
सै आई करी उदी लाशा जो लेई गिया। 39 नीकुदेमुस भी जड़ा पेहले
यीशुऐ बाल राती गिया था कने लगबग तेती किलो गन्धरस कने
एलवा लेई आया। 40 तालू इना दोनों यीशुऐ दी लाश लेई कने
यहूदियां दे रिबाजे ने उस पर सै मुस्का बालियां चिंजा लगाई करी
कपडे दियां पट्टियां च लपेटया। 41 उसा जगा पर जिथू यीशु सूली
पर चड़ाया था, ओथु इक बारी थी; कने उसा सो बारिया च इक नोई
कबर थी, उसा च पेहले कदी कोई नी दफनाया था। 42 इस तांई
उना यीशुऐ जो उसा कबरा दिया गुफा च रखी दिता क्योंकि सै बखे
ही थी कने सै यहूदियां दे सब्त दी तैयारिया दा दिन भी था।

**20** तुआरे ब्यागा तड़के मरियम जड़ी मगदल ग्रां दी थी, सै कने
उसा सोगी होर भी जनानियां कबरा पर आईयां, उना कबरा दे
दरबाजे ला पथरे जो हटया दिखया। 2 तालू सै दोड़ी कने शमौन
पतरसे कने उसी दुऐ चेले बाल जिसने प्रभु प्यार रखदा था, आई
करी बोलया, "सै प्रभु यीशुऐ दी लाशा जो कबरा ला कडी लेई गे;
कने मैं नी जाणदी की उसयो कुथु रखया है।" 3 तालू पतरस कने सै
दुज्जा चेला कबरा पासे चली पे। 4 कने दोनो सोगी-सोगी दोड़यो
थे, पर दुआ चेला पतरसे ला तेज दौड़ी करी पेहले कबरा पर पुज्जी
गिया। 5 कने निठा होईकरी अंदर दिखया की ओथु कपड़े दियां
पट्टियां दा डेर लगया था: पर सै अंदर नी गिया। 6 तालू उदे पिच्छे-
पिच्छे शमौन पतरस भी पुज्जी गिया कने कबरा दे अंदर गिया कने
कपड़े पियो दिक्खे। 7 कने सै अंगोछा जड़ा सिरे पर लपेटया था, सै
कपड़े सोगी नी पिया था पर सै इक लग जगा च मिल्ला। 8 तालू
दुआ चेला भी जड़ा कबरा च पेहले पुजया था, अंदरे जो गिया कने
दिखीकरी भरोसा किता कि यीशु मरयां चे जिन्दा होई गिया था। 9
पवित्र शास्त्रां च यीशु दे बारे च ऐ लिखया था की उनी मरणे बाद
जिन्दा होणा है, पर सै हले दीकर नी समझी पायो थे। 10 तालू सै
चेले अपणे घरे जो बापस चली गे। 11 पर मरियम रोंदी होई कबरा
दे बाहर ही खड़ोई रेई कने रोंदे-रोंदे कबरा पास्से निठे होईकरी, 12
दो स्वर्गदूतां जो चमकदे कपड़े पाई करी इकी जो सोंदिया कने दुज्जे
जो पोंदियां बैठया दिखया, जिथू यीशुऐ दी लाश रखियो थी। 13
स्वर्गदूतां मरियम ला पुछया, ओ जनानिये, तू कजो रोआ दी है? उनी
उना जो बोलया, "सै मेरे प्रभु दिया लाशा जो चुकी लेई गे कने मिंजो
नी पता की उसयो कुथु रखया है।" 14 ऐ बोलणे दे बाद सै पिच्छे
मुड़ी कने यीशुऐ जो खडोतया दिखया कने पछेणया नी की सै यीशु
है। 15 यीशुऐ उसा ने बोलया, जनानिये तू कजो रोंदी है? कुसयो
तोपा दी है? उना माली समझीकरी उसयो बोलया, "श्रीमान जी,
अगर तू उदे शरीरे जो चुकया है तां मिंजो दसी दे की कुथु रखया है
कने मैं उसयो लेई जांगी।" 16 यीशुऐ उसा जो बोलया, मरियम।
उना उस पासे मुड़ी करी उसला इब्रानी भाषा च बोलया, गुरू जी।
17 यीशुऐ उसा जो बोलया, "मेरे पैरां च पेईकरी मिंजो मत रोक
क्योंकि मैं हले दीकर उपर पिता परमेश्वर बाल नी गिया है, कने मेरे
चेलयां बाल जाई करी उना जो बोली दे, की मैं अपणे पिता, कने
तुहाड़े पिता, कने अपणे परमेश्वर, कने तुहाड़े परमेश्वरे बाल उपर
चलया है।" 18 मरियम जड़ी मगदल ग्रां दी थी उना जाई करी
चेलयां जो दसया, "मैं प्रभु जो दिखया, कने उनी मिंजो ने गल्लां
कितियां।" 19 उसी तुआरे दिया संझा बेले सारे चेले इकी जगा गिठे
होए, उना दरबाजे बंद करी ले क्योंकि यहूदी अगुवां ला डरयो थे,
तालू यीशु आया कने बिच खड़ोई करी उना जो बोलया, "तुहांजो
शांति मिल्ले।" 20 कने ऐ बोली करी उनी अपणे हथां कने पैरां दे
जख्म दस्से: तालू चेले प्रभु जो दिखीकरी खुश होऐ। 21 यीशुऐ
फिरी उना जो बोलया, "तुहांजो शांति मिले; जियां पिता परमेश्वरे
मिंजो संसार च भेजया है, तियां ही मैं भी तुहांजो संसारे च भेजा दा
है।" 22 ऐ बोली करी उनी उना पर फुंक मारी कने बोलया, "पवित्र
आत्मा जो अपनाओ। 23 अगर तुसां कुसी दे पाप माफ करगे, उना
दे पाप माफ होए न, कने जिना दे पाप तुसां माफ नी करगे, उना
अपणे पापां च फसी रेणा है।" 24 पर बाहरां चेलयां चे इक माणु
थोमा जिसयो दिदुमुस बोलदे न, जालू यीशु आया तां सै उना सोगी नी
था। 25 जालू होर चेले उसला बोलणा लग्गे, असां प्रभु जो दिखया
है, तालू उनी उना जो बोलया, "जालू दीकर मैं उदे हथां च मेखां दे
जख्म कने उना मेखां दे छेदां च कने उदे पसलियां च हथ नी पाई
लेंगा, तालू दीकर मैं भरोसा नी करणा की सै मरयां च जिन्दा होई
गिया है।" 26 अठां रोजा बाद उदे चेले फिरी घरे अंदर थे, कने
थोमा उना सोगी था, कने दरबाजे बंद थे, तालू यीशुऐ आई करी कने
बिच खड़ोई करी बोलया, "तुहांजो शांति मिल्ले।" 27 तालू उनी
थोमा जो बोलया, अपणिया उंगलियां ने मेरे हथां जो छूईकरी दिख
कने अपणे हथे जो अग्गे करी के मेरियां पसलियां च पा; कने शक
करणा बंद कर कने भरोसा कर की मैं मरयां चे जिन्दा होई गिया है।
28 ऐ सुणीकरी थोमे जबाब दिता, "मेरे प्रभु जी, मेरे परमेश्वर।" 29
यीशुऐ उसयो बोलया, "तू तां मिंजो दिखीकरी भरोसा किता है। धन्य
न सै जड़े बिना दिखयो मिंजो भरोसा करदे न।" 30 यीशुऐ होर भी
चमत्कार चेलयां दे सामणे दस्से, जड़े इसा कताबां च नी लिखयो न।
31 पर ऐ इस तांई लिखयो न, ताकि तुसां भरोसा करन, की यीशु ही
परमेश्वरे दा पुत्र मसीह है: कने उस पर भरोसा करी के उदे नाऐ ने
तुहांजो हमेशा दी जिन्दगी मिल्ले।

**21** इना गल्लां दे बाद यीशुऐ अपणे आपे जो तिबिरियास झिला
दे बखे चेलयां जो दर्शण दिते कने इस तरीके ने दर्शण दिते।
2 शमौन पतरस कने थोमा जिसयो दिदुमुस बोलदे न, कने गलील
प्रदेश दे काना शेहरे दा नतनएल कने जब्दी दे पुत्र, कने उदे चेलयां
चे दो जणे होर गिठे होए थे। 3 शमौन पतरसे उना जो बोलया, मैं
मछियां पकड़ना चलया है। उना उसला बोलया, "असां भी तेरे
सोगी चलदे न।" तां सै निकली करी किस्तिया पर चढ़ी गे, पर
उसा राती उना कुछ नी पकड़या। 4 अगले दिने ब्याग होंदे ही
यीशु कनारे पर खड़ोतया था, पर चेलयां उसयो पछेणया नी की ऐ
यीशु है। 5 तालू यीशुऐ उना जो बोलया, हे मेरे प्यारो, क्या तुहाड़े
बाल कुछ खांणे जो है? उना जबाब दिता, "नी।" 6 यीशुऐ उना जो
बोलया, "किस्तिया दे सजे पास्से जाल फेंका, तां मिलणियां।" तालू

उना जाल फेंकया, कने हुण मछियां जादा होणे दिया बजा ने उना ला
जाल नी खिची होया। 7 इस तांई उस चेले ने जिसने प्रभु प्यार
रखदा था पतरसे जो बोलया, "ऐ तां प्रभु है।" जालू शमौने ऐ सुणया
की प्रभु यीशु है, तां उनी अपणे सै कपड़े पाई ले जड़े उनी कम्म
करदे बेले उतारी दितयो थे कने पाणिये च छाल देई दिती। 8 पर
होर चेले डोंगिया पर मछियां ने भरूऐ जाले जो खिंज्जी लेई आऐ,
क्योंकि सै कनारे ला जादा दूर नी थे, कोई सो मीटर दूर थे। 9 जालू
सै कनारे पर पुज्जे, तां उना कोलयां दिया अग्गी पर मछियां कने उदे
बखे रोटियां रखियां दिखियां। 10 यीशुऐ उना जो बोलया, "जड़ियां
मछियां तुसां हुण पकड़िया न, उना चे थोड़िया लेई ओआ।" 11
शमौन पतरसे डोंगिया पर चढ़ी करी इकसो त्रियूँजा मछियां ने भरया
जाल कनारे पर खिचया, कने इतणियां मछियां होंणे ने भी जाल नी
फटया। 12 यीशुऐ उना जो बोलया, "ओआ रोटी खाई लिया।"
कने चेलयां चे कुसयो भी होंसला नी होया, की उसला पूछन, तू
कुण है? "क्योंकि सै जाणदे थे की ऐ प्रभु ही है।" 13 यीशुऐ रोटी
लेईकरी उना जो दिती, कने तियां ही मच्छी भी दिती। 14 ऐ तिजी
बरी है की यीशुऐ मरी करी जिंदा होणे बाद चेलयां जो दर्शण दिते न।
15 रोटी खाणे बाद यीशुऐ शमौन पतरसे जो पुछया, हे यूहन्ना दे पुत्र
शमौन, क्या तू सच्ची इना बाकियां ला जादा मिंजो ने प्यार करदा
है? उनी यीशुऐ जो बोलया, हां प्रभु; तू तां जाणदा है, की मैं तिजो पर
भरोसा रखदा है, उनी उना जो बोलया, "मेरे छेलुआं दी रखबाली
कर।" 16 यीशुऐ फिरी दूजी बरी उसयो पुछया, "हे यूहन्ना दे पुत्र
शमौन, क्या तू मिंजो ने प्यार रखदा है?" उनी उसयो बोलया, "हाँ,
प्रभु तू तां जाणदा हे की मैं तिजो ने प्यार करदा है?" उनी उसयो
बोलया, "मेरियां भेडां दा पुआल बण।" 17 यीशुऐ तीजी बरी उसयो
पुछया, "यूहन्ना दे पुत्र शमौन, क्या तू मिंजो ने प्यार करदा है?"
पतरस उदास होई गिया, की उनी उसयो तीजी बरी ऐसा बोलया,
"क्या तू मिंजो ने प्यार करदा है।" कने उनी बोलया, "प्रभु जी, तू
तां सब कुछ जाणदा है की मैं तिजो ने प्यार करदा है।" यीशुऐ उसला
बोलया, "मेरियां भेडां जो चुगा।" 18 "मैं तुसां ने सच्च-सच्च
बोलदा है, जालू तू जवान था, तां अपणे लक्के जो बन्नी करी जिथू
चांदा था, ओथु गुमदा था; पर जालू तू बुडा होइ जाणा, तां तू अपणे
हथां जो फेलांगा, कने कोई तिजो बन्नी लेंगा कने तिजो ओथु लेई
जाणा जिथू तू जाणा नी चांदा।" 19 यीशुऐ ऐसा ऐ दसणे तांई बोलया
की पतरसे कियां मरणा कने परमेश्वरे दी महिमा करणी है; ऐ बोली
करी, उसयो बोलया, "मेरा चेला बणी रे।" 20 पतरसे मुड़ी करी
उस चेले जो पिच्छे ओंदे दिखया जिसने यीशु प्यार रखदा था। ऐ सै
ही है जिनी फसह दी रोटी खाणे बेले यीशुऐ बखे बेईकरी पुछया था,
"प्रभु जी, तिजो पकड़ाणे बाला कुण है?" 21 उसयो दिखीकरी
पतरसे यीशुऐ जो बोलया, "प्रभु जी, इदे सोगी क्या होणा है?" 22
यीशुऐ उसयो बोलया, "अगर मैं चां की सै मेरे ओंणे दीकर जिन्दा रे,
तां तिजो क्या? तू मेरा चेला बणी रे।" 23 तांई तां भाईयां च ऐ गल्ल
फेली गेई की उनी दुज्जे चेले नी मरणा है; तमी यीशुऐ उसयो ऐ नी
बोलया, की इनी नी मरणा है, पर ऐ की "अगर मैं चां की ऐ मेरे
ओणे दीकर जिन्दा रे, तां तिजो इसला क्या?" 24 जिनी माणुऐ ऐ
सब कुछ दिखया, उनी ऐ गबाई दिती है, ताकि तुसां भी यीशु पर
भरोसा करी सकन। कने उदी गबाई सच्ची है। कने असां जाणदे न
की सै सच्चाईया ने बोलदा है। 25 यीशुऐ होर भी मते कम्म किते,
अगर उना सारे कम्मा जो लिखया जांदा, तां मिंजो लगदा की सारे
संसार च इतणी भी जगा नी होणी थी की उना सारियां कताबां जो
रखी सके।

# प्रेरितां दे कम्म

**1** प्रिय थियुफिलुस, मैं अपणिया पेलिया कताबा च उना सारियां
गल्लां दे बारे च दसया है, जड़ियां यीशुऐ स्वर्ग च जाणे ला पेहले
करणा कने सिखाणियां शुरू कीतियां। 2 पर परमेश्वरे दे जरिये यीशुऐ
जो स्वर्गे च चुकणे ला पेहले, यीशुऐ दुख झेले कने मरी गिया।
उनी मते पक्के सबुतां ला उनी अपणे आपे जो जिन्दा दसया, कने
चालियां रोजां दीकर सै उना चुणयां चेलयां जो मिलदा रिया, कने
परमेश्वरे दे राज्य दियां गल्लां करदा रिया। यीशुऐ पवित्र आत्मा
दिया सहायता ला प्रेरितां जो हुकम दिता कने उदे बाद परमेश्वरे
उसयो स्वर्गे च चुकी लिया। 4 इक बरी यीशुऐ चेलयां ला मिली
करी उना जो हुकम दिता की, “यरूशलेमे शेहरे ला बाहर मत जांदे,
पर उस दान दी नियाल रखा जड़ा मेरे पिता परमेश्वरे तुहांजो देंणे दा
बायदा कितया था, तुसां मिंजो उदे बारे च पेहले भी बोलदे सुणया
है। 5 यूहन्ने तां पांणिऐ ला बपतिस्मा दितया है, पर थोड़े रोजा बाद
परमेश्वरे तुहाड़े सोगी रेणे तांई पवित्र आत्मा जो भेजणा।” 6 बादे च
जालू प्रेरित दोबारा यीशुऐ जो मिल्ले, तां उना यीशुऐ जो पुछया,
“प्रभु जी, क्या तू हुण ही इस बकत इस्राएले जो रोमियां दी गुलामी
ला अजाद करणे कने साड़े राज्य जो फिरी ला बसाणे दी योजना बणा
दा है?” 7 यीशुऐ उना जो बोलया, “ऐ सारियां चिंजा कालू होणियां
कने कुस बकत होणियां, ऐ सब कुछ तय करणे दा हक सिर्फ मेरे
पिता परमेश्वर जो है, ऐ सब कुछ जाणने दी तुहांजो जरूरत नी है। 8
पर जालू पवित्र आत्मा तुहाड़े पर ओंणा तालू तुहांजो शक्ति मिलणी;
कने यरूशलेम शेहरे च कने सारे यहूदिया कने सामरिया प्रदेशां च,
कने संसारे दियां हर जगा दे लोकां मेरे बारे च गबाही देंणी है।” 9 ऐ
बोली करी उना दे दिखदे-दिखदे ही परमेश्वर यीशुऐ जो स्वर्गे च लेई
गिया, कने इक बदले दिया बजा ला सै उसयो दिखी नी सके। 10
उदे जांदे बेले जालू सै अम्बरे पासे दिखा दे थे, तां अचानक दो माणु
चिट्टे कपड़े पाई करी उना बखे प्रगट होए। 11 कने बोलणा लग्गे,
“हे गलीली प्रदेशे दे माणुआं, तुसां कजो खड़ोई करी अम्बरे पास्से
दिखा दे न? ऐई यीशु, जिसयो परमेश्वर स्वर्गे लेई गिया है, जियां
तुसां उसयो स्वर्गे जांदे दिखया तियां ही उनी फिरी ओंणा है।” 12 ऐ
सारियां गल्लां जैतुन नाऐ दे पहाड़े पर होईयां जड़ा यरूशलेम शेहरे
ला लगभग इक किलो मीटर दिया दुरिया पर था कने प्रेरित पहाड़े
ला यरूशलेम शेहरे जो बापस आई गे। 13 कने जालू प्रेरित शेहरे च
पुज्जे तां सै उपरे बाले कमरे च गे, जिथू सै रे दे थे। जड़े प्रेरित ओथु
मोजूद थे सै ऐ न पतरस कने यूहन्ना कने याकूब कने अन्द्रियास कने
फिलिप्पुस कने थोमा कने बरतुल्मै कने मत्ती कने हलफईऐ दा पुत्र
याकूब, शमौन जड़ा क्रान्तिकारी था कने याकूब दा पुत्र यहूदा थे।
14 ऐ सारे हमेशा गिठे होंदे थे कने सारे इक मन होईकरी लगातार
प्राथना करदे थे। उना चे यीशु दे भाई कने यीशुऐ माता मरियम कने
कुछ जनानियां भी थियां जिना यीशुऐ दी सहायता कितियो थी। 15
कने उना रोजां च इक रोज, जालू लगभग इक सौ बी मसीह भाई
बेहण गिठे थे, तां पतरस उना दे बिच खड़ोई करी बोलणा लग्गा। 16
हे मसीह भाईयो बेहणो, पवित्र आत्मा बड़े पेहले राजा दाऊदे दे जरिये
यहूदा दे बारे च दसया था, जिनी यीशुऐ जो गिरफ्तार करणे बालयां
दी अगुवाई किती। ऐ जरूरी था की यहूदा दे बारे च पवित्र शास्त्रे च
लिखया लेख पूरा हो। 17 बेशक यहूदा सांझो चे इक था, कने इसा
सेवकाईया च भी हिस्सेदार बणया। 18 जियां की तुसां जाणदे न की
उस पेसे ला जड़े यहूदा यीशुऐ जो चलाकिया ला पकड़ाणे तांई लियो
थे, उनी उस पेसे ला इक खेतर लिया। जालू यहूदा फा लेई लिया तां
सै थल्ले सिरे भार पेई गिया कने उदा पेट फटी गिया, कने उदियां
सारियां आंतड़ियां बाहर आई गियां। 19 कने इसा गल्ला दे बारे च
यरूशलेम शेहरे दे सारे लोकां जो पता लगी गिया, इस तांई सै लोक
उस जगा जो अपणी भाषा च हलकदमा मतलब की खूने दा खेतर
बोलणा लगी पे। 20 क्योंकि राजा दाऊदे भजन संहिता दिया कताबा
च लिखया है, “उदा घर उजड़ी जा कने उस घरे च कोई नी बसे,”
कने राजा दाऊदे दुज्जी जगा च ऐ भी लिखया है की, “उदी जगा
कोई होर लेई ले।” 21 इस तांई ऐ जरूरी है की प्रभु यीशु जो मरयां
चे जिन्दे होणे दा, साड़े सोगी गबाह बणने तांई इक माणुऐ जो चुणयां
जा। सै माणु ऐसा होणा चाईदा जड़ा प्रभु यीशु दे सारे कम्मा दे बकते
च मतलब की प्रभु यीशु जो यूहन्ना ला बपतिस्मा लेणे ला लेईकरी
उसयो स्वर्गे च जाणे दीकर साड़े सोगी था। 23 तालू उना दों जणयां
जो खरेड़या इक यूसुफे जो, जिसयो बरसब्बास बोलदे न, जिदा दुआ
ना युसतुस है, कने दुआ मत्तियाह जो। 24 कने ऐ बोली करी प्राथना
किती, “प्रभु जी, तू तां सारयां दे मना जो जाणदा है, ऐ प्रगट कर की
इना दों जणयां चे तू कुण चूंणया है, 25 की सै इस सेबा दे कम्मे जो
कने उस प्रेरित दी सै खाली जगा ले, जिसा जगा जो यहूदा छडी
करी चली गिया जिथू उसयो जाणा चाईदा।” 26 तालू उना दोनो दे
बारे च चिठियां पाईयां, कने चिट्ठी मत्तियाह दे नाऐ दी निकली, कने
सै उना गयारां प्रेरितां दे सोगी गिणया गिया।

**2** जालू यहूदियां दे पिन्तेकुस्ते त्योहारे दा दिन आया, तां सारे भरोसा
करणे बाले इकी जगा पर गिठे थे। 2 तालू अचानक अम्बरे ला
इक अबाज सुणोई, सै अबाज तेज होआ सांई थी, कने उसा ने सारा
घर जिथू सै बैठयो थे गूंजी पिया। 3 तालू उना दे सामणे अग्गी सांई
चीजां दा झुण्ड प्रगट होया जड़ा जीभा दे अकारे दा लगा दा था,
जड़ा लग होईकरी उना चे हर इक माणुऐ पर रुकदी गेई। 4 कने सै
सारे पवित्र आत्मा ला भरूई गे, कने जियां ही पवित्र आत्मा उना जो
बोलणे दी शक्ति दिती, सै होर-होर भाषा च बोलणा लग्गे। 5 उस
बकत परमेश्वरे दा डर मनणे बाले केई यहूदी थे, जड़े की संसारे दे हर
इक देशे ला त्योहारे मनाणे तांई आयो थे कने यरूशलेम शेहरे च रेंदे
थे। 6 जालू उस तेज होआ दी अबाज होई थी तां भीड़ लगी गेई कने
लोक हेरान होई गे, क्योंकि हर इक अपणी-अपणी भाषा च चेलयां
जो बोलदे सुंणा दे था। 7 कने सै सारे हेरान होईकरी बोलणा लग्गे,
“दिखा, ऐ जड़े लोक इस तरिके ला बोला दे न ऐ गलील प्रदेशे दे
बासी न।” 8 तां ऐ क्या होआ दा है, जड़ा सांझो चे हर इक जणा
इना जो अपणी-अपणी बोली च गल्लां करदे होये सुंणा दे है! 9 असां
चे कुछ लोक पारथी इलाके ला न; कने कुछ मेदी कने कुछ लोक

एलामी कने मेसोपोटामिया कने यहूदिया प्रदेशे कने कप्पदूकिया कने
पुन्तुस कने आसिया प्रदेश, 10 कने फ्रूगिया कने पंफूलिया कने मिस्र
देश कने लीबिया देशे कुछ इलाकयां दे न। जड़े कुरेने शेहर दे बखे
न, कने इना सारे देशां दे रेणेबाले कने रोम शेहर ला ओणे बाले लोक,
11 मतलब की क्या यहूदी, कने क्या ही होर जातियां दे लोक जिना
यहूदी धर्म अपनाई लिया था, क्रेती टापू दे लोक कने अरबी देश दे
लोक भी न, पर अपणिया-अपणिया बोलिया च उना ला परमेश्वरे दे
चमत्कारी कम्मा दी चर्चा सुणदे न। 12 कने सै सारे हेरान होए, कने
उना जो समझ नी ओआ दा था की क्या होआ दा है। 13 पर केईयां
मजाक करदे होऐ बोलया, “सै तां नोईया शराबा दे नशे च न।” 14
पतरस उना गयारां प्रेरितां सोगी खड़ोता, कने जोरे ला बोलणा लग्गा,
“तुसां लोक जड़े साड़े सांई यहूदी न कने यरूशलेम शेहरे दे बासियों,
मेरियां गल्लां ध्याने ला सुंणा मैं तुहांजो दसदा है की इसा घटना दा
क्या मतलब है। 15 तुहांजो लगदा है की असां नशे च न, पर असां
नशे नी न क्योंकि हले तां ब्यागा दे नौ बजे न। 16 पर ऐ चमत्कार
जड़ा साड़े सोगी होया है, ऐ उसा गल्ला जो पूरा करदा है, जड़ी
योएल परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले दे जरिये पवित्र शास्त्र च परमेश्वरे
बोलियो है: 17 परमेश्वर बोलदा है की, ‘आखरी दिना च ऐसा होणा
है, की मैं अपणी आत्मा सारे माणुऐ जो देणी है कने तुहाड़े पुत्रां कने
कुड़ियां भविष्यवांणियां करणियां, कने तुहाड़े जवाना दर्शण दिखणे
कने तुहाड़े बुड्डे मर्दां सुपने दिखणे।’ 18 उना दिना च मैं अपणे नोकरां
कने नोकरांणियां जो अपणी आत्मा देणी, कने उना भविष्यबांणी
करणी। 19 कने मैं उपर अम्बरे च अनोखे कम्म, कने थले धरतिया
पर चमत्कार, मतलब की खून कने अग्ग कने धूंऐ दे बदल दसणे।
20 प्रभु दा दिन ओणे ला पेहले सूरजे नेहरा होई जाणा कने चांदे खूने
सांई होई जाणा। सै दिन महान कने तेजस्वी दिन होणा। 21 कने
जड़ा कोई प्रभुऐ दा ना लेंगा, उदा उद्धार होणा।” 22 हे इस्राएल दे
लोको इना गल्लां जो सुंणा: परमेश्वरे नासरत दे यीशु मसीह दे जरिये
चमत्कार कने अनोखे कम्म किते कने तुसां अपु जाणदे न की ऐ
सच्च है। इयां करिरी परमेश्वरे तुसां जो दसया की यीशु परमेश्वरे दा
भेजया माणु है। 23 उसयो ही, जालू सै परमेश्वरे दी बणाईयो योजना
कने पेहले ला ही ज्ञाने दे अनुसार पकड़ाया गिया, तां तुसां उसयो बुरे
लोकां दे हथां ला किल्लां ठोकी करी सूली पर चढ़ाई करी मारी
दिता। 24 फिरी भी परमेश्वरे उसयो मरणे दे बाद फिरी ला जिन्दा
करी दिता। यीशु मरी गिया था पर परमेश्वरे उसयो मुर्दा रेणे ला बचाई
लिया क्योंकि उदे तांई मरया रेणा संभव नी था। 25 क्योंकि राजा
दाऊद यीशुऐ दे बारे च बोलदा है, “मैं प्रभु जो हमेशा अपणे सामणे
दिखदा रिया क्योंकि सै मेरे सजे पास्से है, ताकि मैं उना लोकां ला
नी डरें जड़े मिंजो नुक्सान पूजाणा चांदे न। 26 मेरा मन बड़ा खुश
होया, कने मैं खुशिया ला बोलदा है; कने मेरे शरीर जो भी आस
लग्गी रेंणी। 27 क्योंकि तू मिंजो मुर्दा नी रेणा देणा। कने ना ही अपणे
पवित्र जण दिया लाशा जो सड़ना देणा। (Hadēs g86) 28 तू मिंजो
जिन्दगिया दा रस्ता दसया है; तू मिंजो अपणिया मोजुदगी च खुशिया
ला भरी देणा।” 29 “हे मसीह भाईयो, मैं उस कुलपति राजा दाऊदे
दे बारे च पुरिया हिम्मता ला बोली सकदा है की सै मरी गिया है कने
दबया भी है कने उदी कबर अजे दीकर भी साड़े बिच है। 30 सै
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला भी था, कने सै जाणदा था की परमेश्वरे
मिंजो ने कसम खाई करी बायदा कितया है, ‘मैं तेरे बंशे चे इकी
माणुऐ जो तेरे सिंहासने पर बठांगा।’” 31 ऐ जाणी करी की भविष्य
च परमेश्वर क्या करणा जा दा था, राजा दाऊदे यीशु मसीहे जो मरणे
बाद जिन्दा होणे दी गल्ल किती है। उनी बोलया ना तां उनी उसयो
मुर्दा रेणा दिता, कने ना ही अपणे पवित्र जण दिया लाशा जो सड़ना
दिता। (Hadēs g86) 32 इसी यीशुऐ जो परमेश्वरे जिन्दा किता, जिदे
असां सारे गबाह न। 33 हुण सै स्वर्गे च परमेश्वरे दे सजे हथे सबना
ला बड्डे इज्जता दे पदे पर बैठया है। कने पिता परमेश्वरे जदिया
उसला बायदा कितया था, उनी अपणा पवित्र आत्मा यीशुऐ जो दिता
कने यीशुऐ उदारता ला सै पवित्र आत्मा सांझो दिता है, जियां की
तुसां अज दिखदे कने सुणदे न। 34 क्योंकि राजा दाऊद यीशु मसीह
सांई शरीरे च स्वर्गे पर नी चढ़या; पर सै अपु ही बोलदा है, प्रभु
परमेश्वरे मेरे प्रभु ला बोलया; मेरे सजे पास्से बैठ, 35 जालू दीकर मैं
तेरे दुशमणा जो तेरे पैरां थले दिया चौंकिया सांई नी बणाई दें। 36 इस
तांई इस्राएले दे सारे लोक इसा गल्ला दे बारे च पका ही जाणी लेन:
की परमेश्वरे इसी यीशुऐ जो जिसयो तुसां सूली पर चढ़ाया, उसयो
प्रभु भी कने मसीह भी बणाया। 37 जालू लोकां ऐ सुणया तां उना
अपणे आपे जो दोषी महसूस किता, कने सै पतरस कने बाकी प्रेरितां
ला पूछणा लग्गे, “हे मसीह भाईयों, असां क्या करन?” 38 पतरसे
उना जो बोलया, “मन बदला, कने तुसां सारे अपणे-अपणे पापां दी
माफी तांई यीशु मसीह दे नाऐ ला बपतिस्मा लिया; तां तुसां जो पवित्र
आत्मा दा दान मिलणा। 39 क्योंकि ऐ प्रतिज्ञा तुसां, कने तुहाड़िया
ओलादा कने उना सारे दुरे-दुरे दे लोकां तांई भी है जिना जो साड़े प्रभु
परमेश्वरे अपणे बाल सदया।” 40 पतरसे होर भी मतियां गल्लां
दी गबाई देईकरी उना जो समझाया कने बिनती किती की अपणे
इस्राएली साथियां सांई मत बणा जड़े परमेश्वरे पर भरोसा नी करदे
कने परमेश्वरे ला बिनती करा की सै तुहांजो बचाए। 41 कने जड़ा
कुछ पतरसे बोलया, उस पर जिना भरोसा किता कने उना बपतिस्मा
लिया; कने उसी दिने लगभग तिन जार माणु उना ने शामिल होई गे।
42 कने सै प्रेरितां ला शिक्षा लेंणे च, उना सोगी संगती रखणे च, प्रभु
भोज कने प्राथना करणे च लीन रेंणा लग्गे। 43 कने प्रेरित जड़े
अनोखे कम्म कने अनोखे चमत्कार करदे थे, इना ला यरूशलेम
शेहर दे लोक डरे कने हेरान होए। 44 कने सै सारे भरोसा करणे बाले
गिठे रेंदे थे, कने जड़ा कुछ भी उना बाल होंदा था सै सब कुछ
सांझा करदे थे। 45 कने सै अपणिया-अपणिया जगा जमिना कने
समाने जो बेची करी जदेई जिसयो जरूरत होंदी थी उसयो बंडी दिन्दे
थे। 46 कने सै हर रोज इक मन होईकरी मंदरे च गिठे होंदे थे, कने
रोटी खाणे तांई कने प्रभु भोज तांई इक दुज्जे दे घरे साफ मने ला
खुशिया ला गिठे होंदे थे। 47 कने परमेश्वरे दी स्तुति करदे थे, कने
सारे लोक उना ला खुश थे; कने जिना दा उद्धार होंदा था, उना जो
प्रभु हर रोज उना च मिलाई दिन्दा था।

3 इक दिन पतरस कने यूहन्ना दोपहर दे तिन बजे प्राथना दे बेले
मंदरे जो चलयो थे। 2 कने लोक इकी जन्म ला ही लंगड़े जो
लोआ दे थे, जिसयो सै रोज ही मंदरे दे उस दरबाजे बाल बैठाई
दिन्दे थे जिसयो सुंदर दरबाजा बोलदे न, ताकि सै मंदर जाणे बालयां
ला भीख मंगी सके। 3 जालू उनी पतरस कने यूहन्ना जो मंदरे च
जांदे दिखया, तां उनी उना ला भीख मंगी। 4 पतरसे कने यूहन्ने उदे
पास्से ध्याने ला दिखीकरी बोलया, “साड़े पास्से दिख।” 5 सै उना
ला कुछ मिलणे दी आसा च उना पास्से दिखणा लग्गा। 6 तालू
पतरसे बोलया, “चांदी कने सोना तां साड़े बाल है नी, पर जड़ा
मेरे बाल है सै तिजो दिन्दा है; नासरत दे यीशु मसीह दे नाऐ ला
उठ कने चल फिर।” 7 कने पतरसे उदा सजा हथ पकड़ी करी
उसयो उठाया; कने झट उदे पैरा कने गोडयां च जोर आई गिया। 8
कने सै उछली करी खड़ोई गिया, कने चलणा फिरणा लगी पिया;
कने चलदा, कने छलांगा मारदे परमेश्वरे दी स्तुति करदा होया उना
सोगी मंदरे दे अंगणे च गिया। 9 सारे लोकां उसयो चलदे फिरदे कने
परमेश्वरे दी स्तुति करदे दिखीकरी, 10 उसयो पछेणी लिया की सै
ही लंगड़ा भिखारी है, जड़ा मंदरे दे सुंदर दरबाजे पर बेईकरी भीख
मंगदा था; कने इसा घटना ला जड़ी उदे सोगी होईयो थी, बड़े हेरान
होऐ। 11 सै उस ओसारे च थे जिसयो सुलैमान दा ओसारा बोलदे न,
कने सै लंगड़ा भिखारी जड़ा ठीक होई गिया था सै पतरस कने
यूहन्ने दा साथ नी छडा दा था। सै सारे लोक उना पासे दौड़े कने
उसयो दिखीकरी बड़े हेरान होए। 12 ऐ दिखीकरी पतरसे लोकां जो
बोलया, हे इस्राएलियां, तुसां इस माणुऐ पर कजो हेरान होआ दे,
कने साड़े पास्से कजो घुरा दे न, जियां मन्ना की असां ही अपणिया
भक्तिया कने शक्तिया ने इसयो चलणे फिरणे जोगा बणाई दितया है।
13 साड़ा परमेश्वर कने जड़ा अब्राहम, इसहाक, याकूब, कने साड़े
पूर्वजां दा भी परमेश्वर है उनी अपणे सेवक यीशुऐ दी महिमा किती,
पर तुसां यीशुऐ जो मरवाणे तांई रोमी अधिकारियां बाल पकड़ाई
दिता, कने जालू पिलातुसे उसयो छडणे दा बिचार किता, तालू तुसां
उदे सामणे यीशुऐ जो नकारी दिता। 14 तुसां यीशु मसीह जो नी
अपनाया, जड़ा पवित्र कने धर्मी था। कने तुसां पिलातुसे ला चांदे थे
की इक हत्यारे जो तुहाड़े तांई छडी दिया। 15 कने तुसां उसयो जड़ा
हमेशा दी जिन्दगी दिन्दा है मारी दिता, पर परमेश्वरे उसयो फिरी
ला जिन्दा किता, कने इसा गल्ला दे असां गबाह न। 16 यीशुऐ दे
नाऐ पर भरोसा करणे दे जरिये ही इस माणुऐ जो ताकत मिल्ली है,
जिसयो तुसां जाणदे न कने हुण तुहाड़े सामणे है। ऐ यीशु दा ना है कने
जड़ा भरोसा उदे जरिये ओंदा है जिनी उसयो बिलकुल ठीक-ठाक
करी दितया है, जियां की तुसां अपु भी दिखी सकदे न। 17 कने हे
भाईयो, मैं जाणदा है की जालू तुसां कने तुहाड़े अगुवां यीशु मसीह
जो मारी दिता तालू तुसां उदे बारे च अनजाण थे की सै कुण था। 18
पर जिना गल्लां जो सारे परमेश्वरे अपणे संदेश देणेबाले दे जरिये
पेहले ही दसया था, की उदे मसीह जो दुख होणा कने सै मारी देणा
है; तुहाड़े जरिये परमेश्वरे इना गल्लां जो पूरा करी के दसया। 19
इस तांई मन बदला कने परमेश्वर बाल बापस ओआ ताकि तुहाड़े
पाप मिटी जान, तालू परमेश्वरे दिया तरफा ला आत्मिक शान्ति
दा बकत ओणा। 20 कने उनी यीशुऐ जो भेजणा, जड़ा सै मसीह
है जिसयो परमेश्वरे तुहाड़े तांई चुणया है। 21 यीशुऐ दा स्वर्गे च
रेणा उस बेले दीकर जरूरी है जालू परमेश्वर उना सारियां चिंजा
जो नोआ बणाई दींगा जड़ियां उनी बणाईयां न। बड़े बकत पेहले
परमेश्वरे लोकां जो ऐ दसणे तांई पवित्र परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले दे
जरिये ऐसा करणे दा बायदा किता। (aiōn g165) 22 जियां की मूसा
बोलया, “प्रभु परमेश्वरे तुहाड़े भाईयां चे तुहाड़े तांई मिंजो सांई इक
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला भेजणा,” जड़ा कुछ सै तुसां ने बोलगा,
उदी सुणनयो। 23 पर हर इक माणु जड़ा उस परमेश्वरे दा संदेश
देणेबाले दी नी सुणे, लोकां चे उदा नाश होई जाणा। 24 कने शमूएल
ला लेईकरी उदे बाद बालयां दीकर जितणे भी परमेश्वरे दे संदेश
देणेबालयां ऐ गल्ल बोली उना सारयां इना दिना दा संदेश दितया है।
25 तुसां सारे परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां दी ओलाद कने उस बायदे
दे हिस्सेदार न, जड़ा परमेश्वरे तुहाड़े पूर्वजां ला किता, जालू उनी
अब्राहमे जो बोलया, “तेरे खानदाने ला धरतिया दे सारे घरानया
जो आशीष मिलणी।” 26 जालू परमेश्वरे अपणे सेवक यीशुऐ जो
चुणया, कने उनी उसयो सबना ला पेहले तुसां इस्राएली लोकां बाल
भेजया, ताकि परमेश्वर तुसां चे हर इक जणे जो पाप दे रस्ते ला दुरे
करिरी आशीष दे।

4 जालू पतरस कने यूहन्ना लोकां जो ऐ बोला दे थे, तां याजक कने
मंदरे दे रखबालयां दा सरदार कने सदूकी उना बाल आऐ। 2
क्योंकि सै बड़े गुस्सा होऐ की पतरस कने यूहन्ना लोकां जो यीशुऐ
दे बारे च सिखान्दे थे, की जड़े लोक मरी गियो न परमेश्वरे उना जो
फिरी जिन्दा करी देणा, जियां उनी यीशुऐ जो मरयां चे फिरी जिन्दा
करी दिता। 3 कने उना पतरस कने यूहन्ना जो गिरफ्तार करी अगले
रोजे दीकर जेला च रखया क्योंकि संज होई गियो थी। 4 पर संदेश
सुणने बालयां चे मतयां यीशुऐ पर भरोसा किता, उना भरोसा करणे
बाले माणुआं दी संख्या लगभग पंज हजार होई गेई। 5 अगले रोजे
उना दे सरदार कने यहूदी अगुवे कने व्यवस्था जो सिखाणे बाले
यरूशलेम शेहर च इकी जगा पर गिठे होए। 6 कने जड़े लोक ओथु
गिठे होए उना चे महायाजक हन्ना कने सारे महायाजके दे घराने दे
लोक, जिना चे कैफा, यूहन्ना, सिकन्दर भी ओथु थे। 7 कने पतरस
कने यूहन्ना जो बिच खरेड़ी करी पूछणा लग्गे, “इस माणुऐ जो ठीक
करणे तांई कुनी शक्ति कने हक दिता?” 8 तालू पतरसे पवित्र आत्मा
ला भरूई करी उना जो बोलया, “हे लोकां दे सरदारो कने यहूदी
अगुवां, 9 असां इक कमजोर माणुऐ दी भलाई किती है, कने अज
सांझो ला इदे बारे च पूछताछ करा दे न, की सै कियां ठीक होया।
10 तां तुसां सब कने सारे इस्राएले दे लोक जाणी लिया की ऐ नासरत
दे यीशु मसीह दे नाऐ ला ठीक होया है। इसी यीशुऐ जो तुसां सूली
पर चढ़ाया था, पर परमेश्वरे उसयो मरयां चे जिन्दा किता। अज
उसी दे नाऐ ने ऐ माणु तुहाड़े सामणे भला चंगा खड़ोतया है। 11 यीशु
मसीह सै ही पथर है जिसयो तुसां मिस्त्रियाँ फेंकी दितया था कने
सेई पथर कुंणे दा सिरा बणी गिया। 12 यीशु जो छडी करी होर

कुसी दुज्जे ला उद्धार नी है; क्योंकि स्वर्गे दे हेठ माणुऐ चे कोई होर दुआ ना नी दितया है, जिसला असां उद्धार पाई सकन।'' 13 जालू उना पतरसे कने यूहन्ना दी हिम्मत दिखी, कने उना जो ऐ पता लग्गा की ऐ पढ़यो लिखयो नी न कने आम माणु न, फिरी उना जो ऐहसास होया, ऐ इस तांई है क्योंकि ऐ यीशुऐ सोगी थे। 14 पर उस माणुऐ जो जड़ा खरा होया था, पतरस कने यूहन्ना सोगी खड़ोतया दिखीकरी, सै सभा उना दे खिलाफ कुछ नी बोली सकी। 15 पर उना जो महासभा ला बाहर जाणे दा हुकम देईकरी, सै अपु चे बिचार बिमर्श करणा लग्गे, 16 ''असां इना माणुऐ सोगी क्या करन? क्योंकि ऐ तां साफ है की इना ऐ अदभुत चमत्कार कितया है कने सारे यरूशलेम शेहर दे रेणे बालयां जो पता है, कने असां ऐ दाबा नी करी सकदे की ऐ गल्ल नी होइयो है। 17 पर लोकां च ऐ गल्ल होर जादा नी फेलणा चाइदी, असां इना जो धमकाने, की ऐ इसी नाऐ ला फिरी कुसी माणुऐ ने गल्ल ना करन।'' 18 तालू उना पतरस कने यूहन्ना जो सदया कने चेताबनी देईकरी बोलया, ''यीशुऐ दे नाऐ ला कुछ नी बोलणा कने ना सिखाणा।'' 19 पर पतरस कने यूहन्ने उना जो जबाब दिता, ''तुसां ही न्याय करा, की क्या ऐ परमेश्वरे दिया नजरा च ठीक है, की असां परमेश्वरे दिया गल्लां ला बड़ी करी तुहाड़ियां गल्लां मनन? 20 क्योंकि ऐ तां सांझो ला होई नी सकदा, की जड़ा असां दिखया कने सुणाया है, सै ना बोलन।'' 21 तालू उना पतरस कने युहन्ना जो दुबारा धमकाया कने छडी दिता। ऐ प्रेरित लोकां बिच मशहूर थे इसा बजा ला उना जो इना प्रेरितां जो सजा देंणे दा कोई तरिका नी मिला, इस तांई की जड़ी घटना होईयो थी उदिया बजा ला सारे लोक परमेश्वरे दी बड़ाई करदे थे। 22 सै माणु, जड़ा अदभुत चमत्कारे ला ठीक होया था, उदी उम्र चाली सालां ला जादा थी। 23 पतरस कने यूहन्ना छुटी करी अपणे साथियां बाल आये, कने जड़ा कुछ बड्डे याजकां कने यहूदी अगुवां उना ने बोलया था, उना जो सुणाई दिता। 24 ऐ सुणीकरी, उना इक मन होईकरी उच्चिया अबाज ला परमेश्वरे ला प्राथना किती, ''हे प्रभु, तू ही है जिनी स्वर्ग कने धरती कने समुंद्रे कने जड़ा कुछ उना च है बणाया है।'' 25 तू पबित्र आत्मा ला अपणे सेवक कने साडे पूर्वज राजा दाऊदे दे मुऐ ला बोलया, ''होरनी जातियां कजो गुस्सा किता? कने देशां-देशां दे लोकां कजो बेकार गल्लां सोचियां? 26 कने राजा दाऊदे ऐ भी बोलया था की, धरतिया दे राजयां अपणे आपयो तैयार करणा, कने हाकिमा, प्रभु कने उदे मसीह दे बिरोध च गिठे होणा।'' 27 कने ऐ गल्ल यरूशलेम शेहरे च सच्च होई की तेरे पबित्र सेवक यीशुऐ दे खिलाफ, जिदा तू अभिषेक किता, राजा हेरोदेसे कने पुन्तियुस पिलातुस राज्यपाल भी होर जातियां कने इस्राएलियां सोगी इसी शेहरे च गिठे होए, 28 उना सेई कितया जड़ा तेरिया शक्तिया कने इच्छा पेहले ही तय करी लिया था की होणा चाईदा। 29 प्रभु जी हुण, उना दियां धमकियां जो सुण कने अपणे दासां जो ऐ बरदान दे की तेरा बचन बड़िया हिमतां ने सुणान। 30 कने ठीक करणे तांई अपणा हथ गां कर ताकि चमत्कार कने अनोखे कम्म तेरें पबित्र सेबक यीशु दे नाऐ ला होन। 31 जालू सै प्राथना करी बैठे, तां सै जगा जिथू सै गठुयो थे हिली पेई, कने सै सारे पबित्र आत्मा ला भरूई गे, कने परमेश्वरे दा बचन हिम्मता ने सुणादे गे। 32 भरोसा करणे बालयां दी मंडली इक चित कने इक मने दे थे, उना दा सब कुछ साझे दा था कने ऐथू दीकर की कोई भी अपणिया धन दौलता पर अपणा होणे दावा नी करदा था। 33 कने प्रेरित बड़िया शक्तिया ला प्रभु यीशुऐ दे मरी करी जिन्दा होणे दी गबाई दिन्दे रे कने उना सारयां पर परमेश्वरे दा बड़ा अनुग्रह था। 34 कने उना चे कोई भी गरीब नी था, क्योंकि जिना बाल जमीन या घर थे, सै उना जो बेची करी, बिकियां चिजां दे पैसे लोंदे थे कने उसयो प्रेरितां बाल जमा करवाई दिन्दे थे। 35 कने जदेई जिसयो भी जरूरत होंदी थी उसयो बंडी दिन्दे थे। 36 कने यूसुफ नाऐ दा इक माणु था, सै लेवी गोत्र दा था कने साइप्रस टापू ला था। जिदा ना प्रेरितां बरनबास रखया, जिदा मतलब ऐसा माणु जड़ा दुजयां जो प्रोत्साहित करदा है। 37 उदे बाल कुछ जमीन थी, जिसा जो उनी बेचया, कने सै पैसे लोकां जो बंडणे तांई प्रेरितां जो देई दिते।

**5** हनन्याह नाऐ दे इकी माणुऐ, कने उदिया घरे बालिया सफीरा अपणिया जमिना दा छोटा दिया हिस्सा बेचया। 2 कने हनन्याये जो जड़े पैसे बेची करी मिल्ले उदे चे उनी कुछ अपणे तांई रखी लिया; कने ऐ गल्ल उदी घरे बाली भी जाणदी थी कने उना बाकी बचयो पैसे प्रेरितां जो देई दिते। 3 पर पतरसे बोलया, ''हे हनन्याह! जड़ा शैताने तेरे मने च पबित्र आत्मा ला झूठ बोलणे दा बिचार पाया है कने तू अपणी बेचियो जमिना दे पैसे चे इक हिस्सा अपणे तांई रखी लिया है?'' 4 क्या बेचणे ला पेहले सै जमीन तेरी नी थी? कने जालू जमीन बिकी गेई तां उसा दी कीमत क्या तेरे बशे च नी थी? तिजो इस बुरे कम्मे दे बारे च कदी नी सोचणा चाईदा था! तू सांझो ला नी, पर परमेश्वरे ला झूठ बोलया। 5 ऐ गल्लां सुणदे ही हनन्याह जमिना पर पेई गिया, कने सै मरी गिया; कने जिना भी इस बारे च सुणया सै सारे डरी गे। 6 फिरी जवान माणु आऐ कने उसयो कफन च लपेटया करी कने बाहर लेईजाई करी दबी दिता। 7 लगबग तिन घंटे बाद उदी घरे बाली अंदर आई, ओथु जड़ा कुछ होया था उसा जो नी पता था। 8 तालू पतरसे उसा जो बोलया, ''क्या तुसां दोना सै जमीन इतणे च ही बेचियो थी?'' उना बोलया, ''हाँ, इतणे च ही।'' 9 पतरसे उसा जो बोलया, ''ऐ क्या गल्ल है, की तुसां दोना प्रभुऐ दिया आत्मा जो परखने तांई इक सलाह कितयो है? दिख, जिना जवान माणुआं तेरे घरे बाले जो दबया है सै दरबाजे बार खड़ोतयो न, कने इना तिजो भी बाहर लेई जाणा।'' 10 तालू सै झट जमिना पर पेई गेई, कने मरी गेई, कने उना जवान माणुआं अंदर आई करी दिखया तां सै मरी गियो थी, कने उना उसा जो बाहर लेईजाई करी उसा दे घरे बाले दे बखे दबाई दिता। 11 कने कलीसिया दे सारे लोक कने जितणयां इना गल्लां जो सुणया सै बड़े डरी गे। 12 प्रेरित मते चिन्न कने अदभुत कम्म लोकां दे बिच करदे थे, कने जड़े मसीह च भरोसा करणे बाले थे। सै अक्सर सारे इक चित होईकरी सुलैमाने दे ओसारे च गिठे होंदे थे। 13 पर जिना हल्ले दीकर यीशुऐ पर भरोसा नी कितया था उना चे कुसयो भी ऐ हिम्मत नी होंदी थी की, उना

सोगी जाई मिलन; फिर भी लोक उना दी बड़ी इज्जत करदे थे। 14
कने प्रभु पर भरोसा करणे बाले मर्दां कने जनानियां दी गिणती बददी
ही गेई। 15 जड़ा कुछ प्रेरित करा दे थे उसा बजा ला लोक बिमारां
जो सड़का पर आंणी करी, मंझे कने पन्दी पर सुआई दिन्दे थे, ताकि
जालू पतरस उस रस्ते ला जांगा, तां उदा प्रछोंआ उना चे कुसकी पर
पेई जा। 16 कने यरूशलेम शेहरे दे अखे बखे दे नगरां दे लोक भी
गिठे होंदे थे। कने सै बिमारां कने बुरियां आत्मा ला सताऐ लोकां जो
लोंदे थे, कने सै सारे ठीक होई जांदे थे। 17 तालू महायाजक कने
सारे यहूदी अगुवां दी टोली जिना जो सदूकी बोलदे न दे, सै प्रेरितां
ला जलन करणा लग्गे। 18 तां अगुवां मंदरे दे रखबालयां जो हुकम
दिता की प्रेरितां जो पकडी करी जेला च बंद करी दिया। 19 पर
राती दे बकत प्रभु दे इकी स्वर्गदूते जेला दे दरबाजे खोली करी उना
जो बाहर कडया कने प्रेरितां जो बोलया, 20 "जा कने मंदरे च खड़े
होईकरी, लोकां जो इस हमेशा दिया नोईया जिन्दगिया दा पूरा संदेश
सुणा।" 21 कने प्रेरित बड़ी ब्यागा ही मंदरे च गे जियां उना जो
स्वर्गदूते दसया था जाई करी सिखाणा शुरू किता। जालू महायाजक
कने उदे साथी आऐ कने उना महासभा जो कने इस्राएलियां दे सारे
यहूदी अगुवां जो गिठा किता, कने जेला च बोली भेजया की प्रेरितां
जो लोआ। 22 पर मन्दरे दे रखबालयां ओथु पुजिकरी दिखया की सै
जेला च नी न, कने उना बापस आई करी दसया, 23 "जेल ढंगे
ला बंद थी, कने बाहर दरबाजे पर पेहरेदार खरेड़यो थे, पर जालू
असां दरबाजा खोलया, तां अंदर कोई नी था।" 24 जालू मंदरे दे
रखबालयां दे सरदारां कने बड्डे याजकां ऐ खबर सुणी, तां हेरान होई
गे कने उलझन च पेई गे की इदा क्या नतीजा होणा। 25 इतणे च
कुनकी आई करी उना जो दसया, "दिखा, जिना जो तुसां जेला
च बंद कितया था, सै माणु मंदरे च खड़ोई करी उपदेश देद न।"
26 जालू उना ऐ सुणया, तालू मंदरे दे रखबालयां दा सरदार कुछ
रखबालयां जो सोगी लेईकरी मंदरे च गिया, कने प्रेरितां जो पकडी
करी महासभा च लेई आया, पर उना सोगी कोई जोर जबरदस्ती नी
किती, क्योंकि रखबाले लोकां ला डरा दे थे की लोक पथर मारी-
मारी करी उना जो मारी ना देन। 27 जालू उना प्रेरितां जो महासभा दे
सामणे खरेड़या तालू महायाजके उना ला पुछया, 28 "क्या असां
तुहांजो हुकम नी दितया था, की तुसां इस नाऐ ला शिक्षा मत दिन्दे?
फिरी भी, तुसां सारे यरूशलेम शेहरे जो अपणिया शिक्षा ला भरी
दिता है कने तुसां उस माणुऐ दी हत्या दा दोष जबरदस्ती सांझो पर
लांणा चांदे न।" 29 तालू पतरसे कने, बाकियां प्रेरितां जबाब दिता,
"माणुऐ दे हुकमे ला बदीकरी परमेश्वरे दे हुकमे जो मनणा ही साड़ा
कम्म है। 30 साड़े पूर्वजां दे परमेश्वरे यीशुऐ जो मरयां चे जिन्दा
करी दिता, जिसयो तुसां सूली पर लटकाई करी मारी दितया था।
31 उसयो ही परमेश्वरे प्रभु कने उद्धार करणे बाला बणाया है, कने
अपणे सजे हथे ने सारयां ला उच्चे सिंहासने पर बेठाया है, ताकि
इस्राएले दे लोक अपणे बुरे सोच बिचार कने बुरे रस्तयां जो छडी
करी परमेश्वरे बाल मुड़ी ओन कने उदे जरिये उना जो अपणे पापां
दी माफी मिल्ले। 32 असां कने पवित्र आत्मा भी इना गल्लां दे
गबाह न, जिसा जो परमेश्वरे उना जो दितया है, कने जड़े उदा हुकम
मंदे न।" 33 जालू महासभा दे लोकां ऐ सुणया तां उना जो बड़ा
जादा गुस्सा आई गिया, कने प्रेरितां जो मारी देणा चांदे थे। 34 पर
गमलीएल नाऐ दा इक फरीसी था, जड़ा व्यवस्था जो सिखाणे बाला
कने सारे लोक उसयो बड़ा मंदे थे, उनी महासभा च खड़ाई करी
प्रेरितां जो थोड़िया देरा तांई बाहर करी देंणे दा हुकम दिता। 35 तालू
उनी महासभा दे लोकां जो बोलया, "हे इस्राएलियो, जड़ा कुछ भी
इना माणुऐ ला करणा चांदे न सोची समझीकरी करनयो। 36 क्योंकि
इना रोजां ला पेहले थियुदास ऐ बोलदा था, की मैं भी कुछ है; कने
कोई चारसो माणु उदे सोगी होई गे, पर सै मारी दिता, कने जितणे
लोक उदी मंदे थे सारे तितर बितर होई गे कने खत्म होई गे। 37 उदे
बाद जनगणना दे दिना च गलील प्रदेशे दा बासी यहूदा आया, कने
कुछ लोक अपणे पासे करी ले, सै भी मरी गिया, कने जितणे लोक
उदे चेले थे, सारे लोक तितर बितर होई गे। 38 इस तांई तां मैं हुण
तुसां जो बोला दा है, इना माणुऐ ला दूर ही रिया कने उना ला कोई
कम्म मत रखा; क्योंकि अगर ऐ कम्म कने योजना माणुऐ दिया
तरफा ला होंदी तां इना अपणे आप ही खत्म होई जाणा; 39 पर
अगर परमेश्वरे दिया तरफा ला है, तां तुसां कदी नी मिटाई सकणा है,
कुथी इयां ना हो की तुसां परमेश्वरे ला लड़ने बाले बंणन।" 40
तालू महासभा गमालिएल दी गल्ल मनी लेई, कने इस तांई प्रेरितां
जो सदीकरी मारया कुटया; कने उना जो ऐ हुकम दिता की सै हुण
यीशुऐ दे नाऐ च कुछ मत बोलदे कने फिरी उना जो छडी दिता।
41 कने जालू सै महासभा जो छडी करी चली गे, तालू प्रेरित इसा
गल्ला ला खुश होए की परमेश्वरे उना जो यीशुऐ तांई बेइजत होणे
जोगे समझया। 42 कने हर रोज मंदरे च कने घरे-घरे च, प्रेरित
लोकां जो सिखांदे रे कने शुभसमाचार दा प्रचार करदे रे की यीशु ही
मसीह है।

6 उना रोजां च चेलयां दी गिणती लगातार बदा दी थी, तालू यूनानी
बोली बोलणे बाले यहूदी विश्वासी इब्रानी बोली बोलणे बाले
यहूदी विश्वासियां दे खिलाफ शिकायत करणा लग्गे, की रोज खाणा
कने पैसे बंडदे बकते यूनानी बिधवां जो सबना सांई खाणा कने पैसे
नी दिन्दे। 2 तालू बाहरां प्रेरितां यरूशलेम शेहर दे बाकी चेलयां दी
मंडलिया जो अपणे बाल सदीकरी बोलया, "असां प्रेरितां जो अपणा
बकत परमेश्वरे दा बचन सिखाणे च लाणा चाईदा, ना की खुआणे
पियांणे दी सेबा करणे च। 3 इस तांई हे मसीह भाईयो, अपणे चे सत्त
ऐसे माणुआं जो चुणा जिना दे बारे च सब जाणदे न की सै पवित्र
आत्मा ने कने अकला ने भरयो न, ताकि असां ऐ जिम्मेदारी उना जो
देई देंन। 4 पर असां तां प्राथना, बचन दा प्रचार कने शिक्षा देणे
च लगी रेन।" 5 ऐ गल्ल सारिया मंडलिया जो खरी लग्गी, कने
उना स्तिफनुस नाऐ दे इक माणुऐ जो जड़ा भरोसे कने पवित्र आत्मा
ला भरुई गिया था, कने फिलिप्पुस कने प्रुखुरुस कने निकानोर कने
तीमोन कने परमिनास कने अन्ताकिया बासी नीकुलाउस जो जड़ा
यहूदी धर्मे च आई गिया था, इना जो चुणी लिया। 6 कने इना जो सै
प्रेरितां दे सामणे लेई आये कने उना तांई प्राथना किती कने उना पर

हाथ रखीकरी उस कम्मे तांई नियुक्त किता। 7 कने परमेश्वरे दा
बचन फेलदा गिया कने यरूशलेम शेहरे च चेलयां दी गिणती बददी
गेई, कने केई यहूदी याजकां भी यीशु मसीह पर भरोसे दे इस संदेशे
जो मन्नी लिया। 8 स्तिफनुस अनुग्रह कने शक्तिया ला भरुई करी
लोकां च बड्डे-बड्डे अनोखे कम्म कने चमत्कार दसदा था। 9 पर कुछ
लोक जड़े उस यहूदी जंज घरे दे थे, जिसयो गुलाम मुक्त यहूदी
जंज घर बोलदे थे, सै स्तिफनुसे दे खिलाफ होई गे। कने इना चे
कुछ लोक कुरेने कने सिकंदरिया दे शेहरां ला आयो थे, कने कुछ
लोक किलिकिया प्रदेश कने आसिया प्रदेश ला आयो थे। ऐ लोक
स्तिफनुसे सोगी बेहस करणा लग्गे। 10 स्तिफनुसे जड़ा कुछ भी
बोलया सै उदा जबाब नी देई सके क्योंकि पवित्र आत्मा उसयो बड़ी
ही समझा ला बोलणे च सहायता किती। 11 इस तांई गुलाम मुक्त
लोकां छुपके ला केई मर्दा जो रिश्वत देईकरी स्तिफनुसे दे बारे च
झूठ बोलणे तांई भड़काया, "की असां इसयो मूसा कने परमेश्वरे
दे खिलाफ च निंदा करदे सुणाया है।" 12 कने उना स्तिफनुसे दे
खिलाफ लोकां जो, यहूदी अगुवां जो, कने व्यवस्था जो सिखाणे
बालयां जो भड़काया कने उना आई करी स्तिफनुसे जो पकड़या कने
उसयो महासभा दे सामणे लेई आये। 13 कने ओथु जूठे गबाह पेश
किते, जिना स्तिफनुसे पर ऐ इलजाम लाया, "ऐ माणु इस पवित्र
मन्दिर कने मूसा दिया व्यवस्था दे खिलाफ बोलणा नी छडदा है। 14
क्योंकि असां इसयो ऐ बोलदे सुणाया है, की नासरत बासी यीशुऐ
इस मंदरे जो ढाई देणा है, कने रीती रिबाजां जो बदली देणा है जड़े
मूसा सांझो दितयो न।" 15 तालू सारयां लोकां जड़े महासभा च
बैठयो थे, उदे पासे घुरी करी दिखया तां उदा मु स्वर्गदूते दे मुऐ सांई
चमका दा था।

7 तालू महायाजके स्तिफनुसे ला पूछया, "क्या ऐ इलजाम सच्च
न?" 2 उनी बोलया, "हे भाईयों कने पितरो सुंणा, साड़े पूर्वज
अब्राहम जो हारान ग्रां च आई करी बसणे ला पेहले जालू सै
मेसोपोटामिया प्रदेश च था; कने तेजोमय परमेश्वरे उसयो दर्शण
दिते। 3 कने उसयो बोलया, 'तू अपणे देशे कने अपणे रिश्तेदारां ला
निकली करी उसी देशे जो चली जा, जिसयो मैं तिजो दसगा।' 4
तालू सै कसदियों दे देशे ला निकली करी हारान ग्रांऐ च जाई बसया;
कने उदे पिता दिया मौता दे बाद परमेश्वरे उसयो ओथु ला आंणी
करी इस देशे च बसाया जिदे च हुण तुसां बसदे न, 5 पर परमेश्वरे
उसयो ऐथू विरासत च कुछ नी दिता, ऐथू दीकर की इक फुट जगा
भी नी दिती, कने उस बेले उदी कोई ओलाद भी नी थी। फिर भी
परमेश्वरे बायदा किता, की मैं ऐ देश तेरे कने तेरे बाद तेरे बंशे दे हथे
दिंगा।" 6 कने परमेश्वरे ऐ भी बोलया, तेरे बंशे दे लोक पराये देशे
च परदेशी होणे, कने उना लोकां उना जो गुलाम बणाई लेणा, कने
चारसो सालां दीकर उना सोगी बुरा बर्ताब करणा। 7 फिरी परमेश्वरे
बोलया, "जिसा जातियां दे उना गुलाम होणा है, उना जो मैं सजा
देणी, कने उना उस देशे ला निकली करी इसी इस्राएल च मेरी भक्ति
करणी।" 8 कने परमेश्वरे अब्राहम सोगी इक बायदा किता कने
उसने बोलया की सै अपणे घरे दे सारे मर्दा दा खतना बायदे दे चिन्ह
दे तौर पर करबाऐ; कने बादे च जालू इसहाक पैदा होया, तां अठमे
रोजे उदा खतना किता, कने इसला बाद ऐ परमपरा चलदी रेई कने
इसहाक ला याकूब कने याकूब ला साड़े बारा पूर्वज पैदा होऐ। 9
जलन दिया बजा ने यूसुफे दे भाईयां उसयो मिस्र देशे जाणे बालयां जो
इक गुलाम दे रूपे च बेची दिता, पर परमेश्वर उदे सोगी था। 10 कने
परमेश्वरे यूसुफे जो उदे सारियां मुसीबतां ला छुड़ाई करी मिसरे दे
राजा फिरौन दे अग्गे अनुग्रह कने अकल दिती, कने फिरौन राजे
उसयो मिस्र देशे पर कने अपणे सारे घरे दा अधिकारी बणाया। 11
जालू युसूफ मिस्र देशे दा गवर्नर था तालू सारे मिस्र कने कनान देशे
च अकाल पिया; जिसने बड़ा भरी क्लेश होया, कने साड़े पूर्वजां
जो खाणे जो नी मिलदा था। 12 पर याकूबे ऐ सुणाया, की मिस्र
देशे च अनाज है, उना साड़े पूर्वजां जो अनाज लेणे तांई भेजया
कने सै यूसुफे ने मिल्ले कने अनाज खरीदया पर उना यूसुफे जो नी
पछेणया। 13 कने दुई बरी जालू सै अनाज लेणा गे, तां यूसुफ अपणे
भाईयां जो दसया की मैं तुहाड़ा भाई यूसुफ है, कने यूसुफे दे परिबार
दे बारे च फिरौन जो पता लग्गी गिया। 14 तालू यूसुफे अपणे पिता
याकूब कने अपणे सारे रिश्तेदारां जो, जड़े पचतर माणु थे, उना
जो मिस्र देश च ओणे तांई बुलाबा भेजया। 15 तालू याकूब मिस्र
देश गिया; कने ओथु कुछ बकते बाद सै कने साड़े बाप दादे मरी
गे। 16 कने उदे बंशज याकूब कने उदे पुत्रां दियां लाशां जो साड़े
देश कनान च लेई गे, कने याकूब दिया लाशा जो उसा कबरा च
दफनाया, जिसा जो अब्राहमे इक सही कीमता च खरीदया था, कने
उना याकूब दे पुत्रां जो शकेम शेहरे दिया उसा जमिना च दफनाया,
जिसयो याकूबे हामौर दे पुत्रां ला खरीदया था। 17 पर जालू उस
बायदे जो पूरा होणे दा बकत नेड़े आया जड़ा परमेश्वरे अब्राहम ने
कितया था, तां मिस्र देश च लोक बदी गे, कने मते सारे होई गे। 18
तालू मिस्र देश च दुआ राजा राज करणा लग्गा जड़ा यूसुफे जो नी
जाणदा था। 19 उनी साड़िया जातियां सोगी चलाकी करिरी साड़े
पूर्वजां ला इसा हदा दीकर बुरा व्यवहार कितया की, उना दे माता
पिता जो अपणे बचयां जो फेंकणा पेई गिया ताकि सै मरी जान। 20
कने उस बेले मूसा पैदा होया, कने सै परमेश्वरे दिया नजरा च बडा
ही छेल था; कने उसयो उना तिन मिहनयां दीकर उसयो उदे माता-
पिता लुकाई करी पालया। 21 पर जालू सै उसयो होर जादा लुकाई
नी सके, तां उना उसयो घरे बाहर रखी दिता कने तालू फिरौने दीया
कुड़िया उसयो गोद लेई लिया, कने उसयो अपणे पुत्रे सांई पालया।
22 कने मूसा जो मिस्रियां दी सारी बिघा पड़ाई, कने सै बड़ा ही
प्रभाबशाली तरीके ने गल्लां कने कम्म करदा था। 23 जालू मूसा
चालियां सालां दा होया, तां उदे मने च आया की अपणे इस्राएली
रिशतेदारां ने मिल्ले। 24 कने उनी ओथु इक मिस्री माणुऐ जो इक
इस्राएली माणुऐ सोगी बदसलूकी करदे दिखया, कने उसयो बचाया,
कने मिस्री माणुऐ जो मारी करी उदा बदला लिया। 25 उनी सोचया,
की मेरे भाईयां समझणा की परमेश्वरे मेरे हथे ने उना जो गुलामी ला
अजाद करदा, पर उना नी समझया। 26 दुऐ रोजे मूसा दो इस्राएलियां
बाल आया जड़े अपु चे लड़ा दे थे, कने उना बिच सुला कराणे तांई

ऐ बोलया, की हे मर्दो, तुसां तां भाई-भाई न, तुसां कजो इकी दुऐ जो
मारा दे न? 27 पर जड़ा अपणे पड़ोसीऐ जो मारा दा था, उनी मूसा
जो धक्का दिता कने बोलया, तिजो कुनी सांझो पर राजा कने न्याय
करणे बाला बणाया है? 28 क्या जियां कल तू मिस्र देशे दे माणुऐ जो
मारी दिता क्या मिंजो भी मारणा चांदा है? 29 ऐ गल्ल सुणीकरी,
मूसा मिस्र देश ला नठया कने मिद्यान देशे च परदेसी बणी करी रेणा
लग्गा: कने ओथु उदे दो पुत्र पैदा होए। 30 मिद्यान देशे च पुरे चाली
साल रेहणे बाद, मूसा जो परमेश्वरे इक स्वर्गदूते दे रूपे च सीनै पहाड़े
दिया सुनसान जगा च जलदिया झाड़िया दिया अग्गी बिच दर्शण
दिते। 31 जालू मूसा उसा अग्ग लगियो झाड़िया जो दिखया जड़ी
भस्म नी होआ दी थी, तां सै हेरान होया, कने जालू दिखणे तांई बखे
गिया, तां प्रभु दी ऐ अबाज सुणोई, 32 "मैं तेरे पूर्वज, अब्राहम,
इसहाक कने याकूब दा परमेश्वर है, जिदी सै अराधना करदे थे।"
तालू तां मूसा डरे ने कमी पिया, ऐथू दीकर की उसयो दिखणे दी
हिम्मत नी रेई। 33 तालू प्रभुऐ उसयो बोलया, अपणे पैरां ला जुतयां
उतारी दे, क्योंकि जिसा जगा तू खड़ोतया है, सै पबित्र जगा है। 34
मैं सची अपणे लोकां दी दुर्दशा जो दिखया है, जड़ी मिस्र देश च है,
कने उना दी तकलीफ कने उना दे रोणे जो सुणया है, इस तांई उना
जो छुड़ाणे तांई उतरया है। हुण आ, मैं तिजो मिस्र देश च भेजणा। 35
ऐ सै ही मूसा है जिसयो इस्राएलियां नकारी दितया था कने जिना
बोलया, तिजो कुनी सांझो पर राजा कने न्याय करणे बाला बणाया
है? उसयो ही परमेश्वरे राजा कने छुड़ाणे बाला बणाई करी, उस
स्वर्गदूते दे जरिये भेजया जिनी उसयो झाड़िया च दर्शण दिते थे। 36
सै उना जो मिस्र देशे ला बाहर लेई आया कने उनी मिस्र देशे च कने
लाल समुंद्रे पर कने सुनसान जगा च चालियां सालां दीकर अदभुत
कम्म कने चिन्ह दस्से। 37 ऐ सेई मूसा हे, जिनी इस्राएली लोकां
जो बोलया, परमेश्वरे तुहाड़े भाईयां चे तुहाड़े तांई मिंजो सांई इक
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला बणाणा है। 38 मूसा इक अगुवे दे रूपे च
साड़े पूर्वजां दे सोगी था जालू सै सुनसान जगा च गिठे थे, तालू
स्वर्गदूते सीनै पहाड़े पर मूसा ने गल्लां कितियां, कने ओथु मूसा
जो जिन्दगी देणेबाले बचन मिल्ले कने उनी सै बचन सांझो दीकर
पूजाऐ। 39 पर साड़े पूर्वज उदी मनणा नी चांदे थे; सै मने-मने च ही
मिस्र देशे जो बापस जाणा चांदे थे, 40 कने उना मूसा दे भाई हारून ने
बोलया, साड़े तांई ऐसा देवता बणा, जड़ा मिस्र देशे जो बापस जाणे
तांई साड़े अग्गे-अग्गे चले; क्योंकि ऐ मूसा जड़ा सांझो मिस्र देशे ला
कडी लेई आया है, असां नी जाणदे उसयो क्या होया है। 41 उना
रोजां च उना इक बछड़े दी मूर्ति बणाई करी, उदिया मूर्तियां अग्गे
बलि चढ़ाई, कने अपणे हथां दे कम्मा पर खुश होणा लग्गे। 42 फिरी
परमेश्वरे उना जो अम्बरे दे तारे, चन्द्रमा, सूरजे जो अपणे देवतयां दे
रूपे च पूजणे तांई छडी दिता, जियां परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां
दीया कताबा च परमेश्वरे बोलया है, हे इस्राएल दे लोको, क्या तुसां
सिर्फ मेरे तांई ही चालियां सालां दीकर सुनसान जगा च पशु बलि
कने अन्नबली चड़ादें रे? 43 नही, तुसां उस तम्बूऐ जो डोता जिदे च
तुहाड़े देवता मोलेक दी मूर्ति थी; कने तुसां अपणे देवता रिफान दे
तारे जो चुकया, मतलब की उना मूर्तियाँ जो जिना जो तुसां भक्ति
करणे तांई बणाया था। इस तांई मैं तुहांजो बाबेल देश च गुलाम
बनाणा। 44 गबाई दा तम्बू रेगिस्तान च साड़े पूर्वजां बिच था; जियां
की परमेश्वरे मूसा जो बोलया, जड़ा अकार तू दिखया है, उदे सांई
इसयो बणा। 45 बडे सालां बाद उसी तम्बूऐ जो साड़े पूर्वज यहोशुऐ
सोगी ऐथू लेई आये। उस बकत ऐ देश होरनी जातियां दे हथे च था,
पर परमेश्वरे उना जो साड़े पूर्वजां दे सामणे ला कडी दिता, कने सै
तम्बू राजा दाऊदे दे बकते दीकर रिया। 46 दाऊद पर परमेश्वरे
अनुग्रह किता; दाऊदे याकूब दे परमेश्वरे जो रेहणे तांई मंदर बणाने दी
बीनती किती। 47 पर जिनी परमेश्वरे दे मंदरे जो बणाया सै दाऊदे दा
पुत्र सुलैमान था। 48 पर परमेश्वर हथा ने बणायो मंदरा च नी रेंदा
है, जियां की यशायाह परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले बोलया की, 49
परमेश्वर बोलदा है, स्वर्ग मेरा सिहांसन है कने धरती मेरे पैरां थल्ले
दी चौंकी है, मेरे तांई तुसां कदिया मंदर बणांगे? कने मिंजो अराम
करणे दी कुण देई जगा होणी? 50 मैं खुद स्वर्ग कने धरती दोनों जगा
पर सब कुछ बणाया है। 51 "हे जिदी लोको, तुसां परमेश्वरे दियां
गल्लां मनणे कने सुणने ला मना करदे न, तुसां हमेशा पबित्र आत्मा
दा बिरोध करदे न। जियां तुहाड़े पूर्वज करदे थे, तियां ही तुसां भी
करदे न। 52 तुहाड़े पूर्वजां परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां चे हर कुसी
जो सताया कने जिना ऐ भविष्यबांणी किती की मसीह जड़ा धर्मी है
ओंणा है, उना जो भी मारी दिता, पर जालू मसीह आया, तां तुसां
उसयो धोखा दिता कने उदी हत्या करी दिती। 53 तुहांजो स्वर्गदूते दी
बणाईयो व्यवस्था तां मिली, पर उदा तुसां पालन नी किता।" 54 ऐ
गल्लां सुणीकरी यहूदी अगुवे स्तिफनुसे पर बड़े जादा गुस्सा होए
कने स्तिफनुसे पर ददां जो पिणा लग्गे। 55 पर स्तिफनुसे पबित्र
आत्मा ने भरूई करी स्वर्गे पासे दिखया कने परमेश्वरे दिया महिमा
जो कने यीशुऐ जो परमेश्वरे दे सजे पासे खड़ोतया दिखीकरी, 56
बोलया, "दिखा, मैं स्वर्गे जो खुलया कने माणुऐ दे पुत्रे जो परमेश्वरे
दे सजे पासे खड़ोतया दिखा दा है।" 57 जालू उना ऐ सब सुणया
तालू उना जोरे ला चिलाया कने अपणे कना पर हथ रखी ले, ताकि
सै स्तिफनुसे दी नी सुणन कने गिठे होईकरी स्तिफनुसे पर टूटी पे।
58 कने उसयो यरूशलेम शेहरे दे बाहर कडी करी पथर मारणा लग्गे,
कने स्तिफनुसे पर इल्जाम लगाणे बाले लोकां अपणे बाहरे बाले
कपड़े खोली करी शाऊले नाऐ दे जवान आदमिये बाल रखी दिते।
59 कने सै स्तिफनुसे जो पथर मारदे रे, कने सै ऐ बोली करी प्राथना
करदा रिया, "प्रभु यीशु, मेरिया आत्मा जो लेई ले।" 60 फिरी गोडे
भार बेईकरी जोरे ने पुकारया, "प्रभु जी, इस पापे तांई इना जो सजा
मत दिन्दे।" कने ऐ बोली करी मरी गिया।

8 शाऊल स्तिफनुसे दिया हत्या च पूरा सहमत था। उसी रोजे ला
यरूशलेम शेहरे दिया कलीसिया पर बड़ा जुल्म होणा लग्गा कने
प्रेरितां जो छडी करी सारे दे सारे यहूदिया प्रदेशे च कने सामरिया
प्रदेशां च तितर बितर होई गे। 2 कने कुछ मर्दां जड़े परमेश्वरे दी
इज्जत करदे थे उना स्तिफनुसे जो दफनाई दिता, कने उदे तांई
मते रोये। 3 शाऊल कलीसिया जो सता दा था, कने घरे-घरे जाई

करी विश्वासी मर्दां कने जनानिया जो घसीटी-घसीटी करी जेलां च
पाई दिन्दा था। 4 जड़े भरोसा करणे बाले तितर बितर होयो थे, सै
जिथू कुथु भी गे लगातार शुभसमाचार सुणादे गे। 5 कने फिलिप्पुस
सामरिया प्रदेशे दे इक शेहरे च जाई करी लोकां च मसीह दा प्रचार
करणा लग्गा। 6 जालू उना फिलिप्पुसे जो बोलदे सुणया कने उदे
कितयो चिन्हा जो दिखया, तां उना सारयां मिलिकरी उदे संदेशे जो
ध्याने ला सुणया। 7 क्योंकि जालू फिलिप्पुसे हुकम दिता तां मतयां
चे बुरियां आत्मा जोरे ने चिलांदियां होइयां निकली गियां कने मते
लकवे दे रोगी कने लंगड़े भी ठीक होए। 8 तां उस शेहरे दे मते
सारे लोक खुश होऐ। 9 उस शेहरे च इक शमौन नाऐ दा माणु था,
कने सै काफी बकत ला सामरियां दे लोकां पर जादू टोंणा करा दा
था, सै उदी काबिलियत ला बड़े हेरान थे, कने सै दावा करदा था
की सै इक महान आदमी है। 10 कने सारे छोटयां ला लेईकरी बड्डे
दीकर उसयो इज्जता ने बोलदे थे, "ऐ माणु परमेश्वरे दी सै शक्ति है,
जिसयो महान बोलदे न।" 11 उनी मते रोजां ला उना जो अपणे
जादूऐ दे कम्मा ने हेरान करी रखया था, तांई तां सै उसयो बड़े
मंदे थे। 12 पर जालू लोकां परमेश्वरे दे राज्य कने यीशु मसीह दे
ना दा शुभसमाचार फिलिप्पुस ला सुणया कने भरोसा किता, तालू
सारे मर्दां कने जनानिया बपतिस्मा लिया। 13 तालू शमौने अपु भी
फिलिप्पुसे दे शुभसमाचार पर भरोसा किता कने बपतिस्मा लेईकरी
हर जगा फिलिप्पुसे सोगी जाणा लग्गा कने चमत्कार कने बड्डे-बड्डे
कम्म होंदे दिखीकरी सै हेरान होंदा था। 14 जालू यरूशलेम शेहर च
प्रेरितां सुणयां की सामरिया प्रदेश दे लोकां परमेश्वरे दा बचन मन्नी
लिया है तां पतरसे कने यूहन्ना जो उना बाल भेजया। 15 कने उना
ओथु जाई करी उना तांई प्राथना किती ताकि उना जो पवित्र आत्मा
मिल्ले। 16 क्योंकि पवित्र आत्मा हले दीकर उना च कुसदे पर भी
नी उतरया था, उना तां बस यीशुऐ दे नाऐ ने बपतिस्मा लिया था।
17 तालू पतरस कने यूहन्ने तिना पर हथ रखे कने उना जो पवित्र
आत्मा मिल्ली। 18 जालू शमौने दिखया की प्रेरितां दे हथ रखणे ने
पवित्र आत्मा मिलदी है, तां उनी पेसे देईकरी बोलया, 19 "ऐ शक्ति
मिंजो भी दिया, ताकि मैं जिसदे पर हथ रखें, उसयो पवित्र आत्मा
मिल्ले।" 20 पतरसे उसयो बोलया, "तू कने तेरे पैसे दोनों नाश
होन, क्योंकि तू परमेश्वरे दा दान पैसयां ने खरीदणे दा बिचार किता।
21 इसा सेबा च ना तेरी हिस्सेदारी है, ना हिस्सा है; क्योंकि तेरा मन
परमेश्वरे दे सामणे सच्चा नी है। 22 इस तांई तू अपणे मने ला इसा
बुरिया सोचा जो कडी दे कने प्रभु ने प्राथना कर, तां होई सकदा प्रभु
तेरी इसा बुरिया सोचा तांई तिजो माफ करे। 23 तू अपणे पापां ला
पश्चाताप कर क्योंकि तू कड़वाट ने भरया है कने पाप ने जकड़या
होया है।" 24 शमौने जबाब दिता, "तुसां मेरे तांई प्राथना करा ताकि
जड़ियां गल्लां तुसां बोलियां न, ऐसा कुछ भी मेरे सोगी न हो।" 25
पतरस कने यूहन्ना उस शेहरे च गबाई दिती कने प्रभु दे बचना दा
प्रचार किता कने फिरी यरूशलेम शेहरे जो बापस चली गे। कने
जांदे-जांदे बेले सामरिया प्रदेशे दे मतयां ग्रां च शुभसमाचार दा प्रचार
किता। 26 फिरी प्रभु दे इक्की स्वर्गदूते फिलिप्पुसे जो बोलया, "उठी
करी दक्षिणे पासे उस रस्ते पर जा, जड़ा यरूशलेम शेहरे ला गाजा
शेहर जो जांदा है, ऐ रेगिस्तानी रस्ता है।" 27 फिलिप्पुस उठी करी
चली पिया, कने उसयो रस्ते च इक माणु मिल्ला सै इक खोजा कने
कूशियों दी राणी कन्दाके दा मंत्री कने खजांची था, कने भक्ति
करणे तांई यरूशलेम शेहर आया था। 28 कने सै रथे पर अपणे देशे
जो बापस चलया था, कने परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले यशायाह दी
कताबा जो जोरे ने पढ़ा दा था। 29 तालू पवित्र आत्मा फिलिप्पुसे ने
बोलया, "नेड़े होईकरी इसी रथे ने चली पो।" 30 फिलिप्पुस दोड़ी
करी उस रथे बखे आया कने उसयो परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले
यशायाह दी कताबां जो पढ़दे सुणाया, तां उसला पुछया, "तू जड़ा
पढ़ा दा है क्या उसयो समझदा भी है?" 31 उनी बोलया, "मैं इसयो
नी समझी सकदा जालू दीकर मिंजो कोई इसयो समझांगा नी।" कने
उनी फिलिप्पुसे ने बीनती किती की, रथे पर चढ़ी करी मेरे बखे बो।
32 पवित्र शास्त्रे दा जड़ा अध्याय सै पढ़ा दा था, सै ऐ था, "उसयो
भेडां सांई मारणे तांई लेई गे, कने जियां मेमना ऊन कतरने बाले दे
सामणे चुपचाप रेंदा है, तियां ही जालू लोकां उसयो दुख दिता तां
उनी भी अपणा मु नी खोलया, 33 उदिया दीनता दिया बजा ला उदी
बेईजती किती कने उसयो न्याय नी मिल्ला, शायद कोई भी उदे
बंशजा दे बारे च नी दस्सी सकदा है, क्योंकि इदे ला पेहले की धरती
पर उदा कोई बंश होंदा, लोकां उसयो मारी दिता।" 34 इसी पर
खोजे फिलिप्पुसे ला पुछया, "मैं तिजो ने बिनती करदा है, मिंजो ऐ
दस की परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला कुसदे बारे च बोला दा है, अपणे
या कुसी होरसी दे बारे च?" 35 तालू फिलिप्पुसे बोलणा शुरू किता,
कने इस पवित्र शास्त्रे ला शुरू करिरी उसयो यीशुऐ दा शुभसमाचार
सुणाया कने उनी खोजे ऐ गल्लां समझी लियां कने यीशुऐ पर भरोसा
किता। 36 रस्ते च चलदे-चलदे सै कुसकी तलाबे बाल पुज्जे, तालू
खोजे बोलया, "दिख ऐथू तलाब है, हुण मिंजो बपतिस्मा लेणे तांई
क्या कमी है?" 37 फिलिप्पुसे बोलया, "अगर तू सारे मने ने भरोसा
करदा है तां लेई सकदा है।" उनी जबाब दिता "मैं भरोसा करदा है
की यीशु मसीह ही परमेश्वरे दा पुत्र है।" 38 तालू उनी रथ खरेड़ने
दा हुकम दिता, कने फिलिप्पुस कने खोजा दोनो तलाबे दे पांणिऐ च
उतरी गे, कने फिलिप्पुसे उसयो बपतिस्मा दिता। 39 जालू सै तलाबे
ला निकली करी उपर आये, तां प्रभुऐ दी आत्मा फिलिप्पुसे जो चुकी
लेई गेई, कने खोजे उसयो दोबारा नी दिखया, कने सै खुश होया की
प्रभुऐ उसयो बचाया है कने अपणे देशे जो बापस चली गिया। 40
फिरी फिलिप्पुस अशदोह शेहर च प्रगट होया कने तालू ओथु ला
यात्रा शुरू किती कने ग्रां-ग्रां च कने नगरां-नगरा च शुभसमाचार दा
प्रचार करदा रिया जालू दीकर सै कैसरिया शेहरे च नी पूजी गिया।

9 शाऊल पर हले दीकर प्रभु यीशु दे चेलयां जो धमकांणे कने
मारणे दा खून सबार था, इस तांई सै महायाजक बाल गिया। 2
कने उसला दमिश्क शेहरे दे यहूदी जंज घरा दे नाऐ पर अधिकार
पत्र मंगे, की कोई भी मर्द कने जनानी जड़े यीशु मसीह दी शिक्षा
जो मंदे न उना जो बन्नी करी यरूशलेम शेहर जो लेई ओंऐ। 3 पर
जालू शाऊल कने उदे साथी दमिश्क शेहरे बखे पुज्जे, तां अचानक

अम्बरे ला शाऊले दे चारो पासे इक लौ चमकी, 4 सै धरती पर पेई
गिया, कने अबाज सुणी, जड़ी उसयो बोला दी थी, “हे शाऊल, हे
शाऊल मिंजो कजो सता दा है?” 5 शाऊले पुछया, “प्रभु जी, तू
कुण है?” उनी बोलया, “मैं यीशु है, जिसयो तू सता दा है।” 6 पर
हुण उठी करी शहरे जो जा, कुनी तिजो दस्सी देणा, की तिजो क्या
करणा है। 7 जड़े माणु उदे सोगी थे, चुपचाप रेई गे, क्योंकि उना
जो अबाज सुणोंदी थी, पर कोई मिलदा नी था। 8 ताल़ू शाऊल
धरती ला उठया, पर जाल़ू हखीं खोलियां तां उसयो कुछ भी नी
मिल्ला दा था कने सै उदा हथ पकड़ी करी दमिश्क शेहर लेई गे।
9 कने सै तिन्ना रोजां दीकर दिखी नीं सकया, कने ना उनी कुछ
खादा कने ना पीता। 10 दमिश्क शेहर च हनन्याह नाऐ दा इक चेला
था, उसयो प्रभु यीशुऐ दर्शण च बोलया, हे हनन्याह। उनी बोलया,
“हांजी प्रभु जी।” 11 ताल़ू प्रभु यीशुऐ उसयो बोलया, “उठी करी
सीधा नाऐ दिया गलिया च जा, कने यहूदा दे घरे शाऊल नाऐ दे
इकी तरसुस शेहरे दे बासिये जो पूछी ले; क्योंकि सै प्राथना करा दा
है, 12 उनी दर्शण च दिखया है की हनन्याह नाऐ दे इकी माणुऐ
आई करी उस पर हथ रखे ताकि सै दोबारा दिखणा लग्गी पोऐ।”
13 हनन्याह जबाब दिता, “प्रभु जी, मैं इस माणुऐ दे बारे च मतयां
लोकां ला सुणया है, की इनी यरूशलेम शेहर च तेरे पवित्र लोकां
सोगी बड़ा बुरा कितया है; 14 कने ऐथू भी इसयो बड्डे याजकां दिया
तरफा ला हक मिलया है, की जड़े लोक तिजो पर भरोसा करदे न,
उना जो बन्नी करी यरूशलेम शेहर जो लेई जा।” 15 पर प्रभुऐ
उसयो बोलया, “तू चली जा; क्योंकि ऐ तां, मैं होरनी जातियां, कने
राजयां, कने इस्राएलियां दे सामणे मेरे बारे च प्रचार करणे कने मेरी
सेबा करणे तांई चूंणया है। 16 कने मैं उसयो दसणा है, की लोकां जो
मेरे बारे च प्रचार करणे दिया बजा ला उसयो कदिया-कदिया दुख
झेलणा पोंणा है।” 17 ताल़ू हनन्याह उठी करी उस घरे च आया,
जिथू शाऊल रे दा था, कने उदे पर अपणा हथ रखीकरी बोलया,
“हे भाई शाऊल, प्रभु यीशुऐ मिंजो तेरे बाल भेजया है, जड़ा तिजो
उस रस्ते च मिलया था, जाल़ू तू ऐथू ओआ दा था। कने उनी मिंजो
इस तांई भेजया ताकि तू फिरी दिखी सके, कने पवित्र आत्मा ने भरूई
जाऐ।” 18 कने झट उदियां हखी ला छिलकयां सांई कुछ पिया,
कने उसयो मिलणा लगी पिया, कने सै उठया कने उनी बपतिस्मा
लिया, 19 फिरी खांणा खाई करी उसयो जोर आया। सै केई रोजां
दीकर उना चेलयां सोगी रिया जड़े दमिश्क शेहर च थे। 20 कने
झट दमिश्क शेहरे दे यहूदी जंज घरां च यीशुऐ दा प्रचार करणा लग्गी
पिया, की यीशु ही परमेश्वरे दा पुत्र है। 21 कने सारे सुणनेबाले हेरान
होईकरी बोलणा लग्गे, “क्या ऐ सेई माणु नी है, जड़ा यरूशलेम
शेहरे च उना जो सतांदा था, जड़े लोक यीशु नाऐ दे बंदे पर भरोसा
करदे थे, कने ऐथू भी तांई ही आया था, की उना लोकां जो बन्नी
करी बड्डे याजकां बाल लेई जाऐ?” 22 पर शाऊल प्रचार करणे च
होर भी जादा सामर्थी होंदा गिया, कने इसा गल्ला दा सबूत देई-
देईकरी की यीशु ही मसीह है, दमिश्क शेहरे दे रेहणे बाले यहूदियां
दा मु बंद करदा रिया। 23 जाल़ू शाऊले जो दमिश्क शेहरे च रेंदे होए
मते रोज होई गे, तां यहूदियां मिली करी उसयो मारणे दी तरकीब
बणाई। 24 कने सै उसयो मारणे तांई दिन रात फाटकां पर इंतजार
करदे रे, पर उना दी तरकीब शाऊले जो पता चली गेई। 25 इक
राती चेले शाऊले जो पथरे दिया उचिया दिबारा पर लेई आऐ, जड़ी
शेहरे दे चारो पासे बणियो थी। ताल़ू उना दिबारां दे खुले हिस्से ला
रस्सियां दे सहारे इक बडिया दिया टोकरिया च उसयो थले उतारी
दिता। इयां करिरी सै दमिश्क शेहरे ला बची करी निकली गिया। 26
शाऊल यरूशलेम शेहरे जो गिया कने ओथु पुज्जी करी उनी चेलयां
सोगी मिलणे दी कोशिश किती, पर सारे उसला डरदे थे, क्योंकि
उना जो भरोसा नी होंदा था, की सै भी चेला है। 27 पर बरनबासे
उसयो अपणे सोगी प्रेरितां बाल लेईजाई करी उना जो बोलया, की
इनी कियां दमिश्क शेहर जाणे बाले रस्ते च प्रभु जो दिखया, कने
प्रभु यीशुऐ उसला गल्लां कितियां; कने फिरी दमिश्क शेहरे च इनी
कितणिया हिम्मता ला यीशुऐ दे नाऐ दा प्रचार किता। 28 प्रेरितां
बरनबास पर यकीन किता, इस तांई शाऊल रूकी गिया कने उना
सोगी यरूशलेम शेहरे दियां हर जगा पर गिया कने बिना डरयो यीशु
मसीह दे बारे च प्रचार करदा था। 29 कने यूनानी बोली बोलणे बाले
यहूदियां सोगी गल्ल बात कने बेहस करदा था; पर सै उसयो मारणे
दी कोशिश करणा लग्गे। 30 ताल़ू बाकी चेलयां जो इसा गल्ला दे
बारे च पता चला तां सै शाऊले जो कैसरिया शेहरे च लेई आये, कने
ओथु उना उदे तांई जहाजे ला तरसुस शेहर जांणे दा इंतजाम किता,
जड़ा उदा अपणा शेहर था। 31 इयां सारे यहूदिया प्रदेश, कने गलील
प्रदेश, कने सामरी प्रदेशां च कलीसिया जो चैन मिल्ला, कने सै
मुजबुत होंदे गे, कने सै प्रभु यीशु मसीह दे डरे च जिन्दगी जिन्दे थे
कने उना जो पवित्र आत्मा दे जरिये सहायता मिल्ली कने मतयां
लोकां यीशु मसीह पर भरोसा किता। 32 फिरी इयां होया की पतरस
हर प्रदेशे च फिरदा होया, इक रोज लुद्दा शेहरे च रेणेबाले पवित्र
लोकां ला मिलणे तांई उना बाल पुज्जा। 33 ओथु उसयो ऐनियास
नाऐ दा इक लकवे दा रोगी माणु मिल्ला, सै अठां सालां ला मंजे पर
पिया था। 34 पतरसे उसयो बोलया, “हे ऐनियास। यीशु मसीह तिजो
ठीक करदा है। उठ कने, अपणा बछाण चुक।” ताल़ू सै झट उठी
खड़ोता। 35 उसयो ठीक होया दिखीकरी सारे लुद्दा कने शारोन
शेहरां दे सारे रेहणे बालयां प्रभु यीशुऐ पर भरोसा किता। 36 याफा
शेहरे च इक तबीता नाऐ दी जनानी रेंदी थी, जड़ी यीशुऐ पर भरोसा
करदी थी, जिसा दा यूनानी भाषा च ना “दोरकास” था। (जिदा
मतलब की इक हिरण।) कने सै बड़े भरी भले कम्म कने गरीबां दी
सहायता करदी थी। 37 उना रोजां च ही जाल़ू पतरस लुद्दा शेहरे
च था, ताल़ू तबीता बीमार होईकरी मरी गेई, कने लोकां उसा जो
नोहाई करी उपरे बाले कमरे च रखी दिता। 38 लुद्दा शेहर याफा
शेहर दे नेड़े था, चेलयां ऐ सुणीकरी की पतरस ओथु है तां दो माणु
भेजी करी उसला बिनती किती की, “साड़े बाल ओंणे जो देर मत
कर।” 39 ताल़ू पतरस उठी करी उना सोगी चली पिया, कने जाल़ू
पुज्जी गिया, तां सै उसयो उसी उपरे बाले कमरे च लेई गे। कने
सारियां बिधवा रोंदिया उदे बाल आईयां, कने जड़े कपड़े दोरकास

उना सोगी रेंदे बणायो थे, उना जो दसणा लगियां। 40 तालू पतरसे
सारयां जो बाहर करी दिता, गोडयां दे भार बेईकरी प्राथना किती,
कने लाशा पासे दिखीकरी बोलया, “हे तबीता उठ।” तालू उना
अपणिया हखी खोली दितियां, कने पतरसे जो दिखीकरी उठी बैठी।
41 उनी हथ देईकरी उसा जो उठाया कने पवित्र लोकां कने बिधवां
जो सदीकरी उसा जो जिन्दा करी दसया। 42 ऐ गल्ल सारे याफा
शेहर च फेली गेई, कने मतयां प्रभु यीशु पर भरोसा किता। 43 कने
पतरस याफा शेहरे च शमौन नाऐ दे कुसकी चमड़े दा धंधा करणे
बाले दे ओथु मते रोजां दीकर रिया।

**10** कैसरिया शेहरे च कुरनेलियुस नाऐ दा इक माणु था, सै
इतालियानी नाऐ दिया पलटना दा सूबेदार था। 2 सै परमेश्वरे
दा भक्त था, कने सै कने उदा सारा खानदान परमेश्वरे ला डरदा था,
कने सै गरीब यहूदी लोंका जो बड़ा दान दिन्दा था, कने हर बकत
परमेश्वरे ला प्राथना करणा लगी रेंदा था। 3 इक रोज, उनी दिने दे
लगभग तिन बजे दे करीब इक दर्शण च बिलकुल साफ दिखया
की परमेश्वरे दे इकी स्वर्गदूते उदे बाल अंदर आई करी बोलया,
“हे कुरनेलियुस।” 4 कुरनेलियुसे स्वर्गदूते जो ध्याने ला दिखया
कने डरीकरी बोलया, प्रभु जी क्या हुकम है? उनी उसयो बोलया,
“तेरियां प्राथना कने तेरे दान याद तांई परमेश्वरे सामणे पुज्जे न।
5 हुण याफा शेहर च माणु भेजी करी शमौन जो, जिसयो पतरस
बोलदे न, सदी ले। 6 सै शमौन, चमड़े दा धंधा करणे बाले दे ओथु
परोंणा है, जिसदा घर समुद्रे बखे है।” 7 जालू सै स्वर्गदूत जिनी
उसला गल्लां कितियां थियां चली गिया, तां उनी दो सेवकां कने इक
भक्त सिपाइऐ जो सदया जड़े उदी सेबा तांई ओथु रेंदे थे, 8 कने
उसयो सारियां गल्लां दसी करी याफा शेहरे जो पतरसे जो लोंणे
तांई भेजया। 9 दुऐ रोजे कुरनेलियुस दे भेजयो सै तिन माणु चलदे-
चलदे लगभग दोपेरा दे बकत शेहरे बखे पुज्जे, तां उसी बकत पतरस
छती पर प्राथना करणा चढया। 10 उसयो भूख लग्गी कने सै कुछ
खांणा चांदा था, कने जालू सै खांणा तैयार करा दे थे, तां सै बेसुध
होई गिया। 11 कने उनी दिखया, की अम्बर खुली गिया, कने इक
बडिया चादरा सांई कोई चीच चारो कुंणा ला रस्सिया ला बनियो
धरती पासे उतरा दी है। 12 जिसा च धरतिया दे सै चारा पैरां बाले
कने रेंगणेबाले जानवर कने अम्बरे दे पंछी थे, जिना दे बारे च मूसा
दिया व्यवस्था च लिख्या है की सै अशुद्ध कने अपबित्र न कने
यहूदिया जो इना जो खाणे तांई मना है। 13 कने उसयो इक अबाज
सुणोई, “हे पतरस उठ, मार कने खा।” 14 पर पतरसे बोलया, “नी
प्रभु, कदी नी, क्योंकि मैं कदी भी कोई अपबित्र या अशुद्ध चीज नी
खादियो है।” 15 फिरी दूजी बरी उसयो अबाज सुणोई, “जड़ा कुछ
परमेश्वरे शुद्ध करी दितया है, उसयो अशुद्ध मत बोल।” 16 तिन बरी
इयां ही होया, तालू सै चादर अम्बरे जो बापस चली गिया। 17 जालू
पतरस अपणे मने च परशानिया च था, की ऐ जड़ा मैं दर्शण दिखया
ऐ क्या है? उसी बकत सै माणु जिना जो कुरनेलियुसे भेजया था,
शमौने दे घरे दा पता लगाई करी दरबाजे पर आई खड़ोते। 18 कने
पुकारी करी पूछणा लग्गे, “क्या शमौन जिसयो पतरस बोलदे न, ऐथू
प्रोंणा है?” 19 पतरस जड़ा उस दर्शने दे बारे च सोचा दा ही था,
की पवित्र आत्मा उसयो बोलया, “दिख, तिन माणु तिजो तोपा दे
न। 20 भले ही सै होर जाति दे न, उठी करी थले जा, कने बिना
सोचया उना सोगी चली जा, मैं ही उना जो भेजया है।” 21 तालू
पतरसे थले उतरी करी उना माणुऐ जो बोलया, “दिखा जिसयो तुसां
तोपा दे न, सै मैं ही है, तुहाड़े ओंणे दी क्या बजा है?” 22 उना
बोलया, कुरनेलियुस सूबेदार जड़ा धर्मी कने परमेश्वरे ला डरने
बाला कने सारिया यहूदी जाति च सुनाम माणु है, उसयो इक पबित्र
स्वर्गदूते ऐ बोलया है, की तिजो अपणे घरे सदीकरी तिजो ला उपदेश
सुणे। 23 तालू उनी उना जो अंदर सदीकरी उना जो रेहणे तांई जगा
दिती। कने दुऐ रोजे सै उना सोगी गिया, कने याफा शेहरे दे मसीह
भाईयां चे कुछ उदे सोगी चली पे। 24 तिजे रोजे सै कैसरिया शेहरे
च पुज्जे, कने कुरनेलियुस अपणे रिश्तेदारां कने प्यारे दोस्तां जो
गिठे करिरी उना दा इंतजार करा दा था। 25 जालू पतरस अंदर
ओआ दा था, तां कुरनेलियुस उसने मिल्ला, कने उदे पैरां च पेईकरी
नमस्ते किता। 26 पर पतरसे उसयो चुकी करी बोलया, “खड़ा हो,
मेरी अराधना मत कर मैं भी तां माणु ही है।” 27 कने उसने गल्लां
करदे अंदर गिया, कने मतयां लोकां जो गिठे दिखीकरी 28 पतरसे
उसयो बोलया, तुसां जाणदे न, की होरनी जातियां दी संगती करणा
या उना दे ओथु जाणा भी असां यहूदियां तांई साड़िया व्यवस्था दे
खिलाफ है। पर परमेश्वरे मिंजो दसया है कुसी भी माणुऐ जो अपबित्र
या अशुद्ध नी बोलणा। 29 इस तांई जालू मिंजो सदया तालू मैं बिना
कुछ बोलयो चली आया। हुण मैं पुछदा है की मिंजो कुसी कम्मे तांई
सदया है? 30 कुरनेलियुसे बोलया, तिन रोज पेहले, इसी बकत, मैं
अपणे घरे च लगभग दोपेरा दे तिन बजे दे करीब प्राथना करा दा था,
तां इक मर्द चमकीले कपड़े पाई करी, मेरे सामणे आई खड़ोता। 31
कने उनी मिंजो बोलया, “हे कुरनेलियुस, तेरी प्राथना सुणी लियो है
कने तेरे दान परमेश्वरे दे सामणे याद किते गे न। 32 इस तांई कुसकी
जो याफा शेहर भेजी करी शमौने जो जिसयो पतरस बोलदे न, सद।
सै समुद्रे दे बखे शमौन जड़ा चमड़े दा धंधा करणे बाले दे घरे च
परोंणा है, जालू उनी ओणा, तां उनी तिजो परमेश्वरे दिया तरफा ला
इक संदेश दसणा। 33 तां मैं झट तेरै बाल लोक भेजे, कने तू खरा
किता की जड़ा तू आई गिया। हुण असां सारे ऐथू परमेश्वरे दे सामणे
न, ताकि जड़ा कुछ परमेश्वरे तिजो बोलणे तांई बोलया है, असां
उसयो सुणना।” 34 तालू पतरसे मु खोली करी बोलया, हुण मिंजो
पक्का यकीन होया, की परमेश्वर कूसदा भी पक्ष नी करदा, 35 हर
जातियां च जड़ा परमेश्वरे ला डरदा है कने धर्मे दे कम्म करदा है,
उसयो परमेश्वर अपनाई लेंदा है। 36 तुसां उस संदेश जो जाणदे न
जड़ा परमेश्वरे सांझो, मतलब की इस्राएल दे लोकां जो भेजया। उनी
शान्ति दे बारे च शुभसमाचार सुणाया जड़ी लोकां जो यीशु मसीह
पर भरोसा करणे ला मिली सकदी है। सै सारयां दा प्रभु है। 37
तुहांजो उस बचने दे बारे च पता है, जड़ा यूहन्ना दे बपतिस्मा दे
प्रचारे बाद गलीले प्रदेश ला शुरू होईकरी सारे यहूदिया प्रदेशे च
फेली गिया, 38 तुसां नासरत बासी यीशुऐ दे बारे च जाणदे न की

परमेश्वरे कियां पवित्र आत्मा कने शक्तिया ला उदा अभिषेक किता;
सै भलाई करदा कने जिना जो शैताने तंग कितया था, उना सारयां जो
ठीक करदा गिया, क्योंकि परमेश्वर उदे सोगी था। 39 कने असां
प्रेरितां उना सारियां चीजां दे बारे च लोकां जो दसया, जड़ियां यीशुऐ
साड़े यहूदिया प्रदेश कने यरूशलेम शेहरे च कितियां, कने यरूशलेम
शेहर च यहूदी अगुवां उसयो सूली पर लटकाई करी मारी दिता। 40
पर उसयो परमेश्वरे तिजे रोजे मरयां चे जिन्दा करी दिता, कने उसयो
प्रगट भी किता है। 41 सारयां लोकां उसयो नी दिखया, पर उना
गबाहां जो जिना जो परमेश्वरे पेहले ही प्रेरित चुणी लिया था, मतलब
की सांझो जिना मरयां चे जिन्दा होणे बाद उदे सोगी खादा पीता।
42 कने उनी सांझो हुकम दिता की सारे लोकां जो शुभसमाचार दा
प्रचार करा कने गबाई दिया, की यीशु सेई है जिसयो परमेश्वरे जिंदे
कने मरयां दा न्याय करणे तांई बणाया है। 43 उदी सारे परमेश्वरे दे
संदेश देणेबाले गबाई दिन्दे न की जड़ा कोई उदे पर भरोसा करगा,
उसयो जड़ा मसीहे सूली पर किता उदिया बजा ला ही पापां दी माफी
मिलणी है। 44 जालू पतरस ऐ गल्लां बोला दा ही था की सारे बचन
सुणने बालयां पर पवित्र आत्मा उतरी आई। 45 कने जितणे भी यहूदी
भरोसा करणे बाले पतरसे सोगी आयो थे, सै सारे हेरान होऐ की
होरनी जातियां जो भी पवित्र आत्मा दा तोफा दिता है। 46 क्योंकि
उना जो भांति-भांति दियां बोलियां कने परमेश्वरे दी बड़ाई करदे
सुणाया। इस पर पतरसे बोलया, 47 “क्या इना जो हुण कोई पांणिऐ
ला रोकी सकदा है की इना जो बपतिस्मा ना मिल्ले, जिना जो साड़े
सांई परमेश्वरे दिया तरफा ला पवित्र आत्मा मिलियो है?” 48 कने
पतरसे उना जो हुकम दिता जड़े लोक कुरनेलियुस दे घरे गठुयो थे
की यीशु मसीह दे नाऐ ने बपतिस्मा लिया। तालू उना पतरसे ला
बिनती किती की थोडे रोज होर रेई जा साड़े सोगी कने इस तांई सै
कुछ रोजां तांई रेई पिया।

**11** प्रेरितां कने चेलयां जड़े यहूदिया प्रदेशे च थे, उना सुणाया,
की होरनी जातियां भी परमेश्वरे दा बचन मनी लिया है। 2
कने जालू पतरस यरूशलेम शेहर च आया, तां यहूदी विश्वासी उसला
शिकायत करणा लग्गे, 3 “तू होर जातियां दे लोकां दे घरे जाई करी
उना सोगी रोटी खादी।” 4 तालू पतरसे उना जो शुरू ला सारियां
गल्लां सुणाईयां, जड़ियां ओथु होइयां थियां; 5 “मैं याफा शेहरे च
प्राथना करा दा था, कने बेसुध होईकरी इक दर्शण दिखया, की इक
बडिया चादरा सांई कोई चीच चारो कुंणा ला रस्सियां ला बनूईयो
अम्बरे ला धरती पासे उतरी करी मेरे बाल आई। 6 जालू मैं उस पर
ध्यान दिता, तां मैं धरतिया दे चारा पैरां बाले जानवर कने जंगली
जानवर कने रेंगणेबाले जीव कने अम्बरे दे पंछी दिखे; 7 कने मैं इक
अबाज सुणी जड़ी मिंजो बोला दी थी की, हे पतरस उठ मार कने
खा। 8 मैं बोलया, ‘नी प्रभु जी! क्योंकि कोई अपबित्र या अशुद्ध
चीज मेरे मुऐ च कदी नी गेई।’ 9 इदे जबाब च अम्बरे ला दूजी
अबाज आई, जड़ा कुछ परमेश्वरे शुद्ध बणाया है, उसयो अशुद्ध मत
बोल। 10 तिन बरी ऐदिया होया, तालू सारा कुछ अम्बरे पासे दोबारा
चली गिया। 11 कने झट तिन माणु जड़े कैसरिया शेहरे ला मेरे बाल
भेजयो थे, सै घरे दे दरबाजे पर आई खड़ोते, जिस घरे च असां थे।
12 तालू पवित्र आत्मा मिंजो बेझिझक उना सोगी चली जाणे जो
बोलया, कने ऐ छे भाई भी मेरे सोगी चली पे, कने असां उस माणुऐ
दे घरे पुज्जी गे। 13 कने उनी दसया, की मैं स्वर्गदूते जो अपणे घरे
खड़ोतया दिखया, जिनी मिंजो बोलया, याफा शेहर जो इक माणु
भेजी करी शमौने जो जिसयो पतरस बोलदे न, सदी ले। 14 उनी
तिजो ने ऐसिया गल्लां बोलणियां न, जिना ने परमेश्वरे तिजो कने तेरे
सारे घराने दे लोकां जो बचाणा। 15 जालू मैं गल्लां करणा लग्गा तां
पवित्र आत्मा उना पर तियां ही उतरी, जियां शुरू च पिन्तेकुस दे
त्योहारे दे बकत सांझो पर उतरियो थी। 16 तालू मिंजो प्रभु दा सै
बचन याद आया, जड़ा उनी बोलया, यूहन्ना तां पांणिऐ ला बपतिस्मा
दिता, पर परमेश्वरे तुहाड़े सोगी रेणे तांई पवित्र आत्मा जो भेजणा।
17 इस तांई ऐ साफ है की परमेश्वरे उना होर जातियां जो भी सेई
दान दिता, जड़ा सांझो प्रभु यीशु मसीह दे नाऐ पर भरोसा करणे ला
मिल्ला, तां मैं कुण था जड़ा परमेश्वरे जो रोकी सकदा था?” 18
ऐ सुणीकरी, यहूदी विश्वासी चुप रे, कने परमेश्वरे दी बड़ाई करी
बोलणा लग्गे, “तां परमेश्वरे होर जातियां जो भी हमेशा दी जिन्दगी
अपणे बुरे कम्मा जो छडी करी यीशु मसीह पर भरोसा करणे ने दान
दिता है।” 19 स्तिफनुसे दे मारे जाणे बाद, केई यीशु मसीह पर
भरोसा करणे बालयां यरूशलेम शेहरे जो छडी दिता कने तितर बितर
होई गियो थे, सै चलदे-चलदे फीनीके इलाके कने साइप्रस द्वीप कने
सीरिया प्रदेशे दे अन्ताकिया शेहर च पुज्जे, पर यहूदियां जो छडी
करी कुसी होरसी जो परमेश्वरे दा बचन नी सुणादें थे। 20 पर उना च
कुछ विश्वासी साइप्रस बासी कने कुरेनबासी थे, जड़े अन्ताकिया
शेहरे च आऐ कने होर जातियां जो भी प्रभु यीशु दे शुभसमाचार दियां
गल्लां सुणाणा लग्गे। 21 कने प्रभु दिया शक्तिया दा हथ उना पर
था, कने मते लोकां उना दे प्रचार पर भरोसा किता कने प्रभु यीशु
मसीह पर भरोसा करणा लगी पे। 22 तालू इना होईयां गल्लां दी
खबर यरूशलेम शेहरे दिया कलीसिया सुणी, कने उना बरनबास जो
अन्ताकिया शेहर भेजया। 23 सै ओथु पुज्जी करी, कने परमेश्वरे
दे अनुग्रह जो दिखीकरी खुश होया, सारयां जो उपदेश दिता की
तन मन लाईकरी प्रभु सोगी लिपटी रिया। 24 बरनबास इक भला
माणु था, कने पवित्र आत्मा कने भरोसे ने भरूई गिया था, कने होर
मते लोकां प्रभु यीशु मसीह पर भरोसा किता। 25 तालू बरनबास
अन्ताकिया शेहर छडी करी शाऊल जो तोपणे तांई तरसुस शेहर जो
चली गिया। 26 कने जालू उसने मिल्ला तां उसयो अन्ताकिया शेहर
जो लेई आया, कने इयां होया की शाऊल कने बरनबास इक साले
दीकर कलीसिया सोगी मिलदे कने मते लोकां जो यीशु मसीह दे बारे
च सिखांदे रे, कने चेलयां जो सारयां ला पेहले अन्ताकिया शेहर च
ही मसीही बोलया। 27 उना रोजां च केई भरोसा करणे बाले जड़े
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले थे, यरूशलेम शेहर ला अन्ताकिया शेहर
जो आऐ। 28 उना चे अगबुसे नाऐ दे परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले
खड़े होईकरी पवित्र आत्मा दिया प्रेरणा ला ऐ दसया, की सारे संसारे
च बड़ा बड्डा अकाल पोंणा है, कने सै अकाल सम्राट क्लौदियुस दे

बेले पिया। 29 तालू चेलयां यहूदिया प्रदेश दे मसीह पर भरोसा करणे
बालयां तांई अपणी पौंच दे साबे ला सहायता देंणे दा फेसला किता।
30 कने उना इयां ही किता, कने बरनबास कने शाऊल दे हथे अगुवां
बाल कुछ पैसे भेजी दिते।

**12** उस बकत हेरोदेस राजे कलीसिया दे कुछ लोकां जो दुख
देंणे तांई बन्दी बणाई लिया। 2 कने उनी प्रेरित याकूबे जो
तलवारा ला मरवाई दिता, जड़ा प्रेरित यूहन्ना दा भाई था। 3 जालू
उनी दिखया, की यहूदी लोक इसला खुश होंदे न, तां उनी पतरसे
जो भी पकड़ी लिया। सै अखमीरी रोटिया दे त्योहारे दा बकत था।
4 कने राजा हेरोदेसे उसयो पकड़ी कर जेला च पाई दिता, कने उदी
रखबालिया तांई, चार-चार सिपाईयां दे चार दलां दा पेहरा लाइ
दिता। कने सै चांदा था की फसह दे त्योहारे बाद लोकां सामणे
उदा न्याय करे। 5 पतरसे जो कुछ दिना तांई जेला च रखया, पर
कलीसिया उदे तांई मन लाईकरी परमेश्वरे ला प्राथना करा दी थीं। 6
कने जालू राजा हेरोदेसे उदा न्याय करणे तांई उसयो लोकां सामणे
लोंणे बाला था, उसला इक रात पेहले पतरस दों सुंगला ला बनुया,
दों स्पाईयां दे बिच सुतया था, कने पहरे दार दरबाजे पर जेला दी
रखबाली करा दे थे। 7 तां अचानक प्रभु दा इक स्वर्गदूत पतरसे
बखे आई खड़ोता कने उस कोठरी च इक चमकीली लौ होई गेई,
कने उनी पतरसे दियां पसलिया पर हथ मारी करी उसयो जगाया,
कने बोलया, "उठ, जल्दी उठ।" कने उदे हथां ला सुंगल खुली
करी पेई गे। 8 तालू स्वर्गदूते उसयो बोलया, "लके बन, कने अपणे
जुतयां पाई ले।" उनी तियां ही किता, फिरी स्वर्गदूते उसयो बोलया,
"अपणे बाहरी कपड़े जो पाई करी मेरे पिच्छे चली पो।" 9 सै
निकली करी उदे पिच्छे चली पिया, पर सै ऐ नी जाणदा था की
जड़ा कुछ स्वर्गदूत करा दा है, ऐ सच्च था, पर सै ऐ समझा दा था
की मैं दर्शण दिखा दा है। 10 तालू सै चली करी पेहले कने दुऐ पहरे
ला निकली करी उस लोहे दे फाटके पर पुज्जे, जड़ा शेहरे पासे लेई
जांदा था, सै फाटक उना तांई अपु ही खुली गिया, कने सै निकली
करी इकी गलिया च होईकरी गे, इतणे च स्वर्गदूत उसयो छडी करी
चली गिया। 11 तालू पतरसे होशा च आई करी बोलया, "हुण मिंजो
सच्च पता लगी गिया है, की प्रभुऐ अपणा स्वर्गदूत भेजी करी मिजों
राजा हेरोदेसे दे हथे ला छुड़ाई लिया है, कने यहूदी अगुवां दी सारी
आस तोड़ी दिती।" 12 ऐ जाणी करी की परमेश्वरे उसयो बचाई
लिया है, तां सै मरियम दे घरे गिया, जड़ी यूहन्ना दी माता थी, कने
उदा दुज्जा ना मरकुस भी था। ओथु मते चेले गिठे होईकरी प्राथना
करा दे थे। 13 जालू पतरसे बाहरे बाले दरबाजे जो खड़काया तां रूदे
नाऐ दी इक दासी सुणने तांई आई। 14 कने पतरसे दी अबाज पछेणी
करी, खुशिया दे मारे उना दरबाजा नी खोलया, पर दोड़ी करी अंदर
गेई, कने दसया की पतरस दरबाजे पर खड़ोतया है। 15 उना उसा
जो बोलया, तू पागल है। पर सै अड़ी रेई की सै पतरस ही है, तालू
उना बोलया, "सै पतरसे दा स्वर्गदूत होणा।" 16 पर पतरस दरबाजा
खड़कांदा रिया कने उना दरबाजा खोलया, कने उसयो दिखीकरी
हेरान होई गे। 17 तालू पतरसे उना जो हथे ला इशारा किता की चुप
रिया, कने उनी दसया की प्रभुऐ कियां मिंजो जेला ला कडी लयोंदा
है। फिरी बोलया, "याकूब कने भाईयां जो ऐ गल्ल दसी दिनयो।"
तालू पतरस निकली करी दुज्जी जगा जो चली गिया। 18 ब्यागा
जेला दे सिपाईयां च बड़ा हल्ला पेई गिया की, पतरस कुथु गिया।
19 जालू राजा हेरोदेसे उसयो तोपणे दा हुकम दिता पर सै तोपी नी
सके, तां पहरे दारां ला पूछताछ किती कने जालू सै जबाब नी देई
सके तां उना जो मारणे दा हुकम देई दिता, कने पतरस यहूदिया प्रदेशे
जो छडी करी कैसरिया शेहरे च जाई करी रेंणा लगा। 20 राजा
हेरोदेस सूर कने सैदा शेहरे दे लोकां ला बड़ा जादा गुस्सा था। इस
तांई उना शेहरां दे लोक राजा हेरोदेस ला मिलणे तांई इक मन होईकरी
आये। सारयां ला पेहले, उना बलास्तुस ला सहायता मंगी जड़ा राजे
दा खास कर्मचारी था। तां उना राजा हेरोदेसे ला शान्ति स्थापना तांई
बोलया क्योंकि सै अपणे खांणे पिणे दियां जुरूरतां तांई राजे दे देशे
पर निर्भर थे। 21 जिस रोजे राजा हेरोदेसे उना शेहरे दे लोकां ने
मिलणे दा फेसला किता, उस रोज सै राज कपड़े पाई करी सिहांसने
पर बैठा, कने प्रजा जो भाषण देणा लग्गा। 22 कने लोक उदी बड़ाई
करणे तांई ऐ बोलणा लग्गे कि, "ऐ तां माणुऐ दी नी, पर कुसी देवते
दी अबाज है।" 23 उसी बेले प्रभुऐ दे इकी स्वर्गदूते आई करी राजा
हेरोदेस पर वार किता क्योंकि उनी परमेश्वरे दी महिमा नी किती कने
उदे शरीर च कीड़े पेई गे कने सै मरी गिया। 24 पर परमेश्वरे दा
बचन फलदा गिया कने भरोसा करणे बालयां दी गिणती बददी गेई।
25 जालू बरनबास कने शाऊले यहूदिया प्रदेशे च अपणी सेबा दे कम्मे
जो पूरा करी लिया तां सै यरूशलेम शेहरे ला अन्ताकिया शेहरे जो
मुड़ी आऐ। यूहन्ना जिसयो मरकुस भी बोलदे न सै सोगी था।

**13** अन्ताकिया शेहरे दिया कलीसिया च परमेश्वरे दा संदेश
देणेबाले कने गुरू थे; मतलब की बरनबास कने शमौन जिदा
दुज्जा ना निगर भी था; कने लूकियुस कुरेनी शेहर, कने चौथाई देशे
दे राज हेरोदेसे दा दूध भाई मनाहेम कने शाऊल। 2 जालू सै बरत
रखीकरी प्रभु दी भक्ति करा दे थे, तां पबित्र आत्मा बोलया, "मेरे
तांई बरनबास कने शाऊल जो मेरी सेबा करणे तांई लग करा जिदे
तांई मैं उना जो सदया है।" 3 तालू उना बरत कने प्राथना करिरी
कने उना पर हथ रखीकरी उना जो परमेश्वरे दा कम्म करणे तांई
भेजया। 4 शाऊल कने बरनबास पबित्र आत्मा दे जरिये भेजे गे, सै
अन्ताकिया शेहर ला सिलुकिया शेहरे दिया बन्दरगाह जो गे, कने
ओथु ला जहाजे पर चढ़ी करी साइप्रस टापू दी सलमीस बंदरगाह जो
चली गे। 5 सलमीस शेहर च पुज्जी करी, उना परमेश्वरे दा बचन
यहूदी जंज घरां च सुणाया, कने यूहन्ना जिसयो मरकुस भी बोलदे थे
सै उना दी सहायता करणे तांई उना सोगी था। 6 इदे बाद उना पुरे
टापूऐ च इक शेहर ला दुज्जे शेहर दी यात्रा किती कने आखिर च
पाफुस शेहरे च पुज्जे। ओथु उना जो बार-यीशु नाऐ दा इक जादूगर
मिल्ला जड़ा यहूदी कने झूठा संदेश देणेबाला था। 7 सै टापूऐ दे
राज्यपाल सोगी था, जिदा ना सिरगियुस पौलुस था, कने सै बड़ा
बुद्धिमान माणु था। राज्यपाले बरनबास कने शाऊल जो परमेश्वरे
दा बचन सुणने तांई अपणे बाल सदया। 8 पर जादूगर बार-यीशु,

जिसया युनानी भाषा च एलीमास बोलदे न, उना दा बिरोध करदा
रिया, उदी कोशिश थी की सै राज्यपाल जो यीशु मसीह पर भरोसा
करणे ला रोके। 9 तालू शाऊले जिदा ना पौलुस भी है, पबित्र आत्मा
ला भरूई करी जादूगरे पासे इक टक लाईकरी दिखीकरी बोलया, 10
"हे सारे कपट कने चलाकिया ला भरूयो शैताने दी ओलाद, सारिया
धार्मिकता दे दुशमण, क्या तू प्रभु दिया सचाइया जो भ्रष्ट करणा नी
छडणा? 11 हुण दिख, प्रभु तिजो सजा देंणे बाला है, कने तू थोड़े
बकते तांई अन्ना रेंणा कने तू सूरजे जो नी दिखी सकणा।" तालू झट
धुंधलापन कने उदे अग्गे नेहेरा होई गिया, कने सै रूआं प्रां टटोलणा
लग्गा ताकि कोई उदा हथ पकड़ी करी उदी सहायता करे। 12 तालू
राज्यपाले जड़ा कुछ होया था, दिखीकरी कने प्रभु दियां शिक्षा ला
हेरान होईकरी उनी यीशु मसीह पर भरोसा किता। 13 पौलुस कने उदे
साथियां पाफुस शेहरे ला समुंद्री यात्रा शुरू किती कने सै पंफूलिया
प्रदेशे दे पिरागा शेहरे च जाई पुज्जे, कने यूहन्ना मरकुस उना जो
छडी करी यरूशलेम शेहरे जो बापस आई गिया। 14 कने पिरागा
शेहरे ला अग्गे चली करी गलातिया प्रदेश दे पिसिदिया जिल्ले दे
बखे अन्ताकिया शेहर च पुज्जे; कने सब्ते दे रोजे च यहूदी जंज घर
च जाई करी बैठी गे। 15 मूसा दी व्यवस्था कने परमेश्वरे दे संदेश
देणेबालयां दी कताबां ला पढने बाद यहूदियों दे जंज घरे दे सरदारां
उना जो बोली भेजया, "हे भाईयो, अगर तुसां चे कुसी बाल लोकां
जो शिक्षा देंणे तांई तुहाड़े मने च कोई बचन है तां बोला।" 16 तालू
पौलुस खड़ा होया कने उना जो हथे ला चुप रेणे दा इशारा करिरी
बोलया, "हे इस्राएलियां, कने परमेश्वरे ला डरने बाले होर जाति दे
लोको, सुंणा।" 17 इना इस्राएली लोकां दे परमेश्वरे साड़े पूर्वजां जो
चूंणी लिया है, कने जालू ऐ मिस्र देशे च परदेसी होईकरी रेंदे थे, तां
उना जो गिणतिया च बदाई दिता; कने उना जो अपणिया शक्तिया ला
उस देशे ला कडी लांदा। 18 कने सै कोई चालियां साला दीकर
सुनसान जगा च उना दी सेहदां रिया, चाहे सै बार-बार परमेश्वरे दे
हुकम दे खिलाफ जांदे थे। 19 कने कनान देशे च सत जातियां जो
खत्म करिरी उना दा इस्राएली लोकां जो बिरासत च देई दिता। 20
साड़े पूर्वजां मिस्र देशे च पुजणे बाद चार सौ पजां सालां बाद कनान
देशे पर अधिकार करणा शुरू किता, इदे बाद परमेश्वरे दे संदेश
देणेबाले शमूएल दे ओंणे दीकर परमेश्वरे इस्राएल दे लोकां पर राज
करणे तांई मुखिए नियुक्त किते। 21 जालू शमूएल हले दीकर उना दा
अगुवा ही था, उना इक राजा मंगया, तालू परमेश्वरे बिन्यामीन दे
गोत्र चे इक माणुऐ जो मतलब की कीश दे पुत्र शाऊले जो उना दा
राजा बणाया, उनी चालियां सालां दीकर इस्राएल दे लोकां पर राज
किता। 22 फिरी परमेश्वरे शाऊल जो राजे दे पद ला हटाई करी
उदिया जगा पर दाऊदे जो उना दा राजा बणाया, जिदे बारे च उनी
गबाई दिती, मिंजो इक माणु, यिशै दा पुत्र दाऊद, मेरे मने दिया इच्छा
दा माणु मिली गिया है। उनी मेरियां सारियां इच्छा पुरियां करणियां।
23 उदे ही बंशे चे परमेश्वरे अपणे बायदे दे अनुसार इस्राएले तांई इक
उद्धारकर्ता, मतलब की यीशु भेजया। 24 जिदे ओंणे ला पेहले यूहन्ने
प्रचार किता की सारे इस्राएली लोकां जो अपणे पापां दा पश्चाताप
करणे कने परमेश्वरे पासे फिरणे कने बपतिस्मा लेंणे दी जरूरत है। 25
जालू यूहन्ना अपणी सेबा पुरिया करणे पर था, तां उनी बोलया, तुसां
मेरे बारे च क्या सोचदे न? मैं मसीह नी है! दिखा, मेरे बाद इक ओंणे
बाला है, सै बड़ा जादा महान है, मैं तां उदे जुतयां दे तस्मे खोलणे दे
काबील भी नीं है। 26 "हे मसीह भाईयों, तुसां जड़े अब्राहमे दी
ओलाद न कने परमेश्वरे ला डरणे बाले होर जाति दे लोको, परमेश्वरे
साड़े बाल यीशु दे बारे च ऐ संदेश भेजया है जड़ा लोकां जो बचांदा
है। 27 यरूशलेम शेहरे दे लोकां कने उदे अगुवां मसीह जो पछेणया
नी कने उना परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां दे बचना जो नी समझया
जिना जो सै हर सब्त दे रोजे पढदे थे। इस तांई उना उसयो दोषी
बोली करी परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां दे बचना जो पूरा किता। 28
उना जो मौत दी सजा देंणे दे लायक उदे च कोई दोष नी मिल्ला,
फिरी भी उना राज्यपाल पिलातुसे ला बिनती किती, की उसयो मारी
दे। 29 कने जालू उना सै सब कुछ किता जड़ा पबित्र शास्त्र उदे बारे
च बोलदा है, तां उदिया लाशा जो सूली ला उतारी करी कबरा च
रखया। 30 पर परमेश्वरे उसयो मरयां चे जिन्दा किता, 31 कने जड़े
चेले यीशुऐ सोगी गलील प्रदेश ला यरूशलेम शेहरे च आयो थे, उना
जो बड़े रोजां दीकर मिलदा रिया; सै हुण लोकां सामणे उदे गबाह न।
32 असां तुहांजो उसा प्रतिज्ञा दे बारे च जड़ी पूर्वजां ला कितियो
थी, ऐ शुभसमाचार सुणादें न, 33 की परमेश्वरे यीशुऐ जो मरयां
ला जिन्दा करिरी, साड़े सोगी वायदे जो पूरा कितया, जड़े उना दी
संतान न; जियां दुज्जे भजन संहिता च परमेश्वरे मसीह दे बारे च
बोलया है की, तू मेरा पुत्र है, अज ही मैं तेरा पिता बणी गिया है। 34
परमेश्वरे यीशुऐ जो मरयां चे जिन्दा करणे दा बायदा कितया था, कने
उसयो कबर च सड़ना नी दिता, परमेश्वरे ऐ बोलया है, मैं तिजो सै
पबित्र कने पक्की आशीष देंणी जिना जो देंणे दा बायदा मैं राजा
दाऊदे जो कितया था।" 35 राजा दाऊदे ऐ गल्ल होर भजन संहिता
च भी बोलदा है की, "तू अपणे पबित्र जन जो सड़ना नी देणा।" 36
क्योंकि राजा दाऊद तां परमेश्वरे दिया इच्छा दे अनुसार अपणे बकते
ने सेबा करिरी मरी गिया, कने अपणे पूर्वजां बाल जाई रिया, कने
सड़ी भी गिया, इसला सांझो पता लगदा है की दाऊद इस भजन च
अपणे बारे च गल्ल नी करा दा था। 37 पर सै यीशु मसीह दे बारे च
बोला दा है जिसयो परमेश्वरे मरयां चे जिन्दा किता, कने सै सड़या
भी नी। 38 इस तांई, हे यहूदी भाईयो; मैं चांदा है की तुसां ऐ जाणी
लिया की यीशु मसीह दे जरिये ही तुहांजो पापां दी माफी मिलदी है।
39 तुसां कदी भी मूसा दिया व्यवस्था दे जरिये परमेश्वरे दिया नजरा
च धर्मी नी बणी सकदे। पर हर इक जणा जड़ा यीशु मसीह पर
भरोसा करदा है, सै परमेश्वरे दिया नजरा च धर्मी है। 40 इस तांई
ध्यान रखा, की जड़ा परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां बोलया है, सै
तुहाड़े सोगी ना हो: 41 हे निंदा करणे बालयो, दिखा, हेरान होआ,
कने मिटी जा; क्योंकि मैं तुहाड़े दिना च इक कम्म करदा है; ऐसा
कम्म, की अगर कोई तुसां ला उदी चर्चा करे, तां तुसां कदी भरोसा
नी करणा। 42 जालू पौलुस कने बरनबास यहूदी जंज घरे ला बाहर
निकला दे थे, तां लोक उना ला बिनती करणा लग्गे की, अगले सब्ते

दे रोजे ऐ गल्लां सांझो दोबारा सुणानयो। 43 जालू सभा खत्म होई,
तां मते यहूदी कने मते होर जातियां दे लोक जड़े यहूदी मते चे आयो
थे पौलुस कने बरनबासे पिच्छे चली पे, कने उना जो गल्लां करिरी
समझाया, की परमेश्वरे दे अनुग्रह च बणी रिया। 44 अगले सब्ते दे
रोज शेहरे दे लगभग सारे लोक परमेश्वरे दा बचन सुणने जो गिठे होई
गे। 45 पर जालू यहूदी अगुवां बड़िया भिड़ा जो दिखया तां सै प्रेरितां
ला जलना लगे, कने पौलुसे दे बचना दे बिरोध च बोलया कने उदी
बेईजती किती। 46 तालू पौलुस कने बरनबासे बिना डरयो बोलया,
जरूरी था, की परमेश्वरे दा बचन पेहले तुहांजो सुणाया जांदा, पर
तुसां उसयो नकारी दिता, कने अपणे आपे जो हमेशा दिया जिन्दगिया
दे लायक नी समझदे न, तां हुण, असां होरनी जातियां बाल जांणा।
(aiōnios g166) 47 क्योंकि प्रभु यीशुऐ सांझो ऐ हुकम दितया है, “मैं
तिजो होरनी जातियां तांई ज्योति बणाया है, तुहांजो संसार च हर जगा
लोकां जो दसणा है की मैं कियां उना जो बचाई सकदा है।” 48 ऐ
सुणीकरी होर जातियां खुश होइयां, कने सै परमेश्वरे दे बचने दी
बड़ाई करणा लग्गे, कने जितणे लोक हमेशा दिया जिन्दगिया तांई
बणायो थे, उना भरोसा किता। (aiōnios g166) 49 तालू प्रभु यीशु
दा बचन उस इलाके च सारे पासे फेलणा लग्गा। 50 पर यहूदियां
दे अगुवां भक्त कने कुलीन जनानिया जो कने शेहरे दे बड्डे लोकां
जो भड़काया, कने पौलुस कने बरनबास पर हमला करवाई करी
उना जो सीमा दे बार कडी दिता। 51 तालू पौलुस कने बरनबासे
उना सामणे अपणे पैरां दी धुड़ झाड़ी, उना जो ऐ दसणे तांई की
परमेश्वरे उना जो ठुकराई दितया है कने उना जो सजा देंणी। फिरी सै
इकुनियुम शेहरे जो चली गे। 52 कने चेले अन्ताकिया शेहरे च
आनंद ला कने पबित्र आत्मा ने भरूई गे।

**14** इकुनियुम शेहर च ऐसा होया की पौलुस कने बरनबास यहूदी
जंज घर च सोगी-सोगी गे, कने ऐसियां प्रभावशाली गल्लां
कितियां की, यहूदियाँ कने होर जातियां दोंना चे मतयां यीशु पर
भरोसा किता। 2 पर भरोसा नी करणे बाले यहूदियां होरनी जातियां दे
मन मसीह भाईयां दे खिलाफ च भड़काए, कने उना दे मना च इना दे
खिलाफ जहर भरी दिता। 3 कने पौलुस कने बरनबास मते रोजां
दीकर ओथु रे, कने प्रभु यीशु दे भरोसे पर हिम्मता ला गल्लां करदे
रे: कने प्रभु यीशुऐ उना जो अदभुत चिन्न चमत्कार करणे दी शक्ति
दिती, ऐसा करी के यीशुऐ ऐ साबित किता की जिस अनुग्रह दे बारे
च सै प्रचार करा दे न सै सच्चा है। 4 पर शेहरे दे लोकां च फुट पेई
गियो थी, इसला कितणे ही तां यहूदियाँ पासे, कने कितणे ही प्रेरितां
दे पासे होई गे। 5 तालू होर जातियां कने यहूदी लोकां अपणे सरदारां
सोगी मिली करी उना पर हमला कने पथर मारणे फेसला किता। 6
जालू पौलस कने बरनबास जो इसा गल्ला दे बारे च पता लग्गी
गिया, कने सै लुकाउनिया प्रदेशे दे लुस्त्रा कने दिरबे शेहरां च, कने
अखे बखे दे इलाके च नठी गे। 7 पौलुस कने बरनबासे ओथु पुज्जी
करी लोकां जो शुभसमाचार सुणाया। 8 लुस्त्रा शेहर च इक माणु
बैठया था, उदे पैर कमजोर थे। सै जन्मे ला ही लगडा था, कने कदी
नी चलया था। 9 सै पौलुसे जो गल्लां करदे सुंणादा था कने पौलुसे
दिखया की उनी भरोसा करी लिया है कने सै खरा होई सकदा है।
10 कने जोरे ला बोलया, “अपणे पैरां भार सीधा खड़ा हो।” तालू सै
उछली करी चलणा फिरणा लगी पिया। 11 लोकां पौलुस दा ऐ कम्म
दिखीकरी लुकाउनिया बोलिया च जोरे ने बोलया, “देवता माणुऐ
दे रूपे च साड़े बाल आया है।” 12 कने उना बरनबास जो यूनानी
देवता ज्यूस दा ना दिता कने पौलुस जो हिर्मेस दा ना दिता, क्योंकि
पौलुस मुख्य संदेश देंणे बाला था। 13 कने ज्यूसे दे उस मंदरे दा
पुजारी जड़ा उना दे शेहरे सामणे था, दांद कने फुलां दे हार फाटके
पर लेई आया क्योंकि सै लोकां सोगी बलि चढ़ाणा चांदा था। 14
पर बरनबास कने पौलुस प्रेरितां जालू सुणाया, तां सै बड़े परेशान होऐ
कने अपणे कपड़े फाड़ी दिते, कने भिड़ा च चली गे, कने पुकारी
करी बोलणा लग्गे, 15 “हे लोको, तुसां क्या करदे न? असां भी
तुहाड़े सांई दुखे सुख भोगणे बाले माणु न, कने तुहांजो शुभसमाचार
सुणादे न, ताकि तुसां इना बेकार दियां चीजां ला लग होईकरी जिंदे
परमेश्वरे पासे आई जा, जिनी स्वर्ग कने धरती कने समुंद्रे कने जड़ा
कुछ उना च है बणाया है। 16 उनी होए युगां च सारियां जातियां जो
अपणे-अपणे रस्ते च चलणा दिता। 17 सै हमेशा अपणे होणे दा सबूत
उना खरियां चीजां ला दिन्दा है जड़ा सै करदा है, कने अम्बरे ला
बरखा कने फलां बाली रित देईकरी तुहाड़े तांई खांणा कने तुहाड़े
मना जो खुशिया ला भरदा रिया।” 18 ऐ बोली करी भी उना लोकां
जो बड़ी मुशकिला ला रोकया की उना तांई बलिदान मत करा। 19
पर कितणे ही यहूदियाँ अन्ताकिया कने इकुनियुम शेहरां ला आई
करी लोकां जो अपणे पासे करी लिया, कने पौलुसे जो पथरा ने
मारया कने उसयो मरया समझीकरी घसीटी करी शेहरे बाहर लेई
गे। 20 पर जालू चेले उदे चारो पासे आई खड़ोते, तां सै उठी करी
शेहरे जो बापस मुड़ी गिया कने दुऐ रोजे बरनबासे सोगी दिरबे शेहरे
जो चली गिया। 21 पौलुस कने बरनबास दिरबे शेहरे दे लोकां जो
शुभसमाचार सुणाई करी कने मते चेले बणाई करी। तालू सै लुस्त्रा
शेहरे जो बापस चली गे। कने फिरी ओथु ला इकुनियुम शेहरे जो गे,
कने फिरी सै पिसिदिया प्रदेश दे अन्ताकिया शेहरे जो गे। 22 कने हर
शेहरे च चेलयां दे मना जो मजबूत करदे रे कने ऐ शिक्षा दिन्दे थे,
की भरोसे च बणी रिया, कने ऐ बोलदे थे, “सांझो मते दुख झेली
करी परमेश्वरे दे राज्य च दाखल होंणा पोंणा।” 23 कने उना हर
इक कलीसिया च उना तांई अगुवे बणाए, कने प्राथना कने बरत
करिरी उना जो प्रभु जो सोंपया जिदे पर उना भरोसा कितया था।
24 कने पिसिदिया प्रदेश ला होंदे होए सै पंफूलिया जिल्ले च जाई
पुज्जे; 25 कने उना पंफुलिया जिल्ले दे पिरागा शेहरे च परमेश्वरे दे
बचने दा प्रचार किता कने अत्तलिया शेहरे जो आई गे। 26 कने
अत्तलिया शेहरे ला जहाजे पर अन्ताकिया शेहर जो मुड़ी आये,
जिथू ला उना जो परमेश्वर दे अनुग्रह च सौंपीकरी उस कम्मे तांई
भेजया था जिसयो उना जो पूरा किता। 27 अन्ताकिया शेहरे च
पुज्जी करी उना कलीसिया गठेरी कने दसया, की परमेश्वरे साड़े
सोगी होईकरी कदे बड्डे-बड्डे कम्म किते कने कियां परमेश्वरे होर

जातियां जो यीशु मसीह पर भरोसा करणे दे काबिल बणाया। 28
ओथु पौलुस कने बरनबास चेलयां सोगी मते रोज रे।

15 कुछ यहूदी मसीह पर भरोसा करणे बाले यहूदिया प्रदेशे ला
अन्ताकिया शेहरे जो आऐ कने भरोसा करणे बालयां जो
सिखाणा लग्गे: "अगर मूसा दिया व्यवस्था दे रिबाजे ला तुहाड़ा
खतना नी होऐ तां तुहाड़ा उद्धार नी होई सकदा।" 2 जालू पौलुस कने
बरनबास दा उना सोगी झगड़ा कने बड़ी बेहस होई तां कलीसिया दे
अगुवां पौलुस कने बरनबास जो कने उना सोगी कुछ होर चेलयां जो
यरूशलेम शेहरे जो जाणे तांई चुणया, ताकि सै इसा गल्ला दे बारे च
प्रेरितां कने कलीसिया दे अगुवां सोगी चर्चा करन। 3 कलीसिया
उना जो यात्रा तांई पैसे कने रोटीयां दा इंतजाम कराई करी भेजया,
कने सै फीनीके कने सामरिया प्रदेशां ला होंदे होऐ कने ओथु दे
भरोसा करणे बालयां जो दसया की होर जातियां दे लोकां कियां
अपणे पापां जो मन्नी लिया कने गलत कम्मा जो छडी करी यीशु
मसीह पर भरोसा किता है। ऐ शुभसमाचार सुणीकरी सारे भरोसा
करणे बाले भाई बड़े खुश होए। 4 जालू सै यरूशलेम शेहरे च पुज्जे,
तां कलीसिया कने प्रेरित कने अगुवे उना सोगी खुशिया ला मिल्ले,
कने पौलुस कने बरनबासे दसया की परमेश्वरे उना सोगी होईकरी
कदे-कदे कम्म किते थे। 5 पर फरीसियां दे दले दे लोकां चे जिना
भरोसा कितया था, उना चे कितणयां ही उठी करी बोलया, "होर
जातियां जो खतना कराणे कने मूसा दी व्यवस्था जो मनणे दा हुकम
देणा चाईदा।" 6 तालू प्रेरित कने अगुवे इसा गल्ला दे बारे च बिचार
करणे तांई गिठे होऐ। 7 तालू पतरसे बड़ी लम्बी बेहस होई जाणे बाद
खड़ोई करी उना जो बोलया, "हे मसीह भाईयो, तुसां जाणदे न, कि
मते रोज होऐ न, की परमेश्वरे तुसां चे मिंजो चूंणी लिया है, ताकि मेरे
जरिये होर जातियां शुभसमाचार दा बचन सुणीकरी भरोसा करन।"
8 कने मने जो जाणने बाले परमेश्वरे उना जो भी साड़े सांई पवित्र
आत्मा दिता, इयां करिके उनी दसया की उनी होर जातियां जो अपणे
लोक होणे तांई चुणी लिया है। 9 कने भरोसे दे जरिये उना दे मन शुद्ध
करिरी सांझो च कने उना च कोई भी फरक नी रखया। 10 तां हुण
तुसां कजो परमेश्वरे जो परखदे न, की साड़ी यहूदी व्यवस्था कने
रिती रिबाजां जो मणने तांई इना होर जातियां दे भरोसा करणे बालयां
पर भारी बोज पान, जिसयो ना साड़े बाप दादे चुकी सकदे थे कने ना
असां चुकी सकदे न। 11 इयां करणा ठीक नी है, साड़ा भरोसा तां ऐ
है कि जियां उना जो प्रभु यीशुऐ दे अनुग्रह ला उद्धार मिलणा, तियां
ही सांझो भी मिलणा, ना की मूसा दिया व्यवस्था जो मन्नी करी। 12
तालू सारी सभा चुपचाप होईकरी बरनबास कने पौलुस दी सुणना
लग्गी, जियां ही उना अदभुत चिन्न चमत्कारां दे बारे दसया जड़े
परमेश्वरे उना दे जरिये होर जातियां च किते। 13 जालू उना बोलणा
बंद किता, तां याकूब बोलणा लग्गा, "हे मसीह भाईयो, मेरी सुंणा।"
14 शमौन पतरसे समझाया, कि परमेश्वरे पेहली बरी होर जातियां चे
कुछ लोकां जो अपणे लोक होणे तांई चुणी करी उना जो आशीष
दिती। 15 कने होर जातियां दा परमेश्वरे दे लोक बणना ऐ उसा गल्ला
ला सहमत होंदा है, जिदे बारे च परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां पवित्र
शास्त्र च बड़े पेहले लिखया था। 16 "तालू मैं बापस ओंणा कने
दाऊद दे राज्य जो दुबारा बणाणा जड़ा उदे दुशमणा वरबाद करी
दितया है, कने उसयो दुबारा बणाई देणा। 17 इस तांई होर सारे लोक
कने सारियां होर जातियां दे लोक जिना जो मैं अपणे लोक होणे तांई
चुणया है, उना प्रभु जो तोपणा, 18 ऐ सेई प्रभु बोलदा है जड़ा बड़े
पेहले ला इना गल्लां दा समाचार दिन्दा आया है। (aiōn g165) 19
इस तांई मेरा बिचार ऐ है, कि सांझो होर जातियां तांई परमेश्वरे बाल
मुड़ना कठिन नी बणाणा चाईदा; 20 पर असां उना जो इक चिट्ठी
लिखी भेजन, की सै उस खाणे जो ना खान जिसयो लोकां मूर्तियां जो
चढ़ाया हो, कने ना व्यभिचार करदे कने ना ही गल्लां घोटी करी
मारयो जानवरां दा मॉस खांदे कने ना ही खून खांदे। 21 क्योंकि
पूराणे बकते ला शेहरे-शेहरे च मूसा दिया इस व्यवस्था दे प्रचार करणे
बाले होंदे आये न, कने सै हर सब्ते दे रोजे यहूदी जंज घरां च पढ़ी
जांदी है।" 22 तालू यरूशलेम शेहरे दिया सारिया कलीसिया कने
प्रेरितां कने अगुवां जो ऐ खरा लग्गा, कि अपणे चे कुछ माणुआं
जो चुणी करी पौलुस कने बरनबासे सोगी अन्ताकिया शेहरे जो
भेजन, उना इस तांई यहूदा जो, जिसयो बरअब्बा भी बोलदे न, कने
सीलास जो चुणया, कने ऐ दोनों कलीसिया च सारयां ला इज्जतदार
अगुवे थे। 23 कने सै इसा चिठिया जो अपणे सोगी लेई गे जिसा च
लिखया था की, "ऐ चिट्ठी प्रेरितां कने अगुवां दिया तरफा ला है
जड़े तुहाड़े भाई न, असां अन्ताकिया शेहरे दे कने सीरिया कने
किलिकिया प्रदेशां दे होर जातियां दे लोकां जो जड़े यीशु मसीह
पर भरोसा करदे न, उना जो नमस्ते भेजदे न। 24 असां सुणाया है
कि, साड़े ऐथू यरूशलेम ला कुछ अगुवे ओथु गे कने उना दियां
गल्लां ला तुहांजो बुरा लग्गा कने तुसां दुखी होऐ, पर असां उना जो
हुकम नी दितया था। 25 इस तांई असां इक मन होईकरी यहूदा कने
सीलास जो चुणने दा फेसला लिया, ताकि उना जो अपणे प्यारे भाई
बरनबास कने पौलुसे सोगी तुहाड़े बाल भेजन। 26 ऐ तां ऐसे माणु न,
जिना अपणे प्राण साड़े यीशु मसीह दी सेबा तांई खतरे च पायो न।
27 कने असां यहूदा कने सीलास जो भेजया है, जिना तुहाड़े सामणे
अपणे मुऐ ला ऐ गल्लां दस्सी देणियां न। 28 पवित्र आत्मा जो कने
सांझो भी ऐ ठीक लग्गा कि इना जरूरी गल्लां जो छडी करी, तुहांजो
पर होर बोझ ना पान; 29 कि तुसां मूर्तियां अग्गे चढ़ायो खाणे जो मत
खांदे, कने व्यभिचार कने गला घोटी करी मारयो जानवरां दा मॉस
कने उना दा खून मत खांदे। अगर तुसां इना ला दूर रेंगे तां तुहाड़ा
भला होणा। शुभकामना।" 30 फिरी कलीसिया उना जो ओथु ला
भेजी दिता कने अन्ताकिया शेहरे च पुज्जे, कने सभा जो गठेरी करी
उना जो चिट्ठी देई दिती। 31 कने सै उस उपदेशे जो पढ़ी करी बड़े
खुश होए। 32 कने यहूदा कने सीलासे जड़े अपु भी परमेश्वरे दे
संदेश देणेबाले थे, मतियां गल्लां ला भरोसा करणे बाले भाईयां जो
सिक्षा देईकरी प्रोत्साहित कने मजबूत किता। 33 (यहूदा कने सिलास
थोड़े हफ्ते ओथु रे, कने मसीह भाईयां उना जो शांति दी आशीष
देईकरी यरूशलेम शेहरे दिया कलीसिया च बापस भेजी दिता।)
34 पर सीलासे अन्ताकिया शहरे च रेणे दा फेसला किता, इस तांई

यहूदा किल्ला ही यरूशलेम शेहरे जो बापस चली गिया। 35 कने
पौलुस कने बरनबास अन्ताकिया शेहरे च रेई पे, कने होर मते लोकां
सोगी प्रभु यीशु दे बचना दी शिक्षा कने शुभसमाचार सुणादें रे। 36
थोड़े बकत बाद पौलुसे बरनबासे जो बोलया, "जिना-जिना शेहेरां च
असां प्रभु दे बचन सुणायो थे, ओआ, ओथु बापस जाई करी अपणे
विश्वासी भाईयां जो दिखदे न कि सै कदे न।" 37 तालू बरनबासे
यूहन्ना जो जिसयो मरकुस बोलदे न, सोगी लेई जाणे दा बिचार
किता। 38 पर पौलुसे बोलया यूहन्ने हार मन्नी लियो है कने सांझो
छडी करी चली गिया है जालू असां पंफूलिया इलाके च थे, इस तांई
उसयो सोगी लेई जाणा खरा नी समझया। 39 ऐसी बेहस होई कि
पौलुस कने बरनबास इकी दुज्जे ला लग होई गे, कने बरनबास,
मरकुस जो लेईकरी जहाजे पर साइप्रस टापु जो चली गिया। 40 पर
पौलुसे सीलास जो चूंणी लिया, कने मसीह भाईयां उना जो परमेश्वरे
दे अनुग्रह च सौंपी दिता कने फिरी सै दोनों ओथु ला अन्ताकिया
शेहरे ला चली गिया। 41 कने फिरी सै पुरे सीरिया कने किलिकिया
प्रदेशां च गे कने कलिसियां दे भरोसा करणे बालयां जो प्रोत्साहित
करदे गे।

**16** फिरी पौलुस दिरबे कने लुस्त्रा शेहरे च भी गे, कने ओथु
तीमुथियुस नाऐ दा इक चेला था। उदी माता यहूदी विश्वासी
थी, पर उदा पिता यूनान देशे दा था। 2 सै लुस्त्रा इकुनियुम शेहरां दे
भरोसा करणे बाले भाईयां चे इज्जतदार था। 3 पौलुसे दी इच्छा थी
कि तीमुथियुस उदे सोगी चले, कने उनी तीमुथियुस दा खतना इस
तांई कराया ताकि उस जगा दे यहूदी लोक उदी सुणन, क्योंकि सै
सारे जाणदे थे, कि उदा पिता यूनानी था। 4 पौलुस कने उदे सोगी
शेहरे-शेहरे जाई करी सै उना नियमां जो जड़ियां यरूशलेम शेहरे
दे प्रेरितां कने अगुवां बणाईयां थियां, उना जो विश्वासियां बाल
पुजांदे थे ताकि सै उना नियम दा पालन करन। 5 इयां कलीसिया
भरोसे च मजबूत होंदी गेई कने हर रोज गिणतिया च बददी गेई। 6
कने सै फ्रूगिया कने गलातिया प्रदेशां चे होईकरी गे, क्योंकि पवित्र
आत्मा उना जो आसिया प्रदेशे च बचन सुणाणे तांई मना किता। 7
कने उना मूसिया प्रदेशे दे बखे पुज्जी करी, बितूनिया प्रदेश जांणा
चांदे थे; पर यीशुऐ दिया आत्मा उना जो जांणा नी दिता। 8 तां सै
मूसिया प्रदेशे ला होईकरी बंदरगाह बाले शहर त्रोआस जो आऐ। 9
ओथु पौलुसे राती इक दर्शण दिखया कि इक मकिदुनी प्रदेशे दा मर्द
खड़ोतया, कने उसला बिनती करी के बोलदा है, "समुन्द्रे पार उतरी
करी मकिदुनिया प्रदेश च आ, कने साड़ी सहायता कर।" 10 जालू
पौलुसे ऐ दर्शण दिखया, तालू असां झट मकिदुनिया प्रदेशे जो जांणे
दी योजना बणाई, ऐ समझीकरी कि परमेश्वरे सांझो शुभसमाचार
सुणाणे तांई सदया है। 11 इस तांई असां त्रोआस शेहरे ला जहाजे
जरिये सुमात्राके टापु च आऐ कने दुज्जे रोजे नियापुलिस शेहरे दिया
बंदरगाह च आये। 12 ओथु ला असां फिलिप्पी शेहरे च पुज्जे, जड़ा
मकिदुनिया प्रदेशे दा मुख्य शेहर, कने रोमियां दी बस्ती है, कने
असां उस शेहरे च थोड़े रोजां दीकर रे। 13 सब्ते दे रोजे असां शेहरे
दे फाटके बाहर खड्डा बखे ऐ सोची करी गे कि ओथु यहूदियों दी
प्राथना करणे दी जगा होणी, कने बेईंकरी उना जनानिया ने गल्लां
करणा लग्गे, जड़ियां ओथु गठुइयां थियां। 14 कने ओथु इक लुदिया
नाऐ दी जनानी उना दे बचन सुणा दी थी जड़ी थुआतीरा शेहरे ला
बैंजणी कपड़े बेचदी थी, सै परमेश्वरे दी भक्त थी, कने परमेश्वरे
उसा दा मन खोलया, ताकि सै पौलुसे दियां गल्लां पर ध्यान लगाऐ।
15 कने जालू उना अपणे पुरे टब्बरे समेत बपतिस्मा लिया, तां उना
बिनती किती, "अगर तुसां मिंजो परमेश्वरे पर भरोसा करणे बाली
समझदे न, तां मेरे घरे रेंणा चला," "कने सै सांझो मनाई करी अपणे
घरे लेई गेई।" 16 इक रोज जालू असां प्राथना करणे बालिया जगा
जो चलयो थे, तां सांझो इक दासी मिली, जिसा च इक ऐसी बुरी
आत्मा थी, जिदिया सहायता ला सै भविष्य दिखी लेंदी थी, कने सै
अपणे स्वामियां तांई मतां कुछ कमाई लोंदी थी। 17 सै पौलुसे कने
साड़े पिच्छे आई करी चिलाणा लगी, "ऐ माणु परम प्रधान परमेश्वरे
दा दास है, सै तुसां जो दसा दे न कि कियां बची सकदे न।" 18 सै
मते रोजां दीकर इयां ही करदी रेई, कने पौलुस दुखी होई गिया, कने
मुड़ी करी बुरी आत्मा जो बोलया, "मैं तिजो यीशु मसीह दे नाऐ ने
हुकम दिन्दा है, कि इसा चे निकली जा, कने सै तालू ही निकली
गेई।" 19 जालू उसा दे मालिके दिखया कि, साड़िया कमाईया
दी आस तां चली गेई, तां सै पौलुस कने सीलासे जो पकड़ी करी
चौके च प्रधाना बाल खिची लेई गे। 20 कने उना जो फौजदारिया
दे हाकिमा बाल लेईजाई करी बोलया, "ऐ लोक जड़े यहूदी न,
साड़े शेहरे च बड़ा हंगामा करा दे न, 21 कने ऐसे तरीके दसा दे न,
जिना जो अपनाणा कने मनणा रोम देश च रेणे बालयां तांई ठीक नी
है।" 22 तालू लोकां दी भीड़ पौलुस कने सीलासे दे बरोध च गिठी
होईकरी चढ़ी आई, कने हाकिमा उना दे कपड़े फाड़ी करी उतारी
दिते, कने उना जो डंडे मारणे दा हुकम दिता। 23 कने मते डंडे मारी
करी उना जो जेला च पाई दिता, कने जेल अधिकारिये जो हुकम
दिता कि साबधानी ला उना दी रखबाली करा। 24 कने ऐसा हुकम
मिलणे ला उनी उना जो अंदरे बालिया कोठढ़िया च रखया कने उना
दे पैरां जो लकड़िया दियां बेड़ियां ला जकड़ी दिता। 25 लगबग
अधिया राती पौलुस कने सीलास प्राथना करदे होए परमेश्वरे दे भजन
गा दे थे, कने कैदी उना दी सुंणा दे थे। 26 कने इतणे च अचानक
इक बड़ा बडा हिलण होया; ऐथू दीकर कि जेला दियां नियां भी
हिली गिईयां, झट सारे दरबाजे खुली गे, कने सारयां दे बंधन खुली
गे। 27 कने दरोगा उठी होया, कने जेला दे दरबाजे खुले दिखीकरी
समझया कि सारे कैदी नठी गियो न, कने सै तलबारा कड़ी करी
अपणे आपे जो मारणा लग्गा। 28 पर पौलुसे जोरें ने पुकारी करी
बोलया, "अपणे आपे जो कुछ मत करदा, क्योंकि असां सारे ऐथू
ही न।" 29 तालू सै दिय्या मंगाई करी अंदरे गिया कने कमदा होया
पौलुसे कने सीलासे अग्गे पेई गिया, 30 कने उना जो बार आंणी
करी बोलया, "हे सजनो, उद्धार पांणे तांई मैं क्या करे?" 31 उना
बोलया, "प्रभु यीशु पर भरोसा कर, तां तेरा कने तेरे घराने दा उद्धार
होणा।" 32 कने उना उसयो कने उदे सारे घरे दे लोकां जो प्रभु दे
बचन सुणाऐ। 33 कने राती उसी बेले उना जो लेईजाई करी उना दे

जख्म धोते, कने उनी कने उदे लोकां उसी बेले बपतिस्मा लिया। 34
कने उनी उना जो अपणे घरे लेईजाई करी, उना अग्गे खांणा रखया,
कने सारे घराने समेत परमेश्वरे पर भरोसा करिरी खुशी मनाई। 35
जालू अगलिया ब्यागा हकीमा सिपाईयां जो ऐ बोली भेजया कि उना
माणुऐ जो छडी दिया। 36 दरोगे ऐ गल्ल पौलुसे जो सुणाई, “कि
हाकिमा तुहांजो छडी देंणे दा हुकम भेजी दितया है, इस तांई हुण
निकली करी शांतिया ने चली जा।” 37 पर पौलुसे उना जो बोलया,
“उना सांझो जड़े रोम देश च रेणेबाले माणु न, बिना दोष साबित
कितयो सांझो लोकां दे सामणे मारया कने जेला च पाया, कने हुण
क्या सै चुपचाप बाहर निकालीं देणा चांदे न? ऐसा नीं होणा, पर
सै अपु आई करी सांझो बार लेई जान।” 38 सिपाईयां ऐ गल्लां
हाकिमा ने बोली दीतियां, कने सै ऐ सुणीकरी की सै रोम देशे दे
नागरिक न, सै डरी गे, 39 कने आई करी उना ला माफी मंगी कने
बार लेईजाई करी बिनती किती कि शेहरे ला चली जा। 40 सै जेला
ला निकली करी लुदिया दे ऐथू गे, कने चेलयां ला मिली करी उना
जो शांति दिती, कने चली गे।

**17** फिरी पौलुस कने सीलास अम्फिपुलिस शेहर कने
अपुल्लोनिया शेहरे ला होईकरी थिस्सलुनीके शेहरे च आऐ,
जिथू यहूदी जंज घर था। 2 कने पौलुस रोजे सांई उना बाल गिया,
कने तिन सब्तां दे रोजां पर पबित्र शास्त्रां ला उना सोगी चर्चा किती।
3 कने उना गल्लां दा मतलब खोली-खोली करी समझांदा था कि
मसीह जो दुख होणा, कने मरयां च जिन्दा होणा जरूरी था; “ऐई
यीशु जिदे बारे च मैं प्रचार करता है, सेई मसिहा है।” 4 उना चे कुछ
यहूदियां, कने परमेश्वर दा डर मनणे बाले यूनानियां कने मतियां खास
जनानिया भरोसा उना दे बचना पर भरोसा करी लिया, कने पौलुसे
कने सीलासे सोगी जुड़ी गे। 5 पर यहूदियां जलना ने भरुई करी
बजारू लोकां चे केई बुरे माणुऐ जो अपणे सोगी लेई लिया, कने
भीड़ लगाई करी शेहरे च दंगे करणा लग्गे, कने उना यासोने दे घरे
पर हमला किता, सै पौलुस कने सीलासे जो लोकां दे सामणे लोंणा
चांदे थे। 6 कने सै उना जो नी मिल्ले, कने सै चिलांदे होए यासोन
कने उदे कुछ मसीह भाईयां जो शेहरे दे हाकिमा सामणे खिची लेई
आये, “ऐ लोक जिना सारियां जगा च परेशानी पाईयो है, ऐथू भी
आयो न।” 7 कने यासोने उना दा अपणे घरे च स्वागत किता, कने
ऐ सारे महाराजा कैसरे दे हुकमा दा बिरोध करदे न कने बोलदे न कि
इक होर राजा है जिदा ना यीशु है। 8 जालू लोकां कने शेहरे दे
हाकिमा ऐ गल्लां सुणियां तां सै परेशान होई गे। 9 कने उना यासोन
कने बाकी लोकां जो जमानता पर छडी दिता। 10 चेलयां झट रातो
रात पौलुस कने सीलास जो बिरीया शेहरे च भेजी दिता, कने सै ओथु
पुज्जी करी यहूदी जंज घर च गे। 11 ऐ लोक तां थिस्सलुनीके शेहरे
दे यहूदियां लोकां ला खुले दिले दे थे कने उना बड़िया लालसा ला
बचन जो अपनाया कने रोज पबित्र शास्त्रां च इना गल्लां जो तोपदे रेंदे
कि ऐ गल्लां ऐसियां हेन कि नी न। 12 इस तांई उना चे मतयां, कने
यूनान देशां दियां इज्जतदार जनानिया चे कने मर्दां चे मतयां भरोसा
किता। 13 पर जालू थिस्सलुनीके शेहरे दे यहूदियां जो पता चला कि
पौलुस बिरीया शेहरे च भी परमेश्वरे दा बचन सुंणा दे है, तां सै ओथु
आई करी भी लोकां जो भड़काणा कने हंगामा करणा लग्गे। 14 तालू
चेलयां झट पौलुसे जो ओथु ला भेजी दिता कि तू समुंद्रे कंडे चली
जा; पर सीलास कने तीमुथियुस बिरीया शेहरे च ही रेई गे। 15
सै लोक जड़े पौलुसे जो लेई चलयो थे, सै उस सोगी एथेंस शेहरे
दीकर गे, पर पौलुस दे इसी हुकमे सोगी सै बिरीया शेहरे जो मुड़ी गे
कि सीलास कने तीमुथियुस जो झट ही उदे बाल भेजी दिया। 16
जालू पौलुस एथेंस शेहरे च उना दा इंतजार करा दा था, तां शेहरे जो
मूर्तियां ला भुस्या दिखीकरी उदा मन बड़ा दुखी होया। 17 इस तांई
सै हर सब्त दे दिन यहूदी जंज घरे च यहूदियां कने परमेश्वर दा
डर मनणे बाले होर जाति दे लोकां सोगी बाद-बिबाद करदा कने
चौंका पर जड़े भी लोक मिलदे थे, उना ला हर रोज चर्चा करदा
था। 18 तालू सै गुरू जड़े इपिकूरी कने स्तोईकी करी के जाणे जांदे
थे, इना चे कुछ उसला बेहस करणा लग्गे, कने केईयां बोलया, ऐ
बकवास करणे बाला क्या बोलणा चांदा है? पर दुजयां बोलया, ऐ
कुसी होरसी देशे दे देवतयां दा प्रचारक लग्गा दा है, क्योंकि सै यीशु
दा कने मरयां चे जिन्दा होणे दा शुभसमाचार सुणादां था। 19 तालू सै
उसयो अपणे सोगी अरियुपगुस नाये दे यहूदी महासभा जो लेई गे
कने पुछया, “क्या असां जाणी सकदे न, कि ऐ जड़ी नोई शिक्षा तू
सिखा दा है, सै क्या है? 20 क्योंकि तू सांझो अनोखियां गल्लां
सुंणादा है, इस तांई असां जाणना चांदे न की इना सारियां गल्लां दा
क्या मतलब है?” 21 इस तांई की सारे एथेंस शेहरे दे बासी कने
परदेसी जड़े ओथु रेंदे थे, नोईयां-नोइयां गल्लां बोलणे कने सुणने
दे सिवा होर कुसी कम्मे च बकत नी बितांदे थे। 22 तालू पौलुसे
अरियुपगुस नाये दी सभा दे बिच खड़ोई करी बोलया, हे एथेंस शेहरे
दे लोको, मैं दिखा दा है कि तुसां हर गल्ला च देवतयां जो बड़ा मंदे
न। 23 क्योंकि मैं गुमदे होए तुहाड़ियां अराधना करणे बालियां चीजां
जो दिखा दा था, तां इक ऐसी वेदी भी मिली, जिसा पर लिखया
था, “अनजाणे ईश्वरे तांई।” इस तांई तां जिसयो तुसां बिना जाणयो
अराधना करदे न, मैं तुसां जो उदा समाचार सुंणादा है। 24 जिनी
परमेश्वरे धरतिया कने उदियां सारियां चीजा जो बणाया है, सै स्वर्ग
कने धरतिया दा मालिक होईकरी हथे ला बणायो मंदरा च नी रेंदा है।
25 ना ही कुसी चिजा दिया जुरूरता दिया बजा ला उसयो माणुऐ
दिया सहायता दी जरूरत नी है, क्योंकि सै तां अपु ही सारयां जो
जिन्दगी कने सारयां प्राणियां जो सांस कने सब कुछ दिन्दा है जड़ा
उना जो जरूरत है। 26 उनी शुरू च इक ही माणुऐ ला सारे माणुआं
दियां सारियां जातियां सारिया धरतिया पर रेणे तांई बणाईयां न; कने
उनी माणुऐ जो जिणे तांई उना दी उमर कने उना दिया जगा जो तय
कितया, 27 परमेश्वरे इस तांई किता ताकि लोक उसयो तोपन, कने
होई सकदा है। सै उना जो तोपदे-तोपदे मिली जाऐ, असल च सै
सांझो ला कुसी ला भी दूर नी है। 28 क्योंकि सै सेई है जड़ा साड़े
जिणे कने चलणे-फिरणे दी बजा बणदा है कने सै बणादां है जड़े असां
असल च हेन; कने ठीक तियां ही जदिया तुहाड़े कवियां बोलया भी
है, “असां तां उदे ही वंश भी न।” 29 इस तांई परमेश्वरे दी ओलाद

होईकरी सांझो ऐ समझणा ठीक नी कि परमेश्वर, सोने या चांदी या पथरे सांई है, जड़े माणुऐ दिया सोचा कने कारिगिरिया ला बणायो न। **30** इस तांई परमेश्वरे लोका दिया अज्ञानता दे युगां उपर ध्यान नी दिता, पर हुण हर जगा सारे माणुआं जो, अपणे पापां जो मन्नी करी कने गलत कम्मा जो छडी देंणे दा हुकम दिन्दा है। **31** क्योंकि उनी इक दिन तय कितया है, जिदे च उनी उस माणुऐ जरिये धार्मिकता ला संसारे दा न्याय करणा है, जिसयो उनी नियुक्त कितया है, कने उसयो मरयां चे जिन्दा करी के, इसा गल्ला दा सबूत सारयां लोकां जो देई दितया है। **32** कितणे ही लोक उस बकत मजाक उड़ाणा लग्गे, जालू उनी मरयां चे जिन्दे होणे दी गल्ल बोली, पर कितणे ही बोलणा लग्गे, "ऐ गल्लां असां तिजो ला फिरी कदी सुणगे।" **33** ऐ सुंणी करी पौलुस उना दे बीचे ला चली गिया। **34** पर कुछ लोक उस सोगी मिली गे, कने प्रभु पर भरोसा किता; जिना च दियुनुसियुस जड़ा अरियुपगुस दा सदस्य था, कने दमरिस नाऐ दी इक जनानी थी, कने उना सोगी होर भी कुछ लोक थे।

**18** इदे बाद पौलुस एथेंस शेहरे जो छडी करी कुरिन्थुस शेहरे जो आया। **2** कने ओथु उसयो अक्विला नाए दा इक यहूदी मिल्ला, जिदा जन्म पुन्तुस प्रदेश च होया था; कने अपणी घरे बाली प्रिस्किल्ला सोगी इतालिया प्रदेश ला थोड़े बकत पेहले ही आया था, क्योंकि महाराजा क्लौदियुसे सारे यहूदियां जो रोम देशे ला निकली जाणे दा हुकम दितया था, उसी हुकमे दिया वजा ला सै कुरिन्थुस शेहरे जो आये। **3** पौलुस उना ला मिलणा गिया। पौलुस कने अक्विला दा इक ही कारोबार था; इस तांई तां सै उना सोगी रेईकरी कम्म करणा लग्गा, सै दोनों तम्बू बणाणे बाले थे। **4** कने पौलुस हर सब्ते दे रोजे यहूदी जंज घर च चर्चा करिरी यहूदियां कने यूनानियां जो भी यीशु मसीह पर भरोसा करणे तांई समझांदा था। **5** जालू सीलास कने तीमुथियुस मकिदुनिया प्रदेशे ला आये, तां पौलुसे तम्बूआं बणाणे दा कम्म छडी दिता कने अपणा सारा बकत बचन सुंणाणे च कने यहूदियां जो गबाई देणे च लाई दिता कि यीशु ही मसीहा है। **6** पर जालू यहूदी पौलुस दी बेइज्जती कने बिरोध करणा लग्गे, तां उनी अपणे कपड़यां दी धूड़ झाड़ी करी ऐ दसया की परमेश्वरे उना ला खुश नी है कने बोलया, "परमेश्वरे दे संदेश जो नी मनणे दिया बजा ला तुसां अपु ही उसा सजा तांई जिम्मेबार न, जड़ा तुसां जो परमेश्वर दी तरफा ला मिलणी है। मैं निर्दोष है। हुणे ला मैं होर जातियां बाल जाणा कने उना जो परमेश्वरे दे संदेश दा प्रचार करणा।" **7** कने पौलुस होर जाति दे लोकां जो बचन दी शिक्षा देंणे तांई यहूदियां दे जंज घरे ला चली करी तितुस युस्तुस नाऐ दे इक होर जाति दे माणुऐ दे घरे होर जातियां दे लोकां जो बचन दी शिक्षा देणा आया, कने सै माणु परमेश्वरे दी अराधना करदा था, कने उदा घर यहूदी जंज घरे ला नेड़े ही था। **8** तालू यहूदियों दे जंज घरे दे सरदार क्रिस्पुसे अपणे सारे परिबारे समेत प्रभुऐ पर भरोसा किता; कने मतयां कुरिन्थस शेहरे च रेणे बालयां लोकां पौलुसे जो सुणीकरी भरोसा किता कने बपतिस्मा लिया। **9** कने प्रभुऐ राती जो दर्शण देईकरी पौलुसे ने बोलया, "डर मत, बोली जा चुप मत रे; **10** क्योंकि मैं तेरे सोगी है, कने कोई तिजो पर हमला करी कि तेरा नुक्सान नी करी सकदा है, क्योंकि इस शेहरे च मते ऐसे लोक न जड़े मेरे लोक न।" **11** तांई तां पौलुस ओथु डेढ सालां दीकर परमेश्वरे दा बचन सिखांदा रिया। **12** जालू गल्लियो अखाया प्रदेशे दा हाकिम था तां यहूदी लोकां गिठे होईकरी पौलुसे दे खिलाफ खड़े होई गे, कने उसयो कचेरी च लेई गे कने बोलणा लग्गे, **13** "कि परमेश्वरे दी भक्ति ऐसिया रितिया ला करा, जड़ा व्यवस्था ला बिलकुल उल्टा है।" **14** जालू पौलुस बोलणा ही लग्गा, तालू ही गल्लिया यहूदियां ला बोलया, "हे यहूदियों, अगर ऐ कोई अन्याय या बुराईया दी गल्ल होंदी तां ठीक था कि मैं तुहाड़ी सुणदा। **15** पर अगर ऐ बाद-बिबाद अखरां कने ना दा है, कने तुहाड़े यहूदी दी व्यवस्था दे बारे च है, तां तुसां ही जाणा; क्योंकि मैं इना गल्लां दा न्यायी नी बणना चांदा।" **16** कने गल्लियो हुकम दिता कि सै उना जो कडी दे कने उनी उना जो कचेरिया ला कडी दिता। **17** तालू सारे लोकां यहूदियों दे जंज घरे दे सरदार सोस्थिनेस जो पकड़ी करी कचेरिया सामणे ही मारणा शुरू करी दिता। पर गल्लिया इसा गल्ला दी कोई भी चिंता नी किती। **18** पौलुस मते रोजां दीकर कुरिन्थुस शेहरे च रिया, फिरी मसीह भाईयां ला विदा लेईकरी किंख्रिया शेहरे दिया बंदरगाह च जहाज तोपणे तांई चली गिया। कने उसी शेहरे च पौलुसे अपणा मुंडन कराई लिया, क्योंकि उनी इक सुखण सुखियो थी। बादे च सै पाणिये दे जहाजे ला सीरिया प्रदेश जो चली गिया। उदे सोगी प्रिस्किल्ला कने अक्विला भी थे। **19** कने सै इफिसुस शेहरे च आये कने पौलुसे प्रिसकिल्ला कने अक्विला जो ओथु ही छडी दिता। कने अपु इफिसुस शेहरे दे यहूदी जंज घर च जाई करी यहूदियां ने बाद-बिबाद करणा लग्गा। **20** उना उसला बिनती किती की, "साड़े सोगी थोड़े रोज होर रेई ले।" पर सै नी मनया; **21** पर पौलुस उना ला ऐ बोली करी विदा होया की, "अगर परमेश्वरे चाया तां मैं तुहाड़े बाल फिरी ओंगा।" तालू सै इफिसुस शेहरे ला जहाजे पर चढ़ी करी चली गिया; **22** कने सै कैसरिया शेहरे च उतरी करी यरूशलेम शेहरे जो गिया कने ओथु सै कलीसिया दे लोकां ला मिली करी अन्ताकिया शेहरे च आया। **23** फिरी थोड़े हफ्ते ओथु रेईकरी अन्ताकिया शेहरे ला चली गिया, कने गलातिया कने फ्रूगिया इलाकयां ला जांदे बेले ओथु दे सारे चेलयां जो मजबूत करदा गिया। **24** अपुल्लोस नाऐ दा इक यहूदी जिसदा जन्म सिकंदरिया शेहरे च होया था, सै बड़ा अकला बाला माणु था कने पवित्र शास्त्रां जो ढंगे ने जाणदा था, सै इफिसुस च आया। **25** उनी प्रभु दे रस्ते दी शिक्षा लियो थी, कने मन लाईकरी यीशुऐ दे बारे च सुणदा कने सिखांदा था, पर सै सिर्फ यूहन्ना दे बपतिस्मे दी गल्ल जाणदा था। **26** सै यहूदी जंज घरां च बिना डरयो बोलणा लग्गा, जालू प्रिस्किल्ला कने अक्विला उदियां गल्लां सुणीकरी, तां उना उसयो अपणे घरयो सदया कने परमेश्वरे दा रस्ता उसयो होर भी ढंगे ला दसया। **27** कने जालू अपुल्लोस अखाया प्रदेशे जो जाणा चांदा था, तां मसीह भाईयां उसयो प्रोत्साहित करिरी चेलयां जो लिखया कि सै उसला अच्छे ला मिलन, कने उनी ओथु पुज्जी करी उना लोकां दी बड़ी सहायता किती जिना

अनुग्रह दिया बजा ला भरोसा कितया था। 28 क्योंकि सै सरेआम
साबित करदा था की यहूदियां दी शिक्षा गलत है कने पवित्र शास्त्रे ला
इदे सबूत भी दिन्दा था कि यीशु ही सै मसीहा है।

**19** कने जालू अपुल्लोस कुरिन्थुस शेहरे च था, तां पौलुस
सड़का दे जरिये अंदरूनी इलाके ला होईकरी इफिसुस शेहरे
जो आया कने उदी मुलाकात कुछ चेलयां ला होई। 2 उनी बोलया,
क्या तुहांजो भरोसा करदे बेले पवित्र आत्मा मिल्ली? उना उसयो
बोलया, "असां तां पवित्र आत्मा दे बारे च सुणया भी नी है।" 3
तालू पौलुसे उना जो पुछया, "तां फिरी तुहाड़ा बपतिस्मा कियां
होया?" उना बोलया, "असां यूहन्ना दा बपतिस्मा लिया।" 4 पौलुसे
बोलया, "यूहन्ना उना लोकां जो बपतिस्मा दिता जिना पाप करणा
छडी दितयो थे कने परमेश्वरे पासे मुड़ी गे, पर उनी इस्राएल दे लोकां
जो बोलया कि उसी इक्की पर विश्वास करा जड़ा मेरे बाद ओंणे बाला
है, सै ही यीशु है।" 5 ऐ सुणीकरी उना प्रभु यीशु दे नाऐ दा बपतिस्मा
लिया। 6 कने जालू पौलुसे उना पर हथ रखया, तां उना पर पवित्र
आत्मा उतरी, कने सै होर-होर बोलियां च बोलणा कने भविष्यवाणी
करणा लग्गे। 7 सै सारे लगभग बारा मर्द थे। 8 कने तालू पौलुस
यहूदी जंज घरे च जाई करी बिना डरयो तिन्न मिनयां दीकर बोलदा
रिया, कने परमेश्वरे दे राज्य दे बारे च बेहस करदा कने समझांदा
रिया। 9 पर उना बिचे ला कुछ लोक बड़े जिदी थे उना भरोसा
करणे ला मना करी दिता, कने लोकां सामणे यीशु मसीह दे इस रस्ते
जो बुरा भला बोलणा लग्गे, इस तांई पौलुस अपणे चेलयां जो सोगी
लेईकरी ओथु ला चली गया, कने हर रोज तरन्नुस दे स्कूले च जाई
करी भरोसा करणे बालयां जो परमेश्वरे दे बारे शिक्षा दिन्दा कने
समझांदा था। 10 दो सालां दीकर ऐई होंदा रिया, कने आसिया
प्रदेश दे रेहणे बाले सारयां यहूदियां कने सारे यूनानियां प्रभु दा बचन
सुणी लिया। 11 कने परमेश्वर पौलुसे दे जरिये अनोखे चमत्कार
दसदा था। 12 ऐथू दीकर कि रूमालां कने तौलियां जो उदे शरीरे ला
छुआई करी बिमारां पर रखदे थे, तां उना दियां बिमारियां खरियां
होई जांदियां थियां; कने बुरियां आत्मा उना ला निकली जांदियां
थियां। 13 पर कुछ यहूदी मर्द जड़े जादू टोणा करिरी बुरियां आत्मा
जो कडदे थे, सै यीशु दा ना बुरियां आत्मा जो कडणे तांई करदे थे,
कने सै ऐ बोलदे थे की, "मैं तुहांजो उस यीशु मसीह दे नाऐ ला
जिदा प्रचार पौलुस करदा है बाहर निकलने दा हुकम दिन्दा है।" 14
कने स्क्किवा नाऐ दे इक यहूदी बड्डे याजके दे सत्त पुत्र थे, जड़े
इयां ही करदे थे। 15 पर बुरियां आत्मा जबाब दिता, "यीशुऐ जो
मैं जाणदी है कने पौलुसे जो भी जाणदी है, पर तू कुण है?" 16
कने उनी माणुऐ जिदे च बुरी आत्मा थी; उना पर झपटी करी, उना
जो काबू करी लिया, कने उना दी ऐसी हालत किती, कि सै नंगे
कने जख्मी होईकरी उसी घरे ला नठी गे। 17 कने जालू ऐ गल्ल
इफिसुस शेहरे दे रेहणे बाले सारे यहूदी कने यूनानी जांणी गे, कने
से सारे डरी गे; कने प्रभु यीशुऐ दे नाऐ दी महिमा किती। 18 कने
जिना भरोसा कितया था, उना चे मतयां लोकां आई करी सबना
सामणे अपणे गलत कम्मा जो मन्नी लिया। 19 कने जादू टोंणा
करणे बालयां चे मतयां अपणियां-अपणियां पोथियाँ गिठियां करिरी
सारे सामणे फुकी दितियां; कने जालू उना दी कीमत जोड़ी, तां सै
पंजा झार चांदिये दे सिक्यां बराबर निकली। 20 इयां मतयां लोकां
प्रभु यीशु दे बचना दे बारे च सुणया, कने बचन शक्तिशाली तरिके
ला उना दियां जिंदगियां जो बदलदा गिया। 21 जालू ऐ गल्लां होई
गियां तां पौलुसे मकिदुनिया प्रदेश कने अखाया प्रदेश दे भरोसा करणे
बालयां ला मिलणे बाद यरूशलेम शेहरे जो जाणे दा फेसला किता,
कने उनी बोलया, "यरूशलेम शेहरे जो जांणे बाद मिंजो रोम शेहरे जो
जाणा भी जरूरी है।" 22 इस तांई उनी अपणे साथियां चे तीमुथियुस
कने इरास्तुस जो मकिदुनिया प्रदेश अपु ला पेहले भेजी दिता, कने
अपु कुछ बकत आसिया प्रदेशे दे इफिसुस शेहरे च रेई पिया। 23 उस
बेले यीशु मसीह दे रस्ते दे बारे च बड़ा हंगामा होया। 24 क्योंकि
देमेत्रियुस नाऐ दा इक चांदी दा कारीगर था, जड़ा अरतिमिस यूनानी
देवी दे मंदरे दे चांदी दे ढांचे बणवांदे था, कने कारीगरां जो उना
बणाणे तांई बड़े पैसे दिन्दा था। 25 दिमेत्रियुसे अपणे कारीगरां जो
सदया कने इयोदियां चीजां दे कारीगरां जो गिठे करिरी बोलया, "हे
भाईयो, तुसां जाणदे न कि इसी कम्मे ला सांझो कितणा पैसा मिलदा
है। 26 कने तुसां दिखदे कने सुणदे न कि सिर्फ इफिसुस शेहरे च ही
नी, बल्कि सारे आसिया प्रदेश दे सारे ग्रां च, इनी पौलुसे ऐ बोली
करी मते लोकां जो समझाया कने भटकाया भी है, कि जड़ी हथां दी
कारीगिरी है, सै ईश्वर नी है। 27 कने सिर्फ इसा इक्की गल्ला दा ही
डर नी है, कि साड़े इस कम्मे दी इज्जत मान चली जाणा; बल्कि ऐ
की हुण लोकां महान देवी अरतिमिसा दे मंदरे जो भी महत्व नी देणा
कने खुद देवी अरतिमिस जिसा जो पूरे आसिया प्रदेशे च कने सारे
संसारे दे लोक पूजदे न उसा दी इज्जत मान नी होणा।" 28 सारे
कारीगर ऐ सुणीकरी गुस्से च आई गे कने चीलाई-चीलाई करी
बोलणा लग्गे, "इफिसियों दी अरतिमिस, महान है।" 29 शेहरे दे
केई होर लोकां चिल्लाणे दियां अबाजां सुणियां कने सै भी जाई करी
भिड़ा सोगी मिली गे कने सारे शेहरे च हंगामा होई गिया कने लोकां
गयुस कने अरिस्तर्खुस कने मकिदुनिया प्रदेशे दे रेणे बालयां जो जड़े
पौलुसे सोगी यात्री थे, पकड़ी लिया, कने गिठे होईकरी रंगशाला च
दोड़ी गे। 30 पौलुस भी रंगशाला दे अंदर जाई करी लोकां ला गल्ल
बात करणा चांदा था, पर चेलयां उसयो जाणा नी दिता। 31 आसिया
दे हकीमा चे भी उदे दोस्तां उसयो बोली भेजया कने बिनती किती,
की रंगशाला दे अंदर जाई करी अपणी जान खतरे च मत पांदा। 32
रंगशाला दे अंदर, सारे लोक चिल्ला दे थे, कोई कुछ बोला दा था
कने कोई कुछ होर। सारा कुछ गड़ बड़ था, कने मते लोक तां
ऐ जाणदे भी नी थे कि असां कजो गिठे होयो न। 33 तालू यहूदी
लोकां सिकन्दरे जो भिड़ा चे धक्का देईकरी अग्गे करी दिता, कने
सिकन्दरे लोकां जो चुप रेणे तांई हथे ला इशारा किता कने लोकां जो
समझाणे दी कोशिश किती कि क्या होआ दा है। 34 पर जालू उना
जो पता लग्गा कि सै यहूदी है, कने जड़े मसीही लोकां सांई मूर्तिपूजा
नी करदे थे, तां सारे दे सारे इक्की अबाजा च कोई दो घंटे दीकर
चिलांदे रे, "इफिसियों दी अरतिमिस, महान है।" 35 तालू शेहरे दे

मंत्रिऐ लोकां जो शांत करिरी बोलया, "हे इफिसियों दे वासियों,
सारे जाणदे न कि इफिसुस शेहरे दे लोक महान देवीं अरतिमिस दे
मंदरे दी कने उदिया मूर्तिया दी रखबाली करदे न जड़ी अम्बरे ला
पियो थी। 36 जालू कोई इना गल्लां ला इनकार नी करी सकदा है,
तां ठीक है कि तुसां चुप रिया; कने बिना सोचया बिचारयो कुछ मत
करा। 37 क्योंकि तुसां इना माणुऐ जो लेईकरी आयो न, जड़े ना ता
मंदरे जो लूटणे बाले न, कने ना ही साडिया देविया दी बुराई करणे
बाले न। 38 इसी वजा ला अगर देमेत्रियुस कने उदे साथी कारीगरां
जो कुसी ला कोई दिक्कत है तां कचेरी खुली है, उना दे मुकदमे दा
इन्साफ करणे तांई अधिकारी भी हेन; ओथु लोक इक्की दुज्जे पर
इलजाम लगाई सकदे न। 39 पर अगर तुसां कुसी होर गल्ला दे बारे
च कुछ पूछणा चांदे न, तां शेहरे दिया सभा च फेसला होणा। 40
क्योंकि मिजों डर है की राज्यपाले इस सारे हंगामे दे बारे च सुणना
कने बोलणा कि असां रोमी सरकार दे खिलाफ विद्रोह करणे दी
कोशिश करा दे थे। इस तांई कि इदी कोई बजा नी है, कि असां इसा
भिड़ा दे गिठे होणे दा जबाब नी देई सकणा।" 41 कने ऐ बोली करी
उनी सभा जो बीदा किता।

**20** जालू हंगामा रुकी गिया तां पौलुसे चेलयां जो सदीकरी
उत्साहित किता, कने उना जो अलविदा बोली करी मकिदुनिया
प्रदेश जो चली गिया। 2 सै उस सारे प्रदशे चे होईकरी कने चेलयां
जो बड़ा उत्साहित करिरी सै यूनान प्रदेश च आया। 3 तिन्न महीने
रेईकरी जालू सै ओथु ला जाजे पर सीरिया प्रदेश जो जांणा लगया
था, पर उनी सुणया कि यहूदियां उसयो रस्ते च मारणे दी सलाह
बणाईयो है, इस तांई उनी फेसला किता की मकिदुनिया प्रदेशे ला
बापस ओंदे होए सीरिया प्रदेशे जो जाऐ। 4 इसा यात्रा च बिरिया
शेहरे दे वासी पुरूर्स दा पुत्र सोपत्रुस कने थिस्सलुनीकिया शेहरे ला
अरिस्तर्खुस कने सिकुन्दुस कने दिरबे शेहरे दा गयुस, कने तीमुथियुस
कने आसिया प्रदेशे दा तुखिकुस कने त्रुफिमुस उदे सोगी चली पै। 5
कने सोगी यात्री सांझो ला अग्गे चली गे कने त्रोआस शेहरे च पुज्जी
करी सांझो नियालना लग्गे। 6 कने अखमीरी रोटियां दे त्योहारे दे
बाद फिलिप्पी शेहरे ला जाजे पर चड़ी करी उना बाल पंजा रोजां
बाद त्रोआस शेहरे च पुज्जे, कने सत्त रोज ओथु ही रे। 7 हफ्ते दे
पेहले रोजे असां जालू प्रभु भोज खाणे तांई गिठे होए, तां पौलुसे जिनी
दुऐ रोजे चली जाणा था, उना ला गल्लां कितियां, कने अधिया राती
दीकर उना जो उपदेश दिन्दा रिया। 8 जिस उपरे बाले कमरे पर असां
गिठे होयो थे, ओथु मते दिय्ये बल्यो थे। 9 कने युतुखुस नाऐ दा इक
जवान खिड़किया च बेईकरी निंद्रा ने झुला दा था, कने जालू पौलुस
बड़िया देरा दीकर गल्लां करदा रिया, तां सै निंद्रा दे झुटोरे ने तिजिया
मंजली ला पेई गिया, कने जालू कुछ लोकां आई करी उसयो चुक्या
तां तालू दिकर सै मरी गिया था। 10 पर पौलुस थले उतरया कने उदे
बाल जाई करी उसयो गले ने लाईकरी बोलया, "घबरा मत; क्योंकि
ऐ हल्ले भी जिंदा है।" 11 कने उनी दुबारा उपर जाई करी प्रभु भोज
किता, कने अगली भयागा होणे दिकर गल्लां करदा रिया; कने
फिरी सै चली गिया। 12 फिरी सै उस जवाने जो ओथु ला जिन्दा
लेई गे, कने बड़े खुश होऐ। 13 पौलुसे अस्सुस शेहरे तांई जमिनी
यात्रा करणे दा फेसला किता, बाकी असां लोक समुन्द्री जाजे ला
अग्गे चली गे, कने असां ओथु ला उसयो अपणे सोगी जहाजे च लेई
जाणे दी योजना बणा दे थे। 14 जालू पौलुस अस्सुस शेहरे च सांझो
मिल्ला तां असां उसयो जाजे पर चढ़ाई करी मितुलेने शेहरे जो आये।
15 दुऐ रोजे ओथु ला यात्रा करदे होये असां खियुस टापू च पुज्जे कने
उसला अगले रोजे उदे बखे ला होईकरी सामुस टापू च पुज्जे कने
उसला अगले रोजे मीलेतुस शेहरे जो आऐ। 16 क्योंकि पौलुसे
इफिसुस शेहरे च नी जाणे दा फेसला किता क्योंकि सै आसिया
प्रदेशे च होर जादा बकत नी बिताणा चांदा था, ताकि कुथी ऐसा ना
होए कि, उसयो आसिया शेहरे च देर लग्गे; क्योंकि सै जल्दिया
च था, कि अगर होई सके, तां सै पिन्तेकुस्त दे त्योहारे बाले रोजे
यरूशलेम शेहरे च बकते पर पुज्जे। 17 कने जालू असां मीलेतुस
शेहरे च उतरे, तालू पौलुसे इफिसुस शेहरे दिया कलीसिया दे अगुवां
जो संदेशा गलाई भेजया की, सै आई करी उसयो मिलन। 18 जालू
सै उदे बाल आये, तां उनी उना जो बोलया, "तुसां जाणदे न, कि मैं
कियां तुहाड़े सोगी रिया, पेहले ही रोजे ला जालू मैं आसिया प्रदेशे च
पुज्जा, तां मैं सारा बकत तुहाड़े सोगी ही बिताया। 19 मतलब की
बड़िया दीनता ला, कने रोई-रोई करी, कने उना परीक्षां च जड़ियां
यहूदी लोकां दिया साजिशा दिया बजा ला मिंजो पर आईयां, मैं तमी
प्रभु दी सेबा करदा रिया। 20 कने जड़ियां-जड़ियां गल्लां तुहाड़े
फायदे दियां थियां, उना जो दसणे तांई कने लोका दे सामणे कने घरे-
घरे जाई करी सिखाणे ला भी कदी नी डरया। 21 कने यहूदी लोकां
कने होर जातियां सामणे गबाई दिन्दा रिया कि परमेश्वरे सामणे अपणे
पापां जो मनी लिया कने गलत कम्मा जो छडी दिया, कने साड़े प्रभु
यीशु पर भरोसा करा। 22 कने हुण, मैं पवित्र आत्मा दे जरिये मजबूर
होईकरी यरूशलेम शेहरे जो चलया है, कने मिंजो नी पता कि ओथु
मिंजो पर क्या-क्या बितणी है, 23 सिर्फ ऐई कि पवित्र आत्मा हर
शेहरे च चेताबनी देईकरी मिंजो ला बोलदा है कि बंधन कने क्लेश
तिजो तांई तैयार न। 24 पर मिंजो अपणी जिन्दगी ला कोई प्यार नी
है, मैं तां बस अपणिया उसा दोड़ा जो, कने उस सेबा जो पूरा करणा
चांदा, जड़ी मिंजो परमेश्वरे दे अनुग्रह दे शुभसमाचार पर गबाई देणे
तांई प्रभु यीशुऐ ला मिलियो है। 25 कने मैं तुसां सारयां बिच परमेश्वरे
दे राज्य दा प्रचार किता, कने हुण मैं जाणदा है तुसां चे कोई भी मिंजो
दुबारा नी दिखणा। 26 इस तांई अजे दे दिन तुसां ला गबाई देईकरी
बोलदा है, कि तुसां च अगर कोई भी यीशु पर भरोसा कितयो बिना
मरी जादां है, तां से मेरी गलती नी है। 27 क्योंकि मैं तुसां जो सै सब
कुछ दसया है जड़ा परमेश्वर चांदा है कि तुसां जाणन। 28 इसी तांई
अपणी कने अपणे झुंडे दी देखभाल करा; जिना च पवित्र आत्मा
तुहांजो अगुवा बणाया है ताकि तुसां परमेश्वरे दिया कलीसिया दी
रखवाली करन, क्योंकि परमेश्वरे उना जो अपणे पुत्रे दा खून देईकरी
खरीदया है। 29 मैं जाणदा है, कि मेरे जाणे बाद तुसां बिच झूठे
गुरूआं ओणा है कने उना भरोसा करणे बालयां दा बड़ा नुकसान
करणा। सै उना फाड़ने बाले भेड़ियां सांई होणे जड़े भेडां जो मारी

दिन्दे न। 30 ऐथू दिकर की तुहाड़े अपणे भरोसा करणे बालयां दे दले
चे ऐसे लोक ओणे न, जिना चेलयां जो अपणे पिच्छे खीचणे तांई
उल्टियां सिदियां गल्लां करणियां न। 31 इस तांई ध्यान रखा, कने
याद रखा कि मैं तिन्ना सालां दीकर रात दिन रोई-रोई करी, हर
इकी जो चेताबनी देणा नी छडया। 32 कने हुण मैं तुहांजो परमेश्वरे
जो, कने उदे अनुग्रह दे बचना जो सौंपी दिन्दा है; जड़ा तुसां दे
भरोसे जो मजबूत करी सकदा है, कने परमेश्वरे तुसां जो सै बिरासत
देणी जिसा दा बायदा उनी उना सारयां लोकां ला कितया है जड़े उदे
जरिये पबित्र कितयो न। 33 मैं कुदे भी सोने, चांदी या कपड़े दा
लालच नीं किता। 34 तुसां तां अपु ही जाणदे न कि इना हथां ही मेरी
कने मेरे साथियां दी जरूरतां पुरियां कितियां न। 35 मैं तुहांजो सब
कुछ करिरी दसया है की, कड़ी मेहनत करिरी सांझो कमजोरां दी
सहायता करणी चाईदी कने प्रभु यीशु दे बचना जो याद रखणा जरूरी
है, प्रभुऐ अपु ही बोलया है: लेणे ला देणा धन्य है।" 36 ऐ बोली
करी उनी घुटणे टेके कने उना सबना सोगी प्राथना किती। 37 तालू
सै सारे बड़े रोए कने पौलुसे दे गले लगी करी उसयो चुमणा लग्गे।
38 सै खासकर इसा गल्ला तांई दुखी थे, जड़ी उनी बोली थी, तुसां
मिंजो फिरी दुबारा नी दिखणा। कने उना उसयो जाजे दीकर पूजाया।

**21** असां जालू उना ला विदा लेईकरी समुंद्री यात्रा शुरू किती, तां
असां सीधे रस्ते ला कोस टापु च आऐ, कने दुऐ रोजे रूदुस
टापु च, कने ओथु ला पतरा शेहरे च पुज्जी गे; 2 कने पतरा शेहरे
ला इक जाज सांझो फीनीके प्रदेश जो जांदा होया मिल्ला, कने असां
उदे पर चढ़ी करी यात्रा शुरू करी दिती। 3 असां खबे पासे साइप्रस
टापु दिखया कने असां ओथु ला निकली करी सीरिया प्रदेशे दिया
सीमा पासे अग्गे चली गे कने सूर शेहरे च जाई पुज्जे क्योंकि ओथु
जाजे ला समान उतारणा था। 4 कने ओथु असां कुछ चेलयां जो
तोपया कने असां ओथु उना सोगी सत रोजां दीकर रे। उना पबित्र
आत्मा दे जरिये हर बार पौलुसे ला यरूशलेम शेहरे जो नी जाणे
दी विनती करदे रे। 5 सत्त रोज बाद जालू ओथु ला साड़े जाणे दा
बकत आया, कने सै सारे जनानिया कने बचयां समेत सांझो शेहरे ला
बारे दीकर पुजाया कने असां समुंद्रे बखे घुटणे टेकी करी प्राथना
किती। 6 तालू इकी दुज्जे ला विदा होईकरी, असां तां जाजे पर
चढ़ी गे, कने सै अपणे-अपणे घरे जो बापस चली गे। 7 जालू असां
सूर शेहरे ला शुरू कितियो यात्रा पुरी करिरी असां पतुलिमयिस शेहरे
च पुज्जे, कने मसीही भाईयां जो नमस्ते करिके उना सोगी इक रोज
रे। 8 दुऐ रोजे असां ओथु ला चली करी कैसरिया शेहरे च आये,
कने फिलिप्पुस शुभसमाचार प्रचार करणे बाले दे घरे जाई करी रे,
सै उना सतां मर्दा चे इक था जिना जो यरूशलेम शेहरे च प्रेरितां
विधवां दी देखभाल करणे तांई चुणयां था। 9 उदियां चार कुआरियां
कुड़ियां थियां; जड़ियां भविष्यवाणी करदियां थियां। 10 जालू सांझो
कैसरिया शेहरे च रेंदे होए मते रोज होई गे, तां ओथु अगबुसे नाऐ
दा इक परमेश्वर दा संदेश देंणे वाला यहूदिया प्रदेशे ला आया। 11
उनी साड़े बाल आई करी पौलुसे दा कमरबंद लिया, कने उसयो
अपणे हथा पैरां च बन्नी करी बोलया, "कि पबित्र आत्मा ऐ बोलदी
है, कि जिस माणुऐ दा ऐ कमरबन्द है, उसयो यरूशलेम शेहरे च
यहूदियां इयां ही बनणा है कने होर जातियां दे हथे देई देणा है।"
12 असां जालू ऐ गल्लां सुणियां, तालू असां कने ओथु दे लोकां
पौलुसे ला बिनती किती कि, यरूशलेम शेहरे जो मत जांदा। 13 पर
पौलुसे जबाब दिता, तुसां क्या करा दे न, रोई-रोई करी मेरा मन तोड़ा
दे न? मैं तां प्रभु यीशुऐ दे नाऐ तांई यरूशलेम शेहरे च सिर्फ बनुणे
तांई ही नी बल्कि मरणे तांई भी तैयार है। 14 जालू सै नी मनया तां
असां ऐ बोली करी चुप होई गे, "प्रभुऐ दी इच्छा पुरी हो।" 15
थोड़े रोजां बाद असां तैयारी किती कने यरूशलेम शेहरे जो चली पे।
16 कैसरिया शेहरे दे भी कुछ चेले साड़े सोगी चली पे, कने सै
सांझो मनासोन नाऐ दे बंदे दे घरे लेई गे, जड़ा यरूशलेम शेहरे च रेंदा
था कने साइप्रस टापू दा था, सै सबना ला पेहले दे चेलयां चे इक
था। 17 असां जालू यरूशलेम शेहरे च पुज्जे, तां भरोसा करणे बाले
भाईयां साड़ा बड़िया खुशिया ला स्वागत किता। 18 दुऐ रोजे पौलुस
सांझो सोगी याकूबे दे घरे गिया, जिथू सारे अगुवे गिठे होयो थे। 19
तालू पौलुसे उना जो नमस्कार किता, कने जड़े-जड़े कम्म परमेश्वरे
पौलुसे दिया सेवकाईया दे जरिये होरनी जातियां च कितयो थे, सै
सारे कम्म इक-इक करिरी उना जो दस्से। 20 अगुवां ऐ सुणीकरी
परमेश्वरे दी महिमा किती, फिरी उना बोलया, हे भाई पौलुस, तू
जाणदा है न, कि यहूदियां चे केई हजारां लोकां भरोसा किता है; कने
सै सारे मूसा दिया व्यवस्था दा पालन बड़िया बफादारिया ला करदे
न। 21 कने कुछ लोकां उना यहूदियां जो दसया जिना दा तेरे बारे च
ऐ विशवास है, कि तू होर जातियां च रेणेबाले यहूदियां जो मूसा दी
व्यवस्था जो छडी देणे तांई सिखांदा है, कने बोलदा है, कि ना बचयां
दा खतना करा कने ना ही इना यहूदी रिती-रिबाजां पर चला। 22 तां
फिरी क्या करणा चाईदा? उना जो पक्का ऐ पता लग्गी जाणा है कि
तू ऐथू आया है। 23 इस तांई जड़ा असां तिजो बोलदे न, सै कर।
साड़े ऐथू चार माणु न, उना जो सै मन्नत पूरी करणी है जड़ी उना
परमेश्वरे दे सामणे मनियो है। 24 उना जो लेईकरी उना सोगी अपणे
आपे जो शुद्ध करणे दिया बिधिया जो पूरा कर; कने उना तांई खर्चा
दे, ताकि सै सिर मुंडवाई सकन। तालू सारयां जो पता लगणा, कि
जड़ियां गल्लां उना तेरे बारे च सुणियां न, सै गल्लां सच नी न, कने
तू अपु भी मूसा दिया व्यवस्था जो मन्नी करी उदे अनुसार चलदा है।
25 पर उना होर जातियां दे बारे च जिना भरोसा कितया है, असां ऐ
फेसला करिरी चिट्ठी लिखी भेजी है, की सै उस खाणे जो ना खान
जिसयो लोकां मूर्तियां जो चढ़ाया हो, कने व्यभिचार मत करदे कने
गल्लां घोटी करी मारयो जानवरां दा मॉस कने खून मत खांदे। 26
दूऐ रोजे पौलुसे उना माणुआं सोगी जाई करी अपु जो शुद्ध किता, तां
सै मंदरे जो गे, कने ऐ घोषणा किती, कि शुद्धी दे रोज कालू मुकणे न,
मतलब की उना चे हर इकी तांई भेंट चढ़ाणे दे दिन कालू पुरे होंणे।
27 जालू सै सत्त रोज पुरे होणे बाले थे, तां आसिया प्रदेशे दे कुछ
यहूदियां पौलुसे जो मंदरे च दिखीकरी सारयां जो भड़काया, फिरी
पौलुसे जो पकडी लिया कने चिल्लाणा लग्गे, 28 "हे इस्राएलियां,
सहायता करा; ऐ सै ही माणु है, जड़ा हर जगा साड़े यहूदी लोकां दे,

कने मूसा दिया व्यवस्था दे कने इसा जगा दे खिलाफ च सारे लोकां
जो सिखांदा है, ऐथू दीकर की होर जाति दे लोकां जो भी इस मंदरे
च आंणी करी इस पवित्र जगा जो अपबित्र करी दिता है।" 29 उना
ऐसा बोलया क्योंकि इसला पेहले इफिसुस शेहरे दे वासी त्रुफिमुस
जो पौलुस सोगी शेहरे च दिखया था, कने समझदे थे कि पौलुस
उसयो मंदरे च लेई आया है। 30 तालू शेहरे च हल्ला पेई गिया, कने
लोक दोड़ी करी गिठे होऐ, कने पौलुसे जो पकड़ी करी मंदरे बार
घसीटी लेई आये, कने झट दरबाजे बंद करी दिते। 31 जालू सै
पौलुसे जो मारी देंणे दी कोशिश करा दे थे, तां रोमी सिपाईयां दे
सरदारे जो खबर पुज्जी कि यरूशलेम शेहरे च मते सारे लोक हंगामा
करा दे न। 32 तालू सै झट सिपाईयां कने सुबेदारां जो लेईकरी उना
बाल आया; कने लोकां दिया भीड़ा सरदारे जो कने सिपाइयां जो
दिखीकरी पौलुसे जो मारणा बंद करी दिता। 33 तालू पलटना दे
सरदारे पौलुसे बाल आई करी उसयो पकड़ी लिया; कने दो संुगला
ला बनणे दा हुकम देईकरी पूछणा लग्गा, "ऐ कुण है, कने इनी क्या
कितया है?" 34 पर भिड़ा चे कोई कुछ बोलणा लग्गा कने कोई
कुछ, कने जालू रोले दिया बजा ला सच्चाई पता नी लग्गी, तां
उसयो किले च लेई जांणे दा हुकम दिता। 35 जालू सै पोड़ियां पर
पुज्जा, तां इयां होया कि भिड़ा दिया बजा ला सिपाईयां जो उसयो
चुकी करी लेई जांणा पिया। 36 क्योंकि लोकां दी भीड़ ऐ बोली
करी पिच्छे पियो थी, इसयो मारी दिया। 37 जालू सै पौलुसे जो
किले च अंदर लेई जाणा लगयो थे, तां उनी पलटना दे सरदारे जो
बोलया, क्या मिंजो इजाजत है कि मैं तिजो कुछ बोलें? उनी बोलया,
"क्या तू यूनानी भाषा जांणदा है? 38 क्या तू सै मिस्र देशे दा माणु नी
है, जिनी कुछ बकत पेहले सरकारा दे खिलाफ बिरोध कितया था
कने चार जार आतंकियों जो सुनसान जगा च लेई गिया था?" 39
पौलुसे बोलया, "नी, मैं तां इक यहूदी है, कने किलिकिया प्रदेशे दे
खास तरसुस शेहरे दा रेणे बाला है। कने मैं तिजो ला बिनती करदा है,
कि मिंजो लोकां ने गल्लां करणा दे।" 40 जालू उनी हुकम दिता, तां
पौलुसे पथरे दिया पोड़ियां पर खड़ोई करी लोकां जो चुप रेणे तांई
हथे ला इशारा किता। तालू सै चुप होई गे, तां सै इब्रानी भाषा बोलणा
लग्गा।

**22** "हे भाईयों कने बजुर्गो सुणा, जड़े इल्जाम मिंजो पर लगयो
न, उदे बचाव च मैं कुछ तुहाड़े सामणे बोलणा है।" 2 सै ऐ
सुणीकरी कि सै सांझो ला इब्रानी भाषा च बोला दा है, सै होर भी चुप
होई गे। तालू उनी बोलया: 3 मैं यहूदी है, मेरा जन्म किलिकिया
प्रदेशे दे तरसुस शेहरे च होया है; पर इस शेहरे च गमलीएल दे पैरां
बाल बेईकरी शिक्षा लियो है, कने पूर्वजां दी व्यवस्था भी मिंजो ठीक
रीतिया ला सिखाई; कने हुण जदिया उत्साह परमेश्वरे तांई तुहाड़ा है,
तदिया ही मेरा भी था। 4 मैं प्रभु यीशु मसीह दे रस्ते जो खत्म करणे
तांई इदे चेलयां जो बड़ा सताया। मैं मर्द कने जनानिया दोनो जो
बन्नी करी, जेला च पाई करी, उना जो मरवाई भी दिता। 5 खुद
महायाजक कने अगुवां दी सारी सभा भी गबाह न कि, मैं उना ला
यहूदी भाईयां तांई चिठियां लेईकरी दमिश्क शेहरे जो चलया था,
ताकि जड़े ओथु न उना जो सजा देंणे तांई बन्नी करी यरूशलेम शेहरे
जो लेई ओऐ। 6 जालू मैं चलदे-चलदे दमिश्क शेहरे बखे पुज्जा, तां
इयां होया कि लगबग दोपहर दे बकते अचानक अम्बरे ला मेरे चारो
पासे इक लौ चमकी। 7 कने मैं जमिना पर पेई गिया: कने ऐ अबाज
सुणोई, हे शाऊल, हे शाऊल, तू मिंजो कजो तंग करदा है? 8 मैं
जबाब दिता, हे प्रभु जी, तू कुण है? उनी मिंजो बोलया, मैं नासरत
शेहरे दा रेणे बाला यीशु है, जिसयो तू तंग करदा है। 9 कने मेरे
साथियां लौ चमकदी तां दिखी, कने जड़ा मिंजो सोगी बोला था उना
उदी अबाज सुणी, पर सै समझी नी सके की अबाजा मिंजो ला क्या
बोलया। 10 तालू मैं बोलया, प्रभु जी मैं क्या करे? प्रभुऐ मिंजो ने
बोलया, उठी करी दमिश्क शेहरे जो जा कने जड़ा कुछ तू करणा है
सै तिजो ओथु दसी देणा है। 11 जालू उसा लौई दिया चमका दिया
बजा ला मिंजो कुछ भी मिल्ला दा नी था, तां मैं अपणे साथियां दा
हथ पकड़ी करी दमिश्के शेहरे जो आया। 12 तालू हनन्याह नाऐ दा
व्यवस्था दे अनुसार इक धर्मी माणु, जड़ा ओथु रेणेबाले सारे यहूदियां
च इज्जतदार था, सै मेरे बाल आया, 13 कने मेरे बखे खड़ोई गिया
कने मिंजो ला बोलया, हे भाई शाऊल, दुबारा दिखणा लग्गी पो।
तालू ही मेरियां हखी खुली गियां कने मिंजो दुबारा मिलणा लग्गी
पिया। 14 तालू उनी बोलया, साड़े बाप दादयां दे परमेश्वरे तिजो इस
तांई चुणया है ताकि तू उदिया इच्छा जो जांणे, कने उस धर्मी जन
जो दिखे, कने उदी अबाज सुणे। 15 क्योंकि तू उदिया तरफा ला
सारे माणुआं सामणे इना गल्लां दा गबाह होणा, जड़ियां तू दिखियां
कने सुणियां न। 16 हुण कजो देर करा दा है? उठ, कने बपतिस्मा ले,
कने प्रभु दा ना लेईकरी अपणे पापां जो धोई ले। 17 मैं जालू फिरी
यरूशलेम शेहरे च आई करी मंदरे च प्राथना करा दा था, तां मैं बेसुध
होई गिया। 18 कने मैं प्रभु जो दिखया कने उसयो ऐ बोलदे सुणया,
"झट पट करिरी यरूशलेम शेहरे ला निकली जा; क्योंकि जड़े
लोक ऐथू न उना मेरे बारे च तेरी गबाई नी मनणी है।" 19 मैं बोलया,
प्रभु जी मिंजो समझ नी आया की यरूशलेम शेहरे च यहूदियां मिंजों
पर भरोसा कनी करणा क्योंकि सै तां अपु ही जाणदे न की मैं तिजो
पर भरोसा करणे बालयां जो जेला च पांदा कने मारदे-मारदे यहूदी
जंज घरां ला लेई जांदा था। 20 कने जालू तेरे गबाह स्तिफनुसे जो
मारा दे थे, तालू मैं भी ओथु खड़ोतया था, कने उसा गल्ला ला राजी
था, कने उसयो मारणे बालयां दे कपड़यां दी रखवाली करा दा था।
21 कने प्रभूये मिंजो बोलया, तू चली जा: क्योंकि मैं तिजो होरनी
जातियां बाल दूर-दूर भेजणा है। 22 ऐथू दीकर तां लोक पौलुसे दिया
गल्ला जो ध्याने ला सुणदे रे पर, फिरी सै जोरे ला बोलणा लग्गे,
"ऐसे माणुऐ जो मारी दिया, इदा जिन्दा रेंणा ठीक नी।" उना ऐसा
इस तांई बोलया क्योंकि सै नी मंदे थे की परमेश्वर यहूदियां जो छडी
करी कुसी होरसी जातिया जो बचाई सकदा है। 23 जालू सै चिलांदे
कने अपणे कपड़े फेंकदे कने अपणा गुस्सा दसणे तांई होआ च धुड़
उडांदे थे; 24 तां पलटना दे सूबेदारे बोलया, "इसयो किले च लेई
जा; कने कोड़े मारी करी परखा, ताकि मैं भी जांणे कि लोक कुसा
बजा ला इदे खिलाफ ऐसा बोला दे न।" 25 जालू सै उसयो कोड़े

मारणे तांई बन्ना दे थे तां पौलुसे उस सुबेदारे ने बोलया जड़ा उदे बखे
खड़ोतया था, “क्या ऐ ठीक कि तुसां इक रोमी माणुऐ जो, बिना
दोष साबित होयो कोड़े मारन?” 26 सूबेदारे ऐ सुणीकरी सरदारे बाल
जाई करी बोलया, “तू ऐ क्या करा दा है? ऐ तां रोमी माणु है।” 27
ताल़ू सरदारे उदे बाल आई करी बोलया, मिंजो दस, क्या तू रोमी है?
“उनी बोलया, हाँ।” 28 ऐ सुणीकरी सरदारे बोलया, मैं रोमी होणे दा
पद मते पैसे देईकरी लिया है। पौलुसे बोलया, “मैं तां जमदा ही रोमी
है।” 29 ताल़ू जड़े लोक उसयो परखा दे थे, सै झट उदे बखे ला
हटी गे; कने सरदार भी ऐ जाणी करी कि ऐ रोमी है, कने मैं उसयो
बनया है, सै डरी गे। 30 सूबेदार ऐ जाणना चांदा था कि यहूदी लोक
उदे पर कजो दोष ला दे न, इस तांई उनी बड्डे याजकां कने सारिया
महासभा जो गिठे होणे दा हुकम दिता। उना जो रिहा किता, पौलुसे
जो थले आंणी करी उना दे सामणे खड़ा किता।

**23** पौलुसे महासभा पासे ध्यान लाईकरी दिखया, कने बोलया,
“हे भाईयो, मैं अजे दीकर परमेश्वरे तांई बिलकुल सच्ची
अंतरात्मा ला जिन्दगी कटी है।” 2 पौलुसे जड़ा बोलया सै सुणीकरी
हनन्याह महायाजके, उना जो जड़े उदे बखे खड़ोतयो थे, पौलुस दे
मुऐ पर थप्पड़ मारणे दा हुकम दिता। 3 ताल़ू पौलुसे उना जो बोलया,
“है पाखंडी, परमेश्वरे तिजो मारणा। तू मूसा दी व्यवस्था दे अनुसार
मेरा न्याय करणे जो बैठया है, कने फिरी भी मिंजो मारणे दा हुकम
देईकरी व्यवस्था दे खिलाफ जा दा है?” 4 जड़े बखे खड़ोतयो थे,
उना बोलया, “क्या तू परमेश्वरे दे महायाजक दी बेईजती करदा है?”
5 पौलुसे बोलया, “हे भाईयो, मैं नी जाणदा था, कि ऐ महायाजक है;
क्योंकि पवित्र शास्त्र च लिखया है, अपणे लोकां दे प्रधाने जो बुरा
मत बोल।” 6 ताल़ू पौलुसे ऐ जाणी करी, कि कुछ सदूकी लोक न
कने कुछ फरीसी लोक न, महासभा च पुकारी करी बोलया, “है
भाईयो, मैं फरीसी कने फरीसियां दे बंशे दा है, कने मेरा मुकदमा इस
तांई होआ दा है क्योंकि मिंजो आस है की परमेश्वरे मरयो लोकां जो
दुबारा जिन्दा करणा।” 7 जाल़ू उनी ऐ गल्ल बोली तां फरीसियां
कने सदूकियां च होणा लग्गी, कने सभा च फुट पेई गेई। 8 क्योंकि
सदूकी लोक ऐ भरोसा करदे न की लोकां मरणे बाद जिन्दा नी होंणा,
ना कोई स्वर्गदूत न कने ना आत्मा है; पर फरीसी लोक इना सबना
पर भरोसा करदे न। 9 ताल़ू बड़ा रोला पिया कने कुछ व्यवस्था
जो सिखाणे बाले जड़े फरीसी थे, उठी करी ऐ बोली करी बेहस
करणा लग्गे, “सांझो इस माणुऐ च कोई बुराई नी मिली है; कने होई
सकदा है की इक आत्मा या स्वर्गदूते उसला गल्ल किती हो।” 10
जाल़ू लड़ाई बड़ी बदी गेई, तां पलटना दे सरदारे इसी डरे ला कि सै
पौलुसे दे टोटे-टोटे नी करी देंन, इस तांई उनी पलटना जो हुकम
दिता की सभा दे लोकां बीचे ला पौलुसे जो बचाई करी किले च लेई
जा। 11 उसा ही राती प्रभु यीशुऐ पौलुस दे बखे आई करी बोलया,
“हे पौलुस, हिम्मत रख; क्योंकि जियां तू यरूशलेम शेहरे च मेरी
गबाई दितियो है, तियां ही तिजो रोम शेहरे च भी मेरी गबाई देंणी
पोंणी है।” 12 जाल़ू भ्याग होई तां कुछ यहूदी माणुआं गिठे होईकरी
सलाह किती, कने कसम खादी कि जाल़ू दीकर असां पौलुसे जो
मारी ना देन, अगर असां खादा या पीता तां सांझो पर लानत है। 13
जिना ऐ कसम खादियो थी, सै चालियां जणयां ला जादा थे। 14 उना
बड्डे याजकां कने यहूदी अगुवां बाल आई करी बोलया, “असां ऐ
कसम खादियो है कि जाल़ू दीकर असां पौलुसे जो मारी नी देंन, ताल़ू
दीकर असां अगर कुछ भी चखन तां सांझो पर लानत है। 15 इस
तांई हुण तुसां कने महासभा मिलिकरी पलटना दे सरदारे जो समझा
कि पौलुसे जो तुहाडे बाल लेई ओऐ, भाना मारा कि तुसां उदे बारे च
होर भी ठीक तरीके ला जांच करणा चांदे न, कने असां उदे पूजणे
ला पेहले ही उसयो रस्ते च मारणे तांई तैयार रेंगे।” 16 पर पौलुसे दे
भांजे सुणाया कि यहूदी लोक उसयो मारणे दी योजना बणा दे न, तां
उनी किले च जाई करी पौलुसे जो खबर दिती। 17 पौलुसे सुबेदारां
चे इकी जो सदीकरी बोलया, “इसी जवाने जो पलटना दे सरदारे
बाल लेई जा, ऐ उसला कुछ बोलणा चांदा है।” 18 इस तांई सुबेदार
पौलुसे दे भांजे जो पलटना दे सरदारे बाल लेईजाई करी बोलया,
“केदी पौलुसे मिंजो सदीकरी बिनती किती, कि ऐ जवान पलटना दे
सरदारे ला कुछ बोलणा चांदा है, इसयो उस बाल लेई जा।” 19
पलटना दे सरदारे उसयो हथ पकड़ी करी, कने उसयो लग लेईजाई
करी पुछया, “तू मिंजो ला क्या बोलणा चांदा है?” 20 उनी बोलया,
“यहूदियां गिठे होईकरी योजना बणाईयो, कि तिजो ला बिनती करन
कि कल पौलुसे जो महासभा च लोऐ, कने ऐसा लग्गे कि तू होर
ठीक ढंगे ला उदी जांच करणा चांदा है। 21 पर कृपा करिरी तू उना
दिया बिनतिया पर ध्यान मत दिन्दा, क्योंकि उना चे चालियां ला
जादा माणु पौलुसे जो मारणे दिया ताका पर न, उना ऐ कसम खादियो
है कि जाल़ू दीकर असां पौलुसे जो नी मारगे, ताल़ू दीकर ना खाणा
है ना पिणा है, कने सै हुण तैयार न कने तेरे बचने दा इतंजार करा दे
न।” 22 ताल़ू पलटना दे सरदारे जवाने जो ऐ हुकम देईकरी भेजया,
“कुसी ला मत बोलदा कि तू मिंजो ला ऐ गल्लां बोलियां न।” 23
ताल़ू पलटना दे सरदारे दो सूबेदारां जो सदीकरी बोलया, “अज राती
नौ बजे दीकर दो सो सपाई, सत्तर सवार, कने दो सो भाले बाले,
कैसरिया शेहरे जो जाणे तांई तैयार रखा।” 24 कने पौलुसे दिया
सवारिया तांई घोड़े जो तैयार रखा ताकि उसयो फेलिक्स राज्यपाले
बाल ठीक-ठाक पुजाई सकन। 25 पलटना दे सरदारे राज्यपाले
जो इक चिट्ठी भी लिखी: 26 “महाप्रतापी फेलिक्स राज्यपाले जो
क्लौदियुस लुसियास दिया तरफा ला नमस्कार; 27 इस माणुऐ जो
यहूदी पकड़ी करी मारणा चांदे थे, पर जाल़ू मिंजो पता लग्गा कि ऐ
रोमी है, तां पलटन भेजी करी छुड़ाई लांदा। 28 कने मैं जाणना चांदा
था, कि सै इस पर कुसा बजा ला दोष लांदे न, इस तांई उसयो उना
दी महासभा च लेई गिया। 29 ताल़ू मैं जाणी लिया, कि सै अपणिया
यहूदी व्यवस्था दे विवादां दे बारे च उदे पर दोष लगा दे न, पर ऐ कोई
ऐसा दोष नी है, जिदे तांई उसयो मौत दी सजा या जेल होए। 30 कने
जाल़ू मिंजो दसया कि सै इस माणुऐ जो मारणे दिया ताका पर न, तां
मैं झट उसयो तेरे बाल भेजी दिता; कने उना यहूदियां जो जिना उस
पर दोष लाया है हुकम दिता, कि तेरे सामणे उदे पर दोष लान।” 31
सिपाइयां जो जड़ा हुकम दितया था तियां ही सै पौलुसे जो लेईकरी

रातो रात अन्तिपत्रिस शेहरे च लेई आऐ। 32 दुऐ रोजे उना घुड़सवारां
जो पौलुसे सोगी कैसरिया शेहर जाणे तांई छडी दिता कने सपाई अपु
पैदल यरूशलेम शेहरे दे किले जो मुड़ी आऐ। 33 उना कैसरिया
शेहरे च पुज्जी करी राज्यपाले जो चिट्ठी दिती; कने पौलुसे जो भी
उदे सामणे खड़ा किता। 34 राज्यपाले चिट्ठी पढ़ी करी पुछया, "ऐ
कुसी देशे दा है? कने जालू ऐ सब जाणी लिया कि सै किलिकिया
प्रदेशे दा है।" 35 तां उसयो बोलया, "जालू सै लोक ओंगे जिना
तिजो पर दोष लाया है, तालू मैं तेरा मुकद्दमा सुणना है।" कने उनी
पौलुसे जो राजा हेरोदेसे दे किले च पेहरे च रखणे दा हुकम दिता।

**24** पंजा रोजा बाद हनन्याह महायाजक केई यहूदी अगुवां कने
तिरतुल्लुस नाऐ दे बकिले जो सोगी लेईकरी कैसरिया शेहरे
च आया; उना राज्यपाल दे सामणे पौलुसे पर दोष लाऐ। 2 जालू
पौलुसे जो ओथु सदया, तां तिरतुल्लुसे उस पर दोष लाईकरी बोलया,
"हे महाप्रतापी फेलिक्स, तेरिया बजा ला असां बड़िया शांतिया ला
रे दे न, कने तेरे इंतजाम ला इसा जातियां तांई कितणियां बुराइयां
सुधरा दियां न। 3 इसयो असां हर जगा कने हर तरीके ला धन्याबाद
सोगी मंदे न। 4 पर मैं तेरा जादा बकत नी लेंणा चांदा है, मैं तिजो ला
बिनती करदा है, कि कृपा करिरी थोड़ी देर साड़ी सुणी ले। 5 ऐ
माणु संसारे दे सारे यहूदियां बिच मतभेद कने मुसीबत पैदा करा दा है,
कने ऐ इक ऐसे कुपंथे दे अगुवां चे भी है, जिस पंथे जो लोक नासरत
दे यीशुऐ दे पिच्छे चलणे बाला पंथ बोलदे न। 6 उनी मंदरे जो अशुद्ध
करणा चाया, कने तालू असां उसयो बंदी बणाई लिया। असां उसयो
अपणिया व्यवस्था दे अनुसार सजा देणा चांदे थे; 7 पर पलटना दे
सरदारे लुसियासे आई करी जबरदस्ती उसयो साड़े हथा ला छुड़ाई
लिया, 8 कने इदे पर दोष लांणे बालयां जो तेरे बाल ओंणे दा हुकम
दिता। इना सारियां गल्लां जो जिना दे बारे च असां उदे पर दोष ला
दे न, तू अपु ही उसयो जाँची करी सच्चाईया जो जाणी लेंणा है।" 9
यहूदियां भी उदा साथ देईकरी बोलया, ऐ गल्लां बिलकुल ठीक
न। 10 जालू राज्यपाले पौलुसे जो बोलणे तांई इशारा किता तां उनी
जबाब दिता: "मैं ऐ जाणी करी कि तुसां इस देशे दा बड़े सालां ला
न्याय करा दा है, इस तांई मैं खुशिया ला अपणा जबाब दिन्दा है।"
11 तू अपु ही पता लगाई सकदा है, कि जालू ला मैं यरूशलेम शेहरे
च अराधना करणा मन्दरे च आया है, मिंजो बारा रोजां ला उपर नी
होऐ न। 12 उना मिंजो ना मंदरे च, ना यहूदी जंज घरां च, कने ना
शेहरे च कुसी ने बेहस करदे या ना भिड़ा जो गिठा करदे दिखया; 13
कने ना ही सै उना गल्लां जो, जिना दे बारे च सै हुण मिंजो पर दोष
ला दे न, तेरे सामणे सच्च साबित करी सकदे न। 14 पर मैं तेरे सामणे
ऐ मनी लेंदा है, कि मैं मसीह दे पंथे दा चेला होईकरी अपणे पूर्वजां दे
परमेश्वरे दी सेबा करदा है, जिसी पंथे जो ऐ माणु यहूदी झूठा पंथ
बोलदे न: कने जड़ियां गल्लां मूसा दिया व्यवस्था च कने परमेश्वरे
दा संदेश देणेबालयां दियां कताबां च लिखियाँ न, उना पर भरोसा
करदा है। 15 कने परमेश्वरे पर आस रखदा है, जड़ी सै अपु भी
रखदे न, कि परमेश्वरे धर्मी कने अधर्मी दोनो जो मरयां चे जिन्दा
करी देणा। 16 इस तांई मैं अपु भी परमेश्वरे कने लोकां सामणे अपणी
अंतरात्मा जो निर्दोष रखणे दी पूरी कोशिश करदा है। 17 मतयां
सालां बाद मैं अपणे गरीब लोकां जो दान कने परमेश्वरे जो बलिदान
चड़ाणे तांई यरूशलेम शेहरे च आया था। 18 उसी बकत उना मिंजो
मंदरे च शुद्ध होणे दे रिबाजां जो पूरा करदे दिखया। ओथु ना तां कोई
भिड़ थी कने ना ही कोई हल्ला था। 19 पर ओथु आसिया प्रदेशे
दे कुछ यहूदी लोक थे, जिना हंगामा किता। अगर मैं कुछ गलत
कितया था, तां उना जो मिंजो पर दोष लांणे तांई ऐथू तेरे सामणे होणा
चाईदा था। 20 या इना माणुआं जो अपु ही बोलणा चाईदा, कि
जालू मैं महासभा दे सामणे खड़ोतया था, तां उना जो मिंजो पर कुण
दिया दोष मिल्ला? 21 सिर्फ इक दोष है जड़ा सै मेरे खिलाफ लाई
सकदे न, सै ऐ है जालू मैं अंगणे च जोरे ला बोलया था, "पर ऐ
मुकदमा मेरे पर इस तांई चलया है क्योंकि मैं भरोसा करदा है की
परमेश्वरे उना लोकां जो जड़े मरी गियो न दुबारा जिन्दा करणा।"
22 राज्यपाल फेलिक्से जड़ा इसी पंथे दियां गल्लां जो अच्छे ला
जाणदा था, उनी सुणवाई जो ऐ बोली करी स्थगित करी दिता, "कि
जालू पलटना दा सरदार लुसियास ओंगा, तां तुहाड़िया गल्लां दा
न्याय करगा।" 23 कने सूबेदार जो हुकम दिता, कि पौलुसे जो
थोड़ी छुट देईकरी उसयो पेहरे च रखा, पर उदे दोस्तां चे कुसयो
भी इदी सेबा करणे ला मत रोकदे। 24 थोड़े रोजां बाद राज्यपाल
फेलिक्स अपणी घरे बाली द्रूसिल्ला जो, जड़ी यहूदी थी, सोगी
लेईकरी पौलुसे ला मिलणा आया कने पौलुसे जो सदया, कने उस
भरोसे दे बारे च उसला सुणया जड़ा यीशु मसीह पर है। 25 जालू
पौलुसे धार्मिकता कने अपणी इच्छां पर काबू रखणा कने परमेश्वरे
जरिये होंणे बाले न्याय दे बारे च दसणा शुरू किता, तां फेलिक्से
डरीकरी जबाब दिता, "इस बकत तां तू जा; जालू मेरे बाल बकत
होंगा तां मैं तिजो दुबारा सदी लेंगा।" 26 हालांकि फेलिक्स उना
गल्लां दे बारे च डरदा था जड़ियां पौलुसे बोलियां थियां, फिरी भी सै
पौलुसे जो सददा था, कने उस सोगी गल्लां करदा था क्योंकि सै
सोचदा था की सै जेला ला छुटणे तांई उसयो कुछ पैसे दिंगा। 27 पर
जालू दो साल बीती गे, तां पुरकियुस फेस्तुस, फेलिक्से दिया जगा
पर राज्यपाल बणी गिया, कने फेलिक्स यहूदियां जो खुश करणे
दिया इच्छा ला पौलुसे जो केदी ही छडी गिया।

**25** उना रोजां बाद राज्यपाल फेस्तुस दे रूपे च यहूदिया प्रदेश च
आया। फिरी सै कैसरिया शेहरे ला यरूशलेम शेहरे जो गिया।
2 तालू बड्डे याजकां, कने यहूदियां दे अगुवां, उदे सामणे पौलुसे पर
दोष लाऐ; 3 कने उसला बिनती किती की उना दा समर्थन करे
कि सै पौलुस जो यरूशलेम शेहरे च सदे, क्योंकि उना उसयो रस्ते
च ही मारी देंणे थी योजना बणाईयो थी। 4 फेस्तुसे जबाब दिता,
"पौलुस कैसरिया शेहरे च केदी है, कने मैं अपु जल्दी ओथु जाणा
है।" 5 फिरी बोलया, "तुसां ने जड़े बड्डे माणु न, सै मेरे सोगी चलन,
कने अगर उनी माणुऐ कुछ गलत कम्म कितया है, तां उस पर
दोष लगान।" 6 यरूशलेम शेहरे च कोई अठ दस रोज रेईकरी सै
कैसरिया शेहरे जो गिया: कने दुऐ रोजे न्याय-आसने पर बेईकरी
पौलुसे जो लोंणे दा हुकम दिता। 7 जालू सै आया, तां यहूदी अगुवे

जड़े यरूशलेम शेहरे ला आयो थे, उना अखे बखे खड़ोई करी उदे
पर बड़े भरी दोष लाऐ, पर उना बाल इना दोषां जो सच्च साबित
करणे तांई कोई सबूत नी था। 8 पर पौलुसे जबाब दिता, "मैं ना तां
यहूदियां दिया व्यवस्था दे कने ना मंदरे दे, कने ना महाराजा कैसरे दे
खिलाफ कोई अपराध कितया है।" 9 ताल़ू फेस्तुसे यहूदी अगुवां जो
खुश करणे दिया इच्छा ला पौलुसे जो पुच्छया, "क्या तू चांदा है की
तेरे इना दोषां दी सुणवाई मेरे सामणे यरूशलेम शेहरे च हो?" 10
पौलुसे बोलया, "मैं महाराजा कैसरे दे न्याय-आसने सामणे खड़ोतया
है: ठीक ऐई है की मेरे मुकद्दमे दी सुणवाई ऐथू ही होणा चाईदी। मैं
यहूदी लोकां दे खिलाफ कोई भी अपराध नी कितया है, कने इसा
गल्ला जो तू भी अच्छे ला जाणदा है। 11 अगर अपराधी है कने
मौत दी सजा देंणे जोगा कोई कम्म कितया है, तां मैं मरणे ला नी
मूकरदा है; पर जिना गल्लां दा ऐ मिंजो पर दोष ला दे न, अगर उना
चे कोई गल्ल सच्च नी है, तां कुसी जो भी ऐ हक नी है की मिंजो
इना दे हथे देई दे। मेरी बिनती है की मेरा न्याय महाराजा दे हथे ला
होणा चाईदा।" 12 ताल़ू फेस्तुसे अपणिया सभा सोगी बिचार करिरी
जबाब दिता, "तू महाराजा केसरे दे हथे ला न्याय होंणे दी मांग किती
है, तां तिजो महाराजा कैसरे बाल ही भेजणा है।" 13 थोड़े रोज होणे
बाद राजा अग्रिप्पे कने उदी छोटी बेहण बिरनीके कैसरिया शेहरे च
आई करी राज्यपाल फेस्तुसे ला मिल्ले। 14 उना जो ओथु मते रोज
रेहणे बाद फेस्तुसे उना ने पौलुसे दे बारे च दसया, "इक माणु है,
जिसयो फेलिक्स केदी छडी गिया है। 15 जाल़ू मैं यरूशलेम शेहरे च
था, तां बड्डे याजकां कने यहूदी अगुवां उस पर दोष लाऐ कने चांदे
थे, कि उसयो मौत दी सजा हुकम मिल्ले। 16 पर मैं उना जो जबाब
दिता, कि रोमियां दा ऐ रिबाज नी है, कि कुसी माणुऐ जो सजा देंणे
तांई सौंपी देंन, जाल़ू दीकर आरोपी जो अपणे दोष लांणे बालयां
सामणे खड़े होईकरी दोषां दे जबाब देंणे दा मोका ना मिल्ले। 17 इस
तांई जाल़ू यहूदी अगुवे मेरे सोगी ऐथू कैसरिया शेहरे च आये, तां मैं
कोई देर नी किती, कने दुऐ ही रोजे न्याय-आसने पर बेईकरी, पौलुसे
जो अदालता च लोंणे दा हुकम दिता। 18 जाल़ू उस पर दोष लांणे
बाले खड़ुते, तां उना ऐसिया बुरियां गल्लां दा दोष नी लाया, जदिया
मैं समजदा था। 19 पर उना बिच अपणे धर्मे जो लेईकरी कने यीशु
नाऐ दे माणुऐ दे बारे च कुछ झगड़ा था, जड़ा मरी गिया था, पर
पौलुस दाबा करदा था की यीशु जिन्दा है। 20 क्योंकि मिंजो नी
पता था की इना गल्लां दी जांच पड़ताल कियां करे, इस तांई मैं
पौलुसे जो पुच्छया, क्या तू यरूशलेम च शेहरे च मुकदमे दी सुणवाई
तांई राजी है। 21 पर जाल़ू पौलुसे बिनती किती की महाराजा कैसर
ही मेरा न्याय करे, तां मैं हुकम दिता, कि जाल़ू दीकर मैं उसयो
महाराजा कैसरे बाल नी भेजें, उदी रखबाली किती जाऐ।" 22 ताल़ू
अग्रिप्पे फेस्तुसे जो बोलया, "मैं भी उस माणुऐ दी सुणना चांदा है।"
उनी बोलया, "तू कल सुणी लियां।" 23 दुऐ रोजे, जाल़ू अग्रिप्पे
कने बिरनीके बडी धूम धाम ला आई करी पलटना दे सरदारां कने
शेहरे दे खास-खास लोकां सोगी दरबारे च पुज्जे। ताल़ू फेस्तुसे हुकम
दिता, कि सै पौलुसे जो लेई ओआ। 24 फेस्तुसे बोलया, "हे राजा
अग्रिप्पे, हे सारे लोक जड़े ऐथू साड़े सोगी न, तुसां इसी माणुऐ जो
दिखा दे न, जिदे बारे च सारे यहूदियां यरूशलेम शेहरे च कने ऐथू भी
चिलाई-चिलाई करी मिंजो ला बिनती किती, कि इदा जिन्दा रेंणा
ठीक नी है। 25 पर मैं जांणी लिया कि उनी ऐदिया कुछ नी कितया
है कि इसयो मौत दी सजा मिल्ले; कने जाल़ू की उनी अपु ही बिनती
किती की महाराजा धिराज मेरा न्याय करे, तां मैं उसयो भेजणे दा
फेसला किता। 26 पर मिंजो उदे बारे च कोई भी पक्की गल्ल नी
लगी कि महाराजा जो लिखें, इस तांई तां मैं उसयो तुहाड़े सामणे कने
खास करिरी राजा अग्रिप्पे तेरे सामणे लांदा है, ताकि जांचणे बाद
मिंजो कुछ लिखणे जो मिल्ले। 27 क्योंकि केदिये जो भेजणा कने
जड़े दोष उदे पर लायो न, उना जो नी दसणा, मिंजो ठीक नी लग्गा
दा है।"

**26** राजा अग्रिप्पे पौलुसे जो बोलया, "तिजो अपणे बारे च बोलणे
दी इजाजत है।" ताल़ू पौलुसे हथ चुकी करी लोकां जो शांत
किता, ताल़ू सै अपणे बचाव च बोलणा लग्गा, 2 हे राजा अग्रिप्पे,
जितणियां गल्लां दा यहूदी अगुवे मिंजो पर दोष लांदे न, अज तेरे
सामणे उना दा जबाब देंणे तांई मैं अपणे आपयो जो धन्य समझदा है,
3 क्योंकि तू यहूदियां दे सारे रिबाजां कने समस्यां जो अच्छे ला
जाणदा है। इस तांई मैं बिनती करदा है, अच्छे ला मेरी सुणी ले। 4
जदिया मेरा चाल-चलण बचपन ला लेईकरी अजे दीकर अपणे
लोकां च कने यरूशलेम शेहरे च था, ऐ सब यहूदी जाणदे न। 5
सै मिंजो ताल़ू ला जाणदे न जाल़ू मैं बच्चा था, सै चांदे न तां इसा
सच्चाईया दी गबाई भी देई सकदे न की, मैं फरीसियां दा इक सदस्य
रिया है, जड़ा साड़े धर्मे दा सारयां ला कट्टर पंथ है। 6 अज मैं
परमेश्वरे जरिये साड़े पूर्वजां जो दितयो बायदे दिया आसा दिया बजा
ला ऐथू दोषिऐ दे रूपे च खड़ोतया है। 7 उसी बायदे जो पूरा होणे दी
आसा च, साड़े बारा गोत्र अपणे सारे मने ला दिन रात परमेश्वरे दी
सेबा करदे आये न। हे राजा, ऐ उसा आशा दिया बजा ला है की
परमेश्वरे सेई करणा जड़ा उनी बायदा कितया था की ऐ यहूदी मिंजो
पर दोष ला दे न। 8 ताल़ू पौलुसे सुणने बालयां चे सारे यहूदियां जो
बोलया, तुसां लोक भरोसा करदे न की परमेश्वर मरयां जो दुबारा
जिन्दा करी सकदा है, तां तुसां इसा गल्ला पर भरोसा करणे जो कजो
मना करदे न की उनी यीशु मसीह हो मरयां चे जिन्दा किता? 9 "मेरा
भी पक्का भरोसा था कि नासरत बासी यीशुऐ दे खिलाफ मिंजो मता
कुछ करणा चाईदा।" 10 कने मैं यरूशलेम शेहरे च इयां ही कितया;
कने बड्डे याजकां ला हक पाई करी बड़े पवित्र लोकां जो जेला च
पाया, कने जाल़ू उना जो मारी दिन्दे थे, तां मैं भी उना दे खिलाफ
अपणी सेहमती दिन्दा था। 11 कने मैं हर यहूदी जंज घर च उना जो
सजा दिलादां कने उना जो यीशुऐ दी निंदा करणे तांई मजबूर करदा
था, ऐथू दीकर गुस्से ला ऐसा पागल होई गिया था कि दुज्जे शेहरां च
जाई करी उना जो तंग करदा था। 12 "इसी ही मकसदे सोगी जाल़ू
मैं बड्डे याजकां ला अधिकार कने हुकम दी चिट्ठी लेईकरी दमिश्के
शेहरे जो चलया था; 13 तां हे राजा, रस्ते च लगभग दोपेरा दे बेले मैं
अम्बरे ला सूरजे दिया चमका ला भी जादा चमकदी इक लौ अपणे

कने अपणे सोगी चलणे बालयां दे चारो पासे चमकदी दिखी। 14
कने जालू असां सारे धरती पर डेई पे, तां मैं इब्रानी भाषा च, मिंजो
ला बोलदे इक अबाज सुणी, 'हे शाऊल, हे शाऊल, तू मिंजो कजो
तंग करदा है? हरबरी जालू तू मिंजो दुखी करणे दी कोशिश करदा है,
तालू तू अपु जो ही दुखी करदा है।' 15 मैं बोलया, प्रभु जी, तू कुण
है? प्रभुऐ बोलया, मैं यीशु है जिसयो तू तंग करदा है। 16 पर तू उठ,
अपणे पैरां पर खड़ा हो; क्योंकि मैं तिजो दर्शण इस तांई दिता है
ताकि तिजो उना गल्लां दा भी सेवक कने गबाह बणां, जड़ियां तू
दिखियां न, कने उना दा भी जिना तांई मैं तिजो दर्शण देणा है। 17
कने मैं तिजो तेरे लोकां ला कने होर जातियां ला बचादा रेंगा, जिना
बाल मैं तिजो इस तांई भेजणा है। 18 कि तू उना दियां हखी खोले,
ताकि सै नेहरे ला लौई पासे, कने शैताने दे अधिकारे ला परमेश्वरे
पासे ओंन; तां परमेश्वरे उना दे पाप माफ करणे, कने उना लोकां
सोगी बिरासत मिल्ले, जड़े मिंजो पर भरोसा करणे ला पबित्र होयो
न। 19 इस तांई हे राजा अग्रिप्पा, मैं उस स्वर्गीय दर्शने दी गल्ला दा
पालन किता, 20 मैं पेहले दमिश्के शेहरे दे, फिरी यरूशलेम शेहरे दे
रेणे बालयां जो, फिरी सारे यहूदिया प्रदेश च कने होर जातियां जो
प्रचार किता, कि पाप करणा छडी दिया कने परमेश्वरे पासे फिरी
करी ऐसे कम्म करा ताकि तुहाड़िया जिन्दगिया ला पता लग्गे की
तुसां अपणे पापां ला पश्चाताप करी लिया है। 21 इसा गल्ला दिया
बजा ला यहूदी मिंजो मंदरे च पकड़ी करी मारी देंणे दी कोशिश करा
दे थे। 22 पर परमेश्वरे दिया सहायता ला मैं अजे दीकर ठीक है कने
छोटे बड्डे सारयां दे सामणे गबाई दिन्दा है। कने मैं इना गल्लां दे सिवा
कुछ नी बोलणा है, सै परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां कने मूसा भी
बोलया है कि होंणे बालियां न, 23 कि मसीह जो दुख झेलणा पोंणा
है, कने सै मरयां चे जिन्दा होणेबाला पैला जन होणा, इस तरीके ला
उनी यहूदियां च कने होर जातियां च ज्योति दा प्रचार किता।" 24
जालू पौलुस इसा रीतिया ला जबाब दे दा था, तां फेस्तुसे जोरे ला
बोलया, "हे पौलुस, तू पागल है। मतिया बिघा तिजो पागल करी
दितया है।" 25 पर उनी बोलया, "हे महाप्रतापी फेस्तुस, मैं पागल
नी है, पर सच्चाईया कने अकली दियां गल्लां बोला दा है। 26 राजा
भी ऐ गल्लां जाणदा है जिदे सामणे मैं बिना डरयो बोला दा है, कने
मिंजो भरोसा है इना गल्लां चे कोई भी गल्ल उसला छुपियो नी
है, क्योंकि जड़ा यीशुऐ सोगी होया सै गुप्त च नी होया है। 27 हे
राजा अग्रिप्पे, क्या तू परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां दा भरोसा करदा
है? हां, मैं जाणदा है, कि तू भरोसा करदा है।" 28 हुण अग्रिप्पे
पौलुसे जो बोलया, "कि तू क्या थोड़े दे समझाणे ला मिंजो मसीही
बणाणां चांदा है?" 29 पौलुसे बोलया, "मेरी परमेश्वरे ला ऐ प्राथना
है कि क्या थोड़े च, कने क्या मते च, सिर्फ तू ही नी, पर जितणे भी
लोक मेरी सुणदे न, मेरे इना बंधणा जो छडी करी मेरे सांई मसीह
पर भरोसा करणे बाले होई जान।" 30 तालू राजा अग्रिप्पा कने
राज्यपाल फेस्तुस कने उदी छोटी बेहण बिरनीके कने उदे सोगी
बैठयो सारे उठी होऐ कने चली गे; 31 जालू सै बाहर जा दे थे, सै
इक दुज्जे ला बोलणा लग्गे, "इनी माणुऐ ऐसा कोई अपराध नी
कितया है जिदिया बजा ला उसयो मौत दी सजा या जेल हो।" 32
राजा अग्रिप्पे राज्यपाल फेस्तुसे जो बोलया, "अगर ऐ माणु महाराजा
कैसरे ला अपणे न्याय दी मांग नी करदा, तां छुटी सकदा था।"

27 जालू फेस्तुस राज्यपाले ऐ गल्ल पक्की किती कि असां जाजे
पर इतालिया प्रदेशे जो जांणा है, तां उना पौलुसे कने कुछ होर
केदियां जो भी युलियुस नाऐ दे महाराजा औगुस्तुसे दिया पलटना दे
इक सरदारे दे हथे सौंपी दिता। 2 अद्रमुत्तियुम शेहरे दे इक जाजे पर
जड़ा आसिया प्रदेशे दे कंढे दिया जगा जो जाणे तांई तैयार था, असां
उस पर चढी करी समुंद्री यात्रा शुरू किती, कने अरिस्तर्खुस नाऐ दा
इक माणु जड़ा मकिदुनी प्रदेशे दे थिस्सलुनीके शेहरे दा बासी था,
सै साड़े सोगी था। 3 दुऐ रोजे असां सैदा शेहरे च पुज्जी गे कने
युलियुसे पौलुसे पर कृपा करिरी उसयो दोस्तां बाल जाणा दिता ताकि
उना ला जरूरी चीजां लेई ओऐ। 4 ओथु ला असां दुबारा यात्रा शुरू
किती कने होआ दा रुख उल्टा होणे दिया बजा ला असां साइप्रस टापू
दिया आड़ा च होईकरी चले; 5 कने असां समुंद्री यात्रा करदे होए
किलिकिया प्रदेश कने पंफूलिया शेहरे दे तट दे बखे ला होईकरी
लूसिया प्रदेशे दे मुरा शेहरे च पुज्जे। 6 ओथु सुबेदारे जो सिकंदरिया
शेहरे दा इक जाज इतालिया प्रदेशे जो जांदा होया मिल्ला, कने उनी
सांझो उस जाजे पर चढ़ाई दिता। 7 असां बड़े रोजा दीकर बले-
बले यात्रा किती। साड़ा कनिदुस शेहरे दीकर पुजणा मुशकिल होई
गिया था क्योंकि होआ उल्टी दिशा च चलिया थी, इस तांई असां
क्रेते टापू दिया आड़ा चे, सलमोने दे इक छोटे दे टापू दे बखे ला
होईकरी अग्गे बदे। 8 कने मुशकिला ला उदे किनारे-किनारे चली
करी शुभलंगरबारी नाऐ दिया इकी जगा च पुज्जे, जिथू ला लसया
शेहर नेड़े था। 9 जालू मते रोज बिती गे थे, कने समुंद्री यात्रा हुण
बड़ी खतरनाख होई गियो थी क्योंकि सर्दियां दे मौसमे च होंणे बाला
पश्चाताप दी बलि दा त्योहारे होई गिया था, कने ऐ सेई मौसम था
ऐसा मौसम शुरू होई गिया था जालू समुन्द्र च मौसम बड़ा तूफानी
होई जांदा है, इस तांई पौलुसे उना जो चेताबनी देईकरी बोलया,
10 "हे सज्जनो, मिंजो ऐसा लग्गा दा है कि साड़ी ऐ यात्रा बड़ी
नुकसानदायक है। ना सिर्फ जाजे कने समाने दा पर साड़े प्राणा दा भी
नुकसान होणेबाला है।" 11 पर सूबेदारां जाजे दे कपताने कने जाजे
दे मालिके दियां गल्लां जो पौलुसे दियां गल्लां ला बदीकरी मनया।
12 कने ऐ शुभलंगरबारी बन्दरगाह सर्दियां कटणे तांई खरी नी थी;
इस तांई मतयां दा बिचार होया कि ओथु ला अग्गे चली करी कुसी
तरिके ला होई सके तां फिनिक्स बन्दरगाह च पुज्जी करी सर्दियां
कटन। ऐ तां क्रेते टापू दी इक बन्दरगाह है जिसा दा दरबाजा दक्षिण-
पश्चिम कने उत्तर-पश्चिम दिशा च है। 13 जालू थोड़ी-थोड़ी दक्षिण
होआ चलणा लग्गी, तां उना सोचया की उना दी योजना पूरी करणे
तांई ठीक बकत है, इस तांई उना लंगर चुकया कने क्रेते टापू दे
किनारे ला होंदे होऐ अग्गे बदणा लग्गे। 14 पर अचानक क्रेते टापू
दिया जमिना ला इक बडा तूफान उठया, जिसयो उतरपुर्वी तूफान
बोलदे न। 15 जालू तूफान जाजे ला टकराया, तां जाज तुफाने अग्गे
नी टिकी सकया, इस तांई असां उसयो होआ दे साबे जाणा दिता,

कने इयां ही होआ सोगी चलदे गे। 16 ताल़ू असां कौदा नाऐ दे इक
टापूऐ दिया आड़ा च अग्गे बदे कने बड़िया मुशकिला ला जाजे दी
जीवनरक्षक किस्तिया जो बचाया। 17 फिरी जाजे च कम्म करणे
बालयां जीवनरक्षक किस्तिया जो चुकी करी ठीक किता, कने उना
मजबूती तांई पतवार जो चारो पासे ला रस्सियां ला बन्नी दिता, कने
सुरतिस दिया खाड़िया दिया रेता च फसी जाणे दे डरे ला, उना लंगरे
जो थोड़ा थले उतारी करी जाजे जो होआ दे बहाबे सोगी-सोगी रूड़ने
तांई छडी दिता। 18 कने जाल़ू दुज्जे रोजे सांझो तुफाने दिया बजा
ला धक्के लगे लगणा, तां सै जाजे ला माल फेंकणा लग्गे; 19 कने
तरिऐ रोजे उना अपणे हथा ला जाजे दा साजो समान भी फेंकी दिता।
20 कने जाल़ू मतयां रोजां दीकर ना सूरज ना तारे मिल्ले, कने तूफान
लगातार चलया था, तां आखरी च साड़े बचणे दी सारी आस खत्म
होंदी गेई। 21 जाल़ू उना मते रोजां दीकर कुछ नी खादा, तां पौलुसे
उना दे बिच खड़ोई करी बोलया, “हे लोको, तुहांजो मेरी सलाह
मनणी चाईदी थी, क्रेते टापू ला अग्गे नी जांदे, तां ना ऐ मुसीबत
ओंदी कने ना ऐ घाटा होंदा। 22 पर मैं हुण तुसां जो समझांदा है कि
हिम्मत रखा, क्योंकि तुसां चे कुसी दे भी प्राण नी जाणे, पर सिर्फ
जाजे दा नाश होणा। 23 क्योंकि परमेश्वर जिदा मैं है, कने जिदी
सेबा मैं करदा है, उदे स्वर्गदूते पिछली राती मेरे बाल आई करी
बोलया, 24 हे पौलुस, डर मत। तिजो महाराजा कैसरे दे सामणे खड़ा
होणा जरूरी है। कने परमेश्वरे सबना जो बचाई लेंणा है जड़े तेरे सोगी
यात्रा करा दे न। 25 इस तांई, हे भाईयो, हिम्मत रखा; क्योंकि
मैं परमेश्वरे पर भरोसा करदा है, कि जियां मिंजो ला बोलया है,
तियां ही होणा है। 26 पर साड़ा जाज कुसी टापूऐ पर टकराई टूटी
जाणा।” 27 जाल़ू चौदमी रात होई, कने असां अद्रिया समुद्रे च
भटका दे थे, तां अधिया राती जाजे च कम्म करणे बालयां अणदाजा
लाया कि असां कुसी देशे दे बखे पुजणे बाले न। 28 उना समुंद्रे दी
गेहराई नापी तां सेंती मीटर निकली कने थोड़ा अग्गे जाई करी फिरी
नापया तां सताईस मीटर निकलया। 29 ताल़ू पथरीली जगा ला
टकराणे दे डरे ला उना जाजे दे पिच्छे चार लंगर पाऐ, कने ब्याग
होणे दी कामना करदे रे। 30 पर जाजे पर कम्म करणे बाले जाजे ला
नठणा चांदे थे, कने उना जाजे दे सामणे लंगर पांणे दे बहाने जान
बचाणे बाली किस्ती समुद्रे च उतारी दिती; 31 तां पौलुसे सिपाईयां
कने सुबेदारां जो बोलया, “अगर ऐ जाजे पर नी रे, तां तुसां भी नी
बची सकदे।” 32 ताल़ू सिपाईयां रसियाँ बडी करी सै किस्ती फेंकी
दिती। 33 जाल़ू ब्याग होणे बाली थी, तां पौलुसे ऐ बोली करी,
सबना जो रोटी खांणे तांई बिनती किती, “अज चौदा रोज होए कि
तुसां चिंता करिरी भूखे रे, कने कुछ नी खादा। 34 इस तांई तुहांजो
ला बिनती करदा है कि कुछ खाई लिया, जिसला तुसां बची सकन,
क्योंकि तुसां चे कूसदा भी कोई बाल बांका नी होणा।” 35 कने ऐ
बोली करी उनी रोटी लेईकरी सबना दे सामणे परमेश्वरे दा धन्याबाद
किता कने तोड़ी करी खांणा लग्गा। 36 ताल़ू उना सारयां जो हिम्मत
मिल्ली कने रोटी खांणा लग्गे। 37 असां सारे मिली करी जाजे पर दो
सो छिहतर जणे थे। 38 जाल़ू सै रोटी खाई करी रजी गे, तां कणका
जो समुद्रे च फेंकी करी जाजे जो हलका करणा लग्गे। 39 जाल़ू दिन
निकलया, तां उना उसी देशे जो नी पछेणया, पर इक खाड़ी दिखी
जिसा दा चौरस किनारा था, कने बिचार किता कि होई सके तां जाजे
जो ओथु लेईकरी चलन। 40 ताल़ू उना लंगरा जो खोली करी समुद्रे
च छडी दिता कने उसी बेले पाल दे रस्से खोली दिते, कने होआ दे
सामणे अगला पाल चढ़ाई करी किनारे पासे चले। 41 पर जाज रेते
दे ढेरे ला टकराई गिया कने जाजे दा अगला हिस्सा रेते च फसी
गिया, पर जाजे दा पिछला हिस्सा लेहरां दे जोरे ला टूटणा लगी
पिया। 42 ताल़ू सपाइयां दा ऐ बिचार होया कि केदियां जो मारी देंन,
ऐसा ना होए कि कोई तेरी करी नठी जा। 43 पर सूबेदारां पौलुसे जो
बचाणे तांई उना जो इस बिचार ला रोकया, कने ऐ बोलया, कि जड़े
तेरी सकदे न, सै पेहले छाल देईकरी किनारे जो निकली जा। 44
कने बाकी कोई पटरां पर, कने कोई जाजे दियां होर चीजा दे सहारे
निकली जा, कने इसा रीतिया ने सारे जमिना पर बची निकले।

**28** जाल़ू असां सारे सलामत बची करी किनारे पर पूजी गे, ताल़ू
सान्झो पता लग्गा कि इस टापूऐ दा ना माल्टा था। 2 कने
ओथु रेणेबाले लोक बड़े दयालु थे, क्योंकि उना बरखा कने ठंड
दिया बजा ला अग्ग वाली करी साड़ा स्वागत किता। 3 जाल़ू पौलुसे
लकड़ियां बटोली करी अग्गी पर रखियां, अग्गी दे सेके ला इक
सप्प निकलया कने उदे हथे ने लिपटी गिया। 4 जाल़ू ओथु दे रेणे
बालयां उस कीड़े जो उदे हथे च लटकया दिखया, तां अपु चे
बोलया, “सच्ची ऐ माणु हत्यारा है, कि समुद्रे च तां बची गिया, पर
साड़ी न्याये दी देवी नी चांदी की ऐ जिन्दा रे।” 5 ताल़ू उनी कीड़े
जो अग्गी पर झटकी दिता, कने उसयो कोई नुक्सान नी होया। 6 पर
सै लोक नियाला दे कि उनी सूजी जाणा है, या इकदम थले पेई कि
मरी जाणा है, पर जाल़ू सै मतिया देरा दीकर दिखदे रे कने दिखया
कि उसयो कुछ नी होया है, तां उना लोकां दे बिचार ही बदलुई गे
कने बोलणा लग्गे, “ऐ तां कोई देवता है।” 7 उसा जगा दे अखे बखे
उस टापूऐ दे प्रधान पुबलियुसे दी जमीन थी: उनी सांझो अपणे घरे
लेईजाई करी तिन रोज साड़ी खातिरदारी किती। 8 पुबलियुसे दे
पिता जो बुखार कने पेचिश बिमारी थी। पौलुसे उदे बखे जाई करी
प्राथना किती, कने उदे पर हथ रखीकरी उसयो ठीक किता। 9
जाल़ू इयां होया, तां उस टापूऐ दे बाकी बिमार लोक भी पौलुसे बाल
आये, कने ठीक होई गे। 10 उना साड़ी बड़ी इज्जत किती, कने
तिन मिहने बाद जाल़ू असां जाणा लग्गे, तां जड़ा कुछ साड़े तांई
जरूरी था, उना जाजे पर रखी दिता। 11 असां तीन मिहने बाद
सिकंदरिया जाजे पर यात्रा शुरू किती। ऐ जाज सर्दियां दिया बजा ला
इस टापूऐ पर रूकया था, कने जाजे दे अगले हिस्से पर इक जोड़ी
देवतयां दा इक निशाण दियुसकुरी बणया था। 12 सुरकुसा शेहरे च
लंगर पाई करी असां तिन्न दिन दीकर रूकी रे। 13 असां ओथु ला
अग्गे चली करी रेगियुम शेहरे च पुज्जे; इक दिन बाद दक्षिण होआ
चली, तां असां दुज्जे रोजे पुतियुली शेहरे च पुज्जे। 14 ओथु सांझो
कुछ मसीह भाई मिल्ले, उना दे बोलणे ला असां ओथु सत्त रोज
रे; ओथु ला असां जमिनी रस्ते ला रोम शेहरे पासे चले। 15 रोम

शेहरे दे कुछ मसीही भाईयां सुणया की असां ओथु ओआ दे न, सै
सांझो ला मिलणा कने सांझो रोम शेहर लेई जाणे तांई अप्पियुस
शेहरे दे बजार कने तीन-सराए शेहरे दीकर आऐ, उना जो दिखीकरी
पौलुसे परमेश्वरे दा धन्याबाद किता कने बड़ा खुश होया। 16 जालू
असां रोम शेहरे च पुज्जे, तां पौलुसे जो इक सपाईऐ सोगी जड़ा उदी
रखबाली करदा था, किले रेणे दा हुकम मिल्ली गिया। 17 तिन्ना
रोजां बाद उनी यहूदी अगुवां दी इक सभा सदी, कने जालू सै गिठे
होए तां उना जो बोलया, "हे यहूदी भाईयो, मैं अपणे लोकां दे या
अपणे पूर्वजां दे रीती रिबाजां दे खिलाफ च कुछ नी किता, फिरी भी
मिंजो केदी बणाई करी यरूशलेम शेहरे ला रोमी सरकार दे हथे देई
दिता। 18 उना मिंजो जाँची करी छडी देणा चाया, क्योंकि मिंजो
च मौत दी सजा देंणे जोगा कोई दोष नी था। 19 पर जालू यहूदी
अगुवे इदे खिलाफ च बोलणा लग्गे, तां मिंजो बिनती करणा पेई की
महाराजा कैसर मेरा न्याय करे; इस तांई नी कि मिंजो अपणे लोकां
पर कोई दोष लांणा था। 20 इस तांई मैं तुहांजो सदया है, ताकि तुसां
ला मिल्ले कने गलबात करे; क्योंकि इस्राएले दिया आसा तांई जड़ी
की मसीह है, मैं इना जंजीरा ला जकड़या होया है।" 21 उना उसयो
बोलया, "ना सांझो कोई तेरे बारे च यहूदिया प्रदेशे दे लोकां ला कोई
चिट्ठी मिली, कने ना साड़े भाईयां चे कुनी भी आई करी तेरे बारे च
दसया, कने ना बुरा बोलया। 22 पर तेरा बचार क्या है? सेई असां
सुणना चांदे न, क्योंकि असां जांणदे न, हर जगा इस मते दे बारे च
लोक बिरोध करदे न।" 23 तालू यहूदी लोकां जड़े पौलुसे सोगी थे,
उना उदे तांई इक दिन तय किता, कने मते भरी लोक उना बाल गिठे
होऐ। कने पौलुस ब्यागा ला लेईकरी संझा दीकर मूसा दी व्यवस्था
ला कने परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां दियां कताबां ला परमेश्वरे दे
राज्य दी गबाई, कने यीशुऐ दे बारे च समझाई-समझाई करी दसदा
रिया। 24 तालू थोड़े लोकां पौलुसे दियां गल्लां पर भरोसा किता,
कने केईयां भरोसा नी किता। 25 जालू सै अपु चे सेमत नी होए, तां
पौलुसे दिया इसा इकी गल्ला पर चली गे, "पबित्र आत्मा यशायाह
परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले दे जरिये तुहाड़े पूर्वजां ला ठीक बोलया
है, 26 जाई करी इना लोकां ने बोल: कि सुणदे तां रेंणा, पर समझणा
नी है, दिखदे तां रेंणा है, पर जाणना नी है; 27 क्योंकि इना लोकां दा
मन मोटा। कने उना दे कन भारी होई गियो न, कने उना अपणियां
हखी बंद कितियां न, इयां ना हो कि सै हखी ला दिखन, कने कना
ला सुणन, कने मने ला समझन कने बदली जान, कने मैं उना जो
ठीक करे। 28 इस तांई तुसां जाणा, कि परमेश्वरे दे इस उद्धारे दी
कथा होर जातियां बाल भेजइयो है, कने उना मनणी।" 29 जालू
उनी ऐ बोलया तां यहूदी अपु चे बेहस करणा लग्गे कने ओथु ला
चली गे। 30 कने सै पुरे दो साल अपणे खर्चे पर किराऐ दे घरे च
रिया, उना सबना दा स्वागत करदा था जड़े उसला मिलणा ओंदे थे,
31 कने बिना रोक टोक कने बिना डरयो होईकरी परमेश्वरे दे राज्य
दा प्रचार करदा कने प्रभु यीशु मसीह दियां गल्लां सिखांदा रिया।

# रोमियो

**1** ऐ चिट्ठी पौलुस दिया तरफा ला है, जड़ा प्रभु यीशु मसीह दा
सेवक है, कने परमेश्वरे उसयो प्रेरित होणे तांई चुणया है, कने
परमेश्वरे दा शुभसमाचार दा प्रचार करणे तांई नियुक्त कितया है। 2
पवित्र शास्त्र च परमेश्वरे अपणे संदेश देणेबालयां दे जरिये बड़े पेहले
ही शुभसमाचार दा वायदा कितया था, 3 ऐ शुभसमाचार उदे अपणे
पुत्र, साड़े प्रभु यीशु मसीह दे बारे च है, उदा जन्म इक इन्सान दे
रूपे च राजा दाऊदे दे बन्शे च होया था, 4 कने पवित्र आत्मा दिया
शक्तिया ला जालू सै मरयां चे जिन्दा होया तालू उनी साबित किता
की सै परमेश्वरे दा पुत्र है। कने सै यीशु मसीह साड़ा प्रभु है। 5
मसीह दे जरिये मिंजो अनुग्रह कने प्रेरिताई परमेश्वरे ला मिली ताकि
उदे नाऐ दिया बजा ने सारियां जातियां दे लोक मसीह पर भरोसा
करन कने उदे हुकमा जो मनन, 6 तुसां विश्वासी जड़े रोम शेहर च
रेंदे न इना ही लोकां च शामिल न जिना जो परमेश्वरे यीशु मसीह दे
होणे तांई चुणया है। 7 ऐ चिट्ठी रोम शेहर च रेणेबाले उना सारयां दे
ना है जिना ने परमेश्वर प्यार करदा है, कने अपणे पवित्र लोक होणे
तांई सदया है, साड़े पिता परमेश्वरे कने प्रभु यीशु मसीह दिया तरफा
ला तुसां जो अनुग्रह कने शांति मिलदी रे। 8 पेहले मैं तुसां सारयां
तांई यीशु मसीह दे जरिये अपणे परमेश्वरे दा धन्यबाद करदा है,
क्योंकि मती सारियां जगां दे लोक तुसां दे यीशु मसीह पर भरोसे दे
बारे च गल्लां करा दे न। 9 परमेश्वर जिसदी सेबा मैं अपणे पुरे मने ने
उदे पुत्रे दे बारे च शुभसमाचार दा प्रचार करदा है, सेई मेरा गबाह
है, की मैं अपणी प्राथना च तुसां लोकां जो लगातार याद करदा
है, 10 कने हर रोज बिनती करदा है, की परमेश्वरे दी इच्छा ने
कुसी ना कुसी तरीके ने आखरी च तुसां ने मिलणे दा मौका मिल्ले।
11 क्योंकि मैं तुसां ने मिलने दी बड़ी इच्छा है, ताकि मैं तुसां जो
कोई आत्मिक बरदान दें जिसने तुसां भरोसे च होर भी मजबूत होई
जान, 12 मेरे बोलने दा मतलब ऐ की मैं तुसां जो उत्साहित करी सकें
क्योंकि तुसां जाणदे न की मैं कियां भरोसा किता कने तुसां मिंजो
उत्साहित करी सकन क्योंकि मैं जाणदा है की तुसां कियां भरोसा
किता। 13 कने हे मसीह भाईयो, मैं चांदा है की तुसां जाणी लिया
की मैं तुसां बाल बार-बार ओणा चांदा, की जियां मैं होर जातियां च
मसीह तांई चेले बणाऐ, तियां ही तुसां च भी चेले बणन, पर हले
दीकर इदे च रुकाबट ओंदी रेई। 14 मेरी जिम्मेबारी सारयां लोकां जो
शुभसमाचार सुणाणे दी है, चाऐ सै यूनानी भाषा जाणने बाले होन या
नी जाणने बाले होन कने चाहे समझदार होन या नासमझ होन। इस
तांई मेरी रोम शेहरे च तुसां ने मिलणे दी बड़ी इच्छा है। 15 इस
तांई मैं तुसां जो भी जड़े रोम शेहरे च रेंदे न, शुभसमाचार सुणाणे
जो भरपूर तैयार है। 16 क्योंकि मैं मसीह दे शुभसमाचार च घमंड
करदा है, क्योंकि शुभसमाचार दी शक्ति ने ही परमेश्वरे शुरू ला
यहूदियां जो बचाया कने हुण सारे संसारे दे लोकां जो बचांदा है। 17
क्योंकि शुभसमाचार च परमेश्वर दी धार्मिकता दे बारे च दसया है, ऐ
धार्मिकता शुरू ला लेईकरी आखरी दीकर भरोसे दे जरिये होंदी
है, जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है, “जड़ा माणु भरोसे दे जरिये
परमेश्वरे सोगी सही बणी रेंदा है, उनी ही जिन्दा रेणा।” 18 परमेश्वरे
दा गुस्सा तां, जड़े बुराई कने अधार्मिक कम्म करदे न उना लोकां पर
स्वर्गे ला प्रकट होंदा है, जड़े बुरे कम्म करणे दे जरिये लोकां जो
परमेश्वरे दिया सच्चाईयां जो जाणने ला रोकदे न। 19 इस तांई की
सै परमेश्वरे दे ज्ञाने दे बारे च असानी ने समझी सकदे न, क्योंकि
परमेश्वरे ऐ ज्ञान उना पर प्रगट कितया है। 20 क्योंकि परमेश्वरे
दी हमेशा दी शक्ति कने चरित्र जो दिखी नी सकदे, पर संसार दी
शुरूआत ला ही परमेश्वरे इना जो अपणी सृष्टिया ने दसया है, इस तांई
उना बाल कोई भाना नी है की सै परमेश्वर जो नी जाणदे। (aïdios
g126) 21 इसा बजा ने की परमेश्वरे जो जाणने पर भी उना परमेश्वरे
दे रूपे च इज्जत नी दिती, कने सोचणा लग्गे की ऐ बेकार गल्लां न,
ऐथू दीकर की उना जो जियां सोचणा चाईदा तियां नी सोचया पर
बेकार गल्लां सोचदे रे। 22 सै अपणे आपे जो बुद्धिमान जताई करी
मुर्ख बणी गे, 23 कने हमेशा जिन्दा रेणेबाले परमेश्वरे दिया महिमा
जो हमेशा जिन्दा नी रेणेबाले, कने पंछियां, कने चारां पैरां बाले,
कने रेंगणेबाले जानवरां दियां मुर्तियां सांई बदली दिता कने इना दी
पूजा करणा लग्गे। 24 इसा बजा ला परमेश्वरे उना जो उना दे मने
दिया इच्छा अनुसार यौन अशुद्धता तांई छडी दिता, ताकि सै अपु चे
बुरे कम्म करी के अपणे शरीरां दी अनादर करन। 25 क्योंकि सै
परमेश्वरे दे बारे दिया सच्चाईया पर भरोसा करणे जो मना करदे न,
कने सै उसयो मंदे जड़ा जुठ है। कने उना संसारे दी पूजा कने सेबा
किती, कने ना की उस सृष्टिकर्ता दी सेबा किती। उस सृष्टिकर्ता दी
जिनी सारे संसारे दियां चिजां जो बणाया है, उदी महिमा सदा होंदी
रे। आमीन। (aiōn g165) 26 इस तांई तां परमेश्वरे उना जो उना दे
बुरे बिचारां दे बशे च छडी दिता; ऐथू दीकर उना दियां जनानिया
मर्दां सोगी जायज रिशतयां जो दुजियां जनानियां सोगी नाजायज
रिशतयां च बदली दिता। 27 तियां ही मर्द भी जनानिया सोगी जायज
रिशता छडी करी अपु चे व्यभिचार करिरी बरबाद होणे लग्गे, कने
मर्दां-मर्दां सोगी व्यभिचार करिके अपणे ही शरीर च अपणिया इसा
गलतिया दी ठीक सजा मिल्ली। 28 क्योंकि जालू उना परमेश्वरे जो
अपनाणा मुर्खता समझया, तां परमेश्वरे भी उना जो सारे नकम्मे कम्म
करणे तांई उना दे नकम्मे मने दे बशे च छडी दिता। 29 इस तांई सै
हर तरा दे गलत कम्मा च, बुराई च, कने लालच, कने बैरभाव ने
भरूई गे; कने जलन, कने हत्या, कने लड़ाई झगड़े, कने धोखा,
कने जलन ने भरूई गे, कने चुगलखोर, 30 गप्पां मारणे बाले, कने
होरनी दी बेस्ती करणे बाले, लड़ाके, घमंडी, झूठे, डिंगमार, बुरियाँ
गल्लां करणे बाले, कने माता पिता दी गल्ल नी मनणे बाले, 31
बेअकले, धोखेबाज, दया भाव नी है कने निर्दयी होई गियो न। 32
सै तां परमेश्वरे दे नियम जो जाणदे न की ऐसा कम्म करणे बाले मौत
दी सजा जोगे न, तमि ना सिर्फ अपु ऐसे कम्म करदे न करणे
बालयां ने खुश भी होंदे न।

**2** इस तांई तू सोचदा है की, तू ऐसे लोकां दी निंदा करी सकदा है,
जड़े दुज्जयां पर दोष लांदे न; क्योंकि जिसा गल्ला पर तू दुज्जे

पर दोष लांदा है, उसा ही गल्ला च तू अपणे आपे जो दोषी बणांदा
है, क्योंकि तू जड़ा दोष लांदा है सेई कम्म तू अपु करदा है। 2
कने असां जाणदे न की परमेश्वर ऐसे बुरे कम्म करणे बालयां जो
न्याय अनुसार सजा दिन्दा है। 3 कने तू जड़ा ऐसे-ऐसे कम्म करणे
बालयां पर दोष लांदा है, कने अपु सेई कम्म करदा है; तू क्या ऐ
समझदा है की तू परमेश्वरे दिया सजा ला बची जाणा है? 4 तू क्या
परमेश्वर दी भलाई, कने सेहनशीलता, कने धीरज रूपी धने जो
बेकार समझदा है? क्या ऐ नी समझदा की परमेश्वरे दी भलाई तिजो
अपणे पापां जो मनणा कने गलत कम्मा जो छडणा सिखांदी है? 5
पर क्योंकि तू जिदी कने अपणे पापां दा पश्चाताप करणे ला मना
करी दिता, जिस रोज परमेश्वरे अपणा गुस्सा दसणा, उस रोज सच्चा
न्याय होणा, जालू परमेश्वरे न्याय करणा तालू परमेश्वरे होर भी जादा
दर्दनाक सजा देणी। 6 परमेश्वरे हर इकी जो उदे कम्मा दे अनुसार
इनाम देणा है। 7 जड़े खरे कम्मा जो मेहनत करदे होऐ महिमा,
कने आदर, कने अमरता दीया तोपा च न, उना जो परमेश्वरे हमेशा
दी जिन्दगी देणी है; (aiōnios g166) 8 पर जड़े मतलबी न कने
सच्च जो नी मंदे न, पर बुरे कम्मा जो करदे न, उना पर परमेश्वरे दा
गुस्सा कने प्रकोप पोणा है। 9 दुख कने मुशकिलां हर इक उस माणुऐ
पर ओणियां न जड़े बुरा करदे न, परमेश्वरे पेहले यहूदियां दा न्याय
करणा है कने बादे च उना दा न्याय करणा जड़े यहूदी नी न; 10 पर
महिमा कने इज्जत कने शांती हर इकी जो मिलणी है, जड़ा भला
करदा है, परमेश्वरे सारयां ला पेहले यहूदी लोकां जो देणा फिरी
उना लोकां जो देणा जड़े यहूदी नी न। 11 क्योंकि परमेश्वर सबना
सोगी इकोदिया व्यवहार करदा है। 12 इस तांई की होर जाति दे
लोकां बिना मूसा दी व्यवस्था मिलयो ही पाप किता, उना जो बिना
व्यवस्था दे ही परमेश्वरे सजा देणी, कने जिना यहूदी लोकां मूसा दी
व्यवस्था मिलणे बाद पाप किता, उना जो परमेश्वरे मूसा दी व्यवस्था
दे अनुसार सजा देणी; 13 क्योंकि परमेश्वरे दी नजरा च धर्मी लोक
सै नी न, जड़े मूसा दी व्यवस्था जो सुणनेबाले न, पर परमेश्वरे दी
नजरा च धर्मी लोक सै न जड़े व्यवस्था दा पालन करदे न। 14
फिरी जालू होर जातियां दे लोक जिना बाल मूसा दी व्यवस्था नी है,
पर स्वभावे ने ही इना कम्मा जो करदे न जड़े मूसा दी व्यवस्था
च लिखयो न, तां उना बाल मूसा दी व्यवस्था नी होंणे पर भी से
साबित करदे न की उना दे मने च ही व्यवस्था है। 15 सै दसदे न की
परमेश्वरे दी व्यवस्था उना दे मना च लिखियो है, क्योंकि उना दी
अंतरात्मा भी ऐई गबाई दिन्दी है की ऐ सच्च है, क्योंकि उना दे
बिचार ही उना जो दसदे न की सै सही करा दे न की गलत करा दे
न। 16 ऐ सच्च उस रोज सामणे आई जाणा, जालू परमेश्वरे यीशु
मसीह दे जरिये जिसदा मैं शुभसमाचार सुणादा है सारे माणुआं दी गुप्त
गल्लां दा न्याय करणा है। 17 अगर तू अपणे आप जो यहूदी बोलदा
है, कने व्यवस्था पर भरोसा रखदा है, कने घमंड करदा है की तू
परमेश्वर दा खास जन है, 18 कने तिजो परमेश्वर दी इच्छा पता है,
तू खरियाँ-खरियाँ गल्लां दा साथ दिन्दा है, क्योंकि तिजो इना दे
बारे च मूसा दी व्यवस्था च सिखाया है; 19 कने तिजो इसा गल्ला
दा पक्का पता है की, तू अन्ने लोकां जो परमेश्वर दा रस्ता दसदा है,
कने तू उना लोकां तांई लौई सांई है जड़े नेहरे च रेंदे न, 20 कने
बेअकलां जो सिखाणे बाला, कने बचयां दा गुरू है। तिजो पक्का
पता है क्योंकि मूसा दी व्यवस्था तेरे बाल है, कने तू पूरी तरा सब
कुछ जाणदा है कने तू जड़ा बोलदा है सै सच्च है। 21 इस तांई तू
जड़ा बाकियां जो शिक्षा दिन्दा है, सै शिक्षा अपणे आपे जो कनी
दिन्दा? तू जड़ा चोरी नी करणे दी शिक्षा दिन्दा है, कने अपु ही चोरी
करदा है। 22 तू जड़ा ऐ सिखांदा है, “व्यभिचार मत करा,” अपु ही
तां व्यभिचार करदा है! तू जड़ा मूर्तियाँ ने नफरत करदा है, अपु ही तां
मंदरा जो लुटदा है! 23 तू इसा गल्ला पर घमंड करदा है की तेरे बाल
परमेश्वरे दी व्यवस्था है, क्या तू अपु ही व्यवस्था जो नी मन्नी करी,
परमेश्वरे दा अनादर नी करदा? 24 “क्योंकि तुसां यहूदियां दिया
बजा ने, होर जाति दे लोक परमेश्वरे दे बारे च बुरियां गल्लां करदे
न,” तुहाड़े इना कम्मा दिया बजा ने पवित्र शास्त्र दियां गल्लां सच्च
होइयां न। 25 मैं तिजो समझादां है, की तेरा खतना होणे दा फायदा
तालू ही है अगर तू व्यवस्था जो पूरा करे, पर अगर व्यवस्था च
जियां लिखया तू तियां नी करे, तां तुसां खतना होयो यहूदी लोक भी
होर जातियां सांई न जिना दा खतना नी होया। 26 तां इदा मतलब है
की अगर कोई माणु जिदा खतना नी होया कने सै व्यवस्था दे नियमा
जो मनदा है, तां परमेश्वर ऐसे माणुऐ जो भी उस माणुऐ सांई दिखदा
है जिदा खतना होया है। 27 कने जड़ा माणु शरीरिक रूपे च बिना
खतना रिया सै अगर व्यवस्था जो मनदा है, तां क्या उनी तिजो पर
जिस बाल मूसा दी व्यवस्था है कने खतना होणे पर भी व्यवस्था जो
नी मनदा है, दोष नी लाणा? 28 क्योंकि सच्चा यहूदी सै नी जड़ा
यहूदी पैदा होया कने जिदा खतना होया। 29 क्योंकि इक सच्चा
यहूदी सै है जिदा मन परमेश्वरे सोगी सही है कने सच्चा खतना सिर्फ
मूसा दे नियम-कानून मनणे नी है, पर मने दा बदलना है जड़ा की
परमेश्वरे दी आत्मा ने होंदा है। ऐसे लोकां दी महिमा लोकां दे जरिये
नी पर परमेश्वरे दिया तरफा ला होंदी है।

3 तां कोई बोली सकदा है की अगर खतना होई जाणे पर भी
परमेश्वर यहूदियां जो अपनांदा नी तां यहूदी दा यहूदी होणे दा
क्या फायदा, कने खतने दा क्या फायदा? 2 हाँ, इदा बड़ा फायदा
है। क्योंकि सारयां ला जरूरी गल्ल ऐ है की, परमेश्वरे दा बचन
यहूदियों जो दितया है। 3 अगर कुछ यहूदी परमेश्वर सोगी बफादार
नी भी निकले तां भी क्या है? क्या इदा मतलब ऐ है की परमेश्वरे भी
अपणे वायदे ला मुकरी जाणा जड़ा उनी यहूदी लोकां ने किता? 4 नी
बिलकुल भी नी! परमेश्वर हमेशा सच्च बोलदा है, कने हर इक
माणु झूठा होऐ, जियां पवित्र शास्त्र च परमेश्वरे दे बारे च लिखया है,
“जिसने तू अपणियां गल्लां च धर्मी होऐ कने न्याय करदे बेले तेरी
जय होऐ।” 5 पर अगर साड़े बुरे कम्म परमेश्वरे दी धार्मिकता दसदे
न, तां असां क्या बोलणा? क्या ऐ गलत है की परमेश्वर गुस्सा होई
जाऐ कने सांझो सजा दे? (ऐ तां मैं माणुऐ दिया रीतिया पर बोलदा
है।) 6 नी बिलकुल भी नी! अगर परमेश्वर साड़ा यहूदियां दा न्याय
करणे च सही नी है, तां सै सारे संसारे दे लोकां दा न्याय कियां करगा?

7 कुछ लोक बोली सकदे न, “पर अगर मेरा झूठ परमेश्वरे दिया
सच्चाईया जो उजागर करदा है कने उसयो होर जादा महिमा मिलदी
है तां सै कियां मेरा न्याय करी सकदा है कने मिंजो इक पापी दे रूपे
च दोषी बणाई सकदा है?” 8 असां बोली सकदे न की “चला असां
बुरे कम्म करन, ताकि इदे च कोई भलाई निकले?” जियां की सांझो
पर ऐई दोष लगांदे भी न, कने थोड़े बोलदे न की इना दा ऐई बोलणा
है। पर जड़े मेरे बारे च इयुदियां गल्लां करदे न सै सजा दे काबिल
न। 9 तां फिरी क्या होया? क्या असां यहूदी लोक होर जातियां दे
लोकां ला खरे न? नी बिलकुल भी नी! क्योंकि असां यहूदियाँ कने
होर जातियां दोनो पर ऐ दोष लाई बैठयो न की सै सारे लोक पाप
दिया शक्तिया दे बशे च न। 10 जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है:
“परमेश्वर दे सामणे कोई भी धर्मी नी है, इक भी नी।” 11 ऐथू कोई
भी माणु नी है जड़ा समझी सके की क्या सही है; कोई भी परमेश्वरे
जो नी जाणना चांदा। 12 सारे परमेश्वरे ला दूर चली गे, कने सारे दे
सारे परमेश्वरे तांई निकमे बणी गे; भलाई करणे बाला कोई भी नी,
इक भी नी। 13 उना दा गला खुलियो कबरा सांई है जिसा ला बड़ी
बदबू ओंदी है: क्योंकि सै अपणी जिबा ने बुरा बोलदे न, कने जड़ा
बोलदे न सै सांपे दे जेहरे सांई खतरनाख होंदा है। 14 कने उना दे
भाषण श्राप कने कड़वाट ने भस्यो न। 15 सै हत्या करणे तांई फुर्तीले
न। 16 जिथू कुथी सै जांदे न सै बुराई कने दुख जो लेई ओंदे न। 17
सै नी जाणदे न की कियां शांति ने जि न। 18 उना च परमेश्वर दा डर
है ही नी। 19 असां जांणदे न, की व्यवस्था जड़ा कुछ भी बोलदी है
सै उना ने ही बोलदी है, जड़े व्यवस्था दे अधीन न, इस तांई की
लोकां जो भाना बणाने ला रोकया जाये, कने सारे संसारे दे लोक
परमेश्वर दे सामणे हिसाब देणेबाले होई जान। 20 क्योंकि व्यवस्था
च दितयो हुकमा जो मनणे ने कोई भी माणु परमेश्वरे सामणे धर्मी नी
बणदा, क्योंकि मूसा दी व्यवस्था सांझो दसदी है की असां पापी न।
21 पर हुण बिना मूसा दी व्यवस्था दे हुकमा जो मनयो परमेश्वर दी
धार्मिकता प्रकट होई है, ऐ मूसा की व्यवस्था कने परमेश्वरे दे संदेश
देणेबालयां दियां कताबां च लिखया है की असां कियां परमेश्वरे दे
जरिये धर्मी बणे, 22 मतलव की परमेश्वरे दे सामणे धर्मी तालू बणदे
न जालू असां यीशु मसीह पर भरोसा करदे न। क्योंकि हुण यहूदी
कने होर जाति च कोई फरक नी है। 23 इस तांई की सारयां पाप
कितया है कने परमेश्वरे दी उस महिमा ला दूर न जड़ी परमेश्वर दिंदा
है, 24 पर परमेश्वरे दे अनुग्रह ने उनी सांझो यीशु मसीह दे जरिये
पाप दी सजा ला अजाद किता जड़ा यीशु मसीह च है, परमेश्वर
सांझो बिना कुछ कितयो धर्मी घोषित करी दिन्दा है। 25 परमेश्वरे
यीशु मसीह जो सूली पर चढ़ना दिता ताकि उदा खून लोकां दे पापां
जो माफ करणे दा जरिया बणी सके, जड़े उस पर भरोसा करदे न।
परमेश्वरे ऐसा ऐ दसणे तांई किता की सै धर्मी है। पूराणे बकते च
परमेश्वरे सबर रखीकरी लोकां दे पापां जो अणदिखा किता, पर हुण
सै लोकां दे पापां ने निपटदा है, ताकि सै अपणी धार्मिकता दस्सी
सके। इयां परमेश्वर साबित करदा है की सै धर्मी है कने यीशु पर
भरोसा करणे बालयां जो भी धर्मी बणादा है। 27 तां हुण ऐसा कुछ है
जिस पर असां घमंड करन? नी, ऐसा कुछ नी जिदे बारे च असां
घमंड करी सकन। कुण दे नियमा दिया बजा ने? क्या साड़े व्यवस्था
दे कम्मा जो पूरा करणे ने? नी, पर यीशु मसीह पर भरोसा करणे दी
दिया बजा ने। 28 इस तांई असां जाणदे न की परमेश्वरे सांझो यीशु
मसीह पर भरोसा करणे ने धर्मी घोषित करी दितया है, ना कि मूसा
दी व्यवस्था जो मनणे ने। 29 परमेश्वर सिर्फ यहूदियां दा ही परमेश्वर
नी है, पर होर जातियां दा भी परमेश्वर है। 30 क्योंकि इक ही
परमेश्वर है, जिनी खतने बालयां जो भरोसे ने कने जिना दा खतना
नी होया उना जो भरोसे दे जरिये धर्मी घोषित किता है। 31 तां क्या
असां व्यवस्था जो भरोसे दे जरिये बेकार बणादे न? नी बिलकुल भी
नी! पर असां तां व्यवस्था जो उसा दा सही महत्व देदे न।

4 तां असां यहूदी होणे दे नाते अपणे पूर्वज अब्राहमे दे बारे च क्या
बोलन? की उसयो कुसा बजा ला धर्मी गिणया? 2 क्योंकि
अगर अब्राहम भले कम्मा ने धर्मी बणदा, तां सै घमंड करी सकदा
था, पर हुण सै परमेश्वरे सामणे अपणे भले कम्मा पर घमंड नी करी
सकदा। 3 पवित्र शास्त्र क्या बोलदा है? ऐ की “अब्राहमे परमेश्वरे दे
वायदे पर भरोसा किता, कने इसी ने ही परमेश्वरे अब्राहमे जो धर्मी
बणाया।” 4 कम्म करणे बाले दी मजदूरी देणा दान नी है, पर ऐ हक
समझया जांदा है। 5 कुण परमेश्वर दा अनुग्रह पांणे तांई कम्म नी
करदा है, पर जड़ा पापी लोकां जो धर्मी ठहराणे बाले परमेश्वरे पर
भरोसा करदा है, उदा भरोसा उदे तांई धार्मिकता गिणया जांदा है।
6 जियां पवित्र शास्त्र च दाऊद उना आशीषां दे बारे च लिखदा है,
जड़ियां उना लोकां जो मिलदियां न जिना जो परमेश्वरे धर्मी बणाई
दिता, चाहे उना धर्मी बणने तांई कोई कम्म नी किता, दाऊद भी इना
जो धन्य बोलदा है; 7 “धन्य सै न, जिना दे अधर्म परमेश्वरे माफ
किते, कने जिना दे पाप भुलाई दिते। 8 धन्य न सै माणु परमेश्वर
जीना दे पापां दा लेखा जोखा नी रखदा।” 9 तां क्या ऐ धन्य बचन
खतने बालयां तांई ही है, या जिना दा खतना नी होया है उना तांई भी
है? असां ऐ बोला दे न की पवित्र शास्त्र क्या बोलदा है, अब्राहमे
परमेश्वरे दे वायदे पर भरोसा किता, कने इसी ने ही परमेश्वरे अब्राहमे
जो धर्मी बणाया। 10 तां सै धर्मी कालू बणया? क्या खतना होणे ला
पेहले या खतना होणे बाद? अब्राहम खतना होणे ला बाद नी, पर
खतना होणे ला पेहले धर्मी बणया। 11 परमेश्वरे उसयो पेहले ही
अपनाई लिया था कने उसयो धर्मी घोषित करी दितया था, जबकि
उदा हले भी खतना नी होया था, खतने दा निशाण उस अपनाणे दी
मोहर है। इस तांई सै उना लोकां दा पूर्वज है जिना बाल भरोसा है पर
उना दा खतना नी होया है। इना जो इना दे भरोसे दिया बजा ने धर्मी
गिणया जांदा है। 12 कने अब्राहम उना खतना कितयो लोकां दा
पूर्वज होया, जड़े ना सिर्फ खतने पर आस रखदे न, पर उना बाल
सियुदा ही भरोसा है, जड़ा साड़े पूर्वज अब्राहमे खतना करणे ला
पेहले कितया था। 13 परमेश्वरे अब्राहम कने उदे बंशजा ने बायदा
किता की सै पुरे संसार दे वारिस होणे न, परमेश्वरे ऐ बायदा इस
तांई नी किता की अब्राहमे मूसा दे हुकमा जो मनया, पर अब्राहमे
जो भरोसे दिया बजा ने परमेश्वरे धर्मी बणया। 14 क्योंकि अगर

परमेश्वरे दा अब्राहम कने उदे बंशजा जो संसार देणे दा वायदा सिर्फ
उना ही लोकां तांई है जड़े मूसा दी व्यवस्था दे हुकमा जो मंदे न, तां
भरोसा बेकार है कने परमेश्वरे दे बायदे दा भी कोई मतलब नी रिया।
15 परमेश्वर तां उना लोकां जो सजा दिन्दा जड़े व्यवस्था जो पूरी तरा
नी मंदे, पर जिथू व्यवस्था है ही नी, ओथु व्यवस्था दा उलंघन भी नी
होंदा। 16 इस तांई लोकां जो परमेश्वरे दा बायदा उना दे भरोसे दे
जरिये मिल्ला। ऐ इस तांई होया की परमेश्वरे दा वायदा अनुग्रह दे
जरिये मिल्ले, तालू अब्राहम दे सारे बंशा बाल ऐ वायदा हो, ऐ सिर्फ
उना तांई ही नी है जड़े मूसा दी व्यवस्था पर चलदे न, पर हर इक
उस माणु तांई जड़ा अब्राहमे सांई भरोसे सोगी जिन्दगी जिंदा है, जड़ा
असां सारयां दा पूर्वज है। 17 जियां पवित्र शास्त्रां च लिखया है,
“मैं तिजो मतियां जातियां दा पूर्वज बणाया है” परमेश्वरे दे सामणे
अब्राहम साड़ा पिता है। उना उस परमेश्वरे पर भरोसा किता, जड़ा
मरयां जो फिरी जिन्दा करदा है कने जड़ियां चीजां मोजूद भी नी
न, उना दा ना इयां लेंदा है, की जियां की सै चीजां मोजूद न। 18
परमेश्वरे अब्राहम जो बोलया की सै तिजो मते सारे बंशज दिंगा, पर
अब्राहमे सोचया की मैं बड़ा बुड्ढा होई गिया है, क्योंकि उस बकत
सै लगबग सौ सालां दा होई गिया था कने सारा भी बच्चे पैदा नी
करी सकदी थी। तां ऐ पक्का ही था की अब्राहम कदी भी मतियां
जातियां दा पिता नी बणी सकदा था, पर फिर भी अब्राहम अपणे
भरोसे च कमजोर नी होया कने सै लगातार भरोसा रखदा रिया कने
उम्मीदा जो टूटणा नी दिता। 20 कने ना ही अविश्वासी होईकरी
परमेश्वरे दे बायदे पर शक किता, पर भरोसे च मजबूत होईकरी
परमेश्वरे दी महिमा किती, 21 कने पक्का यकीन किता की जिसा
गल्ला दा परमेश्वरे वायदा कितया है, सै इस बायदे जो पूरा करणे दे
भी काबिल है। 22 उदे भरोसे दिया बजा ने ही परमेश्वरे अब्राहमे
जो धर्मी बणाया, 23 कने इस बचन कने भरोसे दिया बजा ने ही
परमेश्वरे अब्राहमे जो धर्मी बणाया, “ना सिर्फ उदे तांई लिखया
गिया,” 24 बल्कि साड़े तांई भी जिना जो परमेश्वरे धर्मी घोषित
करणा, मतलव की अगर असां परमेश्वरे पर भरोसा करगे, जिनी
साड़े प्रभु यीशु मसीह जो मरयां चे जिन्दा किता, तां असां भी भरोसे
दिया बजा ने धर्मी मन्ने जाणे। 25 यीशु मसीह साड़े पापां तांई मरी
गिया, कने परमेश्वरे उसयो दुबारा जिंदा किता ताकि परमेश्वर सांझो
धर्मी बणाए।

**5** इस तांई असां भरोसे ने धर्मी बणे, क्योंकि जड़ा प्रभु यीशु मसीहे
साड़े तांई कितया है, उदे जरिये असां परमेश्वरे सोगी शांति ने
रेन, 2 क्योंकि साड़े भरोसे दिया बजा ला यीशु मसीह सांझो इस
अनुग्रह च लेईकरी आया जिथू असां हुण न, कने असां पूरी हिम्मत
कने खुशिया ने परमेश्वरे दी महिमा च हिस्सेदार होणा। 3 सिर्फ ऐ
ही नी, बल्कि सांझो दुखां च भी खुश रेणा चाईदा, क्योंकि असां
जाणदे न की दुख सेहणे ने असां होर जादा सहनशील बणदे न, 4
परमेश्वरे सांझो अपनाई लिया क्योंकि असां दुखां च सेहणा सीखी
लिया है, कने परमेश्वर सांझो अपनांदा है इस तांई सांझो आस है; 5
कने आस ने सांझो शर्मिंदगी नी होंदी, क्योंकि पवित्र आत्मा जड़ी
परमेश्वरे सांझो दितियो है उदे जरिये परमेश्वरे साड़े मना जो प्यार ने
भरी दितया है। 6 क्योंकि जालू असां कमजोर थे, तालू मसीह
परमेश्वरे दे चुणयो बकत पर बुरे लोकां तांई मरया। 7 ऐ कुसी तांई
कठिन है की कोई धर्मी माणुऐ तांई अपणी जान देई दे, होई भी
सकदा है की भले माणुऐ तांई अपणी जान देणे दी इच्छा रखे। 8 पर
परमेश्वर सांझो पर अपणे प्यार दी भलाई इस तरीके ने प्रगट करदा
है, की जालू असां पापी ही थे तालू मसीह साड़े तांई मरया। 9 जालू
असां हुण धर्मी बणे क्योंकि यीशु मसीह साड़े तांई मरया कने साड़े
पापां तांई अपणा खून बहाया, तां सांझो यकीन है की मसीहे सांझो
परमेश्वरे दे गुस्से ला बचाणा? 10 क्योंकि जालू असां परमेश्वरे दे
दुश्मन ही थे तमी उदे पुत्र यीशु दे मरणे ने साड़ा मेल परमेश्वरे सोगी
होया, इस तांई सांझो पक्का पता है की हुण साड़ा मेल शान्ति ने
परमेश्वरे सोगी है, मसीहे सांझो बचाणा क्योंकि मसीह जिन्दा है।
11 कने सिर्फ ऐ ही नी, पर हुण तां साड़े प्रभु यीशु मसीह दे जरिये
परमेश्वरे ने साड़ा मेल होई गिया है, इस तांई असां परमेश्वर च खुश
न। 12 इस तांई जालू इक माणुऐ दिया बजा ने पाप संसार च आया,
आदम पेहला माणु है जिसयो परमेश्वरे बणाया कने आदमे पाप किता
कने मरी गिया, कने जिसदी बजा ने सै सारे लोक जड़े इस संसार
च पैदा होए, सै सारे मरे, क्योंकि सब पापी बणी गे। 13 मूसा दी
व्यवस्था दिते जाणे ला पेहले ही लोकां पाप किता, पर इसयो पाप नी
गिणया क्योंकि तालू कोई व्यवस्था नी थी कने कोई नियम भी नी
टुटया था। 14 तमी आदम ला लेईकरी मूसा दीकर सारयां लोकां
पाप किता कने सारे मरी गे, जिना आदम सांई कुसी तरा दे हुकम नी
मनणे ने पाप नी कितया था। आदम दे पापे इना सारयां लोकां पर
प्रभाव पाया, ठीक तियां ही जियां मसीहे किता जड़ा उदे बाद आया।
15 पर आदम दा पाप उस बरदान सांई नी है जड़ा परमेश्वर सांझो
अपणे अनुग्रह ला दिन्दा है, क्योंकि इक माणुऐ दा पाप मते लोकां
तांई मौत लेईकरी आया। पर परमेश्वरे दा अनुग्रह बड़ा महान है,
जड़ा उनी सांझो दितया है, उदी कीमत मतयां लोकां तांई उसला
बड़ी जादा है। यीशु मसीहे इक माणुऐ दे रूपे च अपणे अनुग्रह ला
जड़ा किता, उनी इसयो संभव किता। 16 जड़ा तोफा परमेश्वर सांझो
दिन्दा है सै आदम दे पाप सांई नी है, क्योंकि इक पाप सजा लेईकरी
आया, पर चाहे असां मते सारे पाप किते न, परमेश्वरे सांझो सै तोफा
दिता जिसने असां धर्मी बणदे न। 17 क्योंकि जालू इक माणुऐ दे
पापां दिया बजा ने मौत सारे लोकां पर आई गेई, तां जिना लोकां
जो अनुग्रह कने धार्मिकता दा वरदान मता सारा मिलदा है उना जो
इक माणुऐ दे, मतलब की यीशु मसीह दे जरिये हमेशा दी जिन्दगी
मिलणी कने उना राज्य भी करणा। 18 इस तांई जियां इक पाप सारे
माणुआं तांई सजा लेईकरी आया, तियां ही इक धार्मिकता दा कम्म
भी सारयां लोकां तांई धर्मी बणने दी बजा बणी जड़ा जिन्दगी दिन्दा
है। 19 क्योंकि जियां इक माणुऐ दे हुकम नी मनणे ने मते लोक पापी
बणे, तियां ही इक माणुऐ दे हुकम मनणे ने मते लोकां धर्मी बणना है।
20 मूसा दी व्यवस्था दिती गेई ताकि सारे लोक जाणी सकन की सै
कितणे पापी न, पर जालू लोकां पाप पर पाप किते, तां परमेश्वरे

अपणी दया कने अनुग्रह होर भी जादा दसया, 21 जियां सारयां पाप
किता कने सारे मरी गे, तियां ही साड़े प्रभु यीशु मसीह दे जरिये
परमेश्वरे दे अनुग्रह ने उना जो धर्मी बणाणा कने उना जो हमेशा दी
जिन्दगी देणी। (aiōnios g166)

**6** तू सोचदा है, की अगर परमेश्वरे अपणे अनुग्रह ने साड़े पापां जो
माफ करी दितया है, पर असां ऐसा ना सोचन, चला असां पाप
करदे रेंन ताकि अनुग्रह होर जादा हो। 2 नी बिलकुल भी नी! अगर
असां पाप तांई इक बरी मरी गे तां सांझो लगातार पाप नी करणा
है। 3 असां जाणदे न की जालू असां यीशु मसीह सोगी इक होंणे
तांई बपतिस्मा लिया, तां असां यीशु मसीह सोगी मरी गे। 4 जालू
असां बपतिस्मा लिया तां ऐ ऐसा था जियां असां मसीह सोगी मरी गे
कने उस सोगी दफनाई दिते, ताकि जियां मसीहा पिता परमेश्वर
दिया महिमा दे जरिये मरयां चे जिन्दा किता, तियां ही असां भी नोई
जिन्दगिया जो नोऐ तरीके ने जिन। 5 क्योंकि अगर असां बपतिस्मे
जरिये यीशु दी मौता च उदे सोगी इक होई गे, तां पक्का है की असां
उदे जिन्दे होणे पर उदे सोगी इक होई जाणा। 6 क्योंकि असां जाणदे
न की साड़ा पराणा पापी सभाब यीशु मसीह सोगी सूली पर चढ़ाया
गिया, ताकि शरीरे दा पापी सभाब खत्म होई जाऐ, कने असां अग्गे
जो पाप दे गुलाम नी रेन। 7 क्योंकि जालू असां मसीह सोगी मरी गे
तां असां पाप दी शक्ति ला मुक्त होई गे। 8 इस तांई अगर असां
मसीह सोगी मरी भी गे, तां साड़ा भरोसा ऐ भी है की उदे सोगी
जींणा भी है, 9 क्योंकि असां जाणदे न की, मसीह मरी करी जिन्दा
होया कने फिरी कदी नी मरणा है। मौत दा उस पर कोई हक नी है।
10 क्योंकि यीशु मसीहा जड़ा मरी गिया तां पाप तांई इक ही बरी
मरी गिया; पर जड़ी जिन्दगी सै जी दा है, सै परमेश्वर दे आदर तांई
जिंदा है। 11 इयां ही तुसां भी अपणे आपे जो पापे दी शक्ति तांई
मरया होया समझा, पर परमेश्वरे तांई यीशु मसीह जो इज्जत देणे
तांई जिया। 12 इस तांई पापी इच्छां जो अपणिया जिन्दगिया पर
राज करणा मत दिया, ताकि तुसां अपणियां पापी इच्छा दे अनुसार
कम्म ना करन। 13 कने ना अपणे शरीरे दे अंगा जो बुरे कम्मा तांई
इस्तेमाल करा, पर अपणे आपे जो मरयां चे जिन्दा समझीकरी अपणे
आपे जो परमेश्वरे जो दिया, कने अपणे शरीरे दे अंगा जो धार्मिकता
दे कम्मा जो पूरा करणे तांई अपणी जिन्दगी परमेश्वरे जो दिया। 14
तां तुसां पर पाप दी शक्तिया राज्य नी करणा, क्योंकि तुसां मूसा दी
व्यवस्था दे अधीन नी पर परमेश्वर दे अनुग्रह दे अधीन न। 15 तां
क्या होया? अगर हुण असां व्यवस्था दे अधीन नी न पर परमेश्वरे दे
अनुग्रह दे अधीन न, तां सांझो पाप नी करणा चाईदा। 16 तुसां ऐ
जाणदे न की जालू तुसां अपणे आपे जो कुसी दा गुलाम बणाई दिन्दे
न, तां फिरी सै माणु तुहाड़ा मालिक है कने तुसां जो सै करणा चाईदा
जड़ा सै बोलदा है: तुसां पाप दे गुलाम बणी सकदे न, जड़ा तुसां
जो मौता पासे लेई जांदा है, या तुसां परमेश्वरे दे गुलाम बणी सकदे
न, जड़ा तुसां जो धार्मिक जिंदगी जिणे च अगुवाई करदा है। 17
तुसां जड़े पाप दे गुलाम थे, पर हुण तुसां उस शिक्षा जो मंदे न जड़ी
तुसां जो मिल्ली है, इदे तांई मैं परमेश्वर दा धन्याबाद करदा है, 18
परमेश्वरे तुसां जो पाप दी शक्ति ला अजाद करी दिता कने तुसां
परमेश्वर दे गुलाम बणी गे, की सै करणे तांई जड़ा सही है। 19 मैं
गुलामी दा ऐ उदाहरण तुसां जो इस तांई दिता ताकि तुसां असानी ने
समझी सकन की मैं क्या सिखा दा है। जियां तुसां अपणे शरीरे दे
अंगा जो बुरे कम्म कने अपवित्रता दी गुलामी तांई देई दिता, तियां ही
हुण अपणे शरीरे दे अंगा जो भले कम्म कने पबित्रता दे गुलाम होणे
तांई देई दिया। 20 जालू तुसां पाप दे गुलाम थे, तां तुसां दी भले
कम्मा जो करणे दी कोई इच्छा नी थी। 21 तुसां बुरे कम्म किते, कने
तुसां हुण इना कम्मा ला शरमिंदा होंदे न। तां तुसां जो क्या मिल्ला?
ऐसे कम्म सिर्फ मौत लेईकरी ओंदे न। 22 पर हुण पाप ला अजाद
होईकरी कने परमेश्वरे दे गुलाम बणी करी तुसां दे ऐसे कम्म जिन्दगी
च पबित्रता लेईकरी ओंदे न, कने उना दा अंत हमेशा दी जिन्दगी है।
(aiōnios g166) 23 क्योंकि पाप दा नतीजा मौत है, पर सै बरदान
जड़ा परमेश्वर सांझो दिन्दा है, सै हमेशा दी जिन्दगी है जड़ी साड़े
प्रभु यीशु मसीह च है। (aiōnios g166)

**7** हे मसीह भाईयो, तुसां जाणदे न (मैं व्यवस्था जो जाणने बालयां
जो बोलदा हे) की जालू दीकर माणु जिन्दा रेंदा है, तालू दीकर
ही उस व्यवस्था दा अधिकार उस पर है? 2 उदाहरण तांई, व्यवस्था
दे अनुसार इक माणुऐ दी घरे बाली उदी ही घरे बाली बणी की रे
जालू दीकर उसा दा घरेबाला जिन्दा है, पर जालू उसा दा घरेबाला
मरी गिया, तां सै कुसी होरसी ने बियाह करणे तांई अजाद है, पर
अगर सै अपणे घरे बाले दे होंदे होए कुसी होरसी माणुऐ सोगी चली
जाऐ, तां उसयो व्यभिचारणी बोलदे न। 4 तां हे मेरे मसीह भाईयो,
जालू तुसां मसीह सोगी मरी गे, तां तुसां व्यवस्था दे अधिकार तांई भी
मरी गे। हुण तुसां मसीह दे न जड़ा मरयां चे जिन्दा होई गिया ताकि
तुसां परमेश्वरे तांई फलदायक जिन्दगी जी सकन। 5 क्योंकि जालू
असां पापी सभाब दे बशे होंदे न, तां पापी इच्छां साड़े अंदर कम्म
करदियां न कने व्यवस्था इना पापी इच्छां जो जगाई दिंदिया न कने
मौत दा फल पैदा करणे तांई साड़े शरीर च कम्म करदियां न। 6 पर
असां व्यवस्था तांई मरी गे जिना सांझो गुलाम बणया था, पर हुण
व्यवस्था ला अजाद होई गे न, हुण असां लिखियो व्यवस्था जो
परमेश्वरे दी सेबा मन्नी करी नी करदे न, पर आत्मा दियां गल्लां
जो मनी करी नोऐ तरीके ने सेबा करी सकदे न। 7 तां असां क्या
बोलणा? क्या व्यवस्था पाप है? नी बिलकुल भी नी! पर व्यवस्था ने
मिंजो पता चला की पाप क्या है। मिंजो समझ आया की लालच
करणा पाप है क्योंकि ऐ व्यवस्था च लिखया है, की लालच मत
कर। 8 पर पापे इना हुकमा दा इस्तेमाल करिके मिंजो च हर तरह दा
लालच पैदा किता, क्योंकि बिना व्यवस्था दे पाप मुर्दा है। 9 मैं तां
व्यवस्था बिना जाणयो जिन्दा था, पर जालू मैं व्यवस्था जो जाणी
लिया, तां पाप करणे दी इच्छां मेरे अंदर बदी गियां, कने मैं परमेश्वरे
ला लग होई गिया। 10 कने सेई हुकम जिना जो परमेश्वरे मिंजो
जिन्दगी देणे तांई दितया था, इना ही मिंजो परमेश्वर ला लग करी
दिता। 11 क्योंकि पापे इना हुकमा दा इस्तेमाल करिके मिंजो धोखा
देई दिता, कने उनी ही मिंजो परमेश्वरे ला लग करी दिता। 12 इस

तांई व्यवस्था पाप नी पर पवित्र है, कने हुकम पवित्र, धर्मी कने सही
है। 13 क्या व्यवस्था जड़ी खरी थी, मिंजो परमेश्वरे ला लग होणे
दी बजा बणी? सै जड़ी खरी थी, मिंजो परमेश्वरे ला दूर करणे दी
बजा बणी? नी बिलकुल भी नी! पर ऐ पाप था जिनी ऐ किता, पापे
व्यवस्था जो इस्तेमाल किता जड़ी सही थी, ताकि सै मिंजो परमेश्वरे
ला लग करे, इस तरिके ने पापे दस्सी दिता की सै सच्ची च क्या है,
कने हुकम दस्सी दिता की पाप बुरा है। 14 क्योंकि असां जाणदे न
की व्यवस्था तां आत्मिक है, पर मैं शारीरिक माणु कने पाप दा
गुलाम है। 15 कने जड़ा मैं करदा है उसयो नी जाणदा, क्योंकि जड़ा
मैं चांदा है सै नी करदा, बल्कि सै ही करदा है, जिसला मैं नफरत
करदा है। 16 कने अगर, जड़ा मैं नी चांदा है सेई बुरे कम्म मैं करदा
है, तां मैं मनी लेंदा है की व्यवस्था खरी है। 17 तां ऐसी हालत च
जड़ा बुरे कम्म करणे बाला है सै मैं नीं, पर पाप है जड़ा मिंजो च
बसया है। 18 क्योंकि मैं जाणदा है, की मेरे पापी सभाब च कुछ भी
खरा नी है, भले कम्म करणे दी इच्छा तां मिंजो च है, पर भले कम्म
मिंजो ला होंदे नी। 19 क्योंकि जिस खरे कम्मे दी इच्छा मैं करदा
है, सै तां नी करदा, पर जिसा बुराईया दी इच्छा नी करदा, सेई करदा
है। 20 पर अगर मैं सेई करदा है जिसदी इच्छा नीं करदा है, तां
इसयो करणे बाला मैं नीं है, पर सै पाप है जड़ा मिंजो च बसया
है। 21 ऐथू मिंजो इस सच दा अहसास होंदा है की जालू भी मिंजो
खरा करणे दी इच्छा होंदी है, तां मैं सेई करदा है जड़ा बुरा है। 22
क्योंकि मैं अपणे पुरे मने ला तां परमेश्वरे दिया व्यवस्था ला बड़ा
खुश रेंदा है। 23 पर मिंजो अपणे शरीरे दे अंगा च कोई होर ही
व्यवस्था मिल्ला दी है, जड़ी मेरिया मने दिया व्यवस्था ला लड़दी है
कने ऐ शक्ति मिंजो पाप दा गुलाम बणादी है जड़ी हले भी मेरे शरीरे
दे अंगा च कम्म करदी है। 24 मैं कदिया अभागा माणु है! मिंजो इस
शरीरे ला कुण छुडागां, जड़ा मिंजो परमेश्वरे ला लग करदा है? 25
मैं मने ला तां परमेश्वरे दिया व्यवस्था जो मनदा, पर शरीरे ला पाप
दिया व्यवस्था जो मनदा है। मैं परमेश्वरे दा धन्यबाद करदा है जिनी
मिंजो प्रभु यीशु मसीह दे जरिये बचाई लिया।

8 इसा बजा ला हुण जड़े यीशु मसीह च न, उना जो सजा दा हुकम
नी है। 2 क्योंकि पवित्र आत्मा तुसां जो सै जिन्दगी दिन्दा है,
जड़ी यीशु मसीह ला ओंदी है कने सै तुसां जो पाप कने मौत ला
अजाद करदी है। 3 क्योंकि जड़ा कम्म मूसा दी व्यवस्था साड़ा
पापी सभाब होणे दिया बजा ने नी करी सकी, सै परमेश्वरे किता,
मतलब की अपणे ही पुत्रे जो साड़े पापी शरीरे सांई बणाई करी साड़े
पापां तांई बलिदान होणे तांई भेजी दिता, परमेश्वरे मसीह दे शरीर च
पाप जो सजा दिती। 4 इस तांई की व्यवस्था जड़ी धर्मी होणे तांई
जिना गल्लां दी मांग करदी है, पर असां पापी सभाब दे अनुसार नी
पर पवित्र आत्मा दे अनुसार चली करी इना गल्लां जो पूरा करदे न।
5 क्योंकि जड़े लोक पापी सभाब दे बशे च रेंदे न, सै पापी गल्लां दे
बारे च सोचदे न, पर जड़े पवित्र आत्मा दे बशे च रेंदे न सै उना
गल्लां दे बारे च बिचार करदे न जड़ियां आत्मा जो खुश करदियां न।
6 अगर तुसां अपणे मन जो पापी सबाभे दे बशे च रखदे न तां उदा
नतीजा मौत है, पर अगर तुसां अपणे मने जो पवित्र आत्मा दे बशे च
रखगे तां उदा इनाम जिन्दगी कने शांति है। 7 क्योंकि पापी सभाब दे
बशे च रेणा तां परमेश्वरे ने बैर रखणा है, क्योंकि पापी सभाब ना तां
परमेश्वरे दिया व्यवस्था दे अधीन है, कने ना ही उदिया व्यवस्था दा
पालन करी सकदा है। 8 कने जड़े पापी सभाब दे बशे च न, सै
परमेश्वरे जो खुश नी करी सकदे। 9 पर जालू परमेश्वरे दी आत्मा
तुसां च बसदी है, तां तुसां पापी सभाब दे बशे च नी न, पर आत्मा दे
बशे च न। अगर कुसी च मसीह दी आत्मा नी है तां सै मसीह दा नी
है। 10 अगर मसीह तुसां च है, तां पाप दिया बजा ने शरीर मरया
होणे पर भी धार्मिकता दिया बजा ने तुहाड़ी आत्मा जिन्दा है। 11
कने अगर परमेश्वरे दी आत्मा जिना यीशुऐ जो मरी करी जिन्दा
किता जड़ी तुसां च बसियो है; तां जिनी यीशु मसीह जो मरयां चे
जिन्दा किता उनी तुहाड़े मरणे बाले शरीरे जो अपणिया आत्मा दे
जरिये जिन्दा करणा। 12 तां हे मसीह भाईयो, सांझो हुकम मनणा
चाईदा, पर सै नी जड़ा साड़ा पापी सभाब चांदा है की असां करन।
13 क्योंकि अगर तुसां पापी सभाब दे अनुसार जिन्दगी जींगे, तां
तुसां परमेश्वरे ला लग होई जाणा, अगर तुसां पवित्र आत्मा दिया
शक्तिया ला सै सब करणा बंद नी करगे जड़ा तुहाड़ा पापी सभाब
कराणा चांदा है, तां तुसां जिन्दा रेंणा। 14 इस तांई की जितणे लोक
परमेश्वरे दिया आत्मा दे चलाणे ने चलदे न, से ही परमेश्वरे दे बच्चे
न। 15 क्योंकि तुसां जो गुलामी दी आत्मा नी मिलियो है, की तुसां
फिरी परमेश्वरे ला डरन, पर तुहांजो परमेश्वरे दी आत्मा मिल्ली है
जालू उनी तुसां जो अपणे बच्चे होणे तांई गोद लिया, जिसने असां
हे बापू, हे पिता बोली करी पुकारदे न। 16 पवित्र आत्मा अपु ही
साड़िया आत्मा सोगी गबाई दिन्दा है, की असां परमेश्वरे दी ओलाद
न। 17 कने अगर ओलाद न, तां वारिस भी न, बल्कि परमेश्वरे दे
वारिस कने मसीह सोगी वारिस न, अगर असां यीशु सांई दुखां जो
सेहन करदे न। तां असां भी उदी महिमा च हिस्सा लेणा। 18 मिंजो
पक्का यकीन है, की जिना दुख तकलिफां जो असां इस बकत
सेहन करा दे न, ऐ दुख तकलीफ उस महिमा दे सामणे बड़े घट न
जड़ी सांझो परमेश्वर बादे च देंणे बाला है, 19 क्योंकि सारी सृष्टि
बड़िया आसा सोगी उस बकत दा इंतजार करा दी है, जालू परमेश्वरे
प्रगट करणा है की उदे बच्चे कुण न। 20 क्योंकि परमेश्वरे जड़ा
कुछ भी संसार च बणाया, सै बेकार होई गिया, इस तांई नी होया
की सै चांदे थे, पर ऐ इस तांई होया की परमेश्वरे ऐसा किता। पर
फिर भी इक आस है। 21 की संसार उस दिने दा इंतजार करा दा
है, जालू संसारे मौत कने बिनाश दी गुलामी ला अजाद होई जाणा
कने परमेश्वरे दे बचयां दी महिमामय आजादी च हिसेदार होंगा।
22 क्योंकि असां जाणदे न, जालू ला आदमे पाप किता, तालू ला
लेइकरी हुणे दीकर जितणियां भी चीजां जो परमेश्वरे बणाया, सै
पीड़ा ने इयां चिखदियां न जियां इक जनानी बच्चे जो जमणे बकत
चिखदी है। 23 कने सिर्फ संसार ही नी जड़ा पीड़ा सेहन करा दा
है, पर असां भी पवित्र आत्मा जरिये होणे बाली महिमा दा स्वाद
चखणा है, हालांकि असां अंदर-अंदर ही पीड़ा सेहन करदे न; पर

असां हुण भी उस बकते दा इंतजार करदे न जालू परमेश्वर सांझो
अपणे बच्चे होणे तांई उपर लेई जाणा है कने साड़े शर्रीर जो उना
सारियां बुरियां चीजां ला छुटकारा देई देणा कने सांझो नोऐ शरीरां
जो देईकरी साड़े शरीरां जो अजाद करणा है। **24** परमेश्वरे जालू
सांझो बचाया तालू सांझो ऐ आस दिती, की हल्ले दीकर सांझो सै
सब कुछ नी मिल्ला जिसदा परमेश्वरे वायदा कितया, इस तांई सांझो
अजे भी आस है की सै सब कुछ मिलणा है। इस तांई हुण असां सबर
रखीकरी इंतजार करदे न जालू दीकर सै मिल्ली ना जाऐ। क्योंकि
कोई भी उसा चिजा जो पाणे दी इच्छा नी करदा जड़ी पेहले ला
ही उदे बाल है। **26** इयां ही पवित्र आत्मा भी साड़ी तालू सहायता
करदा है जालू असां अपणे परमेश्वरे पर भरोसे च कमजोर होंदे न,
क्योंकि असां नी जाणदे की प्राथना कियां करणा चाईदी, पर पवित्र
आत्मा अपु ही रोई-रोई करी साड़े तांई बिनती करदी है, सै असां
दस्सी नी सकदे न। **27** कने मना जो जाणने बाला परमेश्वर जाणदा
है, की पवित्र आत्मा क्या बोला दी है? क्योंकि सै पवित्र लोकां
तांई परमेश्वरे दिया इच्छा अनुसार बिनती करदा है। **28** कने असां
जाणदे न, की जड़े लोक परमेश्वरे ला प्यार रखदे न, उना लोकां तांई
सारियां गल्लां मिलिकरी भलाई जो ही पैदा करदियां न, मतलब की
उना तांई जड़े उदिया इच्छा अनुसार चुणयो न। **29** क्योंकि जिना
जो उनी पेहले ला ही चुणया है, उना तांई पेहले ला ही निर्णय भी
लिया है, की सै उदे पुत्रे सांई बणी जान ताकि सै मते भाईयां चे जेठा
पुत्र बणन। **30** फिरी जिना तांई परमेश्वरे पेहले ला ही तय कितया है,
उना जो ही चुणया भी, कने जिना जो चुणया है, उना जो धर्मी भी
बणाया है, कने जिना जो धर्मी बणाया, परमेश्वरे अपणी महिमा उना
सोगी बंडणी है। **31** तां असां इना गल्लां दे बारे च सोची करी इसी
नतीजे पर ओंदे न, अगर परमेश्वर साड़े पासे है, तां कोई भी दुशमण
सांझो हराई नी सकदा। **32** जिनी परमेश्वरे अपणे इकलोते पुत्रे जो
साड़े तांई बलिदान करी दिता, कने साड़े तांई उसयो दुशमणा दे हथे
देई दिता, तां उनी सांझो सै सब कुछ भीं देणा जिसदा उनी सांझो ने
वायदा कितया है। **33** कोई भी परमेश्वरे दे सामणे सांझो पर दोष नी
लगाई सकदा, क्योंकि सेई है जड़ा अपणे सोगी सांझो धर्मी बणादा
है। **34** कोई भी साड़ी बुराई नी करी सकदा, क्योंकि ऐ यीशु मसीह
है, जड़ा साड़े तांई मरी गिया कने मरी करी जिन्दा होई गिया था,
कने जड़ा साड़े तांई परमेश्वरे ला बिनती करदा है। **35** कोई भी
सांझो मसीह दे प्यार ला लग नी करी सकदा, ना ही दुख, ना ही
मुसिबतां, ना ही सताया जाणा, ना ही अकाल, ना ही गरीबी, ना ही
खतरा, कने ना ही तलवार इना चे इक भी नीं। **36** जियां पवित्र
शास्त्र च लिखया है, "परमेश्वरे तांई हर दिन लोक सांझो जानी ला
मारणे दी धमकी दिन्दे। सांझो बलि देंणे बालियां भेडां सांई समझया
गिया।" **37** पर इना सारे बुरे हालातां च उदे जरिये साड़ी पूरी जित
है, जिनी सांझो ने प्यार किता है। **38** क्योंकि मैं पक्का जाणदा है
की, कुछ भी सांझो प्यार करणे बाले मसीह ला दूर नी करी सकदा,
इसला कोई फरक नी पोंदा की असां जिन्दे न या मुर्दा, स्वर्गदूत,
अधिकारी, कने अम्बरे दियां शक्तियां इस काबिल नी की उदे प्यार
ला लग करी सकन कने जड़ा कुछ हुण होआ दा है कने जड़ा कुछ
अग्गे होणा, कने सारे संसारे च जड़ा सब कुछ है इस काबिल नी है
की सांझो परमेश्वरे दे प्यारे ला जड़ा साड़े प्रभु यीशु मसीह च है लग
करी सके।

**9** हुण कुछ भी नी है जड़ा सांझो परमेश्वरे दे प्यार ला लग करी
सकदा है, तां फिरी कजो इस्राएली लोक, मेरे यहूदी भाई परमेश्वरे
ला लग न? मेरा मन मेरे अपणे लोकां तांई बड़ा दुखी होंदा है,
क्योंकि मैं ऐथू दीकर चांदा की अपणे लोकां दा उद्धार करणे तांई मैं
मसीह ला लग होई जां कने अरोपी बणी जां, मैं ऐ करणे तांई तैयार
भी है। मैं मसीह जो गबाह मन्नी करी सच्च बोला दा है। पवित्र
आत्मा कने मेरी अंतरात्मा भी ऐ जाणदे न की मैं झूठ नी बोला दा है।
**4** सै मेरे सांई इस्राएली लोक न, इना जो परमेश्वरे अपणे गोद लियो
बच्चे होणे तांई चुणया, महिमा, बाचा, मूसा दी व्यवस्था, परमेश्वरे दी
भक्ति कने बायदा उना दी है। **5** अब्राहम, इसहाक कने याकूब उना
दे पूर्वज न, जड़े शरीरिक तौर पर प्रभु यीशु मसीह दे भी पूर्वज न
कने पिता परमेश्वर जड़ा सबना पर राज करदा है, उदी महिमा युगां-
युगां दीकर होंदी रे। आमीन। **(aiōn g165)** **6** पर ऐ नी की, परमेश्वरे
अपणे वायदे पुरे नी करी सकया, इस तांई होया की जड़े इस्राएले दे
बंशज न सै असल च सारे इस्राएली नी न; **7** कने अब्राहम दे बंशे च
पैदा होणे ने ही सारे उदी सच्ची ओलाद नी बणदे, क्योंकि परमेश्वरे
अब्राहम ने बोलया "जड़े इसहाक दे बंश च पैदा होंदे न, सेई तेरे बंश
मन्ने जाणे न।" **8** मतलब की जड़े शरीरे ने पैदा होंदे न, सै परमेश्वरे
दी ओलाद नी है, पर सिर्फ बायदा कितयो ओलाद ही अब्राहम दे बंश
मन्ने जान। **9** क्योंकि बायदे दा बचन ऐ है, "मैं अगले साल इस
बकत दुबारा ओणा कने तालू सारा जो इक पुत्र होणा।" **10** कने सिर्फ
ऐई नी, पर रिबका दे जुड़वा जागतां दा इक ही पिता था, साड़ा पूर्वज
इसहाक। **11** कने ऐथू दीकर उना दे पैदा होणे ला पहले परमेश्वरे
रिबका ने बोलया, की उदे बडे जागते छोटे जागदे दी सेबा करणी।
परमेश्वरे ऐसा इस तांई बोलया की परमेश्वर अपणी इच्छा ने ही
चुणदा है, ऐ इस तांई नी होया की इना बचयां चे कुनी कुछ कितया
था, पर परमेश्वर ही है जड़ा ऐ चुनाव करदा है। **13** जियां पवित्र
शास्त्र च लिखया है, "मैं याकूबे ने प्यार किता, पर एसाब ने प्यार नी
किता।" **14** तां असां इदे बारे च क्या बोलन? क्या परमेश्वरे उना
लोकां जो चुणने च अन्याय करदा है जिना जो सै चुणना चांदा है? नी
बिलकुल भी नी! **15** क्योंकि परमेश्वरे मूसा ला बोलया, "मैं जिस
पर दया करणा चांगा उस पर दया करणी, कने जिस कुसी पर कृपा
करणा चांगा उस पर कृपा करणी।" **16** इस तांई परमेश्वर उसी जो
ही चुणदा है जिस पर दया दसणा चांदा है, परमेश्वरे दा चुणना इसा
गल्ला पर निर्भर नी करदा है की लोक क्या चांदे न या क्या करणे दी
कोशिश करदे न। **17** क्योंकि पवित्र शास्त्र च परमेश्वरे मिस्र दे राजा
फिरौन जो बोलया, "मैं तिजो इसी तांई राजा बणाया है, की तिजो पर
अपणी शक्ति दस्से, कने मेरे नाऐ दा प्रचार सारे संसार दे लोकां
च हो।" **18** कने सै जिसयो चांदा हे, उस पर दया करदा हे, कने
जिसयो चांदा हे, उसयो जिद्दी बणाई दिन्दा है। **19** फिरी कुछ लोकां

मिंजो ने बोलणा, “अगर ऐसा है तां परमेश्वर कियां बोली सकदा है
की असां गलत न? क्योंकि कोई भी उसयो नी रोकी सकदा जड़ा सै
करणा चांदा है।” 20 हे भाई, तू कुण है, जड़ा परमेश्वरे ने बेहस
करदा है? क्या बणाई होई चीज बणाणे बाले पुच्छी सकदी है, “की
तू मिंजो ऐसा कजो बणाया?” 21 कुम्हारे जो क्या मीटिया पर हक
नी, की सै इक्की ही मीटिया ला, इक बांडा आदर तांई, कने दूजा
अनादर तांई बणाऐ, 22 तां इदे च कुण देई हेरानी दी गल्ल है की
परमेश्वरे अपणा गुस्सा दसणे तांई कने अपणी शक्ति प्रगट करणे दिया
इच्छा ला गुस्से दे भांडयां दी, जड़े विनाश तांई तैयार कितयो थे, बड़े
सबर ने सेहन किती। 23 जिना लोकां पर परमेश्वर दया करगा, जिना
जो उनी अपणी महिमा च हिस्सेदारी तांई पेहले ही चुणया है, उना
पर अपणिया बड़ी जादा महिमा दे धने जो प्रगट करणे दी इच्छा
किती? 24 मतलब की असां पर जिना जो उनी ना सिर्फ यहूदियां चे
बल्कि होर जातियां चे भी चुणया। 25 जियां होर जातियां दे बारे च,
परमेश्वर उदा संदेश देणेबाले होशे दिया कताबां च भी बोलदा है,
“जड़ी मेरी प्रजा नी थी, उना जो अपणी प्रजा बोलणा, कने जड़े मेरे
प्यारे लोक नी थी, उना जो मैं प्यारे बोलणा; 26 कने इयां होणा की
जिसा जगा च परमेश्वरे उना जो ऐ बोलया था, की तुसां मेरे लोक नी
न, उसा ही जगा च जिन्दा परमेश्वरे उना जो अपणी संतान बोलणा।”
27 कने परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले यशायाह इस्राएल दे लोकां बारे च
पुकारी करी बोलदा है, “चाऐ इस्राएले दे लोक गिणतिया च समुद्रे दे
कंडे दिया रेता सांई मते भरी न, तमी उना चे थोड़े ही बचणा।” 28
क्योंकि प्रभुऐ जल्दी ही संसारे लोकां दा न्याय सच्चाईया ने करणा।
29 जियां परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले यशायाह पेहले भी बोलया था,
“अगर सबते शक्तिशाली प्रभु इस काबिल नी बणादां की साड़े कुछ
बंश होन, तां असां सदोम कने अमोरा शेहरां दे लोकां सांई खत्म होई
जांदे।” 30 तां असां इदे बारे च क्या बोलन? ऐ की होर जातियां
अपणे आप जो परमेश्वरे सोगी ठीक करणे दी कोशिश नी करदे थे,
पर परमेश्वरे उना जो अपणे सोगी धर्मी बणाया क्योंकि उना उस पर
भरोसा किता; 31 पर इस्राएली लोक, जड़े मूसा दी व्यवस्था जो
मन्नी करी परमेश्वरे दे जरिये धर्मी होणा चांदे थे, पर सै धर्मी बणने
च सफल नी होए। 32 ऐ कियां होई सकदा है? इस तांई की इस्राएली
लोक भरोसे ने नी, पर भले कम्मा धर्मी होणा चांदे थे: उना मसीह
जो नी अपनाया जिदी उस पथरे सोगी तुलना करी सकदे न जिसला
लोकां जो ठोकर लगदी है। 33 जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है,
“दिखा मैं यरूशलेम शेहर च लोकां जो ठोकर लगणे तांई इक पथर
रखा दा है जिसला लोकां डेई पोंणा है, कने जड़ा इस पर भरोसा
करगा, उनी शरमिंदा नी होंणा।”

**10** हे मसीह भाईयो, मेरे मने दी इच्छा कने इस्राएली लोकां तांई
परमेश्वरे ने ऐ मेरी प्राथना है, की परमेश्वर उना जो बचाई ले।
2 क्योंकि मैं उना दी गबाई दिन्दा है, की सै परमेश्वरे तांई उत्साहित
रेंदे न, पर परमेश्वर दी सेबा करणे दी उना दी समझ सही नी है। 3
क्योंकि इस्राएली लोक परमेश्वरे दिया उसा धार्मिकता ला अनजाण
होईकरी कने अपणे ही तरीके ने धर्मी बणने दी कोशिश करदे न,
उना अपणे आपे जो परमेश्वरे दिया धार्मिकता दे अधीन नी किता। 4
क्योंकि व्यवस्था दा मकसद हुण पूरा होई गिया है की मसीह आई
गिया है। इस तांई हर कोई जड़ा मसीह पर भरोसा करदा है, उसयो
परमेश्वर धर्मी बणादा है। 5 क्योंकि मूसा व्यवस्था ला मिलियो
धार्मिकता दे बारे च परमेश्वरे दे बचन च ऐ लिखया है, “की जड़ा
माणु इना गल्लां जो मनदा है, उसयो इसी ने ही जिन्दगी मिलणी।”
6 पर जड़ी धार्मिकता सांझो मसीह पर भरोसा करणे ने मिलदी है, इदे
बारे च पवित्र शास्त्र ऐ बोलदा है, “तू अपणे मने च ऐ मत बोलदा की
कुण स्वर्गे पर चढ़गा कने मसीह जो थले धरती पर उतारगा?” 7
या कुण अधोलोक च उतरगा कने कुण मसीह जो मरयां चे जिन्दा
करिरी उपर लेई ओंगा? (Abyssos g12) 8 क्या है इदा मतलब? “ऐ
की परमेश्वरे दा बचन तेरे बाल है, तेरे मुऐ कने तेरे मने च,” ऐ सेई
भरोसे दा संदेश है, जड़ा असां प्रचार करदे न। 9 इस तांई अगर तू
अपणे मुऐ ला यीशु मसीह जो प्रभु मन्नी लेदां है कने अपणे मने
ने भरोसा करे, की परमेश्वरे उसयो मरयां चे जिन्दा कितया है, तां
पक्का परमेश्वरे तिजो बचाणा। 10 जालू असां अपणे मने ला भरोसा
करदे न तां असां परमेश्वरे असां परमेश्वर दी नजरा धर्मी बणदे न,
कने जड़ा भरोसा असां अपणे मने च कितया उसयो मुऐ ला बोलदे
न, तां असां बचाये जाणे न। 11 क्योंकि परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले
यशायाह पवित्र शास्त्र च मसीह दे बारे च ऐ लिखदा है, “जड़ा कोई
उस पर भरोसा करगा उनी शरमिंदा नी होणा।” 12 यहूदियां कने होर
जातियां च कोई फरक नी, क्योंकि परमेश्वर सारयां दा प्रभु है, कने
जड़े भी उसला सहायता मंगदे न, सै उना जो बचादां है। 13 क्योंकि
पवित्र शास्त्र च ऐ लिखया है “जड़ा कोई भी उसला सहायता मंगदा
है प्रभु उना जो बचादां है।” 14 पर इसला पेहले की लोक प्रभु ला
सहायता मंगन, उना जो प्रभु पर भरोसा करणा है, इसला पेहले की सै
प्रभु पर भरोसा करन, उना जो उदे बारे च सुणना है कने लोक प्रभु दे
बारे च सुणन, तां कुसी जो उना जो यीशु मसीह पर भरोसा करणे दे
बारे च दसणा है। 15 कने इसला पेहले कोई जाई करी उना जो बोले,
की उस माणुऐ जो प्रचार करणे तांई भेजणा चाईदा, इस तांई पवित्र
शास्त्र च लिखया है, “क्या ही छेल उना दे पैर न जड़े शुभसमाचार
लेईकरी ओंदे न।” 16 पर सारयां उस शुभसमाचार पर भरोसा नी
किता। परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले यशायाह बोलदा है, “हे प्रभु,
थोड़े लोकां साड़े संदेश पर भरोसा किता है?” 17 इस तांई भरोसा
तालू ओंदा है जालू असां संदेश सुणदे न, कने यीशु मसीह दे बचन
सुणने ला ओंदा है। 18 पर मैं बोलदा है, की इस्राएली लोकां पक्का
ही यीशु मसीह दे संदेश दे बारे च सुणया है, क्योंकि ऐ पवित्र शास्त्र च
लिखया है, “उना दे बचन सारिया धरती पर न, कने उना दे बचन
धरतिया दे कुणे-कुणे दीकर पुज्जी गियो न।” 19 मैं फिरी बोलदा
है, की ऐ सच्च है की इस्राएल दे लोक मसीह दे संदेश दे बारे च
समझदे थे, पेहले तां प्रभुऐ मूसा दे जरिये ऐ बोलया, “तुसां यहूदी
लोकां मेरा होर जातियां तांई प्यार दिखीकरी जलना है, मैं तुसां जो
मुर्ख होर जातियां ला गुस्सा चड़ाणा।” 20 फिरी परमेश्वरे दा संदेश
देणेबाला यशायाह बड़िया हिम्मता ला ऐ बचन सुणाया की, “जड़े

मिंजो नी तोपदे थे, उना मिंजो पाई लिया; कने जड़े मिंजो पूछदे भी
नी थे, उना पर मैं प्रगट होई गिया।" 21 पर परमेश्वरे संदेश देणेबाले
यशायाह दे जरिये इस्राएली लोकां दे बारे च बोलया है, "मैं सारा
दिन अपणे हथ इक हुकम नी मनणे बाली कने बेहस करणे बाली
प्रजा पासे फेलादां रिया की सै मेरे पासे मुड़न।"

**11** इस तांई मैं पुछदा है, क्या परमेश्वरे अपणिया प्रजा जो छडी
दिता? नी बिलकुल नी! मैं भी तां इस्राएली है; अब्राहम दे बंश
कने बिन्यामीन दे गोत्र दा है। 2 परमेश्वरे अपणिया उस प्रजा जो नी
छडया, जिसा जो उनी पेहले ला ही चुणया था: तुसां जाणदे न की
पबित्र शास्त्र परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले एलिय्याह दे बारे च क्या
बोलदा है: की सै इस्राएली लोकां दे खिलाफ परमेश्वरे ने बिनती
करदा है। 3 उनी बोलया "प्रभु जी, उना तेरे संदेश देणेबालयां जो
मारी दिता, कने उना तेरिया वेदिया जो डाई दितया है, मैं ही सिर्फ
किला बचया जड़ा तिजो पर भरोसा करदा है, सै मिंजो भी मारणे तांई
तोपा दे न।" 4 पर परमेश्वरे एलिय्याह ने बोलया, "मैं अपणे तांई
सत हजार माणुऐ जो रखया है, जड़े बाल देवता दी मूर्तिया अग्गे नी
झुके।" 5 इयां ही हुण भी, परमेश्वर दे अनुग्रह ने ऐथू थोड़े दे यहूदी
न जिना जो परमेश्वरे अपणे सच्चे लोक होणे तांई चुणया है। 6
परमेश्वरे उना जो अनुग्रह दे जरिये चुणया है, ऐ भले कम्म करणे ने
नी होया है। अगर ऐ भले कम्मा ने है, तां अनुग्रह फिरी अनुग्रह
नी रिया। 7 इदा नतीजा ऐ होया: की इस्राएली लोकां परमेश्वर
दिया नजरा च धर्मी बणने दी कोशिश किती, पर कामयाब नी होऐ,
पर जिना लोकां जो परमेश्वरे चुणया, सै परमेश्वरे दिया नजरा च
धर्मी बणे। दुजयां जो जिद्दी बणाई दिता कने उना परमेश्वरे दी सुणने
ला मना करी दिता। 8 जियां पबित्र शास्त्र च यशायाय लिखया है,
"परमेश्वरे उना जो हले दीकर सुस्त दिमाग दितया है, उना दियां
हखी तां हेन पर उना जो सच्चाई नी मिलदी कने कन्ना ला सुणदे तां
हेन, पर समझदे नी न।" 9 कने राजा दाऊद बोलदा है, "मैं विनती
करदा है की उना लोकां दियां सारियां आशीषां उना जो खत्म होणे
दी बजा बणी जा, ऐथू दीकर की सै उजड़ी जान कने उना जो सजा
मिल्ले। 10 कने उना दियां हखी अन्निया होई जान, ताकि सै दिखी
नी सकन, कने हर बकत अपणी मुसीबतां च दबुई रेन।" 11 तां मैं
पुछदा है, की उना क्या इस तांई: "क्या इस्राएली लोक ठोकर लगणे
दिया बजा ने हमेशा तांई खत्म होई गियो न? नी बिलकुल नी! पर
उना दे अविश्वास दिया बजा ने होर जातियां जो उद्धार मिल्ला, ताकि
इस्राएली लोकां जो होर जातियां ला जलन हो।" 12 अगर इस्राएली
लोकां दा अविश्वास होर जातियां दी भलाई दी बजा बणदा है, तां
इस्राएली लोकां दा परमेश्वरे बाल बापस ओणे पर बड़ा अच्छा होणा।
13 मैं होर जातियां ने ऐ गल्लां बोलदा है। हुण जालू मैं होर जातियां
तांई प्रेरित है, मिंजो अपणी सेबकाई पर घमंड है। 14 ताकि मैं कियां
भी करिरी यहूदी लोकां जो जलन करवाई करी उना चे केईयां जो
बचाई सके। 15 क्योंकि जालू की उना दा परमेश्वरे जो छडी जाणे
दिया बजा ने संसारे दे लोकां दा परमेश्वरे सोगी मेल होया था, तां
उना दा मसीह जो अपनाणा, इक मरयो होऐ माणुऐ सांई होणा जड़ा
दुबारा जिन्दा होई गिया है। 16 मैं इस्राएली लोकां दे बारे च तुसां जो
इक उदाहरण दिन्दा है। ऐ साड़ा इस्राएली लोकां दा रिबाज है, असां
जालू रोटी बणाने तांई आटा गुनदे न, तां असां परमेश्वरे जो भेंट
चढ़ाणे तांई मुठी भर आटा लेंदे न, अगर सै इक मुठी परमेश्वरे दी है,
तां इदा मतलब है की पूरा आटा भी परमेश्वरे दा है। तियां अगर रुखे
दी जड़ परमेश्वरे दी है, तां इदा मतलब है की रुखे दियां सारियां
डालियाँ भी परमेश्वरे दियां न। 17 इस्राएली लोक इक अच्छे जैतून
रुखे दियां डालियाँ सांई न कने उना दे पूर्वज अब्राहम, इसहाक कने
याकूब उस रुखे दियां जड़ा सांई न। होर जातियां जंगली जैतून रुखे
दियां डालियाँ सांई न, जड़ियां कलम करी के उना बडियां डालियाँ
दिया जगा च उस अच्छे जैतून रुखे च लाइयां न, हुण सै डालियाँ
उस रुखे दिया जड़ा दियां हिस्सेदार न। 18 तां तू अपणे आप जो उना
बडियां डालियाँ ला जादा मत समझदे। अगर तू जादा समझदा है, तां
याद रख की तू जड़ा जो नी सम्भालदा, पर जड़ तिजो सम्भालदी
है। 19 तां तू अपणे मने च ऐ मत सोचदा की परमेश्वरे इस्राएली
लोकां जो उना डालियाँ सांई ठुकराई दिता जड़ियां इक रुखे ला तोड़ी
दितियां जांदियां, ताकि सै होर जातियां जो अपनाई सके, जड़ियां
उना डालियाँ सांई न जिना जो कलम कितया है। 20 ऐ सच्च है, सै
तां अविश्वास दिया बजा ने तोड़ियां, पर तू अपणे भरोसे दिया बजा ने
टिकी रेंदा है, इस तांई घमंड मत कर, पर परमेश्वरे दा डर मन, 21
क्योंकि जालू परमेश्वरे असली डालियाँ पर दया नी किती, तां तिजो
पर भी दया नी करणी। 22 इस तांई तू परमेश्वरे दिया कृपा कने
सकताई पर बिचार कर! पर जड़े डेई पियो न उना पर सकताई कने
तिजो पर दया, अगर तू उदिया दया च बणी रे, नी तां तू भी कटी
करी लग करी देणा। 23 अगर इस्राएली लोक भी भरोसा करणा शुरू
करगे तां उना जो फिरी ला कलम लगाई देणे न, क्योंकि परमेश्वर
उना जो फिरी कलम करी सकदा है। 24 कुसी जंगली डालिया दा
अच्छे रुखे दा हिस्सा बणना स्भाभिक नी है। कने तुसां जड़े यहूदी नी
न इक जंगली जैतून रुखे ला बडियां डालियाँ सांई न कने इक अच्छे
जैतून रुखे ने जुड़ी गियो न। पर सै यहूदी इक डालिया सांई न जड़ी
अच्छे रुखे च बडूई थी, उना जो पक्का ही दुबारा ला अपणे रुखे
ने जोड़या जाई सकदा है। 25 हे मेरे मसीह भाईयो, मैं नी चांदा
की तुसां इसा गल्ला ला अनजाण रिया, इयां ना हो की तुसां अपणे
पर घमंड करणा लगी पोन, ऐ सच्च है की इस्राएल दे केई लोक
भरोसा करणे तांई तैयार नी न, पर जालू परमेश्वरे पर भरोसा करणे
बाली होर जातियां दे लोकां दी संख्या पुरी होई जांगी, तां इस्राएल दे
लोकां भरोसा करणा कने परमेश्वरे बाल बापस आई जाणा। 26 इयां
होणे बाद सारे इस्राएली लोकां दा उद्धार होणा, जियां पबित्र शास्त्र च
लिखया है, "छुड़ाणे बाले यरूशलेम शेहर ला ओणा है, कने अभक्ति
जो याकूबे दे बंश ला दूर करणा। 27 कने उना सोगी मेरा ऐई बायदा
होणा, जालू की मैं उना दे पापां जो माफ करी देणा।" 28 यहूदी
लोक परमेश्वरे दे दुशमण न, क्योंकि सै शुभसमाचार पर भरोसा नी
करणा चांदे न, कने ऐ तुहाड़े तांई फायदा बणी गिया है। पर परमेश्वर
उना ने प्यार करदा है क्योंकि परमेश्वरे उना जो अपणे तांई चुणी

लिया। इसा गल्ला दा परमेश्वरे उना पूर्वजां ने वायदा कितया था।
29 क्योंकि परमेश्वर अपणे बरदाना ने, कने बुलाहट ला कदी भी
अपणा मन नी बदलदे। 30 क्योंकि जियां होर जातियां दे लोकां
पेहले परमेश्वरे दा हुकम नी मनया पर इस्राएली लोकां दे हुकम नी
मनणे दिया बजा ला हुण तुसां पर दया होई है। 31 तियां ही उना भी
हुण हुकम नी मनया की तुसां पर जड़ी दया होंदी है इसला उना पर
भी दया हो। 32 क्योंकि परमेश्वरे सारायां जो हुकम नी मनणे दी
आजादी दिन्दा है, ताकि परमेश्वर सारयां लोकां पर अपणी दया
दस्सी सके। (eleēsē g1653) 33 वाह, परमेश्वरे दे अनुग्रह दा धन
कने अकल, कने ज्ञान कितणा ही गंभीर है! कोई भी उदे सोच बिचार
जो नी जाणी सकदा, कने ना ही उदे रस्तयां जो जाणी सकदा है! 34
“प्रभु दे बिचारां जो कोई भी नी जाणी सकदा, ना ही कोई उदा
सलाहकार बणी सकदा है,” 35 कने कुनी भी परमेश्वरे जो कुछ नी
दितया की परमेश्वरे जो सै उसयो बापस करणा पोऐ। 36 क्योंकि
सब कुछ परमेश्वरे ला ओंदा है। उनी सब कुछ बणाया है, सब कुछ
उदा है। उदी महिमा युगां-युगां दीकर होंदी रे। आमीन। (aiōn g165)

**12** इस तांई हे मसीह भाईयो, मैं तुसां ला परमेश्वरे दी दया याद
करवाई करी बिनती करदा है, की तू अपणी जिन्दगिया जो
जिन्दी, पवित्र, कने परमेश्वरे जो खुश करणे बाला बलिदान करिरी
चढ़ा; परमेश्वरे दी सेबा करणे दा ऐई सही तरिका है। 2 कने इस
संसारे दे लोकां सांई मत बणा; पर तुहाड़े सोचणे दे तरीके जो परमेश्वरे
जो बदलना दे ताकि तुहाड़ा चाल चलण भी बदली जाऐ, इयां करिके
तुसां जो पता लगी जाणा की परमेश्वर क्या चांदा है, कने उदिया
नजरा च क्या भला, सिद्ध कने सही है। (aiōn g165) 3 क्योंकि
मैं उस अनुग्रह दिया बजा ला जड़ा परमेश्वरे ला मिंजो मिलया है,
तुसां चे हर इकी जो बोलदा है, की जियां समझणा चाईदा, उसला
बदीकरी कोई भी अपणे आपे जो ना समझे; पर जियां परमेश्वरे हर
इकी दे उदे भरोसे दे अनुसार बंडया है, तियां ही अच्छी समझा ने
अपणे आपे जो समझा। 4 क्योंकि जियां साड़े इक शरीरे च मते भरी
अंग न, कने सारे अंगा दा कम्म इक्कोदिया नी है; 5 तियां ही, असां
जालू मसीह पर भरोसा करदे न, असां सारे मसीह दे शरीरे दे अंग न,
कने असां सारे इक दुज्जे ने जुड़यो न। 6 कने जालू की उस अनुग्रह
दे अनुसार जड़ा परमेश्वरे सांझो दितया है, सांझो लग-लग बरदान
मिलयो न। तां जिसयो भविष्यद्वाणी दा बरदान मिलया हो, उसयो सै
बोलणा चाईदा जिसदा उसयो भरोसा है की सै परमेश्वरे उसयो बोलया
है। 7 अगर दुज्जयां दी सहायता करणे दा बरदान मिलया हो, तां इस
कम्मे च लगी रे, अगर कोई सिखाणे बाला हो, तां सिखाणे च लगी
रे; 8 अगर कुसी जो लोकां जो उत्साहित करणे दा बरदान मिलया
हो, सै उत्साहित करणे च लगी रे, अगर कुसी जो दुज्जयां दी जुरूरतां
जो पूरा करणे दा बरदान हो, तां उस दान जो जादा ला जादा दे कर,
अगर कुसी जो अगुवाई करणे दा बरदान मिलया हो, तां सै पूरी लगन
ने करे, जड़ा दया करे, सै खुशिया ने दया करे। 9 दुज्जयां ने प्यार
करणे दा दिखाबा ना करे, बुराईया ने नफरत करा, जड़ा परमेश्वरे
दिया नजरा च अच्छा है, उसयो करणे च लगी रिया। 10 परिबारे
सांई इक दुज्जे ने प्यार करा; अपु चे इकी दुज्जे दी इज्जत बदीकरी
करा। 11 सकत मेहनत करा कने आलसी मत बणा; उत्साह च बणी
रिया, पुरे मने ने प्रभु दी सेबा करदे रिया। 12 तुहाड़े बाल जड़ी आस
है, उदे च खुश रिया; कला कलेश च सबर रखा, हर बकत प्राथना
च लगी रिया। 13 पबित्र लोकां जो जड़ा कुछ जरूरी हो, उना दी
सहायता करा; मेहमाना दा आदर सत्कार करदे रिया। 14 अपयों जो
परेशान करणे बालयां जो आशीष दिया; आशीष दिया पर श्राप नी।
15 खुशी मनाणे बालयां सोगी खुशी मना, कने रोंणे बालयां सोगी
रोआ। 16 इक दुज्जे दा उतणा ही ध्यान रखा जितणा की अपणा
रखदे न; घमंड मत करा, पर गरीबां ने मिली जुली करी रिया;
अपणे आपे जो अकलमंद मत समझा। 17 बुराईया दे बदले कुसी ने
बुराई मत करा; जड़ियां गल्लां सारे लोकां तांई खरियां न, उना दी
चिंता करा। 18 जिथू दीकर होई सके, तुसां सबना लोकां सोगी मेल
जोल रखा। 19 हे प्यारो अपणा बदला मत लेंदे; पर परमेश्वरे जो
अपणे तांई बदला लेणा दिया, क्योंकि पवित्र शास्त्र च प्रभु बोलदा है,
“बदला लेणा मेरा कम्म है, प्रभु बोलदा है मैं ही बदला देणा।” 20
पर पवित्र शास्त्र च ऐ भी लिख्या है, “अगर तेरा दुशमण भूखा है तां
उसयो खाणां दे, अगर प्यासा है तां उसयो पाणी पिया; क्योंकि इयां
करणे ने तू उसयो शर्मिंदा करी देणा।” 21 बुराईया जो अपणे पर
जितणा मत दिया पर भलाईया ने बुराईया जो जीती लिया।

**13** हर इक माणु शासन दे अधिकारियां दे अधीन रे; क्योंकि
सारे अधिकार परमेश्वर दिया तरफा ला होंदे न; कने जड़े
अधिकार न, सै परमेश्वरे ही दितयो न। 2 इस तांई जड़ा कोई ऐसे
लोकां दा बिरोध करदा है जिना बाल शाशन करणे दा अधिकार है, सै
परमेश्वरे दे नियमा दा बिरोध करदा है, कने बिरोध करणे बालयां जो
सजा मिलणी। 3 क्योंकि अगर कोई अच्छे कम्म करदा है तां, उना
जो अधिकारियां ला डरने दी जरूरत नी है; अगर सै बुरे कम्म करदा
है तां उसयो डरने दी जरूरत है, अगर तुसां अधिकारियां ला डरणा
नी चांदे न तां भले कम्म करा जिसला सै तुहाड़ी तारीफ करन। 4
क्योंकि अधिकारी लोक तेरिया सहायता तांई परमेश्वरे दे सेवक न।
पर अगर तू बुराई करे, तां तू डर; क्योंकि अधिकारियां बाल तुसां
जो सजा देणे दा हक है कने सै परमेश्वरे दे सेवक न, जिना जो इस
तांई भेजया है की सै उना लोकां जो सजा देन जड़े गलत कम्म करदे
न। 5 तुसां जो ऐसा सिर्फ सजा ला बचणे तांई ही नी करणा चाईदा,
पर इस तांई भी की तुहाड़ी अंतरात्मा साफ रे। 6 इस तांई करी भी
दिया, क्योंकि शासन करणे बाले परमेश्वरे दे सेवक न, कने हमेशा
अपणी जिम्मेबारियां जो निभाणे च अपणी जिन्दगी लाई दिन्दे न। 7
इस तांई जिसयो जड़ा मिलणा चाईदा, तुसां जो सै उसयो देणा चाईदा;
जिसयो कर चाईदा, उसयो कर दिया, जिसयो चुंगी चाईदी, उसयो
चुंगी दिया; जिसला डरणा चाईदा उसला डरा; जिसदी इज्जत करणा
चाईदी उदी इज्जत करा। 8 तुसां सारयां जो सिर्फ इक ही गल्ला दा
कर्जदार होणा चाईदा कने सै ऐ है, की तुसां सारे इक दुज्जे ने प्यार
रखा; क्योंकि जड़ा दुजयां ने प्यार रखदा है, उनी ही व्यवस्था पुरी
किती है। 9 क्योंकि मूसा दी व्यवस्था च मते हुकम न, “व्यभिचार

नी करणा, हत्या नी करणी, चोरी नी करणी, लालच नी करणा,''
इना जो छडी के होर कोई भी हुकम हो तां सारयां दा निचोड़ इस
हुकम च है, ''की जितणा अपणे आपे ने प्यार करदे न, दुज्जयां ने
भी उतणा ही प्यार करा।'' 10 प्यार पड़ोसियां दी कुछ बुराई नी
करदा, जड़ा प्यार करदा है, सै व्यवस्था जो पूरा करदा है। 11 तुसां
चे हर इक जणे जो इक दुज्जे ने प्यार करदे रेणा चाईदा क्योंकि सै
बकत नेड़े है, जालू परमेश्वरे सांझो इसा बुरिया दुनिया ला बचाणा
है। जालू असां पैली बरी यीशु मसीह पर भरोसा किता, उस बकते
ला तां ऐ होर भी नेड़े है। इसयो समझीकरी तुसां जो अपणी निंद्रा
ला जागणा कने साबधान रेणा चाईदा। 12 ''इसा बुरी दुनिया च
रेणे दा साड़ा बकत लगभग खत्म होई गिया है इक रात सांई, जड़ी
लगभग खत्म होई गेई है, कने सै बकत भी नेड़े है जालू मसीहे
बापस ओणा है।'' सांझो उना चीजां जो भी करणा बंद करी देणा
चाईदा जड़ियां बुराईया ने जुड़ियां न, कने सांझो लौई च इस्तेमाल
होणे बाले हथियारां दा इस्तेमाल करणा चाईदा। 13 असां जो लौई च
रेणेबाले लोकां सांई अपणा चाल चलन ठीक करणा चाईदा, ना की
खेलणे कूदणे च, ना खाणां पींणे च, ना व्यभिचार च, ना लुचापन
च, कने ना ही लड़ाई झगड़े कने जलन च। 14 पर प्रभु यीशु मसीह
तुहाड़ा कवच बणी जा, ताकि तुहाड़ी रक्षा करी सके, कने पापी
सभाब दियां इच्छां जो पूरा करणे दी कोशिश मत करा।

**14** जड़ा मसीह भाई भरोसे च कमजोर है उदियां मानयता दे बारे
च कुसी भी शके दे विना ही अपनाई लिया, उदे सोगी बेस
मत करा की क्या करणा चाईदा या क्या नी करणा चाईदा। 2
क्योंकि इकी जो भरोसा है, की सब कुछ खाणां ठीक है, पर जड़ा
भरोसे च कमजोर है, सै सिर्फ साग पत्ते ही खांदा है। 3 जड़े मास
खांदे न, सै मास नी खाणे बालयां जो नीच ना समझन कने मास नी
खाणे बाला, मास खाणे बालयां पर दोष ना लाऐ; क्योंकि परमेश्वरे
दोनों जो अपनांदा है। 4 इस तांई तिजो कुसी दे भी सेवके दा न्याय
नी करणा चाईदा, उदा सफल होणा या नी होणा दोनों उदे मालिके ने
ही सम्बन्ध रखदा है, उनी पक्का ही सफल होई जाणा क्योंकि प्रभु
उसयो सफल करी सकदा है। 5 इयां ही कोई तां इक दिने जो दुज्जे
दिने ला बदिया मंदा है, कने कोई सारे दिना जो इकोदे मंदा है, हर
इक जो यकीन होणा चाईदा की जड़ा सै सोचदा है सै सही है या नी।
6 जड़ा कोई कुसी दिने जो मनदा है, सै इस तांई करदा है क्योंकि सै
प्रभु दी इज्जत करणा चांदा है, जड़े मास खांदे न, सै भी प्रभु तांई
खांदे न, क्योंकि सै परमेश्वरे दा धन्यबाद करदा है, कने जड़ा मास
नी खांदा है, सै प्रभु तांई नी खांदा है कने परमेश्वरे दा धन्याबाद
करदा है। 7 असां सारे प्रभु दे न। इस तांई साड़ी जिन्दगी च कने
साड़िया मौत च सांझो सिर्फ प्रभु जो खुश करणा चाईदा ना की अपु
जो। 8 क्योंकि अगर असां जिंदे न, तां प्रभु तांई जिंदे न, अगर असां
मरदे न, तां प्रभु तांई मरदे न; तां असां जिन या मरन, असां प्रभु दे ही
न। 9 क्योंकि मसीह इसी तांई मरया कने फिरी जिन्दा होई गिया
क्योंकि सै सेई है, सै जिन्दे कने मरयो दोनों दा प्रभु है। 10 तू कजो
अपणे मसीह भाईऐ पर दोष लगांदा है? या तू कजो अपणे मसीह
भाई जो बुरा समझदा है? साड़ा सारयां दा परमेश्वरे न्याय करणा।
11 क्योंकि पवित्र शास्त्र च लिखया है, ''प्रभु बोलदा है, मैं अपणी
जिन्दगी दी कसम खांदा है की हर इकी माणुऐ मेरे सामणे गोडे टेकणे
न, कने हर इक माणुऐ परमेश्वरे जो अपनाणा।'' 12 असां चे हर
इकी जणे जो अपणे-अपणे करमा दा लेखा परमेश्वरे जो देणा पोंणा।
13 तां असां अग्गे ला इकी दुज्जे पर दोष नी लान, पर तुसां ऐई
ठांणी लिया की कोई भी अपणे भाई या बेहणा दे पाप करणे दी बजा
ना बणे। 14 मैं जाणदा है, कने प्रभु यीशु ला मिंजो ऐ पक्का होया
है, की सारे खाणे बालियां चीजां ठीक न, पर जड़ा उसयो अशुद्ध
समझदा है, उदे तांई अशुद्ध है। 15 अगर तेरा भाई या बेहण तेरे खांणे
दिया बजा ला उदास होंदा है तां तेरे अंदर प्रभु दा प्यार नी है, तां
अपणे खाणे दिया बजा ला उदा विनाश मत कर, जिदे तांई मसीह
मरी गिया था। 16 इस तांई भले ही जड़ा तुसां करा दे न सै खरा है,
पर अगर कोई उसयो बुरा मनदा है, तां उस कम्मे जो मत करा। 17
क्योंकि परमेश्वरे दा राज्य सिर्फ खांणे पिणे दे बारे च नी है, पर
पवित्र आत्मा च धार्मिकता, शांति कने खुशी च है। 18 जड़ा कोई
इस तरीके ने मसीह दी सेबा करदा है, परमेश्वर उसला खुश होंदा है
कने लोक भी उदे बारे च खरा बोलदे न। 19 इस तांई सांझो हमेशा
सेई करणे दी कोशिश करणी चाईदी जड़ा लोकां बिच शांति दी बजा
बणे कने इक दुज्जे जो भरोसे च मजबूत करे। 20 तुहाड़े खांणे पिणे
दिया चिजां ला परमेश्वरे दा कम्म ना बिगड़े, सब कुछ ठीक तां है,
पर कुछ ऐसी चीज खाणा गलत है अगर सै दुज्जे माणुऐ जो पाप
करणे दी बजा बणे। 21 खरा तां ऐ है, की तू ना मांस खाये, कने ना
दाखरस पिऐ, कने ना कुछ ऐसा करे, जिसने तेरा भाई या बेहण पाप
करे। 22 तुसां भरोसा करी सकदे न, की तुसां जड़ा करा दे न, उस
सोगी कुछ भी गलत नी है, पर इसयो अपणे कने परमेश्वरे दे बिच
रखा। धन्य है सै, जड़ा उसा गल्ला च, जिसयो सै ठीक समझदा है,
अपणे आप जो दोषी नी बणादा। 23 पर साड़े मने च कुछ भी खाणे
दे बारे च शक है कने आखरी च अगर असां फिरी उसयो खाई लेंदे
न, तां असां गलत न, क्योंकि सांझो जड़ा साड़े मने च भरोसा है उदे
अनुसार नी किता है, कने अगर तुसां कुछ सै करदे न जड़ा तुसां जो
लगदा है की ठीक नी है, तां तुसां पाप करदे न।

**15** असां जड़े भरोसे च पक्के न, असां जाणदे न, की इना गल्लां
ला कुछ खास फरक नी पोंदा है, पर असां सिर्फ अपणे आप
जो खुश करणे तांई ऐसा नी करी सकदे। सांझो उना लोकां दे शक
कने कमियां दे बारे च बिचार करणा चाईदा जड़े इना गल्लां जो
गलत मंदे न। 2 असां चे हर इक जो ऐसा करणा चाईदा जड़ा साथी
मसीह भाई या बेहणा जो खुशी दे कने दुज्जयां जो भरोसे च मजबूत
करणे च सहायता करा। 3 क्योंकि मसीहे अपणे आपे जो खुश नी
किता, पर जियां पवित्र शास्त्रां च लिखया है, ''तेरी निंदा करणे बालयां
मेरी निंदा भी किती।'' 4 जितणियां गल्लां पेहले ला पवित्र शास्त्रां च
लिखियां न, सै साड़िया ही शिक्षा तांई लिखियां न ताकि असां सबर
कने पवित्र शास्त्र ला मिलणे बाले होसले दे जरिये आस रखी सकन
ताकि परमेश्वरे जड़ा बायदा कितया था, सै करणा। 5 मैं प्राथना

करदा है की परमेश्वर तुसां जो सबर कने उत्साहित करे, की तुसां
यीशु मसीह सांई बणी करी अपु चे इक जुट होईकरी रेन। 6 ताकि
तुसां सारे सोगी मिली करी साड़े प्रभु यीशु मसीह दे पिता परमेश्वरे
दी महिमा करन। 7 इस तांई इक दुज्जे जो अपनाई लिया जियां
मसीहे तुसां जो अपनाई लिया है; ताकि लोक परमेश्वरे दी तारीफ
करन। 8 मैं बोलदा है, की जड़े बायदे पूर्वजां जो दितयो थे, उना
वायदयां जो सच्च करणे तांई कने ऐ दसणे तांई की परमेश्वर भरोसे
दे लायक है, मसीहा यहूदी लोकां दा सेवक बणया। 9 कने होर
जातियां भी परमेश्वरे दी दया दिया बजा ने परमेश्वरे दी स्तुति करन,
जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है, "इस तांई मैं कने होर जातियां दे
लोकां च तेरी स्तुति करांगा, कने तेरे भजन गांगा।" 10 पवित्र शास्त्र
च ऐ भी लिखया है, "होर जातियां दे सारे लोक, परमेश्वरे दी प्रजा
सोगी खुशी मना।" 11 कने फिरी ऐसा भी लिखया है, "हे होर
जातियां दे सारे लोको, प्रभु दी स्तुति करा; कने हे राज्य-राज्य दे सारे
लोको; उदी स्तुति करा।" 12 कने फिरी परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला
यशायाह भी बोलदा है, "यिशै दी इक जड़ पैदा होणी है, कने होर
जातियां पर शाशन करणा, उस पर होर जातियां दे लोकां आस रखणी
की उनी सांझो बचाणा।" 13 मैं प्राथना करदा है की परमेश्वर जड़ा
साड़ा दाता है, तुसां जो पूरे तरीके ला खुशी कने शांति दा आनंद लेणे
तांई सहायता करी सके, ताकि पवित्र आत्मा दिया शक्तिया ने तुहाड़ी
आस बददी जा। 14 हे मेरे मसीह भाईयो; मैं अपु भी तुसां दे बारे च
पक्का जाणदा है, कने तुसां भी अच्छे ने जाणदे न की परमेश्वर क्या
चांदा है, की तुसां जो क्या करणा चाईदा कने इक दुज्जे जो सिखाई
सकदे न। 15 तमी मैं कुथी-कुथी तुसां जो याद दिलाणे तांई तुसां जो
बड़ी हिम्मत करिके लिखया है, ऐ उस अनुग्रह दिया बजा ने होया
है, जड़ा परमेश्वरे ला मिंजो मिलया है। 16 ताकि मैं होर जातियां तांई
मसीह यीशु मसीह दा सेवक होईकरी मैं इक याजक सांई परमेश्वरे
ला मिलियो शुभसमाचार सुणाणे दी सेबा करदा है; ताकि होर जातियां
जो परमेश्वरे दे सामणे भेंट दे रूपे च दितया जाऐ जिसने सै खुश है,
कने जिना जो पवित्र आत्मा पवित्र बणाया है। 17 मैं यीशु मसीह
दिया बजा ने हर इक उसा गल्ला दे बारे च जड़ी परमेश्वरे दी सेबा ने
जुड़ियो है उसा पर घमंड करी सकदा है। 18 क्योंकि जड़ा मसीहे
मेरे तांई कितया है, इसा ही बजा ने मैं ऐ हिमता ने बोली सकदा है
की मैं होर जाति दे लोकां जो परमेश्वरे दे हुकमा दा पालन करबाणे दे
काबिल है। जालू सै मेरियां गल्लां जो सुणदे न कने मेरे कम्मा जो
दिखदे न तां सै यीशु मसीह पर भरोसा करदे न। 19 पवित्र आत्मा दे
जरिये मिंजो दितियो शक्ति ने मैं अनोखे कम्म कने चमत्कार करदा
है, इस तांई जिथू भी मैं यरूशलेम ला इलिरिकम दीकर गिया है,
ओथु मैं सारे लोकां जो, यीशु मसीह दे बारे च शुभसमाचार सुणादा
है। 20 पर मेरे मने दी इच्छा ऐ है, की शुभसमाचार दा प्रचार उना
जगां च हो, जिथू यीशु मसीह दे बारे च हले दीकर सुणया ना हो; मैं
ओथु शुभसमाचार दा कम्म नी करी सकदा जिथू कुनी होरनी पेहले
ही शुरू करी दितया हो। 21 मैं उसा गल्ला जो पूरा करणा चांदा है
जड़ा पवित्र शास्त्र च लिखया है, "जिना जो शुभसमाचार दे बारे च
दसया ही नी है, उना दिखणा है कने जिना कदी उदे बारे च सुणाया
नी है, उना भी समझणा।" 22 ऐ सेई बजा है की तुसां ने मिलणे तांई
मेरे ओणे च मुशकिल ओंदी रेई। 23 पर हुण इना प्रदेशां च, मैं अपणा
कम्म पूरा करी लिया है, कने बडे सालां ला मिंजो तुहाड़े बाल ओंणे
दी इच्छा है। 24 इस तांई जालू मैं इसपानिया देश जो जांगा तां तुहाड़े
बाल होंदा जांगा क्योंकि मिंजो आस है, की उस यात्रा च तिजो ने
मिल्ले, कने तुहाड़े सोगी संगती करिके खुश होई जां, मैं चांदा है की
तुसां मिंजो मेरी इसपानिया देश दी यात्रा तांई सहायता करन। 25 पर
हुण तां मैं परमेश्वरे दे पवित्र लोकां ने मिलणे तांई यरूशलेम शेहर जो
चलया है। 26 क्योंकि मकिदुनिया कने अखाया प्रदेशे दे लोकां ऐसा
करणा इक खरी गल्ल समझी, की जड़े यरूशलेम शेहर दे परमेश्वरे दे
लोक न कने गरीब न उना तांई कुछ चंदा भेज न। 27 उना ऐ खुशिया
ने कितया है, सै यरूशलेम शेहरे दे लोकां दे कर्जदार न, क्योंकि होर
जातियां जो यरूशलेम शेहर च रेणेबाले विश्वासियां ला खुशखबरी दी
आत्मिक आशीषां मिलियां न, इस तांई उना जो लगदा है की इदे
बदले च उना दी कुछ चंदा देईकरी सहायता करी सकदे न। 28 इस
तांई मैं सबते पेहले यरूशलेम शेहर चलया है ताकि उना जो ऐ गठेरेया
चंदा देई सकें। उदे बाद, फिरी मैं रोम देश च आई करी तुसां ने मिलणे
बाद इसपानिया देश जो जांणा। 29 कने मैं जाणदा है, की जालू
मैं तुहाड़े बाल ओणा, तां मसीह दी खास आशीष जो तुहाड़े सोगी
बंडगा। 30 कने हे मसीह भाईयो; प्रभु यीशु मसीह च साड़े भरोसे
कने पवित्र आत्मा सांझो जड़ा प्यार दितया है उदिया बजा ने, मैं तुसां
ने बिनती करदा है की तुसां मेरे तांई परमेश्वरे ला बड़ी इमानदारिया
ने प्राथना करा। 31 की मैं यहूदिया प्रदेशे दे अविश्वासियां ला बची
रे, कने इस तांई भी प्राथना करा की ओथु दे विश्वासी भी मेरे इस
तोफे जो ग्रहण करी लेन जड़ा मैं अपणे सोगी यरूशलेम शेहर जो लेई
चलया है। 32 कने मैं परमेश्वरे दिया इच्छा ने तुहाड़े बाल खुशिया
ने आई करी तुहाड़े सोगी अराम करे। 33 मैं प्राथना करदा है की
परमेश्वर, जड़ा शांति दिन्दा है, तुसां सारयां सोगी हो। आमीन।

**16** मैं तुसां ने फीबे तांई बिनती करदा है, जड़ी साड़ी साथी
विश्वासी बेहण है कने क्रिंख्रिया शेहर दिया कलीसिया दी
सेविका है, मैं चांदा है की तुसां इसा दी इज्जत करा। 2 जड़ा प्रभु दा
है, उदा स्वागत करा; कने जिसा गल्ला च उसा जो तुहाड़ी सहायता
चाईदी होंगी, तां उसा दी सहायता करा; क्योंकि उना मतयां दी
सहायता कितियो है कने मेरी भी। 3 बेहण प्रिस्का कने उसा दे
घरे बाले अक्विला जो मेरी तरफा ला नमस्कार जड़े यीशु च मेरे
सोगी प्रभु दी सेबा करदे न। 4 उना मेरी जान बचाणे तांई अपणी
जान खतरे च पाई थी, कने सिर्फ मैं ही नी पर होर जातियां दियां
सारियां कलीसियां भी उना दा धन्यबाद करदियां न। 5 कने उसा
कलीसिया जो भी नमस्कार जड़ी उना दे घरे च गिठी होंदी है।
मेरे प्यारे इपेनितुस जो नमस्कार जड़ा आसिया प्रदेश ला मसीह पर
भरोसा करणे बाला पेहला माणु है। 6 मरियम जो नमस्कार, जिना
तुहाड़े तांई बड़ी मेहनत कितियो है। 7 भाई अन्दरूनिकुस कने बेहन
युनियास जो नमस्कार, जड़े मेरे यहूदी विश्वासी भाई न, कने जड़े

मेरे सोगी जेला च थे, कने प्रेरित उना जो अच्छे ने जाणदे न, कने
मिंजो ला पेहले मसीह पर भरोसा करदे थे। 8 अम्पलियातुस जो
नमस्कार, जड़ा प्रभु च मेरा प्यारा भाई है। 9 उरबानुस जो नमस्कार,
जड़े मसीह च साड़े सोगी प्रभु दी सेबा करदा है, कने मेरे प्यारे भाई
इस्तखुस जो भी नमस्कार। 10 अपिल्लेस जो नमस्कार, जड़ा परखे
जाण बाद भी मसीह पर भरोसा करदा रिया। अरिस्तुबुलुस दे परिबारे
जो नमस्कार। 11 मेरा रिशतेदार यहूदी भाई हेरोदियोन जो मेरा
नमस्कार। नरकिस्सुस दे परिबारे दे लोकां जो मेरा नमस्कार, जड़े
प्रभु यीशु मसीह जो मंदे न, 12 बेहण त्रुफेना कने बेहण त्रुफोसा जो
मेरा नमस्कार, जड़ियां प्रभु दी सेबा तांई मेहनत करदियां न। प्यारी
बेहण पिरसिस जो मेरा नमस्कार जिना प्रभु च बड़ी मेहनत किती।
13 रूफुस जो जिसयो प्रभुऐ अपणी सेबा तांई चुणया है, कने उदी माता
जो भी जड़ी मेरे तांई भी माता सांई है, दोनो जो मेरा नमस्कार। 14
असुंक्रितुस कने फिलगोन कने हिर्मेस कने पत्रुबास कने हिमास कने
उदे सोगी दे विश्वासी भाईयां जो मेरा नमस्कार। 15 फिलुलुगुस कने
यूलिया कने नेर्युस कने उदी बेहन, कने उलुम्पास कने उदे सोगी दे
सारे परमेश्वरे दे लोकां जो मेरा नमस्कार। 16 अपु चे इक दुज्जे जो
गले लाईकरी नमस्कार करा: तुसां जो मसीह दी सारी कलीसियां
दिया तरफा ला नमस्कार। 17 हुण हे मसीह भाईयो, मैं तुसां ने बिनती
करदा है, की जड़े लोक कलीसिया च इक दुज्जे ने लड़ाई झगड़ा
करदे न कने जिना दिया बजा ने दुज्जयां लोकां दा भरोसा खत्म होई
जांदा है, ऐ लोक उसा सच्ची शिक्षा दे खिलाफ चलदे न जड़ी तुसां
जो मिलियो है, ऐसे लोकां ला साबधान कने दूर रिया। 18 क्योंकि
ऐसे लोक साड़े प्रभु यीशु मसीह दी नी पर अपणे आप दी सेबा करदे
न; सै छेल-छेल गल्लां करी के लोकां दी चापलूसी करदे न, इयां
करी के सै सीधे-साधे लोकां जो धोखा दिन्दे न। 19 हर कोई जाणदा
है की तुसां कितणे अच्छे ला प्रभु दे हुकम मंदे न; इस तांई मिंजो
तुहाड़े बारे च खुशी होंदी है; पर मैं ऐ चांदा है, की क्या खरा है ऐ
जाणने तांई बुद्धिमान न, पर बुराईयां तांई भोले बणी रिया। 20 शांति
दे परमेश्वरे शैताने जो तुहाड़े अधीन करी देणा। मैं प्राथना करदा है
की साड़े प्रभु यीशु मसीह दा अनुग्रह हमेशा तुसां सबना पर होंदा रे।
21 तीमुथियुस मेरे सोगी कम्म करणे बाले दा, कने लुकियुस कने
यासोन कने सोसिपत्रुस मेरे यहूदी भाई दा, तुसां जो शुभकामनाऐ दे दा
है। 22 मैं तिरतियुस जड़ा पौलुस तांई ऐ चिट्ठी लिखा दा है, अपणी
शुभकामनाऐ तुसां जो भेजा दा है। मैं भी प्रभु दा इक सेवक है। 23
गयुस भी तुसां जो अपणी शुभकामनाऐ भेजा दा है। मैं भी इदे घरे
रेंदा है जिथू कलीसिया गिठी होंदी है। इरास्तुस जड़ा इस शेहरे दा
भण्डारी है, कने साड़े भाई क्वारतुस भी तुहांजो अपणी शुभकामनाऐ
भेजदा है। 24 मैं प्राथना करदा है की साड़े प्रभु यीशु मसीह दा
अनुग्रह तुसां पर रे। 25 हुण सारी महिमा परमेश्वरे जो मिल्ले जड़ी
तुसां जो मजबूत बणाणे च काबिल है कने जिस शुभसमाचार दा मैं
प्रचार करदा है, इस संदेश च यीशु मसीह अपणी उस योजना जो होर
जातियां तांई प्रगट कितया है, जड़ी शुरू ला गुप्त थी। (aiōnios g166)
26 पर हुण प्रगट होईकरी हमेशा दे परमेश्वरे दे हुकमे ने परमेश्वरे दे
संदेश देणेबालयां दियां कताबां दे जरिये सारियां होर जातियां जो
दसया है, की सै भरोसे ने हुकम मनणे बाले होई जान। (aiōnios
g166) 27 उसी इकमात्र बुद्धिमान परमेश्वरे दी यीशु मसीह दे जरिये
युगां-युगां दीकर महिमा होंदी रे। आमीन। (aiōn g165)

# 1 कुरिन्थियों

**1** मैं, पौलुस जड़ा प्रभु यीशु दा प्रेरित होणे तांई परमेश्वरे दिया
इच्छा ला चुणया है कने मैं ऐथू साड़े मसीह भाई सोस्थिनेस
सोगी है। 2 मैं ऐ चिट्ठी परमेश्वरे दिया कलीसिया जो लिखा दा है,
जड़ी कुरिन्थुस शेहर च है, मतलब की उना लोकां जो जिना जो
परमेश्वरे यीशु मसीह सोगी इक करिरी अपणे लोक होणे तांई लग
कितया है कने उनी तुहांजो अपणे पवित्र लोक होणे तांई सदया है;
उनी तुहांजो तियां ही पवित्र कितया है, जियां सै हर जगा दे लोकां जो
पवित्र करदा है जड़े यीशु मसीह पर भरोसा करदे न, जड़ा साड़ा
सारयां दा प्रभु है। 3 मैं प्राथना करदा है की साड़े पिता परमेश्वरे कने
प्रभु यीशु मसीह तुहांजो अनुग्रह कने शांति दे। 4 मैं तुहाड़े बारे च
अपणे परमेश्वरे दा हमेशा धन्यबाद करदा है, क्योंकि उनी अपणे
अनुग्रह ला तुसां जो यीशु मसीह च इक करी दिता कने मतियां
सारियां आशीषां दितियां। 5 मसीह सोगी इक करणे दा मतलब ऐ
है, की परमेश्वरे तुसां जो सै बड़ा जादा दिता जिदी तुहांजो जरूरत
थी, खासकर, उदा संदेश सुणाणे कने उदे बचन दे ज्ञान दियां केई
आत्मिक आशीषां दितियां। 6 इना आत्मिक आशीषां ला जड़ियां
परमेश्वरे तुहांजो दितियां न, तुहांजो साबित किता की मसीह दे बारे
च संदेश सच्चा है। 7 कने इसा बजा ला पवित्र आत्मा तुहांजो सै
सारे हुनर दिते जिना दी तुहांजो जरूरत थी, क्योंकि तुसां प्रभु यीशु
मसीह दे मुड़ी ओणे दा इंतजार करा दे थे। 8 कने परमेश्वरे तुसां जो
आखरी दीकर भरोसे च मजबूत करणा, की तुसां साड़े प्रभु यीशु
मसीह जो धरती पर मुड़ी ओणे दीकर निर्दोष बणी रेन। 9 परमेश्वरे
ऐसा करणा, क्योंकि जड़ा सै बोलदा है उसयो पूरा करणे तांई सै
भरोसे दे काबिल है, कने उनी तुहांजो अपणे पुत्र यीशु मसीह सोगी
रिशता बनाणे तांई सदया है। 10 हे प्यारे भाईयो, मैं साड़े प्रभु यीशु
मसीह दे अधिकारे ला तुहांजो ला बिनती करदा है, की तुसां सब इक
दुज्जे सोगी सेहमती रखा, कने तुसां च फूट ना होऐ, पर इक ही मन
कने इक ही सोच च होईकरी मिली करी रिया। 11 क्योंकि हे मेरे
मसीह भाईयो, खलोए दे परिबारे दे लोकां मिंजो तुहाड़े बारे च दसया
है, की तुसां च झगड़े होआ दे न। 12 मेरे बोलणे दा मतलब ऐ है, की
तुसां चे कोई अपणे आपे जो बोलदा है की मैं "पौलुस दा चेला
है," कोई बोलदा, "अपुल्लोस दा चेला है," कोई बोलदा, "कैफा
दा," कोई बोलदा, "मसीह दा चेला है।" 13 ऐ गल्ल खरी नी
है, क्योंकि मसीह लग-लग टोलियां च नी बंड्या है। शायद तुसां
गलतिया ला ऐ सोचदे न की मैं, पौलुस तुहांजो अजाद कराणे तांई
सूली पर चढ़या था। कने शायद तुसां गलतिया ला ऐ भी सोचा दे न
की तुहांजो इस तांई बपतिस्मा दितया है ताकि तुसां मेरे चेले बणन।
14 मैं परमेश्वरे दा धन्यबाद करदा है, की क्रिस्पुस कने गयुस इना
दोनों भाईयां जो छडी करी, मैं तुसां चे कुसी जो भी बपतिस्मा नी
दितया है। 15 इस तांई कोई ऐसा नी बोली सकदा की तुसां मेरे चेले
बणने तांई बपतिस्मा लिया है। 16 कने मिंजो हुणी याद आया, की मैं
स्तिफनास दे परिबारे जो भी बपतिस्मा दितया; इना जो छडी करी,
मैं नी जाणदा कि मैं कुसी होरसी जो भी बपतिस्मा दितया है। 17
क्योंकि मसीहे मिंजो बपतिस्मा देंणे तांई नी, पर शुभसमाचार सुणाणे
जो भेजया है, जालू मैं शुभसमाचार सुणादां है, तालू बोलणे च मैं
अपणे हुनर दा इस्तेमाल नी करदा है, अगर लोक सिर्फ मेरे हुनर
दिया बजा ला मिंजो मंदे न, तां सै सूली पर मसीह दी मौत दी शक्ति
जो नी जाणदे न। 18 क्योंकि जड़े लोक परमेश्वरे ला लग होई जांगे,
उना जो सजा मिलणी, सै सूली पर मसीह दी शिक्षा दी कोई कीमत
नी समझदे, पर साड़े तांई जड़े बचायो न, असां जाणदे न की ऐ
परमेश्वरे दिया शक्तिया दा सबूत है। 19 क्योंकि पवित्र शास्त्र च
परमेश्वर बोलदा है, "मैं दसणा है की जिना लोकां दे बिचारां जो
संसारे दे लोक बुद्धिमानी बोलदे न, असल च सै बिचार मुर्खता दे न।
मैं साबित करणा है की असल च सै बिलकुल भी समझदार नी न।"
20 तां फिरी, असां बुद्धिमान लोकां दे बारे च क्या बोली सकदे न?
कने असां व्यवस्था जो सिखाणे बालयां दे बारे च बोली सकदे न?
कने असां उना लोकां दे बारे च क्या बोली सकदे जड़े बोलणे च बड़े
चलाक न? परमेश्वरे उना सारयां जो मुर्ख बणाई दितया है, कने उना
दी बुद्धिमानी जो बेकार कने बकवास दसया है। **(aiōn g165)** 21 मैं
ऐसा इस तांई बोलदा है क्योंकि परमेश्वरे समझदारिया ला ऐ फेसला
लिया की इस संसारे दे लोक अपणी काबलियता ला उसयो नी जाणी
सकदे न, इस तांई परमेश्वर उना जो बचादां जड़े शुभसमाचार पर
भरोसा करदे न जिदा असां प्रचार करदे न, चाहे कोई भरोसा नी
करणे बाला बोले की ऐ मुर्खता दियां गल्लां न। 22 यहूदियां तांई ऐ
इस तांई मुर्खता है, क्योंकि सै इसयो सच्च साबित करणे तांई स्वर्ग
ला कोई निशाण मंगदे न, कने होर जातियां तांई भी जड़े इन्सानी ज्ञान
दिया तोपा च रेंदे न। 23 पर असां तां ऐ प्रचार करदे न की मसीह
साड़े पापां ला सांझो छुड़ाणे तांई सूली पर मरया, जड़ा यहूदियां तांई
ठोकर दी बजा है, कने होर जातियां दिया तांई मुर्खता है; 24 पर
जिना जो परमेश्वरे अपणे लोक होणे तांई सदया है, क्या यहूदी, क्या
होर जातियां दोना तांई ऐई मसीह परमेश्वरे दी शक्ति, कने परमेश्वरे
दा ज्ञान है। 25 ऐ परमेश्वरे दी मुर्ख योजना बुद्धिमान माणुआं दी
योजना ला जादा बुद्धिमान है, कने परमेश्वरे दी कमजोरी भी माणुआं
दी सबना ला बडी ताकत ला भी बदीकरी ताकतबर है। 26 हे मसीह
भाईयो, अपणे उना हालतां जो याद रखा जालू परमेश्वरे तुसां जो
मसीह दे पिच्छे चलणे तांई सदया, अगर असां इन्सानी सोचा ला
सोचन, तां तुसां चे मते बुद्धिमान नी थे, कने तुसां चे कोई भी राजा
महाराजे दे खानदान ला नी थे। 27 पर बुद्धिमान लोकां जो शरमिन्दा
करणे तांई, परमेश्वरे उना लोकां जो चुणया जड़े संसारे दिया नजरा च
मुर्ख न कने ताकतबर लोकां जो शरमिन्दा करणे तांई, परमेश्वरे उना
लोकां जो चुणया जड़े संसार दिया नजरा च कमजोर न। 28 कने
परमेश्वरे उना जो चुणया जड़े संसारे दे लोकां दिया नजरा च निच न,
कने जिना दी संसार च कोई कीमत नी है उना जो चुणी लिया ताकि
जड़े अपणे आप जो कीमती समझदे न उना जो बेकार करी दे। 29
परमेश्वरे ऐसा इस तांई कितया ताकि कोई भी माणु परमेश्वरे सामणे
घमंड ना करे। 30 पर परमेश्वरे तुहांजो यीशु मसीह सोगी इक किता,

कने मसीह दे जरिये सांझो बुद्धि दिन्दा है। परमेश्वर सांझो धर्मी
बणादां है, कने मसीह दे जरिये सांझो पवित्र, कने पापां ला छुड़ादां
है। 31 ताकि जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है, तियां ही हो, “जड़ा
घमंड करे सै उस पर घमंड करे जड़ा परमेश्वरे कितया है।”

**2** हे मसीह भाईयों, जालू मैं तुहांजो परमेश्वरे दे बारे च संदेश
सुणाया, तां मैं बड्डे-बड्डे ज्ञान दे अखरां दा इस्तेमाल नी किता कने
ना ही समझदार लगणे दा दिखाबा किता। 2 क्योंकि मैं तुहाड़े बिच
ऐ फेसला करी के आया था, की मैं यीशु मसीह कने उदी सूली पर
मौत दे बारे दे इलाबा होर केसी दे भी बारे च गल्ल नी करणी है। 3
कने जालू मैं तुहाड़े बाल था, तां मैं अपणे आप जो मसीह दा कम्म
करणे दे काबिल नी समझदा था, इसा बजा ला मैं बड़ा कमजोर कने
डरदा होया तुहाड़े सोगी रिया। 4 कने मेरी शिक्षा कने मेरे प्रचार च
संसारिक ज्ञान कने लोकां जो खुश करणे बालियां गल्लां नी थियां;
पर पवित्र आत्मा बड़िया शक्तिया ला प्रगट किता की जड़ी शिक्षा मैं
तुहांजो दिती सै सच्ची है, 5 इस तांई की तुहाड़ा भरोसा माणुऐ दे
ज्ञान पर नी पर परमेश्वरे दिया शक्तियाँ पर निर्भर हो। 6 फिरी भी मैं
उना लोकां जो, जड़े भरोसे च मजबूत न, ज्ञान भरी शिक्षा दिन्दा है;
पर ना ही संसारिक ज्ञान कने ना ही इस संसारे दे हाकिमा दा ज्ञान,
जिना दा नाश होणेबाला है। (aiōn g165) 7 पर असां परमेश्वरे दे उस
ज्ञान दी गल्ल करदे न जड़ा गुप्त था। हल्ले दीकर इसयो कोई नी
जाणदा था, परमेश्वरे धरती बणाणे ला पेहले ही फेसला लिया था,
की उदे ज्ञान ला सांझो महिमा मिल्ले। (aiōn g165) 8 परमेश्वरे दिया
इसा योजना जो संसारे दे हाकिमा चे कुनी भी नी समझया, क्योंकि
अगर जाणदे, तां महिमामय प्रभु जो सूली पर नी चढ़ांदे। (aiōn g165)
9 पर जिईयां पवित्र शास्त्र च लिखया है, “ना कदी कुनी दिखया है,
ना कदी कुनी सुणया, कने ना कदी कुनी उना भली चीजां दे बारे च
सोचया, जड़ियां परमेश्वरे उना लोकां तांई तैयार कितियां न जड़े उदे
ने प्यार करदे न।” 10 परमेश्वरे ऐ गल्लां पवित्र आत्मा जरिये असां
प्रेरितां जो दसियां; क्योंकि ऐसा कुछ नी है जड़ा परमेश्वरे दी आत्मा
नी जाणदा हो। ऐथू दीकर की सै परमेश्वरे डुगे बिचारां जो भी अच्छे
ने जाणदा है। 11 तुसां सेई न जड़े जाणदे न की तुहाड़े अपणे मने च
क्या है, तियां ही परमेश्वरे दिया आत्मा दे सिबाये कोई भी परमेश्वरे दे
बिचारां जो नी जाणी सकदा। 12 पर साड़ी सोच कने बिचार संसारे
दे माणुआं सांई नी न, पर परमेश्वरे सांझो अपणी आत्मा दितियो है,
ताकि असां उना गल्लां जो जाणन, जड़ियां परमेश्वरे अपणे अनुग्रह
ला दितियां न। 13 कने इस तांई असां इना गल्लां जो दुज्जे लोकां
जो दसदे न तां असां ऐसे अखरां दा इस्तेमाल नी करदे, जड़े माणुआं
दे ज्ञाने ला मिलदे न, पर असां उना अखरां दा इस्तेमाल करदे न
जड़े परमेश्वरे दिया जरिये मिलदे न, जड़ा आत्मिक ज्ञाने दे जरिये
आत्मिक गल्लां जो समझांदा है। 14 पर सै माणु जिसयो परमेश्वरे दी
आत्मा नी मिलियो है, सै परमेश्वरे दिया आत्मा दियां गल्लां जो नी
मंदा, क्योंकि सै उदिया नजरा च मुर्खता दियां गल्लां न कने सै इना
गल्लां दी कीमत नी समझदा। 15 जिना जो पवित्र आत्मा मिलया, सै
उना चीजां जो समझी सकदे न, जड़ा पवित्र आत्मा सिखांदी है। पर
जिना लोकां बाल पवित्र आत्मा नी है सै उना लोकां दे बिचारां जो नी
समझी सकदे जिना बाल पवित्र आत्मा है। 16 ऐ सच्च है क्योंकि
पवित्र शास्त्र च लिखया है की, “कोई भी ऐ नी जाणी सकदा की
परमेश्वरे दे मने च क्या है कने कोई भी उसयो सिखाई नी सकदा।”
पर असां भरोसा करणे बाले समझदे न की मसीह दे मने च क्या है।

**3** हे मसीह भाईयो, मैं जालू तुहाड़े सोगी था, तालू मैं तुसां जो गेहरी
गल्लां नी सिखाईयां, जियां की मैं आत्मिक लोकां जो सिखांदा
है, मैं तुसां लोकां ला इयां गल्लां कितियां जियां की तुसां इसा दुनिया
दे लोकां सांई न, या इयां जियां की तुसां मसीह जिन्दगी च बच्चे न।
2 मैं तुहांजो परमेश्वरे दे बचने ला सिर्फ बुनियादी शिक्षा दिती, कने
गेहरी शिक्षा नी दिती, क्योंकि उस बकत तुसां इसा शिक्षा जो पाणे
तांई तैयार नी थे, 3 क्योंकि तुसां हल्ले दीकर भी संसारे दे लोकां
सांई जिन्दगी जिया दे न। इस तांई की जालू तुसां च इक दुज्जे सोगी
जलन कने झगड़ा होंदा है, तां ऐ साबित करदा है की तुसां संसार दे
लोकां सांई न। कने तुसां उना लोकां सांई जिन्दगी जिन्दे न जड़े
लोक प्रभु दे लोक नी न। 4 इस तांई की जालू इक बोलदा है की,
“मैं पौलुस दा है,” कने दुज्जा बोले कि, “मैं अपुल्लोस दा है,” तां
क्या तुसां संसार दे लोकां सांई नी करदे न? 5 तां फिरी सोचा की
अपुल्लोस कुण है? कने मैं पौलुस कुण है? असां तां सिर्फ परमेश्वरे दे
सेवक न, जिना दे जरिये तुसां मसीह पर भरोसा किता, असां चे हर
इक जणे सेई कम्म किता जड़ा परमेश्वरे सांझो करणे तांई दिता।
6 अगर मैं तुसां दी तुलना खेतरे सोगी करें, तां मैं उस माणुऐ सांई
है जिनी पेहले तुसां च शुभसमाचार दा बी राया, कने अपुल्लोस
उस माणुऐ सांई है जिनी उस बूटे जो खाद पांणी दिता ताकि सै बदी
सके, पर परमेश्वर ही है जड़ा तुसां जो आत्मिक रूप ला बदादां
है, जियां परमेश्वर उस बूटे जो बदादां है। 7 इस तांई ना तां बूटे
जो लगाणे बाला कुछ है, कने ना ही सै कुछ है जिनी खाद पाणी
दिता, पर परमेश्वर ही सब कुछ है जिनी उस बूटे जो बदाया। 8 मैं
तुहांजो शुभसमाचार सुणाया कने परमेश्वरे दे बचना जो सिखाणा शुरू
किता कने अप्पुल्लोस तुहांजो सिखांदा रिया पर साड़ा दोनों दा इक
ही मकसद है, कने हर इक माणुऐ जो उदिया मेहनता दे साबे ला
परमेश्वरे इनाम देणा। 9 क्योंकि असां परमेश्वरे दे सहकर्मी न; कने
तुसां सारे मसीह लोक परमेश्वरे दिया खेतिया सांई न, कने मैं तुहाड़ी
तुलना इक घरे सांई करी सकदा है, जिसयो परमेश्वर बणांदा है।
10 परमेश्वरे जड़ा बरदान मिंजो दिता, उदे जरिये मैं इक खरे राज
मिस्त्रीऐ सांई उस घरे दिया नियां पाईयां कने होर दुज्जे लोकां इसा
नियां पर घर बणाया। पर हर इक माणु ध्यान रखे की सै कियां घर
बणांदा है। 11 क्योंकि नि जड़ी पहले ला ही रखियो है, सै यीशु
मसीह है, कने होर कोई भी दुज्जी नि नी रखी सकदा। 12 कने
अगर मसीह सेवक खरियां गल्लां सिखाऐ जड़ियां परमेश्वरे उना जो
दीतियां, सै उना घर बणाणे बालयां सांई न जड़े उसा नियां पर होर
चीजां न जियां सोना या चांदी या कीमती पथरां ला घर बणांदा है।
पर अगर सै झुठियां गल्लां सिखाऐ तां सै उना घर बणाणे बालयां
सांई है जड़े घटिया चीजां ने जियां लकड़ी, भू कने घाऐ ने घर

बणांदे, 13 पर न्याय बाले रोजे अग्गी हर कुसी दे कम्म प्रगट करणे
न की कुदे कम्म खरे थे कने कुदे कम्म बुरे थे; कने अग्गी दसणा है
की उस माणुऐ दे कम्मा दी कोई कीमत है की नी। 14 अगर कुसी
घर बणाणे बाले दा कम्म जड़ा उनी उसा नियां पर घर बणांदे बकत
कितया हो, कने अगर सै नी फकुंगा तां मसीहे उसयो इनाम देणा है।
15 पर अगर कुसी घर बणाणे बाले दा कम्म फकुई जांगा तां मसीहे
उसयो इनाम नी देणा। पर उसयो हमेशा दी जिन्दगी मिली जाणी
जड़ी परमेश्वरे उस तांई रखियो है। 16 तुसां जो पक्का पता है, की
तुसां परमेश्वरे दा मन्दिर न, कने परमेश्वरे दी दितियो आत्मा तुहाड़े
बिच वास करदी है। 17 तुसां परमेश्वरे दे मंदरे सांई न, अगर कोई
माणु तुहांजो मिली जुली करी रैंणा नी दिन्दा है। तां परमेश्वरे उसयो
सकत सजा देंणी, क्योंकि परमेश्वरे दा मंदर पवित्र है, कने सै मन्दिर
तुसां न। 18 कोई अपणे आपे जो धोखे च ना रखे। अगर तुसां चे
कोई अपणे आप जो इस संसारे दे लोकां सामणे ज्ञानी समझे, तां सै
उना दिया नजरां च मुर्ख बणी जाऐ, ताकि तुसां परमेश्वरे दिया नजरा
च ज्ञानी बणी सकन। (aiōn g165) 19 क्योंकि इस संसारे दे लोक
जिना गल्लां जो ज्ञान समझदे न, सै सारियां गल्लां परमेश्वरे दिया
नजरां च मुर्खता है, जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है की, “परमेश्वर
ज्ञानी लोकां दी चलाकियां च उना जो फसाई दिन्दा है।” 20 कने
पवित्र शास्त्र ऐ भी लिखया है की, “प्रभु ज्ञानी लोकां दे बिचारां जो
जाणदा है की सारे बेकार न।” 21 इस तांई तुसां घमंड मत करा की
तुसां कुसी खास माणुऐ दे चेले न, मैं पौलुस, अपुल्लोस, पतरस, सारे
तुसां दे न, ऐथू दीकर की सारा कुछ तुसां दा है मतलब की संसारे
दियां चीजां, अगर तुसां जिन्दे न या मरी गियो, अज या भविष्य सब
कुछ तुहाड़ा है। 23 कने तुसां मसीह दे अधिकारे दे अधीन न, कने
मसीह परमेश्वरे दे अधिकारे अधीन न।

4 तुसां सांझो मसीह दे सेवक समझा जिना जो परमेश्वरे शुभसमाचार
दे भेदां दी सच्चाई जो समझाणे दा कम्म दितया है। 2 परमेश्वरे
जिसयो ऐ कम्म करणे जो दितया, जरूरी है की सै भरोसे लाइक
हो, ताकि दितयो कम्मे जो पूरा करी सके। 3 पर मैं इसा गल्ला दी
फिकर नी करदा की, तुसां या होर कोई मेरे बारे च ऐ बोले की ऐ
भरोसे दे लायक है की नी है, सच्च तां ऐ है की मैं अपणे बारे च
भी नी बोलदा की मैं भरोसे दे लायक है की नी। 4 क्योंकि मेरी
अंतरात्मा मिंजो कुसी भी गल्ला च दोषी नी बणांदी, पर इसला मैं
निर्दोष नी बणदा, क्योंकि परमेश्वर मिंजो परखणेबाला है कने सेई
मिंजो बेकसूर साबित करदा है। 5 इस तांई साड़े प्रभु यीशु मसीह दे
बापस ओंणे दीकर कोई कुसी दा न्याय ना करे, क्योंकि परमेश्वरे
साफ तरीके ला उना सारे बिचारां जो दसणा जड़े लोकां दे मना च न,
जिना दे बारे च कोई नी जाणदा है, उनी उना दे मने दे सारे इरादयां
जो प्रगट करणा है, तालू परमेश्वरे दिया तरफा ला हर इकी दी तारीफ
होंणी। 6 हे मसीह भाईयो, मैं अपुल्लोस कने अपणे बारे च तुहांजो
इस तांई दसया ताकि तुसां सांझो इक उदाहरण सांई लेई सकन,
“पवित्र शास्त्र च जड़ा लिखया है, उसला अग्गे मत बदा।” ऐ खरा
नी है की तुसां कुसी इकी जो इज्जत देईकरी बड्डा बणा, कने दुज्जे दी
बेजती करिरी निचा दस्सा। 7 कुण बोलदा है की तू दुज्जे ला खरा
है? कने जड़ा कुछ तेरे बाल है सै परमेश्वरे तिजो दितया। कने जालू
परमेश्वरे ही सब कुछ तिजो दितया, तां तिजो कोई हक नी है की तू
कुसी गल्ला च घमंड करे। 8 तुहांजो लगदा है की तुहाड़े बाल
आत्मिक रूप च सारियां चीजां न। कने तुहांजो लगदा है की पेहले
ही सारे बरदान तुहांजो मिली गियो न, जड़े पवित्र आत्मा अपणे
लोकां जो दिन्दी है, कने तुहांजो लगदा की तुसां साड़े बिना राजयां
सांई शाशन करणा लग्गी पियो न, मैं खुश होई जांदा अगर तुसां
सच्ची राजयां सांई राज करणा लग्गी पियो होंदे ताकि असां भी
तुहाड़े सोगी शाशन करी सकन। 9 मिंजो ऐसा लग्गा दा की परमेश्वरे
असां प्रेरितां जो जित दिया यात्रा च सारयां ला आखरी जगा च उना
केदियां सांई रखया है जिना जो मौत दी सजा मिलियो हो। असां
सारी दुनिया, स्वर्गदूतां कने माणुआं सामणे तमाशा बणी गियो न। 10
लोक सांझो मुर्ख समझदे न क्योंकि असां मसीह दा प्रचार करदे न,
पर तुसां गलत सोचदे न की तुसां बुद्धिमान मसीह न! मते लोक मंदे न
की साड़े बाल कोई हक नी है। पर तुसां घमंड ला बोलदे न की
तुहाड़े बाल परमेश्वरे दी शक्ति है। लोक साड़ी इज्जत नी करदे
पर लोक तुहाड़ी इज्जत करदे न। 11 असां उस रोजे दीकर भूखे
प्यासे कने फटयो कपड़े पायो न, कने लोकां सांझो मारया कूटया,
कने साड़े तांई रेणे जो घर नी था। 12 कने अपणे ही हथां ला कम्म
करिके मेहनत करदे न, लोक बुरा बोलदे न, असां आशीष दिन्दे न,
सै सतादें न असां सेहन करदे न। 13 जालू लोक बदनाम करदे न, तां
असां उना जो बड़े प्यारभाव ला जबाब दिन्दे न। अजे भी लोक
साड़ी इज्जत नी करदे कने सै बोलदे न की साड़ी कोई कीमत नही
है। 14 मैं तुहांजो शरमिंदा करणे तांई ऐ गल्लां नी लिखदा है, पर मेरा
मकसद तुहांजो सुधारणा है क्योंकि तुसां मेरे बचयां सांई न जिना जो
मैं बड़ा प्यार करदा है कने चेताबनी दिन्दा है। 15 भले ही तुहाड़े
बाल सिखाणे तांई हजारो गुरु होन, सिर्फ मैं ही तुहाड़े पिता सांई है,
क्योंकि मैं पेहला माणु है, जड़ा तुहाड़े तांई शुभसमाचार लेईकरी
आया, जिसदी बजा ला तुहांजो मसीह यीशु पर भरोसा होया। 16 इस
तांई मैं तुहांजो बिनती करदा है, की जियां मैं मसीह च जिन्दगी जिया
दा, तियां ही तुसां भी जिन्दगी जिया। 17 इस तांई मैं तीमुथियुस जो
तुसां बाल भेजया है, जड़ा प्रभु यीशु च मेरा प्यारा कने भरोसे बाला
पुत्र है, उनी तुहांजो दसणा की मैं क्या करदा है कने यीशु मसीह दा
चेला बणी करी जिया दा, ठीक ऐई गल्लां मैं हर जगा कने सारी
कलीसियां जो सिखांदा। 18 तुहाड़े बिच कुछ लोक सोचदे न की
तुहांजो मिलणा नी ओंणा, इस तांई सै घमंडी होई गियो न। 19 पर
प्रभुऐ दी इच्छा होई तां मैं तुहाड़े बाल जल्दी ओंणा है, कने उना
घमंडियां दियां सिर्फ शिक्षा जो ही नी, पर उना दिया शक्तिया जो भी
जाणी लेंणा है। 20 क्योंकि परमेश्वरे दा राज्य सिर्फ बड़ियां भरी
गल्लां करणा ही नी, पर ऐ परमेश्वरे दिया शक्तिया ला जीणा है। 21
जालू मैं तुहाड़े बाल ओंगा तां तुसां क्या चांदे न की मैं करां? अगर
तुसां अपणियां बुरियां गल्लां ला नी सुधरयो होंगे, तां मैं तुहांजो

अपणे तरीके ला सुधारगा, पर अगर सुधरी गियो होंगे तां मैं तुसां पर
दया दसणी, कने दसणा की मैं तुहांजो ने कितणा प्यार करदा है।

5 मैं लोकां जो तुहाड़े बारे च बोलदे सुणया है, की तुसां चे कुछ
लोक व्यभिचार करदे न, कने ऐसा व्यभिचार तां होर जाति दे
लोकां च भी नी होंदा। सै ऐ है की इक्की माणुऐ अपणी सौतेली माऊ
सोगी नाजायज रिश्ता रखया है। 2 कने तुसां जो तां इसा गल्ला दा
दुख होणा चाईदा था, पर इदे बजाये तुसां इसा गल्ला च घमंड करदे
न। तुहांजो इयुदे माणुआं जो कलीसिया ला कडी देणा चाईदा। 3
भले ही मैं ओथु तुहाड़े सोगी नीं है, पर ऐसा लगदा है कि मने ला मैं
ओथु ही है, कने मैं इयुदे कम्म करणे बालयां दे खिलाफ फेसला करी
दितया है। 4 कने तुहांजो ऐसा करणा चाईदा की तुसां सारे भरोसा
करणे बाले होणे दे नाते गिठे होन, ऐ जाणदे होऐ की तुहाड़े बाल
असल च साड़े प्रभु यीशु मसीह दा हक है। 5 उस पाप करणे बाले
माणुऐ जो अपणी कलीसिया ला कडी दिया, कने बापस उस जो
शैतान दे बशे च देई दिया। क्या पता सै पाप करणा छडी दे। क्योंकि
अगर सै पाप करणा छडी दिंगा, तां जिस दिन प्रभुऐ न्याय करणा
पक्का उस दिन उनी बची जाणा। 6 तुहाड़ा घमंड करणा बिलकुल
भी ठीक नी है, क्या तुसां नी जाणदे की थोड़ा दिया खमीर पुरे गुनयो
आटे जो खमीर करी दिन्दा है? अगर कुसी माणुऐ जो पाप करणे दी
इजाजत मिलदी है, तां झट सारयां पाप करणा लगी पोंणा। 7 जियां
यहूदी लोक अपणे घरां ला फसह दा त्योहार मनाणे ला पेहले सारा
खमीर कडी दिन्दे न, तियां ही तुसां भी इस पापी माणुऐ जो कलीसिया
ला कडी दिया, तां तुसां इक ताजी रोटिया सांई होणा, जड़ी बिना
खमिरे ला बणियो है, कने असल च तुसां सेई न। क्योंकि साड़े
फसह दा त्योहार असल च मसीह दे बलिदाने दे जरिये पूरा होया है।
8 इस तांई ओआ की असां अपणे फसह दा त्योहार मनान। जियां
यहूदी खमीर बाहर कडया, तियां अपणे पापी सभाब जो छडी दिया,
कने जियां यहूदी खमिरे बाली रोटी खांदे थे, सांझो भी परमेश्वरे दे
लोकां सांई जीणा चाईदा, जिना च कोई बुराई नी होंदी, मतलब की
अपणे मने ला चलाकिया दियां गल्लां जो कडी करी कने सच्चाईया
कने यीशु मसीह सोगी चला। 9 मैं अपणिया पिछलिया चिठिया च
तुहांजो लिखया था, की व्यभिचारियां सोगी संगती मत करदे। 10 ऐ
नी की तुसां बिलकुल ही इस संसारे दे व्यभिचारियां, या लोभियां, या
दूज्जयां जो धोखा देणेबाले, या मूर्तिपूजा करणे बालयां दी संगती नी
करणी, क्योंकि इयां तां तुहांजो इस संसारे ला निकलना पेई जाणा।
11 पर मेरे बोलणे दा मतलब ऐ है, ऐसे माणुऐ सोगी कोई रिश्ता
मत रखा जड़ा अपणे आपे जो मसीही बोलदा है, पर व्यभिचार, या
लालची, या मूर्तिपूजक, या गाली देंणे बाला, या शराबी, या दूज्जयां
जो धोखा देणेबाला हो, तां उस माणुऐ सोगी संगती मत करदे। 12
क्योंकि कलीसिया ला बाहर बालयां दा फेसला करणा मेरा कम्म नी
है, पर तुहांजो उना जो जरूर सुधारणा चाईदा जड़े तुहाड़े कलीसिया
दे लोक न। 13 पर कलीसिया ला बाहर बालयां दा फेसला परमेश्वर
करदा है: पर जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है, की कुसी भी बुरे
कम्म करणे बाले माणुऐ सोगी रिश्ता मत रखा।

6 अगर तुहाड़ा कुसी दुज्जे मसीह भाई या बेहणा सोगी झगड़ा
होंदा है, तां तुसां जो कचेरी च नी जाणा चाईदा। तुहांजो अपणी
कलीसिया चे कुसी जो बोलणा चाईदा की, सै तुहाड़े झगड़े दा
फेसला करे की कुण सही है कने कुण गलत है। 2 तुसां जाणदे न
की, ओणे बाले दिना च परमेश्वरे दे लोकां इस संसारे दे लोकां दा
न्याय करणा। इस तांई जालू तुसां बिच छोटे मोटे झगड़े होन तां तुसां
जरूर फेसला करी सकन की कुण गलत है कने कुण सही है। 3
तुसां जाणदे न की, ओणे बाले दिना च असां शैताने दे दूतां दा न्याय
करणा, तां असां जरूर इसा जिन्दगिया च होणे बालियां छोटियां-
छोटियां गल्लां दा फेसला करी सकदे न। 4 अगर एसियां गल्लां
सामणे ओंदियां न, तां उना दा फेसला करणे तांई ऐसे लोकां बाल नी
जाणा चाईदा, जिना दी कलीसिया दे लोक इज्जत नी करदे होन। 5
मैं ऐ गल्लां तुहांजो शरमिंदा करणे तांई बोला दा है; क्या सच्ची तुसां
चे कोई भी समझदार नी है, जड़ा अपणे मसीह भाईयां कने बेहणा दा
न्याय करी सके? 6 बल्कि इक मसीह भाई दुज्जे मसीह भाई दे
खिलाफ मुकदमे जो लेईकरी भरोसा नी करणे बाले बाल जाऐ। 7
पर सच्ची गल्ल तां ऐ की तुसां बिच मुकदमे चलणे दा मतलब है की
तुसां इक मसीही जिन्दगी जिणे च हारी गियो न। इस तांई अगर
कोई होर मसीह भाई या बेहण तुहाड़े सोगी गलत करे, कने धोखे ने
तुहाड़ा कुछ लेई ले, तां तुसां इदे बदले च कुछ मत करा। 8 पर
तुसां तां अपु ही गलत करा दे न कने धोखा दे न कने सै भी अपणे
ही मसीह भाई बेहणा जो। 9 तुसां पक्का जाणदे न की, बुरे कम्म
करणे बाले लोक परमेश्वरे दे राज्य दे हकदार नी होणे न। कोई तुसां
जो ऐ गल्ल बोली करी धोखा ना दे, की तुसां बुरे कम्म करी के
भी परमेश्वरे दे लोक बणी रेई सकदे न। इस धोखे च मत रेंदे की,
वेश्यागामी, मूर्तिपूजा करणे बाले, परस्त्रीगामी, लुच्चे, पुरूषगामी, 10
चोर, लालची, शराबी, गाली देणेबाले, दुज्जयां जो धोखा देणेबाले
परमेश्वरे दे राज्य दे हकदार नी होणे न। 11 कने तुसां चे कुछ लोक
पेहले ऐसे ही थे, पर प्रभु यीशु मसीह दे नाऐ ला कने साड़े परमेश्वरे
दिया पवित्र आत्मा तुहाड़े पाप धोई दितयो न, ताकि तुसां पवित्र कने
परमेश्वरे दिया नजरा च धर्मी बणन। 12 तुसां बोली सकदे न की, मैं
सारियां चीजां करी सकदा है क्योंकि मैं इक मसीह पर भरोसा करणे
बाला है; पर सारियां चीजां मेरे फायदे दियां नी न। पर मैं कुसी भी
गल्ला दे बशे नी होणा। 13 तुसां बोली सकदे न की, खांणा पेटे तांई,
कने पेट खांणे तांई है, ऐ तां सच्च है पर परमेश्वरे ऐ दोनों खत्म करी
देणा। साड़े शरीर व्यभिचार तांई नी न, बल्कि प्रभु तांई है, कने
इसला प्रभु दी सेबा करणी चाईदी। 14 पर साड़ा शरीर इस तांई भी
खास है क्योंकि जियां परमेश्वरे अपणिया शक्तिया ला प्रभु जो मरयां
चे जिन्दा किता, तियां ही उनी सांझो भी मरयां चे जिन्दा करणा। 15
तुसां जाणदे न की, तुहाड़े शरीर मसीह दे अंग न। तां क्या इक माणुऐ
अपणे शरीर जो लेईकरी, बेश्या सोगी जोड़ना चाईदा? नी बिलकुल
भी नी। 16 तुसां जाणदे न की पवित्र शास्त्र च लिखया है, "उना दोनों
इक बणी जाणा।" इस तांई तुहांजो पता होणा चाईदा की जड़ा कोई
बेश्या ला जुड़ी जांदा है सै बेश्या सोगी इक बणी जांदा है। 17 कने

जड़ा प्रभु सोगी जुड़ी जांदा है, उदी आत्मा कने प्रभु दी आत्मा इक
होई जांदियां न। 18 व्यभिचार ला बची रिया; माणुऐ दे कितयो होर
पाप उदे शरीर जो उतणा प्रभावित नी करदे जितणा ऐ करदा है, पर
व्यभिचार करणे बाला अपणे ही शरीर दे खिलाफ पाप करदा है। 19
तुसां जाणदे न की, तुहाड़ा शरीर सै मंदर है जिदे च पवित्र आत्मा
बसदी है; जड़ी परमेश्वरे तुहांजो दितियो है, कने हुण तुसां अपणे नी
न, पर परमेश्वरे दे न। 20 क्योंकि जालू परमेश्वरे प्रभु यीशु मसीह
जो भेजया, तालू उनी तुहाड़े तांई बडी बड्डी कीमत चुकाई है, इस
तांई अपणे शरीर ला परमेश्वरे दी महिमा करा।

7 हुण जड़े सबाल तुसां मिंजो ला चिठिया च पूछयो थे हुण मैं
उना दा जबाब दिन्दा है। तुसां पूछया था कि, "क्या असां लोकां
तांई ऐ खरा है की असां बियाह ना करन?" 2 क्योंकि ऐ आम
गल्ल है की लोक नाजायज रिश्ते बणाई लेंदे न, इस तांई मैं सलाह
दिन्दा है की हर इक मर्द बियाह करे, कने अपणी घरे बालिया सोगी
बफादार रहे। 3 इक माणु पति होणे दे नाते अपणिया जिम्मेबारियां
पुरियां करे; कने तियां ही इक जनानी भी घरे बाली होणे दे नाते
जिम्मेबारियां पूरी करे, कने दोनों इक दुज्जे दियां जरूरतां जो पूरा
करन। 4 घरे बालिया जो अपणे शरीर पर हक नी है, पर उसा दे घरे
बाले जो है; तियां ही घरे बाले जो भी अपणे शरीर पर हक नी है, पर
उदी घरे बालिया जो है। 5 तुसां इकी दुज्जे ला लग मत रिया; पर
सिर्फ कुछ बकत दीकर अपु चे सलाह करिके लग रिया, ताकि
प्राथना करणे तांई कुछ बकत मिल्ली सके, कने फिरी दुबारा सोगी
रिया, इयां ना हो की अपणे पर काबू नी रखणे दिया बजा ला शैतान
तुसां जो नाजायज रिशता रखणे तांई परखे। 6 पर मैं जड़ा कुछ
बोला दा है सै मेरी सलाह है ना की मेरा हुकम। 7 मैं ऐ चांदा है, की
जियां की मैं बियाह नी कितया, तियां ही तुसां सारे भी बियाह मत
करा, पर परमेश्वरे कुछ लोकां जो खास बरदान दितया है। परमेश्वरे
कुछ लोकां जो बियाह करणे दा बरदान दितया, कने कुसी जो बगेर
बियाये रेणे दा बरदान दितया है। 8 पर कुआरयां कने बिधवां जो मेरी
सलाह ऐ है की, उना तांई ऐई खरा है की सै बगेर बियाह कितयो
रिया, जियां मैं है। 9 पर अगर सै सबर नी रखी सकन, तां उना जो
बियाह करी लेणा चाईदा, क्योंकि शरीर दिया इच्छा ला लड़ने ला
खरा है की बियाह करी लिया। 10 जिना दा बियाह होई गिया है,
उना जो मैं नी, बल्कि प्रभु यीशु मसीह हुकम दिन्दा है, की घरे बाली
अपणे घरे बाले जो तलाख ना दे। 11 कने अगर तलाख होई भी
जा, तां सै दुज्जा बियाह ना करे; या अपणे घरे बाले सोगी दुबारा
मिली करी रे। कने ना घरेबाला अपणिया घरे बालिया जो तलाख दे।
12 पर हुण ऐ प्रभु दा हुकम नी है, पर मैं उना भरोसा करणे बाले
लोकां जो बोलणा चांदा है, जिना दा बियाह भरोसा नी करणे बाले
लोकां ने होई गिया है; अगर कुसी मसीह भाईऐ दी घरे बाली मसीह
पर भरोसा नी करदी है, कने उदे सोगी रेणा चांहदी, तां सै उसा जो
तलाख ना दे। 13 कने जिसा मसीह जनानिया दा घरेबाला भरोसा नी
करदा हो, कने उसा सोगी रेहणे च खुश हो, तां सै अपणे घरे बाले जो
तलाख ना दे। 14 क्योंकि इक मसीह पर भरोसा करणे बालिया दे
घरे बालिया दिया बजा ला परमेश्वरे उसा दे घरे बाले जो अपनाई
लेणा है, अगर ऐ सच्च नी होंदा की तुहाड़ा भरोसा नी करणे बाला
घरेबाला या घरे बाली परमेश्वरे दे न, तां तुहाड़े बाल बच्चे परमेश्वरे
दे नी होंदे, पर हुण तां तुहाड़े बाल बच्चे भी परमेश्वरे दे न। 15 अगर
कोई भरोसा नी करणे बाला भाई या बेहण तलाख देणा चांदा है, तां सै
ऐसा करी सकदा है। ऐसे हालातां च इक भरोसा करणे बाले घरे बाले
या घरे बालिये जो इस रिश्ते जो निभाणे दी जरूरत नी है, क्योंकि
भरोसा नी करणे बाला ऐ तलाख दे दा है; परमेश्वरे सांझो शांति ला
जिन्दगी जिणे तांई सदया है। 16 हे घरेबालियो तुहांजो याद रखणा
चाईदा की तुहाड़िया बजा ला तुहाड़े घरे बाले दियां जिन्दगिया भी
बची जान कने हे घरे बालयो तुहांजो भी याद रखणा चाईदा की
तुहाड़िया बजा ला तुहाडे घरे बालियां दी जिन्दगी बची सके। 17
मेरा इतणा सब कुछ बोलणे दा मतलब ऐ की जियां प्रभुऐ हर इकी जो
जिना हलातां च रखया है, सै उना ही हालातां च अपणी जिन्दगी
जिये, जिस तांई परमेश्वरे उना जो अपणे लोक होणे तांई सदया है।
कने ऐई गल्ल मैं सारियां कलीसियां दे लोकां जो सिखांदा है। 18
इक उदाहरण तांई, अगर कोई यहूदी माणु प्रभु यीशु मसीही भरोसा
करदा है, तां उसयो उदी यहूदी होणे दी पछेण नी छडणी चाइदी, कने
तियां ही अगर कोई होर जाति दा माणु यीशु मसीह पर भरोसा करे
तां उसयो यहूदी बणने तांई खतना करबाणे दी जरूरत नी है। 19
इक माणु दा खतना होया हो या नी होया हो इसला कोई फर्क नी
पोंदा। पर परमेश्वरे दे हुकमा जो मनणा ही सारयां ला जरूरी है। 20
परमेश्वरे जिस माणुऐ जो जिना हलातां च अपणे लोक होणे तांई
सदया है, सै माणु उना ही हलातां च ही अपणी जिन्दगिया जो जिये।
21 अगर तू नोकर होंदे होऐ परमेश्वरे पर भरोसा किता है, तां तू इस
बारे च चिंता मत कर; अगर तेरा मालिक बोले की तू अजाद है,
तालू तू जाई सकदा है। 22 क्योंकि जिसयो नोकरे दिया हालता च
प्रभु दे लोक होणे तांई सदया हो, सै अजाद माणुऐ सांई है, क्योंकि
प्रभु यीशु मसीहे उसयो उदे पापां ला आजादी देई दितियो है। कने
इयां ही जिसयो आजादी दिया हालता च सदया हो, सै मसीह दे
सेवक बणी रे। 23 क्योंकि परमेश्वरे तुसां तांई बड़ी बड्डी कीमत
चुकाईयो है, जालू उनी यीशु मसीह जो सूली पर बलिदान किता;
इस तांई माणुआं दे गुलाम नी पर परमेश्वरे दे गुलाम बणा। 24 हे
मसीह भाईयो, परमेश्वरे जिस माणुऐ जो जिना हलातां च अपणे लोक
होणे तांई सदया है, सै उना ही हलातां च अपणी जिन्दगी जिये। 25
कुआरियां दे बारे च मिंजो प्रभुऐ दा कोई हुकम नी मिलया, पर प्रभुऐ
अपणी दया ला मिंजो भरोसे दे काबिल ज्ञान दितया, उदी बजा ला मैं
तुहांजो अपणी सलाह दिन्दा है। 26 क्योंकि इना रोजां च भरोसा
करणे बाले लोकां सोगी हर जगा बड़ियां परेशानिया बालियां गल्लां
होआ दियां न, इस तांई मिंजो लग्गा दा है की ऐ खरा है की कुआरे
लोक कुआरे ही रेन। 27 अगर तेरी घरे बाली है, तां उसा जो तलाख
देणे दी कोशिश मत कर; कने अगर तेरी घरे बाली नी है, तां तू
बियाह करणे दी कोशिश मत कर। 28 अगर तू बियाह भी करे, तां
कोई पाप नी है; कने अगर कुआरिया दा बियाह होई जा, तमी कोई

पाप नी है; पर बियायो लोकां जो इस संसारे च रेंदे होयो दुखां दा
सामणा करणा पोणा, कने मैं चांदा है की तुसां इना दुखां ला बची
रिया। 29 हे मसीह भाईयो, मैं तुहांजो ऐ बोलदा है, की इस संसार च
साड़े बाल जादा बकत नी है, इस तांई तुहाड़े बाल घरे बाली है या
नी, इस बारे च जादा फिकर मत करा; पर प्रभु दी सेबा करणे दे
बारे च सोचदे रिया। 30 कने जड़े लोक दुखी न, सै अपणा दुख
ना दसन; जड़े खुश न, उना दी खुशी लुकी रे, कने जड़े खरीदारी
करणे बाले न, सै ऐसे होई जान की उना बाल कुछ ना हो। 31 कने
जड़ा कुछ इस संसारे च साड़े बाल है, सांझो इना चिंजा जो जादा
कीमत नी देणी चाइदी, क्योंकि इस संसारे च जड़ा कुछ साड़े बाल
है, सै जल्दी ही खत्म होणेबाला है। 32 इस तांई मैं चांदा है, की
तुसां संसारिक जिन्दगी दी इच्छां ला अजाद रिया। कुआरा माणु
परमेश्वरे दे बारे च सोचदा रेंदा है की सै कियां प्रभु जो खुश करे। 33
पर बियाया माणु संसारे दियां गल्लां दे बारे च सोचदा रेंदा है, की
अपणिया घरे बालिया जो कियां खुश रखे। 34 इस तांई सै दो गल्लां
दे बारे च सोचदा रेंदा, इक तां अपणी घरे बालिया जो खुश करणा
कने दुज्जा प्रभु जो खुश करणा। बियाइयो कने नी बियाइयो च भी
फरक है; कुआरी प्रभु दी सेबा दे बारे च सोचदी रेंदी, ताकि सै कियां
शरीर कने आत्मा ला परमेश्वरे जो खुश करी सकें; पर बियाइयो
जनानी संसारे दियां चीजां दे बारे च सोचदी रेंदी, की सै अपणे घरे
बाले जो कियां खुश करी सकें। 35 मैं ऐ गल्लां तुहाड़िया भलाईया
तांई बोला दा है, ना कि तुसां जो बियाह करणे ला रोकणे तांई। पर
इस तांई की तुसां ढंगे ला जिन्दगी जी सकन; ताकि तुसां इक मन
होईकरी परमेश्वरे दी सेबा च लगी रेन। 36 कने अगर कुसी पिता जो
ऐ लग्गे की सै अपणिया कुआरिया कुड़िया दा बियाह बड़ा बादे च
करणे ला उसा सोगी अन्याय करा दा है, क्योंकि उसा दी उमर
जादा होआ दी है, तां उस पिता जो सैई करणा चाईदा जड़ा उसयो
खरा लग्गे। तां सै पिता अपणिया कुड़िया दा बियाह करी सकदा है,
इदे च कोई पाप नी है। 37 अगर सै अपणे मने च पक्का करी ले
की, उदिया कुड़िया तांई कुआरा रेणा ही खरा है, कने ऐसा करणे
तांई उस पर कुसी दा दबाब न होऐ, तालू जड़ा फेसला उनी लिया
है, तां उस पिता बाल ऐसा करणे दा पूरा हक है। कने अगर उनी
अपणिया कुड़िया जो कुआरा रखणे दा फेसला करी लिया है, तां सै
परमेश्वरे दिया नजरा च खरा करदा है। 38 इस तांई जड़ा अपणिया
कुवारिया कुड़िया दा बियाह करी दिन्दा है, तां सै खरा करदा है,
कने जड़ा उसा दा बियाह नी करदा है, सै होर भी जादा खरा करदा
है। 39 जालू दिकर कुसी जनानिया दा घरेबाला जिन्दा है, तालू
दीकर उसा उस सोगी बियाह दा रिशता निभाणा पोंणा, पर जालू उसा
दा घरेबाला मरी जाऐ, तां सै अजाद है, कने जिसला बियाह करणा
चांहदी उसला करी सकदी है, पर उस सोगी ही जड़ा मसीह पर
भरोसा करदा है। 40 पर मेरे बिचार ला, अगर सै दुबारा बियाह ना
करे, तां उना होर भी जादा खुश रेणा, कने मैं समझदा है, की जालू
मैं इयुदियां गल्लां बोलदा है, तां परमेश्वरे दी आत्मा मिंजो जरिये
बोलदी है।

**8** तुसां दी चिठिया च तुसां मिंजो ला मूर्तियां दे सामणे बलि कितियां
चीजां दे बारे च पूछया था। हां, असां इना गल्लां दे बारे च
कुछ ना कुछ जाणदे न। पर जालू ऐई ज्ञान लोकां जो घमंड करणे
बाला बणाई दिन्दा है, तां प्यार च अग्गे बदणे च असां इक दुज्जे दी
सहायता करी सकदे न। 2 अगर कोई माणु ऐ समझे की, सै बड़ा
बुद्धिमान है, तां सै असल च हल्ले दीकर सियुदा जाणी नी सकया है,
जदिया जाणना उस तांई जरूरी है। 3 पर अगर कोई परमेश्वरे ला
प्यार रखदा है, तां उसयो परमेश्वर जाणदा है। 4 हुण खांणे दे बारे च
तुहांजो जबाब देणा चांदा है। मुर्तियां दे सामणे बलि दीतिया चिजां दे
बारे च असां जाणदे न, की इस संसारे च कुथी भी मूर्तियां च परमेश्वर
नी है, कने सिर्फ इक ही सच्चा परमेश्वर है। 5 पर स्वर्गे कने धरतिया
पर मतियां चीजां जो, जिना जो लोक ईश्वर कने प्रभु बोलदे न। पर
साड़ा तां इक ही परमेश्वर है: कने सै साड़ा पिता है; कने उनी ही
सारियां चीजां बणाईयां न, कने असां उदे जरिये ही जिन्दे न, तियां
ही साड़ा इक ही प्रभु है, कने सै यीशु मसीह है। उदे जरिये सारियां
चिजां बणईयां गियां थियां, कने उदे जरिये असां जिन्दे न। 7 पर
साड़े भरोसा करणे बाले लोकां जो हल्ले दीकर ऐ नी पता की मूर्तियां
बाल कोई शक्ति नी है। क्योंकि सै पेहले मुर्तियां दी पूजा करदे थे,
कने हुण जालू सै मूर्तियां जो चढ़ाया खाणा खांदे न, तां सै गलत
सोचदे न की सै हल्ले भी मूर्तियां दिया पूजा च करदे न। कने सै ऐ
सोची करी दुखी होंदे न की अगर सै मूर्तियां पर चढ़ाया खाणा खांदे
न, तां सै पाप करदे न। 8 पर खांणा खांणे ला असां परमेश्वरे दे नेड़े
नी होंदे। कने खांणे जो खांणे तांई मना करणे ला असां परमेश्वरे जो
घट खुश नी करदे न, कने खांणा खाणा सांझो परमेश्वरे दिया नजरा
च कुछ खास नी बणांदा। 9 पर ध्यान रखा की, ऐसा ना हो की,
तुहाड़ी ऐ अजादी कुथी घट भरोसे बाले लोकां तांई उदे पाप करणे दी
बजा ना बणी जाऐ। 10 तुसां जाणदे न की असल परमेश्वर नी न, इस
तांई तुसां मूर्तियां दे मंदरे च खांणा खाई सकदे न। पर जड़ा कोई
भरोसे च कमजोर है, सै तुसां जो ओथु खांणा खांदे दिखदा कने
मूर्तियां पर बलि कितियां चीजां जो खांणे तांई हिम्मत करे, पर ऐ
सोचे की ऐसा करणा पाप है। 11 इस तांई तू जिना गल्लां जो जाणदा
है, उसा बजा ला जड़ा मसीह भाई भरोसे च कमजोर है उनी माणुऐ
मसीह पर भरोसा करणा छडी देणा, जिस तांई यीशु मसीहे अपणी
जान दिती। 12 कने अगर साड़े इस कम्मे जो करणे दिया बजा ला
साड़े साथी मसीही भाई अपणे आप जो पापी महसूस करदे न, तां
असां उना दे खिलाफ कने यीशु मसीह दे खिलाफ पाप करदे न। 13
इस तांई अगर मूर्तियां दे सामणे बलि चढ़ाया खाणा खांणे दिया बजा
ला कुसी भरोसा करणे बाले भाई या बेहणा दा भरोसा कमजोर होई
जांदा है, तां मैं कदी भी ऐसा खाणा नी खाणा जिसदी बजा ला उस
माणु दा भरोसा कमजोर होई जाऐ। (aiōn g165)

**9** जड़ा कुछ मिंजो खरा लगदा है, सै खाणे तांई मैं अजाद है।
मैं प्रेरित है। मैं प्रभु यीशु मसीह जो दिखया है। प्रभुऐ जड़ी सेबा
मिंजो करणे तांई दितियो है तुसां उस सेबा दा नतीजा न। 2 भले ही
लोक ऐ नी मंदे की मैं प्रभु यीशु दा प्रेरित है, पर तुहांजो ऐ गल्ल

मनणा चाइदी। क्योंकि मैं ही तुसां बाल सारयां ला पेहले शुभसमाचार
लेईकरी आया था, तुसां दा भरोसा जड़ा यीशु मसीह पर है, सै इसा
गल्ला दा सबूत है की मैं सच्ची तुसां तांई परमेश्वरे दा चुणया चेला
है। 3 जड़े लोक मेरे प्रेरित होणे पर सबाल करदे न उना तांई मेरा ऐई
जबाब है। 4 मेरा कने बरनबास दा पूरा हक है की, असां तुसां लोकां
ला पैसे कने खाणे तांई सहायता लेई सकदे न। 5 जियां पतरस कने
होर चेले कने प्रभु दे भाई जालू सेबा करणे तांई अपणी घरे बालियां
सोगी जांदे न, तियां ही मेरे बाल भी हक है की मैं ऐसा करें। 6 मिंजो
कने बरनबास जो भी होर प्रेरितां सांई आर्थिक सहायता लेणे दा हक
है, कने अपणियां जुरूरतां जो पूरा करणे तांई कम्म करणे दी जरूरत
नी है। 7 कोई भी माणु अपणे खर्चे पर सिपाई दा कम्म नी करदा।
इक माणु जड़ा अंगूरा दा बाग लांदा है सै भी उदा फल खाणे दी
उम्मीद रखदा। भेडां दी रखबाली करणे बाला भी उना दा दूध पिणे
दी उम्मीद रखदा। 8 मैं ऐ सारियां गल्लां माणुआं दिया सोचा दे
मुताबिक नी बोलदा है। 9 मूसा दी व्यवस्था भी ऐई बोलदी है।
क्योंकि मूसा दिया व्यवस्था च लिखया है, "गांण गांदे बकते दांदे दा
मु मत बनदे।" क्या तुहांजो लगदा है की परमेश्वरे जो दांदा दी ही
चिंता है? नी बिलकुल भी नहीं! 10 परमेश्वरे ऐ खासकर सांझो तांई
ही बोलया है। कने ऐ साड़े तांई ही लिखया है, क्योंकि हल बांणे
बाला आस रखीकरी ही खतरां जो बांदा है, कने गांणे बाला फसल
मिलणे दी आस रखीकरी ही फसल गांदा है। 11 असां तुहाड़े बिच
आत्मिक बी राया है, इस तांई ऐ उम्मीद करणा बड़ी बड्डी गल्ल नी
है, की तुसां साड़े खर्चे तांई पैसे देन। 12 अगर तुसां दुज्जे लोकां
दी सहायता किती है जिना तुसां बाल आई करी प्रचार किता, तां
बरनबास कने मेरा जादा हक बणदा है की तुसां साड़ियां जुरूरतां
जो पूरा करा। क्योंकि असां सारयां ला पेहले तुहांजो शुभसमाचार
सुणाया, पर असां इसा गल्ला तांई तुसां पर भोझ नी पाया। इदे बजाऐ
असां सब कुछ सेहन करणे तांई तैयार थे, ताकि साड़े मसीह दे बारे
च शुभसमाचार पर भरोसा करणे ला कुसी जो भी परेशानी ना होऐ।
13 तुसां जाणदे न की, जड़े लोक मंदरा च सेबा करदे न, उना जो
उना दा खांणा मंदरा ला ही मिलदा है, कने जड़े वेदी पर बलि चढ़ांदे
न, उना जो उस बलि दे चढ़ाबे चे ही हिस्सा मिलदा है। 14 इस
तांई प्रभुऐ हुकम दितया है की शुभसमाचार सुणाणे बालयां दी रोजी
रोटी उना लोकां ला मिलणी चाईदी जड़े शुभसमाचार सुणदे न। 15
पर इना हकां चे मैं कदी कुसी दा भी इस्तेमाल नी किता। कने ऐ
गल्लां मैं इस तांई नी लिखियां की, हुण तुसां मेरे तांई ऐसा करा। नी
बिलकुल भी नी! मेरे तांई मरणा ठीक है, इदे बजाऐ की मैं तुसां
ला सहायता मंगे, अगर मैं तुसां ला मुजदुरी लेई तां फिरी मैं इसा
गल्ला पर घमंड नी करी सकदा, की मैं बिना कुछ लियो तुसां तांई
कम्म किता। 16 इस तांई अगर मैं शुभसमाचार सुंणा, तां इदे च
घमंड करणे बाली कोई गल्ल नी है; क्योंकि प्रभु यीशुऐ मिंजो ऐ
कम्म करणे दा हुकम दितया है, अगर ऐ कम्म मैं नी करे तां मिंजो
बड़ा दुख होणा। 17 क्योंकि अगर मैं अपणिया इच्छा ला ऐ कम्म
करदा है, तां मिंजो मजदूरी मिलणी। कने अगर ऐ कम्म बिना इच्छा
ला करदा है, तां ऐ सिर्फ परमेश्वरे दी दितियो जिम्मेबारियां जो पूरा
करदा है, तां मैं कोई भी मजदूरी दी उम्मीद नी करी सकदा। 18 तां
क्या है मेरी मजदूरी? मेरी मजदूरी ऐई है की मैं बिना मजदूरी लियो
मुफ्त च शुभसमाचार दा प्रचार करें। होर कुछ नी मिंजो इदे च ही
खुशी है की मैं मुफ्त च ही शुभसमाचार दा प्रचार करें, हालांकि
मिंजो बाल पूरा हक है की मैं अपणी मजदूरी इना ला मंगी सके। 19
इदा मतलब ऐ है की मैं लोकां दियां गल्लां जो मनणे तांई मजबूर नी
है, सिर्फ इस तांई की सै मेरी सहायता करदे न, फिरी भी मैं सारयां दा
सेबक बणया, ताकि मैं उना जो मसीह च लेई ओंऐ। 20 जालू मैं
यहूदी लोकां सोगी था, तां मैं उना सांई जिन्दगी जिन्दा था ताकि
मैं उना जो मसीह च लेई ओंऐ; जालू मैं यहूदी व्यवस्था जो मनणे
बालयां सोगी रेंदा था, तां मैं अपु भी उस व्यवस्था दे अधीन रेंदा था,
हल्ले की मिंजो उस व्यवस्था जो मनणे दी जरूरत नी है, पर मैं सै
इस तांई मनदा है ताकि मैं व्यवस्था दे अधीन रेणे बालयां जो मसीह
च लेई ओंऐ। 21 ठीक तियां ही होर जातियां सोगी था, तां उना सांई
जिन्दगी जी, ताकि उना जो भी मसीह च लेई ओंऐ, पर मैं जाणदा
की मैं परमेश्वरे दी व्यवस्था दे बगैर नी जिन्दा था, क्योंकि मैं, मसीह
दी व्यवस्था दे अधीन ही है। 22 जालू मैं उना लोकां सोगी होंदा है,
जिना दा भरोसा कमजोर है, तां मैं उना सांई व्यवहार करदा है, ताकि
मैं उना जो मसीह दे पिच्छे चलणे च सहायता करी सकें, मैं हर इक
माणुऐ तांई कुछ न कुछ बणया है ताकि कुसी न कुसी तरीके ला कुछ
लोकां दा उद्धार होई सके। 23 कने मैं सारा कुछ मसीह दे बारे च
शुभसमाचार जो सुणाणे तांई करदा है, ताकि मिंजो शुभसमाचार दी
आशीषां च हिस्सा मिली जाऐ। 24 तुसां जाणदे न की, दौड़ा च तां
सारे दौड़दे न पर इनाम इकी जो ही मिलदा है। तुसां इयां दौड़ा की
इनाम तुहांजो मिल्ले। इयां ही सांझो सै सब कुछ करणा चाईदा जिदे
ला असां परमेश्वरे जो खुश करी सकन। ताकि सांझो सै इनाम मिली
सके जड़ा परमेश्वरे ओणे बाले बकत च सांझो देणा। 25 कने जड़े
लोक दौड़ा च हिस्सा लेणा चांदे न, सै पेहले इदी तैयारी करदे न,
अपणी इच्छां पर काबू रखदे न, सै ऐसा इस तांई करदे न ताकि
जिती सकन कने इज्जत मिल्ले। उना दी इज्जत करणे तांई पत्तयां दी
बणियो माला दिन्दे न, जड़ी जल्दी सुकी जांदी है। पर असां जड़े
यीशु मसीह पर भरोसा करदे न, साड़ी इज्जत होणी है जड़ी, कने
सांझो ऐसी आशीष मिलणी है, जड़ी युगां-युगां तांई बणी रेणी है।
इस तांई सांझो होर भी जादा सबर रखणा चाईदा। 26 इस तांई मैं
अपणी मसीह जिन्दगी जो इक पक्के मकसद सोगी जी दा है, जियां
इक कुश्ती लड़ने बाला पलबाण लड़दा है कने सै होआ च मुक्के
नी मारदा है। 27 मैं अपणे शरीर जो काबू च रखदा है, ताकि मैं
शरीरे दियां इच्छां पर काबू करी सकें; इयां ना हो की मैं होरां जो
शुभसमाचार दा प्रचार करें, मिंजो अपु जो ही इनाम नी मिल्ले।

**10** हे मसीह भाईयो, मैं चांदा है, की तुसां इसा गल्लां जो याद
रखा की बड़े पेहले साड़े बाप दादयां सोगी जंगला च क्या
होया था। परमेश्वरे इक बदल भेजी करी अगुवाई किती, जड़ा उना
दे अग्गे-अग्गे चलदा था। कने उना जो लाल समुंद्र ला निकाली करी

सुक्की धरतिया पर लेई आया। 2 जियां असां प्रभु यीशु दे चेले बणने
तांई बपतिस्मा लेंदे न, तियां ही सै भी सारे बदला दिया छांआ च थे
कने मूसा दे चेले बणने तांई लाल सागरे चे गे। 3 कने सारयां सेई
रोटी खादी, जड़ी परमेश्वरे उना जो स्वर्गे ला दिती। 4 कने उना
सबना सेई पाणी पीता जड़ा परमेश्वरे उना जो दिता था, उना इक
चट्टान ला निकलने बाले पांणिऐ जो पीता, कने उस चट्टाना दी तुलना
मसीह सोगी करी सकदे न जिना उना सोगी रेईकरी उना जो जिन्दगी
दिती। 5 पर परमेश्वर उना चे मतयां ला खुश नी था, इस तांई तां सै
सुनसान जगा च मरी गे। 6 ऐ सारियां गल्लां साड़े बाप दादयां ने
इस तांई होईयां ताकि सांझो चिताबनी मिल्ले की अगर असां भी
इना सांई बुराई करणे दी इच्छा करगे, तां जड़ा उना सोगी होया
सै साड़े सोगी भी होई सकदा है। 7 कने तुसां मूर्तियां दी पूजा मत
करा, जियां उना चे मते लोकां किता था, ऐ ठीक तियां है जियां
पवित्र शास्त्र च लिखया है, "लोक धामा च खांणा पींणा बैठे, कने
रंगरलियां मनाणे तांई उठे।" 8 कने शरमिंदा होणेबाला कम्म कोई
मत करा; जड़ा साड़े बाप दादयां चे केईयां किता; कने इक ही रोजे
तेरई हजार लोक मरी गे। 9 कने प्रभु जो मत परखा; जियां उना चे
मते लोकां किता, कने जहरीले सपां सै डस्से कने सै मरी गे। 10
बुड़बुड़ा मत जियां उना चे मते लोकां किता, कने परमेश्वरे इक
स्वर्गदूते जो भेजी करी सै मारी दिते। 11 पर ऐ सारियां गल्लां,
जड़ियां साड़े बाप दादयां सोगी हुईयां, सै इस तांई हुईयां ताकि ऐ सारे
लोकां तांई उदाहरण बणे, कने ऐ गल्लां सांझो चेताबनी देंणे तांई
लिखियां न, जड़े इस संसारे च इना आखरी दिना च रे दे न। **(aiōn
g165)** 12 इस तांई अगर ऐथू कोई ऐसा माणु है जड़ा बोलदा है की,
परमेश्वरे पर उदा भरोसा मजबूत है, तां सै ध्यान रखे की, कुथी ऐसा
ना हो की सै अचानक भरोसे ला भटकी जा कने पाप करी ले। 13
पाप करणे दियां इच्छां साड़े बाल जरूर ओंदियां न, पर परमेश्वर
भरोसे दे लायक है; क्योंकि सै तुसां जो कदी एसियां परखा च नी
पोणा दिन्दा, जिसदा तुसां सामणा नी करी सकदे, पर इदे बजाए उनी
तुसां जो शक्ति देणी, जिसदी तुसां जो जरूरत है, ताकि तुसां पापां ला
बची सकन। 14 इस तांई, हे मेरे प्यारे भाईयो, मूर्तियां दियां पूजा
करणे ला बची रिया। 15 मैं तुहांजो समझदार समझीकरी गल्लां
बोला दा है, इस तांई इना गल्लां पर ध्याने ला सोच बिचार करा
जड़ियां मैं हुण बोलणा लगया की सै सही न या गलत न। 16 जालू
असां प्रभु भोज च इस्तेमाल होंणे बाले कटोरे ला अंगूरा दा रस्स पिंदे
न, कने जिस तांई असां परमेश्वरे दा धन्यबाद करदे न, तालू असां
सच्ची मसीह दे खूने जो साझा करदे न। कने जालू असां रोटी तोड़दे
न कने खांदे न, तां असां सच्चे मसीह दे शरीरे जो साझा करदे न।
17 इस तांई की, इक ही रोटी है जड़ी की मसीह है, भले ही असां
केई न, असां इक शरीर बणी जांदे न; क्योंकि असां सारे उसा इकी
रोटिया चे खांदे न। 18 इस्राएल देशे दे लोकां दे बारे च सोचा, जालू
सै परमेश्वरे जो चढ़ाणे बाले खाणे जो खांदे न, तां परमेश्वरे दी पूजा
च हिस्सा लेंदे न, इयां ही जड़े लोक मूर्तियां जो चढ़ाणे बाले खांणे जो
खांदे न, सै भी उना मूर्तियां दिया पूजा च हिस्सा लेंदे न। 19 मेरे
बोलणे दा मतलब ऐ नी की मूर्ति या मुर्तियां सामणे चढ़ाईयां बलियां
दी कोई कीमत है। 20 पर मैं ऐ बोला दा है की, जड़े लोक उना
मूर्तियां तांई चीजां दियां बलियां चढ़ांदे न, सै परमेश्वरे तांई नी पर
बुरियां आत्मा तांई चढ़ांदे न, मैं ऐ नी चांदा की तुसां बुरियां आत्मा दे
हिस्सेदार बणा। 21 ऐ होई नी सकदा की तुसां प्रभु दे कटोरे चे पीया
कने बुरियां आत्मा दे कटोरे चे भी पीया; इयां ही ऐ भी नी होई
सकदा की तुसां प्रभु दी मेज च हिस्सेदार होआ कने बुरियां आत्मा दे
मेज च भी। 22 अगर असां ऐसा करदे न तां असां प्रभु दे गुस्से जो
भड़कांदे न। याद रखा असां परमेश्वरे ला जादा शक्तिमान नी न। 23
तुसां बोलदे न की, साड़े बाल सारियां चीजां करणे दी अजादी है, हां
पर सारियां चीजां साड़े फायदे तांई नी न। असां सब कुछ करणे तांई
अजाद, पर सारियां चीजां परमेश्वरे पर भरोसे जो नी बदादियां। 24
तुसां चे हर कुसी जो अपणे बारे च ही नी सोचणा चाईदा, पर दुज्जे
दिया भलाईया तांई भी सोचणा चाईदा। 25 पर जालू तुसां बजारां च
मास खरीददे न, तां उसयो खरीदी करी खाई लिया, ऐ मत पुच्छा
की ऐ मूर्तियां सामणे बलि कितया था की नी, तां तुसां दिया अंतरात्मा
परेशान नी होणा। 26 तुसां इसयो खाई सकदे न, क्योंकि पवित्र शास्त्र
च लिखया है की, "धरती कने जड़ा कुछ उसा च है; सै सब कुछ
प्रभु दा है।" 27 कने अगर कोई भरोसा नी करणे बालयां चे तुहांजो
खांणे तांई सद्दे, कने तुसां जाणा चांन, तां जड़ा कुछ तुहाड़े सामणे
खाणे तांई रखगे तां उना ला ऐ मत पुछदे की ऐ खाणा बलि कितया है
की नी, ताकि अगर सै बलि कितया होंगा, तां उस खांणे दिया बजा
ला तुसां दिया अंतरात्मा तुहांजो दोषी नी बणाणा। 28 पर अगर कोई
तुसां जो बोले, "ऐ तां मुर्तियां जो चढ़ाया खाणा था," तां तुसां उस
खांणे जो मत खांदे, अपणी अंतरात्मा दिया बजा ला नी, पर उदिया
अंतरात्मा दिया बजा ला जिनी तुहांजो ऐ गल्ल दस्सी थी। क्योंकि
मेरी अपणी खाणे दी अजादी जो कुसी होरसी माणुऐ दिया अंतरात्मा
जरिये न्याय नी कितया जाणा चाईदा। 30 अगर मैं धन्यबाद करिरी
मूर्तियां सामणे बलि कितियां चीजां खाई लेंदा है, तां उस तांई मिंजो
पर कजो दोष लगांदे न, जिस खाणे तांई मैं परमेश्वरे दा धन्यबाद
किता? 31 कने इदा जबाब ऐ है, चाऐ तुसां खा, या पिया, चाहे जड़ा
कुछ करा, पर सारा कुछ परमेश्वरे दिया महिमा तांई करा। 32 मैं
जड़ा कुछ भी करदा है, उदे च मैं सारयां जो खुश करणे दी कोशिश
करदा है; मैं अपणी भलाई नी सोचदा पर सारयां दी भलाई सोचदा है
ताकि सारे बची सकन। इस तांई तुसां भी इस तरीके ला जिया की
तुसां यहूदी लोकां तांई, या होर जाति दे लोकां तांई, या परमेश्वरे
दिया कलीसिया दे लोका तांई कोई परेशानी खड़ी ना होऐ, जिसा
बजा ला सै मसीह पर भरोसा करणा छड़ी देन।

**11** जियां मैं मसीह सांई जिन्दगी जिंदा है, तियां ही तुसां भी मेरे
सांई जिन्दगी जिया। 2 हे मसीह भाईयो, मैं तुहाड़ी तारीफ़
करदा है, क्योंकि तुसां मिंजो सारियां गल्लां च याद करदे न, कने
जड़ियां शिक्षा मैं तुसां जो दीतियां न, उना दा ध्याने ला पालन करा दे
न। 3 पर इक गल्ल है जड़ी मैं चांदा है की तुसां ऐ जाणी लिया की,
हर इक मर्दे दा मुंड मसीह है, कने इक घरे बालिये दा मुंड उदा

घरेबाला है, कने मसीह दा मुंड परमेश्वर है। 4 इस तांई अगर कोई
मर्द कलीसिया च प्राथना करदे बकत या परमेश्वरे दा संदेश सुणादें
बकत अपणा सिर ढकदा है, तां सै मसीह दा अनादर करदा है जड़ा
उदा सिर है। 5 पर जड़ी जनानी कलीसिया च बिना सिर ढक्यो
प्राथना या परमेश्वरे दा बचन सुणा दी है, इदा मतलब ऐ है की सै
अपणे घरे बाले दा अनादर करदी है जड़ा उसा दा सिर है। सै उसा
जनानिया सांई है जिसा जो शर्मिंदा करणे तांई उसा दा मुंडन करी
दिन्दे न। 6 अगर सै जनानी मुंड नी ढकणा चांहदी, तां सै अपणे
बाल कटाई दे; पर अगर जनानिया तांई बाल कटवाणा सरमा दी
गल्ल है, तां सै प्राथना या भविष्यवाणी करदे बकत सिर ढकी ले। 7
मरदे तांई अपणा सिर ढकणा खरा नी है, क्योंकि मर्द परमेश्वरे दी
महिमा है, जिसयो परमेश्वरे अपणे रूपे च बणाया है; पर जनानियां
मर्दां दिया महिमा जो जाहिर करदियां न। 8 क्योंकि पेहला मर्द
जनानिया ला नी आया था, पर पैली जनानी मरदे ला आईयो थी। 9
परमेश्वरे पेहले मरदे जो जनानिया दिया सहायता तांई नी बणाया, पर
जनानिया जो मरदे तांई बणाया। 10 इसा बजा ला कने स्वर्गदूतां दिया
बजा ला भी, इक जनानिया जो अपणे सिरे जो ढकणा चाईदा, अपणे
अधिकारे दे चिन्न दे रूपे च। 11 तमी अगर असां भरोसा करणे बाले
लोकां दी गल्ल करदे न, तां ना जनानियां मरदा ला अजाद न, कने
ना ही मरद जनानिया ला अजाद न। 12 हालांकि परमेश्वरे पैली
जनानी मरदे ला बणाई, पर हुण जनानियां ही मर्दां जो जमदियां न;
कने सै दोनों परमेश्वरे दिया तरफा ला न जिनी सारयां जो बणाया
है। 13 मैं चांदा है की तुसां अपु ही फेसला करा, की क्या इक
जनानिया जो उघड़े सिरे सभा च परमेश्वरे दी प्राथना करणा सही है?
14 कुदरती तुसां ऐ जाणदे नी, की अगर कोई मर्द लम्बे बाल रखे, तां
उदे तांई ऐ सरमा दी गल्ल है। 15 अगर जनानी लम्बे बाल रखे तां
उदे तांई शोभा है, कने उना जो अराधना च सिर ढकणा चाईदा। 16
पर अगर कुसी जो लग्गा दा है मैं गलत बोला दा है, तां तुसां ऐ
जाणी लिया की साड़ी कलीसिया कने परमेश्वरे दियां कलीसियां दे
ऐई रिबाज न। 17 जिना गल्लां दे बारे च हुण मैं तुहांजो बोलणा
लगया, उना दी मैं तारीफ़ नी करी सकदा है, क्योंकि कलीसिया च
तुहाड़े गिठे होणे ला तुहाड़ी भलाई नी पर बुराई ही होई है। 18
क्योंकि सारयां ला पैली गल्ल तां ऐ है, मैं ऐ सुणया है, की जालू
तुसां कलीसिया च अराधना तांई गिठे होंदे न, तां तुसां बिच अपु चे
बणदी नी, कने मिंजो भरोसा है की उना दियां गल्लां च कुछ सच्चाई
है। 19 तुसां जो क्या लगदा, की तुसां बिच जालू बटबारा होणा, तालू
ही पता लगणा है की कुण परमेश्वरे दे चुणयो लोक न? नी ऐसा
बिलकुल नी है। 20 जालू तुसां इक जगा च गिठे होंदे न, तां तुहांजो
इसा गल्ला दी चिंता नी है, कि प्रभु यीशु मसीह दी मौत जो याद
करणे तांई प्रभु भोज कियां खांणा चाईदा। 21 क्योंकि मिंजो पता
लगया की तुसां चे केई लोक दुज्जयां सोगी बंडणे ला पेहले अपणा
खांणा खाई लेंदे न, जिसा बजा ला कुछ लोक भूखे ही चली जांदे न,
कने केई शराबी होई जांदे न। 22 तुसां अपणे घरां च खाई पी सकदे
न! तुसां परमेश्वरे दिया कलीसिया दा निरादर कने गरीबां दी बेईजती
करदे न। क्या मैं इस कम्मे तांई तुहाड़ी तारीफ करां? मैं ऐसा करणे
तांई तुहाडी तारीफ नी करणी। 23 जड़ी शिक्षा मैं तुहांजो दितियो थी,
सेई शिक्षा है जड़ी मिंजो प्रभु ला मिलियो है, की प्रभु यीशु मसीह
जिस राती पकड़बाया गिया, तां उनी रोटी लेई, 24 कने परमेश्वरे दा
धन्याबाद करिरी तोड़ी, कने बोलया, "ऐ मेरा शरीर है, जड़ा तुहाड़े
उद्धार तांई बलिदान कितया जाणा, कने मिंजो याद करणे तांई इयां ही
करदे रिया।" 25 कने जालू सै रोटी खाई बैठे तां यीशुऐ अंगूरा दे
रस्से ला भरया कटोरा लिया, कने बोलया, "ऐ कटोरा मेरे खूने च
नोई बाचा है, जालू कदी तुसां इसयो पींगे, तां मेरी याद तांई इयां ही
करदे रिया।" 26 क्योंकि जालू भी तुसां इसा रोटिया चे खांगे, कने
इस कटोरे चे अंगूरा दा रस पिंगे, तां जालू दीकर प्रभु मुड़ी नी ओऐ
तां उदिया मौता दा प्रचार करदे रिया। 27 इस तांई जड़ा कोई इस
तरीके ला जड़ा मसीह दा निरादर करदा है प्रभु दी रोटी खा, या उस
कटोरे चे पिऐ, तां सै प्रभु दे शरीर कने खूने दे खिलाफ पाप करदा
है। 28 इस तांई हर इक माणु इसा रोटिया जो खाणे कने इस कटोरे
चे अंगूरा दा रस पिणे ला पेहले अपणे आपे जो जांजी परखी ले की
उदे अपणे बिचार सही न। 29 क्योंकि जड़ा कोई रोटी जो खाणे कने
कटोरे च पिंदे बेले प्रभु दे शरीर दी इज्जत ना करे, तां सै इस तरीके
ला खाई पी करी अपणे उपर सजा लेई ओंदा है। 30 ऐई बजा है की
तुसां चे केई बीमार न, कने तुसां लोकां बाल कमजोर शरीर भी है
कने केई लोक मरी भी गियो न, क्योंकि ऐ परमेश्वरे दी सजा है। 31
इस तांई अगर असां पेहले अपणे आपे जो परखी लेंदे न, तां परमेश्वरे
सांझो सजा नी देणी। 32 पर अगर परमेश्वर इस तरीके ला सांझो
सजा दिन्दा है, तां सै सिर्फ सांझो सुधारदा है, ताकि सांझो न्याय बाले
दिने संसारे दे लोकां सोगी सजा ना मिल्ले। 33 इस तांई, हे मेरे मसीह
भाईयो, जालू तुसां प्रभु भोज खाणे तांई गिठे होंदे न, तां इक दुज्जे
तांई रूका करा ताकि सोगी रोटी खाई सकन। 34 अगर कोई भूखा
हो, तां अपणे घरे खाई ले ताकि जालू तुसां गिठे होंदे न तां सही ढंगे
ला व्यवहार करी सकन, ताकि परमेश्वर तुहांजो सजा ना दे, कने
बाकि गल्लां दे बारे च जड़ियां तुसां लिखियां थियां, सै मैं ओथु आई
करी समझाई दिंगा।

**12** हे मसीह भाईयो, तुसां मिंजो ला पवित्र आत्मा दे बरदाना
दे बारे च पूछया था, मैं चांदा की तुसां इना बरदाना दे बारे च
अच्छे ला जाणी लिया। 2 तुसां जाणदे न, की परमेश्वरे पर भरोसा
करणे ला पेहले कियां जिन्दगी जिन्दे थे। तुसां भटकाई दितयो थे
की तुसां बेजान मूर्तियां दी पूजा करन। 3 इस तांई मैं चांदा है तुसां
इसा गल्ला जो जाणी लिया की परमेश्वरे दी दितियो पवित्र आत्मा
दे जरिये कोई भी माणु ऐसा नी बोलदा की यीशु श्रापित है, कने
पवित्र आत्मा दे जरिये ही सै बोली सकदा है की "यीशु ही प्रभु है।"
4 कने हुण केई किस्मा दे बरदान न, पर इना जो सारे बरदाना जो
देणेबाला सिर्फ इक ही है, कने सै पवित्र आत्मा है। 5 कने लग-लग
तरीके ला असां प्रभु दी सेबा करी सकदे, पर असां सारे इक ही
प्रभु दी सेबा करदे न। 6 कने परमेश्वर भी केई तरीके ला साड़िया
जिन्दगिया च कम्म करदा है, पर ऐ सेई परमेश्वर है जड़ा असां

सारयां दे जरिये कम्म करदा है। 7 परमेश्वरे सांझो सारयां जो इक
दुज्जे विश्वासी भाई बेहणा दी सहायता तांई ऐसा बरदान दितया है,
जड़ा पवित्र आत्मा दी हाजरी जो प्रकट करदा है। 8 क्योंकि पवित्र
आत्मा कुसी इकी माणुऐ जो अकली दियां गल्लां बोलणे दा बरदान
दिन्दी, कने होर कुसी माणुऐ जो ज्ञान दियां गल्लां बोलणे दा बरदान
दिन्दी है। 9 कने कुसी माणुऐ जो मसीह पर बड़ा जादा भरोसा करणे
दा बरदान दिन्दा, कने कुसी जो ऐई पवित्र आत्मा दुज्जे माणुआं
जो ठीक करणे दा बरदान दिन्दी है। 10 पवित्र आत्मा कुसी जो
चमत्कार करणे दी शक्ति दिन्दी; कने कुसी जो परमेश्वरे दा संदेश
देणे दा बरदान दिन्दी, कने कुसी जो ऐ परखणे दी समझ दिन्दी की
पवित्र आत्मा दिया तरफा ला कने बुरियां आत्मा दिया तरफा ला
मिलणे बाले बरदाना च क्या फर्क है। कने कुसी जो लग-लग भाषा
बोलणे दा बरदान दिन्दी, जड़ी उना कदी नी सिखियो हो; कुसी
जो इना भाषा दा मतलब दसणे दा बरदान दिन्दी। 11 पर ऐ सारे
बरदान इक ही पवित्र आत्मा दे कम्म न, सै सारे मसीह पर भरोसा
करणे बालयां जो बरदान दिन्दा है जदिया पवित्र आत्मा चांदा है। 12
क्योंकि जियां माणुऐ दा शरीर तां इक है पर उदे अंग मते न, कने मते
सारे अंग मिली करी इक शरीर बणादे न, इयां ही मसीह भी कने
उस पर भरोसा करणे बाले भी इक न। 13 क्योंकि असां सारयां
जड़े यहूदी न, या होर जाति न, या गुलाम न, या अजाद न, इक ही
पवित्र आत्मा जरिये इक शरीर होणे तांई बपतिस्मा लिया, कने सांझो
सारयां जो इक ही आत्मा मिलीईयो, जियां असां सारयां इक ही
कटोरे चे पिंदे न। 14 साड़े शरीर च इक ही अंग नी है, पर मते सारे
अंग न। 15 सोचा, अगर पैर बोले की, "मैं हथ नी है, इस तांई मैं
शरीर दा अंग नी है," तां क्या उदे ऐसा बोलणे दिया बजा ला सै
शरीर दा अंग नी है? 16 कने अगर कन बोले, "मैं हख नी है,
इस तांई मैं शरीर दा अंग नी है," तां क्या सै कन्ना दा ऐसा बोलणे
दिया बजा ला सै शरीर दा अंग नी है? 17 अगर सारा शरीर हख
ही होंदी तां सुणना कुथु ला था? अगर सारा शरीर कन ही होंदा
तां सिंघणा कुथु ला था? 18 पर परमेश्वरे अपणी इच्छा अनुसार
शरीर दे सारे अंगा जो इक-इक करिरी ठीक जगा च रखया है।
19 अगर सारे इक ही अंग होंदे, तां कोई शरीर नी होणा। 20 इस
तांई, भले ही शरीर दे मते अंग होंदे न, पर शरीर इक ही है। 21
हखी हथां ला नी बोली सकदियां की, मिंजो तेरी जरूरत नी है, कने
ना सिर पैरां जो बोली सकदा है की, "मिंजो तेरी जरूरत नी है।"
22 पर शरीर दे सै अंग जिना जो असां कमजोर समझदे न, सै बड़े
जरूरी न। 23 कने शरीर दे जिना अंगा जो असां आदर दे काबिल नी
समझदे न उना जो असां बड़े ध्याने ला ढकी करी रखदे न। इस तांई
उना अंगा दी रक्षा करदे न जिना जो दुज्जयां जो नी दस्सी सकदे,
जालू की जादा आदर दे काबिल अंगा जो खास देखभाल दी जरूरत
नी होंदी। इस तांई परमेश्वरे शरीर जो इस तरीके ला बणाया है की
उना अंगा जो जादा आदर कने देखभाल होऐ जड़े घट इज्जत दे
काबिल न। 25 परमेश्वरे ऐ इस तांई किता की शरीर दे सारे अंग
इक दुज्जे ला मिल्ली करी रेन, कने शरीर दे सारे अंग इक दुज्जे
दी देखभाल करन। 26 अगर साड़े शरीर दा इक अंग बीमार है,
तां उस सोगी शरीर दे सारे अंग दुखी होंदे न, कने इयां ही साड़े
शरीर दे इक अंगे दी अच्छे ला देखभाल होंदी है, तां पूरा शरीर
खुश है। 27 इयां ही तुसां भी सारे मिली करी मसीह दे शरीर न,
कने तुसां सारे उदे शरीर दे अंग न। 28 कने मसीह दे इस शरीर च
जड़ी कलीसिया है, परमेश्वरे लग-लग लोकां जो लग-लग कम्म
दितया है। पेहले सै लोक जड़े उदे प्रेरित न, दुज्जे परमेश्वरे दे संदेश
देणेबाले, तीजे सै लोक न जड़े सिखांदे न। उदे बाद सै लोक न जिना
जो उनी चमत्कार करणे दा हक दितया है, कने सै लोक न जिना जो
लोकां जो ठीक करणे दा हक दिता, फिरी सै न जिना जो दुज्जयां दी
सहायता करणे दी ताकत मिलियो, फिरी सै न जड़े अगुवे न, फिरी सै
न जिना जो पवित्र आत्मा जरिये लग-लग भाषा बोलणे दा बरदान
मिलया, जड़ियां उना कदी सिखियां नी थियां। 29 हर कोई प्रेरित नी
होंदा। हर कोई परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला नी होंदा। कने हर कुसी
बाल चमत्कार करणे दा हक नी होंदा। 30 हर कुसी जो लोकां जो
ठीक करणे दा बरदान नी मिलया होंदा। कने हर कुसी जो लग-लग
भाषा बोलणे दा बरदान नी मिलया होंदा, जड़ियां उनी कदी भी नी
सिखियां होन। 31 हर कुसी जो लग-लग भाषा दा मतलब दसणे दा
बरदान नी मिलया, जड़ियां उनी कदी नी सिखियां। इस तांई पवित्र
आत्मा ला बडे ला बडा बरदान पाणे दी इच्छा रखा! पर मैं हुण तुसां
जो दसणा की इदे ला भी खरा क्या है।

13 अगर मैं माणुआं, कने स्वर्गदूतां दी भाषा बोलें, कने मैं लोकां
सोगी प्यार ना करें, तां मेरा बोलणा ठण-ठण करदी पितल
कने छण-छण करदी झांझ सांई है। 2 कने अगर मैं परमेश्वरे दा
संदेश देई सकें, कने सारे भेदां कने हर तरा दे ज्ञाने जो समझी सकें,
कने ऐथू दीकर की मेरा परमेश्वरे पर पूरा भरोसा हो की, मैं पहाड़े जो
हटाई दें, पर दुज्जे सोगी प्यार नी करें, तां मेरी कोई कीमत नी। 3
कने अगर मैं अपणी सारी जमीन जायदाद गरीबां जो बंडी दें, या
उना जो अपणा शरीर फुकणे तांई देई दें, कने दुज्जे सोगी प्यार नी
करें, तां इदे ला मिंजो कोई फायदा नी। 4 जड़े लोक दुज्जयां सोगी
प्यार करदे न, सै सबर रखणेबाले कने दयालु होंदे न, सै लोक जलन
नी करदे; कने ना सै अपणी बड़ाई करदे न कने न अपणे बारे च
घमंड करदे। 5 सै लोक कुसी सोगी भी बुरा व्यवहार नी करदे, सै
अपणी ही खुशी दे बारे च ही नी सोचदे, सै झट गुस्सा नी करदे, कने
सै उना बुरियां गल्लां जो याद नी रखदे, जड़ियां उना दे खिलाफ
कितियां होन। 6 जालू लोक बुरे कम्म करदे न तां सै खुश नी होंदे,
पर सै तालू खुश होंदे जालू लोक सही कम्म करदे न। 7 सै कदी हार
नी मंदे, प्यार सांझो हर तरा दे हालातां च परमेश्वरे पर भरोसा करणा
कने आस रखणे दे काबिल बणादां है, ऐ दुख कने परेशानियां च सबर
रखणा सिखांदा है। 8 सै बकत ओंणा जालू लोकां परमेश्वरे दे संदेश
दा प्रचार होर-होर भाषा च नी करणा, कने परमेश्वरे दे बारे च खास
ज्ञाने दी जरूरत नी होणी, पर प्यार हमेशा तांई बणी रेणा। 9 क्योंकि
साड़ा खास ज्ञान कने परमेश्वरे दे संदेश दे बारे च प्रचार करणे दी
शक्ति, दोनों अधूरियां न। पर जालू उनी ओणा है जड़ा पूरा कने सिद्ध

है, तालू जड़ा अधुरा है उदी जरूरत नी रेणी। 11 ऐ इक माणुऐ दे बड्डे होणे सांई। जालू मैं इक बच्चा था, तां मैं बच्चे सांई बोलदा कने सोचदा समझदा था, पर जालू मैं बडा होई गिया, तां मैं बचपने दे तरीके छडी दिते। 12 इसा जिन्दगी च असां सब कुछ पूरी तरा नी समझदे न। ऐ तियां है जियां कोई माणु अपणी शकल धुन्दले सीसे च दिखदा है। पर जालू असां स्वर्गे च जांदे न, तालू असां सब कुछ साफ-साफ समझणा। ऐ कुसी सोगी आमणे सामणे गल्ल करणे सांई होणा। हुण असां सब कुछ जाणदे न जड़ा परमेश्वर सांझो सिखाणा चांदा है। तालू असां सब कुछ जाणी जाणा, जियां परमेश्वर सांझो जाणदा है। 13 इस तांई हुण असां तिन गल्लां जो करदे न: परमेश्वरे पर भरोसा रखा, परमेश्वरे दे बायदे पर आस रखा। पर इना गल्लां च सारयां ला बडी गल्ल इक दुज्जे ला कने परमेश्वरे ला प्यार करणा।

**14** इक दुज्जे ला प्यार करणे दी कोशिश करा, कने पवित्र आत्मा दे बरदान पाणे दी बड़ी इच्छा रखा, खासकर परमेश्वरे दा संदेश देणे दा बरदान पाणे दी इच्छा रखा। 2 क्योंकि जड़ा होर-होर भाषां च गल्लां करदा है, उसा भाषा जो कोई नी समझी सकदा, सै माणुऐ ला नी, पर परमेश्वरे ला गल्लां करदा है। इस तांई कोई भी नी समझदा की सै क्या बोला दा है, क्योंकि सै पवित्र आत्मा दिया शक्तिया ला गुप्त गल्लां बोलदा है। 3 पर जड़ा भविष्यवाणी करदा है, सै भरोसा करणे बाले लोकां जो उना दे भरोसे च मजबूत करदा, कने उना दे मना जो हौंसला कने तसल्ली देणे तांई सहायता करदा है। 4 होर-होर भाषां च गल्लां करणे बाला माणु अपणे आप दा भरोसा मजबूत करदा है, पर जड़ा भविष्यवाणी करदा है, सै कलीसिया दे सारे भरोसा करणे बाले लोकां दे भरोसे जो मजबूत करदा है। 5 मैं चांदा है, की तुसां सारे होर भाषा च गल्लां करा, पर इसला बड़िया गल्ल ऐ की तुसां भविष्यवाणी करा। क्योंकि सै जड़ा भविष्यवाणी करदा है, उस होर भाषा च बोलणे बाले ला, जड़ा मतलब दसयो बिना होर भाषा च बोलदा है, बेहतर है क्योंकि मतलब पता लगणे ला ही कलीसिया दे लोकां दी तरक्की होई सकदी है। 6 इस तांई हे मसीह भाईयो, अगर मैं तुहाड़े बाल आई करी होर भाषा च गल्लां करें, कने इदा मतलब नी समझाई सकें तां इदे ला तुहांजो क्या फायदा होणा? इदे बदले अगर मैं तुहांजो सै दस्से जिदा परमेश्वरे मिंजो प्रकाशन दितया, या सच्चाईया दा ज्ञान, भविष्यवाणियां, या उपदेश दियां गल्लां दस्सें, इदे ला तुहांजो जादा फायदा होणा। 7 इयां ही अगर कोई बिण या बंसरी बजांदा है, कने अगर इना दिया अबाजा च कोई फर्क नी है, तां बाकियां कियां पछेणना की ऐ बिण या बंसरी है? 8 कने अगर लड़ाई दे बकत तुरही दी अबाज साफ नी सुणुऐ, तां सिपाई लड़ाईऐ तांई तैयार नी होई सकदा। 9 इयां ही, जालू तुसां ऐसे शब्द बोलदे न जिना जो लोक समझी नी सकदे न, तां ऐ होआ च गल्लां करणे सांई है कने जड़ा तुसां बोला दे न उदी कोई कीमत नी होणी। 10 इस संसारे च मतियां लग-लग भाषां न कने हर भाषा दा अपणा मतलब है। 11 पर अगर असां उस भाषा दा मतलब नी समझदे न, जड़े दुज्जे बोलदे न, तां ऐ ऐसा होणा मन्ना की सै साड़े तांई परदेसी न, कने असां उना तांई परदेसी न। 12 इस तांई जालू तुसां आत्मिक वरदान पाणे दी इच्छा रखदे न, तां पवित्र आत्मा तुहांजो बरदान दिन्दा है, तां उना बरदाना दा इस्तेमाल करणे तांई कोशिश करदे रिया ताकि इना बरदाना ला कलीसिया दे लोकां दा भरोसा होर जादा मजबूत हो। 13 इस तांई जड़े होर भाषा च परमेश्वरे ला गल्लां करदे न, सै प्राथना करन की जड़ा सै बोला दे न उदा मतलब दुज्जयां जो समझाई सकन। 14 क्योंकि जालू मैं होर भाषा च प्राथना करें, तां मेरी आत्मा प्राथना करदी है, पर मेरा मन इसयो नी समझदा है। 15 कने इसा बजा ला जालू मैं प्राथना करें तां मैं पवित्र आत्मा दी अगुवाई च प्राथना करें, पर मैं ऐ भी चांदा है की दुज्जे लोक समझी सकन की मैं क्या बोला दा है। कने जालू मैं भजन गां तां सै भी पवित्र आत्मा दी अगुवाई च हो, पर ऐ भी जरूरी है की जड़ा मैं भजन गा दा है सै भी दुज्जे लोक समझन। 16 मना की कोई आम बन्दा तुहाड़िया अराधना च है कने तुसां अपणी आत्मा ला परमेश्वरे दी अराधना करा दे न। अगर सै तुहाड़ियां गल्लां जो नी समझदा, तां तुहाडा परमेश्वरे जो धन्यबाद देंणे बाद, उसयो कियां पता लगणा की आमीन कालू बोलणा जिस बारे च तुसां बोलया। 17 तू तां सही ढंगे ला परमेश्वरे दा धन्याबाद करदा होंगा, पर इदे ला दुज्जे लोकां दा भरोसा मजबूत नी होंदा। 18 मैं अपणे परमेश्वरे दा धन्यबाद करदा है, की मैं तुसां ला जादा होर भाषा च गल्लां करदा है। 19 पर जालू मैं कलीसिया दे लोकां च होंदा है, तां मेरे तांई ऐईं खरा है की उना जो सिखांणे तांई समझणे दे पंज अखर बोलें जड़े सै समझी सकन। ना कि इदे बजाए होर भाषा च दस हजार गल्लां बोलें, जिना जो कोई नी समझे। 20 हे मसीह भाईयो, तुसां इना गल्लां जो समझणे तांई बचयां सांई मत बणा; पर बुराईया तांई बचयां सांई मासूम बणा, पर इना गल्लां जो समझणे तांई सियांणे बणा। 21 पवित्र शास्त्र च लिखया है, की प्रभु बोलदा है की, "मैं बिदेशी कने अजनबी लोकां दे जरिये अपणे लोकां ला गल्लां करणियां, जिना अजीब या लग भाषा बोलणियां, तमी उना मेरियां गल्लां नी सुणनियां।" 22 इस तांई होर भाषां भरोसा करणे बालयां तांई नी, पर भरोसा नी करणे बालयां तांई इक निशाण है, कने परमेश्वरे दे संदेश दसणा भरोसा नी करणे बालयां तांई नी, पर भरोसा करणे बालयां तांई इक निशाण है। 23 इस तांई अगर कलीसिया दे लोक इक जगा गिठे होन, कने सारे होर भाषा च परमेश्वरे ला गल्लां करन, कने कोई जड़े ऐ भाषा नी समझदे होन या कोई भरोसा नी करणे बाले अंदर आई जान तां उना पक्का सोचणा की तुसां पागल होई गियो न। 24 पर अगर सारे परमेश्वरे दे संदेश दसणा लग्गे, कने अगर कोई भरोसा नी करणे बाला या इस बरदान दे बारे च अनजाण माणु अंदर आई जा, तां उसयो ऐहसास होई जाणा की सै पापी है, कने उनी अपणी जिंदगी तुसां दे बोलणे दिया बजा ला बदली देणी। 25 परमेश्वरे दे शुभसमाचार दिया बजा ला उसयो उदी बुराई कने उदे मने दे बुरे बिचारां दा ऐहसास होणा, कने उसयो ऐहसास होणा की सै पापी है कने उनी पापां दा पश्चाताप करणा, कने गोडे भार बेईकरी परमेश्वरे दी अराधना करणी। कने मन्नी लेणा की, सच्ची परमेश्वर तुहाड़े बिच है। 26 इस तांई हे मसीह भाईयो, सुणा तुहांजो क्या करणा

चाईदा? जालू तुसां अराधना तांई गिठे होंदे न, तां तुसां चे इक्की माणुऐ
प्रभु दे भजन गाऐ, कने इक ही परमेश्वरे दे दितयो प्रकाशन दस्से,
कने इक ही होर भाषा च परमेश्वरे ला गल्लां करे, कने होर दुज्जे
इदा मतलब दसन। ऐ सारा कुछ तुहांजो भरोसा करणे बाले लोकां जो
मजबूत करणे तांई करणा चाईदा। 27 अगर होर भाषा च परमेश्वरे
सोगी गल्लां करणियां चांदे न, तां सिर्फ दो या तिन्न जणे बारी-बारी
बोलन, कने इक माणु इना भाषा दा मतलब दसणे बाला होणा जरूरी
है। 28 पर अगर होर भाषा दा मतलब दसणे बाला कलीसिया च कोई
नी है, तां सै माणु कलीसिया च चुप रे, कने अपणे मने च परमेश्वरे
ला गल्लां करे। 29 परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां चे दो या तिन ही
परमेश्वरे दा संदेश देन, कने बाकी लोक ऐ दीखन की जड़ा सै बोला
दे न सै पवित्र शास्त्रे अनुसार ठीक है की नी है। 30 पर अगर कुसी
दुज्जे माणुऐ जो जड़ा कलीसिया च बैठया हो, उसयो परमेश्वरे दिया
तरफा ला कोई संदेश मिल्ले, तां जड़ा पेहले बोलणा लगया हो सै
चुप होई जाऐ कने उसयो बोलणा दे। 31 क्योंकि तुसां सारे परमेश्वरे
दा संदेश देई सकदे न, पर इक-इक करीरी, ताकि हर कोई सिखे
कने सारयां जो हिम्मत मिल्ले। 32 कने परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला
अपणे आप पर काबू रखे; सै अपणिया इच्छा ला बोली सके कने
अपणिया इच्छा ला बोलणा बंद भी करी सके। 33 क्योंकि परमेश्वर
गडबड़ी दा नी पर शांति दा परमेश्वर है। इसी नियमे जो परमेश्वरे
दियां सारियां कलीसियां मंदियां न। 34 जनानिया कलीसिया च चुप
रेंन, क्योंकि उना जो गल्लां करणे दा हुकम नी है, पर अधीन रेणे दा
हुकम है। जियां मूसा दिया व्यवस्था च भी लिखया है। 35 अगर सै
कुछ सिखणा चांदिया न तां सै कलीसिया च जादा सबाल जबाब ना
करन, पर घरे जाई करी अपणे घरे बाले ला पूछन, क्योंकि जनानिया
दा कलीसिया च गल्लां करणा सही नी है। 36 ऐसा क्या है की तुसां
चे कुछ लोक पेहले दसियो व्यवस्था जो नी मनणा चांदे? क्या तुहांजो
लगदा है की तुसां पेहले न जिना जो परमेश्वरे दा बचन दितया है?
या सिर्फ ऐ तुहांजो ही दितया था? 37 अगर कोई माणु अपणे आप
जो परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला या ऐसा माणु समझे जिसयो पवित्र
आत्मा बरदान दितया हो, तां ऐ समझी लिया की, जड़ियां गल्लां मैं
तुहांजो लिखियां न, सै प्रभु दा हुकम है। 38 अगर कोई माणु मेरियां
लिखियां गल्लां जो ना मन्ने, तां तुसां भी उदियां बोलियां गल्लां मत
मन्ना। 39 हे मसीह भाईयो, परमेश्वरे दा संदेश देणे दी इच्छा रखा
कने होर भाषा च परमेश्वरे ला गल्लां करणे तांई कुसी जो भी मना
मत करा। 40 पर जड़ा कुछ भी तुसां अराधना करदे बकत करदे न,
उना सारियां गल्लां जो पुरे सभ्य तरीके ला करा।

## 15

हे मसीह भाईयो, मैं तुहांजो सै ही शुभसमाचार याद करांदा
है, जड़ा मैं पेहले सुणाई बैठया है, जिस पर तुसां पेहले भरोसा
भी किता था कने जिदे च तुसां टिकयों भी न। 2 अगर तुसां उस
शुभसमाचार पर जिदा मैं प्रचार किता, तुहाड़ा भरोसा उस पर बणी
रेंगा तां परमेश्वरे तुहाड़ा उद्धार करणा; अगर तुहाड़ा भरोसा कमजोर
होई जांगा तां उदी कोई कीमत नी कने सै बेकार है। 3 इसा बजा
ला मैं तुहांजो सारयां ला जरूरी संदेश दसया, जड़ा मिंजो प्रभु यीशु
मसीह ला मिलया। कने सै संदेश ऐ है पवित्र शास्त्रे दे बचने अनुसार
यीशु मसीह साड़े पापां तांई मरी गिया। 4 कने धरती च दबया; कने
पवित्र शास्त्र दे अनुसार त्रिऐ रोजे मरयां चे जिन्दा भी होई गिया। 5
कने फिरी सै पतरस जो मिल्ला कने उदे बाद सै बारां चेलयां जो
मिल्ला। 6 फिरी उदे बाद सै पंज सौ ला जादा चेलयां जो मिल्ला,
जिना चे मते लोक हले दीकर जिंदे न पर केई मरी गियो न। 7
फिरी उदे बाद याकूबे जो मिल्ला कने सारे चुणयो प्रेरितां जो भी
मिल्ला। 8 कने सारयां ला बादे च उनी अपणे आप जो मिंजो पर
प्रगट किता, जड़ा उस बच्चे सांई है जिदा जन्म सही बकत पर नी
होया हो। 9 क्योंकि मैं प्रेरितां च सारयां ला घट खास है, बल्कि
प्रेरित बणने जोगा भी नी है, क्योंकि मैं परमेश्वरे दिया कलीसिया दे
लोकां जो सताया था। 10 पर अगर अज मैं प्रेरित है तां सै परमेश्वरे
दा अनुग्रह है: कने उनी जड़ा अनुग्रह मिंजो पर कितया है, सै बेकार
नी होया। पर मैं उना दुज्जे प्रेरितां ला जादा बदीकरी मेहनत किती;
तमी ऐ मेरिया तरफा ला नी होया, पर परमेश्वरे दे अनुग्रह मेरी बड़ी
सहायता किती की मैं उदा कम्म करी सकें। 11 इस तांई अगर चाऐ
मैं है, या दुज्जे प्रेरित न, असां सारे मसीह दे बारे च प्रचार करदे
न, कने इसी पर तुसां भरोसा किता। 12 हुण मैं तुहांजो ऐ बोलणा
चांदा; क्योंकि असां सारयां तुहाड़े बिच ऐई प्रचार किता की जालू
मसीहा मरया तां परमेश्वरे उसयो जिन्दा किता, तां तुसां चे कोई भी
ऐ ना बोले की परमेश्वरे भरोसा करणे बाले दे मरणे बाद उना जो
जिन्दा नी करणा। 13 अगर मरणे बाद जिन्दा होणा नी होंदा, तां
फिरी मसीह भी मरयां चे जिन्दा नी होया। 14 कने अगर मसीह
मरयां चे जिन्दा नी होया, तां जिस संदेश दा असां प्रचार करदे न
कने मसीह पर तुहाड़ा भरोसा करणा दोनों बेकार न। 15 इसला
भी बदीकरी ऐ की असां परमेश्वरे दे झूठे गबाह साबित होआ दे न
क्योंकि असां उदे बारे च ऐ गबाई दीतियो है की उनी मसीह जो
मरयां चे जिन्दा कितया है, पर अगर मरयो असल च जिन्दे नी होंदे
न तां परमेश्वरे मसीह जो भी जिन्दा नी कितया है। 16 अगर मरयो
लोक मौत ला बाद जिन्दा नी होंदे न, तां मसीह भी मौत ला बाद
जिन्दा नी होया है। 17 कने अगर मसीह जिन्दा नी होया, तां मसीह
पर तुहाड़ा भरोसा करणा बेकार है; कने तुसां हले दीकर भी अपणे
पापां च जिया दे न। 18 अगर मसीह मरयां चे जिन्दा नी होया है, तां
जड़े मसीह च भरोसा करणे बाले लोक मरी गियो न, सै बचायो नी
न, बल्कि नाश होई गियो न, मतलब की ऐ की हमेशा तांई परमेश्वरे
ला लग होई गियो न। 19 अगर असां सिर्फ ऐथू दी जिन्दगिया तांई
मसीह पर आस रखदे न, तां इस संसारे दे माणुऐ ला साड़ी हालत
जादा बुरी है। 20 पर सच्चाई ऐ की परमेश्वरे मसीह जो सारयां ला
पेहले मरयां चे जिन्दा कितया है, सै इसा गल्ला दा सबूत है उनी सै
जिन्दे करणे जड़े मरी गियो न। 21 इस तांई जियां इक माणु आदम दे
जरिये मौत इस संसारे च आई कने हुण मरयां दा जिन्दा होणा भी इक
माणुऐ जरिये है मतलब की यीशु मसीह जरिये शुरू होया है। 22
जियां आदम दिया बजा ला सारयां दी मौत होंदी है, क्योंकि असां
उदे बंश न, तियां ही दुज्जे माणु मतलब की मसीह सोगी जितणे भी

लोक जुड़यो न, उना सारयां मरयां चे जिन्दे होई जाणा है। 23 पर हर
इक जणा अपणिया-अपणिया बारिया पर जिन्दा होणा; इदा सबूत ऐ
है की मसीह सारयां ला पेहले जिन्दा किता, फिरी जालू मसीहे मुड़ी
करी ओणा है, तां जड़े लोक उदे सोगी मजबूत रिश्ता रखदे न उना
जो मरयां चे जिन्दा करणा है। 24 कने फिरी जालू मसीहे परमेश्वरे दा
बिरोध करणे बालियां सारियां बुरियां शक्तियां दा नाश करी देणा उदे
बाद संसारे दा अंत होई जाणा। तालू मसीहे अपणे पिता परमेश्वरे जो
अपणा राज्य सौंपी देणा ताकि सै उस पुरे तरींके ला राज्य करे। 25
पर जालू दीकर परमेश्वर उदे सारे दुशमणा जो पूरे तरीके ला राई नी
दे, तालू दीकर मसीहा जो उस राज्य पर राज करणा चाईदा। 26
सारयां ला आखरी दुशमण खत्म करी देणा है, सै मौत है। 27 पबित्र
शास्त्र च भजनकार लिखदा है की, "परमेश्वरे सब कुछ मसीह दे
अधिकारे थले करी देणा है," पर इदे च परमेश्वर अपु शामिल नी है
क्योंकि सै ही है जिनी मसीह जो अधिकार दितया था। 28 कने
जालू सारा कुछ मसीह दे मतलब की पुत्रे दे अधीन होई जाणा, तां
पुत्रे भी अपु जो परमेश्वरे दे अधीन करी देणा। ताकि परमेश्वर जिनी
अपणे पुत्रे जो सारियां चीजां पर हक दितया है, ताकि परमेश्वर ही
सारयां तांई सारा कुछ होणा। 29 अगर मरयो लोक जिन्दे नी होंदे तां
उना दा क्या होणा, जड़े मरयो लोकां तांई बपतिस्मा लेंदे न? अगर
परमेश्वर मरयों लोकां जो जिन्दा नी करदा तां लोक हुण भी ऐसा
कजो करदे न? 30 अगर मरयो लोकां दा जिन्दा होणा नी होंदा है, तां
ऐ साड़े तांई मुर्खता दी गल्ल है की असां अपणे आपे जो बार-बार
कजो खतरे च पांदे रेंदे? 31 हे मसीह भाईयो, जियां ऐ गल्ल पक्की
है की तुसां दे यीशु मसीह ला जुड़ने दिया बजा ला मैं घमंड करदा है,
तां ऐ गल्ल भी पक्की है की मिंजो हर रोज मरणे दा खतरा है। 32
ऐथू इफिसुस शेहरे च जिना लोकां मेरा जंगली जानवरां सांई बिरोध
किता, कने जड़े दुख उना मिंजो दिते उना जो सेहन करणे दा क्या
फायदा होया? कुछ भी नी! अगर ऐ सच्च होंदा की मरयो लोक
दुबारा जिन्दा नी होंदे न, तां खरा होंदा की मैं उना लोकां दी गल्ल
मन्नी लेंदा जड़े ऐ बोलदे न की, "ओआ असां खांदे-पिंदे क्योंकि
अगर असां कल मरी गे तां सब कुछ खत्म होई जाणा।" 33 जड़े
इयुदियां गल्लां करदे न उना ला मुर्ख मत बणदे, "बुरी संगती खरे
चरित्र जो बिगाड़ी दिन्दी है।" 34 तुसां होसा च ओआ कने पाप
करणा छडी दिया; मैं तुहांजो ऐ गल्ल शरमिंदा करणे तांई बोला दा
है, क्योंकि तुसां बिच केई ऐसे न जिना दा परमेश्वरे सोगी रिश्ता
ठीक नी है। 35 उदाहरण तांई अगर तुसां चे कोई पुच्छे की, "कियां
परमेश्वर मरयां जो जिन्दा करदा या उना दा शरीर कदिया होणा,"
36 जड़ा भी इस तरीके दे सबाल पुछदा है तां सै मुर्ख है। तुसां जाणदे
न की इक बी जालू उसयो जमिना च रांदे न, तां सै जालू दीकर सड़ी
नी जांदा है, अंकुरित नी होंदा है। 37 अगर तुसां धान या कोई होर
बी रांदे न, तां तुसां पेहले ला ही उगया बूटा नी लांदे न, बल्कि सिर्फ
इक बी रांदे न। 38 पर परमेश्वर अपणिया इच्छा अनुसार उसयो बूटे
दा रूप दिन्दा है; कने हर किस्मा दे बी अपणे रूपे च बददे न। 39
संसार च सारे प्राणियां दा शरीर इकोदिया नी हुंदा, माणुआं दा शरीर
डंगरां सांई नी हुंदा; चिड़ुआं पखेरूआं दा शरीर मछियां सांई नी हुंदा।
40 कने जियां संसार दे प्राणिया दे शरीर केई तरा दे होंदे न, तियां ही
अम्बरे च भी है, जियां की सूरज, चाँद कने तारे। आसमाने दियां
चीजां दी सुन्दरता इको देई होंदी, कने धरती दियां चीजां चे इक होर
तरा दी सुन्दरता होंदी है। 41 सूरजे दी सुन्दरता लग है, चन्द्रमे दी
सुन्दरता लग है, कने तारयां दी सुन्दरता लग है, क्योंकि इक तारे ला
दुज्जे तारे दी सुन्दरता च फरक है। 42 इस तांई जालू मरयां लोकां
दुबारा जिन्दे होणा, तालू उना सोगी भी ऐसा होणा। जिस शरीर जो सै
दफनांदे न, सै ऐसा शरीर है जड़ा सड़ी जांदा है, पर जालू ऐ दुबारा
जिन्दा होंदा है, तां ऐ ऐसा शरीर होणा है जड़ा सड़ी नी सकदा है।
43 जालू असां मरी जांदे न, तालू साड़ा शरीर बदसूरत कने कमजोर
होंदा है, पर जालू उना मरयां चे जिन्दा होणा, तां उना छेल कने
ताकतबर होणा। 44 जियां साड़े बाल मास कने खूने दा शरीर है, इयां
ही ऐसे शरीर भी न जिना जो परमेश्वरे दी आत्मा जरिये जिन्दगी
मिलदी है; साड़े ऐ मास कने खूने दे शरीर उना शरीर च बदलुई जाणा
जिसयो परमेश्वर दी आत्मा जरिये जिन्दगी मिलदी है। 45 पबित्र
शास्त्र च भी लिखया है, "पेहला माणु, मतलब की आदम, जिन्दा
माणु बणया" कने आखरी आदम, मतलब की यीशु मसीह हमेशा दी
जिन्दगी देणेबाला बणया। 46 सारयां ला पेहला मॉस कने खूने दा
शरीर आया, फिरी सै शरीर आया जिसयो परमेश्वरे दिया आत्मा
जिन्दगी दिती। 47 पेहला माणु आदम था धरतिया ला मतलब की
मीटिया दा बणया था। दुज्जा माणु मसीह है जड़ा स्वर्गे ला आया है।
48 संसारे दे पेहले माणु आदम सांई न जड़ा मीटिया दा बणया था, पर
जड़े स्वर्गे दे लोक न, सै स्वर्गे ला आयो माणु मतलब की मसीह
सांई न। 49 असां सारयां बाल आदम दा रूप है जिसयो मीटिया ला
बणाया था, इयां ही इक रोज सांझो मसीह दा रूप भी मिलणा, जड़ा
स्वर्गे ला आया था। 50 हे मसीह भाईयो, मैं तुसां जो बोलदा है, इसा
धरती पर साड़े शरीर मॉस कने खूने ला बणयो न; असां स्वर्ग च
परमेश्वरे दे राज्य च अपणे इस शरीर सोगी नी रेई सकदे जड़ा मरी
सकदा है, क्योंकि ओथु कोई भी मौत नी है। 51 इस भेद दिया
गल्लां जो सुणा, साड़े चे कुछ भरोसा करणे बालयां केई लोकां नी
मरणा। ऐ सारियां गल्लां पलक झपकदे ही होई जाणियां न। जालू
आखरी तुरही बजाई जाणी, तां जड़े लोक मरी गियो न, सै हमेशा दी
जिन्दगी तांई दुबारा जिन्दे करणे न कने असां जड़े जिन्दे न, साड़े
शरीर बदलूई जाणे। 53 क्योंकि साड़ा शरीर जड़ा तोल्ली ही मरणे
बाला कने सड़ने बाला है, जरूरी है की ऐ इक ऐसे शरीर च बदलूई
जा जड़ा कदी नी मरदा कने सड़दा हो। 54 कने जालू ऐसा होणा
तालू ऐ गल्ल पूरी होई जाणी जड़ी परमेश्वरे पबित्र शास्त्र च लिखियो
की, "मौत जो हराई देणा कने उना कदी नी रेणा।" कने इयां पबित्र
शास्त्र च लिखया पूरा होई जाणा। 55 "हे मौत तेरी जित कुथु है?
हे मौत तेरा डंक कुथु रिया?" इस तरीके ला पबित्र शास्त्र च जड़ा
लिख्या था सै पूरा होया। (Hadēs g86) 56 क्योंकि पाप ऐसा डंक है
जिदा नतीजा मौत है, कने व्यवस्था दिया बजा ला पाप दी शक्ति
साड़िया जिन्दगिया च ओंदी है। 57 पर परमेश्वरे दा धन्यबाद हो,

जड़ा सांझो साड़े प्रभु यीशु मसीह दे मरणे जरिये पाप कने मौत पर
जितांदा है। 58 इस तांई हे मेरे मसीह भाईयो, अपणे भरोसे च मजबूत
रिया कने कोई तुसां जो न भड़काए, कने प्रभु दे कम्मा च हमेशा
बददे जा, क्योंकि तुसां ऐ जाणदे न की तुसां प्रभु तांई मेहनत करदे न
कने सै बेकार नीं है।

## 16

यरूशलेम शेहरे दे परमेश्वरे दे पवित्र लोकां दी सहायता तांई
जड़ा चंदा तुसां गठेरया, इदे बारे च तुसां मिंजो ला सुआल
पूछया था, कने हुण मैं इदे बारे च बोलणा चांदा है, इदे बारे च
जड़ियां गल्लां मैं गलातिया प्रदेशे दिया कलीसिया दे लोकां जो करणे
तांई बोलया था तुसां भी इयां ही करा। 2 हर तुआरे बाले रोजे तुसां चे
हर इक माणु अपणिया कमाईया चे कुछ पैसे कडी करी लग रखी
ले, ताकि जालू मैं ओंगा तां उस बकत तुसां जो दान गिठा करणे च
परेशानी ना हो। 3 कने जालू मैं ओथु रेंगा तां मैं उना लोकां जो
भेजगा जड़े तुहाडिया नजरा च भरोसेमंद न की सै यरूशलेम शेहर
जो दान लेईकरी जान। मैं उना सोगी इक चिट्ठी भी भेजी दिंगा ताकि
ओथु दे भरोसा करणे बाले लोकां ने उना दी पछेण कराई सके। 4
अगर तुसां जो लग्गा दा है की मिंजो जाणा चाईदा, तां सै मेरे सोगी
जाई सकदे न। 5 कने मैं मकिदुनिया प्रदेश च जाणे बाद आई करी
तुहांजो ने मिलणा है। क्योंकि मैं मकिदुनिया प्रदेश जो जाणे दी
योजना बणा दा है। 6 पर होई सकदा की कुछ लम्बे बकते दीकर मैं
तुहाडे सोगी रें, या होई सकदा की सर्दियां तुहाड़े बाल कट्टें, कने उदे
बाद मेरिया अगलिया यात्रा तांई तुसां मिंजो भेजी सकदे न। 7 मैं नी
चांदा की मकिदुनिया प्रदेशे च जांदे बेले सिर्फ कुछ बकते तांई तुसां
सोगी रें। अगर प्रभु दी इच्छा होई तां मैं आस रखदा है की कुछ
लम्बे बकते दीकर ओथु तुसां सोगी रें। 8 पर मैं पेन्तिकुस्त त्योहारे दे
रोजे दीकर इफिसुस शेहरे च ई रेंणा। 9 क्योंकि हल्ले भी ऐथू मते
लोक न जड़े परमेश्वरे दा बचन सुणना चांदे न, मेरा ऐथू रेंणा बड़ा
जरूरी है। हालांकि ऐथू मते लोक ऐसे न जड़े मेरा बिरोध करदे न।
10 अगर तीमुथियुस तुहाडे बाल कुरिन्थुस शेहरे च ओंगा, तां उदी
खातिरदारी इज्जता ला करनयो, क्योंकि सै मेरे सांई प्रभु दा कम्म
करदा है। 11 इस तांई कोई उदी बेईजती ना करे, पर यात्रा तांई
जुरूरतां दियां चीजां देईकरी बिदा करा, ताकि सै मेरे बाल आई जा;
क्योंकि मैं उदी कने दुज्जे भरोसा करणे बाले भाईयां जो भी नियाला
दा जड़े उना सोगी आयो न। 12 कने मैं मसीह भाई अपुल्लोस ला
बड़ी बिनती किती है की सै भी होर भरोसा करणे बालयां सोगी
तुहांजो ला मिलणा ओऐ, पर सै इस बकत नी ओणा चांदा, पर जालू
उसयो खरा मोका मिलगा, तालू उनी आई जांणा। 13 साबधान रिया,
लगातार भरोसा करदे रिया, साहसी माणु बणा, कने परमेश्वरे सोगी
अपणे रिश्ते जो मजबूत रखा। 14 तुसां जड़ा कुछ भी करदे न सै
प्यारे ला करा। 15 हे मसीह भाईयो, तुसां स्तिफनास जो कने उदे
परिबारे जो जांणदे न की, उना अखाया प्रदेशे च उना ही सारयां ला
पेहले मसीह पर भरोसा कितया था, कने सै परमेश्वरे दे लोकां दी
सहायता तांई तैयार रेंदे न। 16 इस तांई मैं तुहांजो ने बिनती करदा है
की ऐसे अगुवां दियां गल्लां मन्ना, बल्कि ऐसे सारे लोकां दी सुणा
जड़े प्रभु दी सेबा जो बड़ी मेहनता कने बड़ी भक्ति ला करदे न। 17
कने मैं स्तिफनास फूरतूनातुस कने अखईकुस मसीह भईयां दे मेरे
बाल ओंणे ला खुश है, क्योंकि उना मेरी सै सहायता किती, जिसा
जो करणे तांई तुसां ऐथू नी थे। 18 कने उना मेरे मने जो हिम्मत दिती
ठीक तियां ही जियां उना तुहाड़े तांई भी करणा जालू उना तुहाडे
बाल ओणा। इस तांई तुहांजो भी ऐदे लोकां दी इज्जत करणी चाईदी।
19 आसिया प्रदेश दिया कलीसिया दे लोकां दिया तरफा ला तुहांजो
नमस्कार; अक्विला कने उदी घरे बाली प्रिस्का दा कने उना दे घरे
च गिठी होणे बाली कलीसिया दे मसीह भाई बेहणा दिया तरफा ला
भी तुसां जो प्रभु च नमस्कार। 20 ऐथू ला जितणे भी मसीह भाई
बेहणा न, उना सारयां दिया तरफा ला तुहांजो नमस्कार। गले लग्गी
करी इक दुज्जे जो नमस्कार करा। 21 कने हुण मैं पौलुस, इसा
चिठिया दे आखरी च अपणे हथां ला इस नमस्कार जो लिखा दा है।
अगर कोई प्रभु ला प्यार नी करे, तां सै श्रापित हो। 22 हे साड़े प्रभु,
आई जा! 23 मैं प्राथना करदा है साड़ा प्रभु यीशु मसीह तुहांजो पर
अपणा अनुग्रह करदा रे। 24 मैं तुसां सारयां ला प्यार करदा है, जिना
दा यीशु मसीह सोगी गेहरा रिश्ता है। आमीन।

# 2 कुरिन्थियों

**1** मैं, पौलुस, परमेश्वरे दिया इच्छा ला यीशु मसीह दा प्रेरित है,
कने साड़ा मसीह भाई तीमुथियुस मेरे सोगी है। मैं ऐ चिट्ठी
कुरिन्थुस शेहर च परमेश्वरे दिया कलीसिया जो, कने अखाया प्रदेशे
दे सारे परमेश्वरे दे लोकां जो लिखा दा है। **2** मैं प्राथना करदा की
साड़ा पिता परमेश्वर कने प्रभु यीशु मसीह तुहांजो पर अनुग्रह करे
कने तुहांजो शांति दे। **3** साड़े प्रभु यीशु मसीह दे पिता कने परमेश्वरे
दा धन्यबाद हो, जड़ा सांझो पर दया कने सांझो हमेशा तसल्ली
दिन्दा है। **4** सै सांझो साड़े सारे दुखां च तसल्ली दिन्दा है; ताकि
असां दुज्जयां दे दुखां च उना जो इयां ही तसल्ली देई सकन जियां
परमेश्वर सांझो दुखां च तसल्ली दिन्दा है। **5** जितणा जादा असां
यीशु मसीह तांई दुख सेहन करदे न, परमेश्वर मसीह दे जरिये उतणी
ही जादा तसल्ली सांझो दिन्दा है। **6** असां दुख सेहन करदे न,
ताकि परमेश्वर तुहांजो तसल्ली दे कने तुहाड़ा उद्धार करे। क्योंकि
परमेश्वरे सांझो तसल्ली दिन्दा है इस तांई उनी तुहांजो भी तसल्ली
देणी क्योंकि तुसां बड़े सबर सोगी साड़े सांई दुख सेहन किते। **7** कने
साड़ी आस तुहाड़े बारे च पक्की है, क्योंकि असां जाणदे न, की
जियां तुसां साड़े दुखां च साथी थे, तियां ही तुसां साड़िया तसल्लिया
च साथी होणा, जड़ी परमेश्वरे सांझो देणी। **8** हे मसीह भाईयो,
मैं चांदा की तुसां साड़िया उना मुसीबतां दे बारे च जाणा, जड़ियां
आसिया प्रदेश च सांझो होईयां। असां ऐसे बोझे ला दबुई गियो थे,
जड़ा साड़े सेहणे ला बाहर था, असां तां जिणे दी पूरी उम्मीद ही
छडी दितियो थी। **9** असां तां अपणे मने च ऐ सोची लिया था, की
असां मरणे बाले न। ऐ इस तांई होया की असां अपणे आपे पर नी पर
परमेश्वरे पर भरोसा रखन, जड़ा मरयां जो जिन्दा करदा है। **10**
परमेश्वरे ही सांझो इतणिया बडिया मुसीबता ला बचाया, कने बचाणा
भी; कने सांझो ऐ आस है की उनी अग्गे भी बचांदे रेंणा है। **11** जियां
तुसां साड़े तांई प्राथना करिरी साड़ी सहायता करदे न, तियां ही मते
लोकां दियां प्राथना ला सांझो परमेश्वरे दियां आशीषां मीलियां न,
उदिया बजा ला साड़िया तरफा ला परमेश्वरे दा धन्यबाद करनयो।
**12** क्योंकि असां अपणी अंतरात्मा दिया सच्चाईया पर घमंड करदे
न। संसार च कने खासकर तुसां लोकां बिच साड़ी जिन्दगी पबित्र
कने सच्ची थी, जड़ा परमेश्वरे दिया तरफा ला सांझो मिलया था।
असां माणुआं दे ज्ञान पर भरोसा नी रखया है, पर परमेश्वरे दे अनुग्रह
पर भरोसा रखया है। **13** असां हमेशा तुहांजो अपणी चिठियां च उना
ही गल्लां जो लिखदे न जड़ियां तुसां पढ़ी कने मन्नी सकन। भले ही
तुसां हुण इना गल्लां जो अच्छे ला नी समझदे, पर मिंजो आस है की
प्रभु यीशु मसीह दे दुबारा मुड़ी ओणे दीकर तुसां इना गल्लां जो
अच्छे ला समझणा कने मनणा ताकि उस रोज तुसां साड़े पर तियां
ही घमंड करन, जियां असां तुहाड़े पर घमंड करदे न। **15** मिंजो
इसा गल्ला दा भरोसा था की तुसां सांझो समझणा, इस तांई हुण
मैं चांदा है की मैं सारयां ला पेहले तुहाड़े बाल ओंऐ ताकि तुहाड़े
बाल दो बरी ओंणे ला तुहांजो दो गुणी आशीष मिल्ले। **16** मैं सोचा
दा था की तुहाड़े बाले ला होईकरी मकिदुनिया प्रदेश जो जां, कने
मकिदुनिया प्रदेश ला बापस मुड़दे फिरी तुहाड़े बाल ओंऐ, कने तुसां
मिंजो यहूदिया प्रदेशे दीकर सफर करणे तांई समान देईकरी मेरी
सहायता करनयो। **17** मेरी योजना ऐई थी। तां, क्या मैं बिना कुसी
बजा दे ही अपणा बिचार बदली दिता? क्या मैं संसारिक माणुआं
सांई योजना बणादां है? क्या मैं इक बकत च, हां कने बादे च ना
बोलदा है? **18** परमेश्वरे पर भरोसा करी सकदे न, तियां ही तुसां भी
सांझो पर भरोसा करी सकदे न, हालांकि असां तुहाड़े बाल ओंणे दा
बायदा करा दे न। **19** क्योंकि परमेश्वरे दा पुत्र यीशु मसीह जिदा
प्रचार मैं, सिलवानुस कने तीमुथियुस दे जरिये तुहाड़े बिच होया, सै
प्रभु यीशु मसीह सच्चा है, क्योंकि उदे च कदी हां कने कदी ना
बाली कोई गल्ल नी है, उदे च सिर्फ हां ही है। **20** क्योंकि पिता
परमेश्वरे दे जितणे भी बायदे न, सै सारे बायदे मसीह च पुरे होंदे न
कने इस तांई असां "आमीन" बोलदे, की साड़े जरिये पिता परमेश्वरे
दी महिमा हो। **21** परमेश्वर ही है, जड़ा तुहाड़े सोगी सांझो मसीह च
मजबूत करदा है। परमेश्वरे सांझो पर अपणी मोहर लाईकरी ब्याने
दे रूपे च अपणी आत्मा साड़े मना च रखीकरी सांझो अपणे तांई
चुणया। **23** परमेश्वर मेरिया इसा सच्चाईया दा गबाह है की मैं हले
दीकर कुरिन्थुस शेहर च इस तांई नी आया की, मैं तुहांजो दुख देणा
नी चांदा था। **24** इदा मतलब ऐ नी की, असां तुहाड़े भरोसे पर
अपणा हक जतान, क्योंकि तुसां अपणे ही भरोसे च टिकयो न।
असां तां तुहाड़िया खुशिया तांई तुहाड़े सोगी न।

**2** मैं अपणे मने च ऐई ठाणी लिया था की मैं इक बरी दुबारा ओथु
आई करी तुहांजो दुख ना दे। **2** क्योंकि अगर मैं ओथु आई
करी तुहांजो दुखी करे, तां तुसां दे सिवा मिंजो खुशी देंणे बाला होर
कोई नी है, सिर्फ तुसां ही न जिना जो मैं दुखी किता है। **3** कने मैं ऐई
गल्ल तुहांजो इस तांई लिखी, की कुथी इयां ना हो, की मेरे ओंणे पर
जिना ला मिंजो खुशी मिलणा चाईदी, सेई मेरे दुखी होणे दी बजा न
बणी जान। क्योंकि मिंजो तुसां पर इसा गल्ला दा भरोसा है की,
जड़ी मेरी खुशी है, सेई तुसां सारयां दी भी खुशी है। **4** बड़े दुखी मने
ला, कने रोई-रोई करी ऐ चिट्ठी मैं तुहांजो लिखी है, इस तांई नी की,
तुसां दुखी होई जा, पर इस तांई की तुसां उस बड्डे प्यार जो जाणी
लिया, जड़ा मिंजो तुसां सोगी है। **5** अगर कोई दुखे दी बजा है, तां
सै ऐ की जिनी माणुऐ ऐ सारियां परेशानियां खड़ियां कीतियां, उनी
मिंजो दुखी करणे ला जादा तुसां सारयां जो दुखी किता है। मैं इदे बारे
च इसला जादा होर कुछ नी बोलणा चांदा। **6** ऐसे माणुऐ तांई ऐ सजा
काफी है, जड़ी तुसां चे मते विश्वासी लोकां उसयो दिती। **7** इस
तांई इदे बजाए तां ऐ खरा है की उदिया गलतिया जो माफ करी
दिया कने उसयो तसल्ली दिया। अगर तुसां उसयो माफ नी किता
तां शायद सै इतणा दुखी होई जाऐ कने परमेश्वरे पर भरोसा करणा
बिलकुल ही छडी दे। **8** इसा बजा ला मैं तुसां ला बिनती करदा है,
की उसयो यकीन दिला की तुसां हले भी सच्ची उसला प्यार करदे
न। **9** क्योंकि मैं ऐ इस तांई भी लिखया था की, तुसां जो परखी लें
की, तुसां मेरे सारे हुकमा जो मंदे न की नी। **10** जिसयो तुसां माफ

करदे न उसयो मैं भी माफ करदा है, क्योंकि जालू मिंजो माफ करणे
दी जरूरत होंदी है, तां मैं तुहाड़े फायदे तांई मसीह दे हके सोगी ऐसा
करदा है। 11 ताकि शैतान साड़े हालातां दा फायदा ना लेई सके,
क्योंकि असां उदे बुरे इरादे जो जाणदे न। 12 कने जालू मैं मसीह दा
शुभसमाचार सुणाणे तांई त्रोआस शेहर च आया, तां परमेश्वरे मिंजो
शुभसमाचार दा प्रचार करणे दे बड़े मौके दिते। 13 तां मेरा अपणा
मसीह भाई तीतुस तुहाड़ी खबर लेईकरी मेरे बाल नी आया, जिदे ला
मेरे मने जो चेन नी मिला। इस तांई मैं तीतुस जो तोपणे तांई त्रोआस
शेहरे दे मसीह लोकां ला बिदा लेईकरी मकिदुनिया प्रदेश जो चली
गिया। 14 पर परमेश्वरे दा धन्यबाद हो, जड़ा मसीह सोगी साड़े
रिश्ते दिया बजा ला हमेशा साड़े सोगी चलदा है, कने सांझो जितांदा
है। इदा मतलब है की असां जिथू भी जांदे न, असां शुभसमाचार दी
खुशबु फेलांदे न, ताकि सारे लोक परमेश्वरे जो जाणन कने सुणन।
15 क्योंकि असां परमेश्वरे तांई मसीह दे जरिये बखायो धुपे सांई न।
कने साड़े जरिये प्रचार कितया संदेश सारे लोकां च फेलियो खुशबु
सांई है, जड़ी उद्धार पांणे बाले, कने नाश होणे बाले लोकां बिच
बिखरदी है। 16 पर ऐ खुशबु नाश होणे बालयां लोकां तांई तां मौता
दी मुस्क है, जड़ी उना जो मौत दिया तरफा लेई जांदी है; पर उद्धार
पांणे बाले लोकां तांई ऐ जिन्दगी दी ऐसी खुशबु है, जड़ी उना जो
हमेशा दिया जिन्दगिया पासे लेई जांदी है। असल च कोई भी अपणे
आप ला इसा खुशबुआ जो फेलाणे दे काबिल नी है। 17 क्योंकि
असां उना सांई नी न, जड़े पैसयां तांई परमेश्वरे दे बचना दा प्रचार
करदे न; पर असां सच्चाईया ला परमेश्वरे दे बचना दा प्रचार करदे
न, ऐ जाणी करी की परमेश्वर सांझो दिखा दा है।

3 मैं अपणे बारे च इना गल्लां जो लिखी करी अपणी बड़ाई नी
करा दा है। या कुछ होर माणुऐ सांई सांझो भी तुहाड़े बाल
सिफारिश दियां चिठियां लियोंणे कने या तुहाड़े ला लेंणे दी जरूरत
नी है। 2 तुसां अपु ही इक चिठिया सांई न जड़ी साड़े तांई सिफारिश
करदी है, जड़ी साड़े दिले च लिखियो है, तुहाड़ी बदलुइयो जिन्दगी
तुहाड़े बिच साड़े कम्मा दिया बजा ला है, जड़ा इक चिठिया सांई है
जिसा जो हर कोई पढ़ी सकदा है। 3 ऐ तां मिलदी गल्ल है, की
तुहाड़ी बदलुइयो जिन्दगी इक चिठ्ठी है जड़ी मसीह लिखियो है,
कने ऐ चिठ्ठी साड़े कम्मा दा नतीजा था। सै स्याईया ला या पथरे
दियां पटियां पर नी, पर जिन्दे परमेश्वरे दिया आत्मा जरिये साड़े
दिले दियां पटियां पर लिखियो है। 4 असां ऐसा इस तांई बोलदे न
क्योंकि असां मसीह दे जरिये परमेश्वरे पर भरोसा रखदे न। 5 असां
ऐ नी बोलदे न की साड़े बाल अपु ला कुछ करणे दी काबलियत है।
पर परमेश्वरे ही ऐ जड़ा सांझो इस काबिल बणादां है। 6 जिनी सांझो
नोई बाचा दे सेवक होणे दे काबिल किता, कने मूसा दी व्यवस्था दे
सेबक नी पर पवित्र आत्मा दे सेबक न, क्योंकि मूसा दी लिखियो
व्यवस्था जो नी मनणे दी सजा मौत है, पर पवित्र आत्मा हमेशा दी
जिन्दगी दिन्दी है। 7 मूसा दी व्यवस्था जालू इस्राएल दे लोकां जो
दिती जड़ी पथरां दियां पट्टियां पर लिखियो थी, उस बकत परमेश्वरे
दी महिमा प्रगट होई। इस्राएल दे लोक लम्बे बकते दीकर मूसा दे मूऐ
पास्से नी दिखी सके क्योंकि सै चमका दा था, हालांकि सै जादी देर
दीकर नी चमकदा रिया। अगर मौता पास्से लेई जाणे बाली मूसा दी
व्यवस्था पर अधारित सेबा इतणी तेजोमय थी, तां नोई बाचा पर
अधारित सेबा होर भी जादा तेजोमय होणी। 9 क्योंकि जालू दोषी
बणाणे बाली मूसा दी व्यवस्था तेजोमय थी, तां नोई बाचा जड़ी सांझो
परमेश्वरे सामणे धर्मी बणांदी है तां सै होर भी जादा तेजोमय कनी
होंणी? 10 कने मूसा दी व्यवस्था जड़ी बड़ी तेजोमय थी, पर हुण
उस नोई बाचा दे तेज सामणे मूसा दी व्यवस्था दा कोई तेज नी रिया
क्योंकि ऐ नोई बाचा दे मुकाबले जादा तेजोमय नी है। 11 व्यवस्था
उस तेज सोगी दितियो थी जड़ी घटदी जांदी थी, पर नोई बाचा दा
तेज होर भी जादा बड़ी करी है क्योंकि ऐ हमेशा दीकर बणी रेंणी है।
12 इस तांई ऐसी आस रखीकरी असां हिम्मता सोगी बोलदे न। 13
कने असां मूसा सांई नी न, जिनी अपणे मुऐ पर परदा पाया था ताकि
इस्राएली लोक उसा घटदी चमका जो गायब होंदे ना दिखी लेंन। 14
पर इस्राएल दे लोकां दे मन कठोर होई गियो थे, क्योंकि अजे दीकर
पुराणे नियम जो पढने ला उना दे मने च सै ही पड़दा पिया रेंदा है; पर
सै परदा मसीह च भरोसा करणे ला उठी जांदा है। 15 कने अजे
दीकर भी जालू कदी मूसा दी व्यवस्था पढ़ी जांदी है, तां उना दे मने
च परदा पेई रेंदा है इस तांई सै इसयो पुरे तरीके ला नी समझदे। 16
पर जालू सै प्रभु यीशु मसीह पर भरोसा करगे, तालू सै परदा उठी
जाणा। 17 प्रभु तां आत्मा है: जिथू कुथी प्रभु दी आत्मा है, ओथु मूसा
दी व्यवस्था ला अजादी है। 18 क्योंकि असां सारे इक सीसे सांई
परमेश्वरे दे तेज जो ऐसे चेरयां ला दसदे न जिना पर परदा नी पिया
है, तां परमेश्वर सान्झो लगातार बदा दे तेज च जादा ला जादा अपणे
सांई बणा दा है। ऐ तेज प्रभु ला ही मिलदा है, जड़ा पवित्र आत्मा है।

4 इस तांई जालू सांझो पर परमेश्वरे दी ऐसी दया होई की, सांझो
परमेश्वरे दे शुभसमाचार दा प्रचार करणे दी सेबा मिल्ली, तां
असां हिम्मत नी छडदे न। 2 पर असां सरमा बाले गुप्त कम्मा जो
भी करणा छडी दिता, कने ना असां चलाकी करदे न, कने ना ही
परमेश्वरे दे बचना च मिलावट करदे न, बल्कि असां परमेश्वरे दे
सामणे सिर्फ सच्च सिखांदे न। कने हर इक माणु इसा गल्ला दी
गबाई देई सकदा है की ऐ सच्च है। 3 अगर लोक उस शुभसमाचार
जो नी समझी सकदे न जिदा असां प्रचार करदे न, तां ऐ सै लोक न
जड़े खत्म होणे बाले न। 4 कने उना भरोसा नी करणे बाले लोकां
तांई, जिना दिया अकला जो इस संसारे दे ईश्वर शैताने अन्ना करी
दितया है, इस तांई सै मसीह कने उदी महिमा दे बारे च शुभसमाचार
जो नी समझी पांदे की मसीह परमेश्वरे दा रूप है। **(aiōn g165)** 5
क्योंकि असां अपणे आपे दा नी, पर यीशु मसीह दा प्रचार करदे
न की, यीशु मसीह ही प्रभु है। कने उनी ही सांझो तुहाड़े सेवक
होणे तांई भेजया है। 6 इस तांई परमेश्वरे बोलया की, “नेहरे च लौ
चमके,” कने परमेश्वरे लौई सांई साड़े मना च समझ दिती, ताकि
असां परमेश्वरे दिया महिमा जो पछेणी सकन, जड़ी यीशु मसीह दे
मूऐ च मिलदी है। 7 असां उसा मीटिया दे भांडयां सांई न जिना च ऐ
खजाना रखया है। इसला ऐ गल्ल साफ होई जांदी है की, ऐ असीम

शक्ति साड़िया तरफा ला नी है, पर परमेश्वरे दिया तरफा ला है। 8
असां चारो पासे ला परेशानियां ला घिरयो रेंदे न पर कदी हार नी मंदे;
घबरांदे तां हेन, पर हिम्मत नी छडदे। 9 असां सताये तां जांदे न, पर
परमेश्वर सांझो छडदा नी है; डाऐ तां जांदे न पर, पर परमेश्वर सांझो
खत्म नी होणा दिन्दा। 10 असां हमेशा उना दुखां जो अपणे शरीरे च
महसूस करदे न, जड़े दुख यीशुऐ मरदे बकत महसूस किते थे; ताकि
जड़ा कम्म असां करदे न उदे जरिये लोक यीशु दी जिन्दगी जो
दिखी सकन। 11 क्योंकि असां जिंदे जी यीशु दिया बजा ला मौत दे
खतरे च रे, ताकि यीशुऐ दी जिन्दगी भी साड़े मरणे बाले शरीरे पर
प्रगट होऐ। 12 इस तांई असां मौत दे खतरे च रेंदे न, पर इदिया बजा
ला तुहांजो हमेशा दी जिन्दगी मिली। 13 पर असां प्रचार करदे रे
क्योंकि सांझो च सेई भरोसा था, जदिया भजन लिखणे बाले च
था, जालू उनी पवित्र शास्त्र च ऐसा लिखया की, “मैं भरोसा किता,
इस तांई मैं बोलया।” असां भी भरोसा करदे न, इस तांई बोलदे न।
14 क्योंकि असां जाणदे न, जिनी प्रभु यीशु मसीह जो मरयां चे
जिन्दा किता, उनी ही सांझो भी यीशु मसीह सांई जिन्दा करणा, कने
परमेश्वरे सामणे खड़े होणे तांई सांझो तुहाड़े सोगी लेई ओंणा है। 15
क्योंकि जड़े दुख असां सेहन किते, सै तुहाड़े फायदे तांई न, ताकि
परमेश्वरे दा अनुग्रह जादा ला जादा मतयां लोकां जो मिल्ले, कने
मते सारे लोक परमेश्वरे दिया महिमा तांई धन्यबाद करन। 16 इस
तांई असां हिम्मत नी छडदे; भले ही साड़े शरीरे दी ताकत घटदी जा
दी है, पर साड़ी अंदरूनी आत्मा रोज-रोज नोई होंदी जा दी है। 17
क्योंकि साड़ा ऐ हुणे दा घट कने थोड़े बकते दा दुख साड़े तांई ऐसी
हमेशा दी महिमा जो पैदा करदा है, जिदे बारे च असां सोची भी
नी सकदे। (aiōnios g166) 18 कने असां दिखियां चीजां जो नी
पर अणदिखियां चीजां जो दिखदे रेंदे न, क्योंकि दिखियां चीजां
थोड़े ही दिना दियां न, पर अणदिखियां चीजा सदा बणी रेंदियां न।
(aiōnios g166)

5 क्योंकि असां जाणदे न, की धरतिया पर साड़े शरीर इक तम्बूऐ
सांई न जिदे च असां रेंदे न। कने जालू असां मरी जाणा, तां
परमेश्वरे दिया तरफा ला सांझो स्वर्गे च इक ऐसा शरीर मिलणा है,
जड़ा माणुआं दे हथां ला नी बणया पर स्वर्गीय कने हमेशा तांई होणा
है। (aiōnios g166) 2 इस शरीर च तां असां रोंदे न, कने बड़ी इच्छा
रखदे न, की सांझो इक ऐसा शरीर मिल्ले जड़ा साड़े स्वर्गे दे घरे
सांई हो। 3 जालू सांझो सै स्वर्गे दा शरीर मिलणा, तां असां नंगे नी
रेंणा। 4 कने असां इस घरे च रेंदे होऐ भोझे हेठ दबुई करी रोंदे रेंदे
न; क्योंकि असां इना संसारिक शरीरां जो नी छडणा चांदे न, पर
असां चांदे न की परमेश्वरे सांझो स्वर्गे दा शरीर दे ताकि ऐ मरी जाणे
बाले शरीर, नी मरणे बाले शरीरे च बदलुई जान। 5 कने परमेश्वरे
सांझो अपु नोऐ शरीर देंणे तांई तैयार कितया है कने उनी ही सान्झो
बयाने दे रूपे च पवित्र आत्मा भी दितियो है, जड़ा ऐ यकीन दुआंदा है
की परमेश्वरे उसयो जरूर पूरा करणा। 6 इस तांई असां हमेशा सबर
रखदे न कने ऐ जाणदे न; की जालू दीकर असां शरीरे च रेंदे न, तालू
दीकर असां प्रभु ला दूर न जड़ा स्वर्गे च रेंदा है। 7 क्योंकि असां
प्रभु यीशु मसीह दे रूप जो दिखीकरी नी, पर उस भरोसे करणे दिया
बजा ला जिन्दे न। 8 इस तांई असां सबर रखदे न, कने शरीरे दे घरे
जो छडी करी परमेश्वरे सोगी रेंणा जादा खरा समझदे न। 9 इस बजा
ला साड़े मने दी इक ही इच्छा है की, चाहे असां उदे सोगी स्वर्गे च
होन, या असां इसा धरती पर होन, असां प्रभु जो खरे लगदे रेंन। 10
क्योंकि जरूरी हे, की मसीह साड़ा सारयां दा न्याय करे, कने हर
इक माणुऐ जो उदे अपणे भले बुरे कम्मा दा इनाम मिल्ले जड़े उनी
शरीरे दे जरिये कितयो न। 11 सांझो पता है की परमेश्वरे दा डर क्या
है, इस तांई असां सच्च पर भरोसा करणे तांई लोकां जो समझांदे न
कने परमेश्वर सांझो पुरे तरीके ला जाणदा है कने मिंजो उम्मीद है की
तुहाड़िया अंतरात्मा भी सांझो ढंगे ला पछेणी लिया है। 12 असां
फिर भी अपणी प्रशंशा तुहाड़े सामणे नी करदे बल्कि असां तुहांजो
अपणे बारे च घमंड करणे दा मोका दिन्दे न, ताकि तुसां उना जो
जबाब देई सकन, जड़े मने पर नी, बल्कि दिखावटी गल्लां पर
घमंड करदे न। 13 अगर कोई बोलदा है की असां पागल न, तां सै
परमेश्वरे तांई न; अगर कोई बोले की साड़े दिमाग खरे न, तां सै
तुहाड़े भले तांई न। 14 क्योंकि मसीह दा प्यार सांझो मजबूर करी
दिन्दा है, इस तांई की असां ऐ भरोसा करदे न, की जालू इक माणु
सारयां तांई मरी गिया, तां सारे मरी गियो न। 15 कने मसीह इस तांई
सारयां तांई मरया, ताकि जड़े जिंदे न, सै अग्गे जो सिर्फ अपु जो
खुश करणे तांई ना जीन पर उना जो उदे तांई जीणा चाईदा। मसीह
उना तांई मरया कने परमेश्वरे उसयो जिन्दा करी दिता। 16 इस तांई
हुणे ला असां कुसयो भी संसारिक नजरा ला नी दिखणा, अगर असां
पेहले मसीह जो भी संसारिक नजरा ला दिखया था, पर हुण नी
दिखणा क्योंकि हुण उसयो जाणी गियो न। 17 इस तांई, अगर कोई
मसीह पर भरोसा करदा है, तां उसयो इक नौआ सभाब मिलया है,
पुराणा सभाब खत्म होई गिया है; कने हुण नोआ सभाब होई गिया है।
18 कने सारियां गल्लां परमेश्वरे दिया तरफा ला न जिनी मसीह दे
जरिये सांझो अपणे बाल बापस लोंदया है, कने लोकां जो परमेश्वरे
सोगी मेल मिलाप कराणे दी सेबा सांझो देई दिती है। 19 परमेश्वर
सारे लोकां तांई इक रस्ता बणा दा था की जड़ा कुछ मसीहे कितया
है, उदे जरिये परमेश्वरे सोगी मेल मिलाप करी सकन। परमेश्वरे
लोकां दे पापां दा दोष उना पर नी लाया कने उनी शान्ति दे बारे च
संदेश बंडणे दा कम्म सांझो देई दितया है। 20 इस तांई असां मसीह दे
राजदूत न। परमेश्वर उदे संदेश जो अपनाणे तांई साड़े जरिये लोकां
ला बिनती करदा है। असां मसीह दिया तरफा ला बिनती करदे न की
परमेश्वरे बाल आई जा। 21 मसीह जड़ा पाप ला अनजाण था, उसी
जो ही परमेश्वरे साड़े तांई पाप बणाया, ताकि असां परमेश्वरे दिया
नजरा च धर्मी बणी जान क्योंकि मसीहे साड़े पापां दी सजा अपणे
उपर लेई ली।

6 परमेश्वरे सोगी कम्म करणे बाले होणे दिया बजा ला असां तुसां
ने बिनती करदे न, की परमेश्वरे दा अनुग्रह जड़ा तुसां पर होया
है, उसयो तुसां बेकार मत जाणा दिया। 2 क्योंकि पवित्र शास्त्र च
परमेश्वर बोलदा है, “सही बकत पर मैं तेरी सुणी, कने उद्धार दे रोजे

मैं तेरी सहायता किती।" सुणा; हुण ही सही बकत है; सुणा, ऐ ही है
उद्धार दा दिन। 3 परमेश्वरे सोगी कम्म करदे होऐ साड़ा व्यवहार
कुसी तांई कोई भी रुकाबट नी बणदा है, ताकि ऐसा ना हो की कोई
साड़िया सेबा पर दोष लाऐ। 4 असां हर इक तरीके ला दसदे न की
असां परमेश्वर दे सच्चे सेवक न। क्योंकि असां बड़ा सबर रखीकरी
कलेशां जो, दरिद्रता कने मुसीबतां जो सेहन करीरी, 5 असां कोड़े
खादे, जेला च गे, कने दंगे फसादां च चोटां लगियां, असां बड़ी
मेहनत किती, बगेर सोऐ कने बगेर खादे-पिते रे, 6 पर असां अपु
जो बड़ा पवित्र रखया, अकली ला कम्म किते, सबर रखया कने
दुज्जयां पर दया किती, पवित्र आत्मा दे हुकम मने, 7 सच्चा प्यार
किता, असां सच्चाई दा संदेश सुणाया, परमेश्वरे दिया शक्तिया साड़े
च कम्म किता। असां सज्जे हथे च धार्मिकता दे हथियारे जो हमला
करणे तांई कने खबे हथे जो बचाब तांई इस्तेमाल करदे न, 8 चाहे
लोकां साड़ी इज्जत किती या बेइज्जती किती, तारीफ या बुराई
किती, पर असां इमानदार न, पर सै बोलदे न की असां झूठे न। 9
भले ही लोक सांझो अनजाण समझदे न, पर फिरी भी असां प्रसिद्ध
न; भले ही लोक सांझो मरयां सांई समझदे न, पर फिरी भी असां
जिंदे न; सांझो सजा तां मिलदी है पर जानी ला नी मारी सके। 10
सांझो बड़े दुख थे, पर असां हमेशा खुश रेंदे थे। असां अपु तां गरीब
थे, पर बाकियां जो आत्मिक रूपे च अमीर बणाई दिन्दे न। इयां न
जियां साड़े बाल कुछ नी फिरी भी साड़े बाल सब कुछ है। 11 हे
कुरिन्थुस शेहर दे मसीह लोको, असां खुली करी तुसां जो सच्चियां
गल्लां बोलदे न, असां पुरे दिले ला तुहांजो प्यार करदे न। 12 तुहाड़े
तांई साड़ा प्यार कदी घट नी होया, पर तुसां दा प्यार साड़े तांई घटी
गिया है। 13 पर अपणे बाल बच्चे समझीकरी मैं तुहांजो बोलदा है,
की तुसां भी साड़े प्यार दे बदले च साड़े सोगी पुरे दिले ला प्यार
करा। 14 भरोसा नी करणे बाले लोकां सोगी कोई रिशता मत रखा,
क्योंकि धार्मिक कम्मा दा कने बुरे कम्मा दी कोई बराबरी नी। लौई
दा कने नेहरे दा कोई रिशता नी। 15 कने मसीह दा शैताने सोगी कोई
रिशता नी है। कने भरोसा करणे बाले लोकां दा भरोसा नी करणे बाले
लोकां सोगी कोई रिशता नी। 16 कने मूर्तियाँ दी परमेश्वरे दे मंदरे च
कोई जगा नी। क्योंकि असां तां जिंदे परमेश्वरे दे मंदर न; जियां
परमेश्वरे पवित्र शास्त्र च बोलया है, "मैं इना लोकां सोगी रैणा कने
उना बिच ही चलणा फिरणा; कने मैं उना दा परमेश्वर होणा, कने सै
मेरे लोक होंणे।" 17 इस तांई प्रभुऐ सांझो ला पवित्र शास्त्र दे जरिये
बोलया है की, "उना लोकां ला लग होई जा जड़े परमेश्वरे पिच्छे नी
चलदे। कने गंदिया चीजां सोगी कोई रिशता मत रखा, तां मैं तुहांजो
अपनाणा।" 18 "कने मैं तुहाड़ा पिता होणा कने तुसां मेरे बेटे कने
बेटियाँ होणे: ऐ सारयां ला शक्तिशाली प्रभु परमेश्वर दा बचन है।"

**7** हे प्यारो भाईयो, क्योंकि परमेश्वरे सांझो अपणे बच्चे दे रूपे
च अपनाणे दा बायदा कितया है, इस तांई ओआ असां अपणे
शरीर दे सारे बुरे कम्म कने आत्मा दे गंदे बिचारां जो करणा बंद करी
देन कने परमेश्वरे दा डर मन्नी करी कने उदी इज्जत करा। कने
सांझो पुरे तरीके ला पवित्र जिन्दगी जिणे तांई मेहनत करणी चाईदी।
2 तुसां सांझो ला अपणे पुरे दिले ला प्यार करा, असां ना कुसी ने
अन्याय किता, ना कुसी दा कुछ बिगाड़या, ना कुसी सोगी बेईमानी
किती। 3 मैं ऐ तुसां पर दोष लांणे तांई नी बोला दा है, क्योंकि मैं
पेहले ही बोली बैठया है की, असां तुसां सोगी पुरे दिले ला प्यार
करदे न कने असां लग नी होणा है चाहे असां जिन्दे रेन या मरी
जान। 4 मैं तुसां ला बड़े भरोसे सोगी बोला दा है, मिंजो तुसां पर
बड़ा घमंड है: मिंजो बड़ी तसल्ली मिली; कने मैं अपणे सारे दुखां च
भी बड़ा जादा खुश रेंदा है। 5 क्योंकि जालू असां त्रोअस शेहर
जो छडी करी मकिदुनिया प्रदेश च आये, ओथु सांझो कोई अराम
नी मिल्ला, बल्कि हर पासे ला परेशानियां झेलदे थे; कने हर पासे
लड़ाई-झगड़े थे कने साड़े मना च डर था। 6 पर उदास लोकां जो
तसल्ली देणेबाले परमेश्वरे तीतुस जो साड़े बाल भेजी करी सांझो
तसल्ली दिती। 7 ऐ सच्च है की तीतुस सोगी मिली करी असां खुश
होऐ। पर इसला भी जादा असां इसा गल्ला पर खुश होऐ की तुसां
लोकां उसयो बड़ी हिम्मत दिती। कने उनी मिंजो दसया की तुसां
मिंजो ला मिलणे दी कितणी इच्छा रखदे न, मेरे तांई दुखी न कने मेरे
तांई कितणी लगन रखदे न, इना गल्लां ला मिंजो होर भी खुशी होई।
8 मिंजो कोई पछताबा नी है की मैं तुहांजो ऐ सकत चिट्ठी लिखी,
चाहे तुसां इसा दिया बजा ला दुखी होए। पर पेहले मिंजो पछताबा
होया जालू मैं दिखया की इसा चिठिया जो पढ़ी करी तुहांजो थोड़े
बकते तांई दुख तां होया पर ऐ थोड़िया देरा तांई था, 9 पर हुण मैं
खुश है इस तांई नी की तुहांजो बड़ा जादा दुख देईकरी बल्कि इस
तांई की तुसां उस दुखे दिया बजा ला पाप करणा बंद करी दिता कने
परमेश्वरे बाल मुड़ी आऐ, क्योंकि ऐ उस तरीके दा दुख है जड़ा
परमेश्वर चांदा है की उदे लोकां जो हो, ताकि तुहांजो साड़िया बजा
ला कुसा भी गल्ला च तकलीफ ना हो। 10 क्योंकि सै दुख जड़ा
परमेश्वर चांदा है की असां अनुभव करन, सै लोकां दे पश्चाताप
करणे दी बजा बणदा है, जिदे ला उना दा उद्धार होंदा है, कने फिरी
उसला पछताणा नी पोंदा: पर संसारे दे दुख लोकां जो हमेशा दिया
मौता पासे लेई जांदे न। 11 ध्यान दिया की परमेश्वरे दिया तरफा ला
आयो दुखां ला तुहाड़े च क्या-क्या बदलाब आया है, इदे ला तुहाड़ी
हिम्मत बदी गेई, अपणे आप जो बेकसूर साबित करणे दी इच्छा,
अन्याय तांई तुहाड़ा गुस्सा, परेशानिया तांई ऐसी साबधानी, मिंजो ला
मिलणे दी इतणी जादा इच्छा, परमेश्वरे दी सेबा तांई तुहाड़ी फिकर,
कने गलत माणुऐ जो सजा देणे तांई तैयार रेणा, इना कम्मा दे जरिये
तुसां साबित करी दितया है की सब कुछ ठीक-ठाक करणे च तुसां
कोई भी कमी नी छडी है। 12 हालांकि ऐ सकत चिट्ठी मैं तुहांजो इस
तांई नी लिखी थी की मिंजो उना दी चिंता थी, जड़े अन्याय करदे न
कने ना ही उना तांई जड़े अन्याय सेंदे न, पर इस तांई लिखी की
तुसां अपु ही परमेश्वरे सामणे दिखी लेन की तुसां साड़े तांई कितणे
सच्चे न। 13 इस तांई सांझो इना गल्लां ला हिम्मत मिल्ली; कने
साड़ी हिम्मत कने खुशी तीतुस जो दिखीकरी होर भी बदी गेई;
क्योंकि सै तुहाड़िया बजा ला बड़ा खुश होई गिया था। 14 क्योंकि
अगर तीतुसे सामणे मैं तुहाड़े बारे च घमंड किता है, तां मैं शरमिंदा

नी होया, पर जियां असां तुसां सोगी सारियां गल्लां सच्च-सच्च
बोली दितियां थियां, तियां ही साड़ा घमंड दसणा तितुसे सामणे भी
सच्च साबित होया। 15 कने जालू सै याद करदा है की तुसां सारयां
उदी गल्ल मन्नी कने डरदे कने कमदे उसयो अपनाया तां उदा प्यार
तुहाड़े तांई होर भी बदी गिया है। 16 मिंजो इसा गल्ला दी भी खुशी
होंदी है की, हुण मैं हर गल्ला च तुसां पर भरोसा करी सकदा है।

8 हे मसीह भाईयो हुण, मैं तुहांजो उस अनुग्रह दे बारे च दसणा
चांदा है, जिसयो परमेश्वरे मकिदुनिया प्रदेश दिया कलीसिया जो
दितया है। 2 जालू बड़ियां भरियां परेशानियां ला उना दी परीक्षा
होई, तां सै बड़े खुश होऐ कने हालांकि सै बड़े गरीब थे, फिरी भी
उना होर भरोसा करणे बालयां दिया सहायता तांई उदारता ने पैसे
दिते। 3 कने उना दे बारे च मेरी ऐ गबाई है की, उना ना सिर्फ जितणा
होई सकदा था, बल्कि उना उसला भी जादा बदीकरी दिता, कने
उना ऐ कम्म अपणी इच्छा ला किता। 4 उना लोकां साड़े ला बड़ी
बिनती करिरी इजाजत मंगी की यरूशलेम शेहरे दे परमेश्वरे दे पबित्र
लोकां दी सहायता करणे दा सांझो मौका दिया। 5 असां इदी उम्मीद
बिलकुल भी नी कितियो थी। उना अपणे आपे जो पेहले प्रभु जो कने
फिरी सांझो देई दिता, ठीक बिलकुल तियां ही जियां परमेश्वर चांदा
था की सै करन। 6 इस तांई असां तीतुस ला बिनती किती की, जियां
उनी पेहले दान गिठा करणे दा कम्म शुरू कितया था, तियां ही तुहाड़े
बिच इस दान दे कम्मा जो पूरा करी ले। 7 पर जियां तुसां सारियां
गल्लां च मतलब की भरोसे च, परमेश्वरे दे बचने दा प्रचार करणे च,
ज्ञान कने तुसां दुज्जयां दी सहायता करणे तांई कोशिश करणे च,
कने उस प्यार च जड़ा सांझो ला करदे न, इना गल्लां च बददे जांदे
न, तियां ही हुण इना भरोसा करणे बाले गरीब लोकों जो दान देणे
दिया सहायता तांई भी बददे जा। 8 मैं तुहांजो कोई हुकम नी देणा
लगया, मैं सिर्फ दुज्जे लोकां दी हिम्मता दी तुलना तुहाड़े प्यार ला
करा दा है, ताकि तुहाड़े प्यारे दिया सच्चाईया जो परखी सकें। 9
तुसां साड़े प्रभु यीशु मसीह दे अनुग्रह जो ढंगे ला जाणदे न की, सै
अमीर होईकरी भी तुहाड़े तांई गरीब बणी गिया ताकि उदे गरीब
होणे ला तुसां अमीर होई जान। 10 पिछले साल तुसां दान देणे कने
ऐसी इच्छा रखणे च भी सारयां ला अग्गे थे। इस बारे च तुहाडे तांई
क्या खरा है, उदे बारे च मेरी ऐ सलाह है की; हुण जड़ा तुसां शुरू
कितया है, उसयो पूरा करा। शायद तुसां भी इस कम्मे जो खत्म
करणे तांई उतणे ही उत्साही न जितणे तुसां इसयो शुरू करणे च थे।
12 क्योंकि अगर तुहाड़े मने च दुज्जयां जो दान देणे दी इच्छा है तां
जड़ा उदे बाल है, उदे मुताबिक ही उदा दान ग्रहण होणा, ना की उदे
मुताबिक जड़ा उदे बाल नी है। 13 मैं नी चांदा है की दुज्जयां दी
जिन्दगी असान बणाणे तांई तुहाड़ी जिन्दगी मुशकिल होई जा। पर
सारयां बाल इक बराबर होणा चाईदा। 14 पर इस बकत तुहाड़ी
बढ़ोतरी उना दी जरूरत पूरी करणे तांई भतेरी है, पर कदी ऐसा भी
होई सकदा है की तुहांजो जरूरत पेई जा, तालू सै तुहाड़ी सहायता
करन, तालू दोनों इक बराबर होई जाणा। 15 जियां पबित्र शास्त्र च
लिखया है, "जिनी बड़ा जादा गठेरया, उसयो जादा नी मिलया कने
जिनी घट गठेरया, उसयो कुसी चिजा दा घाटा नी होया।" 16 कने
परमेश्वरे दा धन्याबाद हो की, जड़ी फिकर मिंजो तुहाड़े बारे च है,
ठीक सियुदी ही फिकर परमेश्वरे तुहाड़े बारे च तीतुस दे मने च पाई
दिती है। 17 जालू असां तीतुसे जो तुहाड़े बाल जाणे तांई बोलया, तां
उनी खुशिया ला साड़ी बिनती मन्नी लेई कने बड़ा उत्साही होईकरी
अपणिया मरजिया ला तुहाड़े बाल आया है। 18 कने असां तीतुस
सोगी इक होर मसीह भाईऐ जो भेजया है, कने सारियां कलीसियां दे
भरोसा करणे बाले लोक उदी तारीफ करदे न क्योंकि सै शुभसमाचार
दा प्रचार बड़े अच्छे ला करदा है; 19 कने सिर्फ इतणा ही नी, पर
उसयो कलीसिया दे लोकां ही चुणया है, ताकि इस दान देणेबाले
कम्मे तांई साड़े सोगी चले। असां ऐ दान दी सेबा इस तांई करदे न,
ताकि प्रभु दी महिमा हो, कने ऐ दसणे तांई की असां यरूशलेम शेहरे
दे भरोसा करणे बालयां दी सहायता करणा चांदे न। 20 तीतुस सोगी
उस मसीह भाइये जो भेजणे जरिये असां इसा गल्ला दा ध्यान रखदे
न, की इस दान देणे दिया सहायता दे बारे च जिदी सेबा असां करदे
न, कोई सांझो पर दोष ना लाई सके। 21 क्योंकि असां सिर्फ उना
गल्लां पर हीं ढंगे ला ध्यान नी दिन्दे न, जड़ियां परमेश्वरे दिया
नजरा खरियां न, पर उना पर भी दिन्दे न जड़ियां माणुआं दिया
नजरा च खरियां न। 22 कने असां इना सोगी अपणे इक होर मसीह
भाइऐ जो भेजया है, असां उसयो बड़ी बरी बड़ियां गल्लां च परखया
है कने सै सच्चा निकलया है। पर हुण तुसां पर उसयो बड़ा भरोसा
है, इसा बजा ला सै होर भी जादा उत्साही है। 23 अगर कोई तीतुस
दे बारे च पुच्छे, तां सै मेरा साथी, कने तुहाड़े तांई मेरा सहकर्मी है,
कने अगर साड़े मसीह भाईयां दे बारे च कोई पुच्छे, तां सै कलीसिया
दे भेजयो होऐ न कने उना दी जिन्दगी मसीह दी महिमा तांई है। 24
इस तांई अपणा प्यार कने साड़ा सै घमंड जड़ा असां तुहाड़े बारे च
करदे न, कलीसिया दे सामणे उना जो साबित करिरी दसा।

9 हुण यरूशलेम शेहरे दे भरोसा करणे बाले लोकां जो दान देणेबाली
सेबा दे कम्मे दे बारे च मिंजो तुसां जो लिखणा जरूरी नी है। 2
क्योंकि मैं तुहाड़े मने दिया इच्छा जो जाणदा है। कि तुसां उना दी
सहायता करणे तांई तैयार न, इस तांई मैं तुहाड़े बारे च मकिदुनिया
शेहरे दे भरोसा करणे बाले लोकां सामणे घमंड दसदा है की, तुसां
अखाया प्रदेशे दे लोक पिछले इक साले ला तैयार थे, कने तुहाड़े
उत्साह दिया बजा ला होर भी लोक उत्साहित होई गे। 3 मैं तीतुस
कने दो होर मसीह भाईयां जो तुहाड़े बाल इस तांई भेजा दा है, ताकि
असां जड़ा घमंड तुहाड़े बारे च दसया, सै इसा गल्ला च बेकार
ना होई जाऐ; पर जियां मैं बोलया तियां हीं तुसां यरूशलेम शेहरे दे
भरोसा करणे बाले लोकां तांई दान देंणे तांई तैयार रिया। 4 इयां ना हो
की, अगर कोई मकिदुनी शेहरे दा मसीह भाई मेरे सोगी ओऐ, कने
तुहाड़ा दान तैयार ना होए, तां साड़ा जड़ा तुसां पर भरोसा है, उदिया
बजा ला असां बेईजत होणा, पर तुसां इदे ला भी जादा बेईजत होणा।
5 इस तांई मैं मसीह भाईयां ने बिनती करणा जरूरी समझया की सै
पेहले ही तुहाड़े बाल चली जान, कने जड़ा दान देंणे दा बायदा तुसां
कितया था, उसयो तैयार रखन, जड़ा तुसां प्यारभाव ला देणा है ना

की कुसी मजबूरिया च। 6 पर इसा गल्ला जो याद रखा, की जड़ा
थोड़ा रांदा है सै बडदा भी थोड़ा है; कने जड़ा जादा रांदा है, सै
जादा ही बडदा है। 7 इस तांई जिनी अपणे मने च जितणे भी देंणे दा
फेसला कितया है, सै उतणा ही दे, बिना इच्छा या मजबूरिया ला
ना दे। क्योंकि परमेश्वर खुशिया ला देणेबालयां ला प्यार करदा
है। 8 परमेश्वर तुहांजो तुहाड़िया जरूरतां ला भी जादा हर तरा दा
अनुग्रह देई सकदा है। जिदे ला हर गल्ला च कने हर बेले, सब
कुछ, जड़ा तुहांजो जरूरी हो, सै तुहाड़े बाल रे, ताकि तुहाड़े बाल
हर भले कम्मा तांई जरूरत ला जादा हो। 9 जियां की पबित्र शास्त्र च
लिखया है, "परमेश्वर जरूरतमंदा जो उदारता ला दिन्दा है, कने
जड़े कम्म सै करदा है, सै सही न कने हमेशा होंदे रेणे।" **(aiōn
g165)** 10 परमेश्वर हमेशा किसाना जो रांणे तांई बी दिन्दा है, कने
खांणे तांई रोटी दिन्दा है। इयां ही परमेश्वरे ऐ इंतजाम करणा की
तुहाड़े बाल हमेशा इतणी धन दौलत हो ताकि तुसां होर जादा उदारता
ला गरीब लोकां दी सहायता करी सकन। 11 परमेश्वरे तुहांजो हर
तरीके ला आशीर्वाद देणा ताकि तुसां हमेशा उदारता ला दान देई
सकन। कने जालू असां तुहाड़े दाने जो जरूरतमंद लोकां जो देणा, तां
उना परमेश्वरे जो धन्याबाद देणा। 12 क्योंकि इसा सेबा जो पूरा
करणे ला, ना सिर्फ परमेश्वरे दे लोकां दियां जुरूरतां पुरियां होंदिया न
बल्कि लोकां दिया तरफा ला परमेश्वरे दा बड़ा जादा धन्याबाद होंदा
है। 13 क्योंकि दुज्जयां दी सहायता करणे तांई दान देंणे दी ऐ सेबा
दसदी है की तुसां अपणा बायदा पूरा किता है, क्योंकि तुसां मन्नया
है की मसीह दा शुभसमाचार ही सच्च है कने खुद अपणे बचना दा
पालन किता है। कने गरीब भरोसा करणे बाले कने सोगी ही बाकी
भरोसा करणे बालयां दी सहायता करणे च उदारता दसदे न। 14 कने
उना तुहाड़े तांई परमेश्वरे ला प्राथना करणी। सै तुहाड़े ने प्यार करदे
न, क्योंकि सै जाणदे न की परमेश्वरे तुहांजो बड़ा जादा अनुग्रह
दितया है। 15 ओआ असां परमेश्वरे दे उस दाने तांई धन्यबाद करन,
जिसयो शब्दां च बयान नी करी सकदे।

**10** मैं सेई पौलुस है, जड़ा तुहाड़े सामणे डरफोक लगदा है, पर
तुहांजो ला दूर जाणे पर हिम्मता बाला होई जांदा है। तुहांजो
ला मसीह दिया उदारता कने कोमलता दिया बजा ला बिनती करा दा
है की, 2 कुछ लोक बोलदे न असां इस संसारे दे लोकां सांई कम्म
करदे न। इस तांई जालू मैं ओंणा है तां मिंजो उम्मीद है की मिंजो उना
सोगी सकत होंणा पोंणा। मैं हथ जोड़ी करी बिनती करदा है की
जालू मैं तुहाड़े बाल ओंगा तां मिंजो तुहाड़े सोगी ऐसा बर्ताब ना
करणा पोऐ। 3 क्योंकि असां इस संसार च रेंदे जरूर न, पर असां
अपणे दुशमणा सोगी संसारे दे लोकां सांई नी लड़दे। 4 क्योंकि
जिना हथियारां ला असां लडदे न सै संसारे दे लोकां दे हथियारा सांई
नी न, पर किलयां जो ढांणे तांई परमेश्वरे दे शक्तिशाली हथियार
न। 5 इना दे जरिये असां उस हर इक बिरोध जो कने उस हर इक
घमंड करणे बालिया गल्ला जो, जड़ी परमेश्वरे दे ज्ञान दे खिलाफ
खड़ी होंदी है, उना उच्चिया गल्लां जो असां डाई दिन्दे न, कने
साड़े हर इक बिचार जो काबू करिरी उना जो मसीह दा हुकम मणने
बाला बणाई दिन्दे न। 6 कने जालू तुसां मसीह दा हुकम मनणे बाले
बणी जांदे न, तां असां सारे हुकम नी मनणे बालयां जो सजा देंणे
तांई तैयार रेंदे न। 7 तुसां सिर्फ बाहरी दिखाबे जो ही दिखदे न,
अगर कुसी जो अपणे उपर ऐ भरोसा हो, की मैं मसीह दा है, तां
सै ऐ भी जांणी ले, की जियां सै मसीह दा है, तियां ही असां भी
मसीह दे न। 8 क्योंकि अगर मैं उस हके दे बारे च होर भी घमंड
तांई उस अधिकारे सोगी जड़ा मिंजो प्रभुऐ दितया है, मैं तुहांजो ऐ
दसदा है, की भरोसा नी करणे बाले लोकां सांई, तुसां बेकार बिचारां
सोगी अपणी जिन्दगी मत जिया। 18 क्योंकि सै समझणे दे काबिल
नी न, कने उना दी नासमझी दिया बजा ने जड़ी उना च है कने सुणने
ला मना करणे दिया बजा ने सै उस जिन्दगी ला लग होई गियो न
जड़ा परमेश्वर दिन्दा है; 19 क्योंकि उना जो हुण शर्म नी ओंदी, इस
तांई उना बुरे कम्म करणे तांई अपु जो बदली लिया है, सै लगातार हर
तरा दे बुरे कम्म करदे रेंदे न, कने सै कदी भी इना चीजां जो छडणा
नी चांदे न। 20 पर तुसां इस तरा दा व्यवहार करणा नी सिखया जालू
तुसां मसीह दे बारे च सिखया। 21 जड़ा कुछ तुसां यीशु मसीह दे
बारे च सुणया है कने जड़ा कुछ तुहाड़े गुरूआं तुहांजो सिखाया है, सै
पक्का ही उदा सच्चा संदेश है। 22 तुहाड़े गुरूआं तुहांजो उस तरिके
जो छडणे दी शिक्षा दिती, जिसदे अनुसार तुसां व्यवहार करदे थे।
तुहाड़ियां बुरियां इच्छा तुहांजो धोखा दिता कने तुहाड़ी जिन्दगी
खराब करी दिती। 23 हुण तुहांजो परमेश्वरे जो तुहाड़े सोचणे दे
तरीके जो बदलना देणा चाईदा, 24 कने परमेश्वरे तुहांजो इक नोआ
माणु बणाया है। इस नोऐ माणुऐ जो परमेश्वरे सांई बणने तांई बणाया
है। मतलब की उसयो असल च धर्मी कने पवित्र होणे तांई बणाया
है। 25 इसा बजा ने झूठ बोलणा छडी करी हर इक अपणे साथी
विश्वासी ने सच्च बोले, क्योंकि असां सारे इक ही शरीर दे अंग न।
26 अगर गुस्सा होई जान, तां ध्यान रखा की तुसां पाप ना करन: दिन
मुकणे ला पेहले तुसां गुस्सा होणा बंद करी दिया। 27 कने तुसां शैताने
जो धोखा देणे दा मौका मत दिया। 28 चोरी करणे बाला फिरी चोरी
न करे; पर उसयो अपणे हथां ने इमानदारिया ने कम्म करणा चाईदा,
ताकि गरीब लोकां दी सहायता करणे तांई उस बाल कुछ हो। 29
कोई गंदी गल्ल तुहाड़े मुऐ ला ना निकले, पर उना गल्लां जो बोला
जड़ियां लोकां तांई जरूरी न, जड़ियां की उना जो भरोसे च मजबूत
करणे च सहायता करन। तालू तुसां जड़ा कुछ भी बोलगे उनी तुहाड़े
सुणने बालयां दा भला करणा। 30 अपणे कम्मा दे जरिये परमेश्वरे
दिया पवित्र आत्मा जो दुखी मत करा जड़ा तुहाड़े छुटकारे तांई
बयाने दे रूपे च दितया है। 31 हर तरा दी कड़वाट कने कोप कने
गुस्सा, रोष, कने बैरभाव, कने निंदा तुहांजो ला दूर होई जा। 32 इक
दुज्जे पर कृपा कने दया करा, कने जियां परमेश्वरे मसीह च तुहाड़े
पाप माफ किते, तियां ही तुसां भी इक दुज्जे दे पाप माफ करा।

**5**
तुसां परमेश्वरे दे प्यारे बच्चे न, इस तांई तुसां उदे सांई बणने
दी कोशिश करा। 2 तुहाड़ा सभाव दुज्जयां तांई प्यार भरया हो
जियां यीशु मसीहे तुहांजो ने प्यार किता कने तुहाड़े पापां दी माफी
तांई अपणे आपे जो बलिदान करी दिता। परमेश्वर इस बलिदान
ला खुश था, क्योंकि ऐ बलिदान उदे तांई खुशबु बाले इत्र सांई
था। 3 जदिया की परमेश्वरे दे लोकां तांई सही है, तियां तुसां भी
व्यभिचार, कने कुसी भी तरा दे बुरे कम्म, या लालचे दियां गल्लां
दी चर्चा मत करदे। 4 कने ना ही अशलील गल्लां करा, कने ना
बेकार गल्लां, कने ना ही अशलील मजाक करा, क्योंकि ऐ गल्लां
शोभा नी दिंदिया कने सही नी न, पर सिर्फ तुहाड़े मुऐ ला धन्याबाद
ही निकले। 5 क्योंकि तुसां ऐ अच्छी तरा ने जाणदे न की कुसी
व्यभिचारी दी, बुरे या लालची माणुऐ दी, जड़ा मूर्ति पूजणे बाले सांई
है, जड़ा इस संसारे दी चीजां दी अराधना करदा है। इना मसीह कने
परमेश्वरे दे राज्य दा हिस्सा नी बणना। 6 उना लोकां दियां गल्लां ने
मुर्ख मत बणा जड़े इना पापां जो करणे तांई बहाने बणाणे दी कोशिश
करदे न; क्योंकि इना ही कम्मा दिया बजा ने परमेश्वरे दा गुस्सा
हुकम नी मनणे बालयां पर भड़कदा है। 7 इस तांई तुसां इना पाप भरे

कम्मा जो करणे च उना सोगी मत जुड़ा। 8 तुसां अंधेरे च रेणेबाले
लोकां सांई होंदे थे, पर हुण तुसां लौई च रेणेबाले लोक न, क्योंकि
तुसां प्रभु दे लोक न। इस तांई लौई च रेणेबाले लोकां सांई कम्म
करा। 9 क्योंकि अगर कोई माणु लौई च है, तां उदा चाल चलन
अच्छा कने धार्मिक होंदा है कने उस पर भरोसा करी सकदे न, 10
कने ऐ सिखणे दी कोशिश करा की प्रभु जो क्या खुश करदा है। 11
कने तुसां इना पाप भरे कम्मा जो करणे च उना सोगी मत जुड़ा,
बल्कि लोकां जो दस्सा की ऐ कम्म बुरे न। 12 क्योंकि अविश्वासी
लोकां दे गुप्त कम्मा दी चर्चा भी सरमा दी गल्ल है। 13 पर जालू
कुसी चिजा पर लौ चमकदी है तां हर कोई दिखी सकदा है, की सै
चीज कदेई है क्योंकि जालू कुसी चिजा पर सै पोंदी है, तां चीज
खुद लौ बणी जांदी है। 14 इसा बजा ने लोक बोलदे न, "हे सोंणे
बालयो जागी जा कने मरयां ला जिन्दे होई जा; मसीह तुहांजो पर
लौ चमकाणी।" 15 इस तांई ध्याने ने दिखदे रिया की तुसां कदेई
जिन्दगी जी दे न। बेअकलयां सांई नी पर ज्ञानिया सांई जिन्दगी
जिया। 16 कने भलाई करणे दे हर इक मौके दा अकला ने इस्तेमाल
करा क्योंकि दिन बुरे न। 17 इस बजा ने अज्ञानी मत बणा, पर ध्याने
ने समझा की प्रभु तुहांजो ला क्या करवाणा चांदा है। 18 कने शराब
पी करी मतबाले मत बणी रिया, क्योंकि इसला लोक असभ्य कने
दुज्जयां ने बुरा व्यवहार करदे न, पर पवित्र आत्मा जो अपणे आप
पर काबू करणा दिया, 19 अगर तुसां पवित्र आत्मा दे काबू च न, तां
तुसां इयां ही करणा; जालू तुसां अपु चे गिठे होंगे तां भजन कने
स्तुति करा कने उना होर गाणयां जो गा जड़ा पवित्र आत्मा तुहांजो
दिन्दा है। 20 कने जड़ा कुछ साड़े प्रभु यीशु मसीहे किता उदी बजा
ने हमेशा सारियां गल्लां तांई साड़े पिता परमेश्वर दा धन्याबाद करदे
रिया। 21 असां मसीह तांई श्रद्धा कने भक्ति रखणे दिया बजा ने इक
दुज्जे दे अधीन रिया। 22 हे घरे बालियों, अपणे-अपणे घरे बालयां
दे अधीन रिया, जियां तुसां प्रभु दे अधीन रेंदियां न। 23 क्योंकि
घरेबाला तां घरे बालिया दा सिर है, जियां की मसीह कलीसिया
दा सिर है; मसीह कलीसिया दा उद्धारकर्ता है, जड़ी उदा अपणा
शरीर है। 24 जियां कलीसिया मसीह दे अधीन न, तियां ही घरे
बालियां भी हर गल्लां च अपणे-अपणे पति दे अधीन रेंन। 25 हे
पतियो, अपणिया-अपणिया घरे बालिया ने प्यार रखा, जियां मसीहे
कलीसिया ने प्यार करिके साड़े तांई अपणी जिन्दगी देई दिती। 26
ताकि उदा बचन कलीसिया दे लोकां पर प्रगट होईकरी उना जो पाप
ला शुद्ध करे, जियां कोई माणु कुसी चिजा जो धोई करी शुद्ध करदा
है; 27 सै अपणे लोकां तांई मरी गिया ताकि सै अपणे लोकां जो सिद्ध
बणाई सके, कने सै सांझो अपणी ऐसी महिमामय कलीसिया बणाई
करी पेश करी सके, जिना च कोई दोष या पाप या होर कोई बुरी
गल्ल नी होणी बल्कि सै पवित्र कने सिद्ध होणे। 28 इयां होणा चाईदा,
की पति अपणिया-अपणिया घरे बालिया ने अपणे शरीर सांई प्यार
करे, जड़ा अपणिया घरे बालिया ने प्यार करदा है, सै अपणे आप ने
प्यार करदा है। 29 क्योंकि कुनी भी अपणे शरीर ने बैर नी किता
बल्कि उदी देखभाल करदा है, जियां मसीह कलीसिया दी देखभाल
करदा है, तियां ही इक माणु खुद दी देखभाल करदा है। 30 क्योंकि
असां सारे मसीह दे शरीर दे अंगा सांई न। 31 जियां की पवित्र शास्त्र
च लिखया है, "इसा बजा ने माणु अपणे माता पिता जो छडी करी
अपणिया घरे बालिया ने मिल्ली के रेंणा, कने उना दोनो इक तन
होंणा।" 32 ऐ इक कीमती कने गेहरी शिक्षा है, कने मैं इदी तुलना
मसीह कने उस पर भरोसा करणे बालयां सोगी करदा है। 33 पर तुसां
पर भी लागू होंदा है, की हर इक अपणिया घरे बालिया ने अपणे
सांई प्यार करे, कने घरे बाली भी अपणे घरे बाले दी इज्जत करे।

**6** हे बच्चो, पवित्र शास्त्र च लिखया है; "अपणे माता पिता दी
इज्जत करा, तालू तेरे सोगी सब भला होणा कने धरती पर तू
जादा दिन जिणा।" ऐ पेहला हुकम है जिसयो परमेश्वरे इक वायदे
सोगी दितया है। इस तांई हे बच्चो तुसां जड़े प्रभु पर भरोसा करदे न,
तुसां तांई ऐई ठीक है की तुसां अपणे माता पिता दी गल्ल मन्ना। 4 हे
माता पिताओं, अपणे बचयां जो अपणे व्यवहार ने गुस्सा ना चढ़ा पर
प्रभु दी शिक्षा, कने चेतावनी देईकरी, उना दी देखभाल करा। 5 हे
नोकरो, जड़े लोक संसारे दे अनुसार तुहाड़े मालिक न, उना दा
इमानदारी कने सच्चाई ने हुकमा जो मन्ना, जियां यीशु मसीह दा मंदे
न। 6 ऐ सब सिर्फ दिखाबे तांई कने लोकां जो खुश करणे तांई मत
करा, तुसां मसीह दे सेवक न, इस तांई तुहांजो अपणे पुरे मने ने सेई
करणा चाईदा जड़ा परमेश्वर चांदा है की तुसां करा। 7 तुसां खुशिया
ने अपणे सेबा दे कम्मा जो करदे रिया, जियां मन्ना तुसां लोकां दी नी
पर प्रभु दी सेबा करा दे न। 8 क्योंकि तुसां जाणदे न, की जड़ा
कोई जदिया खरा कम्म करगा, चाऐ सै नोकर हो, चाहे सै अजाद
हो, प्रभुऐ उसयो उदा इनाम देणा है। 9 इयां ही हे मालिको, तुसां
उना जो धमकियां नी देणिया चाईदियां, पर तुहांजो अपणे नोकरां
सोगी सियुदा ही व्यवहार करणा चाईदा, जियां मैं उना ने बोलया
है की सै तुसां ने करन। क्योंकि तुसां जाणदे न की, उना दा कने
तुहाड़ा दोनों दा मालिक स्वर्गे च है, कने सै कुसी दा पक्ष नी लेंदा।
10 आखरी च, आत्मिक रूप च प्रभु दी अपार शक्तिया ने मजबूत
बणा। 11 असां माणुआं दे खिलाफ लड़ाई नी लड़ा दे न। असां
प्रधाना कने अधिकारियां कने अंधेरे दे हाकिमा ने कने आत्मिक
संसारे दिया शक्तिया दे खिलाफ लड़ा दे न। इस तांई सारे हथियार
पेहनी लिया जड़ा परमेश्वर दिंदा है कने जालू सै बुरा दिन ओणा है
तालू तुसां शैताने दियां चालां ने अपणे आप जो बचाई सकदे न।
कने जालू ऐ लड़ाई खत्म होई जाणी तालू भी तुसां मजबुतिया ने
खड़े रेई सकणा। (aiōn g165) 14 इस तांई जियां की इक सिपाई
लड़ाई तांई तैयार होणे तांई अपणी कमरा च बेल्ट बनदा है, तियां
ही परमेश्वरे दी सच्चाईया जो बेल्टा सांई बन्नी लिया, कने जियां
झिलम सिपाइये दी लड़ाईया च रक्षा करदी है, तियां ही जालू शैतान
तुहांजो पर हमला करदा है तालू तुहाड़ा धार्मिक व्यवहारे तुहाड़ी रक्षा
करणी है। 15 कने परमेश्वरे दी शांति दा शुभसमाचार सुणाणे तांई
तुहाड़ी इच्छा ठीक तियां ही होणी चाईदी, जियां की इक सिपाई
लड़ाई तांई तैयार होणे तांई जूते पेहनदा है; 16 कने इक होर गल्ल
है, जियां इक सिपाई दुशमणे दे तीरां ला बचणे तांई ढाल लेदां है,

तियां ही मसीह पर पक्का भरोसा रखा ताकि मसीह तुहांजो शैतान दे
नुक्सान करणे बाले जल्दे तिरां ला बचाई रखे। **17** जियां इक सिपाई
अपणे सिरे जो लड़ाई च बचाणे तांई टोप लगाई रखदा है, तियां ही
परमेश्वरे तुहांजो शैताने ला बचाणा। जियां इक सिपाई अपणे बचाब
तांई इक तलबार पकड़दा है, तियां ही अपणे बचाब तांई परमेश्वरे दे
बचने दा इस्तेमाल करा। **18** कने हर बकते जियां पबित्र आत्मा
अगुवाई करदा है तियां प्राथना करा कने बिनती करदे रिया, कने
जागदे रिया कने हमेशा पबित्र लोकां तांई प्राथना करदे रिया, **19**
कने तुसां मेरे तांई भी प्राथना करा की परमेश्वर मिंजो बोलणे तांई
शब्द दे, ताकि मैं हिम्मता ने शुभसमाचार दे बारे च जड़ा सारे लोकां
तांई है, उदियां गुप्त गल्लां उना जो समझाई सके, **20** इस तांई मैं
जंजिरा च जकड़यो होऐ राजदूत सांई सेबा करा दा है। प्राथना करा
की जियां मिंजो बोलणा चाईदा तियां ही हिम्मता ने शुभसमाचार दा
प्रचार करी सके। **21** कने तुखिकुस जड़ा प्यारा भाई कने प्रभु च
भरोसे झोगा सेवक हे, उनी तुहांजो सारियां गल्लां दस्सी देणियां
ताकि तुसां जांणी सकन की मेरी हालत क्या है कने क्या करा दा है।
**22** उसयो मैं तुहाड़े बाल इस तांई भेजया हे, की तुसां साड़िया हालता
जो जाणन, कने सै तुहांजो उत्साहित करी सके। **23** मैं प्राथना करदा
है की पिता परमेश्वर कने प्रभु यीशु मसीह तुसां भरोसा करणे बालयां
जो शांति दे, ताकि इसा बजा ने तुसां इक दुज्जे ने प्यार करन कने
लगातार प्रभु यीशु मसीह पर भरोसा करन। **24** परमेश्वर तुसां सारयां
पर अनुग्रह करे जड़े उस प्यार ने प्रभु यीशु मसीह जो प्यार करदे न
जड़ा प्यार कदी खत्म नी होंदा।

# फिलिप्पियों

1 मैं पौलुस तीमुथियुस सोगी ऐ चिट्ठी लिखा दा है कने असां यीशु
मसीह दे सेबक न। मैं ऐ चिट्ठी फिलिप्पी शेहरे च रेणे बाली
कलीसिया दे अगुवां जो कने सेवकां समेत परमेश्वर दे पवित्र लोकां
तांई लिखा दा है। 2 मैं ऐ प्राथना करदा है कि, साड़े पिता परमेश्वर
कने प्रभु यीशु मसीह दी तरफा ला तुहांजो अनुग्रह कने शांति मिलदी
रे। 3 पेहले दिने ला तुसां यीशु मसीह दे शुभसमाचार पर भरोसा
किता, कने शुभसमाचार जो फेलाणे च साड़े हिस्सेदार रे। इसा बजा
ला मैं जालू भी तुहाड़े बारे च सोचदा है, तां परमेश्वरे दा धन्यबाद
करदा है, कने मैं खुशिया सोगी तुहाड़े सारयां तांई उदी सहायता तांई
प्राथना करदा है। 6 मिंजो इसा गल्ला दा भरोसा है की परमेश्वरे तुसां
च खरा कम्म शुरू कितया है, उनी यीशु मसीह दे दुबारा मुड़ी ओणे
दीकर उसयो पूरा भी करणा। 7 ठीक है कि मैं तुसां सारयां तांई
ऐसा ही बिचार करे, क्योंकि मेरे मने च तुहाड़े तांई खास जगा है,
क्योंकि जालू मैं केद च है, ऐ शुभसमाचार दी सच्चाईया ला जबाब
देणे तांई तुसां मेरे सोगी परमेश्वर दे अनुग्रह च साथी न। 8 इदे च
परमेश्वर मेरा गबाह है कि मैं यीशु मसीह सांई प्यार करिरी तुसां
सारयां जो मिलणे दी इच्छा करदा है। 9 मैं ऐ प्राथना करदा है, की
तुसां पूरी समझ कने ज्ञान ला इक दुज्जे सोगी लगातार प्यार च बददे
जा, 10 इस तांई की तुसां जड़ियां खरियाँ गल्लां न उना जो अपनाई
करी योग्य बणी जा, ताकि मसीह दे मुड़ी ओणे दीकर सच्चे कने
निर्दोष बणी रेई सकन। 11 कने मसीह यीशु दे जरिये पैदा होणे बाले
धार्मिकता दे कम्मा ला अपणे जो भरी लिया, जिसला परमेश्वरे दी
महिमा कने स्तुति होंदी रे। 12 है मसीह भाईयो, मैं चांदा है, की तुसां
सारे भी ऐ जाणी लिया जड़ा मिंजो पर बितया है, उसने मतयां लोकां
शुभसमाचारे पर भरोसा किता है। 13 ऐथू दीकर की महाराजा कैसरे
दे राज्य दी सारी सेना कने बाकी सारे लोकां जो भी ऐ पता चली
गिया कि मैं मसीह दे शुभसमाचार तांई जेला च है। 14 कने हुण मेरे
केद च होणे दिया बजा ला, प्रभु यीशु च जड़े भाई न, उना चे केई
पुरे भरोसे सोगी परमेश्वरे दा बचन बिना कुसी डरे दे कने हिम्मता ला
सुणा दे न। 15 कुछ लोक तां जलन कने लड़ाईया दिया बजा ला
मसीह दा प्रचार करदे न कने कुछ भली सोच ला प्रचार करणे च मेरी
सहायता करदे न। 16 जड़े भली सोचा सोगी प्रचार करदे न, सै
ऐ इस तांई करदे न क्योंकि सै मिंजो सोगी प्यार करदे न कने सै
जाणदे न कि मैं शुभसमाचारे दे जबाब देणे तांई जेला च रखया है।
17 पर जड़े लोक जलन रखदे न, सै अपणी मतलबी इच्छा दिया
बजा ला मसीह दा प्रचार करदे न पर इमानदारिया ला नी करदे, ऐ
समझीकरी की सै जेला च मेरी परेशानियां जो बधाई सकन। 18 ताँ
क्या होया? बस इतणा ही, की हर तरीके ला चाऐ झुठिया बजा ला
चाऐ सच्चाईया ला, मसीह दा शुभसमाचार सुणाया जांदा है, कने मैं
इसला खुश है, कने हमेशा खुश रेंणा। 19 क्योंकि मैं जाणदा है
की तुहाड़िया प्राथना ला, कने पवित्र आत्मा ला जड़ी यीशु मसीह
भेजियो है, उदी सहायता ने कैदा ला अजाद होई जाणा। 20 मेरी
दिले दी इच्छा कने आस है, की कदी भी मैं कुसी भी हालात च
शरमिंदा ना होऐं, पर मिंजो मसीह दे बारे च बोलणे दी हिम्मत होंदी
है, जियां मैं पेहले किता था, चाऐ मैं जिंदा रे या मरी जां, मैं अपणी
पूरी जिन्दगी ने मसीह दा आदर करदे रें। 21 क्योंकि अगर मैं जिंदा
रें, तां सिर्फ मसीह तांई है, कने अगर मरी जां तां ऐ मेरे तांई होर जादा
ठीक होणा क्योंकि तालू मैं मसीह सोगी रेणा। 22 पर अगर शरीर च
जिन्दा रें तां मैं मसीह तांई कम्म करी सकदा है, पर मैं नी जाणदा की
कुसयो चुणे। 23 मन तां करदा की मरी जां, कने मसीह बाल जाई
करी रें, क्योंकि ऐ बड़ा ही अच्छा है। 24 पर मेरा जिन्दा रेणा होर
भी जरूरी है, क्योंकि तुहांजो मेरी सहायता दी जरूरत है। 25 कने
इस तांई की मिंजो इदा भरोसा है। की मिंजो पता है की मैं जिंदा रेंणा
है, कने तुसां सबना सोगी रेणा, मैं तुहांजो भरोसे च मजबूत होणे च
कने खुश रेणे च तुहाड़ी सहायता करगा। 26 कने जालू मैं दुबारा
ओंगा, तां मेरिया बजा ने तुहाड़े बाल यीशु मसीह पर घमंड करणे दी
होर भी बजा होणी। 27 ध्यान रखा की तुहाड़ा सभाब मसीह दे
शुभसमाचार दे अनुसार हो। चाऐ मैं आई करी तुहांजो ने मिल्ले या
नी, मैं तुहाड़े बारे च ऐई सुणे की तुसां इक ही भाव च, कने इक मन
होईकरी शुभसमाचार दे भरोसे तांई सोगी मेहनत करदे न। 28 कने
कुसी भी गल्ला तांई अपणे विरोधियां ला डरदे नी। तुहाड़ी हिम्मत
उना तांई खात्मे दा साफ चिन्ह है, पर तुहाड़े तांई उद्धारे दा, कने ऐ
परमेश्वरे दिया तरफा ला है। 29 क्योंकि परमेश्वर तुहांजो ऐ मोका
दितया है, की ना सिर्फ तुसां मसीह पर भरोसा करा, पर उस तांई दुख
झेलणे तांई बरदान भी मिलया है। 30 कने तुहांजो तियां ही मेहनत
करणी है, जियां तुसां मिंजो फिलिप्पि शेहरे च करदे दिखया है, कने
जिना दुखां दे बारे च तुसां सुणदे न जड़े मिंजो जेला च हुण भी न।

2 अगर तुसां मसीह च होणे दिया बजा ला उत्साहित न, या
उदे प्यार ला अराम मिलया हो, पवित्र आत्मा सोगी संगती हो
क्योंकि मसीह तुहाड़े तांई करुणामय कने दयालु है। 2 तां मेरी ऐ
खुशी पूरी करा की इक मन रिया, कने इक ही प्यार, इक ही चित,
कने इक ही इच्छा रखा। 3 मतलब कने घमंड सोगी कुछ मत करा,
पर दीनता ला इक दुज्जे जो अपणे ला खरा समझा। 4 हर कोई
अपणे ही फायदे दी नी, पर दुजयां दे फायदे दी भी चिंता करा। 5
जदेया यीशु मसीह दा सबाभ था तदिया ही तुहाड़ा भी हो; 6 यीशु
मसीह पूरी तरहा ला परमेश्वर था, पर उनी इस प्रभुता पर अपणा हक
नी रखणा चाया। 7 पर उनी अपणा सारा ईश्वरीय हक छडी दिता
कने इक दास सांई बणी गिया, कने इक आम माणु बणी गिया। 8
कने माणु बणी करी अपणे आपे जो दीन किता कने सै परमेश्वरे दा
इतणा आज्ञाकारी रिया कि सै मरणे तांई भी तैयार होई गिया, हां,
उनी सूली दी मौत जो भी इक अपराधी सांई सेहन करी लिया। 9
इसा बजा ला परमेश्वरे उसयो सारयां ला उच्चे आदर दिया जगा च
बैठाया कने उसयो सै ना दिता जड़ा सारयां ना ला बदिया है, 10 कि
जड़े स्वर्गे च कने धरतिया पर न कने जड़े धरतिया दे थले न; सै सारे
यीशुऐ दे ना जो आदर देणे तांई गोडे टेकन, 11 कने परमेश्वर पिता
दी महिमा तांई हर कोई मनी ले की यीशु मसीह ही प्रभु है। 12 इस

तांई हे मेरे प्यारो, जालू मैं तुहाड़े सोगी था तालू तुसां हमेशा परमेश्वरे
दे हुकमा जो मनया है। हुण जालू मैं तुहांजो ला दूर होई गिया है,
तां तुहांजो होर भी गल्ल मनणा चाईदी। डरदे कने कमदे होए तुसां
सारयां जो उना चीजां जो करणा चाईदा जड़ियां उना लोकां तांई सही
न जिना जो परमेश्वरे बचाया है। 13 क्योंकि परमेश्वर ही है, जड़ा
तुहांजो च कम्म करा दा है, कने तुहांजो करणे दी इच्छा कने शक्ति
दे दा है, जड़ा उसयो खुश करदा है। 14 सारे कम्म बिना बुड़-बुड़ाऐ
कने बिना बेहसा ला करा, 15 ताकि तुसां इस बुरे कने पापी संसारे च
परमेश्वरे दी सिद्ध ओलादी सांई पवित्र कने निर्दोष जिन्दगी जिया,
इस संसारे दे लोकां बिच तुसां अम्बरे दे तारयां सांई चमका, जियां
तुसां उना जो बचन सुंणादे न जड़ा अनन्त जिन्दगी दिन्दा है। 16
कने जालू यीशु मसीह दुबारा मुड़ी करी ओंणा तां मिंजो घमंड होणा
की मेरी कोशिश कने मेरी मेहनत बेकार नी गेई। 17 कने जालू मैं
तुहांजो शुभसमाचार सुणाया, तुसां प्रभु यीशु पर भरोसा किता कने
तुसां सेबा तांई अपणी जिन्दगी देई दिती है। इस तांई, भले ही मिंजो
शुभसमाचार सुणाणे दिया बजा ला मारी दिया, तमी मैं तुहाड़े सोगी
खुश रेणा। 18 मेरी विनती है की तुसां भी इयां ही खुश रिया कने
मेरिया खुशिया च शामिल होई जा। 19 मिंजो प्रभु यीशु मसीह च
आस है की मैं तीमुथियुस जो तुहाड़े बाल तोल्ली भेजगा, ताकि
तुहाड़ा हाल सुणीकरी मिंजो उत्साहित होई जां। 20 क्योंकि मेरे बाल
ऐसे सबाभे दा कोई नी है, जड़ा सच्चे मने ला तुहाड़ी चिंता करे। 21
क्योंकि सारे अपणे-अपणे फायदे दे बारे च सोचते रेंदे न, ना की यीशु
मसीह दे बारे च। 22 पर तुसां जाणदे न की तिमोथियोसे कियां दसया
की सै बफादार है, उनी शुभसमाचार दे प्रचार च मेरा इस तरिके ला
साथ दिता, जियां इक पुत्र अपणे पिता दा साथ दिन्दा है। 23 इस तांई
मिंजो आस है की जियां ही मिंजो पता लगगा की मेरी क्या हालत
होंणी, तियां ही मैं उसयो तोल्ली भेजी दिंगा। 24 कने मिंजो प्रभु च
भरोसा है की मैं अपु भी तोल्ली ओंणा है। 25 पर मैं इपफ्रुदितुस जो
तुहाड़े बाल भेजणा जरूरी समझया। जड़ा मेरा भाई है, कने साथी
कने सोगी लड़णे बाला, तुहाड़ा संदेश मेरे बाल पुजाणे बाला, कने
जरूरी गल्लां च मेरी सेबा टहल करणे बाला है। 26 उदा मन तुसां
सारयां च लगया था, इस तांई सै बेचेन रेंदा था, क्योंकि तुसां उदिया
बमारिया दा हाल सुणया था। 27 कने पक्का ही सै बिमार तां होई
गिया था, ऐथू दीकर की मरणे वाला भी था, पर परमेश्वरे उस पर दया
करिके उसयो ठीक किता। परमेश्वरे सिर्फ उस पर ही नि, पर मिंजो
पर भी दया किती ताकि मैं पेहले ला भी जादा दुख सेहन ना करे।
28 इस तांई मैं उसयो भेजणे तांई होर भी जादा उत्सुक है कि तुसां
उसयो दुबारा दिखीकरी खुश होई जान कने तुहाड़े बारे च मेरी चिंता
भी घटी जा। 29 इस तांई तुसां प्रभु च उस सोगी बड़िया खुशिया ला
मिलनयो, कने तुहांजो उदा कने ऐसे लोकां दा आदर करणा है। 30
क्योंकि सै मसीह दे कम्मा तांई अपणे प्राण खतरे च पाई करी मौत दे
इतणे नेड़े आई गिया था, ताकि सै मेरी सहायता करी सके, क्योंकि
तुसां मेरी सहायता दूर होणे दिया बजा ला नी करी सकदे न।

**3** इस तांई हे मेरे मसीह भाईयो, प्रभु यीशु च खुश रिया। सेई गल्लां
तुहांजो बार-बार लिखणे च मिंजो कोई तकलीफ नी होंदी, पर मैं
तुहांजो झूठे गुरूआं ला बचाणा चांदा है। 2 बुरे लोकां ला साबधान
रिया जड़े कुतयां सांई न कने उना लोकां ला भी साबधान रिया जड़े
बोलदे न की उद्धार तांई तुहांजो खतना करणा जरूरी है। 3 क्योंकि सै
बोलदे न की असां ही परमेश्वरे दे सच्चे लोक न, जड़े परमेश्वरे दी
भक्ति उदी आत्मा ला करदे न, कने अपणी जिन्दगी च यीशु मसीह
सोगी इक होईकरी खुश होंदे न, कने अपणियां खुद दियां कोशिशां
पर भरोसा नी करदे न। 4 पर मिंजो बाल अपणिया खुद दी कोशिशां
पर भरोसा रखणे दी खरी बजा है, अगर कोई इयां सोचदा है, की उदे
बाल अपणे आपे पर भरोसा रखणे दी खरी बजा है, तां मेरे बाल
उसला भी बदीकरी बजा है। 5 जालू मैं अठां रोजां दा होया तां
परमेश्वरे दे हुकमा ला मेरा खतना होया, मैं जमींदा ही इस्राएली
है, कने बिन्यामीन दे गोत्र दा है, मेरे माता पिता इब्रानी थे; मैं भी
पक्का इब्रानी है; फरीसी होणे दिया बजा ने मैं सकती ला मूसा दी
व्यवस्था जो मनया। 6 अगर मैं अपणी जलन दे बारे च बोलें, तां मैं
कलीसिया जो तंग करणे बाला था; कने यहूदी व्यवस्था दा पालन
करणे च, मैं इक धार्मिक माणु था कने सारी व्यवस्था दा पालन करदा
था। 7 पर जड़ियां गल्लां मेरे फायदे दियां थियां, मैं उना जो मसीहे
दिया बजा ला नुक्सान समझया। 8 क्योंकि प्रभु यीशु मसीह जो
जाणना बाकी सारियां चीजां जो जाणने ला बदीकरी है, कने मैं बाकी
सारियां चीजां जो बेकार समझदा है। जिदिया बजा ला मैं सब कुछ
छडी दिता कने मैं उना जो कूड़ा समझदा है, ताकि मसीह जो होर भी
गहराई ला जाणे। 9 ताकि मैं उसी सोगी एकता च रेई सके, मेरी
धार्मिकता मूसा दी व्यवस्था दे हुकमा पर अधारित नी है, पर ऐ सै
धार्मिकता है, जड़ा सिर्फ परमेश्वर उना जो दिन्दा है, जड़े मसीह पर
भरोसा करदे न, 10 मैं ऐ चांदा है की मसीह जो होर जाणी लें कने
उदे मरयां चे जी उठणे दी शक्ति जो जाणी सके कने उदे दुखे च
शामिल होईकरी उदी मौत च उदे सांई बणी जां, 11 ताकि मैं भी
मरयां चे फिरी जिन्दा होणे दा अनुभव करी सके। 12 मैं ऐ दाबा नी
करदा की, मिंजो ऐ सब पेहले ही मिल्ली गिया है, पर मैं कोशिश
करी के अग्गे बदा दा है, की मिंजो सै मिल्ली जाऐ, जिस तांई प्रभु
यीशु मसीह मिंजो चुणया है। 13 मेरे मसीह भाईयो, मैं ऐ दाबा नी
करदा की मिंजो मेरा लक्षय मिल्ली गिया है; पर ऐ इक ही कम्म
करदा है, की जड़ियां गल्लां होई गियां न, उना जो भुली करी अग्गे
क्या होणा उस मकसदे तांई बड़ी मेहनत करा दा है, 14 कने निशाने
पासे दोड़दा जान्दा है, ताकि मैं स्वर्गे जाणे दा इनाम पाई सके, जिदे
तांई परमेश्वरे मिंजो प्रभु यीशु दे जरिये स्वर्गे जो सदया है। 15 इस
तांई असां चे जितणे भी आत्मिक रूपे च समझदार न, सै सारे इक
मन रखन, कने अगर कुसी गल्ला च तुहाड़ा होर ही बिचार हो,
तां परमेश्वरे उसयो भी तुहांजो पर प्रगट करी देणा। 16 इस तांई
जिथू दीकर परमेश्वरे सांझो पर सच्चाई जो प्रगट कितया है, उसी दे
अनुसार ही सांझो चलणा भी चाईदा। 17 हे मसीह भाईयो, तुसां मेरे
सांई व्यवहार करा कने उना लोकां पर ध्यान दिया जड़े मेरे सांई

व्यवहार करदे न, कने जदिया व्यवहार तुसां सांझो करदे दिखया जालू
असां तुहाड़े सोगी थे। 18 क्योंकि मते न जिना दे बारे च मैं पेहले भी
अच्छे ने दसया है, कने हुण भी रोई-रोई करी दस्सा दा है, की ऐथू
केई लोक न जड़े ऐसी जिन्दगी जिन्दे न, जिसने पता चलदा है की
सै मसीह दी सूली पर मौत दे खिलाफ न। 19 नाश होणा ही उना दा
अंत है, सै शरीर दियां इच्छा जो पूरा करणे तांई जिन्दे न, कने अपणे
शर्मनाक कम्मा पर घमंड करदे न कने हमेशा संसारे दियां चीजां दे
बारे च सोचदे रेंदे न। 20 पर असां स्वर्ग दे निबासी न, कने असां
अपणे उद्धारकर्ता प्रभु यीशु मसीह दी स्वर्गे ला बापस ओणे दा इंतजार
करा दे न। 21 यीशु मसीह अपणिया उसा शक्तिया ने, हर इक चीजा
जो अपणे बसे च कितया है, कने साड़े कमजोर, संसारिक शरीर दा
रूप बदली कर, अपणी महिमा दे शरीरे सांई बणाई देणा है।

4 इस तांई हे मेरे प्यारे मसीह भाईयो, मिंजो तुसां लोकां ने मिलणे
दी बड़ी इच्छा है। तुसां, जड़े मेरी खुशी कने मुकुट न, प्रभु
च लगातार टिकी रिया। 2 मैं यहूदिया कने सुन्तुखे दोनों बेहणा
ला विनती करदा है, की प्रभु च इकी दुज्जे ला मिली जुली करी
रिया। 3 हे सच्चे साथी सुन्तुखे, मैं तिजो ला भी बिनती करदा है,
कि तू उना जनानिया दी सहायता कर की सै मेल मिलाप करी लेन,
क्योंकि उना मेरे सोगी शुभसमाचार प्रचार करणे च, क्लेमेंस कने मेरे
उना होर साथियां सोगी बड़ी मेहनत किती, जिना दे ना जिन्दगी
दी कताबां च लिखयो न। 4 प्रभु च हमेशा खुश रिया; मैं फिरी
बोलदा है, खुश रिया। 5 सारे लोक तुहाड़े कोमल सभाब जो जाणी
सकन। प्रभु यीशु दा ओणा नेड़े है। 6 कुसी भी गल्ला दी चिंता मत
करा; पर हर इक हालात च तुहाड़े निवेदन, प्राथना कने विनतिया दे
जरिये धन्याबाद सोगी परमेश्वरे सामणे रखे जान। 7 तालू परमेश्वरे
दी शांति, जड़ी माणुआं दी समझा ला परे है, तुहाड़े दिले कने तुहाड़े
बिचारां जो मसीह यीशु च संभाली करी रखगी। 8 इस तांई हे मसीह
भाईयो, अंत च, जड़ियां-जड़ियां गल्लां सच्च न, कने जड़ियां-
जड़ियां गल्लां आदरणीय न, कने जड़ियां-जड़ियां गल्लां धर्मी न,
कने जड़ियां-जड़ियां गल्लां पबित्र न, कने जड़ियां-जड़ियां सुंदर न,
कने जड़ियां-जड़ियां गल्लां प्रशंशा दे काबिल न, जड़ियां-जड़ियां
गल्लां उत्तम कने आदर दियां गल्लां न, उना पर ही तुहाड़ा मन
लगी रे। 9 जड़ियां गल्लां तुस्सां मिंजो ला सिखियां, कने ग्रहण
कितियां, कने सुणियां, कने मिंजो च दिखियां उना दा ही पालन
करा, तां शांति दे परमेश्वरे तुसां लोकां सोगी रेणा। 10 मैं प्रभु च बड़ा
खुश है, की हुण तुहांजो इतणे दिना बाद मिंजो पैसे भेजणे दे बारे च
फिरी बिचार आया है; पक्का तुहांजो शुरू च भी इदा बिचार था, पर
तुहांजो मौका नी मिल्ला। 11 ऐ नी की मिंजो कुसी जरूरत दिया
चिजा दी कमी है क्योंकि मैं हर तरा दे हालतां च खुश रेणा सिखया
है। 12 मैं बड़े थोड़े च भी जीणा जाणदा है, कने जरूरत ला जादा च
भी रेणा जाणदा है; हर इक गल्ला च कने सारे हालतां च मैं रजणा
कने जालू मेरे बाल खाणे तांई बड़ा कुछ होंदा है, कने जालू मेरे
खाणे तांई बड़ा घट होंदा है, तां मैं दोनों हालतां च रेणा सीखी लिया
है। 13 मसीह दे जरिये, जड़ा मिंजो शक्ति दिन्दा है, उदे च मैं सब
कुछ करी सकदा है। 14 तमी तुसां खरा किता कि मेरे इना मुश्किलां
दे दिना च पैसे भेजी करी मेरी सहायता किती कने मेरे उना दुखां च
मेरे साथी होए। 15 हे फिलिप्पी शेहर दे लोकों, तुसां तां अपु ही
जाणदे न जालू मैं तुहांजो यीशु मसीह दा शुभसमाचार सुणाया था कने
जालू मैं तुहाड़ी जगा ला मकिदुनिया प्रदेश जो गिया, तालू तुहांजो
छडी होर कुनी भी कलीसिया च लेणे-देंणे दे बारे च मेरी सहायता नी
किती। 16 इयां ही जालू मैं थिस्सलुनीके शेहर च था, तालू भी तुसां
मेरी सहायता जो पूरा करणे तांई इक बरी नही पर दो बरी मिंजो पेसे
भेजे थे। 17 मैं ऐ इस तांई नी बोलदा की मैं पैसा चांदा है की इसयो
उना अच्छी चिजां दी सूची च शामिल करा, जिना जो तुसां पेहले
ही करी बैठयो न, कने जिस तांई परमेश्वरे तुहांजो इनाम देणा। 18
मेरे बाल सब कुछ है, कने बड़ा जादा भी है; जड़ियां चीजां तुसां
इपफ्रुदितुस दे हथे ला भेजियां थियां उना जो पाई करी मैं रजी गिया
है, ऐ इक तोफे सांई है, जिदे च मिठी खुशबु ओआ दी है, जिसयो सै
ग्रहण करदा है कने ऐ परमेश्वर जो खुश करदा है। 19 मेरा परमेश्वर
भी उस धने दे अनुसार जड़ा महिमा सोगी यीशु मसीह च है, तुहाड़ी
हर इक घाटे जो पूरा करगा। 20 साड़े पिता परमेश्वरे दी महिमा
युगां-युगां दीकर होंदी रे। आमीन। (aiōn g165) 21 यीशु मसीह च
सारे पबित्र लोकां जो मेरा नमस्कार बोला। जड़े मसीह भाई मेरे सोगी
न, तुहांजो नमस्कार बोलदे न। 22 सारे पबित्र लोक, खासकर जड़े
महाराजा कैसरे दे घराने दे न, तुहांजो नमस्ते करदे न। 23 मैं प्राथना
करदा है की साड़े प्रभु यीशु मसीह दा अनुग्रह हमेशा तुसां सारयां
सोगी रे।

# कुलुस्सियों

**1** मैं, पौलुस ऐ चिट्ठी लिखा दा है, जड़ा परमेश्वरे दी इच्छा ने चुणया होया यीशु मसीह दा प्रेरित है कने मसीह भाई तीमुथियुस दिया तरफा ला, 2 मसीह च उना पवित्र कने भरोसे दे काबिल मसीह भाईयां दे ना जड़े कुलुस्से शेहर च रैंदे न। साड़े पिता परमेश्वरे दिया तरफा ला तुसां सारयां जो अनुग्रह कने शांति मिलदी रे। 3 जालू असां तुहाड़े तांई प्राथना करदे न, असां अपणे प्रभु यीशु मसीह दे पिता मतलब की परमेश्वरे दा धन्यबाद करदे न। 4 क्योंकि असां सुणाया है, की यीशु मसीह पर तुहाड़ा भरोसा है, कने सारयां पवित्र लोकां ला प्यार करदे न; 5 क्योंकि तुसां उम्मीदा दिया बजा ला ऐसा करदे न, जड़ी परमेश्वरे स्वर्गे च तुहाड़े तांई रखया है। जिदे बारे च तुसां पेहले ही सुणी बैठयो न जालू लोक पैली बरी तुहाड़े बाल आये कने तुहांजो यीशु मसीह दे बारे च शुभसमाचार सुणाया, जड़ा की परमेश्वरे दा सच्चा संदेश है। 6 ऐ शुभसमाचार सारे संसार च फेला दा है कने मते भरी लोक यीशु मसीह पर भरोसा करा दे न। ऐ हर जगा जिन्दगी बदला दा है, ठीक तियां ही जियां तुसां पेली बरी सुणाया था, कने सच्चाई जो समझया था की परमेश्वर उना लोकां दे पापां जो माफ करदा है, जड़े यीशु मसीह च भरोसा करदे न। 7 उदी ही शिक्षा तुसां साड़े प्रिय साथी इपफ्रास ला सीखी है, जड़ा साड़े तांई मसीह दा भरोसे दे लायक सेवक है। 8 उनी सान्झो दुज्जे लोकां तांई तुहाड़े प्यार दे बारे च दसया है, जड़ा पवित्र आत्मा तुहांजो दितया है। 9 इस तांई जिस दिने ला ऐ सुणाया है, असां भी तुहाड़े तांई हमेशा प्राथना किती, की परमेश्वरे दी आत्मा तुहांजो अकल कने समझ दे, की उदी इच्छा जो पुरे तरिके ला समझी सकन। 10 असां ऐ प्राथना करदे न ताकि तुसां ऐसी ही जिन्दगी जी न जदिया परमेश्वरे दे लोकां दा होणा चाईदी, कने तुसां परमेश्वरे जो खुश करी सकन कने तुसां लगातार भले कम्मा जो करदे रिया जिसने तुसां परमेश्वर जो जाणने च बददे जा। 11 कने असां ऐ भी प्राथना करदे न की परमेश्वर अनोखी शक्तिया ला बड़ा जादा मजबूत बणाऐ, ताकि तुसां सबर कने खुशिया ला मुशकिलां जो सेहन करी सकन। 12 कने पिता परमेश्वर दा धन्यवाद करदे रिया, जिनी सांझो अपणी विरासत च हिस्सेदार होणे दे काबिल बणाया, जिसयो उनी अपणे पवित्र लोकां तांई स्वर्ग च तैयार कितया है। 13 क्योंकि ओई सांझो शैताने दिया शक्तिया ला छुड़ाई करी अपणे प्यारे पुत्रे दे राज्य च लेईकरी आया है। 14 परमेश्वरे अपणे पुत्रे दा बलिदान करिरी सांझो शैताने दिया शक्तिया ला अजाद किता कने साड़े पापां जो माफ किता। 15 कोई भी परमेश्वरे जो नी दिखी सकदा है, जालू उदा इकलोता पुत्र माणु बणी गिया तां, उनी लोकां दे सामणे परमेश्वर जो प्रगट किता कने सारा कुछ बणाणे ला पेहले सै मौजूद था कने परमेश्वरे जड़ा कुछ बणाया उस पर उदा सारयां ला बडा हक है। 16 क्योंकि सै मसीह था जिनी सारा कुछ बणाणे तांई परमेश्वरे सोगी कम्म किता, स्वर्ग दी हो, या धरती दी हो, दिखियो हो या अणदिखयो हो, क्या सिंहासन, क्या प्रभुताएँ, क्या प्रधानताएँ, क्या हक, सारियां चिजां उनी ही बणाईयां कने उदे तांई ही बणियां न। 17 कुछ भी बणने ला पेहले, मसीह पेहले ला ही था, कने सारियां चीजां उदी बणाईयो व्यवस्था ला ही कम्म करदियां न। 18 मसीह कलीसिया दी अगुवाई करदा है, जियां सर माणुऐ दे शरीरे जो काबू च रखदा है; सैई आदि है कने मरी के जी उठणे बालयां लोकां च पेहला है, कने सारियां गल्लां च सैई प्रधान बणे। 19 क्योंकि पिता परमेश्वर दी खुशी इसी च ही है, की परमेश्वर दा पूरा सभाव यीशु मसीह च हो। 20 परमेश्वरे अपणा पुत्रे जो भेजणे दा फेसला लिया, जिनी अपणा खून बहाया कने सूली पर उदी मौत होई। परमेश्वरे ऐ अपणे कने सारियां चीजां बिच मेल मिलाप करणे तांई किता, इयां करणे ला उनी अपणे कने स्वर्ग च शामिल कने धरती च शामिल सबना च शांति बणाई। 21 इसला पहले तुसां परमेश्वरे ला बड़े दूर थे। तुसां परमेश्वरे दे दुशमण थे क्योंकि तुहाड़े बिचार कने तुहाड़े कम्म बुरे थे। 22 पर हुण पिता परमेश्वरे अपणे पुत्रे जो माणु बणाई करी मरणे ला तुहाड़ा भी मेल करी लिया है, ताकि तुहांजो अपणे सामणे पवित्र, निष्कलंक कने निर्दोष बणाई करी पेश करी सके। 23 तुहाड़ा भरोसा मजबूत रेणा चाईदा, जियां की घर इक पक्की नी पर बणाया जांदा है, हुण साड़े बाल आस है क्योंकि असां शुभसमाचार पर भरोसा करदे न, जिसदा प्रचार सारी धरतिया पर कितया है, कने जिस शुभसमाचार दा सेवक मैं, पौलुस बणया। 24 हुण मैं तुसां लोकां तांई दुख झेलदा है, इदी बजा ला खुश है। कने मैं लगातार अपणे शरीर च दुख सेहन करा दा है, जियां यीशु मसीहे सेहन किते थे, कने ऐ दुख मैं मसीह दी कलीसियां तांई अपणे शरीर च सेहन करा दा है, जड़ा उदा शरीर है। 25 इसा कलीसिया तांई तुहाड़े तांई परमेश्वरे दी दितियो सेबा तांई सेबक चुणया है, ताकि मैं परमेश्वर दे शुभसमाचार जो पुरे तरीके ने प्रचार करी सके। 26 मतलब की उस भेद जो जड़ा पिछली पीढ़ियां दे लोकां ला गुप्त रिया, पर हुण परमेश्वरे दे उना पवित्र लोकां पर प्रकट होया है। (aiōn g165) 27 जिना पर परमेश्वरे प्रकट करणा चाया क्योंकि परमेश्वर चांदा की इस भेद जो जाणन की मसीह दी महिमा दी क्या कीमत है, जड़ा सारयां तांई है, ऐ भेद यीशु मसीह खुद है, जड़ा तुसां च है, ऐई साड़ी इकलोती आस है जिसने महिमा होणी। 28 असां मसीह दे बारे च सारयां जो दसदे न, सारयां जो चेताबनी दिन्दे कने सारयां जो पुरिया समझा ला सिखादें जड़ा परमेश्वरे सांझो दितया है, ताकि ऐ पक्का करी सकन की हर कोई मसीह च सिद्ध होई सके जालू सै परमेश्वरे दे सामणे खड़े होंगे। 29 ऐई बजा है की मैं इतणी मेहनत करदा है। मैं ऐसा करणे तांई परेशानियां दा सामणे करदा है जड़ा की मसीह दिया शक्तिया ला ही होंदा है, जड़ा मेरे अंदर कम्म करदा है।

**2** मैं चांदा है की तुसां जाणी लिया की तुहाड़े कने उना दे जड़े लौदीकिया शेहरे च न, कने उना सबना तांई जिना ला मैं नी मिलया है, मैं कड़ी मेहनत इस तांई करदा है, 2 मैं ऐसा इस तांई करदा है क्योंकि मैं उना जो तेरे भरोसे च मजबूत करणा चांदा है, सै इक सोगी प्यार च शामिल होई जान, कने मैं चांदा है की उना जो पूरा भरोसा हो क्योंकि उना जो परमेश्वर दे भेद दी योजना दे बारे च पूरी समझ है, जड़ा अपु मसीह है। 3 ऐ सै है जड़ा परमेश्वरे

दी अकल कने ज्ञान जो जाणदा है, जड़ा की उस खजाने सांई है,
जिसयो लुकाया गिया था। 4 ऐ मैं इस तांई बोला दा है, की कोई भी
माणु तुहांजो उना दी झूठी शिक्षा पर भरोसा करणे तांई राजी करी के
धोखा ना दे। 5 क्योंकि मैं तुहाड़े सोगी नी है, फिरी भी मैं लगातार
तुहाड़े बारे च सोचदा है, मिंजो खुशी है की तुसां इक न कने तुसां
अपणे भरोसे च जड़ा मसीह पर है, जिन्दगी जिन्दे रिया। 6 इस
तांई, जियां तुसां प्रभु यीशु मसीह जो प्रभु मन्नी करी अपनाई लिया,
तियां ही उदे पिच्छे चलदे रिया। 7 तुसां मसीह दे भरोसे च मजबूत
बणी रिया, जियां इक रूख जड़ पकड़दा कने इक घर इक नीयां पर
मजबूत रेंदा है, इयां ही तुसां भी अपणे भरोसे च बददे जा, कने जादा
ला जादा धन्यवाद करदे रिया। 8 साबधान रिया की कोई तुहांजो
संसारिक ज्ञान कने बेकार गल्लां ने मुर्ख नी बणाई ले, ऐ गल्लां
सुणने जो तां ज्ञान बालियां लगदियां न, पर ऐ गल्लां सिर्फ संसार दे
लोकां दिया तरफा ला न, ना की मसीह दिया तरफा ला। 9 इयां ना
हो की ऐ लोक तुहांजो धोखा देन, क्योंकि जालू मसीह माणु बणया,
तालू भी सै पूरी तरहा परमेश्वर था। 10 यीशु मसीह ही सारी शक्तियां
कने अधिकारां दा प्रधान है, इस तांई अगर तुसां मसीह सोगी जुड़यो
न तां तुसां उदे च सिद्ध बणा। 11 जालू तुसां मसीह पर भरोसा किता,
तालू तुहाड़ा खतना कुसी माणुऐ ला नी होया है, जियां यहूदी लोक
करदे न, पर मसीह दे जरिये तुहाड़ा सै खतना होया है, जड़ा तुहाड़े
पाप करणे बाले सभाब जो दूर करदा है। 12 कने तुसां बपतिस्मा
लिया, ऐ इसा गल्ला जो दसदा है की तुहाड़ा पापी सभाब मसीह
सोगी कबरा च दबी दिता है कने जालू तुसां नोऐ सभाबे ने पाणिऐ
ला बाहर आये। ऐ इस तांई होया क्योंकि तुसां भरोसा किता की
परमेश्वरे अपणी शक्तिया ने मसीह जो मरयां चे जिन्दा किता। 13
जालू परमेश्वरे तुहांजो भी मसीह सोगी जिन्दा किता, जड़े अपणे
अपराधां कने अपणे पापी सभाबे ला अजाद नी थे, कने साड़े सारे
अपराधां जो माफ किता। 14 ऐ इयां था जियां परमेश्वरे साड़े पापां दे
दस्ताबेज जो खत्म करी दिता, जिना च साड़े खिलाफ दोष लिखयो
थे। जालू मसीह जो सूली पर चढ़ाया तालू उनी उस देस्ताबेज जो पुरे
तरीके ने खत्म करी दिता। 15 परमेश्वरे मसीह दे सूली पर मरणे ने
संसार दी सारी शक्तियां कने अधिकारां जो हराई करी उना जो सबना
सामणे बेइज्जत किता, कने उना जो हराई करी खुशी मनाई। 16
इस तांई तुहांजो कोई धोखा ना दे, कने कोई तुहाडे खाणे पीणे जो
लेईकरी, या त्योहारे, या नोआ चंद्रमा, या सब्त दे दिना दे बारे च
तुहाड़ा कोई न्याय ना करे। 17 क्योंकि ऐ सारे नियम कने कानून
इक छोआं दे सांई है, पर हकीकत मसीह च ही है। 18 कलीसिया
इक शरीर है यीशु मसीह उस शरीर दा सर है, उसी ने ही शरीर दे
सारे हिस्सयां दी देख रेख होंदी है कने जालू इना जो इक सोगी
जोड़दे न, तां सै बददे न जियां परमेश्वर चांदा है की सै बदे। कोई
माणु दीनता कने स्वर्गदूतां दी भक्ति करिके तुहांजो दौड़ दे इनामे च
दूर ना करे। ऐसे माणु दिखियां गल्लां दा दाबा करदे न, जिसने सै
घमंड ने भरुयो रेंदे न, कने जड़े मसीह जो छडी दिन्दे न। 20 जालू
तुहाड़ा पापी सभाब मसीह सोगी मरी गिया, तां तुहांजो होर भी जादा
इस संसारे दियां शिक्षां जो नी मनणा पोणा। इस तांई कजो अजे भी
इस संसारे दे नियमा जो मंदे न जियां अजे भी संसार तुहांजो काबू
करा दा है। 21 सै ऐसे नियम बणादें न की तुसां ऐ मत छुंदे, ऐसा
मत खांदे, ऐ मत खांदे। 22 क्योंकि ऐ सारे नियम कुसी कम्मे दे
नी, क्योंकि ऐ माणुआं दे हुकमा कने शिक्षा दे अनुसार न। 23 इना
शिक्षां च अपणी इच्छा दे अनुसार बणाई भक्ति दे रिबाज, कने जूठी
दीनता, कने अपणे शरीरे सोगी कठोर बर्ताब करणा ही इक ज्ञानी
होणे दा डोंग करदा है, पर हकीकत च ऐ नियम लोकों जो उना दिया
बुरियां जो रोकणे च मदद नी करदे।

3 जियां परमेश्वरे यीशु मसीह जो मरयां चे जिन्दा किता तियां ही
तुहांजो जिन्दा किता है, इस तांई उना चीजां दिया तोपा च लगी
रिया जडियां स्वर्गे च रखियां न जिथू मसीह परमेश्वरे दे बखे सबते
आदर बालिया जगा पर बैठया है। 2 धरतिया दियां चीजां नी स्वर्गे
दियां चीजा पर ध्यान ला, 3 क्योंकि तुसां अपणे पाप बाले सभाबे
तांई मरी गियो न, कने तुहाड़ी नोई जिन्दगी मसीह सोगी परमेश्वरे च
लुकियो है। 4 जालू मसीह जड़ा तुहांजो नोई जिन्दगी दिन्दा है,
बापस इसा धरती पर ओंगा, तालू तुसां भी उदे सोगी कने उदी महिमा
च भागिदार होई जाणा। 5 इस तांई तुसां बुरे कम्मा जो छडी दिया
जड़े तुहाड़े पापी सभाब ला जुड़या न। जियां, व्यभिचार, अशुद्धता,
दुष्कामना, बुरी लालसा, कने लालच जो जड़ा मूर्तिपूजा दे बराबर
है। 6 क्योंकि लोक इना बुरे कम्मा जो करदे न कने परमेश्वर उना
जो सकत सजा देणी। 7 कने तुसां भी, जालू इना बुराइयाँ च जिन्दगी
कटदे थे, तां तुसां भी ऐ कम्म करदे न। 8 पर हुण तुसां भी इना
सबना जो मतलब की गुस्सा, रोष, बैरभाव, निंदा, कने गालियाँ
बकणा, तुसां ऐ कम्म करणा छडी दिया। 9 इक दुज्जे सोगी झूठ मत
बोला क्योंकि तुसां पुराणे पापी सभाब कने हुण सारे बुरे कम्मा जो
छडी दितया है। 10 हुण तुसां इक नोऐ माणु बणी गियो न, ऐ नोआ
सभाब जड़ा अपणे सृष्टिकर्ता सांई जादा ला जादा बणदा जांदा है
ताकि तुसां उसयो होर भी अच्छे ला समझी सकन। 11 इसा बजा ला
नोईया जिन्दगिया च ना तां कोई होर जाति दा रिया, ना यहूदी, ना
खतना, ना बिना खतने बाला, ना जंगली, ना विदेशी, ना गुलाम कने
ना अजाद बस मसीह ही है जड़ा सब कुछ है कने तुसां सारयां दे
अंदर रेंदा है। 12 इस तांई परमेश्वर तुहांजो प्यार करदा है कने उनी
तुहांजो अपणे पवित्र लोक होणे तांई चुणया है, इस तांई तुसां लोकां
जो, करूणा, भलाई, दीनता, कने नम्रता, कने सेहनशीलता बाला
बणना चाईदा। 13 अगर कुसी जो कुसी पर दोष लाणे दी कोई बजा
हो, तां इक दुज्जे दी सेहन करी लिया, कने इक दुज्जे दे अपराध
माफ करा: जियां प्रभुऐ साड़े अपराध माफ किते, तियां ही तुसां
भी माफ करा। 14 कने इना सारयां ला जरूरी गल्ल ऐ है की इक
दुज्जे ला प्यार करा, इयां करणे ला तुसां पुरे तरीके ला इक जुट होई
जाणा। 15 मसीह तुहाड़े मना च शांति दे, तुसां सब इक ही शरीर दे
हिस्से न, इस तांई तुसां इक दुज्जे सोगी जड़ी शान्ति मसीह दिंदा है
उसा शांतिया ला रेणे तांई सदयो न, कने तुसां धन्यवादी बणी रिया।
16 मसीह दे बचना दे बारे च हर बकत सोचा, ताकि ऐ सब केसी जो

काबू करे जड़ा तुसां सोचदे कने करदे न; सिद्ध ज्ञान ला इक दुज्जे जो
सिखा, कने चेताबनी दिया, कने अपणे-अपणे मने च धन्यबाद सोगी
परमेश्वरे तांई भजन, स्तुतिगान कने आत्मिक गीत गा। 17 जड़ा भी
तुसां बचना ला बोलदे न या जड़ा भी कम्म करा सब प्रभु यीशु दे नाऐ
ला करा, कने उसला प्रभु परमेश्वरे दा धन्यवाद करा। 18 हे पत्रियों,
अपणे-अपणे घरे बालयां दे अधीन रिया क्योंकि मसीह दे पिच्छे
चलणे बालयां तांई ऐ ही ठीक है। 19 हे घरे बालयो, अपणी-अपणी
लाड़ियां ने प्यार रखा, कने उना सोगी प्यारे ला बर्ताब करा। 20 हे
बच्चो, सबना गल्लां च अपणे-अपणे माता-पिता दे हुकमा जो मन्ना
करा, क्योंकि प्रभु इसला खुश होंदा है। 21 हे माता पिताओं, अपणे
बचयां जो बार-बार डांटी करी तंग मत करा, इयां ना हो की उना दा
दिल टूटी जा। 22 हे सेबकों, जड़े इस संसारे च तुहाड़े मालिक
न, सारियां गल्लां च उना दे हुकमा दा पालन करा, माणुआं जो
खुश करणे बालयां सांई दिखावे तांई नी, पर मने दिया सच्चाई कने
परमेश्वरे दे डरे ने करा। 23 जड़ा कुछ तुसां करदे न, पुरे मने ने
करा, ऐ सोची करी की माणुआं तांई नी पर प्रभु तांई करा दे न। 24
क्योंकि तुसां जाणदे की तुसां जो इदे बदले च प्रभु ला सै आशीष
मिलणी है जड़ी परमेश्वरे तुहाड़े तांई रखियो है। तुसां जिस मालिक
दी सेबा करा दे न, सै मसीह है। 25 क्योंकि जड़ा कोई बुरा करदा
रेंदा है, उसयो परमेश्वरे ला सजा मिलणी क्योंकि परमेश्वर कुसी दा
पक्षपात नी करदा।

4 हे मालिकों, स्वर्गे च तुहाड़ा भी मालिक है, ऐ समझीकरी,
अपणे-अपणे दासां सोगी न्याय कने इकोदिया व्यवहार करा। 2
लगातार प्राथना करदे रिया, कने जालू तुसां प्राथना करन तां सतर्क
रिया कने हमेशा परमेश्वरे दा धन्यबाद करदे रिया। 3 कने इदे
सोगी-सोगी साड़े तांई भी प्राथना करदे रिया, की परमेश्वर साड़े
तांई बचन दा प्रचार सुणाने दा मोका दे, की असां मसीह दे उस
भेद जो पुरे तरीके ला सुणाई सकन, इसा ही बजा ला मैं जेला च
है। 4 कने प्राथना करा दा की मैं साफ तरीके ला कने खुलेआम
मसीह दे बारे च दस्सें। 5 हर मोके दा अच्छे ला इस्तेमाल करा ऐ
दसणे तांई की तुसां विश्वासी न, कने जड़े लोक यीशु मसीह पर
भरोसा नी करदे उना सोगी समझदारिया ला बर्ताव करा। 6 उना
ला हमेशा प्यारभाव ला गलबात करा, कने एसियां गल्लां करा
जिसला सै तुहाड़ियां गल्लां च रूची लेन, अगर तुसां ऐसा करदे न,
तां तुहांजो पता लगणा की उना जो कियां जबाब देणा है, जड़े तुहाड़े
भरोसे दे बारे सबाल च उठादें न। 7 प्यारे मसीह भाई कने भरोसे दे
लाइक सेवक, तुखिकुस जड़ा प्रभु यीशु मसीह च मेरा साथी है,
मेरियां सारियां गल्लां उनी तुहांजो दस्सी देंणियां न। 8 उसयो मैं
इस तांई तुहाड़े बाल भेजया है, ताकि तुहांजो पता लगी सके की
साड़े क्या हलात न, कने सै तुहांजो भरोसे च मजबूत करी सके। 9
उदे सोगी उनेसिमुस जो भी भेजया है; जड़ा भरोसे दे लाइक कने
प्यारा मसीह भाई कने सै तुहाड़े ही शेहरे दा है, उना तुहांजो ऐथू
दियां सारियां गल्लां दे बारे च दसी देणा। 10 अरिस्तर्खुस जड़ा मेरे
सोगी कैदी है, कने बरनबास दा भांजा मरकुस तुहांजो नमस्कार
बोलदा है। जिदे बारे च तुहांजो पेहले ही चिठ्ठी मिली बेठियो है की
अगर से तुहाडे बाल ओऐ, तां उसला ढंगे ला व्यवहार करनयो।
11 कने यीशु जिसयो युस्तुस बोलदे न, तुहांजो नमस्कार करदा है।
यहूदी लोकां च बस ऐई तिन परमेश्वरे दे राज्य तांई मेरे साथी कने
मिंजो उत्साहित करणे बाले न। 12 इपफ्रास जड़ा तुहाड़े ही शेहरे ला
है, कने मसीह यीशु दा दास है, तुहांजो नमस्कार करदा है। कने
हमेशा तुहाडे तांई प्राथना करदा है, ताकि परमेश्वर तुहांजो भरोसे च
मजबूत कने सिद्ध करे की तुसां परमेश्वरे दी इच्छा दा पालन करा।
13 मैं उदा गबाह है, कि सै तुहाड़े तांई कने लौदीकिया शेहरे कने
हियरापुलिस शेहरे दे लोकां तांई लगातार प्राथना करदा है। 14 प्यारे
वैध लूका कने देमास दा तुहांजो नमस्कार बोलदे न। 15 लौदीकिया
शेहर दे मसीह भाईयां कने बेहणा जो कने नुमफास कने उदी घरे दी
कलीसिया जो नमस्कार बोलनयो। 16 जालू ऐ चिठ्ठी तुहाडे ऐथू पढ़ी
जांगी, तां ऐसा करनयो की लौदीकिया शेहरे दिया कलीसिया च भी
इसयो पढनयो, कने जड़ी चिठ्ठी लौदीकिया ला ओणी उसयो तुसां भी
पढनयो। 17 फिरी अरखिप्पुसे ला बोलनयो की "जड़ी सेबा प्रभु च
तिजो दितियो है, उसा सेबा जो अच्छे तरीके ने पूरी करनयो।" 18
मैं, पौलुस तुहांजो नमस्ते करणे तांई चिठ्ठी दा ऐ हिस्सा तुहांजो अपणे
हथे ने लिखा दा है, याद रखणा की मैं जेला च है, कने मेरे तांई
प्राथना करनयो, तुसां पर परमेश्वरे दा अनुग्रह होंदा रे। आमीन।

# 1 थिस्सलुनीकियों

**1** ऐ चिट्ठी मैं पौलुस, सिलवानुस कने तीमुथियुस दिया तरफा ला
थिस्सलुनीकिया शेहर दिया कलीसिया दे ना लिखा दा है, जड़े
पिता परमेश्वर कने प्रभु यीशु मसीह च न। मैं प्राथना करदा है की
पिता परमेश्वर तुहांजो पर अपणा अनुग्रह कने तुहांजो शांति दे। 2
असां अपणियां प्राथना च तुहांजो याद करदे कने हमेशा तुसां सबना दे
बारे च परमेश्वरे दा धन्यवाद करदे न, 3 कने जालू असां अपणे पिता
परमेश्वरे ने प्राथना करदे न, तालू असां तुहाड़े उना कम्मा जो याद
करदे न, जड़े तुसां भरोसे दिया बजा ला करदे न, कने जड़िया सकत
मेहनता ने तुसां मसीह भाईयां दी सहायता करदे न क्योंकि तुसां
उना ने प्यार करदे न कने दुख तकलिफा जो सेहन करदे न क्योंकि
तुहांजो आस है, की प्रभु यीशु मसीह जल्दी बापस ओणे बाला है। 4
हे मेरे मसीह भाईयो, तुहांजो ने परमेश्वर बड़ा प्यार करदा है, असां
जाणदे न, की परमेश्वरे तुहांजो अपणे लोक होणे तांई चुणया है। 5
क्योंकि प्रभु यीशु मसीह दा शुभसमाचार तुहाड़े बाल सिर्फ अखरां च
ही नी पर पवित्र आत्मा दिया शक्तिया, कने पूरी मजबुतिया ने तुहाड़े
बाल पूज्या है, तुहांजो पता है की तुहाडे उद्धार तांई तुसां बिच साड़ा
चाल चलन कदिया था। 6 तुसां बड़े भरी दुखां च थे पर तुसां पवित्र
आत्मा दी दीतियो खुशिया सोगी शुभसमाचार जो अपनाई करी साड़े
उदाहरण कने प्रभु दे उदाहरण दा अनुसरण किता। 7 ऐथू दीकर की
तुसां मकिदुनिया प्रदेश कने अखाया प्रदेशे दे सारे विश्वासियां तांई
आदर्श बणी गे। 8 क्योंकि तुहाड़े ऐथू ला ना सिर्फ मकिदुनिया प्रदेश
कने अखाया प्रदेशे च प्रभु दा बचन सुणाया, पर तुहाड़े भरोसे दी
चर्चा हर पासे फेली गेई जड़ा परमेश्वरे पर है, हर जगा जिथू असां
गे, ओथु सांझो लोक मिल्ले जिना सांझो तुहाड़े भरोसे दे बारे च
दसया, जड़ा परमेश्वरे पर है, इस तांई सांझो तुहाड़े बारे च कुछ
बोलणे दी जरूरत नी है। 9 क्योंकि सै लोक अपु ही दुज्जयां जो
दसदे न की तुसां साड़ा स्वागत किता जालू असां तुहाड़े बाल आऐ;
कने तुसां कजो मूर्तियां ला दूर होईकरी परमेश्वरे बाल आये ताकि
तुसां जिन्दे कने सच्चे परमेश्वरे दी सेबा करन। 10 कने तुसां स्वर्गे
ला परमेश्वरे दे पुत्रे दे ओणे दी आस रखा दे न, जिसयो परमेश्वरे
मरयां चे जिन्दा किता, मतलब की यीशुऐ जो, जड़ा सांझो परमेश्वरे
दे ओंणे बाले गुस्से ला बचादां है।

**2** हे मसीह भाईयो, तुहांजो अपु ही पता है, साड़ा तुहाड़े बाल ओंणा
फायदेमंद होया। 2 तुसां अपु ही जाणदे न की तुहाड़े बाल ओणे
ला पेला असां फिलिप्पी शेहरे च कितणे दुख झेले। फिर भी परमेश्वरे
सांझो इतणी हिम्मत दिती, की तुहाड़े शेहरे दे लोकां ला साड़ा इतणा
बिरोध होणे बाद भी असां परमेश्वरे दा शुभसमाचार तुहांजो सुणाया।
3 क्योंकि साड़ा उपदेश ना तां धोखा था, कने ना हीं गलत इरादे
ने, कने ना ही छलावा है। 4 परमेश्वरे सांझो काबिल समझीकरी
शुभसमाचार दितया है, इस तांई असां माणुआं जो नी, पर असां मना
जो परखणे बाले परमेश्वरे जो खुश करणे तांई उपदेश दिन्दे न। 5
तुहांजो पता है, की असां कदी भी चापलूसी दियां गल्लां नी करदे
थे, क्योंकि असां ना ही कदी पैसे दे लालचे दे इरादे ने कुछ किता,
परमेश्वर इसा गल्ला दा गबाह है की असां ऐसे नी थे। 6 असां ना
माणुऐ ला, ना ही तुहाड़े ला कने ना ही कुसी होरसी ला आदर नी
चांदे थे। पर मसीह दे प्रेरित होणे दिया बजा ला तुसां ला सहायता
मंगणा साड़ा हक था। 7 पर जियां माता-पिता अपणे बचयां जो
पालदे न, तियां ही असां भी तुहाड़े बिच रेई के इयुदी दीनता दसियो
है। 8 असां तुहांजो सोगी इतणा प्यार करदे न की सिर्फ परमेश्वरे दा
शुभसमाचार सुणने तांई ही नी पर तुहाड़े तांई अपणी जान देंणे तांई भी
तैयार थे। इस तांई की असां तुहाड़े सोगी बड़ा प्यार करदे थे। 9 हे
मसीह भाईयो, तुसां साड़ी मेहनत कने प्यारे जो याद रखदे न, की
असां इस तांई रात दिन कम्म धंधे करदे होये परमेश्वरे दे शुभसमाचारे
दा प्रचार तुहाड़े च किता, ताकि असां अपणी जरूरतां तांई तुसां कुसी
पर भी कोई बोझ ना बणन। 10 तुसां अपु भी कने परमेश्वर भी गबाह
है, तुसां विश्वासियां सोगी साड़ा सभाव कितणा सच्चा, धर्मी कने
निर्दोष था। 11 तुहांजो पता है, की जियां पिता परमेश्वर अपणे बचयां
सोगी बर्ताब करदा है, तियां ही असां भी तुसां सबना जो उपदेश, कने
प्रोत्साहित करदे, कने समझांदे थे। 12 की तुसां अपणी जिन्दगी इस
तरीके ला जिया जड़ी परमेश्वरे जो खुश करे, जड़ा तुहांजो अपणे
राज्य कने माहिमा च हिस्सेदार होणे तांई सददा है। 13 इस तांई असां
भी हमेशा परमेश्वरे दा धन्यावाद करदे न; की जालू तुसां परमेश्वरे दा
संदेश सुणया जड़ा असां प्रचार किता, तां तुसां उसयो माणुऐ दा नी पर
परमेश्वरे दा सच्चा संदेश समझी के अपनाया, सै ही संदेश तुसां च
कम्म करदा है, जड़े यीशु मसीह पर भरोसा रखदे न। 14 हे मसीह
भाईयो, इस तांई तुसां भी परमेश्वरे पर भरोसा करणे बाले लोकां सांई
न, जड़े यहूदी प्रदेश च रेंदे न कने मसीह च न, क्योंकि तुहांजो भी
अपणे लोकां ला तदिया ही दुख मिल्ला जदिया यहूदी मसीह लोकां
जो यहूदियां ला मिल्ला था। 15 उना यहूदियां जिना प्रभु यीशुऐ
जो, कने परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां जो मारी दिता कने सांझो तंग
किता, कने परमेश्वर उना ला खुश नी है, कने सै सारे माणुआं दा
बिरोध करदे न। 16 सै सांझो होर जातियां जो ऐ दसणे ला रोकणे दी
कोशिश करा दे थे की परमेश्वर उना जो कियां बचाई सकदा है कने
सै अपणे पाप पर पाप जोड़दे जांदे न; कने हुण अंत च परमेश्वर उना
जो पक्का सजा देणेबाला है। 17 हे मेरे प्यारे मसीह भाईयो, जालू
असां थोड़ी देरा तांई मने ला नी पर, असां शारीरक रूप ला तुहाड़े
सोगी नी थे, तां असां बड़ी इच्छा ला तिजो दिखणे तांई होर भी जादा
कोशिश किती। 18 इस तांई असां (मतलब की मैं पौलुसे) इक बरी
नी, पर केई बरी तुहाड़े बाल औणे दी सोची, पर शैतान सांझो तुहाड़े
बाल ओणे तांई रोकदा था। 19 साड़ी आस, खुशी या बड़ाई दा
मुकट कुण है? ऐ तुसां ही होणे जालू साड़े प्रभु यीशु मसीहे फिरी मुड़ी
करी ओणा है। 20 साड़ी बड़ाई कने खुशी तुसां ही न।

**3** आखरी च जालू असां तुहांजो मिलयो बिना नी रेई सके, तां मैं
पौलुसे कने सिलासे एथेंस शेहरे च किल्ले रेणे दा फेसला किता।
2 कने असां तीमुथियुस जो जड़ा मसीह दे शुभसमाचारे च साड़ा भाई
है, कने परमेश्वरे दा सेवक है, उसयो इस तांई तुहाड़े बाल भेजया की

सै तुहांजो प्रोत्साहित करे कने तुहाड़े मसीह पर भरोसे जो मजबूत
करे। 3 ताकि कोई इना दुखां दिया बजा ला भरोसे च कमजोर ना
होई जाऐ; क्योंकि तुसां अपु ही जाणदे न, की सांझो मसीह च दुख
झेलणे पोणे न। 4 जालू असां तुहाड़े ओथु रेंदे थे, उस बकत तुहांजो
बोलदे थे कि, सांझो लोकां ला दुख झेलणे पोणे न, कने इयां ही
होया, कने तुसां जाणदे भी हेन। 5 इसा बजा ला जालू मिंजो ला
तुहांजो मिलयो बिना नी रिया गिया, तां मैं तुसां लोकां दे भरोसे दा
हाल जाणने तांई तीमुथियुस जो भेजया, क्योंकि असां डरदे थे, कुथी
इयां ना हो की परिक्षा करणे बाले शैताने तुहाड़ी परिक्षा लेई हो,
कने साड़ी मेहनत बेकार होई गेई हो। 6 पर हुण तीमुथियुसे तुहाड़े
बखे ला आई करी तुहाड़े भरोसे कने प्यार दा शुभसमाचार सुणाया।
कने ऐ भी सुणाया, की तुसां हमेशा प्यारे ला मिंजो याद करदे न,
कने सांझो दिखणे दी इच्छा रखदे न, जियां असां तुहांजो दिखणे दी
इच्छा रखदे थे। 7 इस तांई हे मसीह भाईयो, असां अपणी सारी दुख
तकलिफां च जालू तीमुथियुस ला सुणया की तुसां भरोसे च मजबूत
न, तां सांझो बड़ी शांति मिल्ली। 8 क्योंकि हुण तुसां प्रभु च टिकी
रेंगे, तां इसला सांझो नोई जिंदगी मिलदी है। 9 कने जदेई खुशी
तुहाड़िया बजा ला सांझो अपणे परमेश्वरे सामणे है, इसा खुशिया
तांई तुहाड़े बारे च असां कियां परमेश्वरे अग्गे धन्यावाद करन? 10
असां लगातार ऐई प्राथना करदे रेंदे न, की तुहांजो सोगी दुबारा मिली
सकन, कने जड़ा जरूरी है तुहांजो सिखाई सकन, ताकि तुसां पुरे
तरीके ला प्रभु यीशु मसीह पर भरोसा करी सकन। 11 साड़ी ऐ
प्राथना है, की साड़ा पिता परमेश्वर कने प्रभु यीशु मसीह, तुहाड़े ऐथू
औणे तांई साड़ी सहायता करे की असां आई सकन। 12 असां ऐ
भी प्राथना करदे न की प्रभु यीशु मसीह ऐसा करे कि, जियां असां
तुहांजो ने प्यार करदे न, तियां ही तुसां भी इक दुज्जे ने प्यार करा,
कने सारयां लोकां सोगी तुहाड़ा प्यार होर भी बदे कने बददा ही जा,
13 कने असां प्राथना करदे न ताकि सै तुहाड़े मना जो ऐसा मजबूत
करे, की जालू साड़ा प्रभु यीशु अपणे सारे पवित्र लोकां सोगी बापस
ओऐ, तां सै साड़े पिता परमेश्वरे सामणे पवित्रता च निर्दोष साबित
होन।

**4** आखरी च हे मेरे मसीह भाईयो, असां प्रभु यीशु मसीह दे नाऐ
ला तुहांजो ला बिनती करदे न, की तुसां इस तरिके ला जिंदगी
जिया, जड़ी परमेश्वरे जो खुश करे, जियां असां तुहांजो सिखाया,
कने तुसां तियां जिंदगी जिंदे भी हेन कने असां तुहांजो ऐसा करणे तांई
होर भी उत्साहित करदे न। 2 तुसां जाणदे न कि प्रभु यीशु मसीहे
सांझो जड़ा अधिकार दितया है, उदे जरिये असां तुहांजो निर्देश
दितयो न। 3 परमेश्वरे दी इच्छा ऐ है, की तुसां पवित्र बणन कने
व्यभिचार मत करा, 4 तुसां चे हर इक माणु अपणे शरीर पर काबू
रखणा सीखी करी अपणे शरीर जो पवित्र बणाई रखे कने उदी इज्जत
करे। 5 कने तुसां जो ऐ कम्म होर जातियां सांई वासना दी इच्छा ला
नी करणे चाइदे, जड़ियां परमेश्वरे जो नी जाणदियां न। 6 ऐसे कम्म
करणे ला सै अपणे मसीह भाई दे खिलाफ पाप करदा है, कने ना ही
कोई उस सोगी चलाकी करा, क्योंकि प्रभुये इना सारयां जो सजा
देणी है, जड़े इयुदियां चीजां करदे न; जदिया असां तुहांजो पेहले
भी बोलया कने समझाया था। 7 क्योंकि परमेश्वरे सांझो अपबित्र
जिन्दगी जिणे तांई नी पर पबित्र जिन्दगी जिणे तांई सदया है। 8
इस तांई जड़ा इना हुकमा जो नी मनदा है, सै साड़े हुकमा जो नी,
पर परमेश्वरे दे हुकमा जो नी मनदा है, जिनी अपणी पबित्र आत्मा
तुहांजो दितियो है। 9 पर मसीह भाईयां दे प्यारे दे बारे च ऐ जरूरी नी
है, कि मैं तुहांजो कुछ लिखें, क्योंकि इक दुज्जे सोगी प्यारे ला रेणा
तुसां अपु ही परमेश्वरे ला सिखया है; 10 कने सारे मकिदुनिया प्रदेशे
दे मसीह भाईयां सोगी प्यार रखया है, पर हे मसीह भाईयो, असां
तुहांजो ला ऐ बिनती करदे न की तुसां होर भी अग्गे बददे जा, 11
कने जदिया असां तुहांजो समझाया है, तियां ही शान्ति ने जिन्दगी
जिया कने ना ही दुज्जयां दे कम्मा च दखल दिया कने अपणे हथां
ला कमाणे दी कोशिश करा। 12 ताकि जड़े लोक यीशु मसीह पर
भरोसा नी करदे, सै दिखी सकन की तुहाड़ा व्यवहार कदिया है, कने
लोक तुहाड़ी इज्जत करन, कने तुहांजो कुसी भी जुरूरतां तांई दुजयां
पर निर्भर ना होणा पोऐ। 13 हे मसीह भाईयो, असां चांदे न, की तुसां
ऐ जाणी लिया की जड़े मसीह च मरी गियो न, इना सोगी क्या होणा;
इयां नी हो की तुसां दुजयां सांई शोक करा जिना जो आस नी है की
मरणे बाद भी जिन्दगी है। 14 असां भरोसा करदे न की यीशु मरया,
कने जिन्दा होया, तां तियां ही परमेश्वरे उना जो भी जड़े यीशु च सोई
गियो न, यीशु मसीह सोगी बापस लेई ओणा है। 15 असां प्रभु यीशु
मसीह दे बचना दे अनुसार तुहांजो ऐ बोलदे न, की असां जड़े जिंदे
न, कने प्रभु यीशु मसीहे दे बापस ओणे दीकर बची रेंगे, तां जड़े
लोक पेहले यीशु मसीह च मरी गियो न, उना पेहले यीशु मसीह ने
मिलणा। 16 क्योंकि प्रभु यीशु मसीहे अपु ही स्वर्गे ला उतरणा; उस
बकत प्रभु यीशुऐ जोरें ने हुकम देणा, कने प्रधान स्वर्गदूतां जोरें ला
बोलणा, कने परमेश्वरे दी तुरही बजाणी; कने उस बकत जड़े पेहले
यीशु मसीहे पर भरोसा करदे होए मरी गियो न, उना मरयां चे जी
पोणा है। 17 तालू इदे बाद असां जड़े जिन्दे कने बचयो रेंगे, उना
सोगी बदला च चुकी लेई जाणे, ताकि बदलां च प्रभु यीशु मिलन,
कने उस बकते ला असां हमेशा प्रभु सोगी रेणा। 18 इना गल्लां ला
इक दुज्जे जो दिलासा दिया करा।

**5** हे मेरे मसीह भाईयो, तुहांजो ऐ दसणे दी जरूरत नी है, की प्रभु
यीशु मसीहे कालू ओणा है। 2 क्योंकि तुसां अपु जाणदे न की
जियां राती जो चोर अचानक आई जांदा है, तियां ही प्रभु यीशु मसीहे
दा आगमन भी अचानक होणा। 3 जालू लोक बोलगे, ठीक ठाक है,
कने कोई डर नी, तालू उना जो इकदम दुख तकलिफां दा सामणा
करणा पोंणा है, जियां गर्भबती जो इकदम पीड़ पौंदी; तालू सै कुथी
भी नठी नी सकदी, तियां ही सै उसा बड़िया मुसीबता ला कुसी भी
तरीके ला नी बची सकणा। 4 पर हे मसीह भाईयो, तुसां जड़े नेहरे
च नी न कने सै दिन तुहाड़े पर चोरां सांई आई पोऐ जिस दिन यीशु
मसीहे बापस ओणा। 5 क्योंकि तुसां सारे जड़े ज्योति ने रिशता
रखदे न, कने दिने दी ओलाद न, असां ना तां राती ने, कने ना ही
नेहरे ने रिशता रखदे न। 6 इस तांई सांझो अविश्वासियां सांई सोंदे

3 मसीह पर भरोसा करणे बालयां लोकां जो याद दिलांदा रे, की हाकिमां कने अधिकारियां दे अधीन रिया, कने उना दी गल्ल मन्ना कने इज्जत करा, कने हर इक खरे कम्मे तांई तैयार रिया, 2 सै कुसी जो भी बदनाम ना करन, लड़ाई झगड़े करणे बाले ना होन, पर दयालु सभावे दे होन, कने सारे लोकां सोगी बड़े प्यारे ने रेन। 3 क्योंकि असां यीशु मसीह पर भरोसा करणे ला पेहले मुर्ख कने परमेश्वरे दे हुकम नी मनणे बाले थे, कने लोकां ला धोखा खाणे बाले थे, असां बुरियां इच्छां कने संसारे दियां चीजां दे गुलाम थे, कने जलन करी के जिन्दगी कटदे थे, कने लोकां ला नफरत कने इक दुज्जे सोगी दुशमणी रखदे थे। 4 पर फिरी भी साड़े उद्धारकर्ता परमेश्वरे अपणी दया कने प्यार सांझो लोकां पर दस्सी। 5 तां उनी सांझो साड़े पापां दी सजा ला बचाया कने ऐ धर्मे दे कम्मा दिया बजा ने नी, जड़े असां अपु किते, पर उनी अपणी दया दे अनुसार, उनी साड़े पापां जो धोई करी दूर किता, कने पबित्र आत्मा ला सांझो नोआ सभाब कने नोई जिन्दगी दिती है। 6 साड़े उद्धारकर्ता प्रभु यीशु मसीहे जड़ा किता उदे जरिये परमेश्वरे सांझो पबित्र आत्मा दितया है, ताकि सै सांझो च सामर्थ बाले कम्म करी सके। 7 जिसने असां उस हमेशा दी जिन्दगी दी आस रखी सकन जड़ी परमेश्वरे सांझो अपणी ओलाद दे रूपे च देणे दा बायदा कितया है। कने उदे बारे च असां जाणी सकदे न क्योंकि परमेश्वरे अपणे अनुग्रह दे जरिये सांझो अपणे सोगी सही बणाया है। (aiōnios g166) 8 ऐ गल्ल सच्ची है, जड़ी मैं हुणी दस्सी है कने मैं चांदा है, की तू भरोसा करणे बालयां जो इना गल्लां दे बारे च मजबूती ने सिखा। इस तांई की जिना परमेश्वरे पर भरोसा रखया है, सै खरे-खरे कम्मा जो करणे च अपणा बकत देणे च ध्यान लगान, ऐ गल्लां सारयां तांई खरियां न, कने फायदेमंद न। 9 पर मुर्ख गल्लां दी बेहसा ला दूर रिया, पूर्वजां दी लम्बियां सूचियां पर अपणा बकत बर्बाद मत करा, कने बैर बिरोध, कने उना झगड़यां ला बची के रिया जड़े मूसा दे नियमा दे बारे च न, क्योंकि इना गल्लां दा कोई फायदा नी है। 10 जड़े लोक कलीसिया च फुट पांदे न, तिजो उना लोकां जो कम्म से कम्म दो बरी चेतावनी देणी चाईदी, की सै ऐसा करणा बंद करी देन। उदे बाद उना पर होर बकत बर्बाद मत करदे कने उना ला दूर रेणा चाईदा। 11 तुसां ऐ पक्का करी लिया की ऐसा माणु जड़ा जाणी बुझी करी बुरे रस्ते पर चलदा है, तां उदे खुद दे बुरे कम्म ही साबित करदे न की सै दोषी है। 12 जालू मैं तेरे बाल क्रेते टापू पर अरतिमास कने तुखिकुस जो भेजगा, तालू तू मेरे बाल निकुपुलिस शेहर औणे दी कोशिश करयां, क्योंकि मैं ओथु ही सर्दियां कटणे दी सोचियो है। 13 जालू जेनास व्यवस्था जो सिखाणे बाला कने अपुल्लोस अपणी यात्रा तांई निकलगे, तां इना दी सहायता करणे तांई जड़ा कुछ तू करी सकदा है, सै तू करयां। कने ऐ ध्यान रखयां की उना जो कुसी भी चीजा दी कमी ना हो। 14 सिर्फ इतणा ही नी, पर तिजो भरोसा करणे बालयां जो सिखांदे भी रेणा चाईदा की भले कम्म करणे तांई लगातार मेहनत करदे रिया, ताकि उना लोकां दियां जरूरतां पुरियां होई सकन जिना बाल कुछ नी है, ऐ भरोसा करणे बालयां दी सहायता करदा है की, सारे इक ही मकसद ने जिन्दगी जी सकन। 15 मेरे सोगी ऐथू दे सारे भरोसा करणे बाले तिजो नमस्कार करदे न। ओथु क्रेते टापू च साड़े भरोसा करणे बाले साथियां जो जड़े सांझो ने प्यार करदे न, उना जो भी मेरी तरफा ला नमस्ते बोलयां। मैं प्राथना करदा है की, प्रभु तुसां सारयां पर अनुग्रह करे।

# फिलेमोन

1 मैं, पौलुस इसा चिठिया जो लिखा दा है। मैं यीशु मसीह दिया
सेबा तांई जेला च बन्द है। मैं कने साड़ा मसीह भाई, तीमुथियुस
तुहांजो नमस्कार करदे न। कने मैं ऐ साड़े प्यारे मित्र कने सोगी कम्म
करणे बाले फिलेमोन जो लिखा दा है। 2 कने मैं साड़ी मसीह बेहण
अफफिया कने मसीह भाई अरखिप्पुस, जड़ा योधा सांई परमेश्वरे दी
सेबा करदा है कने उसा कलीसिया दे ना जड़ी तुहाड़े घरे गिठी होंदी
है उसा जो भी लिखा दा है। 3 मैं प्राथना करदा है की साड़े पिता
परमेश्वर कने प्रभु मसीह यीशु दिया तरफा ला तुहांजो अनुग्रह कने
शांति मिलदी रे। 4 क्योंकि मैं जालू भी तिजो तांई प्राथना करदा है,
मैं हमेशा तेरे तांई परमेश्वरे दा धन्यवाद करदा है कने अपणी प्राथना
च भी तिजो याद करदा है। 5 मैं प्रभु यीशु मसीह च तेरे भरोसे दी
कने परमेश्वर दे सारे लोकां तांई तेरे प्यार दी चर्चा सुणदा है। 6 मैं
प्राथना करदा है की तू अपणे भरोसे च मजबूत होई जाऐ कने उना
सारी अच्छी चिजां जो समझी सके जिना जो परमेश्वरे सांझो दितया
है, इसी बजा ने लोकां मसीह दी महिमा करणी है। 7 क्योंकि हे
मसीह भाईयो, तुहाड़ी इक दुज्जे तांई प्यारे दी भावना ने मैं बड़ा
खुश है कने उत्साहित है, इस तांई की तेरे जरिये परमेश्वरे दे लोक
उत्साहित न। 8 इसा बजा ला मैं तिजो मसीह च इक भरोसा करणे
बाला होणे दे नाते खरे कम्म करणे तांई बड़े हके सोगी हुकम देई
सकदा है। मैं बजुर्ग पौलुस, जड़ा हुण यीशु मसीह दी सेबा करणे दिया
बजा ला इक केदी भी है, फिर भी तिजो बड़े प्यार ला बिनती करदा
है। 10 मैं उनेसिमुस तांई बिनती करदा है, जड़ा मेरे तांई पुत्रे सांई है।
जालू सै जेला च था तालू सै मसीह च मेरा पुत्र बणी गिया। 11 सै तां
पेहले तेरे कुसी कम्मे दा नी था, पर हुण तेरे कने मेरे दोनो तांई बड़े
कम्में दा है। 12 चाहे मैं उनेसिमुस सोगी बड़ा प्यार करदा है, पर मैं
उसयो तुहाडे बाल भेजा दा है। 13 मैं उसयो अपणी मदद तांई अपणे
बाल ही रखणा चांदा था, जबकि मैं शुभसमाचारे दा प्रचार करणे तांई
जेला च था। सै ऐथू मेरी मदद करणे तांई है तेरी जगा लेई सकदा है,
क्योंकि मिंजो पता है की तू मेरी मदद करणा चांदा है। 14 अगर तू
सेहमत नी है तां मैं उसयो ऐथू नी रखगा, मैं चांदा है की तू अपणिया
खुशिया ला मेरी मदद करे क्योंकि इस तांई नी की मैं तिजो ऐ करणे
तांई मजबूर किता है। 15 शायद ऐई बजा है की परमेश्वरे उनेसिमुस
जो थोड़े बकते तांई तिजो ला दूर जाणे दा हुकम दिता ताकि सै
मसीह पर भरोसा करे, इसा बजा ला तू उसयो अपणे बाल रखणा है।
**(aiōnios g166)** 16 तू उसयो दास ना समझन पर सै दास ला भी
बदीकरी है, सै हुण विश्वासी साथी है कने प्यारा भी है कने तुहांजो
उसयो होर भी जादा प्यार करणा है, कने मैं उसयो बड़ा प्यार करदा
है, पर तिजो उसयो दासे दे रूपे च होर भी जादा प्यार करणा चाईदा
क्योंकि सै मसीह च इक भाई है। 17 अगर तू मिंजो अपणा साथी
समझदा है, जालू उनेसिमुस बापस तेरे बाल ओंगा तां उदा खुशिया
ला स्वागत करयां जियां मेरा स्वागत करदे न। 18 अगर उनी तेरा
कुछ नुक्सान कितया या उस पर तेरा कोई कर्ज है तां उसयो मेरे नां
लिखी दे। 19 मैं पौलुस अपणे हथे ने लिखदा है की मैं उदा कर्ज
भरी दिंगा; हालांकि तुसां पेहले ला ही जाणदे न की, अगर मैं तुहाड़ी
मदद नी कितियो होंदी तां तुहांजो खुद नोई जिन्दगी नी मिलियो
होंदी इस तांई तुसां अपणी जिन्दगी तांई मेरे कर्जदार न। 20 मेरे प्यारे
मित्र, ऐ खुशी मिंजो प्रभु च तेरिया तरफा ला मिल्ले, कने इक साथी
विश्वासी दे रूपे च मिंजो उत्साहित करे। 21 जियां की मैं तुहांजो
लिखया है, मिंजो यकीन है की तुसां तियां ही करणा जियां मैं करणे
जो बोलया। मिंजो पता है की उसला भी बदीकरी करणा जितणा मैं
तुहांजो बोलया। 22 इक होर गल्ल कने मेरे तांई अपणे घरे च इक
कमरा तैयार करा क्योंकि मैं उम्मीद करदा है की परमेश्वरे तुहाड़ी
प्राथना दा जबाब देणा की मैं दुबारा तुहाड़े बाल ओंऐ कने मिली
सके। 23 इपफ्रास, जड़ा यीशु मसीह दा प्रचार करणे दिया बजा ला
मेरे सोगी जेला च है कने मसीह च तुहांजो नमस्कार करदा है। 24
कने मरकुस, अरिस्तर्खुस, देमास, लूका जड़े मेरे सोगी प्रभु दा कम्म
करदे न, इना दी तरफा ला तुहांजो नमस्कार। 25 मैं प्राथना करदा है
की साड़ा प्रभु यीशु मसीह तुहांजो पर अनुग्रह करे। आमीन।

# इब्रानिया

**1** परमेश्वरे पराणे जमाने च परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां दे जरिये
बड़ी बरी बड़े तरिक्यां ला साड़े पूर्वजां सोगी गल्लां कितियां,
2 पर इना आखरी रोजां च परमेश्वरे साड़े सोगी अपणे पुत्रे जरिये
गल्लां कितियां। परमेश्वरे अपणे पुत्रे जरिये सारियां चीजां जो बणाया
कने उसयो सारे संसारे दा बारिस बणाया। (aiōn g165) 3 पुत्र ही
परमेश्वरे दी महिमा दी लौ, कने बिलकुल उदे सांई ही है, कने अपणे
शक्तिशाली बचना ला सारे संसारे जो चलादां है। उनी लोकां जो उना
दे पापां ला शुद्ध किता, कने इदे बाद स्वर्गे च महिमामय परमेश्वरे दे
सजे पासे जाई बैठा। 4 इस तांई परमेश्वरे अपणे पुत्रे जो ऐसा ना दिता
जड़ा स्वर्गदूतां ला जादा महान है, इसला सांझो पता चलदा है की
पुत्र उना ला कितणा जादा महान है। 5 क्योंकि पवित्र शास्त्र च ऐ
कुथु भी नी लिखया है की परमेश्वरे अपणे कुसी स्वर्गदूते ला ऐसा
कदी नी बोलया जड़ा उनी अपणे पुत्रे ने बोलया, “तू मेरा पुत्र है;
अज मैं घोषणा करदा है की तू मेरा पुत्र है।” कने उनी फिरी कदी भी
कुसी स्वर्गदूते ने ऐ नी बोलया की, “मैं तेरा पिता होणा, कने तू मेरा
पुत्र होणा।” 6 परमेश्वरे अपणे बड़े महान पुत्रे जो संसारे च भेजणे ला
पेहले बोलया की, “उदे सारे स्वर्गदूत उसयो अराधना करन।” 7
कने स्वर्गदूतां दे बारे च ऐ बोलदा है, “परमेश्वर अपणे स्वर्गदूतां जो
होआ सांई बणादां है, कने अपणे सेवकां जो बलदी अग्गी सांई बणांदा
है।” 8 पर पुत्रे दे बारे च बोलदा है, “हे परमेश्वर तेरा राज युगां-युंगा
दीकर बणी रेणा तू लोकां पर न्याय ला राज करणा। (aiōn g165) 9 तू
भले कम्मा ला प्यार कने पाप दे कम्मा ला दुश्मणी रखी; इसी तांई
तुहाड़े परमेश्वरे, तेंरे साथियां बीचे ला तुहांजो चुणया, कने बड़िया
खुशिया ला उना ला लग करिरी नियुक्त कितया।” 10 पवित्र शास्त्र ऐ
भी बोलदा है की, “शुरूआत च तू धरती जो बणाया, कने तू सै सब
कुछ भी बणाया जड़ा अम्बरे च है। 11 इना तां सारयां खत्म होई
जाणा; पर तू युगां-युगां दीकर बणी रेणा; कने उना सारयां कपड़यां
सांई पुराणे होई जाणा। 12 कने तू उना जो चादरा सांई बटोलणा, कने
उना जो कपड़यां सांई बदलणा: पर तू हमेशा इकोदिया रेणा कने तू
हमेशा जिन्दा रेणा।” 13 कने परमेश्वरे कदी कुसी स्वर्गदूते जो ऐसा
नी बोलया, “जालू दीकर मैं तेंरे सारे दुश्मणा जो हराई ना दे, तालू
दीकर तू मेंरे सजे पासे बैठी रे कने इज्जत ले।” 14 तां स्वर्गदूतां दा
क्या कम्म है? सै सिर्फ परमेश्वरे दे सेवक न, कने परमेश्वर उना जो
उना लोकां दी देखभाल करणे तांई भेजदा है, जिना दा उद्धार होणा है।

**2** इस तांई, जरूरी है की असां जड़ियां गल्लां सिखियां न, उना जो
मनणे पर जादा ध्यान देन, तां असां सच्चाईया ला नी भटकणा।
2 क्योंकि जड़ी व्यवस्था स्वर्गदूतां दे जरिये बोलियो थी, सै हमेशा
सच्च साबित होई, कने जड़े इसा व्यवस्था जो नी मंदे थे, उना जो
परमेश्वरे ला सजा मिलदी थी। 3 तां सांझो भी सजा मिलणी, अगर
असां इस महान उद्धारे जो नी मनगे। कने इस उद्धार दे बारे च सारयां
ला पेहले प्रभुऐ अपु बोलया था, कने जिना लोकां इस उद्धारे दे संदेश
दे बारे च सुणया उना सांझो साबित किता की ये सच्च है। 4 कने
जालू भी परमेश्वरे दी इच्छा होई तालू उनी चिन्न कने लग-लग
चमत्कारां जरिये कने पवित्र आत्मा दे जरिये लोकां जो बरदान
देईकरी इस उद्धार दे संदेश जो साबित किता है। 5 परमेश्वरे उस ओणे
बाले संसार जो जिदे बारे च असां बोला दे न, अपणे स्वर्गदूतां दे
अधीन नी कितया पर अपणे पुत्र यीशु मसीह दे अधीन कितया है। 6
पर पवित्र शास्त्र च कुथी ऐ लिखया है की, माणु क्या न, की परमेश्वर
तू उदी चिंता करदा है या देखभाल करदा है? सै माणुऐ ला जादा
होर कुछ नी है। 7 तू उसयो स्वर्गदूतां ला घट शक्ति दितियो है; तू
उसयो राजे सांई महिमा कने इज्जत दिती कने उसयो अपणे हथां दे
कम्मा पर हक दिता। 8 तू सारियां चीजां पर उसयो हक दिता ताकि
सै सारयां पर राज करे, इस तांई ऐसा लगदा है की परमेश्वरे सारा
कुछ माणुऐ दे बशे च करी दितया है। मतलब की ऐसा कुछ नी
है, जड़ा उदे काबू च ना हो। पर असां दिखी सकदे न, की हले
दीकर भी सारा कुछ माणुऐ दे बशे च नी है। 9 पर असां यीशुऐ जो
दिखदे न! उसयो थोड़े बकते तांई स्वर्गदूतां ला घट दर्जा दितया था,
ताकि परमेश्वरे दे अनुग्रह ला सै सारे लोकां तांई मरी जाऐ। इस
तांई उनी दुख झेले कने मरी गिया कने परमेश्वरे उसयो महिमा कने
इज्जत दिती। 10 परमेश्वरे सारा कुछ बणाया कने सारियां चीजां जो
अपणे तांई सम्भाली रख्या है। इसा बजा ला, की लोकां जो अपणी
महिमा च हिस्सेदार बणाऐ, परमेश्वरे ऐ फेसला लिया की, ऐ सही
होणा की प्रभु यीशु मसीह दुख झेली करी इक ऐसा माणु बणी जाऐ
जड़ा चरित्र च सिद्ध है। क्योंकि यीशु ही है जड़ा उना दा उद्धार करी
सकदा है। 11 क्योंकि सै जड़ा लोकां दे पापां जो माफ करदा है,
कने सै जिना दे पाप माफ होंदे न, उना दोना दा पिता इक ही है,
इसा बजा ला यीशु उना जो भाई कने बेहण बोलणे ला नी शरमांदा।
12 कने इदे बारे च यीशु मसीह परमेश्वरे ला बोलदा है, “मैं अपणे
मसीही भाईयां जो दसणा की तू मेंरे तांई कितणे खरे कम्म किते,
कने जालू सै तेरी अराधना करणे तांई गिठे होंगे तालू मैं तेरी महिमा
उना सारे लोकां बिच करगा।” 13 सै दुबारा बोलदा है की, “मैं
परमेश्वरे पर भरोसा रखणा।” कने सै दुबारा बोलदा है की, “मैं उना
लोकां सोगी है जिना जो परमेश्वरे मिंजो दितया है।” 14 क्योंकि
परमेश्वरे दे बच्चे माणु न, मतलब की जड़े मास कने खूने दे बणयो
न, कने पुत्र भी इक माणु बणी गिया, क्योंकि इक माणु बणी करी ही
सै मरी सकदा था, कने मरणे जरिये ही सै शैतान जो हराई सकदा
था, जिदे बाल मौत दी शक्ति है, 15 कने इस तरीके ला प्रभु यीशुऐ
उना सारयां जो अजाद करी दिता जड़े अपणी पूरी जिन्दगी मौत दे
डरे च होईकरी गुलामा सांई जी दे थे। 16 क्योंकि प्रभु यीशु तां
स्वर्गदूतां जो नी बल्कि अब्राहम दे वंशा दी सहायता करदा है। 17
इस बजा ला उस तांई जरूरी था की, यीशु हर तरीके ला बिलकुल
साड़े सांई बणी जाऐ, कने इस तरीके ला सै परमेश्वरे दा सच्चा कने
दयालु महायाजक बणया। कने जड़ा बलिदान सै उना तांई करदा है
ताकि उदे जरिये लोकां जो उना दे पापां ला माफी मिल्ली सके। 18
क्योंकि यीशु मसीहे मुशकिलां कने दुखां जो सेहन किता इस तांई सै

उना लोकां दी सहायता करी सकदा है जड़े मुशकिलां कने दुखां जो
सेहन करा दे न।

**3** इस तांई हे मसीह भाईयो जड़े परमेश्वरे ला रिश्ता रखदे न,
तुहांजो स्वर्गे दी जिन्दगिया च हिस्सेदार बणने तांई सदया है।
यीशु मसीह पर ध्यान दिया जिसयो असां मंदे न, जड़ा साड़े तांई
परमेश्वरे दे शुभसमाचार दा दूत कने महायाजक है। 2 यीशु मसीहे सै
सारा कुछ किता जड़ा परमेश्वरे उसयो करणे तांई बोलया, बिलकुल
तियां ही जियां मूसा परमेश्वरे दे परिबारे दे सारे लोकां दी सेबा करणे
च भरोसे दे लायक था। 3 घर बणाणे बाले जो घरे ला जादा इज्जत
मिलदी है। इयां ही यीशु मूसा ला जादा आदर दे काबिल है। 4
क्योंकि हर इक घरे जो बणाने बाला कोई न कोई होंदा है, पर जिनी
सब कुछ बणाया है सै परमेश्वर है। 5 मूसा परमेश्वरे दे परिबारे दे
सारे लोकां दी सेबा करणे च भरोसे दे लायक रिया। जड़ा मूसे किता
सै उना गल्लां पासे इशारा करा दा था, जड़ा परमेश्वर बादे च बोलणे
बाला था। 6 पर मसीह इक पुत्रे सांई परमेश्वरे दे परिबारे दे लोकां च
भरोसे दे लायक है, अगर असां अपणी हिम्मत कने उस आसा पर
मजबुतिया ला आखरी दीकर टिकी रेंदे न, तां असां परमेश्वरे दे
लोक न। 7 जियां पवित्र आत्मा पवित्र शास्त्र च बोलदी है, "अज
जालू तुसां परमेश्वरे जो बोलदे सुणदे न, 8 तां तुसां उदे हुकम मनणे
ला मना मत करदे, जियां तुसां दे पूर्वजां सुनसान जगा च परिक्षा
बेले परमेश्वरे दे खिलाफ किता।" 9 ओथु तुहाड़े पूर्वजां चालियां
सालां दीकर मेरे महान कम्मा जो दिखणे बाद भी, चुनौती देईकरी
मिंजो परखया। 10 इसा बजा ला मैं उस बकते दे लोकां सोगी गुस्सा
रिया, कने बोलया, हमेशा ही उना दा मन मिंजो ला दूर होई जांदा है,
कने जड़ा करणे दा हुकम मैं दिता उसयो करणे ला मना करी दिता।
11 तालू मैं गुस्से च आई करी कसम खादी की, उना उस जगा च
दाखल नी होणा जिथू मैं उना जो अराम देणा। 12 हे मसीह भाईयो,
ध्यान रखा, की तुसां चे कुसी दा पापी कने बेबसआसी मन ना हो,
जिसने तुसां जिन्दगी देणेबाले परमेश्वरे जो मनणे ला मना करी देन।
13 तुसां इक दुज्जे जो हर रोज प्रोत्साहित करदे रिया, ऐसा ना हो की
पाप दे धोखे च आई करी तुहाड़े मन ढीठ बणी जाऐ। इस तांई जालू
दीकर असां "अज" बोली सकदे न, तालू दीकर इक दुज्जे जो
हर रोज प्रोत्साहित करदे रिया। 14 जड़ा भरोसा साड़ा मसीहे जो
अपनाणे दे बकत था, अगर असां अपणे उस भरोसे च आखरी दिने
दीकर हिम्मता सोगी टिकी रेंगे, तां असां मसीह सोगी हिस्सेदार बणी
जाणा। 15 तियां ही जियां पवित्र शास्त्र च लिखया, "अगर अज तुसां
परमेश्वरे दी अबाज सुणगे, तां तुसां मने च ढीठ मत बणदे, जियां
तुहाड़े पूर्वजां बणे च परमेश्वरे दा बिरोध किता था।" 16 भला सै
कुण लोक न जिना परमेश्वरे दी अबाज सुणीकरी भी उसयो मनणे ला
मना करी दिता? क्या सै ऐ लोक नी थे जिना जो मूसे मिस्र देशे ला
बाहर कडया था? 17 कने परमेश्वर चालियां सालां दीकर कुना
लोकां पर गुस्सा रिया? ऐ इस्राएली ही थे जिना सुनसान जगा च पाप
किता कने बणे च मरी गे। 18 कने परमेश्वरे कुना लोकां सोगी कसम
खादी थी, की तुसां उसा जगा च दाखल नी होणा जिथू मैं उना जो
अराम देणा? सै पक्का उना लोकां दे बारे च बोला दा था जिना उदा
हुकम नी मनया था। 19 सांझो पता चली गिया की, सै लोक भरोसा
नी करणे दिया बजा ला उसा अराम दिया जगा च नी जाई सके।

**4** परमेश्वरे बायदा कितया है की असां अरामे दिया जगा च जाणा,
इस तांई अराम दिया जगा च जाणे दा बायदा अजे भी है, तां
सांझो इसा गल्ला दा होर भी ध्यान रखणा चाईदा। तुसां चे कुसी जो
भी उस अराम बाली जगा पर जाणे दा मौका नी छडणा चाईदा। 2
क्योंकि जियां असां मसीह दे बारे च शुभसमाचार सुणया, इयां ही
इस्राएल दे लोकां अराम दी जगा दा शुभसमाचार सुणया, पर उना
भरोसा नी किता। इस तांई उना जो इस शुभसमाचार ला कोई फायदा
नी होया। 3 असां परमेश्वरे दियां बोलियां गल्लां पर भरोसा कितया
है, इस तांई असां अराम दिया जगा च दाखल होणा; जियां परमेश्वरे
दुज्जयां तांई बोलया है, "मैं गुस्से च कसम खादी थी की उना मेरे
अरामे बालिया जगा च दाखल नी होई सकणा।" पर परमेश्वरे ऐ इस
तांई नी बोलया था की हले दीकर अराम दी जगा तयार नी थी, ऐ
संसारे जो बणने ला पेहले ही तैयार होई गियो थी। 4 क्योंकि सतमे
रोजे दे बारे च पवित्र शास्त्र च इयां लिखया है, "परमेश्वरे सतमे रोजे
अपणे सारे कम्मा जो पूरे करिरी अराम किता।" 5 कने असां ऐ
भी पढ़या की बादे च उनी बोलया, "उना मेरे अरामे दिया जगा च
दाखल नी करी सकणा है।" 6 कने इस्राएले दे लोकां जिना सारयां
ला पेहले ऐ शुभसमाचार सुणयां, सै अराम दिया जगा च दाखल नी
होई सके, क्योंकि उना परमेश्वरे दे हुकम नी मन्ने, पर बाकियां
तांई अराम दिया जगा दा रस्ता हले दीकर खुलया है। 7 इस तांई
परमेश्वरे अपणे अराम दिया जगा च दुबारा दाखल होणे तांई इक होर
बकत तय किता, कने सै बकत अज है। साड़े पूर्वजां दे विद्रोह करणे
दे केईयां सालां बाद, परमेश्वरे राजा दाऊद ला इना बचना जरिये
बोलया, जड़े पेहले भी बोलयो थे की, "अगर अज तुसां परमेश्वरे
दी अबाज सुणगे, तां तुसां अपणे मने जो कठोर मत करदे।" 8
कने असां ऐ भी जाणदे न की परमेश्वरे जिस अराम दिया जगा दा
बायदा कितया है, सै कनान नीं है, जिथू जाणे तांई यहोशुऐ उना दी
अगुवाई किती थी। अगर ऐ कनान देश होंदा तां परमेश्वर बादे च ऐ
नी बोलदा की इदे तांई इक होर बकत था। 9 परमेश्वरे दे लोकां तांई
हुण भी इक जगा तैयार है, जिथू सै पुरे तरीके ला अराम करी सकदे
न। उना तियां ही अराम करणा है जियां परमेश्वरे सतमे रोजे अराम
किता। 10 परमेश्वरे अपणा कम्म पूरा करिरी अराम किता था। कने
सारे लोकां तांई ऐ इकोदिया है जड़े परमेश्वरे बाल अराम करणा जांदे
न। उना अपणा कम्म पूरा करणे बाद अराम करणा। 11 इस तांई
सांझो भी उस अराम बालिया जगा च दाखल होणे तांई जादा मेहनत
करणी चाईदी। ऐसा ना हो की कोई उना लोकां सांई परमेश्वरे दे
हुकम नी मनणे दिया बजा ला उस अराम दिया जगा च दाखल नी
होऐ। 12 क्योंकि परमेश्वरे दा बचन जिन्दा कने असरदार है, सै
कुसी भी दोधारी तलवारा ला भी पेना है। जड़ा साड़ी आत्मा, प्राण,
जोंड़ा जो कने गुरदयां जो बिनी दिन्दा है, कने सै मना दे बिचारां कने
मने दी भावना जो जाणी लेंदा है। 13 परमेश्वरे दिया नजरा ला इस

संसारे दा कोई भी माणु लुकया नी है, सांझो सारे कम्मा दा लेखा उसयो देणा पोंणा है। उदे सामणे सारियां चीजां खुलियां कने प्रगट न। 14 परमेश्वरे दा पुत्र यीशु जड़ा साड़ा सारयां दा महायाजक है, स्वर्गे च परमेश्वरे बाल चली गिया। इस तांई ओआ जिस भरोसे जो सारयां सामणे मनया था, उस भरोसे च असां मजबूतिया ला टिकी रेंन। 15 क्योंकि ऐ महायाजक जड़ा यीशु मसीह है, जड़ा साड़ियां हर इक कमजोरियां जो समझदा है। शैताने सै हर गल्ला च साड़े सांई परखया, तमी उनी पाप नी किता। 16 इस तांई ओआ, असां बिना डरयो परमेश्वरे सामणे ओन, तालू परमेश्वरे सान्झो पर दया कने अनुग्रह करणा, कने जालू सांझो जरूरत होणी तालू उनी साड़ी सहायता करणी।

**5** परमेश्वरे हर इक महायाजके जो इस्राएल दे लोकां चे चुणया। सै लोकां दी भलाई तांई परमेश्वरे दिया तरफा ला कम्म करणे तांई चुणया जांदा है; सै इस तांई भेंट कने बलि चढ़ांदा है ताकि परमेश्वर लोकां दे पापां जो माफ करी दे। 2 इक माणु होणे दे नाते सै अपु भी केई सारियां चीजां च कमजोर है। इसा बजा ला सै मुर्ख कने भटकणे बाले लोकां ला प्यारे ला निपटी सकदा है। 3 इक महायाजक होणे दे नाते उसयो अपणे पापां जो कने लोकां दे पापां जो दूर करणे तांई बलियां चढ़ाणियां चाईदियां। 4 कोई भी माणु अपु महायाजक होणे दी पदवी अपणे उपर नी लेई सकदा। जियां परमेश्वरे हारून जो पेहले महायाजके दे रूपे च सदया कने चुणया था, तियां ही परमेश्वर दुज्जे महायाजकां जो सददा कने चुणदा है। 5 तियां ही मसीहे भी अपु जो महायाजक बणने तांई चुणी करी अपु अपणा आदर नी किता। पर परमेश्वरे यीशु मसीहे जो ऐ बोली करी चुणया जड़ा उनी होर कुसी महायाजक जो कदी नीं बोलया था, जड़ा की पवित्र शास्त्र च भजनकारे लिखया है, “तू मेरा पुत्र है, अज मैं ऐ घोषणा करदा है की मैं तेरा पिता है।” 6 इयां ही परमेश्वरे दुज्जिया जगा च दुबारा उसयो बोलया, “इयां ही जियां मलिकिसिदक इक याजक था, तियां ही तुमी हमेशा याजक बणी रेणा।” **(aiōn g165)** 7 जालू यीशु इस संसारे च जिन्दा था, तालू उनी जोरे-जोरे कने रोई-रोई के परमेश्वरे सामणे प्राथना कने बिनतियां कितियां जड़ा उसयो मौता ला बचाई सकदा था, कने इस बड़े आदर कने अपणे आपे जो परमेश्वरे जो सौपणे दिया बजा ला परमेश्वरे उदियां प्राथना कने बिनतियां सुणियां। 8 यीशु मसीह परमेश्वरे दा पुत्र होणे पर भी, उनी दुख सेहन करिरी सै करणा सीखी लिया जड़ा परमेश्वर उसला चांदा था। 9 परमेश्वरे मलिकिसिदक सांई उसयो इक महायाजक दी इज्जत दिती, कने उसयो सिद्ध बणाया कने सै उना सारयां लोकां तांई उद्धार दी बजा बणी गिया जड़े उदे हुकमा जो मंदे थे। **(aiōnios g166)** 11 इदे बारे च बोलणे तांई बड़ियां सारियां गल्लां न, पर इना गल्लां जो समझणा बड़ा मुशकिल है, क्योंकि तुसां परमेश्वरे दा बचन सुणने च सुस्त होई गियो न। 12 तुसां इतणे लम्बे बकते ला भरोसा करदे न, तुहांजो तां हुण बाकियां जो सिखाणे बाला होणा चाईदा था। पर तुहांजो हले भी ऐसे माणुऐ दी जरूरत है जड़ा तुहांजो दुबारा नोऐ सिरे ला परमेश्वरे दिया सिक्षा जो सिखाऐ। तुहांजो अनाज नी पर बचयां सांई दुधे दी जरूरत है। 13 क्योंकि जड़े लोक दूध पिंदे न, सै उना बचयां सांई न जड़े असल च परमेश्वरे दिया नजरा च सही जिन्दगी जिणे दे बारे च नी जाणदे न। 14 पर अनाजे दी रोटी उना तांई है जड़े भरोसे च पक्के न, जिनी अपणे अनुभव ला भले बुरे च फर्क करणा सीखी लिया है।

**6** इस तांई जड़ा सारयां ला पेहले असां मसीह दे बारे च सिखाया था, उना बुनियादी शिक्षां जो बार-बार दोहरांदे मत रिया, कने हुण अग्गे बदीकरी उच्च शिक्षां दे बारे च सोच बिचार करा। बुनियादी शिक्षां सांई मत बणा, जियां की पाप करणा छडी देणे दे बारे च, परमेश्वरे पर भरोसा करणे दे बारे च, 2 कने बपतिस्मा देणे दे बारे च, कुसी पर हथ रखीकरी आशीष देणे दे बारे च, मरयां दा जिन्दा होणे देणे दे बारे च, कने हमेशा दी सजा देणे दे बारे च कने आखरी न्याय दिया शिक्षा दी नींई दुबारा ला पांणे दी जरूरत नी है। **(aiōnios g166)** 3 कने अगर परमेश्वरे मौका दिता तां, मैं तुहांजो उच्च शिक्षा दियां गल्लां सिखाणियां। 4 जिना अपणा भरोसा गवाई दितया उना दा अपणे पापां जो छडी करी दुबारा मुड़ी ओणा मुशकिल है। क्योंकि सै इक बरी परमेश्वरे दी लौइ च रेई बैठयो न, कने स्वर्गे दे वरदान लेई बैठयो न, कने उना जो होर लोकां सोगी पवित्र आत्मा मिली बैठया है, 5 उना अनुभव कितया था की परमेश्वरे दा बचन खरा है, कने ओंणे बालिया शक्तिया जो अनुभव किता जालू परमेश्वरे राज करणा। **(aiōn g165)** 6 ऐसे लोकां जो परमेश्वरे बाल बापस लोणे दा कोई रस्ता नी है; क्योंकि सै खुद परमेश्वरे दे पुत्रे जो दुबारा ला सूली पर चढ़ांदे न कने उसयो शरमिंदा करदे न जिसा बजा ला होर लोक मसीह दा मजाक उड़ादें न। 7 सै लोक जीना जो खरी शिक्षा मिलियो है, सै उसा जमिना सांई न जिसा पर बार-बार बरखा होंदी है। अगर जमीन खरी है तां ऐ किसाने जो फायदे बाली फसल दिन्दी है, कने इस पर परमेश्वरे दी आशीष होंदी है। 8 कने होर लोक उसा जमिना सांई न जड़ी झिल्ल, जाड़-बसुंट उगांदी है, जड़ा की कुसी कम्मे दा नी। इसा पर परमेश्वरे दा श्राप होणे दा खतरा है कने इदे च पैदा होणे बालियां बेकार चीजां जो अग्गी च फुकी देणा। 9 पर हे प्यारे भाईयो, तुसां खरे कम्म करा दे न, क्योंकि परमेश्वरे तुहांजो पेहले ही बचाई लिया है। ऐ चेताबनियां तुहाड़े तांई नी न। 10 तुसां परमेश्वरे दे खातिर परमेश्वरे दे लोकां दी सेबा बड़े प्यारे ला करदे थे कने करा दे भी न, परमेश्वरे तुहाड़े इना कम्मा जो नी भूलणा। क्योंकि परमेश्वर अन्याय करणे बाला नी है। 11 तुसां सुस्त मत बणा। पर कड़ी मेहनत करणे बालयां सांई आखरी दीकर सबर कने भरोसे सोगी पक्की आस रखीकरी इना प्यार भरे कम्मा जो करदे रेणा चाईदा, ताकि सांझो परमेश्वरे दे वायदे मिली सकन। 13 कने परमेश्वरे अब्राहमे ला वायदा करदे बेले अपणे नाऐ दी कसम खादी क्योंकि उसला बडा ऐसा कोई नी, जिदा ना लेईरी कसम खाई सकन, कने उनी बोलया, 14 “मैं सच्ची तिजो बडी आशीष देणी, कने मैं तिजो मते बंश देणे।” 15 अब्राहमे बड़े लम्बे बकते दीकर सबर रखया। तां जाई करी उसयो सै मिल्ला जिदा परमेश्वरे उसयो बायदा कितया था। 16 कसम खांदे बकत लोक हमेशा अपणे ला बड्डे कुसी माणुऐ

दी कसम खांदे न। कसम खाणे ला ऐ यकीन होंदा है की जड़ा सै
बोला दे न सै सच्च है, कने ऐ सारयां झगड़यां जो खत्म करी दिन्दी
है। 17 जालू परमेश्वरे अपणे लोकां जो ऐ गल्ल बिलकुल साफ
दसणा चाई की सै अपणे कितयो बादयां जो कदी नी भुलदा; तां उनी
बायदे सोगी अपणे ना दी कसम जोड़ी। इसला पता चलदा है उदे
बायदे सच्ची पुरे होंणे न। 18 तां ऐथू फिरी दो गल्लां न परमेश्वरे दा
बायदा कने उदी कसम, जड़ी कदी नी बदली सकदी जिना दे बारे च
परमेश्वर कदी झूठ नी बोली सकदा। इस तांई असां परमेश्वरे बाल
बचणे तांई आयो न, कने जड़ी आस उनी सांझो दितियो है, उसा जो
पकड़ी रखा कने जादा उत्साहित रिया। 19 जियां इक बडे किले
ला बनियो रस्सी किस्तिया जो टिकाई रखदी है, तियां ही है आस
साड़िया जिन्दगिया जो टिकाई कने मजबूत बणाई रखदी है। जिदे च
साड़ी आस है सै यीशु मसीह है, जड़ा स्वर्ग च बड़िया पवित्र जगा च
परमेश्वरे बाल गिया। 20 यीशु सांझो ला अग्गे कने साड़े तांई स्वर्गे
च गिया है। सै याजक मलिकिसिदक सांई हमेशा तांई महायाजक
बणी गिया है। (aiōn g165)

7 ऐ मलिकिसिदक शालेम शेहरे दा राजा था, कने परम प्रधान
परमेश्वरे दा याजक था, सारयां ला पेहले उदे नाऐ दा मतलब है,
“धार्मिकता दा राजा” कने उदा ना “शालेम शेहरे दा राजा” जिदा
मतलब है की शांति दा राजा। जिदा ना पिता, ना मां, ना खानदान दा
कोई पता था, कने ना उदे जमणे दी कने ना मरणे दी खबर थी,
फिरी भी सै परमेश्वरे दे पुत्रे सांई हमेशा तांई याजक बणी रेंदा है;
मलिकिसिदक अब्राहम ने तालू मिल्ला जालू सै राजयां जो हराई
करी मुड़ी करी ओआ दा था, कने उसयो आशीष दिती कने अब्राहमे
उसयो हर चिजा दा दसमा हिस्सा दिता जड़ा उनी अपणे दुशमणा
लिया था। 4 हुण इसा गल्ला पर ध्यान दिया की मलिकिसिदक
कितणा महान था, जिसयो साड़े पूर्वज अब्राहमे अपणे दुशमणा ला
लुटयो माले दा दसमां हिस्सा देई दिता था। 5 मूसा दी व्यवस्था
दसदी है की लेवीं दे बंशे च जड़े याजक बणदे न, उना जो हुकम
मिलया है, की सै इस्राएले दे लोकां ला दसमा हिस्सा लेन। पर सै
याजक कने होर लोक भाईयां सांई न क्योंकि सै सारे अब्राहम दे बंशे
दे न। 6 पर फिरी भी मलिकिसिदक जड़ा लेवी दे बंशे दा नी था,
उनी अब्राहम ला दसमा हिस्सा लिया, कने उनी अब्राहम जो आशीष
दिती, हालांकि अब्राहम तां सै माणु था जिसयो परमेश्वरे बायदा
दितया था। 7 कने असां पक्का जाणदे न की जड़ा आशीष दिन्दा है,
सै आशीष लेणेबाले ला बड्डा होंदा है। 8 कने लेवी बंशे दे याजक
जड़े दसमा हिस्सा ले दे थे, कने ऐसे लोक थे जिना इक ना इक
रोज मरी जाणा। पर मलिकिसिदक जिनी अब्राहम ला दसमां हिस्सा
लिया, सै हल्ले भी जिंदा है, जियां की पवित्र शास्त्र च लिखया है। 9
तां असां बोली सकदे न, की लेवी जड़ा लोकां ला दसमा हिस्सा लेंदा
था सै अब्राहम दा बंशज था। इस तांई अब्राहम जालू मलिकिसिदक
ला मिलया कने उसयो दसमां हिस्सा दिता, तां असां ऐ बोली भी
सकदे न की लेविऐ भी अब्राहमे जरिये मलिकिसिदक जो दसमां
हिस्सा दिता। 10 क्योंकि जिस बेले मलिकिसिदक अब्राहम ला
मिल्ला, उस बकत तां लेवी जम्या भी नी था, पर सै तां अपणे पिता
दे शरीरे च था। 11 लोकां जो उना याजकां दे आधार पर व्यवस्था
मिलियो थी, जड़े लेवी गोत्र दे हारून ला आयो थे। पर उना जो
इसा व्यवस्था जरिये सिद्ध नी बणाई सके, इस तांई इक होर याजके
दी ओणे दी जरूरत थी, इक ऐसा याजक जड़ा हारून सांई नी पर
मलिकिसिदक सांई हो। 12 क्योंकि जालू इकोदे याजक नी रेंदे, तां
व्यवस्था जो बदलणा भी जरूरी होई जांदा है। 13 क्योंकि असां ऐ
गल्लां मसीह दे बारे च बोला दे न, जड़ा इक लग गोत्रे ला था। कने
उस गोत्रे च कदी भी कुनी भी याजके दे रूपे च वेदिया पर सेबा नी
कितियो थी। 14 सारे जाणदे न की, साड़ा प्रभु यीशु यहूदा दे बंशे ला
था कने मूसे इस यहूदा दे बंश दे लोकां दा याजक बणने दे बारे च
कुछ नी बोलया, कने ना ही यहूदा बंश दा कोई याजक बणया था।
15 हुण तुसां समझी सकदे न की मैं कुस बारे च बोला दा है। इस तांई
ऐ गल्ल होर भी साफ है की मूसा दी व्यवस्था कने याजक दोनों जो
साड़े महायाजके तांई बदली दितया है, जड़ा मलिकिसिदके सांई
याजक है। 16 यीशु कुसी खास माणु मतलब की लेवी दे बंशज
दे नियमा कने विधियां दिया बजा ला याजक नी बणया, पर यीशु
अपणी कदी खत्म नी होणे बाली जिन्दगिया दिया शक्तिया दिया बजा
ला याजक बणया। 17 क्योंकि परमेश्वर उदे बारे च पवित्र शास्त्र ऐ
गबाई दिन्दा है की, “तू मलिकिसिदके सांई युगां-युगां दीकर याजक
बणी रेणा है।” (aiōn g165) 18 इस तांई मूसा दी व्यवस्था सै नी करी
सकी जड़ा उसा जो करणा चाईदा था कने कुसी कम्मे दी नी थी इसा
बजा ला बदली दिती। 19 इस तांई की मूसा दी व्यवस्था कुसी भी
गल्ला जो सिद्ध नी बणाई सकी, कने उदिया जगा पर साड़े बाल
इक आस है, जड़ी यीशु मसीह च है, जिदे जरिये असां परमेश्वरे
दे नेड़े जाई सकदे न। 20 इदे बाद जालू परमेश्वरे यीशु मसीह जो
याजक बणाया तां उनी इक कसम खादी। 21 क्योंकि लेवी दे बंश
बगेर कसमा दे याजक बणाऐ, पर यीशु मसीह कसमा सोगी परमेश्वरे
दिया तरफा ला याजक बणया। परमेश्वरे यीशु मसीह दे बारे च
बोलया, “मैं परमेश्वर, मैं ऐ कसम खांदा है, मैं अपणा फेसला कदी
नी बदलणा, की तू युगां-युगां दीकर मलिकिसिदका सांई इक याजक
है।” (aiōn g165) 22 इस तांई यीशु मसीह ही सै है, जड़ा इक खरी
बाचा दे पूरा होणे दी बजा बणदा है। 23 ऐथू यीशु मसीह दा याजक
होणे दा इक होर फायदा है, सै तां बड़े जादा याजक बणदे आऐ,
क्योंकि उना चे हर इक याजके दी मौत होई गेई कने इसा बजा ला
सै अपणा कम्म जारी नी रखी सकी। 24 पर यीशु युगां-युगां दीकर
जिन्दा है, इस तांई उनी हमेशा याजक बणी रेणा, पर होर कोई उदा
याजक होणे दा पद नी लेई सकदा। (aiōn g165) 25 इसी तांई जड़े
यीशु जरिये परमेश्वरे बाल ओंदे न, सै उना दा पूरा-पूरा उद्धार करी
सकदा है, क्योंकि सै उना तांई हमेशा विनती करणे तांई जिन्दा है।
26 क्योंकि ऐसा ही महायाजक साड़ियां जुरूरतां जो पूरा करी सकदा
है, जड़ा पवित्र, जिस पर कोई दोष ना हो, शुद्ध हो, पापियां ला लग
रेंदा हो, कने जड़ा स्वर्गे ला भी उच्चा हो। 27 कने सै महायाजक
जड़े हारून दे बंशे दे थे, उना सांई यीशुऐ तांई जरूरी नी है, की सै

पेहले अपणे पापां कने फिरी लोकां दे पापां तांई बलिदान चढ़ाऐ;
क्योंकि यीशुऐ तां इक बरी सारे लोकां तांई अपणे आपे जो बलि
चढ़ाई दितया। 28 क्योंकि मूसा दी व्यवस्था तां कमजोर लोकां जो
महायाजक बणांदी है; पर जड़ी कसम मूसा दी व्यवस्था दे बाद आई
सै परमेश्वरे दे पुत्रे जो बड्डा याजक बणांदी है। कने सै हमेशा तांई साड़े
तांई इक सिद्ध महायाजक बणी गिया है। **(aiōn g165)**

**8** हुण जड़ियां गल्लां असां करा दे न, उना चे सारयां ला बड्डी गल्ल
ऐ है, की साड़े तांई इक ऐसा महायाजक है, जड़ा स्वर्गे च उस
महिमामय परमेश्वरे दे सिहांसने दे सजे पासे जाई बैठा है। 2 कने
साड़ा महायाजक स्वर्गे च सच्चे मिलाप दे तम्बूऐ च बड़िया पबित्र
जगा च सेबा करदा है जड़ी स्वर्गे च है, जिसयो परमेश्वरे बणाया
ना की कुनी माणुऐ। 3 क्योंकि हर इक महायाजक जिसयो इस
तांई चुणदे न की सै लोकां दी माफी तांई भेंट कने बलिदान चढ़ाऐ।
इस तांई साड़े महायाजक यीशु तांई भी ऐ जरूरी था की उस बाल
भी कुछ चढ़ाने तांई हो। 4 कने अगर मसीह धरतिया पर होंदा तां
कदी भी याजक नी होंदा, क्योंकि मूसा दी व्यवस्था दे अनुसार भेंट
चढ़ाने तांई पेहले ला ही याजक हेन। 5 जड़े ऐ याजक करदे न, सै
सिर्फ उदी इक नकल कने परछाई है जड़ा स्वर्गे च है। क्योंकि जालू
मूसा मिलाप दा तम्बू बणांणा चलया था, तालू परमेश्वरे उसयो ऐ
चेतावनी दिती की, “तू हर चीज तियां ही बणायां जदिया उदाहरण
तिजो पहाड़े पर दसया था।” 6 पर जड़ा याजकां दी सेबा दा कम्म
साड़े महायाजक यीशुऐ जो मिलया, सै याजकां ला बदीकरी है।
क्योंकि सै जिस बाचा दा बिचोलिया है, सै पराणिया बाचा ला खरी
है कने खरियां चीजां दे बायदे पर अधारित है। 7 क्योंकि अगर
पेहलिया बाचा च कमियां नी होंदिया तां दूजिया बाचा दी जरूरत ही
नी होंदी। 8 पर परमेश्वरे लोकां पर दोष लाईकरी बोलया, “सै दिन
ओआ दे न की, मैं इस्राएल दे लोकां सोगी कने यहूदा दे लोकां सोगी
नोई बाचा करणी है। 9 ऐ बाचा उस बाचा सांई नी होणी है, जड़ी मैं
उना दे पूर्वजां सोगी कितियो थी, जालू मैं उना जो मिस्र देशे ला कडी
लेई आया था, क्योंकि सै मेरी बाचा पर टिकी नी रे, कने मैं उना दी
चिंता करणा बंद नी करी दिता, प्रभु ऐई बोलदा है। 10 फिरी प्रभु
बोलदा है की, जड़ी नौइ बाचा मैं ओणे बाले दिना च इस्राएल दे
लोकां सोगी करणी, सै ऐ है की मैं उना जो मेरी व्यवस्था दे बारे च
सोचणा देणा, कने उना उसा जो अपणे मना च रखणा, कने मैं उना दा
परमेश्वर बणना, कने उना मेरी अराधना करणी। 11 फिरी कुनी भी
इस्राएल दे लोकां अपणे देशे बालयां जो, कने अपणे रिशतेदारां जो ऐ
शिक्षा देणे दी जरूरत नी पोंणी, की तुसां प्रभु जो मन्ना, क्योंकि
छोटे ला लेईकरी बड्डे लोकां दीकर सारयां मन्नी लेणा की मैं उना दा
परमेश्वर है। 12 क्योंकि मैं उना दे पाप माफ करी देणे, कने मैं उना दे
पापां जो दुबारा फिरी याद नी करणा।” 13 परमेश्वरे इसयो नोई बाचा
बोलया, इस तांई उनी पेहले बालिया बाचा जो पूराणा करी दिता।
जड़ा कुछ भी पूराणा है कने घिस्या-पिटया है, सै खत्म होई जाणा।

**9** उसा पैली बाचा जो जड़ी बड़े पेहले, मूसा दे जरिये इस्राएल दे
लोकां जो दीतियो थी। उदे च परमेश्वरे दी अराधना करणे दे सारे
नियम कने कनून थे कने इसा धरती पर अराधना तांई लोकां दा
बणाया मिलाप दा इक पबित्र तम्बू भी था। 2 ऐ तम्बू जानवरां दिया
खल्ली ला बणया था, उस तम्बूऐ बिच उना इक पर्दा लटकाई दिता
कने दो कमरे बणाई दिते, पेहले कमरे च इक धूपदान, कने मेज थी
जिसा पर परमेश्वरे जो चढ़ाईयां रोटियां रखदे थे, कने इस कमरे
जो पबित्र जगा बोलदे थे। 3 कने तम्बूऐ दे दुज्जे कमरे जो जड़ा
परदे पिच्छे था, उसयो परम पबित्र जगा बोलदे न। 4 उस दुज्जे
कमरे च सोने दी धूपदानी थी, कने चारो पासे ला सोने दा मढ़या
सन्दुक था जिसयो बाचा दा सन्दुक बोलदे न। कने उदे च सोने दे
भांडयां च मन्ना भरीरी रखया था, कने हारून दा डंडा भी था जिदे
पर खिलयो पत्ते लगयो थे, आखरी च इदे च दो पथरे दियां पटियां
थियां, जिना पर परमेश्वरे सै दस हुकम लिखयो थे, जड़े मूसा जो
दितयो थे। 5 इदे इलाबा सन्दुके प्राला दो फंगा बाले करूब बणयो
थे, जड़े इसा गल्ला दा संकेत था की परमेश्वर उस जगा पर था।
उना अपणे फंगा ला उसा जगा जो ढक्या था, जिस पर महायाजक
खून छिड़कदा था, ताकि लोकां दे पाप माफ होई सकन। पर हुण
असां इना चीजां दे बारे च इक-इक करिरी दस्सी नी सकदे। 6 इस
तरीके ला उना इना सारियां चीजां जो तम्बूऐ दे दों कमरयां च तैयार
किता। याजक हर रोज उस पेहले कमरे च जाई करी अपणी धार्मिक
बिधियां जो पूरा करदा था। 7 पर दुज्जे कमरे च मतलब की उस
बड़ी पबित्र जगा च सिर्फ महायाजक साले च इक ही बरी जांदा था।
कने सै अपणे सोगी जानवरां दे खूने जो लेई जांदा था, जिसयो सै
अपणे तांई कने लोकां दे अनजाणे च कितयो पापां दी माफी तांई
चढ़ांदा था। 8 इना विधियां जरिये पबित्र आत्मा सांझो ऐ समझांदा
है, की जालू दीकर इसा धरती पर मिलाप बाले तम्बू कने इना दियां
विधियां जो मंदे न, तालू दीकर स्वर्गे च परमेश्वरे दे परम पबित्र जगा
च जाणे दा रस्ता हल्ले दीकर नी खुलया है। 9 ऐ सारियां चीजां
सिर्फ इना गल्लां दा उदाहरण थियां, जड़ियां हुण मसीह दे जरिये
पुरियां होआ दियां न। क्योंकि सै चढ़ाबे कने बलिदान जड़े लोक
परमेश्वरे जो चढ़ादें थे, जड़े उदी अराधना करदे थे। सै लोकां दे मना
कने दिलां जो शुद्ध करणे दे काबिल नी थे। 10 क्योंकि ऐ लोकां
दे खाणे पीणे दियां गल्लां दे बारे च, कने भाँती-भाँती दियां नोहणे
दियां बिधिया दे बारे च दसदे न जिना ला लोक बाहरी तौर ला साफ
होई जांदे न। इना विधियां जो तालू दीकर मनणा था जालू दीकर
की परमेश्वर नोई बाचा जो शुरू नी करी दिंदा। 11 पर हुण मसीह
महायाजक सांई आया है, जड़ा नोईया बाचा दियां सारियां खरियाँ-
खरियाँ चीजां दिन्दा है। सै होर भी जादा महान कने सिद्ध तम्बूऐ
च दाखल होया। ऐ तम्बू माणुआं नी बणाया था मतलब की इस
संसारे दा नी था। 12 यीशु मसीह परम पबित्र जगा च इक बकरी
या बछडे दा खून लेईकरी नी गिया, पर सै अपणे ही खूने सोगी
गिया। उनी सै सिर्फ इक बरी ही किता, कने इसयो दुबारा करणे दी
जरूरत नी होणी। उदे जरिये सांझो हमेशा दा उद्धार मिलया। **(aiōnios
g166)** 13 मूसा दी व्यवस्था अनुसार जड़े लोक अशुद्ध होंदे न, सै
परमेश्वरे दी अराधना करणे दे काबिल नी होंदे। पर अगर उना पर

बकरयां कने दांदा दा खून कने बछड़यां दी राख छिड़की जाऐ तां
सै शुद्ध होई जांदे न। अगर इदे च माणुआं दे शरीर जो शुद्ध करणे
दी शक्ति है, 14 तां जरा सोची की दिखा की मसीह दे खूने ला
साड़े दिलां जो उना कम्मा ला कितणा शुद्ध करणा जड़े मौत दे पासे
लेई जांदे न, ताकि असां जिन्दे परमेश्वरे दी अराधना करी सकन।
क्योंकि अनन्त आत्मा दिया शक्तिया दे जरिये मसीहे साड़े पापां तांई
अपणे आपे जो निर्दोष बलिदान दे रूपे च परमेश्वरे जो भेंट चढ़ाई
दिता। (aiōnios g166) 15 इसा बजा ला यीशु मसीहे लोकां सोगी
इक नोई बाचा बन्नी, ताकि जिना लोकां जो परमेश्वरे सदया है,
उना जो हमेशा दियां आशीषां मिली सकन जिदा परमेश्वरे बायदा
कितया था। क्योंकि यीशु मसीह उना जो उना दे पापां दिया सजा ला
अजाद करणे तांई मरी गिया, जड़े उना पैली बाचा दे अधीन रेईकरी
कितयो थे। (aiōnios g166) 16 असां जाणदे न की अगर कोई माणु
अपणी मौत ला बाद अपणी जमीन जयादाद जो बंडणे तांई बसियत
लिखदा है, तां उस बटबारे जो करणे तांई उदा मरणा जरूरी है। 17
क्योंकि उसा बसियत दी कोई कीमत नी जालू दीकर जयादाद दा
मालिक हल्ले जिन्दा है। उसा बसियत दी कीमत तालू ही है जालू
उस मालिके दी मौत होई जांदी है। 18 इस तांई ऐथू दीकर परमेश्वरे
दे जरिये दितियो पैली बाचा जो भी पक्की होणे ला पेहले इक बलि
दिती थी। 19 सारयां ला पेहले मूसा सारयां लोकां जो व्यवस्था दे
हुकम दे बारे च दसया। इदे बाद उनी बछड़यां दा खून लेईकरी
पाणिऐ च घोलया कने इदे बाद उनी इसयो लोकां कने व्यवस्था दिया
कताबा च छिड़कणे तांई लाल ऊन, कने जूफा नाऐ दे बूटे दियां
डालियाँ दा इस्तेमाल किता। 20 कने जालू मूसा ऐ बोला दा था, उनी
लोकां ने बोलया, "ऐ खून उस बाचा जो शुरू करदा है, जिसा जो
मनणे दा हुकम परमेश्वरे तुहांजो दितया है।" 21 कने इयां ही मूसे
तम्बूऐ च कने अराधना दियां सारियां चीजां पर खून छिड़कया। 22
कने मूसा दी व्यवस्था बोलदी है की सारियां चीजां जो खून छिड़की
करी शुद्ध करणा चाईदा, कने बिना खूने बहाऐ, परमेश्वर लोकां जो
उना दे पापां तांई माफ नी करी सकदा। 23 इस तांई मिलाप बाले
तम्बूऐ कने उदियां सारियां चीजां जो विधिया अनुसार बलि देईकरी
शुद्ध करणा जरूरी था, ऐ स्वर्गे दियां चीजां दी नकल है। पर स्वर्गे
दियां चीजां जो विधिया अनुसार शुद्ध करणे तांई, जानवरां दे खूने
ला भी खरे बलिदाने दी जरूरत थी। 24 इसा बजा ला मसीह उस
पवित्र जगा च नी गिया जिसा जो माणुआं अपणे हथां ला बणाया है,
जड़ी सच्ची पवित्र जगा दी इक प्रतीक है। पर सै साड़े फायदे तांई
परमेश्वरे सामणे ओणे तांई सीधा स्वर्गे जो गिया। 25 कने मसीह
अपणे आप जो बार-बार बलि चढ़ाणे तांई स्वर्गे च नी गिया, जियां
महायाजक हर साल जानवरां दे खूने सोगी परम पवित्र जगा च जांदा
है, क्योंकि अगर इयां होंदा तां फिरी उसयो संसारे दे शुरू होणे ला
ही बड़े सारे दुख झेलणा पोंदे। पर मसीह इस संसार दे आखरी बकत
च अपणे आप जो बलिदान करणे तांई सिर्फ इक बरी आया ताकि
पाप दा अंत होई सके। (aiōn g165) 27 क्योंकि ऐ पक्का है की
असां सारे लोकां इक बरी मरणा, कने उदे बाद साड़ा न्याय होणा।
28 तियां ही मसीह भी सारे लोकां दे पापां जो माफ करणे तांई इक ही
बरी बलिदान होया। पर उनी जालू दुबारा इसा धरती पर ओणा, तां
उनी साड़े पापां तांई बलिदान होणे तांई नी ओंणा, पर उना लोकां जो
बचाणे तांई ओणा जड़े लोक उसयो नियाला दे न।

**10** मूसा दी व्यवस्था तां सिर्फ अग्गे भविष्य च ओंणे बालियां
खरियां चीजां दी परछाई है, पर उना खरियां चीजां दा
असली रूप नी है, जड़ियां मसीहे साड़े तांई कितियां न। इस तांई
व्यवस्था जो मनणे बाले लोक हर साल इकोदियां बलियां चढ़ादें
न, पर ऐ बलिदान उना लोकां जो कदी सिद्ध नी करी सकदे जड़े
परमेश्वरे दी अराधना करणे तांई उदे नेड़े ओंदे न। 2 अगर परमेश्वरे
दी अराधना करणे बाले इना बलिदाना दिया बजा ला सिद्ध होई जांदे,
तां सै अपणे आप जो दोषी नी मंदे। तां फिरी हुण बलिदान चढ़ाणे दे
बारे च गल्ल नी होंदी। 3 पर जानवरां दियां बलियां दा खून उना दे
पापां जो दूर नी करी सकदा, पर ऐ हर साल उना जो उना दे कितयो
पापां जो याद करांदा है। 5 इसा बजा ला जालू मसीह इस संसारे च
आया तां उनी परमेश्वरे ला बोलया था, "तू नी चांदा की लोक तिजो
बलियां चढ़ान, पर तू मिंजो इक आदमी बणाई दिता।" 6 कने ना सै
बलियां जिना च जानवरे जो पूरा फूकी करी चढ़ादें न कने ना ही
पापां दिया माफिया तांई चढ़ाईयां बलियां ला तू खुश होंदा है। 7
तालू मसीहे परमेश्वरे ने बोलया, "हे परमेश्वर, मैं तेरी इच्छा पूरी
करणे तांई आई गिया है, पवित्र शास्त्र च मेरे बारे च ऐई लिखया है।"
8 मूसा दी व्यवस्था सिखांदी है बलियां कने भेंटा पाप दिया बजा ला
चढ़ाणियां चाईदियां। पर मसीहे इना गल्लां दे बारे च कजो बोलया
की परमेश्वरे इना ला खुश नी होंदा? 9 फिरी मसीह ऐ भी बोलदा है,
"दिख, मैं सेई करणा आया है, जड़ा तू चांदा है।" तालू परमेश्वर
बलियां बाली पैली व्यवस्था जो खत्म करी दिन्दा है, ताकि सै नोई
व्यवस्था शुरू करी सके। इसी बजा ला असां उस बलिदान दे जरिये
पवित्र होई गियो न जड़ा यीशु मसीहे अपणे शरीर जो चढ़ाई करी
दिता। 11 हर इक यहूदी याजक रोज ही वेदिया सामणे खड़ा होंदा है
कने लोकां दे पापां जो दूर करणे दियां बिधियां जो पूरा करदा है।
कने हमेशा ही इकोदे बलिदाना चढ़ादां रेंदा है, जड़े कदी भी उस
माणुऐ दे पापां जो दूर नी करी सकदे न, जड़े उनी कितयो न। 12
पर यीशु मसीहे साड़े पापां दी माफी तांई अपणे आप जो परमेश्वरे
सामणे इक ही बरी कने हमेशा तांई बलिदान करी दिता कने। सै
परमेश्वरे दे सजे पासे कने सिंहासने पर सारयां ला जादा इज्जता
बालिया जगा च हमेशा तांई जाई बैठा। 13 क्योंकि मसीहे अपणे
आप जो सिर्फ इक बरी ही बलिदान दे रूपे च परमेश्वरे जो देई दिता
कने इस बजा ला उदे लोकां जो पवित्र करी दितया है कने सै सच्ची
हमेशा तांई धर्मी बणी गियो न। कने ओथु सै अपणे सारे दुशमणा जो
पुरे तरीके ला अपणे अधीन करणे तांई परमेश्वरे दा इंतजार करा
दा है। 15 कने पवित्र आत्मा भी सांझो ऐ दसदा है की, ऐ गल्ल
सच्च है। कने प्रभु परमेश्वरे दे बायदे जो याद करा जिदे बारे च
उनी पेहले ही बोलया था, 16 "प्रभु बोलदा है; की जड़ी बाचा
मैं ओणे बाले दिनां च उना सोगी करणी है, की मैं उना जो अपणी

व्यवस्था दे बारे च सोचणा देणा कने उना उसा जो अपणे मना च रखणा।" 17 फिरी परमेश्वर ऐ बोलदा है, "मैं उना दे पाप माफ करी देणे, कने मैं उना दे पापां जो दुबारा फिरी याद नी करणा।" 18 कने परमेश्वर साड़े पापां जो माफ करदा है, तां हुण कोई भी होर बलिदान देंणे दी जरूरत नी है। 19 इस तांई हे मसीह भाईयो, जालू की यीशु मसीहे साड़े तांई अपणी जिन्दगी बलिदान करी दिती, हुण असां हिम्मता सोगी स्वर्गे दिया परम पवित्र जगा च बिना डरयो जाई सकदे न। 20 जालू मसीह मरया तां उनी साड़े तांई इक नोआ रस्ता खोली दिता ताकि असां ऐसी जिन्दगी जी सकन जिदा कोई अंत ना हो। उनी ऐ रस्ता पर्दे ला निकली करी खोली दिता, मतलब की अपणे शरीर जो बलिदान करिरी रस्ता खोली दिता। 21 क्योंकि साड़ा ऐसा महान याजक है जड़ा परमेश्वरे दे सारे लोकां पर राज करदा है, 22 तां ओआ असां, मसीह दे खूने जो छिड़की करी अपणे मना जो शुद्ध करिरी कने साफ पाणिऐ ला अपणे शरीर जो धोई करी साफ करिरी कने सच्चे मने कने पक्के भरोसे सोगी परमेश्वर दे नेड़े जान। 23 कने असां बिना कुसी शक दे अपणी उस आस पर टिकी रेन, जिसा जो असां अपनाया है क्योंकि असां परमेश्वर पर उदे बायदयां जो पूरा करणे तांई भरोसा करी सकदे न। 24 ओआ असां इक दुज्जे सोगी प्यारभाव कने भले कम्मा जो करणे तांई इक दुज्जे जो प्रोत्साहित करन। 25 कने असां परमेश्वरे दी अराधना करणे तांई गिठे होणा बंद ना करन, जियां केई लोक करा दे न, पर ओआ असां इक दुज्जे जो होर भी जादा प्रोत्साहित कने समझान क्योंकि असां जाणदे न की प्रभु जल्दी मुड़ी करी ओणे बाला है। 26 सांझो इना कम्मा जो करणा चाईदा क्योंकि यीशु मसीहे दे शुभसमाचार दी सच्चाई जो जाणने बाद अगर असां जाणी बुझी करी पाप करदे न, तां कोई होर बलिदान नी है जड़े साड़े पापां जो माफ करी सके। 27 बल्कि डरीकरी परमेश्वरे दा इंतजार करणा है की उना दा न्याय करे कने अग्गी च भस्म करी दे क्योंकि सै उदे दुशमण न। 28 जड़ा कोई मूसा दी व्यवस्था जो नी मंदा है, उस पर बगेर दया कितयो दो या तीन लोकां दी गबाई पर उसयो मारी दिन्दे न। 29 अगर मूसा दी व्यवस्था च ऐसी सजा थी, तां उस माणुऐ दी सजा बड़ी बड्डी होणी चाईदी जड़ा परमेश्वरे दे पुत्रे दी बेईजती करदा है कने परमेश्वरे दे पुत्रे जो अपणे पैरां थले गरेची दिन्दा है, कने मसीह दे खूने जो पवित्र नी मंदा जिदे जरिये परमेश्वरे उसयो पवित्र करणे तांई नोई बाचा शुरू किती थी कने पवित्र आत्मा दी बेईजती किती जिदे जरिये उसयो अनुग्रह मिलया था। 30 क्योंकि असां जाणदे न की परमेश्वरे बोलया, "बदला लेणा मेरा कम्म है, मैं ही बदला लेंणा।" कने उनी फिरी ऐ भी बोलया की, "प्रभुऐ अपणे लोकां दा न्याय करणा।" 31 जिन्दे परमेश्वरे दे हथां ला सजा मिलणा इक बड़ी भयानक गल्ल है। 32 पर उना दिनां दे बारे च याद करा, जालू तुसां पैली बरी मसीह पर भरोसा किता था। तुसां बड़े भरी दुख तकलिफां जो झेलया, पर तुसां भरोसे च पक्के बणी रे। 33 कदी-कदी तां इयां भी होया की तुसां लोकां ला बेईजती कने अत्याचार झेली करी सारयां सामणे तमाशा बणी गे, कने केई बरी तुसां मसीह भाईयां दा साथ दिता जड़े तुहाड़े सांई दुख मुसीबतां च थे। 34 तुसां कैदियां दे दुखां च भी दुखी होए, कने जालू होरनी लोकां तुहाड़ी धन-दौलत जो लूटया तां तुसां उना जो लुटणा दिता। क्योंकि तुसां जाणदे न की तुहाड़े बाल हल्ले भी सारियां चीजां न, जिना दा परमेश्वरे बायदा कितया है, कने सै हमेशा तांई न। 35 इस तांई अपणे भरोसे जो मत छडा चाहे कुछ भी होई जा। कने उस इनाम जो याद रखा जड़ा परमेश्वरे तुहांजो देणा। 36 हुण तुहांजो सबर रखीकरी सेहन करणे दी जरूरत है, ताकि तुसां परमेश्वरे दी इच्छा जो पूरा करी सकन। तां तुहांजो सै सारा कुछ मिलणा जिदा उनी बायदा कितया है। 37 क्योंकि जियां पवित्र शास्त्र च मसीह दे बारे च लिखया है की, "हुण बड़ा ही घट बकत रेई गिया है, जालू की ओंणे बाले ओंणा है, कने देर नी करणी थोड़े।" 38 कने मेरे धर्मी लोकां मिंजो पर भरोसा करणे ला ही जिंदे रेणा, कने अगर सै मिंजो पर भरोसा करणे ला पिच्छे हटी जांगे तां मैं उना ला खुश नी होंणा। 39 पर असां उना लोकां चे नी न जड़े परमेश्वरे ला पिच्छे हटी जांदे न, कने खत्म होई जांदे न। पर असां उना लोकां चे न जड़े भरोसा रखदे न कने बची जांदे न।

## 11

हुण जड़े लोक परमेश्वरे पर भरोसा रखदे न, उना जो पक्का ही परमेश्वरे सारा कुछ देणा जिदी सै आस रखदे न; उना जो यकीन है की जिना चीजां जो उना दिखया नी है सै असली च हेन।
2 साड़े पूर्वजां दा भी ऐसा भरोसा था कने इसी तांई परमेश्वर उना
ला खुश था। 3 क्योंकि भरोसा करणे ला ही असां जाणी लेंदे न, की सारे संसार जो परमेश्वरे अपणे बचना ला बणाया है। इस तांई असां जड़ा भी दिखदे न, सै उना चीजां ला नी बणयो न जिना जो दिखी नी सकदे न। (aiōn g165) 4 भरोसा करणे दिया बजा ला
ही आदमे दे पुत्र हाबिले अपणे बड्डे भाई कैन ला बदिया बलिदान परमेश्वरे तांई चढ़ाया, कने उदे बलिदाने दे जरिये ही परमेश्वरे गबाई दिती की हाबिल धर्मी है, कने परमेश्वर उदे बलिदान ला खुश था। हाबिल अपणी मौत ला बाद भी सांझो सिखा दा है की भरोसा कदिया
होणा चाईदा। 5 भरोसे दिया बजा ला ही परमेश्वरे हनोक नाऐ दे
माणुऐ जो स्वर्गे च जिन्दा चुकी लिया, कने सै इस तांई मरया नी कने कुसी जो भी उदी लाश नी मिल्ली, क्योंकि स्वर्गे च जाणे ला पेहले हनोके परमेश्वरे जो खुश किता, जियां पवित्र शास्त्र च लिखया है। 6
परमेश्वरे पर भरोसा करिरी ही असां उसयो खुश करी सकदे न, क्योंकि परमेश्वरे बाल ओंणे बाले लोकां जो पक्का भरोसा होणा चाईदा की, परमेश्वर है, कने सै उना जो इनाम दिन्दा है जड़े उसयो
जाणदे दी कोशिश करदे न। 7 भरोसा करणे दिया बजा ला ही नूह
नाऐ दे माणुऐ जो बाढ़ दे बारे च चेतावनी मिल्ली जड़ी उनी कदी नी दिखियो थी। तां परमेश्वरे दा हुकम मन्नी करी अपणे परिबार जो बचाणे तांई जाज बणाया, कने जिना लोकां भरोसा नी किता सै सारे दोषी होऐ कने सारे पांणिऐ च डूबी करी मरी गे। क्योंकि नूहे परमेश्वरे पर भरोसा किता इसा बजा ला सै परमेश्वरे दिया नजरा च
धर्मी बणया। 8 भरोसे दिया बजा ला ही अब्राहम नाऐ दे माणुऐ जो
परमेश्वरे इक ऐसी जगा च जाणे तांई सदया जिसा जगा जो परमेश्वर बादे च उसयो विरासत च देणेबाला था। कने सै ऐ नी जाणदा था की

कुथयो चलया है, पर फिर भी परमेश्वरे दा हुकम मन्नी करी सै उस
देशे जो चली गिया। 9 परमेश्वरे जिस जगा दा बायदा कितया था,
अब्राहम उस देशे च परदेसियां सांई तम्बूआं च रेंदा था, उदे सोगी
उदा जागत इसहाक कने पोत्रू याकूब भी तम्बूआं च रेंदे थे, जिना जो
परमेश्वरे ला ऐई बायदा मिलया था। 10 क्योंकि सै स्वर्ग च इक ऐसे
शेहरे च रेणे दी उम्मीद रखदे थे, जिनी हमेशा बणी रेणा है, जिसयो
बणाने बाला कने रचणे बाला परमेश्वर है। 11 भरोसे दिया बजा ला
ही अब्राहम दी घरे बालिया सारा बुड्डी होई के भी गर्भ धारण किता,
क्योंकि उसा जो भरोसा था की परमेश्वरे जड़ा बायदा कितया है सै
उनी पूरा करणा। 12 कने इसा बजा ला जालू अब्राहम बड़ा बुड्डा होई
गिया था की मरणे ही बाला था, फिरी भी अम्बरे दे तारयां सांई कने
समुंद्रे कंडे दे रेते सांई उदे अणगिनत वंश पैदा होए। 13 ऐ सारे लोक
जिना परमेश्वरे पर भरोसे किता, सै उना चीजां जो मिलयो बिना ही
मरी गे, जिदा बायदा परमेश्वरे कितया था। सै उना चीजां जो दुरे ला
दिखीकरी खुश होए, कने उना ऐ गल्ल मन्नी लेई की असां इसा
धरती पर परदेसी कने अजनबी न। 14 सै लोक जड़े ऐसा बोलदे न
की असां परदेसी कने अजनबी न, सै इक ऐसे देशे दी मिलणे दी
उम्मीद रखदे न जड़ा उना दा अपणा होणा। 15 अगर सै उस देशे दे
बारे च सोचदे, जिथू ला सै आयो थे, तां सै मुड़ी करी जाई सकदे
थे। 16 पर उना जो इक खरे देश जाणे दी इच्छा थी मतलब की
स्वर्ग, इस तांई परमेश्वर उना दा परमेश्वर बोलया जाणे ला खुश था,
क्योंकि उनी उना तांई इक शेहर तैयार कितया है। 17 भरोसे दिया
बजा ला ही अब्राहम अपणे पुत्रे दी बलि चढ़ाणे तांई तैयार होई गिया
था, जालू परमेश्वरे उदी परिक्षा लेई। परमेश्वरे अब्राहमे ला इस पुत्रे
दे बारे च बायदा कितया था की, “इसहाक ला ही तेरा बंश बदणा
है।” फिरी भी सै अपणे इकलोते पुत्रे जो बलि चढ़ाणे तांई तैयार था।
क्योंकि उसयो पूरा भरोसा था की अगर इसहाक मरी भी जांगा तां
परमेश्वर उसयो जिन्दा करी सकदा है। इस तरीके ला अब्राहमे जो
उदा अपणा पुत्र इसहाक जिन्दा मिली गिया था। 20 भरोसे दिया
बजा ला ही इसहाके अपणे दो पुत्रां मतलब की याकूबे कने एसाब जो
औणे बाली जिन्दगी तांई जड़ा बायदा कितया था उदे बारे च आशीष
दिती। 21 भरोसे करणे ला ही याकूबे मरदे बकत यूसुफे दे पुत्रां जो
इक-इक करिरी आशीष दिती, कने अपणिया सोठिया दे सारे ला
झुकी करी परमेश्वरे दी अराधना किती। 22 भरोसा करणे ला ही
यूसुफ नाऐ दे माणुऐ जालू सै मरणे बाला था, तां उनी बड़े भरोसे ला
इसा गल्ला जो बोलया था की इस्राएल देशे दे लोकां मिस्र देशे जो
छडी करी कनान देशे जो चली जाणा। कने उनी ऐ हुकम भी दितया
की जालू सै कनान देशे जो जांगे तां उदियां हड्डियां जो भी कनान देशे
लेई जान। 23 जालू मिस्र देशे दे राजे ऐ हुकम दिता की इस्राएलियां दे
सारे जमदे जागतां जो मारी दिया, तालू भरोसा करणे ला ही मूसा दे
माता-पिता उसयो पैदा होणे बाद तिन्न महीने दीकर लुकाई रख्या,
क्योंकि उना दिखया की ऐ खास बच्चा है, कने सै राजे दे हुकम नी
मनणे ला नी डरे। 24 मिस्र देशे दे राजे दिया कुड़िया मूसे जो पालया
था। कने जालू मूसा बड्डा होया तां उनी भरोसा करणे ला ही राजे दिया
कुड़िया दा पुत्र होणे ला मना करी दिता। 25 ऐ इस तांई होया की
मूसे पाप दे थोड़े बकते दे सुखां दा आनंद लेंणे दे बजाऐ परमेश्वरे दे
लोकां सोगी दुख झेलणा जादा खरा समझया। 26 कने उनी मसीह
तांई बेईजत होंणा, मिस्र देशे दे धन दौलत ला भी जादा बदीकरी
समझया, क्योंकि सै अपणा इनाम मिलणे दा इंतजार करा दा था,
जड़ा परमेश्वरे उसयो देणा था। 27 भरोसा करणे दिया बजा ला ही
सै मिस्र देशे दे राजे दे गुस्से ला नी डरया कने उनी मिस्र देश जो
छडी दिता, क्योंकि सै समझी गिया था कने मन्ना ऐ ऐसा था की
जियां उनी परमेश्वरे जो दिखी लिया था, जिसयो कोई दिखी नी
सकदा। 28 भरोसा करणे ला ही मूसे इस्राएल देशे दे लोकां दी पेहली
ओलादी जो हुकम दिता की दरबाजे पर बकरे दा खूने छिड़की करी
फसह दा त्योहारे मना, ताकि पैली ओलादा जो खत्म करणे बाला दूत
इस्राएलियां दिया पेलिया ओलाद जो छुई ना सके। 29 भरोसा करणे
ला ही इस्राएल दे लोकां लाल समुन्द्र इयां ही पार करी लिया, जियां
की सै सुकियां जमिना पर चलयो न, पर जालू मिस्र देशे दे लोकां
इयां करणा चाया तां सै सारे डुबी करी मरी गे क्योंकि समुंद्र पलटी
गिया। 30 भरोसा करणे ला ही इस्राएल देशे दे लोकां परमेश्वरे दा
हुकम मन्नी करी यरीहो शेहरे दिया कन्दा दे चारो पासे सत्तां दिनां
दीकर चक्कर लांदे रे, तां सै कन्द डेई गेई। 31 भरोसा करणे ला ही
रहाब वैश्या परमेश्वरे दे हुकम नी मनणे बाले लोकां सोगी खत्म
नी होई, क्योंकि उना इस्राएली गुप्तचरां दा स्वागत किता था जड़े
यरीहो शेहर दा भेद लेंणा आयो थे। 32 हुण मिंजो कुछ होर बोलणे दी
जरूरत नी है, क्योंकि हुण मेरे बाल बकत नी रिया की, मैं, गिदोन,
बराक, शिमशोन, यिफतह, दाऊद, शमूएल, कने परमेश्वरे दे संदेश
देणेबालयां दे भरोसे दे बारे च तुहांजो दस्सें। 33 इना भरोसा करणे ला
ही राज्य जित्ते; सही कम्म किते; कने इना जो बायदा कितियां चीजां
मिलियां; कने शेर इना जो खाई नी सके, 34 अग्ग उना जो फुकी
नी सकी, तलबारा दी धार उना जो मारी नी सकी, जालू इक बरी
कमजोर होए तां दुबारा सै मजबूत बणे, लड़ाईया च वीर निकले, कने
उना अपणे दुशमणा दी सेना जो मारी दितया। 35 कुछ जनानियां
अपणे मरयां लोकां जो फिरी ला जिन्दा दिखया, कितणे तां मार
खांदे-खांदे मरी गे, कने अपणा भरोसा नी छडया ताकि उना जो
जेला ला छुटकारा मिली जा; इस तांई की उना जो मरयां चे जिन्दे
होई जाणे बाद इक खरी जिन्दगी मिल्ले। 36 केईयां दा मजाक
उड़ाया, केईयां जो कोड़े खाणा पे, केईयां जो संगला ला बन्नी करी
जेला च पाई दिता। 37 केईयां जो पथर मारी करी मारी दिता, कने
आरे ला चिरी करी दो फाड़ करी दिते, तलवारा ने मारी दिते। सै
गरीब थे, उना जो दुख दिते कने उना सोगी बुरा बर्ताब किता। कने सै
भेडां बकरियां दी खली जो ओडी करी रूआं-परां भटकदे रे। 38 कने
बंणा, पहाड़ा, गुफां च कने धरती दी दरारां च भटकदे फिरे। संसार
इना भरोसा करणे बाले लोकां दे काबिल नी था। 39 कने भरोसे दे
जरिये ही इना लोकां दी परमेश्वरे उना दी तारीफ कितियो, तमी उना
जो सै चीजां नी मिलियां जिना दा परमेश्वरे उना ला बायदा कितया

था। 40 क्योंकि परमेश्वरे बाल सांझो कुछ खरा देणे योजना है ताकि
उना जो सिद्ध बणाई सके, पर सिर्फ साड़े सोगी मिली करी हीं।

**12** साड़े अखे-बखे इयोदे लोक बड़े भरी न, जिना दिया
जिन्दगिया ला सांझो पता लगदा है की भरोसे दा क्या मतलब
होंदा है। तां ओआ, असां हर इक रोकणे बाले कने उलझाणे बाले
पापां जो दूर करिरी, असां उस रस्ते पर चलन जिस पर सांझो जरूर
चलणा चाईदा। 2 सांझो यीशु मसीह पास्से दिखदे रेणा चाईदा, जड़ा
सांझो अग्गे बदांदा है कने साड़े भरोसे जो पूरा करदा है। जिनी उसा
खुशिया तांई जड़ी उसयो बादे च ओणे बाले बकते च मिलणी थी,
बेईजती दी कोई परबाह नी करिरी सूली दे दुखे जो सेहन किता कने
मरी गिया; कने हुण सै परमेश्वरे दे सिंहासने दे सज्जे पासे जाई बैठया
है। 3 इस तांई यीशु दे उदाहरण दे बारे च सोचा, जिनी पापियां दे
दितयो बड़े बडे दर्द जो इस तांई सेहन करी लिया ताकि तुसां हारी
करी हिम्मत ना छडी देन। 4 तुसां बुराईया दियां ताकता दे खिलाफ
लड़दे होऐ, तुसां हल्ले दीकर ऐसी लड़ाई नी लड़ी होणी जिसा च
तुहाड़ी मौत होई गेई हो। 5 कने तुसां उस हिम्मता दियां गल्लां जो
भूली गियो न जड़ियां परमेश्वरे तुहांजो अपणे पुत्र समझीकरी बोलियां
थियां: "हे मेरे पुत्र, जालू प्रभु तिजो ऐहसास कराऐ की तू गलत
कितया है तां उस पर पूरा ध्यान दिया, कने जालू प्रभु तिजो झिड़कां
दे तां दिखयां हिम्मत छडदा।" 6 क्योंकि प्रभु जिसला प्यार करदा,
उसयो सुधारदा भी है, कने जिसयो अपणा पुत्र बणाई लेंदा है, उसयो
कोड़े भी मारदा है। 7 जड़ा दुख तुसां झेला दे न उसयो परमेश्वरे दी
सजा समझीकरी सेहन करी लिया। परमेश्वर तुहांजो पुत्र समझीकरी
तुहाड़े सोगी बर्ताव करदा है। सै कुण दिया पुत्र है जिसयो उदा पिता
सुधारदा नी है? 8 अगर परमेश्वर तुहांजो नी सुधारे जियां सै अपणे
पुत्रे जो सुधारदा है, तां तुसां उदे असली बच्चे नी न। 9 फिरी जालू
की साड़े शरीरिक पिता भी सांझो सुधारणे तांई सजा दिन्दा है, असां
फिरी भी उदी सुणदे कने इज्जत करदे न, इस तांई ऐ होर भी जादा
जरूरी है की जालू साड़ा स्वर्गे दे पिता सांझो सुधारे तां तालू असां
उदी सुणन ताकि सांझो हमेशा दी जिन्दगी मिल्ले। 10 साड़े शरीरिक
पिता तां अपणी-अपणी समझा दे साबे ला जड़ा उना जो ठीक लग्गे,
थोड़े रोजां तांई सांझो सुधारदे थे, पर परमेश्वर साड़िया भलाईया तांई
सांझो सुधारदा है, ताकि असां भी उस सांई पवित्र होई जान। 11
जिस बकत सै सांझो सुधारदा है, उस बकत सै सुधार सांझो खरा नी
लगदा है, बल्कि बड़ा बुरा लगदा है, पर जालू बादे च असां इसला
सिख लेंदे न, तालू सांझो शांति मिलदी है, क्योंकि असां सही तरीके
ला जिणा शुरू करी दिन्दे न। 12 इना सारियां गल्लां दिया बजा ला
मजबूत बणा कने प्रोत्साहित रिया। 13 रूआं-परां दिखणे दिया बजाऐ,
तुसां यीशु मसीह बाल जाणे बाले रस्ते पर जा, ताकि जड़े साड़े बिच
आत्मिक रूप च कमजोर न, सै भटकी ना जान पर उना दा भरोसा
मजबूत होई जाऐ। 14 सारयां सोगी मिली-जुली करी रिया, कने
पवित्र जिन्दगी जिणे दी कोशिश करदे रिया। इदे बिना कोई भी प्रभु
जो नी दिखी सकदा है। 15 कने ध्यान रखा की, ऐसा ना हो की
कोई भी परमेश्वरे दे अनुग्रह ला छूटी जाऐ, कने तुहाड़े बिच परेशानी
खड़ी करी दे। ऐसा माणु तुहाड़े चे मतयां जो बर्बाद करी सकदा है।
16 ऐसा ना हो, की कोई भी जणा व्यभिचारी, या अब्राहमे दे पोत्रू
एसाब सांई अधर्मी हो। क्योंकि सै जेठा पुत्र था, पर उनी अपणे
पेहला पुत्र होणे दे सारे हकां जो अपणे छोटे भाई याकूब जो इक बकते
दिया रोटिया तांई बेची दिता। 17 तुसां जाणदे न की बादे च जालू सै
अपणे पिता ला आशीष पांणा चांदा था, पर उसयो ऐ नी मिली, कने
रोई-रोई करी भी उनी आशीष मंगी पर उसयो अपणी गलती सुधारणे
दा दुबारा मौका नी मिलया। 18 तुसां सींनै पहाड़े सांई असली पहाड़े
पर नी आयो न, जिसयो छुई कने दिखी सकदे न। ऐथू कोई भखदी
अग्ग या काले बदल या तूफान नी है, कने लोक इक ऐसिया ही जगा
च थे जालू परमेश्वरे उना जो अपणी व्यवस्था दिती। 19 कने ना ही
तुरही दिया अबाजा कने बोलणे बाले दे बखे नी आयो न, जिसयो
सुणने बालयां विनती किती की हुण साड़े ला जादा गल्लां मत करा।
20 उना ऐसा इस तांई बोलया क्योंकि सै उस हुकमे जो सेहन नी करी
सके जड़ा परमेश्वरे बोलया, "अगर कोई जानवर भी उस पहाड़े जो
छुंगा तां उसयो पत्थर मारा।" 21 कने सै दर्शण इतणा डरावणा था,
की मूसे भी बोलया, "मैं बड़ा डरा दा कने कमा दा है।" 22 पर तुसां
सिय्योन पहाड़े पर आई गियो न जड़ा जिन्दे परमेश्वरे दा स्वर्गीय
यरूशलेम शेहर है, जिथू लखां स्वर्गदूत त्योहारे कने खुशिया मनादे
न। 23 तुसां परमेश्वरे दे पहिलौठां दिया सभा च आयो न, जिना दे ना
स्वर्ग च लिखयो न। तुसां अपु परमेश्वरे बाल आयो न जड़ा सारियां
चीजां दा न्याय करणे बाला है, सै स्वर्ग च उना धर्मी लोकां दियां
आत्मा न जिना जो हुण सिद्ध बणाया है। 24 तुसां यीशु मसीह बाल
आयो न जड़ा लोकां कने परमेश्वरे बिच नोई बाचा दा बिचोलिया है।
कने छिड़कयो खूने बाल आयो न, जड़ा हाबिले दे खूने सांई न्याय
तांई बिनती करणे दे बजाए पापां दी माफी दी गल्ल करदा है। 25
ध्यान रखा कने उस परमेश्वरे दी मन्ना जड़ा तुहाड़े ने गल्ला करा
दा है, क्योंकि इस्राएल दे लोक परमेश्वरे दिया सजा ला नी बची
सके जालू उना मूसा दी गल्ल नी मन्नी, इस तांई साड़े तांई होर भी
जादा बुरा होणा अगर असां परमेश्वरे दिया गल्लां जो सुणने ला मना
करी दिंगे जड़ा स्वर्गे ला चेतावनी दिन्दा है। 26 जालू परमेश्वरे सींनै
पहाड़े पर खड़ोई करी बोलया तां उदिया अबाजा ला धरती हिली पेई
थी, पर हुण उनी ऐ बायदा कितया है की, "मैं इक बरी फिरी सिर्फ
धरती जो नी, पर अम्बरे जो भी हिलाई देणा है।" 27 कने ऐ गल्ल
इक बरी फिरी इसा गल्लां जो दसदी है, की सारियां बणाईयां चीजां
हिलाईयां कने हटाई जांणियां न, ताकि सै चीजां जड़ियां हिलाई नी
जान्दियां न सै टिकी रेन। 28 इस तांई सांझो जड़ा राज्य मिलया सै
हिलाया नी जाई सकदा, इसा गल्ला तांई सांझो परमेश्वरे दा धन्यबाद
करणा चाईदा। कने इज्जत कने डरे सोगी, परमेश्वरे दी ऐसी अराधना
करन, जिसला सै खुश होंदा। 29 क्योंकि जियां अग्ग भस्म करदी
है, तियां ही साड़ा परमेश्वर अपणे दुशमणा जो खत्म करदा है।

**13** इक दुज्जे सोगी अपणा भाई कने बेहण समझीकरी प्यार
करा। 2 अजनबी लोकां दी भी इज्जत कने खातिरदारी करदे
रिया, क्योंकि ऐसा करणे ला केईयां लोकां अनजाणे च स्वर्गदूतां दी

इज्जत कने खातिरदारी कितियो है। 3 कैदियां दा इयां हाल चाल
पुछदे रिया, जियां मन्ना तुसां भी उना सोगी जेला च न, कने जड़े
दुख सेहन करा दे न, उना दा भी ऐ समझींकरी हाल चाल पुच्छदे
रिया, जियां तुसां भी उना सोगी उना दे दुखे च शामिल न। 4 बियाये
दा रिश्ता सारयां तांई आदरनीय हो, कने लाड़ा-लाड़ी इक दुज्जे
सोगी बफादार रिया। क्योंकि परमेश्वरे व्यभिचारियां कने नाजायज
रिश्ते रखणे बालयां दा न्याय करणा है। 5 अपणिया जिन्दगिया जो
पैसयां दे लालचे ला दूर रखा, कने जड़ा तुहाड़े बाल हो तुसां उसी च
ही खुश रिया; क्योंकि परमेश्वरे अपु ही बोलया है, "मैं तिजो कदी
भी नीं छडगा कने ना ही कदी त्यागणा है।" 6 इस तांई असां बिना
डरयो बोलदे न, "प्रभु, मेरी सहायता करदा है, मैं नी डरणा; माणु
मेरा क्या बगाड़ी सकदा है।" 7 जड़े तुहाड़े अगुवे न, कने जिना
तुहांजो परमेश्वरे दा बचन सुणाया है, उना जो याद रखा; कने ध्याने
ने उना दिया जिन्दगिया जो दिखा की, कियां उना अपणी जिन्दगी
जी कने मरणे दीकर भरोसे च बफादार रे, तियां ही तुसां भी परमेश्वरे
पर भरोसा दस्सा जियां उना दसया था। 8 यीशु मसीह कल कने अज
कने यूगां-यूगां दीकर इकोदिया है, क्योंकि यीशु मसीह कदी नी
बदलदा। (aiōn g165) 9 इस तांई सांझो इना सारियां नोईयां कने
लग-लग शिक्षां जो नी मनणा चाईदा, जड़ियां तुहांजो गलत रस्ते पर
लेई जान्दियां न। तुहाड़े मना तांई ऐ ही खरा है की सै अनुग्रह दे
जरिये पक्के बणन, ना की उना खाणे बालियां चीजा दे रिबाजां जो
मनणे ला, क्योंकि इना गल्लां जो मनणे ला उना दा कोई फायदा नी
है जड़े इना गल्लां जो मंदे थे। 10 साड़े बाल इक ऐसी वेदी है, जिसा
चे मिलाप दे तम्बूऐ दे याजकां जो खाणे दा कोई हक नी है। 11
क्योंकि पैली बाचा अनुसार हर साल महायाजक जिना जानवरां दा
खून पापां दी माफी तांई परम पवित्र जगा पर लेई जांदा था, उना दे
शरीरां जो जिथू सै रेंदे ओथु ला बार लेईजाई करी फूकदे न। 12 इसी
बजा ला, यीशुऐ भी लोकां जो अपणे ही खूने ला पवित्र करणे तांई
यरूशलेम शेहर ला बाहर दुख झेले कने मरी गिया। 13 इस तांई
ओआ, असां यहूदी रीतियां जो छडी करी, छावनी दे बार जान, कने
यीशु मसीह पर भरोसा करदे होऐ जियां यीशुऐ बेईजती सेहन किती,
तियां ही असां भी बेईजती सेहन करन। 14 क्योंकि इसा धरती पर
साड़े बाल हमेशा रेणे तांई कोई घर नी है, बल्कि असां तां उस स्वर्गे
दे घरे दा इंतजार करा दे न जड़ा हमेशा तांई है। 15 इस तांई असां
यीशुऐ जरिये लगातार अपणे ओठां ला परमेश्वरे दा गुणगान करन।
ऐई उदे तांई साड़ा बलिदान है। 16 पर भलाई करणा कने जरूरतमंद
लोकां दी सहायता करणा कदी मत भुलदे; क्योंकि परमेश्वर ऐसे
बलिदाना ला खुश होंदा है। 17 अपणे अगुवां दा हुकम मन्ना, कने
उना दे अधीन रिया, क्योंकि तुहाड़ियां आत्मा दी रखबाली करणा
उना दा कम्म है, उना जो तुहाड़े बारे च परमेश्वरे जो लेखा देणा पौणा
है। तुसां उना दी मन्ना ताकि सै इस कम्मे जो खुशिया ला करन,
ना की दुखी होईकरी, क्योंकि दुखी होईकरी सेबा करणे दा कोई
फायदा नी होणा। 18 साड़े तांई प्राथना करदे रिया; क्योंकि सांझो
इसा गल्ला दा पक्का पता है, की साड़ी अंतरात्मा शुद्ध है, कने असां
हर बकत खरा ही करणा चांदे न जिदे जरिये परमेश्वरे जो इज्जत
मिल्ले। 19 तुहाड़े ला मेरी ऐ खास बिनती है की प्रार्थना करा की मैं
तुहांजो ला मिलणा तोली आई सकें। 20 कने हुण परमेश्वर जड़ा
तुहांजो शांति दिन्दा है, कने जिनी साड़े प्रभु यीशु जो मरयां चे जिन्दा
किता, सै तुहांजो सारियां चीजां दे जिना दी जरूरत तुहांजो उदी
इच्छा जो पूरा करणे तांई है। कने यीशु मसीह दिया शक्तिया जरिये
सै तुहांजो हर इक खरिया गल्ला जो सिद्ध करे जड़ियां उसयो खुश
करदियां न। यीशु मसीह सनातन बाचा दे जरिये भेडां दा महान
पुहाल बणया, जिस पर उदे खूने ला हस्ताक्षर कितया है। उदी महिमा
हमेशा होंदी रे। आमीन। (aiōn g165, aiōnios g166) 22 हे मसीह
भाईयो, मैं तुहाड़े ला विनती करदा है, इस चिठिया दियां गल्लां जो
सबर रखीकरी सुणी लिया, ऐ मैं तुहांजो होंसला देणे तांई लिखियां
न। मैं इसा चिठिया च बड़ियां जादा गल्लां नी लिखियां न। 23 तुसां
ऐ जाणी लिया की तीमुथियुस साड़ा मसीह भाई जेला ला छुटी गिया
है, कने अगर सै तौली मेरे बाल आई गिया तां मैं उदे सोगी तुहांजो ने
मिलगा। 24 अपणे सारे अगुवां जो कने परमेश्वरे दे सारयां लोकां जो
नमस्कार बोला। इतालिया प्रदेशे दे भरोसा करणे बाले मसीह भाई
कने बेहणा तुहांजो नमस्कार बोलदे न। 25 मैं प्राथना करदा है की,
परमेश्वर दा अनुग्रह तुसां सारयां पर होंदा रे। आमीन।

# याकूब

**1** मैं, याकूब इसा चिठिया जो लिखा दा है, मैं परमेश्वर दा कने
प्रभु यीशु मसीह दा सेवक है। मैं ऐ चिट्ठी इस्राएल दे लोकां
जो लिखा दा है, जड़े बाहरां गोत्रों चे न कने दुनिया भर रूआं परां
बिखरयो न, कने उना जो नमस्कार बोलदा है। 2 हे मेरे मसीह
भाईयो, जालू तुहांजो पर लग-लग तरा दियां परेशानिया ओन, तां
इसयो पूरी खुशिया दी गल्ल समझनयो, 3 क्योंकि तुसां जाणदे ही
न, की तुहाड़े भरोसे जो परखे जाणे ला होर जादा सबर बददा है। 4
परमेश्वरे पर भरोसा करिरी सबर ला परेशानिया दा सामणा करदे
रिया, ताकि तुसां आत्मिक रूपे ला पूरे समझदार कने सिद्ध होई जान
कने तुहाड़े च कुसा भी गल्ला दी कमी ना रे। 5 पर अगर तुसां चे
कुसयो भी अकला दी कमी है, तां परमेश्वरे ला मंगा, जड़ा बिना दोष
दितयो सबना जो प्यारे ला दिन्दा है; कने परमेश्वरे तुहांजो भी देणा
है। 6 जालू तुसां परमेश्वरे ला मंगगे, तां पूरा भरोसा करिके मंगनयो
कने परमेश्वरे पर कोई भी शक मत करदे, क्योंकि शक करणे बाले
समुन्द्रे दियां लैहरां सांई बदलदे रेंदे न, जड़ियां होआ ने चलदियां कने
उटकदियां न। 7 ऐसा माणु ऐ आस बिलकुल छडी दे, की उसयो प्रभु
ला कुछ मिलगा, क्योंकि इदा मन घड़ी-घड़ी बदलुन्दा रेंदा कने
लोक इस पर भरोसा नी करी सकदे। 9 जड़े विश्वासी भाई गरीब
न, उना जो खुश होणा चाईदा की परमेश्वरे उसयो कदेई इज्जत
दिती। 10 जड़े विश्वासी भाई अमीर न, उसयो खुश होणा चाईदा,
की परमेश्वरे उसयो दीन किता, क्योंकि उदी अमीरी नाश होणे बाले
जंगली घाऐ सांई है दे फुलां सांई झड़ी करी खत्म होई जांदी है। 11
क्योंकि सूरज निकलदे ही जोरे दी धुप पोंदी कने सारा घा सुकी
जांदा है, कने उसा दे सारे फुल झड़ी जांदे न, कने उना दी शोभा
मुकी जांदी है; तियां ही अमीर विश्वासिये भी मरी जाणा अगर सै
अपणे ही कम्मा च लग्गी रेंगा। 12 धन्य है सै माणु, जड़ा परख च
टिकी रेंदा है, क्योंकि जालू सै परख च खरा निकली जांदा है, तां
उसयो अनन्त जिंदगी दा सै मुकुट मिलणा जिसदा बायदा परमेश्वरे
अपणे प्यार करणे बालयां तांई कितया है। 13 जालू कुसी दी परख
हो, तां सै ऐ ना समझे, की मेरी परख परमेश्वरे करा दा है, क्योंकि
ना तां बुरियां गल्लां ने परमेश्वरे दी परख होई सकदी है, कने ना ही
परमेश्वर कुसी दी परख अपु लेंदा है। 14 पर हर माणु अपणियां
ही बुरिया इच्छा च फसी करी परख च पौंदा है, जियां इक डंगर
खांणे दे लालचे आई करी फाईया च फसी जांदा है। 15 फिरी सै
बुरी इच्छा गर्भबती होई के पापे जो जन्म दिन्दी है, कने जालू पाप
बदी जांदा है, तां सै हमेशा दी मौत दा रस्ता है। 16 मेरे प्यारे मसीह
भाईयो, धोखा च मत रिया। 17 क्योंकि हर इक खरा वरदान कने
हर इक खरा दान स्वर्गे ला ही है, कने ज्योतियाँ दे पिता ला ही
मिलदा है, सै हमेशा इकोदिया रेंदा कने ना ही छाया पौंदी है। 18
उनी अपणी ही इच्छा ने सांझो सच्चे बचना ने नोई जिन्दगी दितियो
है, ताकि असां उदी बणाईयो दुनिया दे सारयां ला जरूरी हिस्सा
बणन। 19 हे प्यारे मसीह भाईयो, ऐ गल्ल तुसां जाणी लिया हर इक
माणु सुणने तांई हमेशा तैयार कने बल्ले बोलणे बाला कने घट गुस्से
बाला हो। 20 क्योंकि जालू माणु गुस्सा करदा है तां, सै धार्मिक
जिन्दगी नी जी सकदा, जड़ा परमेश्वरे जो खुश करदा है। 21 इस
तांई मने दी सारी मेला जो कने दुशमणिया जो मुकाई करी परमेश्वरे दे
बचने जो प्यारे ने अपनाई लिया, जड़ा तुहाड़े दिले च रखया है, कने
जड़ा तुहाड़े प्राणा दा उद्धार करी सकदा है। 22 पर परमेश्वरे दे बचना
दी शिक्षा दा पालन करणे बाला बणा, ना की सिर्फ सुणणे बाले, जड़े
अपणे आपे जो धोखा दिन्दे न। 23 क्योंकि अगर कोई बचन दी
शिक्षा जो सिर्फ सुणनेबाला है, पर मनदा नी है, तां सै उस माणुऐ सांई
है, जड़ा अपणा मुं शीशे च दिखदा है। 24 इस तांई की सै अपणे
आपे जो दिखीकरी चली जांदा है, कने झट भूली जांदा है, की मैं
कदिया था। 25 पर जड़ा माणु परमेश्वरे दी पूरी व्यवस्था दा ध्याने ने
अध्ययन करदा है, जड़ी लोकां जो पापां ला अजाद करदी है, सै
इसयो सुणी के भुलदा नी है, पर इसदी शिक्षा दा पालन करदा है,
उसयो अपणे कम्मा पर परमेश्वरे ला आशीष मिलणी। 26 अगर कोई
अपणे आपे जो भक्त समझे, कने बुरियां गल्लां बोलणे च काबू नी
रखे, तां सै अपणे आपे जो धोखा दिन्दा है कने उदी भक्ति बेकार है।
27 साड़े पिता परमेश्वर दिया नजरा च शुद्ध कने सच्ची भक्ति ऐ है,
की अनाथां कने विधवां दे दुखां च उना दा हाल चाल पुच्छन, कने
अपणे आपे जो संसारे दे बुरे कम्मा ला बचाई रखा।

**2** हे मेरे प्यारे मसीह भाईयो, तुसां साड़े महिमामय प्रभु यीशु मसीह
दे चेले न, इस तांई तुसां च भेदभाव ना हो। 2 मन्नी लिया,
अगर इक माणु सोने दे छल्ले कने छेल कपड़े पाई करी तुहाड़िया
कलीसिया च ओऐ कने इक गरीब माणु मैले कपड़े पाई करी आऐ।
3 कने तुसां उस छेल कपड़े बालयो बड़िया इज्जता ला बोलन, की तू
ओथु खरिया दिया जगा च बैठ, कने तू उस गरीबे जो बोले, तू ऐथू
खड़ोई रे, "या मेरे पैरां बाल बैठ।" 4 तां क्या तुसां इना दोनों च
भेदभाव नी किता कने तुसां बुरे बिचारे ला न्याय करणे बाले नी बणी
गे? 5 हे मेरे प्यारे मसीह भाईयो सुंणा; इसा गल्ला पर ध्यान दिया,
क्या परमेश्वरे इस संसारे दिया नजरा च गरीब लोकां जो भरोसे च
अमीर होणे तांई नी चुणयां? परमेश्वरे उना जो स्वर्ग राज्य च वारिस
बणने दा भी वायदा कितया है जड़े उसयो प्यार करदे न। 6 पर तुसां
उस गरीबे दी बेसती किती। तुसां जाणदे न अमीर लोक तुसां पर
जुल्म करदे न कने सै तुहांजो कचेरिया च घसीटी-घसीटी के लेई
जांदे न। 7 सै सेई न जड़े यीशु मसीह दे आदर योग्य नाऐ दे खिलाफ
बुरियां गल्लां करदे न, जिना सोगी तुसां रिश्ता रखदे न। 8 अगर
तुसां पवित्र शास्त्रे दे इस बचने दे अनुसार की "तू अपणे पड़ोसियां
सोगी अपणे सांई प्यार कर," सच्ची उस राज्य दी व्यवस्था जो पूरा
करदे न तां खरा करदे न। 9 पर अगर तुसां भेदभाव करदे न, तां पाप
करदे न; कने व्यवस्था दे अनुसार तुसां दोषी न। 10 क्योंकि जड़ा
कोई सारी व्यवस्था दा पालन करदा है, पर उदे इक हुकम जो तोड़दा
है, तां सै भी उसी सांई दोषी है जिनी सारिया व्यवस्था दा पालन नी
किता। 11 इस तांई परमेश्वरे ऐ बोलया, तू व्यभिचार मत करदा,
उनी ही ऐ भी बोलया की, "तू हत्या मत करदा" इस तांई अगर तू

व्यभिचार नी किता, पर हत्या कितियो है, तां तू व्यवस्था दे अनुसार
दोषी है। 12 इस तांई तुहाड़ा बचन बोलणा कने उना जो मनणा, उना
लोकां सांई होऐ, जिना दा न्याय उसा व्यवस्था दे अनुसार होणा है,
जड़ी सांझो अजाद करदी है। 13 क्योंकि जड़ा कोई दुज्जयां पर
दया नी करगा, तां परमेश्वरे भी उस पर दया नी करणी। पर जड़ा
कोई दुज्जयां पर दया करगा, तां परमेश्वरे भी उस पर दया करणी,
जालू उनी न्याय करणा। 14 हे मेरे प्यारे मसीह भाईयो, अगर कोई
बोले की मिंजो यीशु मसीह पर भरोसा है, पर सै दुज्जयां तांई भले
कम्म नी करदा हो, तां इसला क्या फायदा? क्या ऐसा भरोसा उदा
उद्धार करी सकदा है? 15 अगर कुसी मसीह भाई या बेहणा बाल
जरूरी कपड़े ना होन, कने उना जो खाणे जो घट मिलदा हो, 16 कने
तुसां चे कोई उना जो बोले कि, "प्रभु तुहांजो आशीष दे कने तुहांजो
गर्म रखे कने खाणे जो रोटी दे," पर जड़ियां चीजां साड़े शरीरे तांई
जरूरी न, अगर सै उना जो ना देन, तां इसला उदा कोई फायदा नी
होणा। 17 तियां ही भरोसा भी, अगर भले कम्मा सोगी नी हो तां
उदा भरोसा बेकार है। 18 "कोई बोलदा है की मैं यीशु मसीह पर
भरोसा करदा है, कने दुज्जा माणु बोलदा है की मैं भले कम्म करदा
है।" पर मैं बोलदा है, "क्या तुसां बिना भले कम्म करिरी मिंजो ऐ
साबित करी सकदे न की तुसां यीशु मसीह पर भरोसा करदे न? मैं
अपणे भले कम्मा करणे दे जरिये ऐ साबित करी सकदा है की मैं
यीशु मसीह पर भरोसा करदा है।" 19 तिजो भरोसा है, की इक ही
परमेश्वर है; ऐ अच्छी गल्ल है: बुरियां आत्मा भी भरोसा रखदियां
न, कने डरदियां न। 20 पर मुर्ख माणु क्या तू ऐ भी नी जाणदा, की
भले कम्म बिना भरोसा बेकार है? 21 जालू साड़े पूर्वज अब्राहमे
अपणे पुत्र इसहाक दी बलि वेदिया पर चढ़ाई, तां उनी जड़ा भला
कम्म किता, उसला ही सै परमेश्वरे दे सामणे धर्मी बणया था। 22 तू
दिखी लिया की भरोसे उदे कम्मा सोगी मिली के प्रभाव पाया है,
कने उदे कम्मा दे जरिये उदा भरोसा पूरा होया। 23 कने पवित्र शास्त्रे
दा ऐ बचन सच्च होया, अब्राहमे परमेश्वरे पर भरोसा किता, कने उदे
भरोसे दिया बजा ला उसयो धर्मी माणु मनया, कने उसयो परमेश्वरे
दा मित्र बोलया गिया। 24 तां तुसां दिखी लिया की माणु सिर्फ भरोसे
ला ही नी पर भले कम्मा दिया बजा ला इक माणु धर्मी बणदा है। 25
तियां ही रहाब वैश्या भी, जालू उना संदेश देणेबाले दूतां जो अपणे
घरे रेणे दी जगा दिती कने दुज्जे रस्ते ला विदा किता, तां सै भी
अपणे इस भले कम्मे दिया बजा ला धर्मी मन्नी गेई। 26 जियां साड़ा
शरीर बिना सां दे मरया होया है, तियां ही भरोसा भी भले कम्मा दे
बिना बेकार है।

**3** हे मेरे मसीह भाईयो, तुहाड़े चे कलीसिया दे मते गुरू मत बणदे,
क्योंकि तुसां जाणदे न, की असां गुरूआं दा न्याय होर भी जादा
सकतिया ला होणा है। 2 असां सारे बड़ी बरी गलतियां करी दिन्दे न;
पर अगर कोई माणु जड़ा कुछ सै बोलदा है, उस च कोई गलती ना
करे, तां सेई सिद्ध माणु है, कने अपणे आपे जो पूरी तरहा बशे च रखी
सकदा है। 3 अगर असां घोड़यां जो अपणे वशे च करणे तांई उना
दे मुंऐ च लगाम लांदे न, तां असां उना दे सारे शरीरे जो कुसी भी
पासे घुमाई सकदे न। 4 दिखा, जाज भी कितणे बड्डे होंदे न, कने
तेज होआ ने चलाऐ जांदे न, तमी इक छोटी दिया पतवारा ने माँझी
अपणिया मरजिया ला मोड़ी दिंदा है। 5 तियां ही जीभ भी साड़े
शरीरे दा इक छोटा दिया अंग है, कने बडियां-बडियां गल्लां करदी
है: दिखा कियां, इक छोटी देई चिंगारी कितणे बड्डे बणे च अग्ग
लगाई सकदी है। 6 ऐ छोटी जीभ भी इक चिंगारी सांई है; ऐ शरीरे
दा सबते बुरा हिस्सा है, जड़ा इक माणुऐ दी सारी जिन्दगी जो नरके
दी अग्गी च नाश करी दिन्दी है। (Geenna g1067) 7 हर तरा दे बणे
दे जानवर, पंछी, कने रेंगणेबाले जानवर कने पांणिऐ च रेहणे बाले तां
माणुऐ दे वशे च होई सकदे न, कने होई भी गियो न। 8 पर जीभा जो
कोई भी माणु वशे च नी करी सकदा; सै इक ऐसी बला है, जड़ी
कदी भी रूकदी ही नी है; कने जहरिले सांपे सांई खतरनाख है।
9 इसा जीभा ला ही असां प्रभु यीशु कने पिता परमेश्वर दी स्तुति
करदे न, कने इसा जीभा ला ही माणुआं जो श्राप दिन्दे न, जिना जो
परमेश्वरे अपणे स्वरूप च बणाया है। 10 इक ही मुंऐ ला श्राप कने
धन्याबाद दोनो निकलदे न। हे मेरे मसीह भाईयो, ऐसा नी होणा
चाईदा। 11 पांणिऐ दे इकी ही खुऐ ला कोड़ा कने मिठा पाणी दोनो
सोगी कदी नी निकली सकदे। 12 हे मेरे मसीह भाईयो, इयां ही
अंजीरे दे रूखे च जैतून, या दाखा दिया बेला च अंजीर कदी नी लगी
सकदे। इयां ही पांणिऐ दे इकी ही खुऐ ला कोड़ा कने मिठा पाणी
दोनो सोगी कदी नी निकली सकदे। 13 तुसां च ज्ञान बाला कने
समझदार कुण है? अगर तुसां हेन, तां तुहांजो इसयो अच्छी जिन्दगी
जी करी साबित करणा चाईदा कने शांत सभाब जड़ा तुहाड़े ज्ञान ला
ओंदा है, अपणे भले कम्मा दे जरिये साबित करणा चाईदा। 14
अगर तुसां अपणे मने च कड़वाट, जलन कने मतलबीपन रखदे न,
तां इदा घमंड मत करदे, कने ना ही सच्च दे खिलाफ कोई झूठ
बोलनयो। 15 ऐ ज्ञान सै नी है, जड़ा स्वर्गे ला मिलदा है, ऐ तां
शारीरिक, संसारिक, कने शैतानी है। 16 क्योंकि जिथू जलन कने
मतलबी हुंदा है, ओथु बखेड़ा कने हर तरा दे बुरे कम्म भी होंदे न।
17 पर जड़ा ज्ञान स्वर्गे ला मिलदा है, सै पेहले तां पवित्र होंदा है,
फिरी मिलनसार, कोमल, कने प्यारभाव, दया ला भरूया, खरे कम्मा
ला लदुया कने बिना कुसी भेदभाव कने बिना कुसी कपट दे होंदा
है। 18 कने जड़े मेल मिलाप कराणे बाले न, उना शान्ति दा बी राणा
कने धार्मिकता दा फसल बडणी।

**4** तुसां च ऐ लड़ाई कने झगड़े कुथु ला ओंदे न; ऐ उना इच्छा
ला ओंदे न जड़ियां तुहाड़े अंदर लड़दियां न। 2 तुसां कुछ चांदे
न, पर जालू तुसां जो सै मिलदा नी है; इस तांई तुसां हत्या करणे
तांई तैयार होई जांदे न, की तुहांजो सै मिली जाऐ, पर कुछ हासिल
नी हुंदा तांई तां तुसां लड़दे झगड़दे न, तुहांजो इस तांई कुछ नी
मिलदा क्योंकि तुसां परमेश्वरे ला कुछ नी मंगदे न। 3 तुसां मंगदे न
फिरी भी तुहांजो नी मिलदा, क्योंकि तुसां बुरिया इच्छा ला मंगदे
न, ताकि अपणे बुरे कम्मा च उड़ाई दे। 4 हे व्यभिचारियों सांई
वेविश्वासी लोको, क्या तुसां नी जाणदे, कि संसारे दियां चीजां ला
मित्रता करणे दा मतलब परमेश्वरे ला बैर करणा है, जड़ा संसारे दा

मित्र बणना चांदा है, सै अपणे आपे जो परमेश्वरे दा बैरी बणाई लेंदा
है। 5 क्या तुसां ऐ समझदे न, की पवित्र शास्त्र च जड़ा लिखया है सै
बेकार है, “जिसा पवित्र आत्मा जो उनी साड़े अंदर बसाया है, सै ऐ
चांदा है की असां परमेश्वरे दी ही अराधना करन।” 6 पर परमेश्वर
सांझो होर भी जादा अनुग्रह दिन्दा है ताकि असां बुरियां इच्छां दे
खिलाफ खड़े होई सकन, इस बजा ला पवित्र शास्त्र च ऐ भी लिखया
है कि, “परमेश्वर घमंडियां दा बिरोध करदा है, पर दीन लोकां पर
अनुग्रह करदा है।” 7 इस तांई परमेश्वरे दे अधीन होई जा; कने उना
कम्मा जो करणे ला मना करा जड़ा कि शैतान चांदा है की तुसां
करा, तालू उनी तुहाड़े सामणे ला नसी जाणा। 8 परमेश्वरे दे नेड़े
ओआ, तां उनी भी तुहाड़े नेड़े ओंणा, ओ पापियो, अपणे मना जो
शुद्ध करा। लगातार सोच बदलने बाले लोको, अपणे दिले जो पवित्र
करा। 9 अपणे पापां दिया बजा ला दुखी होआ, शोक करा, कने
रोआ: तुहाड़ी हंसी रोणे च कने खुशी उदासिया च बदली जा। 10
प्रभुऐ दे सामणे दीन बणा, तां उनी तुहांजो उच्चा उठाणा। 11 हे
मसीह भाईयो, इक दुज्जे दी निंदा मत करा, जड़ा अपणे भाईयां दी
निंदा करदा है, या भाई पर दोष लांदा है, तां सै व्यवस्था दी निंदा
करदा है, कने व्यवस्था पर दोष लांदा है, तां तू व्यवस्था पर चलणे
बाला नी, पर उस पर न्याय करणे बाला होया। 12 परमेश्वर ही है
जड़ा व्यवस्था देणेबाला कने न्याय करणे बाला है सै नाश करणे बाला
कने बचाणे बाला है; तुसां कुण होंदे न, जड़े अपणे पड़ोसिऐ पर दोष
लांदे न? 13 तुसां जड़ा ऐ बोलदे न, “अज या कल असां दुज्जे शेहरे
च जाईके इक साल ओथु रेंगे, कने व्यापार करीरी फायदा करगे।”
14 पर ऐ नी जाणदे न की कल क्या होणा है। तुसां सुणा! की तुहाड़ी
जिन्दगी हे ही क्या? तुसां तां मन्ना की धुंधा सांई न, जड़ी थोड़ी
देर मिलदी है, फिरी उड़ी जांदी है। 15 इस तांई तुहांजो ऐ बोलणा
चाईदा, “अगर प्रभु दी मर्जी होंगी, तां असां जींदे रेणा है, कने ऐ
या सै कम्म भी करगे।” 16 पर हुण तुसां अपणी बडियां-बडियां
योजना पर घमंड करदे न; ऐसा सारा घमंड बुरा होंदा है। 17 इस तांई
जड़ा कोई भलाई करणा जाणदा है कने नी करदा, उदे तांई ऐ पाप
है।

5 हे अमीरों, सुणा; तुसां लोकां जो रोणा कने जोरे-जोरे ला चिलाणा
चाईदा, क्योंकि मुसीबतां तुहाड़े पर औणे बालियां न। 2 तुहाड़ी
धन दौलत नाश होई जाणी कने तुहाड़े कपड़यां जो कीड़े लगी गिया
है। 3 तुहाड़ा सोना चांदी बेकार होई गिया है; जिस धन दौलत पर
तुसां भरोसा करदे न उनी तुहांजो अग्गी सांई फुकी देणा: तुहाड़ा
गठेरया धन दौलत न्याय दे दिने तुहाड़े खिलाफ सबूत दे रूपे च खड़ा
होई जाणा। 4 दिखा, जिना मजदुरां तुहाडे खेतर बड्डे, उना दी मजदूरी
जड़ी तुसां उना जो नी दिती, उना दी नी दीतियो मजदूरी परमेश्वरे दे
सामणे तुहाडे खिलाफ चिलाई-चिलाई करी गबाई दे दी है, कने
मजदूरां दी दुहाई स्वर्गीय सेना दे प्रभुऐ सुणी लेई है। 5 तुसां धरतिया
पर भोग-विलास करणा लगी रे, कने बड़ा भरी सुख भोगया; तुसां तां
उस जानवरे सांई होई गे, जिसयो मारणे ला पेहले खुआई पियाई करी
मोटा करदे न, इयां ही तुसां भी नी जाणदे न, की तुसां नाश होआ दे
न। 6 तुसां भोले लोकां जो दोषी बोली करी मारी दिता, कने सै
तुहाड़े खिलाफ लड़ी ही नी सके। 7 इस तांई हे मसीह भाईयो, प्रभुऐ
दे ओणे दीकर सबर रखा, जियां किसान धरतिया दे किमती फसल
दी आस रखीकरी पैली कने आखरी बरखा होणे दीकर सबर रखदा
है। 8 इयां ही तुसां भी सबर रखा, कने आस मत छडा, क्योंकि प्रभु
ओणे बाला है। 9 हे मसीह भाईयो, इक दुज्जे पर दोष मत ला, ताकि
तुहाड़े पर भी दोष ना लग्गे, दिखा, न्याय करणे बाला ओणे तांई तैयार
है। 10 हे मसीह भाईयो, जिना परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां प्रभु दे नां
ला गल्लां कितियां न, उना जो दुख झेलणे कने सबर रखणे दा इक
आदर्श समझा। 11 दिखा, असां धीरज रखणे बालयां जो धन्य बोलदे
न। तुसां प्रभु दे सेवक अय्यूब दे सबर दे बारे च सुणया ही है, कने
तुसां ऐ भी जाणदे न की प्रभुऐ आखरी च उदी कियां सहायता किती,
उसला प्रभु दी बड़ी करुणा कने दया प्रगट होंदी है। 12 पर हे मेरे
मसीह भाईयो, सारयां ला बडी गल्ल ऐ है, कदी भी कसम मत खांदे,
ना ही स्वर्गे दी, ना ही धरतिया दी, ना ही कुसी होर चीजा दी, पर
तुहाड़ी गल्ल हां दी हां, कने ना दी ना हो, ताकि तुहांजो परमेश्वरे ला
सजा ना मिल्ले। 13 अगर तुहाड़े च कोई दुखी हो तां सै प्राथना करे,
अगर कोई खुश हो तां सै स्तुति दे भजन गाऐ। 14 अगर तुसां चे
कोई रोगी हो, तां सै कलीसिया दे अगुवां जो सदे, कने सै प्रभु दे नाऐ
ला उस पर तेल मली करी उदे तांई प्राथना करा। 15 कने भरोसे
दिया प्राथना ला मरीजे दे सारे रोग दूर होई जाणे, कने प्रभुऐ उसयो
ठीक करी देणा; अगर उनी पाप भी कितयो होंगे, तमी परमेश्वरे
उसयो माफ करी देणा। 16 इस तांई तुसां अपु चे इक दुज्जे दे सामणे
अपणे-अपणे पापां जो मनी लिया; कने इक दुज्जे तांई प्राथना करा,
जिसला तुसां ठीक होई जान; इक धर्मी जणे दी प्राथना बड़ी सामर्थी
है कने अदभुत नतीजे निकलदे न। 17 परमेश्वरे दा संदेश देणेबाला
एलिय्याह भी तां साड़े सांई दुख-सुख भोगी माणु था; कने उनी पुरे
दिले ला गिड़गिड़ाई करी प्राथना किती, की बरखा ना हो, कने साडे
तिन्ना सालां दीकर धरती पर बरखा नी होई। 18 फिरी उनी प्राथना
किती, तां अम्बरे ला बरखा होई, कने धरती हरी बरी होई। 19 हे मेरे
मसीह भाईयो, अगर तुसां चे कोई परमेश्वरे दे सच्च दे रस्ते ला
भटकी जा, कने कोई तुसां चे उसयो बापस फेरी लेई ओऐ। 20 तां
तुसां समझी लिया, जड़ा कोई परमेश्वरे दी सच्ची शिक्षा ला भटकयो
पापिये जो बापस लेई ओंगा, उनी इक आदमिये दे प्राणा जो मौत ला
बचाणा है, कने परमेश्वरे उदे केई पापां जो माफ करी देणा।

# 1 पतरस

**1** मैं, पतरस जड़ा यीशु मसीह दा प्रेरित है, ऐ चिट्ठी मेरिया तरफा
ला है। मैं ऐ चिट्ठी परमेश्वरे दे चुणयो लोकां जो लिखा दा है
जड़े पुन्तुस, गलातिया, कप्पदूकिया, आसिया, कने बितूनिया प्रदेशां
दे लग-लग शेहरां च परदेसियां सांई रैंदे न। 2 कने पिता परमेश्वरे
बड़े पेहले ही तुहांजो अपणे लोक होंणे तांई कने पवित्र आत्मा दे
कम्मे दे जरिये तुहांजो चुणी लिया है। उनी ऐसा इस तांई किता
ताकि तुसां यीशु मसीह दे हुकमा जो मनन कने उदे खूने ला शुद्ध
होई सकन। मैं प्राथना करदा है की परमेश्वर तुसां जो अनुग्रह कने
शांति दिन्दा रे। 3 साड़े प्रभु यीशु मसीह दे पिता कने परमेश्वरे दा
धन्यबाद हो। परमेश्वरे सांझो अपणी दया ला इक नोई जिन्दगी दिती
है, क्योंकि परमेश्वरे यीशु मसीह जो मरयां चे जिन्दा करिरी सांझो
बड़े आत्मविश्वास सोगी जिणे दे काबिल बणाया है; मतलब की
असां उना चीजां जो मिलणे दी उम्मीद करी सकदे न जड़ियां उनी
सांझो देंणे दा बायदा कितया है। 4 असां उना खरियां चीजां दा
मिलणे दा इंतजार करदे न जड़ियां परमेश्वरे साड़े तांई तैयार कितियां
न। कोई भी कदी भी इना चीजां दा नाश नी करी सकदा। उना कदी
भी पुराणिया कने उना दी सुन्दरता घट नी होणी। परमेश्वरे तुहाड़े तांई
स्वर्गे च उना चीजां जो रखया है। 5 परमेश्वर अपणिया शक्तिया ला
तुहाड़ी रक्षा करदा है, क्योंकि तुसां यीशु मसीह पर भरोसा करदे न।
उनी तुहांजो आखरी दिने दीकर जालू यीशु मसीहे मुड़ी करी ओंणा है
बचाई रखणा है। तालू तुहांजो पता लगी जाणा की परमेश्वरे तुहांजो
पाप कने मौत ला पुरे तरीके ला बचाई लिया है। 6 तुहांजो इना
सारियां चीजां दे बारे च खुश होंणा चाईदा, चाहे हुण थोड़े बकते
तांई लग-लग तरा दियां परेशानियां तुहांजो दुखी करदियां न। 7 कने
ऐ परेशानिया इस तांई होंदिया न की ताकि पता लगी सके की तुहाड़ा
भरोसा परमेश्वर पर है की नी। यीशु मसीह पर तुहाड़ा भरोसा सोने
ला भी जादा कीमती है। जियां नाश होई जाणे बाले सोने जो अग्गी
च परखया जांदा है कने शुद्ध होंदा है, इयां ही तुहाड़ा भरोसा भी
अगर परेशानियां होणे बाद भी मजबूत रैंदा है, तां इसला तुहाड़ी बड़ी
तारीफ कने महिमा कने इज्जत होणी जालू यीशु मसीहे फिरी इस
संसारे च मुड़ी ओणा है। 8 तुसां यीशु मसीह जो कदी नी दिखया है,
फिरी भी तुसां उसयो प्यार करदे न। तुसां हुण उसयो नी दिखा दे
न, पर फिर भी तुसां उस पर भरोसा करदे न। इस तांई तुसां खुशी
कने महिमा ला जादा खुश होआ जिसयो अखरां च ब्यान नी करी
सकदे न, 9 क्योंकि परमेश्वर तुहांजो पाप दिया सजा ला बचांदा
है। ऐ यीशु मसीह पर तुहाड़े भरोसे दा फल है। 10 ऐ उद्धार कुछ
ऐसा था जिदे बारे च परमेश्वरे दे संदेश देणेबाले होर जाणना चांदे
थे। उना दसया की कियां परमेश्वरे तुहांजो बचाणे तांई अपणी दया
तुहाड़े पर किती जिदे तुसां काबिल नी न, उना उस जबाब जो तोपणे
तांई बड़ी मेहनत किती। 11 मसीह दी आत्मा परमेश्वरे दे संदेश
देणेबालयां च था, जड़ा मसीह दे दुखां कने उना दुखां बाद मिलणे
बाली महिमा दे बारे च उना जो पेहले ला दस्सा दा था। परमेश्वरे दा
संदेश देणेबालयां ऐ जाणने दी कोशिश किती की आत्मा उना जो क्या
दस्सा दा था, ऐ सारियां गल्लां कालू होंणियां कने ऐ कियां पुरियां
होणियां। 12 पर परमेश्वरे इना परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां जो दसया
की उना दे संदेश अपु अपणे तांई नी न बल्कि तुहाड़े तांई थे। सै
संदेश यीशु मसीह दे बारे च शुभसमाचार है जड़ा तुसां हुण सुणया है।
परमेश्वरे स्वर्गे ला पवित्र आत्मा भेजया ताकि तुहांजो शुभसमाचार
प्रचार करणे तांई सहायता करे। ऐ सब इतणा अनोखा है की ऐथू
दीकर की स्वर्गदूत भी बड़िया गौर ला इना गल्लां जो होंदे होए
दिखदे न। 13 इस तांई अच्छे तरीके ला सोचा कने अपणे आप पर
काबू करणे दी कोशिश करा। कने उस उद्धार दी आस अनुग्रह पर
लाई रखा जड़ा तुहांजो तालू मिलणा है जालू यीशु मसीह दुबारा इस
संसारे च मुड़ी करी ओंणा है। 14 परमेश्वरे दिया आज्ञा दा पालन
करा जियां अच्छे बच्चे अपणे पिता दिया आज्ञा दा पालन करदे न।
कने उना बुरे कम्मा जो मत करा जिना दी तुसां इच्छा रखदे थे,
जालू तुसां परमेश्वरे दिया सच्चाईया जो नी जाणने थे। 15 पर हुण
तुहांजो हर कम्मा च जड़े तुसां करदे न पवित्र होणा चाईदा, जियां की
परमेश्वर पवित्र है, जिनी तुहांजो अपणे बच्चे होंणे तांई चुणया।
16 क्योंकि पवित्र शास्त्र च लिखया है की, “तुहांजो पवित्र होंणा
चाईदा क्योंकि मैं पवित्र है।” 17 कने जालू तुसां प्राथना करदे न, तां
तुसां परमेश्वरे जो अपणा पिता बोलदे न। पर तुसां याद रखा की
सै भेदभाव नी करदा है, कने हर कुसी जो उदे कम्मा दे अनुसार
न्याय करदा है। इस तांई जालू की तुसां इसा धरती पर इक परदेसी
होईकरी रैंदे न तां तुहांजो परमेश्वरे दी बड़ी इज्जत करणी चाईदी।
18 क्योंकि तुहांजो पता है की तुसां पेहले इक बेकार तरीके ला
जिन्दगी जिया दे थे, इक ऐसा तरिका जड़ा तुहाड़े पूर्वजां दे बकत
ला चली ओआ दा था। पर तुहांजो उस बेकार जिन्दगी ला बचाई
लिया। तुहांजो सोने या चांदिया सांई खत्म होंणे बालियां चीजां ला
नी खरीदया है, पर मसीह दे बड़े कीमती खूने ला खरीदया, जड़ा
इक शुद्ध कने सिद्ध मेमने सांई था। 20 इस संसारे जो बणने ला पेहले,
परमेश्वरे पेहले ला ऐ फेसला करी लिया था की यीशु मसीह छुड़ाणे
बाला होंणा। पर सै इना आखरी दिना च तुहाड़ी सहायता करणे
तांई इस संसारे च प्रगट होया। 21 जड़ा कुछ भी मसीहे किता है
उदिया बजा ला तुसां परमेश्वरे पर भरोसा करदे न। परमेश्वर सेई है
जीनी यीशु मसीह जो मरयां चे जिन्दा किता, कने उसयो बड़ी जादा
महिमा दिती। इस तांई तुसां भरोसा करदे न कने परमेश्वर पर तुहाड़ी
उम्मीद पक्की है। 22 क्योंकि सच्चाईया जो मनणे ला ही तुहांजो
तुहाड़े पापां ला शुद्ध कितया है, हुण तुहांजो अपणे साथी मसीह भाई
बेहणा सोगी इमानदारी कने साफ मने ला प्यार करदे रेंणा चाईदा। 23
तुहांजो इक दुज्जे ला प्यार करणा चाईदा क्योंकि तुहांजो परमेश्वरे
दिया तरफा ला इक नोई जिन्दगी मिलियो है। तुहांजो ऐ जिन्दगी
कुसी ऐसिया चिजा ला नी मिलियो है, जिना खत्म होई जाणा, पर
हमेशा टिकी रेणेबाले बचन दे जरिये नोई जिन्दगी मिलया है। (aiōn
g165) 24 क्योंकि पवित्र शास्त्र ऐ बोलदा है, “हर इक माणु घाऐ सांई
है, कने उदी सारी शोभा घाऐ दे फुलां सांई है। घाऐ सुकी जाणा है,

कने फुलां झड़ी जाणा है।” 25 पर परमेश्वरे दा बचन हमेशा बणी
रेंदा है। कने ऐ बचन मसीह दे बारे च शुभसमाचार है जड़ा तुहांजो च
प्रचार कितया था। **(aiōn g165)**

**2** इस तांई हर तरा दा बुरा व्यवहार छड्डी दिया, दुज्जयां जो धोखा
मत दिया, पाखंडी मत बणा, दुज्जयां ला जलन मत रखा, कुसी
जो बदनाम मत करा, 2 जियां नोऐ जम्यो बच्चे अपणी माता दे
दुधे दी इच्छा रखदे न, तियां ही तुहांजो परमेश्वरे दे बचन सिखणे
दी इच्छा रखणी चाईदी ताकि तुसां आत्मिक रूप च मजबूत बणी
सकन। तां आखरी च, परमेश्वरे तुहांजो इस संसारे दियां बुरियां
चीजां ला पुरे तरीके ला बचाई लेणा। 3 क्योंकि जियां पवित्र शास्त्र
च लिखया है की, “तुसां अपणे अनुभव ला जाणया है की प्रभु
भला है।” 4 प्रभु यीशु दी तुलना इक जिन्दे पत्थरे ला कितियो
है। उस पत्थरे जो माणुआं फेंकी दितया था क्योंकि उना बोलया
की ऐ बेकार था। पर परमेश्वरे दिया नजरा च, सै अनमोल है, कने
परमेश्वरे उसयो नियां दे मुख्य पत्थरे दे रूपे च चुणया। हे मेरे मसीह
साथियों तुसां भी मसीह बाल ओआ, ताकि तुहांजो भी उदे जरिये
जिन्दे पत्थरां सांई बणाया जाऐ जड़े परमेश्वरे दी अराधना दा घर
बणाणे तांई लगाऐ जांदे न। उनी तुहांजो भी पबित्र याजक बणाया है।
क्योंकि जियां याजक परमेश्वरे जो चढ़ावा चढ़ादें न, तियां ही तुसां
भी चढ़ावे दे रूपे च अपणा दिल परमेश्वरे जो चढ़ाया है। कने सै
चढ़ावा परमेश्वरे जो खुश करदा है, क्योंकि तुसां यीशु मसीह दे न।
6 ऐ तियां ही है जियां परमेश्वरे पबित्र शास्त्र च बोलया है, “दिखा, मैं
कुसी जो यरूशलेम शेहरे च कुणे दे पत्थरे सांई रखा दा है। सै इक
बड़े कीमती पत्थरे सांई है जड़ा नियां तांई चुणया। जड़ा उस पर
भरोसा करदा है कने निराश नी होंदा।” 7 ऐ पत्थर तुहाड़े तांई बड़ा
कीमती है जड़े यीशु मसीह पर भरोसा करदे न। पर जड़े लोक उस
पर भरोसा नी करदे उना दे बारे च पबित्र शास्त्र बोलदा है की, “जिस
पथरे जो राजमिस्त्रियां बेकार बोली करी लाणे तांई मना करी दितया
था, सै घरे दिया नियां च सारयां ला जरूरी पत्थर बणी गिया।” 8
कने फिरी पबित्र शास्त्र च ऐ भी लिख्या है, “इनी पत्थरे लोकां दी
ठोकर खाणे दी बजा होणा, ऐ इक चट्टान है जड़ी उना दे डेई पोंणे दी
बजा होणी।” क्योंकि सै परमेश्वरे दे संदेश जो नी मनणे दिया बजा
ला ठोकर खांदे न। परमेश्वरे उना सोगी ऐसा ही होणे दी योजना
बणाईयो है। 9 पर तुसां ऐसे नी न क्योंकि तुसां परमेश्वरे दे चुणयो
लोक न, तुसां परमेश्वरे दे याजक न, राजे न, तुसां परमेश्वरे दी सेबा
करणे तांई समर्पित न कने परमेश्वरे दी अपणी निज सम्पति न। उनी
तुहांजो नेहरे ला बार अपणी अनोखी लौई च सदया है, ताकि तुसां
परमेश्वरे दे अनोखे कम्मा दे बारे च दस्सी सकन। 10 (परमेश्वरे दे
संदेश देणेबाले होशे जड़ा लिख्या है सै तुहाड़े बारे च सच्च है।) इक
बकत था जालू तुसां परमेश्वरे दे लोक नी थे, पर हुण तुसां परमेश्वरे दे
लोक न। पेहले तुसां परमेश्वरे दिया दया जो नी जाणदे थे पर हुण
तुसां इसा जो जाणदे न क्योंकि उनी पेहले ला ही तुहाड़े पर अपणी
दया दस्सी है। 11 प्यारे मसीह भाईयो तुसां इस संसारे च परदेशियां
कने यात्रियां सांई रे दे न। मैं तुहांजो ला विनती करदा है की उना
सारियां बुरियां शरीरिक इच्छां ला बचा क्योंकि सै हमेशा तुहाड़िया
अपणिया आत्मा दे खिलाफ लड़दियां न। 12 केई बरी ऐसे लोक
होंदे न जड़े प्रभु जो नी जाणदे न कने सै तुहांजो पर ऐ बोली करी
गलत इल्जाम लांदे न की तुहाड़े कम्म बुरे न। इस तांई इक अच्छी
जिन्दगी जिया ताकि सै उना भले कम्मा जो दीखन जड़े तुसां करदे न
कने उस दिन परमेश्वरे जो महिमा देन जिस दिन यीशु मसीह मुड़ी
करी ओंणा है। 13 प्रभु यीशु दी इज्जत मान करणे तांई तुहांजो उना
सारे हुकमा जो मनणा चाईदा जड़े इस संसारे दे अधिकारी न; मतलब
की राजा दे अधीन जड़ा सारयां ला बड्डा कने जरूरी अधिकारी है,
14 कने राज्यपालां दे अधीन रिया क्योंकि सेई ही है जिदा उपयोग
राजा उना लोकां जो सजा देंणे तांई करदा है, जिना दे कम्म बुरे न
कने उना लोकां दी तारीफ करणे तांई जिना दे कम्म अच्छे न। 15
क्योंकि परमेश्वरे दी ऐ इच्छा है, की साड़े भले कम्मा करणे ला,
जड़े लोक परमेश्वरे जो नी जाणदे, सै अग्गे जो सांझो पर गलत
तरीके ला इल्जाम लांणे दी हिम्मत ना करन, क्योंकि ऐ गल्ल साफ-
साफ पता है की उना दे झूठे इल्जाम सच्च नी न। 16 तुहाड़े तांई
ऐसा कोई भी नी है जड़ा तुहांजो सै करणे तांई रोकी सके जड़ा तुसां
करणा चांदे न क्योंकि तुसां साड़े प्रभु यीशु मसीह दे जरिये पेहले ही
अजाद होई गियो न। पर बुरे कम्म करणे तांई इसयो भाना मत बणा।
तुहांजो अपणे कम्मा ला दसणा चाईदा की तुसां सच्ची परमेश्वरे दे
सेवक न। 17 सारयां दी इज्जत करा, अपणे मसीह भाईयां सोगी
प्यार करा, परमेश्वरे ला डरा, राजा दी इज्जत करा। 18 हे सेबकों,
तुसां जड़े घरां च कम्म करदे न कने भरोसा करणे बाले न, तुहांजो
अपणे मालिके दे हुकम मनणा चाईदे कने हमेशा उना दी इज्जत
करणी चाईदी। इयां हर तरा दे मालिकां सोगी करा चाहे सै दयालु
होन या सही होन, या जालिम होन। 19 क्योंकि अगर असां दुख
सेहन करदे न चाहे साड़ी गलती ना हो, पर असां सिर्फ इस तांई सेहन
करदे न क्योंकि असां परमेश्वरे दे बारे च सोचदे न, तां परमेश्वर
सांझो ला खुश होंदा है। 20 पर अगर तुहांजो गलत करणे तांई मार
पोंदी है, तां सजा मिलणे पर सबर रखणे च तुहाड़ी तारीफ़ करणे दी
कोई बजा नी है। पर अगर भलाई करणे दिया बजा ला तुसां दुख
सेहन करदे न कने सबर रखदे न, तां परमेश्वर खुश होंदा है। 21
कने परमेश्वरे दे जरिये तुहांजो सदणे दी बजा चे इक बजा ऐ भी
है की तुसां उदे तांई भले करदे होए दुख सेहन करी लेंणा। यीशु
मसीह जिनी तुहाड़े तांई दुख सेहन किते, सै तुहाड़े तांई इक उदाहरण
है। इस तांई तुहांजो सेई कम्म करणे चाईदे जदे मसीहे किते। 22
पबित्र शास्त्र च लिखया है, “उनी कदी पाप नी किता। उनी कदी
झूठ नी बोलया।” 23 जालू लोकां यीशुऐ दी बेइजती किती, उनी
पलटी करी उना दी बेइजती नी किती। जालू लोकां उसयो दुख
दिता, तां उनी उना ला बदला नी लिया। बल्कि उनी अपणी सहायता
तांई परमेश्वरे पर भरोसा किता, क्योंकि सै जाणदा था की परमेश्वर
हमेशा लोकां दा सही न्याय करदा है। 24 जालू मसीह मरया, तां
साड़े पापां दिया बजा ला सूली पर उदे शरीरे जो सजा दिती। उनी
ऐसा इस तांई किता ताकि असां पाप करणा बंद करी देन। कने उना

जखमा दिया बजा ला जड़े उनी सेहन किते, असां ठीक होई गे। 25
इक बकत पेहले तुसां भेडां सांई थे, जड़ियां गलत रस्ते पर जा दियां
थियां। पर हुण तुसां यीशु मसीह बाल बापस आई गियो न जड़ा
तुहाड़िया आत्मा दा पुआल कने रखवाला है।

3 हे घरे बालियों, तुसां भी अपणे घरे बालयां दे अधीन रिया।
ताकि अगर उना चे कोई भी परमेश्वरे दे बचना पर भरोसा करणे
ला मना करदा है, तां तुहांजो ऐ दसणे दी जरूरत नी होणी की उना
जो भरोसा करणा चाईदा। जालू उना दिखणा की कियां तुसां पबित्र
जिन्दगी जिया दे कने परमेश्वरे दी इज्जत करदे न, तां उना मसीह पर
भरोसा करी लेंणा। 3 तुहाड़ी सुन्दरता दिखावटी ना हो, जियां की
बाल संवारना, कने सोने दे गेहणे पेहनणा, या भाँती-भाँती दे मेंगे-मेंगे
कपड़े पांणा। 4 जड़ा तुहाड़े दिले च है, सेई है जड़ा तुहांजो सुंदर
बणादां है। साड़ा व्यवहार प्यार भरा कने शांत हो, जड़ा की परमेश्वरे
तांई बड़ा कीमती है। 5 कने बड़े पहले जड़ियां जनानियां परमेश्वरे
पर भरोसा रखदियां थियां, कने उस पर अपणी आस रखदियां थियां,
सै अपणे घरे बाले दा हुकम मन्नी करी अपणे आपे जो सुंदर बणादियां
थियां। 6 जियां सारा अब्राहम दे हुकमा जो मंदी कने उसयो स्वामी
बोलदी थी। अगर तुसां दुज्जयां सोगी भलाई करन कने तुहांजो कोई
भी चिंता कने डर ना हो, तां तुसां सारा दे बचयां सांई बणणा। 7
तियां ही हे पतियो, तुहांजो अपणिया-अपणिया घरे बालिया सोगी
समझदारिया ला रेंणा चाईदा, कने तुहांजो याद रखणा चाईदा सै
तुसां ला कमजोर न, इस तांई तुहांजो उना दी इज्जत करणी चाईदी।
क्योंकि तुसां दोनों ही हमेशा दी जिन्दगिया दे बरदाने दे हिस्सेदार न
जड़ा परमेश्वरे बड़े अनुग्रह ला दितया है। इयां करा ताकि जालू तुसां
परमेश्वरे ला प्राथना करन तां सै तुहाड़ी सुणे। 8 आखरी च, मैं तुसां
सारयां ला ऐ बोलणा चांदा है की, तुसां सारयां दा इक ही मन होंणा
चाईदा कने इक दुज्जे सोगी प्यारभाव ला रिया कने घमंड मत करा
कने नम्र बणा। 9 बुराईया दे बदले बुराई मत करा कने ना गाली दे
बदले गाली दिया; इदे बदले उना जो आशीष दिया क्योंकि परमेश्वरे
तुहांजो इसी तांई सदया है की तुसां दुज्जयां जो आशीष देई सकन।
अगर तुसां ऐसा करदे न तां परमेश्वरे भी तुहांजो आशीष देंणी। 10
क्योंकि पबित्र शास्त्र च लिख्या है, अगर कोई माणु अपणी जिन्दगी
दी खुशी लेंणा चांदा है, कने खरे दिन दिखणा चांदा है, तां उसयो
ध्यान देणा चाईदा की सै बुरियां गल्लां ना बोले। कने उसयो एसियां
गल्लां करणा बंद करी देणा चाईदा जड़ियां सच्च नी है। 11 उसयो
पक्का ही बुरे कम्म करणा छडी देणा चाईंदे। कने इदे बजाए उसयो
सेई करणा चाईदा जड़ा भला है। दुज्जयां सोगी शान्ति ला रेणे दी
कोशिश करा। 12 क्योंकि प्रभु उना लोकां दी देखभाल करदा है
जड़े भले कम्म करदे न, कने सै हमेशा उना दी प्राथना सुणने तांई
कने उना दा जबाब देंणे तांई तैयार है। पर परमेश्वर बुराई करणे बाले
लोकां दे खिलाफ कम्म करदा है। 13 अगर तुसां हमेशा भले कम्म
करणे दी कोशिश करदे न, तां कोई भी असल च तुहाड़ा नुक्सान नी
करी सकदा। 14 पर अगर जड़ा सही है सै करणे दिया बजा ला असां
दुख झेलदे न, तां असल च असां धन्य होणा। इस तांई अगर कोई
लोक सांझो डरान, तां डरदे मत कने ना ही घबरानयो, 15 पर मसीह
जो अपणे मना च प्रभु दे रूपे च इज्जत दिया। कने अगर कोई तुहांजो
ला उस आसा दे बारे च पुच्छे जड़ी भरोसा करणे बाले होंणे दे नाते
तुसां सारयां च है, तां हमेशा उसयो समझाणे तांई तैयार रिया। 16
कने अपणी अंतरात्मा भी शुद्व रखा, इस तांई की जिना गल्लां दे बारे
च तुहाड़ी बदनामी होंदी है उना दे बारे च सै, जड़े मसीह च तुहाड़े
खरे चाल-चलण दी बेइजती करदे न, शर्मिंदा होन। 17 अगर सांझो
अपणे भले कम्मा दिया बजा ला दुख मिलदा है, तां ऐ साड़े तांई खरा
है, अगर परमेश्वरे दी ऐई इच्छा है। ऐ तां बुरे कम्मा दिया बजा ला
दुख झेलणे ला साड़े तांई खरा है। 18 मैं इस तांई बोला दा है क्योंकि
यीशु मसीहे भी साड़े पापां दिया बजा ला दुख सेहन किता कने मरी
गिया। सै सिर्फ इक ही बरी मरया उसयो दुबारा मरणे दी जरूरत नी
है। सै इक धर्मी माणु था जड़ा पापी माणुआं तांई मरी गिया ताकि
सै सांझो परमेश्वरे दे नेड़े आंणी सके। उना उदे शरीर जो तां मारी
दिता पर परमेश्वरे उसयो पबित्र आत्मा दिया शक्तिया ला दुबारा
जिन्दा करी दिता। 19 तालू उदिया आत्मा जाई करी उना आत्मा जो
शुभसमाचार प्रचार किता जड़ियां उसा जगा पर केद कितियां न,
जिथू मरयां लोकां दियां आत्मा न। 20 ऐ उना लोकां दियां आत्मा
थियां जिना बड़े बकत पेहले जालू नूह अपणा जाज बणा दा था, तालू
इना परमेश्वरे दे हुकम जो नी मनया था, तालू परमेश्वर बड़े सबर ला
इंतजार करा दा था की क्या सै लोक पश्चाताप करगे। पर जालू
पाणिऐ संसारे दा नाश करी दिता, तालू सिर्फ अठ लोक बचे जिना
जाजे च प्रवेश किता था। 21 पुराणे बकत च उना दा उद्धार हुण साड़े
उद्धार दा इक उदाहरण है जालू असां बपतिस्मा लेंदे न। जिस पांणिऐ
च असां बपतिस्मा लेंदे न, सै साड़े शरीर ला मेल नी साफ करदा, पर
ऐ इक निशाण है की असां परमेश्वरे ला माफी मंगी है ताकि अग्गे
जो साड़ा मन परेशान ना रे। सांझो माफी मिली सकदी है क्योंकि
यीशु मसीह मौत दे बाद फिरी जिन्दा होया है। 22 कने सै स्वर्गे जो
चली गिया। हुण सै ओथु पर परमेश्वरे दे सज्जे पासे कने सारयां ला
बडिया जगा पर जाई करी बेई गिया, कने सै स्वर्गदूतां कने सारे
अधिकारियां कने सारियां शक्तियां पर राज करदा है।

4 इस तांई जियां मसीहे शरीर च रेईकरी दुख सेहन किता, तुहांजो
भी उस सांई ही दुख सेहन करणे तांई तैयार रेंणा चाईदा। क्योंकि
अगर तुसां मसीह तांई दुख सेहन करणे तांई तैयार न, तां तुसां पाप नी
करणे दा फेसला करी लिया है। 2 कने इसा बजा ला सै माणु इस
संसार च रेईकरी उना बुरे कम्मा जो नी करदा है, जिना जो लोक
अक्सर करणा चांदे न, पर उनी सेई करणा जड़ा परमेश्वर चांदा
है की सै करे। 3 क्योंकि तुसां अपणिया पुराणिया जिन्दगिया च
बड़ा बकत बर्बाद करी दिता जालू तुसां होर जातियां सांई, बुरे कम्मा
च, बासना च, खांणे पींणे च, दारू-बाजी च कने असभ्य देवतयां
कने उना दियां मुर्तियां दी पूजा करदे थे, जिना ला परमेश्वर नफरत
करदा है। 4 इस तांई तुहाड़े पूराणे मित्र हेरान होई जांदे न, जालू
तुसां उना सोगी बुरियां चीजां च शामिल नी होंदे जड़े सै करदे न।
इस तांई सै तुहाड़े बारे च बुरा बोलदे न। 5 पर इक दिन जरूर उना

परमेश्वरे दे सामणे न्याय तांई खड़े होणा, कने परमेश्वरे उना ला हर
इक कम्मे दे बारे च पूछणा जड़ा उना धरती पर कितया। परमेश्वरे
जिन्दे कने मरयो दोनों लोकां दा न्याय करणा। 6 क्योंकि ऐई बजा
है की मरयो लोकां भी मसीह यीशु दे बारे च शुभसमाचार सुणया।
उना दे शरीरां जो सारयां सांई मरणा पिया, पर सै हुण आत्मा च
हमेशा परमेश्वरे सोगी रेंदे न। 7 सारियां गल्लां दा अंत जल्दी होंणे
बाला है; इस तांई ध्याने ला सोचा कने अपणे आपे जो काबू च रखा
कने प्राथना तांई तैयार रिया। 8 सारयां ला जरूरी गल्ल ऐ की, इक
दुज्जे ला इमानदारिया ला प्यार करा, क्योंकि अगर तुसां लोकां
ला प्यार करगे तां तुसां हमेशा कुसी भी बुरे कम्मे जो माफ करणे
तांई तैयार रेंणा जड़े उना कितयो न। 9 लोकां दा अपणे घरे स्वागत
करा कने बिना कोई शिकायत कितयो करा। 10 हर इक माणुऐ
जो परमेश्वरे दिया तरफा ला बरदान मिलया है, उसयो उस बरदाने
दा इस्तेमाल दुज्जयां दी सहायता करणे तांई करणा चाईदा। उना
जो परमेश्वरे दे अच्छे सेबकां दे रूपे च अपणे बरदाना दा इस्तेमाल
करणा चाईदा जड़े परमेश्वरे उना जो अनुग्रह ला दितयो न। 11
अगर तुहाड़े बाल प्रचार करणे दा बरदान है, तां तुहांजो परमेश्वरे दे
बचना दा प्रचार करणा चाईदा, अगर तुहाड़े बाल दुज्जे लोकां दी
सहायता करणे दा बरदान है, तां सै इस कम्मे जो उस शक्तिया ला
करन जड़ी परमेश्वर तुहांजो दिन्दा है। तां फिरी जड़ा कुछ भी तुसां
करणा उसला यीशु मसीह दे जरिये परमेश्वरे जो महिमा मिलणी।
सारी महिमा कने शक्ति यूगां-यूगां दीकर उदी है! आमीन। (aiōn
g165) 12 हे प्यारे मसीह भाईयो, उना दुख देंणे बालियां चीजां दे
बारे च हेरान मत होआ जिना दियां बजा ला तुहांजो दुख झेलणा
पोआ दा है क्योंकि तुसां मसीह दे चेले न। पर ऐ चीजां ऐ दसणे तांई
होआ दियां न की क्या तुसां सच्ची परमेश्वरे पर भरोसा करदे न। इस
तांई ऐ मत सोचा की तुहाड़े सोगी कुछ अजीब घटना होआ दियां
न। 13 बस ऐ सोची करी खुश रिया, क्योंकि तुहांजो उना दुखां चे
इक हिस्सा मिलया है, जड़े मसीह जो मिलयो थे। इसा बजा ला
जालू मसीहे सारयां लोकां जो अपणी महिमा दसणे तांई दुबारा मुड़ी
करी ओंणा है तां तुहांजो होर जादा खुशी होंणी है। 14 फिरी अगर
मसीहे दे नाऐ दिया बजा ला तुहाड़ी बुराई होंदी है, तां तुसां धन्य न,
क्योंकि परमेश्वरे दी महिमा बाली आत्मा तुहांजो च बास करदी है।
15 तुहाड़े चे कोई भी माणु चोरी, खून करणे ला या बुरे कम्म करणे
ला, या दुज्जयां दे कम्मे च हथ पाणे दिया बजा ला दुख ना झेले।
16 पर अगर मसीही होणे दिया बजा दुख झेलणा पोऐ, तां तुसां इसयो
शर्मिंदगी दी गल्ल मत समझदे, पर इसा गल्लां तांई परमेश्वरे दी
महिमा करा की तुसां इस तांई दुख सेहन करा दे न क्योंकि तुसां यीशु
मसीह दे चेले न। 17 क्योंकि न्याय करणे दा बकत आई गिया है,
परमेश्वरे पेहले असां भरोसा करणे बालयां दा न्याय करणा है, इस
तांई उना भयानक चीजां दे बारे च सोचा जड़ियां उना लोकां सोगी
होंणियां न जड़े परमेश्वरे दे दितयो शुभसमाचारे जो नी मंदे। 18
जियां की पवित्र शास्त्र च लिखया है, "अगर इक भले माणुऐ दा
बचाया जाणा इतणा मुशकिल है, तां बुरे लोकां दा कने पापियां दा
क्या होणा जड़े परमेश्वरे दे शुभसमाचारे पर भरोसा नी करदे?" 19
इस तांई जड़े लोक परमेश्वरे दिया इच्छा दे अनुसार दुख झेलदे न,
उना जो परमेश्वरे पर भरोसा करदे रेंणा चाईदा, जिनी उना जो बणाया
है। परमेश्वर हमेशा सै करदा है जड़ा उनी करणे दा बायदा कितया
था कने इस तांई जड़ा खरा है सै करदे रेंणा चाईदा।

**5** कुछ एसियां गल्लां न जड़ियां मैं ओथु दे कलीसिया दे अगुवां
ला बोलणा चांदा है क्योंकि मैं भी तुहाड़े सांई इक अगुवा है।
मैं खुद उना दुखां जो दिखया है जड़े बड़े पेहले यीशु मसीहे सेहन
किते। जालू उनी दुबारा मुड़ी करी ओंणा है, तां मैं उदिया महिमा च
हिस्सेदार बणना है। हुण मैं तुहांजो ला बिनती करदा है, 2 जियां इक
पुहाल अपणियां भेडा दी रखबाली करदा है, तियां ही तुहांजो भी हर
इकी जणे दी देखभाल करणी चाईदी जिसयो परमेश्वरे तुहाड़िया
देखभाला च दितया है। इस कम्मे जो अपणिया इच्छा ला करा, ना
की कुसी मजबूरिया दिया बजा ला क्योंकि परमेश्वर ऐई चांदा है की
तुसां ऐसा करन। ऐ कम्म इस तांई मत करा की तुसां पैसा कमाणा
चांदे न, पर परमेश्वरे कने लोकां दी सेबा करणे दी इच्छा ला करा।
3 उना लोकां दे उपर इक शासक सांई हुकम मत दिया जिना तांई तुसां
जिम्मेबार न, पर उना तांई इक अच्छा उदाहरण बणा। 4 जालू यीशु
मसीहे, जड़ा साड़ा प्रधान पुहाल है, उनी मुड़ी करी ओंणा है, तालू
तुहांजो इक सुंदर मुकुट मिलणा है जिदी चमक कदी नी घटणी। 5
इयां ही तुसां जवान लोकां जो बुड्ढे मर्दां दे हुकम मनणा चाईदे। तुसां
सारयां जो प्यारभाव ला इक दुज्जे दी सेबा करणी चाईदी, क्योंकि
पवित्र शास्त्र च लिख्या है की, "परमेश्वर घमण्डियां दा बिरोध करदा
है, पर नम्र लोकां तांई भला है।" 6 इस तांई अपणे आपे जो परमेश्वरे
सामणे नम्र बणा जड़ा सारयां ला शक्तिशाली है, ताकि सै सही बकत
ओंणे पर तुहांजो बड़ी जादा इज्जत दे। 7 परमेश्वरे जो अपणी सारी
चिंता कने परेशानिया दस्सा क्योंकि सै तुहाड़ी परवाह करदा है। 8
ध्यान रखा, कने जागदे रिया, क्योंकि शैतान तुहाड़ा दुशमण तुहांजो
पर हमला करणा चांदा है, ताकि तुसां परमेश्वरे दे हुकमा जो नी
मनन। सै धहाड़ने बाले शेरे सांई फिरदा कने दिखदा रेंदा है की
कुसयो खाई सके। 9 तुहांजो अपणे पक्के भरोसे सोगी शैताने दा
बिरोध करणा चाईदा। याद रखा की तुहाड़े मसीह भाई-बेहण जड़े पुरे
संसार च रे दे न, ऐदे ही दुखां जो सेहन करा दे न जियां तुसां सेहन
करा दे न। 10 परमेश्वरे जड़ा अनुग्रह ला पूरा भरया है, उनी साड़े
मसीह सोगी रिश्ते दिया बजा ला स्वर्गे च उदी हमेशा दी महिमा च
हिस्सेदार होंणे तांई चुणया है। तुहांजो थोड़े बकते दीकर दुख झेलणे
बाद परमेश्वरे तुहांजो अच्छा बणाई देणा ताकि तुहांजो च फिरी कोई
दोष ना रे ताकि तुहाड़ा भरोसा मजबूत हो कने डगमगाणे बाला ना
हो। (aiōnios g166) 11 उनी हमेशा तांई शक्तिशाली रूपे ला शाशन
करणा। आमीन। (aiōn g165) 12 मैं ऐ छोटी देई चिट्ठी सिलवानुस
दिया सहायता ला लिखियो है कने तुहांजो भेजी है। जिसयो मैं मसीह
च भरोसे दे काबील भाई मंदा है। मेरा इसा चिठिया जो लिखणे दा
मकसद तुहांजो उत्साहित करणा है कने तुहांजो भरोसा दिलाणा है की
जड़ा कुछ भी तुसां सिखा दे न सै असल च तुहाड़े तांई परमेश्वरे दे

अनुग्रह दा हिस्सा है। इस अनुग्रह च टिकी रिया। 13 जड़े बाबेल
शेहरे दे यीशु पर भरोसा करणे बाले लोक तुहांजो नमस्कार करदे न,
जिना जो परमेश्वरे चुणया है, जियां उनी तुहांजो चुणया था। मरकुस
जड़ा मेरे तांई इक पुत्रे सांई है, सै भी तुहांजो नमस्कार करदा है।
14 इक दुज्जे जो गले लाईकरी नमस्कार करा। मैं प्राथना करदा है
परमेश्वर तुसां सारयां जो शांति दे जड़े प्रभु यीशु मसीह सोगी रिश्ता
रखदे न।

# 2 पतरस

1 मैं, शमौन पतरस, जड़ा यीशु मसीह दा सेबक कने प्रेरित है।
मैं तुसां सारयां तांई ऐ चिट्ठी लिखा दा है जड़े सांझो सांई उसी
कीमती भरोसे जो साझा करदे न, जड़ा भरोसा सांझो साड़े परमेश्वर
कने उद्धारकर्ता यीशु मसीहे जरिये मिलया है, जड़ा सांझो परमेश्वरे
दिया नजरा च सही बणादां है। 2 मैं प्राथना करदा है की परमेश्वर
तुहांजो जादा ला जादा अनुग्रह कने शांति दे जियां-जियां तुसां
परमेश्वर कने साड़े प्रभु यीशु मसीह दे ज्ञान च बददे जान। 3 परमेश्वरे
अपणी शक्तिया ला सांझो सै सब दितया है, जड़ा सांझो इक ऐसी
जिन्दगी जिणे तांई चाईदा जड़ी परमेश्वरे जो खुश करदी है। ऐ इस
तांई होया क्योंकि असां परमेश्वरे जो जाणदे न कने सै सेई है जिनी
अपणी अच्छाई कने महिमा दिया बजा ला सांझो अपणे लोक होंणे
तांई सदया है। 4 कने उदिया महिमा कने अच्छाईया दिया बजा
ला, उनी सांझो बड़े महान कने कीमती बायदे दितयो न। ताकि इना
बरदाना दा इस्तेमाल करिरी असां इस संसारे च जड़ियां बुरियां
इच्छा न उना ला बची सकन कने परमेश्वरे दे सभाबे च साझी बणी
सकन। 5 क्योंकि तुसां परमेश्वरे दे सभाबे च साझी होणे तांई न इस
तांई तुहांजो सिर्फ मसीह पर भरोसा ही नी करणा चाईदा, बल्कि
तुहांजो हमेशा सेई करणे दी कोशिश करणी चाईदी जड़ा दुज्जयां तांई
खरा है। तुहांजो ना सिर्फ सै करणा चाईदा जड़ा खरा है, बल्कि
तुहांजो ऐसे लोक बणना चाईदा जड़े समझदारिया ला व्यवहार करणा
जाणदे न। 6 तुहांजो ना सिर्फ ऐ जाणना चाईदा की समझदारिया
ला कियां व्यवहार करणा है, बल्कि तुहांजो अपणे आपे जो भी
काबू करणा चाईदा। तुहांजो ना सिर्फ अपणे पर काबू रखणा चाईदा,
बल्कि तुहांजो मुसीबतां च सबर भी रखणा चाईदा। ना सिर्फ तुहांजो
सबर रखणा चाईदा, बल्कि तुहांजो ऐसे तरीके ला जीणा चाईदा जड़ा
परमेश्वरे जो खुश करदा है। 7 ना सिर्फ तुहांजो इस तरीके ला जिणा
चाईदा जड़ा परमेश्वरे जो खुश करदा है, बल्कि तुहांजो इक दुज्जे
मसीह भाई बेहणा जो अपणे खुद दे परिबारे सांई प्यार करणा चाईदा।
ना सिर्फ तुहांजो इक दुज्जे सोगी अपणे परिबारे सांई प्यार करणा
चाईदा, बल्कि तुहांजो सारे लोकां सोगी प्यार भी करणा चाईदा। 8
क्योंकि अगर ऐ सारियां गल्लां तुसां च हेन कने बदा दियां न, तां
इना साड़े प्रभु यीशु मसीहे दा होर जादा ज्ञान लेंणे च तुहांजो बेकार
कने असफल नी होणा देणा। 9 पर जिदे च ऐ गुण नी है, सै उस
माणुऐ सांई जिदी नजर इतणी कमजोर है की सै दिखी नी सकदा
कने भूली गिया है की परमेश्वरे उसयो उदे पुराणे पापां ला पवित्र
करी दितया है। 10 इस बजा ला हे मसीह भाईयो, अपणे आपे जो
कने होर लोकां जो ऐ दसणे तांई होर भी अच्छा व्यवहार करणे दी
कोशिश करा की परमेश्वरे सच्ची चुणया है कने तुहांजो अपणे लोक
होंणे तांई सदया है। अगर तुसां ऐसा करगे तां पक्का ही तुसां कदी
भी परमेश्वरे ला लग नी होंणा। 11 कने परमेश्वरे तुहाड़ा उस राज्य
च बड़े आदर सोगी स्वागत करणा, जिथू साड़ा प्रभु कने उद्धारकर्ता
यीशु मसीहे हमेशा तांई राज करणा। (aiōnios g166) 12 मैं तुहांजो
इना गल्लां दे बारे च बार-बार याद दिलाणा चांदा है, हालांकि तुसां
पेहले ला ही इना गल्लां जो जाणदे न कने पूरा भरोसा करदे न की
सै सच्चियां न। 13 साड़े प्रभु यीशु मसीहे मिंजो साफ-साफ दस्सी
दितया है की मैं जल्दी ही मरी जाणा है। इस तांई मिंजो लगदा है
की मेरे तांई ऐई खरा है की जालू दीकर मैं जिन्दा है तालू दीकर मैं
तुहांजो याद दिलांदा रे। 15 इस तांई मैं तुहांजो ऐ गल्लां दसणे तांई
इतणी मेहनत करा दा है, ताकि मेरिया मौता ला बाद तुसां हर बकत
इना गल्लां जो याद रखन। 16 जालू असां प्रेरितां तुहांजो साड़े प्रभु
यीशु मसीह दी शक्ति कने मुड़ी ओंणे दे बारे च संदेश दिता, तां असां
तुहांजो कोई चलाकिया ला मन घड़न्त कहाणियां नी सुणाईयां न,
बल्कि असां उदिया महिमा जो अपणी हखी ला दिखया है। 17
असां उदे सोगी उस पवित्र पाड़े पर थे, जालू पिता परमेश्वरे उसयो
महिमा कने इज्जत दिती थी। उस बकत परमेश्वरे दिया तरफा ला
यानी की महिमा ला उस तांई अबाज आई, “ऐ मेरा अपणा प्यारा
पुत्र है, जिसला मैं खुश है!” असां खुद स्वर्गे ला ओंदी अबाज जो
सुणया। 19 कने असां जाणदे न की मसीह दे बारे च परमेश्वरे दे
संदेश देणेबालयां जड़े बचन लिखयो थे, सै सच्चे न, कने जड़ा
असां तुहांजो यीशु मसीहे दे दुबारा मुड़ी ओंणे दे बारे च सिखाया था,
सै इसा गल्ला जो सच्च साबित करदे न। तुहांजो उना बचना जो
ध्याने ला सुणना चाईदा, क्योंकि जियां नेहरे च इक चमकदा दिय्या
लोकां जो सही रस्ता दसणे च सहायता करदा है, तियां ही इना बचना
तुहांजो ऐ जाणने तांई सहायता करणी की सच्च क्या है। प्रभु यीशु
मसीह दे दुबारा मुड़ी करी ओंणे दीकर तुहांजो उना बचना जो ध्याने
ला सुणना चाईदा, उदा मुड़ी करी ओंणा नोऐ दिने दिया भयागा सांई
रौशनी लोंणा है, कने सै भयागा दे तारे सांई होणा। उस बकत उदी
लौ तुहाड़े दिलां च चमकणी कने तुहाड़े सामणे परमेश्वरे जो साफ-
साफ प्रगट करणा। 20 पर ऐ बड़ा जरूरी है की तुसां इसा गल्ला जो
समझन की परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां दे बचन जड़े तुसां पवित्र
शास्त्र च पढ़दे न, सै सिर्फ उना दे अपणे बिचार नीं न। 21 क्योंकि
पवित्र शास्त्र च दीतियो कोई भी भविष्यवाणी कदी भी माणुऐ दिया
मरजिया ला नी होंदी है। पर पवित्र आत्मा उना दे मना च पांदा है,
जालू उना परमेश्वरे दिया तरफा ला आयो संदेशे जो बोलया।

2 जियां बड़े बकत पेहले, ऐथू इस्राएली लोकां बिच झूठा संदेश
देणेबाले गुरु थे, तियां ही तुहाड़े बिच भी झूठी शिक्षां दे झूठे गुरु
होणे। सै झूठी शिक्षां जो चुपके ला फेलाई दिन्दे न, कने जड़ियां
लोकां जो मसीह पर भरोसा करणे ला रोकदियां न। इना झूठे गुरूआं
मसीह जो अपणा मालिक मनणे ला मना करी देणा जड़ा उना दा
मालिक है कने जिनी उना जो पाप दिया शक्तिया ला अजाद कितया
है। ऐसा करिरी उना अचानक अपणे आप दा नाश करवाई लेणा है।
2 परमेश्वरे दे मतयां लोकां इना गुरूआं दे बुरे कम्मा दी नकल करणी
है, कने जड़ा कुछ भी सै करदे न उदिया बजा ला लोकां परमेश्वरे
पासे जाणे बाले रस्ते दे बारे च बुरियां-बुरियां गल्लां करणियां। 3 ऐ
गुरु लालची होंणे, कने उना बणियां-बणाईयां कहाणियां सुणाई करी
तुहांजो धोखा देणा ताकि तुहांजो ला पैसा कमाई सकन। परमेश्वरे बड़े

पेहले ही फेसला करी लिया था की सै उना जो सजा दे कने सै ऐसा
करणे तांई तैयार है। उनी पक्का ही उना दा नाश करी देणा। 4 तुसां
जाणदे न की बड़े बकत पेहले जालू कुछ शैताने दे दूतां परमेश्वरे दे
हुकमा जो नी मनया था, तां परमेश्वरे उना स्वर्गदूतां जो सजा दिती।
उनी उना जो नरक च फेंकी दिता, कने उना जो नेहरे च केद करिरी
उस दिने दीकर रख्या है जालू उनी उना दा न्याय करणा कने सजा
देंणी है। (Tartaroō g5020) 5 तुसां ऐ भी जाणदे न की जालू बडे
बकत पेहले रेणे बालयां लोकां परमेश्वरे दा डर नी मनया तां उनी उना
दे बुरे कम्मा जो नजरअंदाज नी किता जड़े सै करा दे थे। बल्कि
उनी पुरिया धरतिया पर पांणी भरी करी ऐसी सजा दिती की सै सारे
डूबी करी मरी गे। पर परमेश्वरे नूह समेत अठां लोकां जो बचाई
लिया, जिना परमेश्वरे सोगी सही रेणे दे बारे च बिचार किता। 6
परमेश्वरे सदोम कने अमोरा शेहरां जो सजा दिती, कने उना जो
ऐसा भस्म करी दिता की सै फकुई करी राख बणी गे। परमेश्वरे इना
लोकां जो सजा देईकरी चेताबनी दिती की जड़े लोक परमेश्वरे दे
हुकमा जो नी मंदे न उना सोगी क्या होंणा है। 7 पर इसला पेहले की
परमेश्वर सदोम कने अमोरा शेहरे दा नाश करदा, उनी लूत जो ओथु
ला निकाली दिता कने बचाई लिया, सै इक धर्मी माणु था। लूत
बड़ा दुखी था क्योंकि सदोम शेहरे दे लोक कुसी भी नियम जो नी
मंदे थे कने बड़े ही शर्मशार कम्म करदे थे। 8 सै उना बुरे लोकां
बिच रेंदा था, कने सै हर रोज उना बुरे कम्मा जो दिखदा था जड़े सै
करदे थे कने उना दियां बुरियां गल्लां जो सुणदा था, कने सै इना
सारियां गल्लां ला बड़ा दुखी था, क्योंकि सै इक धर्मी माणु था। 9
ऐ सारे कम्म जड़े परमेश्वरे अतीत च किते, सै सांझो ऐ दसणे तांई न
की जड़े लोक परमेश्वरे जो खुश करणे बाली जिन्दगी जिन्दे न,
जालू सै मुसीबता च होंदे न तां परमेश्वर उना दी पक्का रक्षा करदा।
कने असां ऐ भी यकीन करी सकदे न की परमेश्वरे उस दिने दीकर
लगातार अधर्मियां जो सजा दिन्दे रेंणा जालू दीकर सै सारे लोकां दा
न्याय नी करदा। 10 परमेश्वरे उना झूठे गुरूआं जो पक्का ही सजा
देंणी है जड़े अपणी बुरियां इच्छा दे मुताबिक कम्म करदे न, कने
अपणे उपर परमेश्वरे दे अधिकारे जो नी मंदे न। सै ढीठ कने घमण्डी
न। सै महिमामय स्वर्गे दे प्राणियां दे बारे च बुरा भला बोलणे ला नी
डरदे न। 11 पर स्वर्गदूत जड़े इना झूठे गुरूआं ला जादा शक्तिशाली
न, सै भी उना दी बेइज्जती नी करदे जालू सै परमेश्वरे सामणे उना
पर दोष लांदे न। 12 पर ऐ झूठे गुरू जंगली जानवरां सांई कम्म करदे
न, जड़े सेई करदे न जदिया उना दा शरीर चांदा है कने जड़े इस तांई
पैदा होंदे न की लोक उना जो फसाई करी मारी सकन। ऐ झूठे गुरू
उना चीजां दी बेईजती करदे न, जिना दे बारे च सै असल च कुछ
नी जाणदे। परमेश्वरे उना जो तियां ही नाश करी देणा जियां लोक
जानवरां जो मारदे न। 13 उना दा विनाश उस नुक्सान दा फल है
जड़ा उना कितया है। उना जो दिन दोपहरी अनैतिक खांणा-पिणा
पसंद है। सै तुहाड़े बिच इक कलंक कने धब्बे न। सै धोखा देंणे च
खुशी मंदे न, कने सै तुहाड़े तांई धामा च तुहाड़े सोगी खांदे पिंदे न।
14 सै हर इक जनानिया सोगी व्यभिचार करणा चांदे न, जिसा जो भी
दिखदे न। सै पाप करणे दे मौके तोपदे रेंदे न। सै उना लोकां जो
धोखा दिन्दे न जिना दा मसीह पर भरोसा कमजोर होंदा है, कने सै
उना जो पाप पासे लेई जांदे न। कने उना दे होर जादा-जादा चीजां
पांणे दे हमेशा बददे लालचे दिया बजा ला ही परमेश्वरे उना जो सजा
देंणी। 15 उना सही कम्म करणा बंद करी दितया है, कने उना सियुदा
ही कम्म करणा शुरू करी दितया है, जदिया बओर दे पुत्र बिलामे
बड़े पेहले कितया था। उनी गलत कम्म करिरी पैसा कमाणा पसंद
किता। 16 पर परमेश्वरे बिलामे जो उदे बुरे कम्मा तांई उदिया गदिया
दे जरिये फटकार लाई। भले ही गधे बोलदे नी न, पर उना गदिया
बिलामे ला इन्साना सांई गल्ल किती, जालू बिलाम राजे जो मिलणे
तांई गदिया जो लदी करी लेई चलया था कने परमेश्वरे उस बकत
बिलामे जो बेवकूफिया बाला कम्म करणे ला रोकी दिता। 17 ऐ झूठे
गुरू उना पांणिऐ दे झरनया सांई बेकार न, जड़े सुकी गियो न। सै उना
बदला सांई बेकार न, जिना जो बरखा होणे ला पेहले तेज होआ
उड़ाई करी लेई जांदी है। परमेश्वरे उना तांई इक ऐसी जगा तैयार
कितियो है जिथू सिर्फ काला नेहरा ही है। 18 जालू सै लोकां जो
शिक्षा दिन्दे न, तां सै बेकार कने घमंडी गल्लां दा इस्तेमाल करदे न।
सै लोकां जो दसदे न की सै उना शर्मनाक कम्मा जो करी सकदे जड़ा
उना दा शरीर करणा चांदा है, कने सै उना लोकां जो दुबारा पाप
करणे तांई भटकाई दिन्दे न, जिना थोड़े बकत पेहले ही यीशु मसीह
पर भरोसा किता था। 19 झूठे गुरू लोकां जो दसदे न की सै जड़ा
कुछ भी करणा चांदे न, सै करणे तांई उना जो अजादी है, हालांकि
सै खुद गुलाम न क्योंकि उना दा अपणा पापी सभाब उना जो बुरे
कम्म करणे तांई मजबूर करदा है। क्योंकि जड़ा कुछ भी तुहांजो
काबू करदा है, तुसां उदे गुलाम बणी जांदे न। 20 लोक संसारे दिया
बुराईया ला बची गे जालू उना प्रभु यीशु मसीह जो उद्धारकर्ता मन्नी
लिया, पर हुण फिरी दुबारा उना बुरे कम्मा च फसी गियो न, कने सै
बुरे कम्म सान्झो काबू करदे न, इस तांई हुण यीशु मसीह जो छडणे
बाद उना दी हालत पेहले ला भी बुरी होई गियो है, जालू उना भरोसा
नी कितया था। 21 मेरा ऐ मतलब है, क्योंकि परमेश्वरे उना लोकां
जो होर भी जादा सकत सजा देंणी जड़े प्रभु यीशु मसीह जो छडी
दिन्दे न, बजाए उना दे जिना कदी प्रभु यीशु मसीह जो अपनाया ही
नी। उना तांई ऐई खरा होणा था की सै कदी ऐ जाणदे नी की जिन्दगी
जो धर्मी तरीके ला जिणे दा क्या मतलब होंदा है। हुण सै जाणदे न
की सही क्या है पर उना परमेश्वरे दे हुकमा मनणा बंद करी दितया है
जड़े असां प्रेरितां सिखायो थे। 22 उना सोगी जड़ा होंदा है सै दसदा
है की ऐ कहाबतां सच्चियां न; सै कुत्तयां सांई न जड़ा अपणिया
उलटिया जो चटणे तांई बापस ओंदा है, कने सै सुअरां सांई न जिसयो
धोया जांदा है कने सै दुबारा चिकड़े च लोटणे तांई चली जांदा है।

3 हे प्यारे मसीह भाईयो, हुण मैं तुहांजो ऐ दुज्जी चिठ्ठी लिखदा है,
मैं तुहांजो ऐ दोनों चिठियां इस तांई लिखियां न, ताकि जड़िया
गल्लां तुसां पेहले ला ही जाणदे न, उना दे बारे च तुहांजो याद दिलाई
करी तुहाड़े मना च साफ बिचार पैदा करी सकें। 2 मैं ऐसा इस तांई
करा दा है क्योंकि मैं चांदा है की तुसां उना बचना जो याद रखा,

जड़े परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां बड़े पेहले बोलयो थे, कने साड़े
उद्धारकर्ता, साड़े प्रभु यीशु मसीह दियां शिक्षां जो याद रखा जड़ियां
तुहांजो उना प्रेरितां सिखाईयां थियां जड़े तुहाड़े बाल आये थे। **3**
सारयां ला जरूरी गल्ल ऐ है जड़ी तुहांजो पता होणा चाईदी की
मसीह दे दुबारा मुड़ी ओंणे ला पेहले आखरी दिना च ऐसे लोक
होंणे न जिना तुहाड़िया इसा गल्ला दा मजाक उड़ाणा की मसीहे
दुबारा मुड़ी करी ओंणा है। उना अपणिया बुरियां आदतां ला मजबूर
होईकरी बुरे कम्म करणे जिना ला उना जो खुशी मिलदी है। **4**
कने उना बोलणा, “उदे ओंणे दा बायदा सच्च नी है! उनी कदी
नीं ओंणा है, क्योंकि सारयां ला पेहले साड़े अगुवे थे, सै सारे मरी
गियो न, पर फिरी भी कुछ नी बदलया है। सारियां चीजां तियां ही
होंदिया आईयां न जालू ला परमेश्वरे इस संसारे जो बणाया है।” **5** सै
जाणी बुझी करी इसा गल्ला जो नजरअंदाज करदे न की संसारे दिया
शुरूआत च, परमेश्वरे बोलया कने अम्बर बणी गिया। अपणे बचने
ला उनी धरतिया जो पांणिया ला लग किता, कने पांणिऐ ला सुकी
जमिना जो बाहर लेई आया। **6** इस पांणिऐ ला ही उनी उस संसारे जो
खत्म करी दिता जड़ा उस बकत था। उनी इक भारी बरखा किती
कने सारिया धरतिया पर बाढ़ आई गेई कने सारे जिन्दे प्राणी डुबी
करी मरी गे। **7** जियां परमेश्वरे धरती कने अम्बरे जो बणाणे दा
हुकम दिता था, तियां ही उनी इस हुणे दे युगे जो तालू दीकर बणी रेणे
दा हुकम दिता जालू दीकर उसयो अग्गी च ना फुकी दे। परमेश्वर
उना जो उस रोजे दीकर रखा दा है जालू उनी सारे लोकां दा न्याय
करणा कने उना लोकां दा नाश करणा जड़े उदी इज्जत नी करदे। **8**
हे मेरे प्यारे मसीह भाईयो, तुसां इसा इकी गल्ला जो कदी मत भुला
की परमेश्वरे तांई इक दिन हजार सालां सांई है कने हजार साल इक
दिन सांई है। उदे तांई इक दिन कने इक हजार साल सब इक बराबर
है। **9** कुछ लोक सोचा दे न की प्रभु बापस मुड़ी ओंणे दे बायदे जो
पूरा करणे च देरी करा दा है पर प्रभु देरी नी करा दा है बल्कि सै
तुहाड़े सोगी सबर रखा दा है। क्योंकि सै कुसी जो भी नाश नी
करणा चांदा है। परमेश्वर चांदा है की हर कोई अपणे मने जो फिराए
कने गलत कम्मा जो करणा बंद करी दे कने उदे बाल आई जा। **10**
पर प्रभुऐ पक्का ही बापस ओंणा है। कने उनी अचानक ही मुड़ी
करी ओंणा है जियां कोई चोर अचानक आई जांदा है। उस दिने
अम्बरे च बड़े गड़ाकयां दा शोर होणा है। कने अम्बरे लोप होई
जाणा। अम्बरे च सारा कुछ मतलब की सूरज, चाँद, तारे सब कुछ
अग्गी च खत्म होई जाणा। उस दिन परमेश्वरे उना सारे कम्मा जो
प्रगट करी देणा है जड़े लोकां कितयो न, ताकि उना दा न्याय होई
सके। **11** परमेश्वरे पक्का ही इना सारियां चीजां दा नाश करी देणा
है, जियां मैं हुण बोलया है, इस तांई तुहांजो पवित्र चाल चलन कने
भक्ति च जिन्दगी जिणा चाईदी जड़ी परमेश्वरे जो खुश करे। **12**
जियां की तुसां उस दिने दा इतंजार करा दे न जालू परमेश्वरे संसारे दे
लोकां दा न्याय करणे तांई ओंणा है, तां उस दिने दे जल्दी ओंणे
तांई अपणी तरफा ला पूरी कोशिश करा। उस दिन अग्गी भड़की
पोंणा है कने अम्बरे जो भस्म करी देणा है, उसा गर्मियां ला अम्बरे
दा सब कुछ पिघली जाणा। **13** पर असां उम्मीद करा दे न की
परमेश्वरे इक नोआ अम्बर कने नोई धरती बणाणी जिदा उनी बायदा
कितया था। ओथु सिर्फ धर्मी लोक ही रेंदे न। **14** इस तांई हे प्यारे
मसीह भाईयो, जालू तुसां इना गल्लां दा होणे दा इंतजार करा दे
न, इस तांई तुहांजो ऐसी जिन्दगी जिणे दी हर इक कोशिश करणा
चाईदी जड़ी पवित्र कने परमेश्वरे जो खुश करदी हो कने इक दुज्जे
सोगी शांतिया सोगी रिया। **15** साड़े प्रभु दे सबर जो इक ऐसा मौका
समझा, जड़ा सै तुहांजो ओंणे बाले न्याय ला बचणे तांई दे दा है। ऐ
सब कुछ साड़े प्यारे मसीह भाई पौलुसे भी परमेश्वरे दे दितयो ज्ञाने
ला इक चिठिया च लिखया है, जड़ा मैं तुहांजो दसया है। **16** उनी
अपणियां सारियां चिठियां च, जड़ियां उनी यीशु मसीह पर भरोसा
करणे बालयां जो लिखियां न, उना च एसियां ही गल्लां करदा है
जदियां तुहांजो लिखियां न। पर कुछ गल्लां जड़ियां सै लिखदा है,
उना जो समझणा मुशकिल है। जिना लोकां खरी शिक्षा नी लियो है
कने जिना दा मसीह पर भरोसा कमजोर होंदा है, सै इना मुशकिल
गल्लां दा मतलब गलत समझांदे न, तियां ही जियां सै पवित्र शास्त्र दे
कुछ हिस्सयां जो गलत तरीके ला दसदे न। इयां करीरी ला खुद ही
अपणा नाश करी लेंदे न। **17** इस तांई हे मसीह भाईयो, तुसां पेहले
ला ही जाणदे न की ऐ गल्लां होणियां न। इस तांई इसा गल्ला दा
ध्यान रखा की जड़े लोक नियमा जो नी मंदे सै तुहांजो झूठ बोली
करी भटकाई ना देंन। अगर तुसां सच्चाई पर भरोसा करणा बंद करी
दिंगे जिस पर तुसां इक बकत पर बड़ा जादा भरोसा था। **18** पर तुसां
साड़े प्रभु, कने उद्धारकर्ता यीशु मसीह दे अनुग्रह जो होर जादा ला
जादा अनुभव करणा चाईदा, कने ऐ की तुसां होर अच्छे तरीके ला
जाणी सकन। उदी महिमा हुण कने हमेशा होंदी रे। आमीन। **(aiōn
g165)**

# 1 यूहन्ना

**1** असां तुहांजो इक माणुऐ दे बारे च लिखा दे न जड़ा जीवन
दा बचन है, कने सै शुरूआत ला ही था, जिसयो असां सुणया,
जिसयो असां ध्याने ने अपणी हखी ने दिखया कने हथां ने छुता। 2
ऐ माणु जड़ा जिन्दगी दिंदा है सै धरती पर आया है, कने असां उसयो
दिखया, कने उदी गबाई दिन्दे न, कने तुहांजो हमेशा दी जिन्दगी दे
बारे च दसदे न, जिसयो पिता परमेश्वरे सांझो दसया। (aiōnios g166)
3 जड़ा कुछ असां यीशुऐ मसीह दे बारे च दिखया कने सुणया है,
उदी गबाई तुहांजो भी दिन्दे न, इस तांई की तुहाड़ी संगती साड़े सोगी
हो: कने साड़ी ऐ संगती पिता परमेश्वर सोगी, कने उदे पुत्र यीशु
मसीह सोगी है। 4 कने ऐ गल्लां असां इस तांई लिखदे न, की
तुहाड़ी खुशी पूरी होई जा। 5 जड़ा शुभसमाचार असां यीशुऐ ला
सुणया है, सै ऐ है, की परमेश्वर अच्छा है कने ज्योति सांई पबित्र है
कने उदे च कोई भी बुराई नी है। 6 अगर असां बोलन, की परमेश्वरे
सोगी साड़ी हिस्सेदारी है, कने असां फिरी भी बुराई करदे रेंदे न, तां
असां झूठ बोलदे न कने सच्चाई ने नी जिन्दे न। 7 तुसां सै ही करा
जड़ा सही है जियां परमेश्वर सिद्ध रूपे च सही है, तियां ही असां भी
लौई च जी न, तां परमेश्वरे कने इक दुज्जे ने हिस्सेदारी रखदे न,
कने उदे पुत्र यीशु मसीह दा खून सांझो साड़े सारयां पापां ला शुद्ध
करदा है। 8 अगर असां बोलन की असां कोई पाप नी किता, तां
असां अपणे आपे जो धोखा दिन्दे न, कने जड़ी सच्चाई परमेश्वर
बोलदा है इस पर भरोसा नी करदे। 9 अगर असां परमेश्वरे सामणे
अपणे पापां जो मन्नी लेन, तां सै साड़े पापां जो माफ करणे कने
सांझो सारे अधर्म ला शुद्ध करणे च भरोसे दे काबील कने धर्मी है।
10 अगर असां बोलन की असां पाप नी किता, तां असां परमेश्वरे जो
झूठा बणादे न, कने असां परमेश्वर दे बचन जो नी समझदे न कने सै
जड़ा बोलदा है उदा पालन नी करदे।

**2** हे मेरे बच्चो, मैं ऐ गल्लां तुहांजो इस तांई लिखा दा है, की तुसां
पाप ना करन; कने अगर कोई पाप करे तां पिता परमेश्वर बाल
साड़ा इक सहायक है सै यीशु मसीह है कने सांझो माफ करणे तांई
पिता परमेश्वरे ला प्राथना करदा है कने सै धर्मी है। 2 कने उनी ही
साड़े पापां दी माफी तांई अपणा बलिदान दिता: कने सिर्फ साड़े ही
नी पर संसारे दे सारे लोकां दे पापां तांई भी। 3 अगर असां परमेश्वरे
दे हुकमा जो मन्नी लेंगे, उसला ही सांझो पता चलणा की असां
उसयो जाणदे न। 4 जड़ा कोई ऐ बोलदा है, मैं परमेश्वरे जो जाणी
गिया है, पर उदे हुकमा जो नी मनदा, सै झूठा है; कने परमेश्वरे दे
सच्च दे अनुसार जिन्दगी नी जिन्दा है। 5 पर जड़ा कोई परमेश्वरे दे
बचना जो मनदा है, उदे च सची परमेश्वरे दा प्यार सिद्ध होया है,
सांझो इसी ने ही पता चलदा है, की असां उदे सोगी बणी रेंदे न। 6
जड़ा कोई ऐ बोलदा है की असां यीशु मसीह च टिकयो न, तां
सै यीशु मसीह सांई ही चाल चलन रखन। 7 हे प्यारो, मैं तुहांजो
कोई नोआ हुकम नी लिखदा, पर सेई पुराणा हुकम जड़ा शुरू ला
तुहांजो मिलया है; ऐ पुराणा हुकम सै बचन है, जिसयो तुसां तालू
सुणया जालू यीशु मसीह पर भरोसा किता। 8 फिर भी जड़ा हुकम मैं
तुहांजो लिखदा है, सै नोआ हुकम है, कने इदी सच्चाई यीशु मसीह
च कने तुसां च भी मिलदी है; क्योंकि हुण बुराई खत्म होंदी जा दी
है कने सच्चाई कने पबित्रता बदा दी है। 9 जड़ा कोई ऐ बोलदा है,
की मैं अच्छाई कने भलाई ने जी दा है; पर अपणे मसीह भाईयां ने
बैर रखदा है, सै हल्लै दीकर भी बुराई च ही है। 10 जड़ा कोई
अपणे मसीह भाईऐ ने प्यार रखदा है, सै भलाई ने जिन्दगी जिंदा है,
कने उदे अंदर ऐसा कुछ नी है जड़ा कुसी दे पाप करणे दी बजा
बणे। 11 पर जड़ा कोई अपणे मसीह भाइये ने बैर रखदा है, सै बुराई
च जी दा है कने बुराई च चलया है, कने नी जाणदा है की कुथु
चलया है क्योंकि बुराईया उदियां हखी अन्निया करी दितियां न।
12 हे बच्चो, मैं तुहांजो इस तांई लिखा दा है, की यीशु मसीह दे
नाऐ ने तुहाड़े पाप माफ होऐ न। 13 हे पिताओं, मैं तुहांजो इस तांई
लिखा दा है, क्योंकि तुसां मसीह जो जाणदे न, जड़ा शुरू ला है। हे
जवानो, मैं तुहांजो इस तांई लिखा दा है, की तुसां उस शैताने पर जित
हासिल किती है: हे बचयां, मैं तुहांजो इस तांई लिखया है, की तुसां
पिता परमेश्वरे जो जाणी गियो न। 14 हे पिताओं, मैं तुहांजो इस तांई
लिखया है, क्योंकि तुसां मसीह जो जाणदे न, जड़ा शुरू ला है। हे
जवानो, मैं तुहांजो इस तांई लिखया है, की जोरे बाले होआ, कने
परमेश्वरे दा बचन तुसां च बणी रेंदा है, कने तुसां उस शैताने पर जित
हासिल किती है। 15 तुसां ना तां संसारे ला कने ना तां संसारे दिया
चीजां ने प्यार रखा अगर कोई संसारे ने प्यार रखदा है, तां उदे च
पिता परमेश्वरे दा प्यार नी है। 16 क्योंकि जड़ा कुछ संसारे च है,
मतलब की शरीरे दी पापी इच्छा जो पूरा करणा, कने चीजां जो
दिखणा कने उना जो पांणे दी इच्छा रखणा कने जड़ा उदे बाल है
कने जड़ा सै करदा है उदा घमंड करणा, सै पिता परमेश्वरे दिया
तरफा ला नी, पर संसारे दिया तरफा ला है। 17 संसार कने उदी बुरी
इच्छा दोनो खत्म हुंदे जांदे न, पर जड़ा परमेश्वरे दिया इच्छा दे
अनुसार चलदा है, सै हमेशा बणी रेंदा है। (aiōn g165) 18 हे बच्चो,
ऐ मसीहे दा मुड़ी करी ओणे दा बकत है, जियां तुसां सुणया है, की
मसीहे दा बिरोधी औणे बाला है, उदे अनुसार हुण भी बड़े भरी मसीह
दे बिरोधी आई गियो न; इसला असां जाणदे न, की मसीह दे मुड़ी
करी ओणे दा बकत है। 19 सारे जड़े मसीह दा बिरोध करदे न सै
निकलयो तां सांझो ला ही न, पर सांझो चे नी थे; क्योंकि अगर
सांझो चे होंदे, तां साड़े सोगी रेंदे, पर उना सांझो छडी दिता क्योंकि
उना चे कोई भी साड़ा नी था। 20 पर तुहांजो तां यीशु मसीह दे
जरिये पबित्र आत्मा मिलया है, कने तुसां सब सच्च जाणदे न। 21 मैं
तुहांजो इस तांई नी लिखया, की तुसां सच्च जो नी जाणदे न, पर इस
तांई लिखया है, की तुसां उसयो जाणदे न, कने इस तांई की कुसी भी
झूठ दा जन्म सच्च ला नी होंदा है। 22 झूठा कुण है? सिर्फ सै जड़ा
यीशु जो मसीहा होणे जो मना करदा है; कने मसीह दा बिरोधी सेई
है, जड़ा पिता परमेश्वर दा कने पुत्र यीशु जो नी मनदा है। 23 जड़ा
कोई पुत्रे जो नी मनदा है उदे बाल पिता परमेश्वर भी नी: जड़ा पुत्र
यीशु जो मन्नी लेदां है, उदे बाल पिता परमेश्वर भी है। 24 जालू तुसां

मसीह पर भरोसा किता कने जड़ा सच्चाई दा बचन तुसां सुणया, सै
ही तुसां च बणी रे। अगर सै तुसां च बणी रे, तां तुसां भी पुत्रे च, कने
पिता परमेश्वर च बणी रेणा। **25** हमेशा दी जिन्दगी सै बायदा है जड़ा
पिता परमेश्वरे सांझो ने कितया है। **(aiōnios g166)** **26** मैं तुहांजो उना
लोकां दे बारे च चिताबनी दे दा है जड़े तुहांजो गलत शिक्षा ने धोखा
देणे दी कोशिश करा दे न। **27** पर तुहांजो तां पवित्र आत्मा यीशु
मसीह दे जरिये मिलया है, सै तुहाडे च हमेशा बणया रे; इस तांई
तुहांजो सच्चाई दे बारे च कुसी माणुऐ जो सिखाणे दी जरूरत नीं है,
बल्कि पवित्र आत्मा तुहांजो उना सरियां चीजां दे बारे च जाणने च
मदद करणी है जिना दी तुहांजो जरूरत है, जड़ा पवित्र आत्मा तुहांजो
सिखाणा सै सच्च है, उस च कुछ झूठ नी है: इस तांई यीशु मसीह
सोगी बणी रिया जियां की पवित्र आत्मा करणे तांई बोलया है। **28** हे
बच्चों मसीह सोगी बणी रिया; की जालू उनी दोबारा प्रगट होणा, तां
सांझो हिम्मत हो, कने असां उदे ओणे पर उदे सामणे शरमिंदा ना
होन। **29** क्योंकि तुसां ऐ जाणदे न, की यीशु मसीह धर्मी है, तां ऐ
भी जाणदे न, की जड़े कोई धर्मे दे कम्म करदे न, सै परमेश्वर दे
बच्चे न।

**3** बिचार करा की पिता परमेश्वरे साड़े ने कितणा प्यार किता है,
की सांझो परमेश्वर दे बच्चे बोलन, कने सच्ची असां परमेश्वर दे
बच्चे न। इस संसारे दे लोक ऐ नी जाणदे न की असां परमेश्वर दे
बच्चे न क्योंकि सै पिता परमेश्वर जो नीं जाणदे। **2** हे प्यारो, हुण
असां परमेश्वरे दी ओलाद न, कने हल्ले दीकर ऐ प्रगट नी होया,
की असां भविष्य च क्या बणी जाणा। इतणा पता है की जालू उनी
प्रगट होणा है, तां असां भी उदे सांई होणा, क्योंकि उसयो तदिया ही
दिखणा जियां सै है। **3** कने जड़ा कोई यीशु मसीह पर आस रखदा
है, सै अपणे आपे जो तदेया ही पवित्र करदा है, जदेया सै पवित्र है।
**4** जड़े कोई लगातार पाप करदे न, सै परमेश्वरे दी व्यवस्था जो नी
मंदे कने पाप करणा व्यवस्था जो तोड़णा है। **5** कने तुसां जाणदे न,
की सै इस तांई आया है की साड़े पापां दिया सजा जो दूर करी दे;
कने उदे च कोई पाप नी है। **6** जड़ा कोई उदे च बणीं रेंदा है, सै
लगातार पाप नी करदा; जड़ा कोई पाप करदा है, सै नी जाणदा की
यीशु मसीह कुण है, कने ना ही उसयो जाणया है। **7** हे बच्चो, कुसी
दे बेहकाबे च मत ओंदे। जड़ा धार्मिकता दे कम्म करदा है, सेई यीशु
मसीह सांई धर्मी है। **8** जड़ा कोई लगातार पाप करदा है, सै शैताने
दिया तरफा ला है, क्योंकि शैतान शुरू ला ही पाप करदा आया है,
परमेश्वरे दा पुत्र इस तांई आया, की शैताने दे कम्मा जो खत्म करे।
**9** जड़ा कोई परमेश्वरे दे बच्चे न सै लगातार पाप नी करदा; क्योंकि
परमेश्वर दा सभाब उदे च है: कने सै पाप नी करी सकदा, क्योंकि
सै परमेश्वरे दा बच्चा है। **10** इसी ने परमेश्वरे दे बच्चे कने शैताने दे
बच्चे जाणे जांदे न; जड़ा कोई धर्मे दे कम्म करदा, सै परमेश्वरे दिया
तरफा ला है, कने जड़ा कोई अपणे मसीह भाईऐ ने प्यार करदा है सै
भी परमेश्वरे दिया तरफा ला है। **11** जड़ा समाचार तुसां शुरू ला
सुणया है, से ऐ है, की असां इक दुज्जे ने प्यार रखिऐ। **12** कने
आदम दे पुत्र कैन सांई मत बणदे, जड़ा उस शैताने दा बच्चा था,
जिनी अपणे भाईऐ दी हत्या किती, कने उनी उदी कुसा बजा ने हत्या
किती? उनी इस तांई हत्या किती क्योंकि उदे अपणे कम्म बुरे थे,
कने उदे भाईऐ दे कम्म धर्मे दे थे। **13** हे मसीह भाईयो, अगर संसारे
दे लोक तुहांजो ने बैर रखदे न तां हेरान मत होंदे। **14** सांझो पता है,
की असां मौत दी शक्ति ला अजाद होई गियो न कने हुण साड़े बाल
परमेश्वरे दिया तरफा ला हमेशा दी जिंदगी है; क्योंकि असां मसीह
भाईयां ने प्यार रखदे न, कने जड़ा प्यार नी रखदा है सै हले भी मौत
दिया शक्तिया दे अधीन है। **15** जड़ा कोई अपणे भाईयां ने बैर रखदा
है, सै हत्यारा है; कने तुसां जाणदे न, की कुसी भी हत्यारे च हमेशा
दी जिन्दगी नीं रेंदी। **(aiōnios g166)** **16** असां प्यार जो यीशु मसीह
ला ही जाणया, की उनी साड़े तांई अपणे प्राण दिते; इस तांई सांझो
भी मसीह भाईयां तांई प्राण देणा चाईदे। **17** पर जिसदे बाल संसारे दी
धन सम्पत्ति हो कने सै अपणे मसीह भाईये जो कंगाल दिखीकरी उस
पर तरस ना खा, तां उदे च परमेश्वरे दा प्यार नी होई सकदा। **18** हे
मेरे प्यारे बच्चो, सांझो बचना कने गल्लां ला ही नी, पर उना दी
सहायता करी के सच्चा प्यार करणा चाईदा। **19** जालू असां दुज्जयां
ने प्यार करगे इसला ही सांझो पता चलणा है, की असां सच्च दी
ओलाद न। कने जालू कदी साड़ा मन सांझो पर दोष ला, तां असां
परमेश्वरे दे सामणे अपणे मने जो दिलासा देई सकदे न। **20** क्योंकि
परमेश्वर साड़े मने ला बड्डा है; कने सब कुछ जाणदा है। **21** हे प्यारो,
अगर साड़ा मन सांझो दोष नी ला, तां असां परमेश्वरे सामणे हिम्मत
होंदी है। **22** कने जड़ा कुछ असां परमेश्वरे ला मंगदे न, सै सांझो
उसला मिलदा है, क्योंकि असां उदे हुकमा जो मंदे न; कने जड़ा
परमेश्वरे जो खुशी दिन्दा है असां सेई करदे न। **23** कने उदा हुकम ऐ
है की असां उदे पुत्र यीशु मसीहे पर भरोसा करन कने जियां उनी
सांझो हुकम दितया है तियां ही अपु चे प्यार रखन। **24** जड़ा उदे
हुकमा जो मनदा है, सै परमेश्वर च रेंदा है कने परमेश्वर उना च रेंदा
है। कने इसी ला ही उसा पवित्र आत्मा ला जड़ी उनी सांझो दिती है,
असां जाणदे, की सै सांझो च रेंदा है।

**4** हे प्यारो, हर इक कुसी पर भरोसा मत करा जड़ा बोले उस बाल
पवित्र आत्मा है, पर उना जो परखा, की सै परमेश्वरे दिया तरफा
ला हेन की नी; क्योंकि बड़े भरी झूठे संदेश देणेबाले इस संसारे च
आयो न, जड़े बोलदे न की असां पिता परमेश्वरे दिया तरफा ला
बोलदे न। **2** परमेश्वरे दी आत्मा जो तुसां इसा रीतिया ने पछेणी
सकदे न, की जड़ा कोई माणु ऐ मनी लेंदा है, की यीशु मसीह माणु
बणी करी आया है, सै परमेश्वरे दिया तरफा ला है। **3** कने जड़ा कोई
माणु यीशुऐ जो नी मंदा है, सै परमेश्वरे दिया तरफा ला नी है; कने
सेई मसीह दे बिरोधी दी आत्मा है; जिसदी चर्चा तुसां सुणी बैठयो न,
की सै औणे बाला है, कने हल्ले भी संसारे च है। **4** हे बच्चों, तुसां
परमेश्वरे दिया तरफा ला झूठे संदेश देणेबालयां जो हराया; क्योंकि
जड़ा पवित्र आत्मा तुहाड़े च है, सै शैताने ला बडा है जड़ा संसार च
है। **5** सै परमेश्वर दिया तरफा ला झूठे संदेश देणेबाले संसारे दे न,
इस तांई सै संसारे दियां गल्लां करदे न, कने संसार दे लोक उना दी
सुणदे न। **6** असां परमेश्वरे दिया तरफा ला न, जड़े परमेश्वरे जो

जाणदे न, सै साड़ी सुणदा है; जड़ा परमेश्वरे जो नी जाणदा है सै
साड़ी नी सुणदा है इस तरीके ने असां सच्च दी आत्मा कने झूठ दी
आत्मा जो पछेणी लेंदे न। 7 हे प्यारो, असां अपु चे प्यार रखन;
क्योंकि प्यार परमेश्वर ला है कने जड़ा कोई दुज्जयां सोगी प्यार
करदा है, सै परमेश्वरे दा बच्चा है कने परमेश्वरे जो जाणदा है।
8 जड़ा दुज्जयां जो प्यार नी करदा सै परमेश्वरे जो नी जाणदा है,
क्योंकि परमेश्वर प्यार है। 9 जड़ा प्यार परमेश्वर साड़े ला रखदा है,
सै इसा गल्ला ने प्रगट होया है की पिता परमेश्वरे अपणे इकलोते
पुत्रे जो संसार च भेजया है ताकि सांझो उसला हमेशा दी जिन्दगी
मिल्ले। 10 सच्चा प्यार ऐ नी है की असां परमेश्वरे ने प्यार किता,
पर उनी सांझो ने प्यार किता है, पर परमेश्वरे साड़े पापां जो माफ
करणे तांई अपणे पुत्रे जो बलिदान होणे तांई भेजया है। 11 हे प्यारो,
जालू परमेश्वरे सांझो ने ऐसा प्यार किता, तां सांझो भी अपु चे ऐदिया
ही प्यार रखणा चाईदा। 12 परमेश्वरे जो कदी भी कुनी नी दिखया
है; अगर असां अपु चे प्यार रखिऐ, तां परमेश्वर सांझो च बणी रेंदा
है; कने उदा प्यार सांझो च सिद्ध होई गिया है। 13 इसी ने सांझो पता
चलदा है, की असां परमेश्वर च रेंदे न, कने परमेश्वर सांझो च रेंदा
है; क्योंकि उनी अपणी पवित्र आत्मा सांझो दितया है। 14 असां पुत्रे
जो दिखया है कने गबाई भी दिन्दे न की पिता परमेश्वरे अपणे पुत्रे जो
संसारे दे लोकां दा उद्धारकर्ता बणाई के भेजया है। 15 जड़ा कोई ऐ
अपनाई लेंदा है की यीशु परमेश्वरे दा पुत्र है, परमेश्वर उदे च रेंदा है,
कने सै परमेश्वरे च रेंदा है। 16 असां जाणदे न कने भरोसा करदे न
की परमेश्वर सांझो ने प्यार करदा है, उसयो असां जाणी गे न, कने
सांझो उदा भरोसा है; परमेश्वर प्यार है जड़ा प्यार च बणया रेंदा है
परमेश्वर उदे च रेंदा है, कने सै परमेश्वरे च रेंदा है।। 17 इसी ला ही
प्रेम सांझो च पूरा होया कि, न्याय दे दिने सांझो हिम्मत मिल्ले की सै
सांझो नी दिंगा, क्योंकि मसीह सांई इक दुज्जे सोगी प्यार करदे न
कने इसा दुनिया च मसीह सांई रेंदे न। 18 प्यार च डर नी होंदा,
सिद्ध प्यार डरे जो भी दूर करी दिन्दा है, क्योंकि जड़ा डरदा है सै
सजा ला डरदा है। जड़ा डरदा है सै प्यारे च सिद्ध नी होया है। 19
परमेश्वरे सांझो ला पेहले प्यार किता इस तांई असां परमेश्वर कने
दुज्जयां सोगी प्यार करदे न। 20 अगर कोई बोले, मैं परमेश्वरे ने
प्यार करदा, पर अपणे मसीह भाईऐ ने दुशमणी रखे; तां सै झूठा
है; क्योंकि जड़ा अपणे मसीह भाईऐ ने जिसयो उनी दिखया है
उसला प्यार नी रखदा है, तां सै परमेश्वरे ने भी प्यार नी रखी सकदा
है, जिसयो उनी दिखया भी नी है। 21 कने उसला सांझो ऐ हुकम
मिलया है, की जड़ा कोई परमेश्वरे ने प्यार रखदा हे, सै अपणे मसीह
भाई ने भी प्यार रखे।

**5** जिदा ऐ भरोसा है की यीशु ही मसीह है, सै जन परमेश्वरे दी
संतान है कने जड़ा कोई पिता परमेश्वरे ला प्यार करदा है, तां सै
उदी संतान ला भी प्यार करदा है। 2 जालू असां परमेश्वरे ने प्यार
करदे न, कने उदे हुकमा जो मंदे न, तां इसी ने सांझो पता चलदा है,
की परमेश्वरे दी ओलाद ने प्यार रखदे न। 3 परमेश्वरे ने प्यार करणे
दा मतलब है की असां उदे हुकमा जो मनन; कने उदे हुकमा जो
मनणा बड़ा कठिन नी न। 4 क्योंकि जड़े कोई परमेश्वरे दे बच्चे न,
सै संसारे पर जित हासिल करदे न, कने सै जीत, जिसने संसारे जो
रांदा है, सै साड़ा भरोसा ही है। 5 संसारे पर जीत पाणे बाला कुण न?
सिर्फ सेई जिसदा भरोसा है, की यीशु ही परमेश्वरे दा पुत्र है। 6 ऐ
यीशु मसीह है, जिसयो परमेश्वरे इस संसार च भेजया है, कने उसयो
पाणिऐ ने बपतिस्मा दितया था, कने बाद च जालू सै मरी गिया तां
उदा खून बेह गिया। सै सिर्फ बपतिस्मा लेणे तांई नी आया था पर
सूली पर अपणा खून बहाइ करी मरया भी। पवित्र आत्मा दसदा है
की यीशु मसीह परमेश्वरे ला आया, कने पवित्र आत्मा हमेशा सेई
दसदा है जड़ा सच्च है। 7 गबाई ऐ है की यीशु मसीह साड़े पापां
तांई बलिदान होया, ऐ तिन्न गल्लां इसदी गबाई दिन्दियां न। 8
पवित्र आत्मा, पाणी, कने खून; तिनो इक ही गल्ल बोलदियां न। 9
जालू असां माणुऐ दी गबाई मन्नी लेंदे न, तां परमेश्वरे दी गबाई तां
उसला भी बदीकरी है कने परमेश्वरे दी गबाई ऐ है, की उनी अपणे
पुत्रे दे बारे च गबाई दितियो है। 10 जड़ा परमेश्वरे दे पुत्रे पर भरोसा
करदा है, सै अपणे मने च ही गबाई रखदा है; जिनी परमेश्वरे पर
भरोसा नी रखया, उनी परमेश्वरे जो झूठा बणाया; क्योंकि उनी
उसा गबाइया पर भरोसा नी किता, जड़ी परमेश्वरे अपणे पुत्रे दे बारे
च दिती है। 11 कने सै गबाई ऐ है, की परमेश्वरे सांझो हमेशा दी
जिन्दगी दितियो है कने सांझो ऐ हमेशा दी जिन्दगी परमेश्वरे दे पुत्रे
ला मिल्ली है। (aiōnios g166) 12 जड़ा पिता परमेश्वरे दे पुत्र यीशु
मसीह जो अपनांदा है, उदे बाल हमेशा दी जिन्दगी है; कने जड़ा
परमेश्वरे दे पुत्रे जो नी अपनांदा है, उदे बाल हमेशा दी जिन्दगी
भी नी है। 13 मैं तुहांजो ऐ सब इस तांई लिखया है की तुसां, जड़े
परमेश्वरे दे पुत्रे पर भरोसा करदे न, की तुहांजो पता लग्गे की हमेशा
दी जिन्दगी तुहाड़ी है। (aiōnios g166) 14 कने सांझो परमेश्वरे
सामणे जड़ी हिम्मत होंदी है, सै ऐ है; की अगर असां उदी इच्छा ने
कुछ मंगदे न, तां सै साड़ी सुणदा है। 15 कने जालू असां जाणदे न,
की जड़ा कुछ असां परमेश्वरे ला मंगदे न, सै साड़ी सुणदा है, तां ऐ
भी जाणदे न, की जड़ा कुछ असां मंगया है सांझो मिल्ला भी है।
16 अगर कोई अपणे मसीह भाईऐ जो ऐसा पाप करदे दिखे, जिदा
परिणाम मौत न हो, तां सै उदे तांई परमेश्वरे ला प्राथना करा तां
परमेश्वरे उदिया जिन्दगिया दी रक्षा करणी। क्योंकि इक पाप ऐसा
भी होंदा है जिदा नतीजा मौत है; मैं इदे बारे च परमेश्वरे ला प्राथना
करणे तांई नी बोलदा। 17 हर तरा दा अधर्म तां पाप है, पर ऐसा
पाप भी है, जिदा नतीजा मौत है। 18 सांझो पता हे, की जड़ा कोई
परमेश्वर दा बच्चा है, सै लगातार पाप नी करदा; क्योंकि परमेश्वरे
दा पुत्र यीशु मसीह उदी रक्षा करदा है कने शैताने उसयो छुई नी
सकदा। 19 असां जाणदे न, की असां परमेश्वरे ला न, कने सारे
संसारे दे लोक उस शैताने दे वशे च पियो न। 20 कने ऐ भी जाणदे न,
की परमेश्वरे दा पुत्र यीशु मसीह इस संसार च आया कने उनी सांझो
समझ दिती, की असां उस सच्चे परमेश्वरे जो पछेणन। असां सच्चे
परमेश्वरे सोगी करीबी रिश्ते च न क्योंकि साड़ा उदे पुत्र यीशु मसीह
सोगी करीबी रिशता है। सच्चा परमेश्वर कने हमेशा दी जिन्दगी ऐई

है। **(aiōnios g166)** **21** हे बच्चों, अपणे आपे जो हर इक ऐसी चिजा
ला दुर रखा जड़ी तुहाड़े दिले च परमेश्वरे दी जगा ले।

# 2 यूहन्ना

**1** मैं यूहन्ना कलीसिया दा अगुवा, मैं ऐ चिट्ठी उसा आदरणीय
जनानिया जो कने उसा दे बच्चयों जो लिखा दा है, जिना जो
परमेश्वरे चुणया है। मैं सच्ची तुहांजो ने प्यार करदा है, कने सिर्फ मैं
ही नी पर सै सारे भी प्यार करदे न, जड़े परमेश्वरे दी सच्चाईया पर
भरोसा रखदे न। 2 असां तिजो ला इस तांई प्यार करदे क्योंकि
सच्ची शिक्षा साड़े मना च बणियो है सै हमेशा साड़े सोगी बणी रेणी
है। (aiōn g165) 3 परमेश्वर पिता कने उदे पुत्र यीशु मसीह दिया
तरफा ला अनुग्रह, दया कने शांति असां सारयां सोगी बणी रे। जड़े
सच्च जो मंदे कने इक दुज्जे ने प्यार करदे न। 4 मैं बड़ा खुश होया
जालू मैं तेरे कुछ बचयां दे बारे च सुणया की सै सचाई ने जिन्दगी जी
दे न, सै बिलकुल सै ही करा दे न जड़ा साड़े पिता परमेश्वरे करणे
जो बोलया। 5 हुण हे आदरनीय जनानी, मैं तिजो ला विनती करदा
है, की सांझो इक दुज्जे ने हमेशा प्यार करणा चाईदा। ऐ कोई नोआ
हुकम नी है पर सेई हुकम है जिसयो असां उस बकते ला जाणदे न
जालू असां मसीह दे पिच्छे चलणा शुरू कितया था। 6 सच्चा प्यार
सै है जड़ा असां तालू करदे न जालू असां परमेश्वर दे हुकमा जो मंदे
न, जालू ला असां मसीह दे पिच्छे चलणा शुरू कितया है, तालू ला
असां सुणया है की परमेश्वरे तुहांजो हुकम दितया है की तुहांजो
हमेशा इक दुज्जे ने प्यार करदे रेणा चाईदा। 7 मैं ऐ इस तांई बोला दा
है क्योंकि केई लोक न जड़े झूठे उपदेश दिन्दे न सै मतियां जगां च
गियो न, सै बोलदे न की यीशु मसीह माणुऐ दे रूपे च इसा दुनिया च
नी आया है। जड़ा कोई ऐ नी मंदा की यीशु माणुऐ दे रूपे इसा धरती
च नी आया है तां सै माणु मसीह दा बिरोधी है कने लोकां जो हमेशा
धोखा दिंदा है। 8 इस तांई तुसां ऐ ध्यान रखा की ऐ लोक तुहांजो
धोखा ना देन, ताकि परमेश्वरे दी सेबा तांई कितियो मेहनत बेकार ना
होई जा कने परमेश्वरे तुहाड़ी सेबकाई तांई तुहांजो पूरा इनाम देणा।
9 जड़े लोक सच्ची शिक्षा ला भटकी जांदे न कने मसीह दी शिक्षा
जो नी मंदे न, सै परमेश्वरे सोगी संगती च नी न। जड़े लोक यीशु
मसीह दी शिक्षा जो मंदे न सै परमेश्वरे सोगी कने उदे पुत्र यीशु सोगी
संगती च न। 10 अगर कोई तुहाड़े बाल आऐ कने कुछ सिखा दा है,
जड़ा मसीह यीशु दी सिक्षा ला लग है। ना तां उदी मेहमान नबाजी
करा, कने ना ही उसयो नमस्ते करा। 11 क्योंकि जड़ा कोई ऐसे
माणुआं दा स्वागत करदा है, सै उदे बुरे कम्मा च हिस्सेदार होंदा है
जड़ा सै करदा है। 12 मैं होर भी मतियां गल्लां तुहांजो दसणा चांदा
है, पर मैं उना जो इयां चिठिया च नी लिखणा चांदा है, पर मिंजो
आस है, की मैं तुहाड़े बाल ओंऐ, कने आमणे सामणे होईकरी गल्लां
करे तालू असां पूरी तरा ला खुश होणा। 13 ऐथू तुहाड़ियां बेंहणा दे
बच्चे, जिना जो परमेश्वरे चुणयां है सै तुहांजो नमस्कार करा दे न।

# 3 यूहन्ना

1 मैं यूहन्ना कलीसिया दा अगुवा इसा चिठिया जो अपणे प्यारे
भाई गयुस जो लिखदा है, मैं तिजो ला सच्चा प्यार करदा है। 2
हे प्यारे, मेरी ऐ प्राथना है; जियां तुसां भरोसे च मजबूत होंदे जांदे न,
ठीक तियां ही बाकी होर कम्मा च भी तरकी करा कने स्वस्थ रिया।
3 क्योंकि कुछ विश्वासी भाईयां आई करी, मिंजो दसया की तुसां
अपणी जिन्दगी इमानदारिया ने सच्चाई च जी दे न, तां मिंजो बड़ी
खुशी होई। 4 जालू भी मैं ऐ सुणदा है की सै लोक जड़े मेरे बचयां
सांई न, सै उसी तरीके ने जी दे न, जड़ा सच्ची परमेश्वरे सांझो
दसया है, इसला मिंजो होर भी जादा खुशी होंदी है। 5 हे प्यारे,
तू बड़िया इमानदारिया ने साड़े मसीह भाईयां दी मदद किती जड़े
शुभसमाचार प्रचार तांई यात्रा करा दे थे, चाहे सै तुहाड़े तांई अनजाण
ही थे। 6 उना चे केई लोकां ऐथू दे विश्वासियां जो कलीसिया च
दसया है की तू अपणे मसीह साथियां ने कितणा प्यार करदा है। हुण
मैं तिजो ने बोलदा है तिजो ऐसे मसीह साथियां दी मदद करदे रेणा
चाईदा जड़े मसीह दा शुभसमाचार प्रचार करणे तांई यात्रा करदे न
क्योंकि ऐ परमेश्वरे जो खुश करदा है। 7 क्योंकि सै मसीह दा
शुभसमाचार सुणाणे तांई निकलयो न, कने भरोसा नी करणे बालयां
ला कोई मदद नी लेंदे। 8 इस तांई ऐसयां दा अपणे घरे ओणे पर
स्वागत करा कने जड़ी उना दी जरूरत है सै दिया, जिसने असां भी
सच्ची सेबा दे हिस्सेदार बणन। 9 मैं कलीसिया दे ना इक चिठ्ठी
लिखी; पर दियुत्रिफेस उनी मेरियां गल्ला जो मनणे ला मना करी
दिता क्योंकि सै खुद हमेशा ला ही कलीसिया दा अगुवा बणना चांदा
है। 10 इस तांई जालू मैं ओणा, तां तुहाड़े सामणे उदे कम्मा जो जड़ा
सै करा दा कने जड़ा साड़े बारे च बुरियाँ-बुरियाँ गल्लां बोलदा
है सारा कुछ दसगा; कने इतणा ही नी, सै अपु तां शुभसमाचार
प्रचार करणे बाले मसीह भाईयां जो स्वीकार नी करदा है कने ना ही
कलीसिया दे लोकां जो ऐसा करणा दिन्दा है कने जड़े करणा चांदे न,
उना जो मना करदा है, कने कलीसिया ला निकाली दिन्दा है। 11 हे
प्यारे, उना माणुआं दी नकल मत करदे जड़े बुरे कम्म करदे न, पर
उना माणुआं दे पिच्छे चलनयो जड़े अच्छे कम्म करदे न। जालू
कोई अच्छा कम्म करदा है, तालू सै ऐ साबित करदा है, की मैं
परमेश्वरे दा पुत्र है कने जड़ा बुराई करदा है उनी परमेश्वरे जो नी
दिखया। 12 दिमेत्रियुस दे बारे च कलीसिया दे सारे लोक बोलदे न
की बड़ा अच्छा बन्दा है क्योंकि सै सच्चाई ने जिन्दगी जिन्दा है,
सच्च भी अपु उदी गबाई दिंदा है: कने असां भी बोलदे न, की सै
बड़ा अच्छा बन्दा है कने तू जाणदा है, असां सच्च बोलदे न। 13 मैं
होर भी मतियां गल्लां तुहांजो दसणा चांदा है, पर मैं उना जो इयां
चिठिया च नी लिखणा चांदा है। 14 पर मिंजो आस है, की मैं तुहाड़े
बाल ओंऐ, कने आमणे सामणे होईकरी गल्लां करे तालू असां पूरी
तरा ला खुश होणा। मैं प्राथना करदा है की परमेश्वर तिजो शांति दे।
ऐथू दे मसीह मित्र तिजो नमस्कार करदे न ओथु दे दोस्तां दे ना लेई-
लेई के नमस्कार बोली दियां।

# यहूदा

1 मैं, यहूदा तुहांजो ऐ चिट्ठी लिखा दा है। मैं यीशु मसीह दा सेबक
कने याकूबे दा छोटा भाई है। मैं तुसां लोकां जो लिखा दा है,
जिना जो परमेश्वरे अपणे उपर भरोसा करणे तांई सदया है। साड़ा
पिता परमेश्वर तुहांजो ने प्यार करदा है कने तुहाड़ी रक्षा करदा है। 2
मैं प्राथना करदा है की परमेश्वर तुहांजो दया, शांति कने प्यार बड़ा
जादा दे। 3 हे प्यारे मसीह भाईयो, मैं तुहांजो उसा नोई जिन्दगी दे
बारे च लिखणे दी हर इक कोशिश करा दा है कने जड़ी यीशु मसीह
दे जरिये परमेश्वरे दिया तरफा ला होंदी है कने जिसा च असां सारे
हिस्सेदार न। पर हुण मिंजो इसा चिठिया जरिये तुहांजो प्रोत्साहित
करणे दी जरूरत महसूस होआ दी है ताकि तुसां मसीह पर भरोसे च
टिकी रेणे तांई कोशिश करा। परमेश्वरे अपणे लोकां तांई ऐ भरोसा
इक ही बरी हमेशा तांई दितया है, कने इसयो बदली नी सकदे। 4 मैं
तुहांजो इस तांई लिखा दा है क्योंकि कुछ ऐसे लोक न जड़े भरोसा
करणे दा दिखावा करदे न, कने परमेश्वरे दी इज्जत नी करदे न कने
तुहाड़िया कलीसिया च शामिल होई गियो न, कने गलत शिक्षा दिन्दे
न क्योंकि परमेश्वरे अपणे अनुग्रह ला साड़े पापां जो माफ करी
दिन्दा है, इस तांई असां बुरे कम्म कने पाप करी सकदे न, जड़ा
साड़ा इकलोता मालिक कने साड़ा प्रभु है। बड़े बकत पेहले ला,
पवित्र शास्त्र च लिख्या है की परमेश्वरे ऐसे लोकां जो सजा देंणी
है। 5 हालांकि तुसां इना सारियां गल्लां दे बारे च जाणदे न, फिरी
भी मैं तुहांजो इना गल्लां दी याद दिलाणा चांदा है, की परमेश्वरे
इस्राएलियां जो गुलामी ला अजाद कराया कने मिस्र देशे ला कडी
लेई आया, पर बादे च उनी सारयां जो मारी दिता, जिना रेगिस्तान च
उस पर भरोसा नी किता। 6 याद करा की परमेश्वरे उना शैताने
दे दूतां जो कियां सजा दिती, जिना अपणिया जिम्मेदारियां जो नी
निभाया, कने उना अपणे पदां जो छडी दिता। परमेश्वरे इना स्वर्गदूतां
जो नेहरे च रखया है, कने ऐसे संुगला ला बनया है जिना जो कोई नी
तोड़ी सकदा ताकि उस महान न्याये बाले दिने उना दा न्याय होई
सके। (aïdios g126) 7 इस तांई इना इस्राएली कने स्वर्गदूतां सांई,
उना लोकां जो भी याद रखा जड़े सदोम कने अमोरा शेहरां च कने
उना दे अखे-बखे दे ग्रां च रेंदे थे, की उना सोगी क्या होया था।
सै लोक व्यभिचारी होई गियो थे, कने हर तरा दे नाजायज यौन
रिशतयां च पेई गियो थे, इस तांई परमेश्वरे उना जो अग्गी ने मारी
दिता। उना सोगी जड़ा होया सै झूठे गुरूआं तांई इक चेतावनी है
की उना जो भी कदी नी बुझणे बालिया अग्गी दी सजा मिलणी है।
(aiōnios g166) 8 इना उदाहरणा दे बारे च जाणने बाद भी, ऐ भरोसा
होणे दा दिखावा करणे बाले माणु इयां ही पाप करदे न कने बोलदे
न की उना दर्शण दिखया है। सै अपणे शरीर जो पाप करणे तांई
इस्तेमाल करदे न, कने परमेश्वरे दे अधिकारां जो नी मंदे न, कने
महिमामय स्वर्गदूतां जो बदनाम करदे न। 9 पर ऐथू दीकर की प्रधान
स्वर्गदूत मीकाईले भी ऐसियां बुरियां गल्लां नी कीतियां जदियां
गल्लां ऐ झूठे गुरु करदे न। पर जालू उनी शैताने सोगी बेहस किती
कने मूसा परमेश्वरे दा संदेश देणेबाले दिया लाशा जो लेई जाणे तांई
अपणे अधिकारे जो चुनौती दिती, तां मीकाईले ऐ नी सोचया की उदे
बाल बुरियां गल्लां बोली करी शैताने पर बुरा दोष लाणे दा हक है।
बल्कि उनी बोलया, “प्रभु तिजो ला सकताईया ला गल्ल करे।” 10
पर सै लोक जड़े परमेश्वरे दी अराधना नी करदे, सै ऐसिया गल्लां दा
बिरोध करणे तांई उना दे बारे च बुरा भला बोलदे न, जड़ियां उना जो
समझ नी ओंदियां; कने सै जंगली जानवरां सांई व्यवहार करदे न,
कने जिना कम्मा दे बारे च सै जाणदे नी न, उना जो बिना सोचयो
समझे करदे न, परमेश्वरे उना जो सजा देंणी है। 11 उना दा बड़ा
बुरा होंणा है! की सै कैन सांई बुराई दे रस्ते पर चलदे न, जिनी
अपणे भाई दी हत्या करी दिती थी, क्योंकि सै भाईऐ ला जलदा था,
क्योंकि परमेश्वरे उदे भाईऐ दे बलिदान जो अपनाई लिया था पर उदे
बलिदाने जो नी। उना जल्दबाजी च सेई गलती किती जड़ी बिलामे
होर लोकों जो पाप पासे लेई जाणे दी किती ताकि पैसे कमाई सके।
जियां मूसा दे खिलाफ जाणे ला कोरह दा नाश होई गिया, तियां ही
उना लोकां दा भी नाश होई जाणा जड़े परमेश्वरे दे खिलाफ जांदे न।
12 जियां पांणिऐ अंदर लुकियां चट्टाना समुंद्री जाजां तांई खतरनाख
न, तियां ही ऐ लोक तुहाड़े सोगी धामा च तुहाड़े तांई खतरनाख
न। चाहे सै प्रभु भोज च शर्मनाक कम्म करदे न पर सै इना कम्मा
दिया बजा ला कोई भी शर्म महसूस नी करदे। सै उना पुहाला सांई न
जड़े अपणी ही देखभाल करदे न; सै दुज्जयां लोकां दी सहायता
नी करदे। सै उना बदला सांई न जिना जो सुकी होआ बिना बरखा
कितयो उड़ाई लेई जांदी है। सै बायदे तां बड़े करदे न, पर कुछ दिन्दे
न। फसल दे बकते दे रूखां सांई न जिना पर कोई फल नी होंदा है
जिना जो उखाड़ी दिन्दे न, मतलब की सै मरी गियो न। 13 समुन्द्रे
दियां भारी लेहरां सांई जड़ियां गंदा झाग बणादियां न, ऐ लोक भी
शर्मनाक कम्म करदे न। सै कुछ तारयां सांई न जड़े इक सीधे रस्ते
पर नी चलदे, कने सही रस्ता नी दसदे। प्रभु उना तांई इक जगा रखा
दा है जड़ा जिथू पूरा नेहरा ही है जिथू उना जो हमेशा तांई रेंणा पोंणा
है। (aiōn g165) 14 कने हनोक जड़ा पेहले माणु आदम ला बाद
सतमी पीढ़ियां च जमया था, उनी इना अधर्मी लोकां दे बारे च
भविष्यवाणी किती, “सुणा! परमेश्वरे पक्का ही अपणे अणगिनत
स्वर्गदूतां सोगी ओंणा। 15 सारे लोकां दा न्याय करणे तांई, उना
सारे बुरे कम्मा तांई उना पर दोष लाणे तांई जड़े उना परमेश्वरे दे
खिलाफ कितयो न कने उना सारियां भद्दी गल्लां तांई जड़े उना
उदे खिलाफ बोलियां न।” 16 ऐ लोक हमेशा परमेश्वरे दे खिलाफ
बोलदे न कने दुज्जयां लोकां च गलती तोपदे न। सै लगातार उना बुरे
कम्मा जो करदे न जड़े उना दे दिल करणा चांदे न। सै अपणे बारे च
घमंड ला दाबा करदे न कने खुद दे फायदे तांई दुज्जयां लोकां दी
चापलूसी करदे न, उना जो पिता परमेश्वरे दिया तरफा ला सजा
मिलणी। 17 पर हे प्यारे मसीह भाई, तुसां उना गल्लां जो याद रखा;
जड़े साड़े प्रभु यीशु मसीह दे प्रेरित बड़े पेहले बोली बैठयो न। 18 सै
तुहांजो ला बोलदे थे, “साड़े प्रभु यीशु मसीह दे मुड़ी करी बापस
ओणे ला पेहले, ऐसे लोकां होंणा है जिना प्रभु कने उदे लोकां दा

मजाक उड़ाणा। ऐ सेई लोक न जिना दिया जान्दियां च बुरी इच्छां
दा काबू है।" 19 ऐ सै लोक न, जड़े तुहांजो च फुट पांदे न, उना
दिया बुरियां इच्छा उना जो काबू करदियां न, कने उना च पबित्र
आत्मा नी है। 20 पर हे प्यारे भाईयो तुहांजो इक दुज्जे दी सहायता
करदे रेणा चाईदा ताकि उना पबित्र सच्चाईयां च जिना पर तुसां
भरोसा करदे न, इक दुज्जे जो बधाई सकन। तुहांजो पबित्र आत्मा
दिया अगुवाई च प्राथना करणी चाईदी। 21 तुहांजो इस भरोसे सोगी
जीणा चाईदा की परमेश्वर सांझो ला प्यार करदा है। हालांकि तुसां
उस दिने दा इंतजार करदे न जालू साड़े प्रभु यीशु मसीहे बापस मुड़ी
करी ओंणा ताकि तुहांजो हमेशा दी जिन्दगी मिल्ले क्योंकि उनी
सांझो पर दया किती है। **(aiōnios g166)** 22 उना लोकां तांई दयालु
बणा जड़े ऐ नी जाणदे कुस पर भरोसा करन। 23 कुछ होर लोक
जिना जो तुसां जाणदे न, अगर सै नरख पास्से जा दा दे न, तां उना
जो उस हमेशा दिया अग्गी ला झट खिची करी बचाई लिया। कने
दुज्जयां पर दया दस्सा। पर सियुदा ही पाप करणे ला बचणे तांई
साबधान रिया। ऐथू दीकर की उना कपड़यां ला भी नफरत करा
जिना पर पाप दे कम्मा दे दाग न। 24 इकलोता परमेश्वर ही है जड़ा
तुहाड़ी रक्षा करी सकदा है, जालू सै तुहांजो अपणिया महिमा च
अपणे सामणे खरेड़दा है। उनी सांझो साड़े प्रभु यीशु मसीह दे जरिये
बचाया है। महिमा, गौरव, शक्ति, अधिकार बकत दी शुरूआत ला ही
उदे थे, हुण भी उदे न, कने हमेशा तांई उदे ही रेणे। आमीन। **(aiōn
g165)**

# प्रकाशितवाक्य

1 इसा कताबा च उना गल्लां जो लिख्या है जड़िया परमेश्वरे यीशु
मसीह जो दसियां न। परमेश्वरे इस तांई उसयो दसियां ताकि सै
अपणे सेबकां जो उना घटना दे बारे च दस्सी सके जड़ियां जल्दी
ही होणियां न। यीशु मसीहे ऐ संदेश मिंजो, अपणे सेबक यूहन्ना
बाल स्वर्गदूते जो भेजी करी दसया, 2 इस तांई, मैं सै सब कुछ
लिख्या जड़ा मैं दिखया। मैं इसा कताबा च परमेश्वरे दा बचन
कने सै सच्चियां शिक्षां लिखियां न जिना दे बारे च यीशु मसीहे
मिंजो दसया। 3 परमेश्वरे हर उस माणुऐ जो आशीष देणी जड़े इसा
भविष्यवाणियां जो दुज्जयां जो पढ़ी करी सुणादां है, कने उनी हर
उस माणुऐ जो आशीष देणी जड़े उसयो सुणदे न कने इसयो मंदे न।
क्योंकि ऐ चीजां जल्दी ही होणियां। 4 ऐ चिट्ठी यूहन्ना दिया तरफा
ला आसिया प्रदेशे दिया सत्तां कलीसियाँ तांई है: मैं प्राथना करदा है
की परमेश्वर तुहांजो पर अनुग्रह कने शांति दे। सै सेई परमेश्वर है,
जड़ा बकत दिया शुरूआत ला लेईकरी हुणे दीकर कने हमेशा तांई नी
बदलदा। कने उना सत्तां आत्मा दिया तरफा ला, जड़ियां परमेश्वरे दे
सिहांसने दे सामणे न, 5 कने यीशु मसीह दिया तरफा ला जिदे बचना
पर भरोसा करी सकदे न, सै सेई ही है जड़ा मरी करी दुबारा ला
जिंदा होणे बालयां चे पेहला है कने सै इस संसारे दे सारे राजयां दा
शासक है। कने यीशु मसीह सांझो ला प्यार करदा है। सै साड़े तांई
मरी गिया कने उनी साड़े पापां दिया सजा जो खत्म करी दितया है।
इसा बजा ला असां याजकां दा इक परिबार बणी गियो न, जड़े उदे
पिता परमेश्वरे दी सेबा करदे न। इस तांई यीशु मसीह जो महिमा कने
शक्ति हमेशा मिलदी रे। आमीन। **(aiōn g165)** 7 सुणा, सै बदलां
सोगी औणे बाला है; कने हर इक जणे उसयो दिखणा, जड़े लोक
उदिया मौता तांई जिम्मेबार थे, उना भी उसयो ओंदे दिखणा। कने
धरतिया दे सारे लोकां जोरे-जोरे ला रोंणा जालू उना उसयो दिखणा।
हाँ ऐसा ही होणा! आमीन। 8 प्रभु परमेश्वर बोलदा है, "मैं अलफा
कने ओमेगा है, मतलब की मैं ही है जिनी सारियां चीजां दी शुरूआत
किती, कने मैं ही है जिनी सारियां चीजां जो खत्म करणा, कने मैं
ही है जड़ा हमेशा ला था, कने जड़ा औणे बाला है, मैं सारयां ला
शक्तिशाली है।" 9 मैं यूहन्ना, तुहाड़ा साथी मसीह भाई, मैं भी
तुहाड़े सांई दुख सेहन किता। मैं परमेश्वरे दे राज्य दा इक नागरिक है
जियां की तुसां न, कने मिंजो भी अपणियां परेशानिया जो तियां ही
सबर सोगी सेहन करणा चाईदा जियां तुसां करदे न। मैं परमेश्वरे दे
बचन दा प्रचार करणे कने यीशु दे बारे च दसणे दिया बजा ला पतमुस
दे टापूऐ पर केदी बणाई करी भेजी दितया था। 10 तुआरे जो जड़ा
परमेश्वरे दा दिन है, परमेश्वरे दी आत्मा मिंजो पर आई। कने मैं
अपणे पिच्छे ला कुसी जो बोलदे सुणया जड़ा तुरही सांई उच्चा कने
साफ अबाजा च बोला दा था। 11 उनी मिंजो बोलया जड़ा कुछ तू
दिखदा है, उसयो कताबा च लिखी करी उना सत्तां कलीसियाँ जो
भेजी दे जड़ियां इफिसुस, स्मुरना, पिरगमुन, थुआतीरा, सरदीस,
फिलदिलफिया, कने लौदीकिया शेहरां च न। 12 तालू मैं ऐ दिखणे
तांई पिच्छे मुड़या की कुण मिंजो ला गल्लां करा दा है, कने मैं सोने
दे सत्त दिय्ये दिखे; 13 कने उना दिय्यां बिच इक प्राणी दिखया जड़ा
माणुऐ सांई लग्गा दा था। उनी इक लम्बा चौला पाया था जड़ा उदे
पैरां दीकर पुजदा था। उनी अपणिया छातिया दे चारो पास्से इक सोने
दा पटका पाया था। 14 उदे सिरे दे बाल चीटिया उना सांई चिट्टे या
बर्फा सांई थे। कने उदियां हखी अग्गी दिया लौई सांई चमका दियां
थियां। 15 उदे पैर पीतलू सांई चमका दे थे, जियां पितलू जो भटिया
च तपा दे होन, कने जालू उनी बोलया तां उदी अबाज बड़ी जोर दी
थी, जियां केई झरनया ला पाणी पोणे दी अबाज होंदी है। 16 उनी
अपणे सजे हथे च सत्त तारे लियो थे, कने उदे मुंऐ ला तेज़ दोधारी
तलवार निकलदी थी; उदा मुं उतणा ही चमका दा था जियां सूरज
दोपेरा बड़िया धूपा च चमकदा है। 17 जालू मैं उसयो दिखया, तां
झट उदे पैरां च मरयो माणुऐ सांई पेई गिया। पर उनी मिंजो पर सजा
हथ रखीकरी बोलया, "डर मत; मैं ही है जिनी सारियां चीजां दी
शुरूआत किती, कने मैं ही है जिनी सारियां चीजां जो खत्म करणा
कने मैं सै है जड़ा हमेशा जिन्दा है, 18 चाहे मैं मरी गिया था। पर हुण
मैं जिन्दा है कने हमेशा जिन्दा रेणा; मैं युगां-युगां दीकर जिन्दा है;
कने मेरे बाल मौत कने अधोलोक पर अधिकार है जड़ा मरयो लोकां
दी जगा है। **(aiōn g165, Hadēs g86)** 19 इस तांई तू इना सारियां
गल्लां जो लिखी ले, जिना जो तू दिखा दा है, कने ऐ चीजां पक्का
ही बादे च होणियां न।" 20 हुण मैं तिजो दसणा की मेरे सजे हथे दे
सत्तां तारयां दा क्या मतलब है जड़ा पेहले पता नी था। इदा मतलब
ऐ है की सत्त तारे उना स्वर्गदूतां जो दसदे न जड़े सत्त कलीसियां दी
रखबाली करदे न कने सत्त दिय्ये सत्त कलिसियां जो द्रशांदे न।

2 उनी मिंजो ऐ भी बोलया, इफिसुस शेहरे दिया कलीसिया दे
अगुवे जो ऐ संदेश लिख: मैं सेई है जड़ा अपणे सज्जे हथे च सत्त
तारे लेई रखदा है, कने सोने दे सत्त दिय्यां दे बिच चलदा है, मैं तिजो
ला ऐ बोलदा है: 2 मैं जाणदा है की तू क्या करदा है, कने कितणी
मेहनत करदा है कने कदी हार नी मंदा। मैं ऐ भी जाणदा है की तू बुरे
लोकां दियां झुठियां शिक्षा जो सेहन नी करदा। तू उना लोकां जो
जांचया परखया जड़े बोलदे न की सै प्रेरित न पर असल च सै प्रेरित
नी न कने सै सारे झूठे निकले। 3 तू सबर रखीकरी दुखां जो सेहन
कितया है क्योंकि तू मिंजो पर भरोसा करदा है, कने फिरी भी तू मेरी
सेबा करणा बंद नी किती। 4 पर हुण मिंझो तिजो ला ऐ शिकायत है
की: हुण तू मिंजो ला सियुदा प्यार नी करदा जदिया प्यार तू मिंजो ला
तालू करदा था जालू तू पैली बरी मिंजो पर भरोसा किता था। 5 इस
तांई याद कर की तू शुरूआत च मिंजो ला कदिया प्यार करदा था कने
हुण तू मिंजो ला सियुदा प्यार नी करदा। इसा गल्ला जो मन्नी ले कने
मिंजो ला सियुदा ही प्यार करणा शुरू करी दे जदिया तू शुरूआत च
किता था। अगर तू मन बदलगा नी, तां मैं तेरे बाल ओंणा कने जिथू
तेरा दिय्या रख्या है उसयो ओथु ला हटाई करी तिजो सजा देंणी। 6
पर मैं तिजो ला खुश भी है क्योंकि तू उना लोकां ला नफरत करदा
है जड़े नीकोलस दियां गल्लां मंदे न, तियां ही जियां मैं उना दे कम्मा
ला नफरत करदा है। 7 हर कुसी जो जड़ा मेरे संदेश जो समझणा

चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो ध्याने ला सुणना चाईदा जड़ा पवित्र
आत्मा कलीसिया ला बोलदा है। सै लोक जड़े बुरियां शक्तियां जो
हरांदे न, उना जो मैं जिन्दगी देणेबाले रूखे ला फल खांणे दी इजाजत
देंणी जड़ा परमेश्वरे दे स्वर्गे दे बगीचे च है। **8** स्मुरना शेहरे दिया
कलीसिया दे अगुवे जो ऐ लिख: मैं ही है जिनी सारियां चीजां जो
शुरू कितया है, कने मैं ही सै है जिनी सारियां चीजां दा अंत करणा;
चाहे मैं मरी गिया था कने हुण जिन्दा है कने हमेशा जिन्दा रेणा मैं
तिजो ला ऐ बोलदा है; **9** मैं जाणदा है की तिजो दुख तकलीफ
होए कने तू गरीब है। पर तू दिले ला अमीर है। मैं उना लोकां दे
बारे च जाणदा है, जड़े ऐ यकीन कने बोलदे न की सै परमेश्वरे दे
चुणयो लोक न, मतलब यहूदी लोक, पर हे नी न। सै तेरे बारे च
बुरियां गल्लां बोलदे न, पर असलियत च सै शैताने दिया मंडलिया
दे बंदे न। **10** उना दुखां ला मत डरा जड़े तिजो मिलणे न। शैताने
लोकां ला तुसां चे कुछ लोकां जो गिरफ्तार कराणा कने तुहांजो जेल
कराई देणी ताकि सै तुहाड़ी परिक्षा करी सके। तुसां दस दिना दीकर
बड़ियां मुसीबतां जो झेलणा। पर मिंजो पर भरोसा करणा कदी मत
छडदे चाहे तुहांजो मरणा पोऐ, क्योंकि मैं तुहाड़िया जिता तांई इनाम
च हमेशा दी जिन्दगी देंणी। **11** हर कुसी जो जड़ा मेरे संदेश जो
समझणा चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो ध्याने ला सुणना चाईदा
जड़ा पवित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है: जड़े लोक बुराई जो
हराई करी जित हासिल करदे न, उना जो उसा दुज्जी मौत ला कोई
नुक्सान नी होणा, जालू परमेश्वरे आखरी न्याय करणा। **12** पिरगमुने
शेहरे दिया कलीसिया दे अगुवे जो ऐ लिख: मैं ही है जिदे बाल तेज
दोधारी तलवार है, मैं तुहांजो ला ऐ बोलदा है: **13** मैं जाणदा है, की
तेरा शेहर शैताने दे काबू च है, पर इदे बावजूद भी मिंजो पर भरोसा
करणा नी छडया कने मेरियां शिक्षां जो मनणा नी छडया। तू उस
बकत भी भरोसा करणा नी छडया जालू उना अन्तिपास जो ओथु
मारी दिता। सै मेरे बचना दा प्रचार करणे च भरोसे दे काबील था,
इस तांई उसयो तेरे शेहरे च मारी दिता जड़ा शैताने दे काबू च है। **14**
पर मिंजो तेरे बारे च कुछ शिकायतां न, क्योंकि तू उना गल्लां दा
बिरोध नी करदा जड़े झूठी शिक्षा दिन्दे न, जियां परमेश्वरे दा संदेश
देणेबाले बिलामे बड़े पहले दीतियां थियां। बिलामे राजा बालाक जो
सिखाया की इस्राएल दे लोकां जो पाप करणे तांई उकसाणे तांई क्या
करणा चाईदा। उनी उना जो मूर्तियाँ अग्गे चढ़ाईयां चीजां जो खाणे
कने व्यभिचार करणे तांई सिखाया। **15** तियां ही तुहाड़े बिच कुछ
लोक न जड़े नीकुलइयां दे दलां दियां शिक्षां जो मंदे न। **16** इस तांई
पाप करणा छडी दिया, अगर तू ऐसे कम्म करणा बंद नीं करगा तां
मैं जल्दी ही ओंणा, कने उना लोकां दे खिलाफ उसा तलबारा ला
लड़ना, जड़ी मेरे मुंऐ ला निकलदी है जड़ा मेरा बचन है। **17** हर
कुसी जो जड़ा मेरे संदेश जो समझणा चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो
ध्याने ला सुणना चाईदा जड़ा पवित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है;
सै लोक जड़े बुराई जो हरांदे न, मैं उना जो उस मन्ने चे देणा जिसयो
कुनी लुकाया है। मैं उना चे हर इक जो इक चिट्टा पथर देणा, जिस
पर इक नोआ ना लिख्या होणा। जिस माणुऐ जो सै मिलगा उसयो
छडी करी कोई भी उस नाऐ जो नी जाणी सकदा। **18** थुआतीरा
शेहरे दिया कलीसिया दे अगुवे जो ऐ लिख: परमेश्वरे दे पुत्रे दिया
तरफा ला ऐ संदेश है जिदियां हखी अग्गी दिया लौई सांई चमका
दियां थियां, कने जिदे पैर पीतलू सांई चमका दे थे, जियां पितलू जो
भटिया च तपा दे होन, सै ऐ बोला दा है: **19** मैं तुहाड़े कम्मा जो
जाणदा है की तुसां इक दुज्जे ला प्यार करदे न कने तुसां पक्का
भरोसा करदे न। मैं जाणदा है की तुसां इक दुज्जे दी सहायता किती,
कने तुहाड़ी सेहनशक्ति जो भी जाणदा है। मैं जाणदा है की तुसां हुण
पेहले ला जादा भले कम्म करदे न जालू तुसां पेहले मिंजो पर भरोसा
किता था। **20** पर मिंजो तेरे बारे च कुछ शिकायतां न, राणी इजेबेल
जड़ी बड़ी पेहले रेंदी थी, उसा सांई इक जनानी तुहाड़े बिच है। सै
अपणे आप जो परमेश्वरे दा संदेश देणेबाली बोलदी है पर मेरे चेलयां
जो गलत शिक्षा दिन्दी है। सै मेरे दासां जो व्यभिचार करणे कने
मूर्तियाँ अग्गे चढ़ाईयां चीजा जो खाणे दी शिक्षा दिन्दी है। **21** मैं उसा
जो अपणे पापां ला पश्चात्ताप करणे दा मौका दिता है, पर सै उना बुरे
कम्मा जो बंद करणे ला मना करदी है। **22** मैं उसा जो रोगी बणाई
देणा। कने जड़े उसा सोगी व्यभिचार करदे न, अगर सै भी उसा सांई
पाप करणा नी छडगे तां मैं उना जो भी बड़े दुखां च पाई देणा। **23**
मैं उना लोकां जो मारी देणा है जड़े उदिया शिक्षां जो मंदे न; तालू
सारियां कलीसियाँ जो पता चली जाणा की मैं हर इक जणे दे बिचारां
कने मकसदां जो परखदा। मैं तुहांजो सबना जो तुहाड़े अपणे कम्मा दे
अनुसार इनाम देणा है। **24** पर थुआतीरा शेहरे च तुसां बाकी लोकां
उसा झूठी शिक्षा जो नी मन्नया। तुसां उना गल्लां च हिस्सा नी लिया
जिसयो उदे चेले शैताने दियां बड़ी जरूरी गल्लां बोलदे न। मैं तुहांजो
बोलदा है, की मैं तुहाड़े पर होर कोई जरूरी हुकम नी थोपणा, सिवाए
इदे की जालू दीकर मैं नी आई जांदा तालू दीकर मिंजो पर पक्का
भरोसा करदे रेनयो। **26** सै लोक जड़े बुराईया जो हराई दिन्दे न, कने
संसारे दे अंत दिकर मेरे हुकम मंदे रेंदे न, मैं उना जो देशां पर राज्य
करणे दा हक देणा। **27** मैं उना जो राज्य करणे दा सेई हक देणा
जियां मेरे पिता मिंजो दिता है। उना दा राज्य लोऐ सांई मजबूत होंणा
जड़ा टूटदा नी है, उना दे दुशमणा टुटयो भांडया सांई होंणा। **28** कने
मैं उसयो अपणी जीत दसणे तांई ब्यागा दा तारा देणा। **29** हर कुसी
जो जड़ा मेरे संदेश जो समझणा चांदा है, उसयो इसा गल्ला जो ध्याने
ला सुणना चाईदा जड़ा पवित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है।

**3** सरदीसे शेहरे दिया कलीसिया दे अगुवे जो लिख: ऐ संदेश
उदिया तरफा ला है जिनी सत्त तारयां जो अपणे हथां च रखया है
कने जड़ा परमेश्वरे दियां सत्त आत्मा जो भेजदा है। सै ऐ बोलदा है,
की मैं तेरे कम्मा जो जाणदा है: तू मिंजो च भरोसे दे लायक लगदा है,
पर असल च तू मेरे हुकमा जो नी मंदा। **2** इस तांई साबधान होई जा,
कने मिंजो पता लग्गा है की विश्वासी होणे दे नाते जदेई जिन्दगी जिणे
तांई परमेश्वरे बोलया है सियुदी जिन्दगी तुसां नी जिया दे न। इस तांई
आत्मिक निंद्रा ला जागी जा, कने जड़े मसीह गुण तुहांजो च हुण भी
बचयो न उना जो नोऐ करा इसला पेहला की सै गायब होई जान। **3**
इस तांई उसा शिक्षा जो याद कर, जड़ी तू बड़े पेहले सुणियो थी कने

भरोसा किता था, कने जड़ा तिजो सिखाया था उसयो मन, कने गलत
कम्मा जो छडी करी पापां जो मनी ले। अगर तू ऐसे गलत कम्म
करणा नी छडदा है, तां मैं चोरी छुपे ओंणा, जियां राती चोर ओंदा है,
कने तू उस बकत जो नी जाणी सकदा जालू मैं तिजो सजा देंणे तांई
ओंणा। 4 पर सरदीस च तुहाड़े बिच कुछ ऐसे लोक न जिना पाप नी
कितया है, जिना विश्वासी होणे दे नाते इक पबित्र जिन्दगी जि है।
उना चिट्टे कपड़े पाई करी मेरे सोगी रेंणा है, क्योंकि सै भरोसे दे
लायक न। 5 सै जड़े जीत हासिल करदे न, उना जो भी उना सांई ही
चिट्टे कपड़े पेहनाणे न। मैं उना दे ना उसा कताबा ला कदी नी हटाणे
न जिसा च परमेश्वरे उना लोकां दे ना लिखयो न जिना जो हमेशा दी
जिन्दगी मिलणी। मैं अपणे पिता दे सामणे कने उदे स्वर्गदूतां दे सामणे
ऐ घोषित करणा की सै मेरे न। 6 हर कुसी जो जड़ा मेरे संदेश जो
समझणा चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो ध्याने ला सुणना चाईदा
जड़ा पबित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है। 7 फिलदिलफिया शेहरे
दिया कलीसिया दे अगुवां जो ऐ लिख: ऐ संदेश उदिया तरफा ला है
जड़ा पबित्र कने सच्च है, सै जिदे बाल दाऊद दे राज्य दा अधिकार
है। अगर सै दरबाजा खोलदा है, तां कोई भी उसयो बंद नी करी
सकदा। अगर सै उसयो बंद करी दे, तां कोई भी उसयो खोली नी
सकदा। मैं तुसां जो ऐ बोलदा है की, 8 मैं तेरे कम्मा जो अच्छे ला
जाणदा है। मैं जाणदा है की तिजो च थोड़ी ही ताकत है, पर फिर भी
तू मेरियां बोलियां गल्लां पर भरोसा किता कने तू इसा गल्ला ला
मना नी किता की तू मिंजो पर भरोसा करदा है। इस तांई मैं तिजो तांई
इक दरबाजा खोलया है, जिसयो कोई बंद नी करी सकदा। 9 सै
लोक जड़े इक ऐसे झुंडे दे सदस्य न जड़े शैताने ला रिशता रखदे न,
कने बोलदे न की सै यहूदी न पर सै सच्चे यहूदी नी न कने सै झूठ
बोलदे न। दिख मैं ऐसा करणा है, की जिसला उना आई करी तेरे पैरां
च पेई जाणा, कने उना जो पता लगी जाणा है की मैं तिजो ला प्यार
रखदा है। 10 तू मेरे संदेशे दा पालन किता ताकि जालू तू दुख झेले
तां उसयो सबर रखीकरी सेहन करी सकन। इस बजा ला, मैं तेरी
परिक्षा दे बकत तेरी रक्षा करणी। जड़ी इस संसारे दे सारे लोकां पर
ओणी है। 11 मैं जल्दी ही औंणे बाला है; इस तांई तिजो मिंजो पर
भरोसा करदे रेंणा चाईदा ताकि कोई भी तिजो तेरी जित दा इनाम
लेंणा ला ना रोकी सके जड़ा मुकुटे सांई है। 12 सै जड़े जीत हासिल
करदे न, जियां इक खम्बा घरे जो मजबूत बणादा है, तियां ही उना
भी हमेशा तांई परमेश्वरे दे मंदरे च रेंणा। मैं उदे पर मेरे परमेश्वरे दा
नां लिखणा कने परमेश्वरे दे शेहर यरूशलेम दा ना लिखणा। कने ऐ
सेई शेहर है जड़ा स्वर्गे च है, मतलब की मेरे परमेश्वरे दिया तरफा
ला थले ओंणा। मैं उदे पर मेरा नोआ ना लिखणा। 13 हर कुसी जो
जड़ा मेरे संदेश जो समझणा चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो ध्याने
ला सुणना चाईदा जड़ा पबित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है। 14
लौदीकिया शेहरे दिया कलीसिया दे अगुवे जो ऐ लिख: ऐ संदेश
उदिया तरफा ला है जड़ा आमीन है। कने भरोसा दिया काबलियता
ला परमेश्वरे दे बारे च सच्च जो प्रगट करदा है, कने मैं सेई है जिदे
जरिये परमेश्वरे सारियां चीजां जो बणाया है। 15 मैं जाणदा है की तू
क्या करदा है, तू कितणी मेहनत करदा है कने कदी हार नी मंदा।
कने ना तां तू मिंजो पर भरोसा करणे ला मना करा दा है कने ना ही
मिंजो पुरे मने ला प्यार करदा है। मैं चांदा है की या तां तू मिंजो मनणे
ला मना करी दे या मिंजो ला पुरे मने ला प्यार कर। 16 इस तांई की
तू मिंजो पर भरोसा करणे ला मना करा दा है कने ना ही मिंजो पुरे मने
ला प्यार करदा है, क्योंकि तिजो मिंजो पर अधा-अधुरा भरोसा है,
इस तांई मैं तिजो पूरी तरहा ला हटाणे तांई तैयार है। 17 तू सोचदा है
की तू अमीर है, कने तेरे बाल सै सब है जिदी तिजो जरूरत है, पर तू
नी जाणदा की इदा सच्च ऐ है की, तिजो पर तरस ओंणा चाईदा।
क्योंकि सच्च ऐ है की तू गरीब है, तेरे बाल कपड़े नी न, कने तू
अन्ना है। 18 इस तांई मैं तिजो सलाह दिन्दा है की तिजो मिंजो ला
शुद्ध सोना खरीदणा चाईदा ताकि तू सच्ची दा अमीर बणी सके।
तिजो मिंजो ला अपणे पांणे तांई चिट्टे कपड़े भी खरीदणे चाईदे ताकि
तेरा शरीर डक्की रे कने तू शर्मिंदा ना हो। कने तिजो अपणी हखी दा
लाज करणे तांई दवा भी मिंजो ला खरीदणी चाईदी ताकि तू दिखी
सके। 19 मैं जिना-जिना ला भी प्यार करदा है, उना जो मैं सिखांदा
है कने सजा दिन्दा है ताकि सै खरे बणन। इस तांई अच्छाई करणे च
लग्गी रिया, कने पापी कम्म करणा बंद करी दिया। 20 मैं तुहाड़े
दिले च बसणे तांई, मैं उस बंदे सांई है जड़ा घरे बाहर खड़ोतया है
कने दरबाजे जो खटखटा दा है। अगर तुसां मेरिया अबाजा जो
सुणदे न कने मेरे तांई अपणा दिल खोलदे न तां मैं अंदर ओंणा कने
असां इक दुज्जे सोगी संगती करणी। 21 सै जड़े जीत हासिल करदे
न, उसयो मैं अपणे सोगी उदे सिंहासने पर बोंणे दा हक देणा। ऐ
बिलकुल मेरे सांई ही होंणा, जियां मैं जित हासिल कितियो हो कने
अपणे पिता दे बखे आसन मिलया हो। 22 हर कुसी जो जड़ा मेरे
संदेश जो समझणा चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो ध्याने ला सुणना
चाईदा जड़ा पबित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है।

4 मैं इना सारियां गल्लां जो दिखणे बाद स्वर्गे च खुलया दरबाजा
दिखया। कने कोई मिंजो सोगी गल्लां करा दा था कने गल्लां
करणे बाला सेई था जिसयो मैं पेहले भी सुणया था, जिदी अबाज
तुरही जो बजाणे दिया अबाजा सांई थी। कने उनी मिंजो बोलया,
"मेरे बाल ऐथू उपर आई जा; कने मैं सै गल्लां तिजो दसणियां न,
जिना दा इना गल्लां बाद पूरा होणा जरूरी है।" 2 तालू ही झट
परमेश्वरे दी आत्मा मिंजो पर आई; "कने मैं स्वर्गे च इक सिंहासन
दिखया कने उस सिंहासने पर कुसी जो बैठया दिखया।" 3 जड़ा उस
पर बैठया था, उदा चेहरा बेशकीमती अनमोल पथरे सांई चमकदा था
जिसयो यशब कने लाल कीमती पथर बोलदे न। कने उदे सिंहासने दे
चारो पासे इक इन्द्रधनुष था, जड़े सेले कीमती पथरे सांई मिल्ला दा
था। 4 उस सिंहासने दे चारो पासे होर चोबी सिंहासन थे; कने इना
सिंहासना पर चोबी अगुवे चिट्टे कपड़े पायी करी बैठयो थे, कने
उना दे सिरां पर सोने दे मुकुट थे। 5 उस सिंहासने ला बिजली कने
गड़ाकयां दी अबाज निकला दी थी कने सिंहासने दे सामणे अग्गी दे
सत्त दिय्ये बलयो थे, कने जड़ियां परमेश्वरे दियां सत्त आत्मा थियां,
6 कने उस सिंहासने सामणे इक फर्श था जड़ा समुंद्रे सांई चौड़ा था

कने शीशे सांई साफ था। कने सै सिंहासन उना सबना दे बिच था कने
उदे चारो पासे चार जिन्दे प्राणी दिखे, जिना दे पुरे शरीर हखीं ला
डकुयो थे। 7 उना चारां जिन्दे प्राणिया चे प्राणी शेरे सांई मिल्ला
दा था, कने दुज्जा प्राणी बछडे सांई था, तिजे प्राणिये दा मुं माणुऐ
सांई था, कने चौथे दा उड़दे बाजे सांई था। 8 कने उना चारां जिन्दे
प्राणियां दे छे-छे फंग थे, कने उना दे शरीर पर हखी थियां, ऐथू
दीकर की उना दे फंगा हेठ भी; कने सै रात-दिन बिना अराम कितयो
ऐ बोलदे रेंदे थे, “पवित्र, पवित्र, पवित्र प्रभु परमेश्वर, सारयां ला
शक्तिशाली, जड़ा बकत दिया शुरूआत ला लेईकरी हुणे दीकर कने
हमेशा तांई नी बदलदा कने जड़ा औणे बाला है।” 9 जड़ा सिंहासने
पर बैठया है, कने सै सेई है जड़ा हमेशा-हमेशा दीकर जिन्दा रेंदा है,
जालू भी सै जिन्दा प्राणी उसयो आदर कने धन्यावाद दिन्दे न। तां सै
चौबी अगुवे जड़े सिहासने पर बैठयो न, उदे सामणे झुकी जांदे न
कने उदी अराधना करदे न। सै ऐ बोली करी सिहांसने दे सामणे
अपणे-अपणे मुकुटां जो रखी दिन्दे थे। **(aiōn g165)** 11 ऐ साड़े प्रभु
परमेश्वर, तू सारियां चीजां जो बणाया है, तेरिया इच्छा अनुसार सै
बणाईयां न। इसा बजा ला तुसां महिमा कने आदर कने शक्ति देंणे दे
काबिल है।

**5** जड़ा सिंहासने पर बैठया था, मैं उदे सजे हथे च इक कताब
दिखी, कने सै कताब दोनो पासयां ला लिखियो थी, कने सै सत्त
मुहरां लाई के बंद कितियो थी। 2 फिरी मैं इक शक्तिशाली स्वर्गदूते
जो दिखया कने सै जोरें-जोरें ला ऐ प्रचार करा दा था की, “इसा
कताबा जो खोलने दे कने इसा दियां मोहरां जो तोड़ने दे काबील
कुण है?” 3 पर ना तां स्वर्गे च, ना ही धरती पर, ना ही धरतिया दे
थले चे कोई इसा कताबा जो खोलणे कने उसा जो पढ़ने दे काबिल
निकलया। 4 तालू मैं बड़े जोरें-जोरें ला रोया, क्योंकि उसा कताबा
जो खोलणे बाला कने नां ही कोई पढ़ने दे काबिल है। 5 इसा गल्ला
पर उना अगुवां चे इक्की मिंजो ला बोलया, “मत रो; दिख, सै जिसयो
यहूदा दे गोत्रे दा शेर बोलदे न, कने जड़ा राजा दाऊदे दा बंशज है,
उनी उसा कताबा जो खोलणा कने सै उसा दियां मोहरां जो तोड़ी
सकदा है, उनी शैताने जो हराई दिता।” 6 तालू मैं उस सिंहासने कने
चारों जिन्दे प्राणियां कने उना चौबी अगुवां दे बिच इक छेलुये जो
खड़ोतयो दिखया था। कने उस छेलुये दे शरीर पर ऐसे निशाण थे
की उसयो मारी दितया था। उदे सत्त सिंग कने सत्त हखी थियां; ऐ
परमेश्वर दियां सत्त आत्मा न, जड़ियां सारिया धरतिया पर भेजियां
न। 7 उनी छेलुऐ आईके उदे सजे हथे ला कताब लेई ली, जड़ा
सिंहासने पर बैठया था। 8 जालू उनी कताब लेई ली, तां सै चारों
जिन्दे प्राणी कने चौबी अगुवे उस छेलुये अग्गे पेई गे; कने हर इक्की
अगुवे हथे च वीणा कने धूपे ने भरूया सोने दा कटोरा लिया था, उस
धुपे दी खुशबु उना लोकां दी प्राथना दा निशाण है जड़े परमेश्वरे
दे सेवक न। 9 कने सै ऐ नोआ गीत गाणा लग्गे, तू इसा कताबा
जो खोलणे कने इदिया मोहरां जो खोलणे दे काबील है; क्योंकि
उना तेरी बलि दिती कने तू अपणे खूने ला हर इक कुले, भाषा,
लोकां, कने जातियां चे परमेश्वरे तांई लोकां जो खरीदी लिया। 10
कने तू उना जो ऐसे लोक बणाई दितया है जिना पर साड़ा परमेश्वर
राज करदा है कने याजक बणाया जड़े उदी सेबा करदे न, कने उना
धरतिया पर राज करणा। 11 जालू मैं फिरी दिखया, तां मैं अचानक
उस सिंहासने कने उना जिन्दे प्राणियां कने चौबी अगुवां दे चारो पासे
ला स्वर्गदूतां दियां अबाजा सुणियां, जिना दी गिणती नी करी सकदे
थे। 12 कने सै जोरे ला गांदे दे थे, “धन्य है, सै छेलू जिसयो मारी
दितया था, सै महिमा दे काबिल है। उदा अधिकार महान है। उदा
ज्ञान गेहरा है। सै बड़ा शक्तिशाली है कने बड़ा अमीर है। ओआ
असां उदा आदर करन। ओआ असां उदी स्तुति करन।” 13 फिरी मैं
स्वर्गे च, कने धरतिया पर, कने धरतिया दे थले, कने समुन्द्रे दियां
बणाईयां सारियां चीजा जो, कने सै सब केसी जो जड़ा उना चे है,
उना जो ऐ बोलदे सुणया, “की ओआ असां उदी स्तुति करन जड़ा
सिंहासने पर बैठया है। ओआ असां हमेशा तांई छेलुये दी महिमा
करन कने उसयो आदर देन क्योंकि सै सारयां ला जादा शक्तिशाली
है।” **(aiōn g165)** 14 कने चारों जिन्दे प्राणियां, “आमीन” बोलया,
कने सै अगुवे झुकी करी उदी अराधना करणा लग्गे।

**6** फिरी मैं दिखया की छेलुये उना सत्तां मुहरां चे इक्की जो खोलया;
कने मैं चारों जिन्दे प्राणियां चे इक्की जो पुकारदे सुणया। उदी
अबाज गड़क्यां सांई तेज थी। उनी बोलया, “हुण जा, अग्गे बद।”
2 तालू ही मिंजो इक चिट्टा घोड़ा मिल्ला, कने उदे पर सवार होयो
माणुऐ धनुष लिया था; कने उसयो इक मुकुट भी दितया था, कने सै
इक विजेता सांई जित हासिल करणा निकलया कने दुबारा ला उनी
ही जितणा। 3 जालू छेलुये दुज्जी मोहर खोली, तां मैं दुज्जे जिन्दे
प्राणिऐ जो ऐ बोलदे होऐ सुणया, “हुण जा, अग्गे बद।” 4 फिरी इक
चमकदार लाल घोड़ा उसा जगा ला बार आया जिथू सिहांसन रख्या
है। परमेश्वरे उस पर बैठयो जो धरती दे लोकां जो अपु चे लड़ाणे दी
शक्ति दिती, ताकि सै लड़ाईया दे बकत इक दुज्जे जो मारी देंन। इस
कम्मे तांई परमेश्वरे इस सवारे जो इक बड्डी तलबार भी दितियो थी।
5 जालू छेलुये तिजी मोहर खोली, तां तिजे जिन्दे प्राणिऐ जो ऐ बोलदे
होऐ सुणाया, “हुण जा, अग्गे बद।” कने तालू मैं दिखया की इक
काला घोड़ा बाहर आया है कने उस पर सवार बंदे दे हथे च इक
तरकड़ी थी। 6 कने मैं सुणया की उना चारों जिन्दे प्राणिया चे कोई
बोला दा था, ऐ माणुऐ सांई अबाज थी की, “ओंणे बाले दिना च
धरतिया पर अकाल पोंणा। इस तांई इक किलो कणक कने तिन
किलो जौं दी कीमत पुरे इक दिने दिया ध्याड़िया बराबर होंणी। पर
तेले कने अंगूरा दे रस्सां दी कीमत नी बदलणी।” 7 जालू छेलूये
चौथी मोहर खोली तां मैं चौथे जिन्दे प्राणिऐ जो ऐ बोलदे सुणया,
“हुण जा, अग्गे बद।” 8 तालू मैं फीका पिया हरे रंगे दा घोड़ा
दिखया; कने उस पर सबार बंदे दा नां मौत था; कने अधोलोक उदे
पिच्छे-पिच्छे ओआ दा था। कने उसयो धरतिया पर रेणेबाले इक
चौथाई लोकां जो मारणे दा हक है। उनी उना जो भूखा ला, उना जो
बुरियां-बुरियां बिमारियां जो, कने उना जंगली जानवरां ला मारी
दिता। **(Hadēs g86)** 9 जालू छेलुये पंजमी मोहर खोली, तां मैं वेदिया
दे थल्ले उना लोकां दिया आत्मा थियां जिना जो मारी दितया था

क्योंकि उना परमेश्वरे दे बचना दा प्रचार कितया था कने प्रभु यीशु
पर भरोसा करणे ला पिच्छे नी हटे की यीशु उना दा प्रभु है। 10 कने
उना जोरे ला पुकारी करी परमेश्वरे ला बोलया, "हे पवित्र कने सच्चे
परमेश्वर; तू धरतिया पर रेणेबाले उना बुरे लोकां जो सजा देंणे च
इतणा लम्बा इंतजार कजो करदा है?" असां बिनती करदे न की तू
उना लोकां दे व्यवहारे जो बदला ले जिना सांझो मारी दितया था। 11
कने उना चे हर इकी जो चिट्टे कपड़े दितयो। कने परमेश्वरे उना जो
बोलया, "हुणे तांई अराम करा, क्योंकि हल्ले भी कुछ सोगी कम्म
करणे बाले कने तुहाड़े साथी मसीह भाई न, जिना जो तुहाड़े सांई
मारी देणा है। जालू दीकर तुहाड़े मसीह साथियां दे मरणे दी संख्या
पूरी होई जांगी, तालू ही मैं बदला लेंणा।" 12 जालू मैं उसयो छेमी
मोहर खोलदे दिखया, तां मैं दिखया की इक बड़ा बडा हिलण होया,
कने सूरज दा रंग काले कम्बले सांई काला होई गिया कने पूरे चन्द्रमे
दा रंग खूने सांई लाल होई गिया। 13 कने अम्बरे दे तारे धरतिया पर
इयां पेई गे जियां तूफाने ला रूखे ला कच्चे फल पेई जांदे न। 14
अम्बर उस कागजे सांई गायब होई गिया जिसयो लपेटी दितया हो
कने सारे पाड़ कने समुंद्रे चे सारे टापूआं अपणी जगा बदली दिती।
15 इदा नतीजा ऐ होया की, तालू धरतिया दे राजे, कने प्रधान, कने
सरदार, कने अमीर कने सामर्थी लोक, कने हर इक सेवक, कने
जड़े गुलाम नी न, सारे पाड़ां दियां गुफां च कने पथरां थल्ले जाई
लुकयो न; 16 कने पाड़ां कने पथरां ला बोलणा लग्गे, "साड़े पर पेई
जा; कने सांझो उसला बचाई लिया जड़ा सिंहासने पर बैठया है कने
छेलुऐ दिया सजा ला बचाई लिया।" 17 क्योंकि सै भयानक दिन
आई गिया है जालू परमेश्वरे कने छेलुये सारयां जो सजा देंणी कने
कोई भी इसा सजा ला नी बची सकदा।

**7** इदे बाद मैं धरतिया दे चारों कुणा च चार स्वर्गदूतां जो खड़ोतया
दिखया। कने उना स्वर्गदूतां जो परमेश्वरे हक दितया है की सै
संसारे दे लोकां जो दुख परेशानिया च पाई करी उना दा नुक्सान
करन, चाहे सै धरती च होन या समुंदर च। उना संसारे दे चारो
कुणयां ला होआ जो रोकी दिता, ताकि समुंद्रे च धरती च या बणे च
होआ ना चले। मैं इक होर स्वर्गदूते जो पूर्व दिशा पास्से ला प्रगट
होंदे दिखया, उदे बाल जिंदे परमेश्वरे दी मोहर थी। उनी स्वर्गदूते
उच्चिया अबाजा ला उना चार स्वर्गदूतां जो पुकारी करी बोलया; 3
"जालू दीकर असां अपणे परमेश्वरे दे सेबकां दे मथयां च मोहर नी
लांगे, तालू दीकर धरती कने समुन्द्र कने रूखां दा नाश मत करदे,
ताकि सै उना दुख परेशानिया च नी पोंन।" 4 जालू स्वर्गदूतां मोहर
लांणे दा कम्म पूरा करी लिया। तां कुनी मिंजो दसया की सै लोक
जिना दे मथे पर स्वर्गदूतां परमेश्वरे दी मोहरा दा निशाण लाया है,
उना दी गिणती 1,44000 थी। ऐ लोक इस्राएल दे बारां गोत्रां चे
थे: 5 स्वर्गदूतां यहूदा दे गोत्रां चे बारह हजार पर परमेश्वरे दी मोहर
लाई, रूबेने दे गोत्रे चे बारा हजार पर, गाद दे गोत्रे च भी बारा हजार,
6 आशेर दे गोत्रे चे भी बारा हजार, नप्ताली दे गोत्रे चे भी बारा हजार;
मनश्शे दे गोत्रे चे भी बारा हजार, 7 शमौने दे गोत्रे चे बारा हजार पर,
लेवी दे गोत्रे चे बारा हजार पर, इस्साकार दे गोत्रे च बारा हजार, 8
जबूलूने दे गोत्रे च बारा हजार, यूसुफे दे गोत्रे चे बारा हजार, कने
बिन्यामीन दे गोत्रे चे बारा हजार पर मोहर दिती है। 9 इदे बाद मैं
दिखया की लोकां दी इक इतणी बडी भीड़ थी की कोई भी उना
सारयां जो गिणी नी सकदा था। सै संसारे दिया हर इक जाति, कने
कुल, भाषा चे थे। सै सारे सिंहासने कने छेलुये सामणे खड़ोतयो
थे। उना चिट्टे कपड़े पायो थे कने उना सारयां हथे च खजूरी दियां
डालियाँ पकड़ियां थियां कने जड़ा इक त्योहारे दा प्रतीक है; 10
कने जोरे ला पुकारी करी बोला दे थे, "साड़े परमेश्वरे दी स्तुति
हो, जड़ा सिंहासने पर बैठया है, कने छेलुऐ दी जै-जै कार करा!
सिर्फ तू ही है जड़ा उद्धार करदा है।" 11 कने सारे स्वर्गदूत, उस
सिंहासने दे चारो पासे कने अगुवां दे कने चारों जिन्दे प्राणियां दे
चारों पासे खड़ोतयो थे। फिरी सै सिंहासने दे अग्गे दण्डवत होई गे
कने उना परमेश्वरे दी अराधना किती। 12 "आमीन, असां हमेशा
तेरी महिमा करदे न, तिजो धन्यबाद कने इज्जत दिन्दे न! असां मंदे
न कने तू ज्ञानबान, कने शक्तिशाली है, जड़ा हमेशा तांई सारे कम्मा
जो करणे दे काबिल है! परमेश्वरे दा धन्याबाद कने महिमा करदे
न।" (aiōn g165) 13 उना चे इकी अगुवे मिंजो ला पुच्छया, "ऐ
जिना चिट्टे कपड़े पायो थे सै कुण है? कने कुथु ला आयो न?" 14 मैं
उसयो बोलया, "हे मालिक, मैं नी जाणदा पर तू जाणदा है।" उनी
मिंजो बोलया, "ऐ सै लोक न जिना बड़ा दुख झेलया है। उना अपणे
कपड़यां जो छेलुये दे खूने ला धोई लिया है कने हुण सै चिट्टे होई
गियो न, इदा मतलब ऐ है की उना दे पाप मिटाई दितयो न।" 15
इसा ही बजा ला सै परमेश्वरे दे सामणे खड़ोतयो न, कने हर बकत
दिन रात परमेश्वरे दे घरे च उदी सेबा करदे न। कने सै जड़ा सिंहासने
पर बैठया है, उनी उना बिच रेंणा कने उना दी रक्षा करणी। 16 "उना
फिरी भूखे कने प्यासे नी होणा; कने ना ही सूरजे उना जो धुपा ला
जलाणा कने ना ही गर्मियां ला उना जो जलन होणी। 17 क्योंकि
छेलू जड़ा सिंहासने बिच है, उनी उना दी देखभाल करणी, तियां ही
जियां इक पुआल अपणियां भेडां दी देखभाल करदा है कने उनी उना
जो ताजा पाणिऐ बाल लेई जाणा जड़ा लोकां जो जिन्दगी दिन्दा है
कने परमेश्वरे उना दिया हखी ला सारे आंसू पूंजी देणे।"

**8** जालू छेलुये सत्तमी मोहर खोली, तां सै सारे जड़े स्वर्गे च थे
अधे घंटे तांई शांत होई गे। 2 तालू मैं उना सत्तां स्वर्गदूतां जो
दिखया जड़े परमेश्वरे दे सामणे खड़ोतयो रेंदे न, कने उना जो सत्त
तुरहियां दितियां। 3 फिरी ओथु ला, इक होर स्वर्गदूत सोने दा इक
धूपदान लेईकरी आया कने वेदिया बखे खड़ोई गिया। कने उसयो
सारयां लोकां दियां प्राथना समेत बालने तांई बड़ा भरी धुप दिता।
उनी धूप कने प्राथना जो उस सोने दिया बेदिया उपर बाली दिता,
जड़ी परमेश्वरे दे सिंहासने दे सामणे है। 4 जालू उनी ऐसा किता, तां
धूपे दा धुंआं पवित्र लोकां दियां प्राथना समेत स्वर्गदूते दे हथे ला उठी
करी परमेश्वरे दे सामणे गिया। 5 तालू स्वर्गदूते धूपदाने जो वेदिया
दिया अग्गी चे अंगारे भरी दिते, कने धरतिया पर फेंकी दिते, कने
फिरी गड़ाके, बिजली, कने अबाजां, कने हिलण होणा लग्गे। 6 कने
सै सत्तों स्वर्गदूत जिना बाल सत्त तुरहियां थियां उना जो बजाणे तांई

तैयार होऐ। 7 पेहले स्वर्गदूते तुरही बजाई कने खूने ला मिलयो ओले
कने अग्ग पैदा होई, कने धरतिया पर पेई गे। इसा बजा ला धरतिया
दा इक तिहाई हिस्सा फकोई गिया, कने रुखां दी इक तिहाई भी
फकोई गे, कने सारा सेला घा भी फकोई गिया। 8 दुज्जे स्वर्गदूते
तुरही बजाई, तां इक अग्ग लगयो बड़े बड्डे पाड़े सांई कोई चीज
समुंदरे च पेई गेई, कने इसा बजा ला समुंदर भी इक तिहाई हिस्सा
खूने सांई होई गिया, 9 कने समुंदरे च रेणेबाले इक तिहाई प्राणी मरी
गे। इसला समुंद्रे दे इक तिहाई जाज खत्म होई गे। 10 तीजे स्वर्गदूते
तुरही बजाई, कने इक बड़ा बडा तारा मशाला सांई बलया होया स्वर्गे
ला टूटया, कने नदियाँ दे इक तिहाई हिस्से पर, कने ताजा पाणिऐ दे
तलाबां पर जाई पिया। 11 उस तारे दा नां कौड़ा है। इदिया बजा ला
सै सारा इक तिहाई पाणी कोडा कने जरिला होई गिया, कने उस
पांणिऐ जो पीणे बालयां दी मौत होई गेई। 12 चौथे स्वर्गदूते तुरही
बजाई, तां सूरजे दा इक तिहाई, चन्द्रमे दा इक तिहाई कने तारयाँ दे
इक तिहाई पर कोई चीज टकराई, इसा बजा ला दिने दे इक तिहाई
बकते दीकर सूरज नी चमकया कने चन्द्रमा कने तारे रातीं दे इक
तिहाई बकते दीकर नी चमके। 13 जालू मैं फिरी दिखया, तां अम्बरे
च इक बाजे जो बड़े उच्चा उड़दे दिखया कने जोरे ला ऐ बोलदे
सुणया की, “जालू आखरी तिन्ना स्वर्गदूतां उना तुरही जो बजाणा
जड़ियां उना जो दितियां न, तालू संसारे पर ओंणे बालियां मुसीबतां
बड़ियां भयानक न। धरतिया पर रेणे बालयां पर, हाय, हाय, हाय!”

9 जालू पंजमे स्वर्गदूते तुरही बजाई, तां मैं स्वर्गे ला धरतिया पर
इक तारा पोंदा दिखया, कने उसयो अथाह कुंडे दी चाबी दितियो
थी। **(Abyssos g12)** 2 उनी अथाह कुंडे जो खोलया, कने कुंडे ला
बड़ी बडिया भटिया सांई धुंआ निकलया, कने कुंडे दे धुऐं ला सूरज
कने बाताबरन काला होई गिया। **(Abyssos g12)** 3 उस धुऐं चे
धरतिया पर टिड्डियां निकलियाँ, कने उना जो बिछुआं सांई लोकां जो
डंग मारणे दी शक्तियाँ दितियां थियां। 4 जियां कुसी जो बिच्छुऐ दे
डंग मारणे ला पीड़ होंदी है, तियां ही इना टिडियां जो पंज मिने
दीकर उना दा नुकसान करणे दा हुकम दितया है जिना दे मथे पर
परमेश्वर दिया मोहरा दा निशाण नी था। पर उना जो ना तां धरती दे
घा जो, ना कुसी बूटे जो कने ना कुसी रुखे दा नुकसान करणा था। 6
उना पंज मिनयां च लोकां मरणे दे तरीके तोपणे न, पर उना मरी नी
सकणा है। उना जो मरणे दी इच्छा होणी, पर उना ला मरी नी होणा।
7 ऐ टिड्डियाँ दिखणे च लड़ाईया तांई तैयार घोड़यां सांई लगदियां
थियां, कने उना अपणे सिरां पर सोने दे मुकुट सांई कुछ पाया था।
कने उना दे मुह माणुआं सांई थे। 8 कने उना दे बाल जनानिया दे
बालां सांई लम्बे थे। कने उना दे दंद शेरें दे दंदा सांई पक्के थे। 9
उना अपणिया छातिया पर लोहे दा कवच पाया था। जालू सै उड़दे
थे, तां सै सियुदी अबाज करदे थे, जियां मते घोड़े लड़ाईया च जाणे
बाले रथां जो खिचदे बेले करदे न। 10 उना दियां बिछुआं सांई पूंछा
कने डंग थे। कने उना दिया पूंछा च डंक थे, कने उना जो पंज मिने
दीकर माणुऐ जो दुख देणे दी शक्ति मिलियो थी। 11 इक राजा है
जड़ा उना जो काबू करदा है। सै सेई शैताने दा दूत है जिनी अथाह
कुंडे जो खोलया था, उदा ना इब्रानी भाषा च अबद्दोन है, कने यूनानी
भाषा च अपुल्लयोन है, जिदा मतलब है की सै जड़ा नाश करदा है।
**(Abyssos g12)** 12 पंज मिने बाद सै मुसीबत खत्म होई जाणी। पर
इदे बाद भी होर दो मुसीबतां ओंणे बालियां न। 13 इदे बाद जालू
छेमे स्वर्गदूते अपणी तुरही बजाई। जालू उनी उसयो बजाया तां मैं
परमेश्वरे दे सामणे धूप बोलने बालिया वेदिया दे चोरो कुणा ला इक
अबाज सुणोई, 14 उना अबाजां छेमे स्वर्गदूते ला बोलया, “उना
चार शैताने दे दूतां जो खोली दे जड़े फराता नाऐ दिया खड्डा दे बखे
बनयो न।” 15 इस तांई तालू सै चारों शैताने दे दूत खोली दिते। सै
पेहले ला ही तैयार थे कने उना जो बोलया था की इस मिने, इस
दिन, इस साल तांई इतंजार करा कने हुण ऐ बकत आई गिया था।
उना जो संसारे दे इक हिस्सा लोकां जो मारणा था। 16 ओथु घोड़े पर
सवार सेनिका दी फौज गिठी होई, जिना दी गिणती मैं 20 करोड़
सुणी। 17 सै घोड़े कने उना दे सवार जिना जो मैं दर्शण च दिखया, सै
उना दे रक्षा करणे बाले कवच अग्गी सांई लाल, गाड़ी नीली कने
गंधक सांई पिली थी। घोड़यां दे सिर शेरां दे सिरा सांई लगदे थे, उदे
मूऐ ला अग्ग, धुंआ कने गंधक निकला दे थे। 18 इना उना मुसीबतां
ला, जड़ियां घोड़यां दे मुआं ला निकलने बाली अग्ग, धुंआ, कने
गन्धक थी, इना ला इक तिहाई लोक मारी दिते। 19 पर उना घोड़यां
बाल लोकां जो मारणे तांई दो लग चीजां थियां, पेली तां सै उना दे
मुऐ ला निकलदी थी, दुज्जी उना दिया पुछां च थी। क्योंकि उना
दियां पूंछा सप्पां सांई थियां, कने उना चे लोकां जो कटणे तांई सिर
थे। 20 पर बाकी लोक जड़े उना मुसीबतां ला पेहले नी मरयो थे,
उना हल्ले भी अपणे बुरे कम्म करणा नी छडे। उना हत्या करणा,
टूणा-टोटका, नाजायज रिश्ते, चोरी करणा नी छडया। उना बुरियां
आत्मा कने अपणे हथां ला बणियां चीजां दियां पूजा करणा भी नी
छडया, जियां की सोने या चांदी या पितल या पत्थर या लकड़िया
ला बणियां मूर्तियां, जड़ियां ना तां दिखी सकदियां, कने ना सुणदियां,
कने ना ही चलदियां न।

10 फिरी मैं इक होर शक्तिशाली स्वर्गदूते जो स्वर्गे ला उतरदे
दिखया कने इक बदल उदे चारो पासे था। कने इक इन्द्रधनुष
उदे सिरे चारो पासे था, कने उदा मुं सूरजे सांई चमकदा था कने
उदियां जंगा अग्गी दे बलदे खम्बयां सांई थियां। 2 उदा सज्जा पैर
समुंद्रे पर रख्या, कने उदा खबा पैर जमिना पर रख्या। उदे हथे च इक
छोटा दिया कागज था। 3 उनी स्वर्गदूते जोरे ला पुकारया कने उदी
अबाज शेरे दे गर्जणे सांई थी। जालू सै चीखया, तां सत्त तेज अबाजां
उसयो जबाब दिता, जड़ी गड़ाकयां दिया अबाजा सांई थियां। 4
जालू सत्तों गर्जणे दियां अबाजां बंद होई गियां, तां मैं जड़ा सुणया
उसयो लिखणा लग्गा, पर मैं स्वर्गे ला ऐ अबाज सुणी, “जड़ियां सत्त
गल्लां तू गर्जणे ने सुणियां न, उना जो छुपाई रख कने लिख मत।” 5
जिस स्वर्गदूते जो मैं दिखया था, सै समुंदरे कने धरतिया पर खड़ोतयो
था, उनी अपणा सज्जा हथ कसम खाणे तांई स्वर्गे पासे चुकया। 6
कने जड़ा हमेशा-हमेशा दीकर जिन्दा रेंदा है, जिनी स्वर्ग, धरती कने
समुंद्रे कने उना च रेणे बालियां सारियां चीजां जो बणाया है, उदे नाए

दी कसम खाई करी उनी बोलया की, “हुण कुसी भी गल्ला तांई होर
जादा इंतजार नी करणा पोंणा। हुण सै सारियां पुरियां होई जाणियां।”
(aiōn g165) 7 सतमें स्वर्गदूते जो तुरही बजाणे दे दिनां च, जालू उनी
तुरही बजाणी है, तालू उनी जल्दी कम्म करणा है, उनी अपणिया गुप्त
योजना जो पूरा करणा, जियां की उनी अपणे सेबक परमेश्वरे दे
संदेश देणेबालयां जो इदा शुभसमाचार दितया था। 8 तालू मैं फिरी सै
अबाज सुणी जिनी स्वर्गे च मिंजो ला गल्ल किती थी। अबाजा
मिंजो ला बोलया, “जा, उसा छोटिया दिया कताबा जो लेई ले जड़ी
स्वर्गदूते दे हथे खुलियो है जड़ा स्वर्गदूत समुंदर कने धरतिया पर
खड़ोतया है।” 9 मैं स्वर्गदूते बाल जाई करी बोलया, “ऐ छोटी देई
कताब देई दे।” कने उनी मिंजो ला बोलया, “ले इसयो खाई ले;
इसा दा स्वाद तां मखिरे सांई मीठा है,” पर बादे च इदिया बजा
ला तेरे पेटे च तकलीफ होंणी। इस तांई मैं सै कताब लेई लि जड़ी
स्वर्गदूते पकड़ियो थी कने खाई लेई कने सच्ची इदा स्वाद शेहदे
सांई मीठा था, पर जालू मैं इसयो निगली लिया, तां मेरा पेट दुखणा
लग्गा। 11 तालू मिंजो ला ऐ बोलया, “लग-लग झुंडा कने देशां कने
लग-लग भाषा बोलणे बालयां लोकां जो कने राजयां जो इक बरी
फिरी ला दस्स, जड़ा परमेश्वर तिजो बोलणे तांई बोलदा है।”

11 फिरी मिंजो नापणे तांई इक सोठी दिती कने परमेश्वरे मिंजो
बोलया, “उठ, जा कने मेरे मंदरे कने वेदिया दा नाप ले, कने
उना लोकां दी गिणती कर जड़े ओथु मेरी अराधना करा दे न।” 2
पर मंदरे दे बाहरे दे अंगणे जो मत नाप; उसयो रेंणी दे क्योंकि सै
लोक जड़े परमेश्वरे जो नी जाणदे उना जो दितया है, कने उना पवित्र
शेहर यरूशलेम जो बयाली मिनयां दीकर बरबाद करदे रेंणा है। 3
“कने मैं अपणे दो गबाहां जो ऐ हक देणा की सै टाट ओढ़ी करी इक
हजार दो सो सठ दिनां दीकर भविष्यवाणी करन।” 4 ऐ सेई दो
जैतून रूख कने दो दिय्ये न जड़े धरतिया दे प्रभुए दे सामणे खड़ोतया
न। 5 कने अगर कोई उना दा कोई नुकसान करणा चांदा है, तां उदे
मुंऐ ला अग्ग निकलदी है कने उना दे दुश्मणा जो भस्म करी दींदी
है, कने अगर कोई उना जो नुकसान करणा चांगा, तां सै पक्का इसी
तरीके ला मारी देणा। 6 उना जो हक है की अम्बरे जो बंद करन,
ताकि उना दी भविष्यवाणियाँ दे दिनां च कोई बरखा ना हो; कने
उना जो सारे पांणिऐ पर हक है, की उसयो खून बणान, कने जालू-
जालू सै चांगे तालू-तालू सै धरतिया पर मुसीबतां जो लेई ओन। 7
जालू उना दो गबां परमेश्वरे दे संदेशे दा प्रचार करी बौणा है, तालू सै
जंगली जानवर जड़ा अथाह कुंडे ला निकलना है, उनी दो लोकां
सोगी लड़णा, कने उना जो हराई देणा कने मारी देणा। (Abyssos
g12) 8 कने उना दियां लाशां बडे शेहर यरूशलेमे दियां सड़कां पर
रेंणियां न, जिथू उना दा प्रभु भी सूली पर चढ़ाया था। इस शेहरे जो
निशाण दे रूपे च सदोम कने मिस्र देश बोलदे न। क्योंकि इस शेहरे दे
लोक सदोम कने मिस्र देशे दे रेणे बालयां लोकां सांई बड़े बुरे थे। 9
कने सारे लोक, कने कुल, कने भाषा, कने जातियां सारे लोकां उना
जो साढे तिन दिनां दीकर दिखदे रैणा है, पर उना कुसी दिया भी
लाशां जो दफनाणा नी देणा है। 10 कने इस संसारे दे लोकां उना दे
मरणे पर खुश होणा कने मगन होणा कने इक दुज्जे जो तोफे भेजणे
न, क्योंकि इना दोनो परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां संसारे दे लोकां
जो दुखी कितया था। 11 पर साढे तिन दिनां दे बाद परमेश्वरे उना च
अपणा सा पाया कने सै जिन्दे होई गे, कने सै खड़ोई गे, कने जिना
लोकां उना जो दुबारा ला जिन्दे दिखया, सै डरी गे। 12 इदे बाद उना
दो लोकां स्वर्गे ला इक बंदे जो बोलदे सुणया, जिनी उना जो जोरे ला
पुकारया कने बोलया, “ऐथू उपर ओआ।” जालू दुशमण दिखा दे
थे, तालू सै इक बदले ला डकुई करी स्वर्गे जो चली गे। 13 फिरी
तालू ही यरूशलेम शेहरे च इक बड़ा बडा हिलण होया, कने शेहरे
दियां इमारतां दा दसमां हिस्सा पेई गिया, कने उस हिलणे ला सत्त
जार लोक मरी गे कने जड़े लोक बची गियो थे, सै डरे ला रोंणा
लग्गे कने उस परमेश्वरे दी महिमा करणा लग्गे जड़ा स्वर्गे च है।
14 ऐ दुज्जिया मुसीबता दा खात्मा था; पर हल्ले इक होर है जड़ी
तोल्ली औणे बाली है। 15 जालू सतमे स्वर्गदूते तुरही बजाई, तां मैं
स्वर्गे ला तेज अबाजां जो पुकारदे सुणया: “संसारे च हुण होर कोई
नीं है जड़ा राज करे, सिर्फ साड़ा परमेश्वर कने उदा चुणया मसीहे
राज करणा कने उनी हमेशा तांई राज करणा।” (aiōn g165) 16
कने चौबियां अगुवां जड़े परमेश्वरे सामणे अपणे-अपणे सिंहासने पर
बैठयो थे, उना परमेश्वरे अग्गे दण्डवत करिरी, 17 ऐ बोलणा लग्गे,
“हे सारयां ला शक्तिशाली प्रभु परमेश्वर, कने तू सेई परमेश्वर है,
जड़ा बकत दी शुरूआत ला लेईकरी हुणे दीकर कने हमेशा तांई नी
बदलदा, असां सच्ची तेरा धन्यावाद करदे न, क्योंकि तू हुण अपणी
महान सामर्थ्य दस्सी कने हुण तू धरती पर अपणा राज्य शुरू करी
दिता है। 18 कने जीना देशां दे लोक तिजो पर भरोसा नी करदे सै
बड़े गुस्सा न, कने बकत आई गिया है की तू अपणा गुस्सा दस्से कने
उना सारयां दा न्याय करणे दा बकत आई गिया है जड़े मरी गियो न।
कने हुण सै बकत भी है जालू तू उना परमेश्वरे दा संदेश देणेबालयां
जो इनाम देणा जड़े तेरी सेबा करदे न कने उना सारे लोकां जो जड़े
तेरी इज्जत करदे न, हालांकि तू उना दा नाश करी देणा है जिना
धरती दा नाश कितया है।” 19 कने परमेश्वरे दा जड़ा मंदर स्वर्गे च
है, सै खोली दिता, कने उदे मंदरे च उदी बाचा दा संदूक मिल्ला,
कने बिजली लग्गी, गड़ाके होए, हिलण होऐ, कने बड्डे-बड्डे ओले पे।

12 जालू सै मुकी गिया, तां ओथु इक अनोखा निशाण था,
जिसयो अम्बरे च दिखी सकदे थे। क्योंकि चन्द्रमे पर इक
खड़ोतियो जनानी प्रगट होई जिना ऐसे कपड़े पायो थे जड़े सूरजे
सांई चमकदे थे। कने उसा दे सिरे पर मुकुट लाया था, जिदे उपर
बारा तारे थे। 2 सै जनानी गर्भबती थी, उसा दा बच्चा पैदा करणे दा
बकत आई गिया। कने सै बच्चा जमणे दिया पीड़ा ला रोआ दी थी।
3 इक होर निशाण अम्बरे च मिल्ला, इक बड़ा बडा लाल अजगर
था, जड़ा शैतान है। उदे सत्त सिर थे कने दस सिंग थे, कने उदे
सत्तों सिरा पर सत्त मुकुट थे। 4 कने उदिया पूंछा अम्बरे दे इक
तिहाई तारयां जो खिची करी धरतिया पर सुटी दिता, सै अजगर उसा
जनानिया दे सामणे जाई खड़ोता, ताकि जालू सै बच्चा जम्मे तां उसा
दे बच्चे जो खाई जा। 5 तालू उना जनानिया जागते जो पैदा किता,

पर उसयो अजगर नी खाई सकया क्योंकि उसयो झट खोई लिया
कने परमेश्वरे दे सिहांसने सामणे लेई ओंदा। उनी जागते इक लोहे दे
डंडे सोगी सारे देशां दे लोकां पर राज करणा। **6** कने सै जनानी उसा
सुनसान जगा जो नठी गेई, जड़ा परमेश्वरे उस तांई तैयार कितया था
ताकि सै ओथु इक हजार दो सो सठ दिनां दीकर पली सके। **7** फिरी
स्वर्गे च लड़ाई होई, तां परमेश्वरे दे मुख्य स्वर्गदूतां चे इकी जिदा ना
मीकाईल है, उनी अपणे अधीन स्वर्गदूतां सोगी अजगरे पर हमला
किता। कने अजगर कने शैताने दे दूतां मीकाईल दे खिलाफ लड़ाई
लड़ी। **8** अजगर लड़ाई हरी गिया, कने उसयो कने उदे दूतां जो
स्वर्गे ला कडी दिता। **9** इस तांई उसयो कने उदे दूतां जो धरतिया पर
फेंकी दिता। ऐ बड्डा अजगर सेई है जड़ा बड़े पेहले सप्पे दे रूपे च
मिल्ला था, जिसयो शैतान या दोष लांणे बाला बोलदे न। ऐ सेई है
जड़ा इस संसारे दे लोकां जो धोखा दिन्दा आया है। **10** फिरी मैं
स्वर्गे ला ऐ जोरे ला अबाज सुणी, हुण साड़े परमेश्वरे अपणे लोकां
जो बचाणा! हुण उनी अपणिया शक्तिया दा इस्तेमाल करणा कने राजे
दे रूपे च राज करणा! हुण उदे मसीहे संसार पर अपणे अधिकारे दा
दाबा करणा! हुण शैताने साड़े परमेश्वरे दिया हजुरी च खड़ोई करी
साड़े साथी सेबकां पर दिन रात दोष नी लाणा, क्योंकि उसयो स्वर्गे
ला बार फेंकी दितया है! **11** कने साड़े भरोसा करणे बालयां शैताने
जो राई दिता। उना उसया छेलुये दे खूने दिया शक्तिया ला हराया है,
जड़ा उना जो पापां ला छुड़ाणे तांई मरी गिया था। क्योंकि उना
भरोसा करणा नी छडया की छेलू उना दा प्रभु है। हालांकि उना जो
दुख तकलीफ होई, ऐथू दीकर की उना जो मारी भी दिता पर सै
अपणे उस भरोसे ला पिच्छे नी हटे। **12** इस तांई तुसां सारयां जो
खुश होणा चाईदा जड़े ऐथू स्वर्गे च रेंदे न। पर तुसां जड़े धरती पर न
कने जड़े समुंद्रे च न तुहांजो पर तरस खाणा चाईदा, क्योंकि बुरियां
आत्मा दा अगुवा थले तुहाड़े बाल आई गिया है। असल च सै बड़ा
जादा गुस्सा है क्योंकि सै जाणदा है की जल्दी ही उदा अंत होई
जाणा। **13** जालू अजगरे समझी लिया, की उसयो धरतिया पर सुटी
दितया है, तां उनी उसा जनानिया दा पिच्छा किता जिना पुत्र जमया
था। **14** पर परमेश्वरे उसा जनानिया जो बाजे दे दो फंग दितयो थे,
ताकि सै उड़ी करी सुनसान जगा च जा जड़ी उसा तांई तैयार कितियो
था। कने ओथु उसा दी साडे तिन्ना सालां दीकर देखभाल किती
ताकि अजगर उसा दीकर ना पुज्जी सके। **15** तालू अजगरे उसा
जनानिया पर अपणे मूऐ ला खड्डा सांई पाणी फेंक्या ताकि बाड़ उसा
जो रूड़ाई लेई जा। **16** पर धरतिया उसा जनानिया दी सहायता करणे
तांई पाणिऐ जो निगली लिया जड़ा अजगरे अपणे मुंऐ ला निकला
था। **17** इस बजा ला, अजगर उसा जनानिया पर बड़ा गुस्सा होया,
इस तांई उनी जनानिया दे बंशजा दे खिलाफ लड़ाईया दी घोषणा करी
दिती। मतलब की उना लोकां दे खिलाफ जड़े परमेश्वरे दे हुकमा जो
मंदे न कने यीशु मसीह दियां सिखाईयां शिक्षा जो मंदे रेंदे न।

**13** तालू सै अजगर चली गिया कने समुंद्रे दे कंडे पर खड़ोई
गिया। तां मैं इक जानवरे जो समुंदरे ला निकलदे दिखया,
जिसदे दस सिंग कने सत्त सर थे। उदे सिगां पर दस राजमुकुट थे,
कने उदे हर इक सिरे पर परमेश्वरे दे खिलाफ इक ना लिख्या था। **2**
जड़ा जानवर मैं दिखया, सै चिते सांई था; उदे पैर भालुऐ सांई थे,
कने मुं शेरे सांई था। अजगरे अपणी शक्ति इस जानवरे जो देई दिती
कने उसयो धरती पर राज करणे दा हक देई दिता। **3** मैं जानवरे दे
सिरां चे इकी सिरे च इक डुगे जखमे दा निशाण था, जड़ा उदिया
मौता दी बजा बणी सकदा था, पर उदा जख्म खरा होई गिया था,
इस तांई धरतिया दे लोक हेरान थे कने सै उदे चेले बणी गे। **4** सारयां
लोकां अजगरे दी पूजा किती क्योंकि उनी जानवरे जो अपणा हक
देई दितया था। उना उस जानवरे दी भी पूजा किती। उना बोलया,
"कोई भी इस जानवरे ला जादा शक्तिशाली नी है कोई भी उसला
लड़ी नी सकदा है।" **5** परमेश्वरे उस जानवरे जो अपणे बारे च
बड़ाई कने परमेश्वरे दी बुराई करणे दा हक दिता। कने परमेश्वरे
उसयो बयाली मिनयां दीकर ऐ हक रखणे दा हुकम दिता। **6** कने
जानवरे परमेश्वरे दी बुराई करणा शुरू किती, उनी उदे नां दे खिलाफ
कने उसा जगा दे खिलाफ बोलया मतलब की स्वर्गे दे खिलाफ जिथू
परमेश्वर रेंदा है, कने ओथु रेणेबाले लोकां दे खिलाफ बुराई करणा
शुरू किती। **7** उस जानवरे जो ऐ हक दितया है की सै परमेश्वरे दे
लोकां ला लड़े, कने उना जो राई दे, कने उसयो हर इक कुल दे
लोकां, जातियां, भाषा पर हक दितया है। **8** धरतिया पर रेणेबाले
सारे लोक जानवरे दी पूजा करणा लग्गे, मतलब की सै सारे लोक
जिना दे नां संसारे दिया शुरूआता ला छेलुऐ दिया जिन्दगिया दिया
कताबा च नी लिखयो न। छेलू सेई है जड़ा मारी दिता था। **9** हर
कुसी जो जड़ा मेरे संदेश जो समझणा चांदा है, उसयो उसा गल्ला जो
ध्याने ला सुणना चाईदा जड़ा पवित्र आत्मा कलीसिया ला बोलदा है।
**10** जिना दा जेला च जाणा तय है, उना जो पक्का जेल होंणी, जिना
लोकां दा तलवारा ला मरणा तय है, उना पक्का ही तलबारा ला
मरणा है। इस तांई परमेश्वरे दे लोकां जो दुख सेहन करणे च सबर
रखणा चाईदा कने उस पर भरोसा करदे रेंणा चाईदा। **11** फिरी मैं
इक होर जानवरे जो धरतिया ला निकलदे होऐ दिखया, उदे छेलुये
सांई दो सिंग थे। पर जालू सै बोलणा लग्गा तां उदी अबाज अजगरे
सांई थी। **12** ऐ दुज्जा जानवर उस पेहले बाले जानवरे दे सारे हकां
दा इस्तेमाल करदा था। कने धरतिया दे लोकां जो उस पेहले जानवरे
दी जबरदस्ती पूजा करांदा था, जिदा सै जख्म ठीक होई गिया था।
**13** सै दुज्जा जानवर बड्डे-बड्डे चमत्कार दसदा था, ऐथू दीकर की सै
लोकां दे दिखदे-दिखदे अम्बरे ला अग्गी दी बरखा कराई दिन्दा था।
**14** दुज्जे जानवरे जो पेहले जानवरे दिया हजुरिया च चमत्कार दसणे
दी इजाजत है। इना चमत्कारां दिया बजा ला सै धरती दे लोकां जो
भटकाई सकदा था। उनी उना जो पेहले जानवरे दी मूर्ति बणाणे दा
हुकम दिता, जड़ा तलबारा ला घायल होणे बाद भी जिन्दा रिया था।
**15** कने दुज्जे जानवरे जो उस पेहले जानवरे दी मूर्ति बणाई करी उसा
जो जिन्दा करणे दी हक मिलिया था, ताकि मूर्ति बोली सके कने
उना लोकां जो मराई दे जड़े उस जानवरे दिया मूर्तिया दी पूजा नी
करगे। **16** दुज्जे जानवरे छोटे-बड्डे, अमीर-गरीब, मालिक या जड़े
गुलाम न मतलब की सारयां लोकां जो मजबूर किता की सै पेहले

जानवरे दे नाऐ दी छाप अपणे सजे हथे पर या मथे पर लाई लेन। 17
उनी ऐसा इस तांई किता ताकि कोई भी माणु जिदे पर पेहले जानवरे
दी छाप ना हो तां सै कोई भी समान खरीदी बेची नी सकदा था। 18
इसा छापा दे बारे च समझणे तांई तुहांजो ज्ञान दी जरूरत है। पर जिस
बाल ज्ञान है, सै ऐ पता लाई सकदा है की इस जानवरे दिया संख्या
दा क्या मतलब है। क्योंकि ऐ इक माणुऐ दा ना है। ऐ संख्या छेसो
छयासठ है।

14 मैं फिरी दिखया की, सै छेलू सिय्योन पहाड़े पर खड़ोतया है,
कने उदे सोगी इक लख चौवाली जार लोक न, जिना दे मथे
पर उदा कने उदे पिता दा नां लिखया होया है। 2 कने मैं स्वर्गे च
कुसी दी अबाज सुणी जड़ी इक झरने दिया तेज अबाजा सांई थी।
जड़ी अबाज मैं सुणी, सै अबाज उसा अबाजा सांई थी, जियां लोक
तार बाले यंत्रा जो बजांदे निकलदे न। 3 कने इक लख चुर्ताली हजार
लोक सिहांसने, चार जिन्दे प्राणियां कने अगुवां सामणे खड़ोतयो थे;
सै इक नोआ गीत गा दे थे, जिसयो सेई सीखी सकदे थे, जिना जो
परमेश्वरे धरतिया पर रेणेबाले लोकां बिच ला छुड़ाया था। 4 ऐ सै न,
जड़े पवित्र जिन्दगी जिन्दे न। ऐ उना लोकां सांई न जिना इक बरी
भी नाजायज रिश्ता नी बणाया है कने ना ही इना कुसी चिजा दी
पूजा कितियो है, ऐ सिर्फ छेलुये दी ही पूजा करदे न, जिस पासे छेलू
जांदा है, ऐ भी उदे पिच्छे चली पोंदे न। ऐ सै न जिना जो धरतिया दे
सारे माणुआं ला लग कितया है, जियां लोक खेतरां दियां फसला
दा सारयां ला खरा हिस्सा परमेश्वरे जो दिन्दे न, तियां ही ऐ लोक
अपणिया जिन्दगिया जो पुरिया पवित्रता सोगी परमेश्वर कने छेलुये
जो दिन्दे न। 5 कने उना कदी भी झूठ नी बोलया है, उना च कुछ
भी गलत नी है। 6 फिरी मैं इक होर स्वर्गदूते जो अम्बरे च उच्चा
उड़दे दिखया। उनी स्वर्गदूते उस शुभसमाचार जो लिया था जड़ा
कदी नी बदलदा, उनी संसारे च रेणेबाले लोकां, हर इक देश, हर
इक गोत्र, कने सारियां भाषां च इदी घोषणा किती। (aiōnios g166)
7 कने उनी बड़े जोरे ला बोलया, “परमेश्वरे ला डरा, कने उदी
महिमा करा, क्योंकि उदा हुण लोकां दा न्याय करणे दा बकत है।
कने उदी अराधना करा क्योंकि सेई है जिनी स्वर्ग, धरती, समुंदर
कने पाणिऐ दे तलाबां जो बणाया है।” 8 ओथु इक होर स्वर्गदूत था
जड़ा पेहले दे पिच्छे आया कने बोलया, “बाबेल देश दा सर्वनाश
होई गिया! बड्डे बाबेल देश दा सर्वनाश होई गिया! बाबेल देशे सारिया
माणुआं दिया जातिया जो अपणिया शराबा दे नशे च दूत करी दिता,
उदा बड़ा ही बुरा व्यवहार ऐ है जड़ा उनी सारिया धरतिया कने
माणुआं दिया जातिया जो सिखाया क्योंकि उनी उना जो मूर्तिपूजा
करणा सिखाया।” 9 फिरी इदे बाद इक होर स्वर्गदूत बड़े जोरे ला
बोलदा होया आया, “जड़ा कोई उस जानवरे कने उदिया मूर्तिया दी
भक्ति करगा, कने अपणे मथे कने अपणे हथे पर उदी छाप लांगा,
10 तां उनी परमेश्वरे दे प्रकोपे दिया शराबा जो जड़ी बिना मिलावटा
दी है, उदे गुस्से बाले कटोरे च पाईयो है, पिणा कने पवित्र स्वर्गदूतां
दे सामणे कने छेलुये दे सामणे अग्गी कने गन्धका दिया पीड़ा च
पोंणा। 11 अग्गी ला निकलदा धुंआ जड़ा उना जो सतांदा है सै
हमेशा उपर उठदा रेंदा है। दिन रात उना दा सताया जाणा रूकदा नी है
क्योंकि उना उस जानवरे दी कने उदिया मूर्तिया दी पूजा किती, कने
उना उस जानवरे दी छाप लाई।” (aiōn g165) 12 इस तांई ऐ जरूरी
है की परमेश्वरे दे लोक उना सारे दुखां जो सेहन करन जिना चे
होईकरी सै गुजरदे न। उना सेई करणा जड़ा परमेश्वर हुकम दिन्दा है
कने उना जो यीशु मसीह पर भरोसा करणा बंद नी करणा चाईदा। 13
कने फिरी मैं स्वर्गे ला कुसी जो बोलदे सुणया, “इना गल्लां जो ऐथू
लिख।” हुणे ला सै लोक सोभाग्यशाली न जड़े परमेश्वरे पर भरोसा
करदे मरी जांदे न। तालू पवित्र आत्मा इसा गल्ला ला राजी होया,
उनी बोलया, “ऐ सच्च है। सै सोभाग्यशाली न क्योंकि उना जो
अपणिया कड़िया मेहनता ला अराम मिलणा कने जड़े कम्म उना
कितयो न उदे तांई उना जो इनाम मिलणा।” 14 मैं फिरी इक चिट्टे
बदले जो दिखया, कने मैं उस बदले पर कुसी जो बैठया दिखया
जड़ा माणुऐ सांई लग्गा दा था, कने उस पर माणुऐ दे पुत्रे सांई कोई
बैठया है, जिसदे सिरे पर सोने दा मुकुट कने हथे च पेनी दराटी
थी। 15 तालू ही फिरी इक होर स्वर्गदूत परमेश्वरे दा संदेश लेईकरी
स्वर्गे दे मंदरे ला बार आया, ऐ चौथा स्वर्गदूत था। उनी बदले पर
बैठयो माणुऐ जो जोर देईकरी बोलया, “धरतिया दी फसल तैयार है,
फसला जो बडणे दा बकत आई गिया है। इस तांई अपणी दराटी
चला कने फसला दी बडाई कर।” 16 इसा बजा ला सै माणु जड़ा
बदले पर बैठया था, सै अपणिया धराटिया ला धरतिया पर बडणा
लग्गा उनी पुरिया धरतिया दिया फसला दी कटाई किती। 17 फिरी
पजमा स्वर्गदूत उस मंदरे ला निकलया, जड़ा स्वर्गे च है, कने उदे
बाल भी पेनी दराटी थी। 18 तालू इक होर स्वर्गदूत वेदिया ला बार
आया, जड़ा अग्गी ला धुप बालने दी जिम्मेदारी निभान्दा है। उनी
जोरे ला उस स्वर्गदूते ला जिनी पेनी दराटी लियो थी उसयो बोलया,
“धरतिया पर अंगूरा दे गुच्छे पक्की गियो न! उना जो अपणिया
दराटिया ला बडी ले।” 19 तालू उनी स्वर्गदूते अपणिया दराटिया
ला उना अंगूरा जो बट्ठी दिता जड़े धरती पर थे कने उना जो गठेरया।
ताकि उना जो निचोड़ी सकन, इदा मतलब ऐ है की परमेश्वरे बड़ी
खतरनाख सजा देंणी। अंगूरा जो शेहरे ला बार निचोड़या। ओथु
जिथू अंगूरा जो निचोड़या था ओथु ला जड़ा खून निकलया सै इतणा
डुगा था, जितणा की इक घोड़े दा सिर होंदा है जालू उसयो लगामा
ला पकड़दे न कने तिन सौ किलो मीटर दीकर चली गिया।

15 इदे बाद मैं अम्बरे च जड़ा नोआ नोखा चमत्कार दिखया कने
सै बड़ा डराणे बाला था। ओथु सत्त स्वर्गदूत थे जिना सत्त
लग-लग मुसीबतां पकड़ियां थियां। ऐ मुसीबतां आखरी न क्योंकि
जालू उना मुकी जाणा तालू परमेश्वरे दा गुस्सा भी पूरा होई जाणा। 2
तालू मैं कुछ दिखया जड़ा समुन्द्रे सांई लगदा था कने शीशे सांई
चमकदा था कने उदे च अग्ग भी मिलियो थी। मैं उना लोकां जो भी
दिखया जिना उस जानवरे जो हराया था क्योंकि उना उदिया मूर्तिया
दी अराधना नी कितियो थी कने उना पर जानवरे दी छाप नी लगियो
थी। 3 कने सै परमेश्वरे दे दास मूसा दा गीत गांदे थे, जड़ा छेलुये
दे बारे च गीत है। सै गांदे थे की, “हे सारयां ला शक्तिशाली प्रभु

परमेश्वर, जड़ा कुछ तू कितया है सै कीमती कने अनोखा है।" तू सारयां देशां दा राजा है, तू जड़ा भी करदा है सेई सच्च कने धर्मी है। 4 "हे प्रभु, सारे लोक तेरी इज्जत करदे न, सै सारे तेरे नाऐ दी इज्जत करदे न, क्योंकि सिर्फ तू ही पवित्र परमेश्वर है। हर इक जातिया दे लोक तेरे बाल ओंदे न, कने सै तेरी अराधना करदे न क्योंकि तेरे धर्मे दे कम्म सारे लोक अच्छे ला जाणदे न।" 5 इदे बाद जालू सै गीत गाई बैठे, तालू मैं दिखया की स्वर्गे दा मंदर खुलया था। जड़ा मिलाप बाले तम्बुऐ सांई है। 6 कने सै सतों स्वर्गदूत जिना बाल सत्तों मुसीबतां थियां, उस मंदरे ला बार निकले। उना चमकदार कपड़े पायो थे कने उना दिया छातिया दे चारो पासे सोने दिया पट्टियां भी थियां। तालू उना चार जिन्दे प्राणियां चे इकी उना सत्त स्वर्गदूतां जो परमेश्वरे दिया तरफा ला जड़ा हमेशा जिन्दा है, गुस्से दा भरया इक-इक सोने दा कटोरा दिता। (aiōn g165) 8 कने मन्दिर परमेश्वरे दिया महिमा कने सामर्थ्य ला ओंणे बाले धुंऐ ला भरुई गिया। कने तालू दीकर कोई भी मंदरे च नी जाई सके जालू दीकर उना सत्त स्वर्गदूतां दे जरिये नियोरियां सतो मुसीबतां मुकी नी जान।

**16** फिरी मैं उदे बाद मंदरे ला इक उचिया अबाजा जो सत्तों स्वर्गदूतां जो ऐ बोलदे सुणया, "जा, कने परमेश्वरे दिया तरफा ला सजा जो जड़ी उना सत्तों कटोरयां च है, धरतिया दे लोकां पर नियोरी दिया।" 2 इस तांई पेहले बाले स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था सै धरती पर नियोरी दिता। फिरी उना लोकां जो जिना पर उस जानवरे दी छाप थी, या जिना उदिया मुर्तिया दी पूजा कितियो थी, उना जो बड़े बड्डे जख्म होई गे जिना च बड़ी जादा पीड़ा होंदी थी। 3 दुज्जे स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था उसयो उनी समुंदरे च नियोरी दिता। कने तालू ही समुंद्रे दा रंग मरयो माणुऐ दे खूने सांई होई गिया, कने समुंद्रे च रेणे बाली हर इक प्राणी दी मौत होई गेई। 4 तिजे स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था उसयो उनी खड्डां कने पाणिऐ दे झरनया पर नियोरी दिता, कने सै खून सांई बणी गे। 5 तालू मैं उस स्वर्गदूते जो जिसया पाणिऐ पर हक है, परमेश्वरे ला ऐ बोलदे होऐ सुणया, "हे पवित्र परमेश्वर, जड़ा बकत दी शुरूआत ला लेईकरी हुणे दीकर कने हमेशा तांई नी बदलदा, तू जड़ी सजा दितियो है, सै सही है।" 6 क्योंकि उना तेरे लोकां कने परमेश्वरे दे संदेश देणेबालयां जो मारी दिता, इस तांई तू हुण उना जो खून पिणे तांई दिन्दा है। ऐई उना तांई खरा है। 7 मैं फिरी वेदिया ला कुसी जो बोलदे सुणया, "हाँ, हे सारयां ला शक्तिशाली प्रभु परमेश्वर, ऐ सच्च है की जियां तू लोकां दा न्याय करदा है सै सही है।" 8 चौथे स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था उनी सूरजे पर नियोरी दिता, कने सूरजे जो अपणी गर्मी बदाणे दी इजाजत दिती, इसा बजा ला लोक जादा गर्मियां दिया बजा ला फकुई गे, 9 इस तांई उना परमेश्वरे जो श्राप दिता था, क्योंकि सेई था जिदे बाल सजा देंणे दा हक था। उना हल्ले भी अपणे पापां ला पश्चाताप नी किता कने परमेश्वरे दी निंदा किती, उना हल्ले दीकर परमेश्वरे दिया महानता जो नी मनया। 10 पंजमे स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था उनी उस जानवरे दे सिंहासने पर नियोरी दिता, कने जिस राज्य पर जानवर राज करदा था उस पर नेरा छाई गिया; कने लोक अपणिया जीभा जो चबाणा लग्गी पे क्योंकि सै उना दुखां कने जखमा जो सेहन नीं करी सका दे थे जड़े उना जो होआ दे थे। 11 कने अपणियां पिंड़ा कने फोड़यां दिया बजा ला स्वर्ग दे परमेश्वरे दी बुराई किती; भले ही उना दे हालात इयोदे थे पर अपणे बुरे कम्मा ला पश्चाताप नी किता कने ना ही उना बुरे कम्मा जो करणा छडया जड़े सै करा दे थे। 12 छेमे स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था उनी सै बड़ी बड्डी नदी फरात च नियोरी दिता, इसा बजा ला उसा दा पाणी सुकी गिया कने पूर्व दिशा दे राजे अपणिया सेना लेईकरी उसा नदिया जो पार करी सके। 13 कने मैं इदे बाद तिन बुरी आत्मा जो दिखया जड़ियां दिखणे च मेंढके सांई थियां। इक उस अजगरे दे मुऐ ला बार आई, कने दुज्जी पेहले जानवरे दे मुऐ ला बार आई कने तीजी उस दुज्जे जानवरे दे मूऐ ला बार आई जिनी झूठा संदेश दितया था। 14 इना बुरियां आत्मा बाल चमत्कार करणे दी शक्ति थी कने उना जाई करी उना लोकां जो गठेरया जड़े इस संसारे दे सारे देशां पर राज करदे न ताकि सै सारयां ला शक्तिशाली परमेश्वरे दे उस महान दिने पर उदे खिलाफ लड़ाई लड़ने तांई जान। 15 "उना बुरियां आत्मा राज कने उना दियां सेना जो उसा जगा पर गिठा किता जिसया इब्रानी भाषा च हर-मगिदोन बोलदे न।" इस तांई प्रभु यीशु मसीह बोलया है, "ऐ गल्ल सुणा। मैं चोरे सांई अचानक ओंणा है। सोभाग्यशाली है सै माणु जड़ा मेरे ओंणे पर जागदा है कने अपणे कपड़े तैयार रखदा है। तालू उना नंगे नी होणा कने शरमिंदा नी होणा जालू उना लोकां बिच जाणा।" 17 कने सतमे स्वर्गदूते जड़ा उदे कटोरे च था उनी होआ च नियोरी दिता, कने मैं सुणया, ओथु सै था जड़ा स्वर्गे दे मंदरे दे अंदरे ला परमेश्वरे दे सिंहासने ला बोला दा था, "सब कुछ होई गिया।" 18 कने उसी बकत बिजलियां कने गड़गड़ात बदलां दे गड़ाके होणा लगे कने इक ऐसा भयानक हिलण होया, इसला पेहले लोकां कदी भी इतणे जोरे ला हिलण महसूस नी कितया था। 19 इसला बाबेल दा सै बड्डा शेहर तिन हिस्सयां च बंड़ूई गिया। क्योंकि परमेश्वरे अपणा वायदा पूरा किता जड़ा उनी बाबेल शेहरे दे लोकां जो सजा देंणे दे बारे च कितया था। इसयो परमेश्वरे बड़ी कठोर सजा देंणी। ऐ इयां ही होणा जियां उना बिना पांणी पायो शराब पि लियो है, जिसया परमेश्वरे अपु गलासे च पाया है, जड़ा उदे गुस्से जो दसदा है। 20 कने उस बकत समुंद्रे दे सारे टापू गायब होई गे, कने पाड़ भी गायब होई गे। 21 अम्बरे ला लोकां पर बड्डे-बड्डे ओले पे, हर इकी ओले दा बजन लगभग 50 किलो था। ऐ मुसीबत बड़ी भरी बड्डी थी, इसा बजा ला लोकां परमेश्वरे दी बुराई किती।

**17** जिना सत्त स्वर्गदूतां बाल सै सत्त कटोरे थे, उना चे इक जणे आई करी मिंजो ला ऐ बोलया, "मैं तिजो दसणा की परमेश्वरे कियां उसा बडिया बेश्या जो सजा देंणी, जड़ी ऐसिया जगा पर बोंदी है जिथू ला मतियां खड्डां न।" 2 जिसा सोगी धरती दे राजयां व्यभिचार किता, बाबेल दे बुरे कम्मा धरतिया दे सारे देशां जो भ्रष्ट करी दिता। ऐ ऐसा था जियां उनी उना जो शराब पिणे तांई दिती, कने इसा बजा ला परमेश्वरे उना जो सजा देंणी। 3 तालू स्वर्गदूत मिंजो पवित्र आत्मा दिया सहायता ला सुनसान जगा च लेई गिया, आत्मा

मिंजो अपणे काबू च लेई लिया, कने मैं ओथु इक जनानिया जो
दिखया जड़ी इक लाल रंगे दे जानवरे पर बेठियो थी, जिसादे सत्त
सिर कने दस सिंग थे। उदा शरीर परमेश्वर दे खिलाफ लिखयो ना
ला भरया था। 4 इना जनानिया बैंगणी, कने लाल रंगे दे कपड़े पायो
थे। उना अपणे शरीर जो सोने दे मेंगे मणियां कने मोतियां ला सजाया
था। कने उसा दे सज्जे हथे च शराबा ला भरया सोने दा गलास
पकड़या था, जड़ा उसा दे बुरे कम्मा कने गंदे यौन कम्मा जो दसदा
है। 5 कने उसा दे मथे पर इक ना लिखया था जिदा इक गुप्त मतलब
है, “मैं महान शेहर बाबेल है। मैं सारियां बेश्यां दी मां है कने संसारे
दे सारे बुरे कम्मा दा जरिया है।” 6 कने मैं दिखया की जनानी
परमेश्वरे दे लोकां दे खूने दे नशे च थी, जिना जो लोकां मारी दितया
था क्योंकि सै यीशुऐ पर भरोसा करदे थे। कने उसयो दिखीकरी
मिंजो बड़ी हेरानी होई। 7 उनी स्वर्गदूते मिंजो ला बोलया, “तू हेरान
मत हो। मैं तिजो इसा जनानी, कने उस जानवरे दा, कने जिस पर सै
बेठियो है, जिदे सत्त सिंग न कने दस सर न, गुप्त भेद समझांगा।” 8
जड़ा जानवर जिसया तू हुण दिखया, इक बकत पेहले जिन्दा था,
पर हुण नी है, कने सै हुण अथाह कुंडे ला बार ओंणे बाला है कने
परमेश्वरे पुरे तरीके ला नाश करी देणा। धरती पर रेणेबाले लोक
जिना दे ना परमेश्वरे संसार शुरू होणे ला पेहले जिन्दया दिया कताबा
च नी लिखयो, उना सारयां हेरान होई जाणा जालू उना इस जानवरे
जो दिखणा। इक बकत पेहले सै जिन्दा था; हुण सै जिन्दा नी है; पर
उनी फिरी बापस मुड़ी ओंणा। (Abyssos g12) 9 ऐ समझणे तांई
तुहांजो ज्ञान दी जरूरत है: जानवरे दे सत्तो सर उस शेहरे जो द्रशांदे न
जिस पर ऐ जनानी राज करदी है। कने सै सत्त राजयां जो भी द्रशांदे
न। 10 कने सै जड़े सत्त राजा न, उना चे पंज तां पेहले ही मरी गियो
न; उना चे इक हुण राजा है कने आखरी बाला हल्ले दीकर आया नी
है, पर जालू उनी ओणा तां उनी थोड़े बकते तांई राज करणा। 11 सै
जानवर जड़ा बड़े पेहले रेंदा था कने हुण नी है, सै अठमा राजा है।
पर सै अठमा राजा पेहले सत्त राजयां चे इक है। आखरी च उस राजे
जो पक्का ही हमेशा तांई सजा मिलणी। 12 जड़े दस सिंग तू पेहले
दिखे थे, सै उना दस राजयां जो द्रशांदे न जिना हल्ले दीकर राज
करणा शुरू नी कितया है। उना दस राजयां जो उस जानवरे सोगी
मिलिकरी थोड़े दे बकते तांई राज करणे दा अधिकार मिलणा। 13
इना सारयां राजयां दा इक ही मकसद है, कने उना अपणी-अपणी
शक्ति कने अधिकार जानवरे जो देई देणा। 14 “जानवर कने इना
दसां राजयां छेलुये दे खिलाफ युद्ध करणा, पर छेलुये उना जो हराई
देणा, क्योंकि सै प्रभुआं दा प्रभु, कने राजयां दा राजा है। उनी उना
जो अपणे सदयो, चुणयो कने भरोसे दे काबील चेलयां सोगी हराई
देणा।” 15 स्वर्गदूते भी मिंजो ऐ भी बोलया, “जड़ा पांणी तू पेहले
दिखया था, जिस पर सै बेश्या बेठियो थी, सै सारे संसारे दे लोक न,
